UGC Care Listed
त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका
ISSN-2321-1504 Nagfani
RNI No. UTTHIN/2010/34408

वर्ष-12, अंक-42, जुलाई - सितम्बर 2022
भाग-3




# नागफनी

मूल्य
₹ 150/-

अस्मिता, चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य

# आगामी अंक की सूचना

अक्टूबर से दिसंबर 2022 के लिए 30 सितम्बर तक ही लेख स्वीकार किये जायेंगे। 30 सितम्बर के बाद मेल पर प्राप्त शोधालेखों पर आगामी अंक में प्रकाशित करने पर विचार किया जाएगा। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल/मोबाईल पर सूचित किया जाएगा।

"नागफनी" अस्मिता, चेतना, और स्वाभिमान जगाने वाली त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका है। इस पत्रिका को यूजीसी केयर लिस्ट मे शामिल किया गया है। पत्रिका का ISSN&2321&1504 nagfani और RNI No-UTTHIN/2010/34408 नम्बर है। साथ ही यह Peer Reviewed Referred journal है। आलेख –nagfani81@gmail-com पर भेजने का कष्ट करें। व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी।

## आलेख भेजने संबंधी निर्देश–

- शोधालेख यूनिकोड kokila फॉन्ट 14 साइज में तथा  एरियल युनिकोड में टाइप करके word और PDF दोनों में भेजना है।
- कलर पासपोर्ट फोटो।
- मौलिकता और प्लेगरिज्म संबंधी प्रमाण–पत्र।
- अन्य किसी टाइप फॉन्ट को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
- आलेख मेल पर भेजने के बाद आलेख स्वीकृति/अस्वीकृति  की सूचना मेल पर ही दी जाएगी ।

धन्यवाद!

# नागफनी

A Peer Reviewed Refereed Journal
(अस्मिता चेतना और स्वाभिमान जगाने वाला साहित्य)
UGC Care Listed त्रैमासिक साहित्यिक पत्रिका
ISSN-2321-1504NaagfaniRNI No.UTTHIN/2010/34408

## वर्ष-12 अंक 42, जुलाई -सितम्बर 2022 भाग-3



संपादक
**सपना सोनकर**

सह संपादक
**रूपनारायण सोनकर**

**कार्यकारी संपादक**
**डॉ.एन.पी.प्रजापति**
**प्रोफेसर बलिराम धापसे**

### सलाहकार मण्डल (Peer Review committee)

**प्रोफेसर विष्णु सरवदे, हैदराबाद (तेलंगाना)**
**प्रोफेसर आर. जयचंद्रन तिरुअनंतपुरम (केरल)**
**प्रोफेसर दिनेश कुशवाह,रीवा (मध्य प्रदेश)**
**डॉ.एन. एस. परमार, बड़ौदा (गुजरात)**
**प्रो. दिलीप कुमार मेहरा, बी.बी.नगर (गुजरात)**
**डॉ.उमाकांत हजारिका, शिवसागर(असम)**
**डॉ. आर. कनागसेल्वम, इरोड (तमिलनाडु)**
**प्रोफेसर संजय एल. मादार,धारवाड़ (कर्नाटक)**
**प्रोफेसर गोबिन्द बुरसे, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)**
**डॉ.दादा साहेब सालुनके, महाराष्ट्र (औरंगाबाद)**
**प्रोफेसर अलका गड़करी, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)**
**डॉ. साहिरा बानो बी. बोरगल, हैदराबाद (तेलंगाना)**
**डॉ.बलबिंदर कौर, हैदराबाद (तेलंगाना)**
**डॉ.ओमप्रकाश सैनी,कैथल (हरियाना)**



### प्रकाशन/मुद्रण

प्रकाशक रूपनारायण सोनकर की अनुमति से डॉ.एन.पी.प्रजापति एवंम प्रोफेसर बलिराम धापसे द्वारा नमन प्रकाशन–423/Aअंसारी रोड दरियागंज, नई दिल्ली 11002 में प्रकाशन एवं मुद्रण कार्य।

**मुख पृष्ठ**– डॉ.आजम शेख मैत्री ग्राफिक्स,सावंगी (ह), औरंगाबाद

### संपादकीय/व्यवस्थापकीय कार्यालय

दून व्यू कॉटेज स्प्रिंग रोड, मंसूरी -248179, उत्तराखण्ड, दूरभाष : 0135-6457809 मो.0941077718

### शाखा कार्यालय

पी.डब्ल्यू.डी.आर-62 ए,ब्लाक कालोनी बैढन,जिला-सिंगरौली म.प्र.486886 मो. 09752998467

सहयोग राशि -150/-रुपये, वार्षिक सदस्यता शुल्क (संस्था के लिए)-1000/-रुपये, पंच वार्षिक सदस्यता शुल्क (व्यक्ति के लिए)-2000/-रुपये, पंच वार्षिक संस्था और पुस्तकालयों के लिए –3000/-रुपये, विदेशों में$50 आजीवन व्यक्ति-6000/-रुपये,संस्था-10,000/-रुपये।

सदस्यता शुल्क एवं सहयोग राशि-इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक- **A/C** –8367100138282 **IFSC Code-**IPOS0000001

**Branch-Sidhi, NIRPAT PRASAD PRAJAPATI**



**नोट:-**पत्रिका की किसी भी सामग्री का उपयोग करने से पहले संपादक की अनुमति आवश्यक है। संपादक-संचालक पूर्णतया अवैतनिक एवं अध्यवसायी हैं।'**नागफनी**'में प्रकाशित शोध-पत्र एवं लेख, लेखकों के विचार उनके स्वयं के हैं। जिनमेंसंपादक की सहमति अनिवार्य नहीं हैं।**'नागफनी'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल देहरादून न्यायालय के अधीन होंगे। अंक में प्रकाशित सामग्री के पुनर्प्रकाशन के लिए लिखित अनुमति अनिवार्य है। सारे भुगतान मनीऑर्डर, बैंक/चेक/बैंक ट्रांसफर/ई-पेमेंट आदि से किए जा सकते हैं। देहरादून से बाहर के चेक में बैंक कमीशन 50/-अतिरिक्त जोंड दें।



**लेख भेजने के लिए** –Mail-ID- nagfani81@gmail.com
**पत्रिका के बारे मे विस्तार से जानने के लिए देखें** Website:–http://naagfani.com

# नागफनी

वर्ष-12 अंक 42, जुलाई - सितम्बर 2022 Volume-III

**अनुक्रम** **पृष्ठ क्रमांक**

**संपादकीय** 3

**साहित्यिक विमर्श**

1) लोक साहित्य का ऐतिहासिक परिदृश्य - रमाकान्त गौड़ 4-7
2) समकालीन संदर्भ और मध्यकालीन हिंदी कविता- डॉ. निर्मला जोशी 8-9
3) भारत में नक्सलवाद की समस्या : कारण एवं निदान- डॉ. राजेश कुमार साहू, डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय 10-15
4) हिंदी उपन्यासों में वृद्धों का संघर्ष: एक विवेचना - प्रियांषु कुमारी 16-18
5) मार्कण्डेय की कहानी और ग्रामीण जीवन - डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय 19-22
6) वैश्वीकरण हिन्दी भाषा और साहित्य- डॉ. निर्मला जोशी 23-24
7) भ्रमरगीत-परम्परा और उद्धव-शतक- पीयूष कुमार 24-28
8) हिंदी डायरी विधा : एक अंतः केन्द्रित यात्रा - अनुराग सिंह 29-31
9) संजीव के उपन्यासों के दर्दनाक गाथा की कलात्मक अभिव्यक्ति - डॉ. अम्बर कुमार चौधरी 32-34
10) भारतीय सिनेमा और तकनीक : बाहुबली फिल्म के विशेष संदर्भ में - अरुण कुमार 35-37
11) 60 के दशक की कविताओं में लोकतंत्र के मूल्य (विशेष सन्दर्भ: मुक्तिबोध, धूमिल, रघुवीर सहाय) - अंकित यादव 38-41
12) हिंदी साहित्य में लघु-पत्रिकाओं की भूमिका - जितेन्त्र कुमार 42-44
13) रामचरितमानस में मानवेतर पात्रों की उपादेयता (काकभुशुण्डि, गिद्धबंधु और जामवंत के विशेष संदर्भ में) -विमला भावनानी 45-49
14) समकालीन हिंदी गजलों में सामाजिक चेतना –प्रा.डॉ. एफ. मस्तान शाह 50-52

**दलित विमर्श**

1) सूत्रधार में व्यक्त स्त्री और दलित चेतना- डॉ. रामचंद्र मीणा 53-54
2) नवगीत में दलित चेतना के सशक्त हस्ताक्षर : जगदीश पंकज- डॉ. प्रवीण चंद 54-56
3) हिंदी दलित साहित्य - विष्णु 57-58
4) हिन्दी दलित आत्मकथाओं का समीक्षात्मक अध्ययन- आँचल यादव 59-62

**स्त्री विमर्श**

1) वृद्ध स्त्री जीवन या तिरस्कृत व्यथा : फिर लौटते हुए - प्रीतिका एन 63-65
2) परिवार की आतंरिक संरचना में स्त्री संदर्भ - रेत-समाधि - डॉ. अर्चना रानी 66-69
3) सामाजिक अंतर्संरचना और स्त्री-जीवन संदर्भ - शिकंजे का दर्द - डॉ. निरंजन महतो 70-73
4) हिन्दी उपन्यास में स्त्री का लोकतंत्र -डॉ. विनोद कुमार विश्वकर्मा 74-82
5) 'शिकंजे का दर्द' : दलित स्त्री का जीवन संघर्ष - अखिलेश यादव 83-85
6) कीर्ति शर्मा की कहानियों में व्यक्त आधुनिक स्त्री जीवन और सामाजिक समस्याओं की विवेचना- सुनीता सेरावत 86-87

**किन्नर विमर्श**

1) हिंदी कहानियों में किन्नर अस्मिता - डॉ. दादासाहेब सु. खांडेकर 88-89

**English**

1) Sight and Insight of Belonging: A Poetic Evaluation of A. K. Ramanujan's Poems - Dr. Santosh Kumar Mishra 90-94
2) Portrayal of Myth, Tradition and Female Objectification in R K Narayan's The Guide - Dr. Ashish Kumar Gupta 95-97
3) Cultural Displacement and Identity in Amitav Ghosh's Gun Island- Dr. Naveen Kumar Vishwakarma 98-102
4) Care Ethics and Rational Ethics: A Comparative Discussion- Sarbajit Mitra 103-112
5) Impact of Sports on Social adjustment & Mental ability of Soccer Players-Samir Kumar, Dr. Ayaz A. Khan 113-119
6) Unravelling the 'Infodemic : A Thematic Analysis of Misinformation Published by Indian Mainstream Media during COVID-19 - Ms. Akanksha Singh, Mr. Monu Singh Rajawat, Mr. Rajiv Pratap Singh 120-130
7) New Education Policy 2020 and the Future of India - Joyti Alune, Dr. Rajesh Kumar Sahu , Kiran Alone 131-134
8) Role of Cyanobacteria in Ecology and Food Problem - Dr. Sarvajeet Singh 135-137
9) Impact of Motor Skill Learning Aptitude on Fielding Skills of Junior National Cricket Players Playing as Specialist Batsmen - Md Shabab Baksh Qureshi, Dr. Alok Kumar Singh 138-142
10) Policy Implications of Integrating MGNREGA, PMAY, and PMGSY for Sustainable Rural Transformation- Arun Kumar 143-149
11) Effect on Aerobic Capacity and Body Mass of Soccer Players during the COVID-19 Pandemic- Samir Kumar, Dr. Ayaz A. Khan 150-154
12) Association of Motor Skill Learning Aptitude and Neuroticism in U-19 National Male Cricket Players Playing as Specialist Bowlers - Md Shabab Baksh Qureshi, Dr. Alok Kumar Singh 155-159
13) Yoga: An Ancient Practice's Evolution, Global Spread, and Modern Impact on Health and Well-being - Mr. Sunil Kumar Singh, Dr. Prashant Kumar Rai 160-167

नागफनी

वर्ष-12 अंक 42, जुलाई - सितम्बर 2022 Volume-III

अनुक्रम पृष्ठ क्रमांक

14) Unveiling the Socio-Cultural Dynamics and Communicative Behaviour of Tribal Communities in East Singhbhum District, Jharkhand: A Comprehensive Exploration.- Puja Pathak, Dr. Amrit Kumar 168-173
15) Role of Media Literacy in Combating Communal Violence - Abhijit Singh, Rajiv Pratap Singh 174-178
16) Gift of a *Pig* is a novel of science fiction. It eradicates blind faith and hypocrisy from the society - Dr. Shelly Sonkar Shah 179-181
17) India's Soft Power in International Organizations: UNESCO, WHO, and Beyond - Dr. Arvind Verma 182-186
18) Role of tourism development schemes like VCSGPSY in tourism development in the state of Uttarakhand - Rohit Joshi, Prof. B. D. Kavidayal 187-196
19) Uncovering the Secrets of Clear Writing - Dr. Sushant Chaturvedi 197-199
20) Self Seeking in Fiction - Dr. Chhaya Singh 200-202
21) Yoga -A Therapy for Mental Peace &World Betterment - Dr. Girish Kumar Vats 203-206
22) Indian Knowledge Traditions and National Education Policy 2020 - Dr. Sachin Kumar 207-210
23) Tripitaka: A Critical Study- Awadhesh Kumar Sah 211-214
24) Presentation of Women in Girish Karnad's Mythical and Folk Plays: A Case Study- Dr. Satish Kumar Prajapati 215-220

**अन्य**

1) शिक्षा में आई. सी. टी., ई-कामर्स का नया आयाम, विकास और जागरूकता- डॉ. अरुण कुमार चतुर्वेदी 221-223
2) औपनिवेशिक बनारस : धार्मिक सांस्कृतिक स्वरूप और हिन्दू पुनर्जागरण-डॉ. शिव नारायण 224-226
3) माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन-डा. अनिल कुमार 227-230
4) पण्डित दीनदयाल उपाध्याय : अन्त्योदय की अवधारणा-कृष्ण बहादुर यादव 231-232
5) योगपरक शिक्षा का सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व - एक विवेचनात्मक अध्ययन- राघव कुमार वर्मा, डॉ. सुनील कुमार मिश्र 233-237
6) सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर: 21वीं सदी में भारत-चीन संबंधों का तुलनात्मक विश्लेषण- निधि सिंह 238-242
7) क्षेत्रीय पार्टियों का उदय और उनका प्रभाव : भारतीय राजनीति में एक विश्लेषण- अनिल हनवत 243-248
8) गांधी और नेहरू के विकास मॉडल की तुलना - डॉ प्रशांत कुमार 249-252
9) भारत में अवैध अप्रवासन – एक सामाजिक समस्या - श्रीमती साजिदा जमाल 253-254
10) भारतीय समाज में डॉ.भीमराव अम्बेडकर का योगदान (राजनीतिक एवं आर्थिक विचारों के विशेष संदर्भ में)-डॉ. हरिचरण अहिरवार, डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय 255-262
11) यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन- कु. श्वेता कुर्रे, डॉ. सुनील कुमार मिश्रा 263-267
12) पर्यावरण पर मानव व्यवहार का प्रभाव -डॉ.रश्मि जहाँ, डॉ. बोबिन्द्र 268-271
13) गृहवास्तू निर्माण में भूमि-विचार - डॉ. सर्वेन्द्र कुमार 272-274
14) ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गृह के उत्पात एवं शांति के उपाय –सौरभ 275-278
15) भारतीय परिवेश में लैंगिक असमानता- विवाह, परिवार और समुदाय में महिलाओं पर हिंसा (एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण)- डॉ. संगीता रावल 279-284
16) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की वर्तमान समय में प्रासंगिकता - डॉ. रश्मि गुप्ता 285-288
17) भारतीय संविधान में डॉ.आंबेडकर के योगदान : एक समाजशास्त्रीय मूल्यांकन—शशिकान्त कुमार 289-292
18) स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरुकता में प्रिन्ट मीडिया का योगदान (वाराणसी शहर से प्रकाशित प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों पर आधारित अध्ययन)- मनीष कुमार शुक्ल 293-303
19) लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता एवं प्रभाव का अध्ययन- नितिन भगौरिया 304-316
20) आश्वलयानगृह्य सूत्र में विवाह के प्रकार एवं विधि - सौरभ 317-320
21) भवभूति की दृष्टि में राम - डॉ. सर्वेन्द्र कुमार 321-324

## संपादकीय .....

दलित लेखकों को बहूत कम साहित्यिक पुरस्कार मिलते है.

साहित्य अकादमी, ज्ञानपीठ और अन्य चर्चित सरकारी और गैर सरकारी पुरस्कार बहूत कम दलित लेखकों को दिए जाते है. दलित लेखकों की बहूत किताबें चर्चा मे रहती है. UGC NET /JRF EXAMS, IAS, PCS और अन्य COMPETITIVE परीक्षाओं मे दलित लेखकों की पुस्तके लगातार स्थान पा रही हैं. उनकी स्तरीय रचनाएँ विश्व विद्यालयों के सिलेबस का भाग बन रही है . देश विदेश के विश्वविद्यालयों मे पढ़ाई जा रही हैं. शहरी और ग्रामीण भारत के उत्थान करने मे अपना अहम् रोल अदा कर रही हैं. सामजिक, आर्थिक और राजनितिक समस्याएं सरकार के सामने प्रस्तुत करने मे दलित साहित्य पूर्णतया सफल रहा हैं. यह पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों का साहित्य हैं. यह साहित्य ऐसे लोगों की बुलंद आवाज़ हैं जो आसमान तक सुनाई पडती हैं और पूरे यूनिवर्स का चक्कर लगाती हैं. लेकिन जातिवाद और असमानता के कारण बड़े बड़े दलित लेखकों को अवार्ड पाने वालों की श्रेणी से अलग करती हैं.

अक्करमासी, झूठन, नागफनी, अपने अपने लोग , छप्पर, सूअरदान, झलकरी बाई ऐसे स्तरीय रचनाएं हैं जो राष्ट्रीय अवार्डबपाने की हक़दार हैं.

जूठन वाल्मीकि समाज की भूख की पीड़ा को सिद्दत से उकेरती हैं जो सदियों से उच्च जाति के झूठन पर जीवित हैं. उच्च जाति के लोग अपना जूठन वाल्मीकि समाज को खिलाना अपना गर्व समझते हैं. यहाँ पर मानव मानव मे कितना अधिक फर्क हैं. विश्व के किसी भी देश मे एक मानव दूसरे मानव का जूठन नही खाता हैं. झलकारीबाई उपन्यास जो जो मोहनदास नेमिसराय द्वारा लिखा गया है वह इस सत्य को उजागर करता है कि दलित विरंगनायें सवर्ण समाज की बीरंगनाओं से कम नही हैं. देश व अपनी रानी को बचाने के लिये स्वयं लड़ते हुए कुरवानी देती है.

अपने अपने लोग ऐसा उपन्यास है जो एक दलित जाति के लोग दूसरे दलित जाति के लोगों से आपस मे शादी करते हैं. जहा दलित जातियाँ अपनी ही जाति को सर्वोच्च मानती हैं दूसरी दलित जातियों को उनसे कम सनझती है. इस अंतर को इस उपन्यास मे तोड़ा गया है.. छप्पर उपन्यास मे दलितों की दयनीय व वेवस जीवन को दर्शाया गया है.उनके नशीब मे रहने के लिये केवल छप्पर ही है.

नागफनी के बारे मे तत्कालीन हंस के संपादक ने एक बड़ी व महत्वपूर्ण साहित्यिक टिप्पणी की है -" अभी तक जितनी भी दलित लेखकों की आत्मकथाएं आयी हैं उनमे हाय मार डाला की चित्तकारें सुनाई पडती हैं लेकिन नागफनी एक ऐसी आत्मकथा है जिसमे चित्तकारे नही सुनाई पडती हैं बल्कि संघर्ष है जिसको अंग्रेजी भाषा मे साइलेंट रेवोलुशन कहा जाता है." शीर्ष आलोचक नामवार सिंह ने कहा था --"नागफनी की भाषा, शैली और बिम्ब सराहनीय हैं. "सूअरदान उपन्यास को प्रोफेसर सुरेश चंद ने इक्कीसवी सदी का बेस्ट उपन्यास माना है." उपर्युक्त दलित लेखकों की इन उत्कृष्ट रचनाओं को राष्ट्रीय स्तर के सम्मानों से सम्मानित किया जाना समय की मांग है.

**रुपनारायण सोनकर**

# लोक साहित्य का ऐतिहासिक परिदृश्य

**-रमाकान्त गौड़**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर (हिन्दी)
सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चकिया-चन्दौली।

लोक, संसार का ऐसा मानस होता है जो अपनी रूचि अथवा व्यवहार में निरन्तर गतिशील एवं जीवन समूह के क्रियाकलापों को संचालित करता रहता है। लोक में सहज विवेक एवं मंगल की भावना रहती है। वह अनायास ही अनजाने में अपना परिष्कार करता रहता है। उसके कुछ ऐसे परम्पराजन्य व्यवहार और विश्वास अपना स्थान बनाये रखते हैं,जो उसकी सहज प्रकृति व तर्क के द्वारा अपनी स्थिति को कालान्तर में अधिक सुदृढ़ बना लेते हैं, जिन्हें संस्कार कहा जाता है। संस्कार और मानवीय क्रियाकलाप, विश्वास तथा दर्शन द्वारा निर्मित दो किनारे हैं, जिनसे होकर जीवन-धारा प्रवाहित होती रहती है। यही दो किनारे मनुष्य-जीवन को मर्यादित, सन्तुलित तथा नियमित होने में सहायता करते हैं। भारतीय जीवन-संस्कृति में भिन्न-भिन्न संस्कार अपने-अपने समय पर आते रहते हैं। यह इसी प्रकार के विभिन्न संस्कार भारतीय जीवन के नियामक का कार्य करते हैं। कहा जाता है कि लोक हमारे अच्छे-बुरे कर्मों को हमें तुरन्त दिखाने का कार्य करता है। लोक मानव- समाज का वह वर्ग है जो अभिजात्य संस्कार, शास्त्रीयता और पाण्डित्य की चेतना अथवा अहंकार से शून्य है और एक परम्परा के प्रवाह में जीवित रहता है। इस शोध-लेख में इन्ही से सम्बन्धित समाज के ऐतिहासिक परिदृश्य को खोजने का प्रयास किया गया है। जैसे- रस्म-रिवाज, रहन-सहन, वेशभूषा, आचार-विचार, लोक-विश्वास इत्यादि।

**मुख्य शब्द-** परिष्कृत, रूचि-सम्पन्न, पोथियाँ, कामगार, धर्मग्रन्थ, अनुसन्धानकर्ता, बंजरवा, लोक साहित्य, बैलेड, सिविलियन, लोक-संस्थान, इसाई मिशनरियाँ इत्यादि।

लोक साहित्य का तात्पर्य उस साहित्य से है जिसकी रचना लोक करता है। लोक साहित्य उतना प्राचीन है जितना कि मानव प्राचीन है। इसी कारण लोक साहित्य में जन-जीवन की प्रत्येक अवस्था, प्रत्येक वर्ग, समय और प्रकृति सभी कुछ समाहित है। इस सम्बन्ध में डॉ0 सत्येन्द्र कहते हैं कि ''लोक मनुष्य समाज का वह वर्ग है जो अभिजात्य संस्कार, शास्त्रीयता और पाण्डित्य की चेतना अथवा अहंकार से शून्य है और एक परम्परा के प्रवाह में जीवित रहता है।

अर्थात् साधारण जनता से सम्बन्धित साहित्य को लोक साहित्य कहना चाहिए। क्योंकि साधारण जन-जीवन विशिष्ट जीवन से भिन्न होता है। किसी भी देश अथवा क्षेत्र का लोक साहित्य वहाँ की आदिकाल से लेकर अब तक की उन सभी प्रवृत्तियों का प्रतीक होता है जो साधारण जन स्वभाव के अन्तर्गत आती है। डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपनी जनपद पुस्तक में कहा है कि ''लोक शब्द का अर्थ जन-पद या ग्राम्य नहीं है बल्कि नगरों और गाँवों में फैली हुई वह समूची जनता है जिनके व्यावहारिक ज्ञान का आधार पोथियाँ नही है। ये लोग नगर में परिष्कृत, रूचिसम्पन्न तथा सुसंस्कृत समझे जाने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक सरल और अकृत्रिम जीवन के अभ्यस्त होते हैं और परिष्कृत रूचि वाले लोगों की समूची विलासिता और सुकुमारिता को जीवित रखने के लिए जो भी वस्तु मे आवश्यक होती है उन्हे उत्पन्न करते हैं।''

अतः स्पष्ट होता है कि डॉ0 हजारी प्रसाद जी मजदूर, कामगार, किसान, एवं अन्य ग्रामीण जनता जो अभिजात तथा परिष्कृत लोगों के प्रभाव से बाहर रहते हुए जीवन यापन करती है जिनका

साहित्य परम्परागत रूप से मौखिक रहता है। उन्हे लोक साहित्य में समाहित करते हैं।

लोक साहित्य का संकलन एवं संपादन कार्य लोक साहित्य का अध्ययन प्राचीन काल से नृविज्ञान और पुरातत्व के अध्ययन के लिए यूरोप में किया जाता रहा है। 17 वीं शताब्दी में जान आब्रे ने 'रिमेंस आफ जेंटिलिज्म एण्ड जुडाइज्म' और 'पापुलर एक्टिविटिज' नामक दो पुस्तकों के द्वारा लोक साहित्य के अध्ययन की तरफ सबका ध्यान आकर्षित किया। तत्पश्चात् धर्मग्रन्थ एवं भाषा विज्ञान के लिए भी लोक साहित्य के अध्ययन की शुरूआत होने लगी। धीरे-धीरे सम्पूर्ण विश्व में लोक साहित्य का अध्ययन शुरू होने लगा।

भारत में लोक साहित्यके अध्ययन की ओर दृष्टि 19वीं शताब्दी के आरम्भ में गई, जबकि अंग्रेजी शासन की नींव हमारे देश में जम गयी थी। 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में (सन् 1784 ई0) सर विलियम जोन्स ने कलकत्ता (वर्तमान में कोलकाता) में 'एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल' नामक शोध संस्थान की स्थापना की। तत्पश्चात 19वीं शताब्दी में कुछ योग्य विद्वान अंग्रेज शासकों ने भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी जिज्ञासा प्रकट की और इस क्षेत्र में कार्य करना शरू किया। बस, यहीं से हमारे देश में लोक साहित्य के अध्ययन की नींव पड़ी।

भारतीय लोक साहित्य के अनुसंधानकर्ताओं में दो प्रकार के लोग दृष्टिगोचर होते है।

अंग्रेज सिविलियन

ईसाई मिशनरी

अंग्रेज सिविलियन इस देश पर शासन करने आये थे और ईसाई मिशनरी को ईसाई धर्म का प्रचार करने हेतु बुलाया गया था। परन्तु दोनो यह अच्छी तरह समझते थे कि जब तक इस देश की विभिन्न भाषाओं तथा साहित्यों का सम्यक अध्ययन नहीं किया जाता तब तक जनता से सम्पर्क नहीं हो सकता। क्योंकि धर्म प्रचार करने हेतु साधारण जनता को भाषा और साहित्य को जानना अत्यन्त आवश्यक है। अतः इन दोनों ने भारतीय भाषा एवं साहित्य का सम्यक ज्ञान प्राप्त किया और साधारण जनता से भी अपना सम्पर्क स्थापित किया।

भारतीय लोक साहित्य का प्रारम्भिक अध्ययन करने वाले अंग्रेज सिविलियन थे। जिनमें कर्नल जेम्स टाड ने इस कार्य का शुभारम्भ किया। कर्नन टाड राजस्थान के कई देशी राज्यों में रेजिडेण्ट था। जिससे उसे वहाँ के स्थानीय इतिहास रस्म-रिवाज, रहन-सहन, वेश -भूषा, आचार-विचार, आदि के अध्ययन का अधिक अवसर प्राप्त हुआ था। जिससे 1829 ई0 में 'एनल्स एण्ड ऐक्टिविटिज आफ राजस्थान' नामक प्रसिद्ध ग्रन्थ प्रकाशित किया। भारतीय लोक साहित्य के अध्ययन का प्रथम प्रयास इसी ग्रन्थ से मानना चाहिए क्योंकि इस पुस्तक से राजस्थान में प्रचलित विभिन्न लोक गाथाओं वीरगीतों आदि का विवेचन किया गया है। हिल्सप नामक पादरी ने मध्यप्रदेश की जंगली जातियों का अध्ययन किया। इसी लेख को 1866 में हेमपुल ने संपादित कर प्रकाशित करवाया था।

दक्षिण भारत के लोकगीतों पर चार्ल्स ई0 कोंवर ने 1871 ई0 में एक पुस्तक फोकसांग्स आफ सदर्न इण्डिया संपादित की। भारतीय लोकगीतों का यह सर्वप्रथम संग्रह है, जिसमें कन्नड़, कुर्ग, तेलगू, मलयालम तथा कूरल के लोकगीतों का अंग्रेजी अनुवाद किया गया था। इसी प्रकार पंजाब, पश्चिम बंगाल, बिहार आदि रियासतों में लोक साहित्य के अध्ययन को गति प्राप्त होने लगी।

भारतीय लोक कथाओं तथा लोकगीतों के संग्रहकर्ताओं में जार्ज ग्रियर्सन का नाम लोकप्रिय है। ग्रियर्सन भाषा विज्ञान के प्रसिद्ध विद्वान थे। 'लिग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया' आपकी प्रसिद्ध रचना है। इन्होने 1884 ई0 में बिहारी लोकगीतों का संग्रह 'सम बिहारी फोकसांग नामक पुस्तक में किया। 1886 ई0 में अपने क वृहद लेख में विरहा, जैतसार, सोहर आदि लोकगीतों का संकलन प्रस्तुत किया। इन्होने विजयमल, गोपीचन्द, आल्हा का विवाह आदि लोकगाथाओं पर अपने लेख छपवाये। ग्रियर्सन जी के काव्य संग्रह की विशेषता यह है कि इन्होने लोकगीतों का मूल पाठ भी दिया और उसका अंग्रेजी अनुवाद भी 1889 ई0 में 'नयका वनजरवा' नामक गीत जर्मनी की प्रसिद्ध पत्रिका में छपवाया। भारतीय लोक

साहित्य तथा लोक संस्कृति के प्रथम दौर के संग्रह तथा संरक्षण के क्षेत्र में विलियम क्रुक, जे0डी0 एण्डरसन, लाफ्रेनैस, स्वीनटर्न, पं0 राम गरीब चैबे, आदि का नाम उल्लेखनीय है।

सन् 1920 ई0 तक लोक साहित्य की प्रचुर सामाग्री एकत्रित, संपादित और प्रकाशित हो चुकी थी। परन्तु अधिकांश शोधकार्य विदेशी विद्वानों द्वारा किया गया था। 1920 ई0 के बाद विभिन्न प्रान्तों में भारतीय विद्वान अपने लोक साहित्य की रक्षा में जुट गये। अपने अथक परिश्रम द्वारा साहित्य एवं संस्कृति की रचना की। जैसे बंगाल में डॉ0 दिनेश चन्द्र सेन, बिहार में रायबहादुर शरच्चन्द्र राय, उ0प्र0 में पं0 रामनरेश त्रिपाठी गुजरात में झवेरचन्द्र मेघाणी, आदि विद्वानों ने इस कार्य को अपने हाथें में लिया और अपना सम्पूर्ण जीवन लोक साहित्य की सेवा हेतु लगा दिया।

बंगाल में डॉ0 आशुतोष मुखर्जी ने लोक साहित्य की रक्षा के लिए प्रशंसनीय कार्य किया इन्ही की प्रेरणा से प्रेरित होकर डॉ0 दिनेश चन्द्र सेन ने 1920 के आसपास पूर्वी बंगाल के मेमन सिंह जिले के लोक गीतों का संकलन तथा उसका अंग्रेजी अनुवाद 'ईस्टर्न बंगाल वैलेड्स' नामक पुस्तक में प्रकाशित करवाया और इनके बंगला लोक साहित्य के भाषाओं का प्रकाशन 'फोक लिटरेचर आफ बंगाल' के नाम से हुआ। इनके पहले 1919 में श्री योगीन्द्रनाथ सरकार ने 'खुकूमणीर छडां' तथा 'बंगला व्रत' नामक ग्रन्थ प्रकाशित हो चुका था। इन लोगों के अतिरिक्त बंगाल में श्री अवनिन्द्र नाथ ठाकुर, मु0 मनसूरूद्दीन (बंगलार वाडल), आदि विद्वानों ने बंगला लोक साहित्य पर महत्वपूर्ण कार्य किया।

गुजराती लोक साहित्य के अग्रणी एवं एकान्त साधक श्री झबेरचन्द मेघाणी का कार्य अत्यन्त सराहनीय रहा है। मेघाणी जी गुजराती लोकगीतों, लोक कथाओं, शिशुगीतों (पालने के गीत), वीरगाथाओं आदि का सुन्दर एवं विशाल संग्रह प्रस्तुत किया।

बिहार की मुंडा, उराँव विरसौर आदि आदिम जातियों पर गम्भीर कार्य करने वाले प्रसिद्ध शोध प्रत्रिका 'मैन इन इण्डिया' के संपादक श्री शरच्चन्द्र राय का कर्य अत्यन्त महत्वपूर्ण, प्रशंसनीय और मौलिक है। आपकी पुस्तकें 'द मुंडाज एण्ड देयर कन्ट्री' 'द विरसोर्स', 'उराँव रिलीजन एण्ड कास्ट', खारीज, द हिल्स भुडसाज आफ ओरीसी, आदि विहार के लोक सहित्य पर अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है।

भोजपुरी लोक साहित्य के क्षेत्र में पं0 रामनरेश त्रिपाठी, श्री देवेन्द्र सत्यार्थी, डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय आदि का कार्य अत्यन्त सराहनीय रहा है। पं0 राम नरेश त्रिपाठी और देवेन्द्र सत्यार्थी ने भारत के कई प्रान्तों में भ्रमण करके कई हजार गीतों का संकलन किया। पं0 त्रिपाठी ने सन् 1929 ई0 में 'कविता' कौमुदी (पाँच भागों में) ग्राम गीतक प्रकाशन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी विहार के लोकगीतों को संकलित किया गया था। इन्होने लोकगीतों, कहावतों एवं मुहावरों पर 'हमारा ग्राम साहित्य' नामक पुस्तक लिखी।

1930 ई0 के बाद श्री देवेन्द्र सत्यार्थी भी लोकगीतों की खोज में जुट गये। इन्होने भारत के अतिरिक्त वर्मा, लंका आदि देशों का भ्रमण करके अनेकों लोकगीतों का संग्रह किया। इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए महात्मा गांधी जी ने कहा था कि ''पचास से अधिक भाषाओं के कोई तीन लाख गीत संग्रह कर डालना कोई छोटा काम नहीं है। तुम्हारे बीस वर्ष इसी काम में खर्च हो गये। श्री देवेन्द्र जी ने इन गीतों का संकलन लगभग एक दर्जन पुस्तकों में किया। जैसे- धरती गाती है, बेला फुले आधी रात, धीरे बहो गंगा, बाजत आवे ढोल आदि।

भोजपुरी में आजकल जो साहित्य उपलब्ध होता हैं उसमें कुछ तो गीतों के संग्रह हैं और कुछ जनता के दैनिक जीवन तथा समाज का चित्रण करने वाले विभिन्न विषयों पर लिखे गये गीत हैं। जैसे- मेला घुमनी, गंगा नहवनी इत्यादि। यद्यपि इन छोटी-छोटी पुस्तिकाओं का मूल्य साहित्यिक दृष्टि से अधिक नहीं है फिर भी भोजपुरी भाषा के नमूने के रूप में इनका महत्व कुछ कम नहीं है।

भोजपुरी भाषा मे विभिन्न विषयों पर लिखे गये साहित्य का आज

भी अभाव है। डॉ0 बीम्स ने अपने व्याकरण में लिखा है कि भोजपुरी का कोई साहित्य नहीं है। भाषाशास्त्र के सुप्रसिद्ध विद्वान् डॉ0 ग्रियर्सन ने लिखा है कि भोजपुरी का शायद ही कुछ स्थानीय साहित्य हो। भोजपुरी प्रान्त में प्रसिद्ध लोरिक का महाकाव्य और कुछ गीत इसमें है। इसमें कुछ पुस्तकें भी छपी हैं। भोजपुरी-साहित्य के सम्बन्ध में डॉ0 सुनीति कुमार चटर्जी का यह मत है कि कुछ लोक गीतों और बैलेड के अतिरिक्त- जो बहुत ही सुन्दर है तथा देहातों में गाये जाते हैं- भोजपुरी में प्रयत्न पूर्वक किसी साहित्य की सृष्टि नहीं हुई है। इस बोली का सबसे प्राचीन नमूना संत कबीर की कविता में मिलता है जो कुछ पद्यों में ही सीमित है। प्रो0 बलदेव उपाध्याय ने इन्ही उपर्युक्त मतों का समर्थन करते हुए लिखा है कि "इतना होने पर भी यह कम दुःख की बात नहीं है। इसका साहित्य अभी तक समृद्ध रूप में नहीं दिखा पड़ता। यह अभी तक लिखित अवस्था में भी नहीं है, बल्कि जीविका के लिए इधर-उधर भ्रमण करने वाले गायकों और अनपढ़ देहातियों की जिह्वा पर निवास कर रहा है।" भोजपुरी-भाषा के अधिकारी विद्वान डॉ0 उदयनारायण तिवारी की सम्मति है।

"भोजपुरी में सबसे बड़ी कमी इसमें प्रकाशित उच्च श्रेणी के साहित्य का अभाव है। भोजपुरियों को अपनी भाषा के प्रति इतना अनुराग होने पर भी यह बड़े आश्चर्य की बात है कि इस भाषा की श्रीवृद्धि नहीं हुई है और प्राचीन काल में भी इसकी बहनों बंगाली, मैथिली एवं कोशली के मुकाबिले में इसमें साहित्य रचना विशेष नहीं हुई। इसका प्रधान कारण ब्राह्मण पंडितों का संस्कृत-भाषा के प्रति (मातृभाषा की उपेक्षा कर) विशेष अनुराग है।"

इस प्रकार हम देखते हैं कि भोजपुरी का साहित्य प्रधानतया मौखिक है और जो कुछ साहित्य उपलब्ध होता है वह अनेक स्फुट विषयों पर लिखा गया है।

लोक साहित्य से सम्बन्धित अनेक संस्थाओं की स्थापना और पत्र-पत्रिकायें भी प्रकाशित हुई जैसे- टीकमगा (राजस्थान) से लोकवार्ता सं0 कृष्णानन्द गुप्त, मधुकर, पत्रिका पं0 बनारसी दास चतुर्वेदी। आपने ही टीकमगढ़ में 'लोकवार्ता परिषद' की स्थापना की थी। काशी (वाराणसी) में 'हिन्दी जनपदीय परिषद की स्थापना हुई और एक पत्रिका 'जनपद' प्रकाशित हुई जो धनाभाव के कारण बन्द हो गयी। मथुरा में ब्रज साहित्य मण्डल की स्थापना हुई जहाँ से ब्रज भारती नामक पत्रिका प्रकाशित हुई।

वर्तमान समय में लोक साहित्य से सम्बन्धित संस्थाओं एवं पत्रिकाओं में बनारस से भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, यहाँ से त्रिमासिक पत्रिका 'भोजपुरी जनपद' का प्रकाश हो रहा है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची -**


1. कृष्णदेव उपाध्यय भोपुरी लोकसहित्य 2008 विष्वविघालय प्रकाषन वाराणसी द्वितीय संस्करण।
2. डॉ0 अर्जुन तिवारी भोजपुरी सहित्य के इतिहास 2014 विष्वविघालय
3. डॉ0सत्येन्द्र लोकसाहित्य विज्ञान 2017 राजस्थानी तृतीय संस्करण।
4. पुन्नी सिंह, कमला प्रसाद, राजेन्द्र शर्मा, (सम्पादक), भारतीय दलित साहित्य-परिप्रेक्ष्य 2017, वाणी प्रकाशन, दरियागंज नई दिल्ली, पृ0सं0 -32।
5. डॉ0 शरण कुमार लिंबाले, (सम्पादक), डॉ0 विनोद कुमार, वायचल, (अनुवादक), दलित पैन्थर-भूमिका एवं आन्दोलन, 2017, वाणी प्रकाशन, दरियागंज नई दिल्ली, प्रथम
6. **www.rachanakar.com, date -30-01-2020 time 8pm**


☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆☆

# समकालीन संदर्भ और मध्यकालीन हिंदी कविता

-डॉ.निर्मला जोशी
असिस्टेंट प्रोफेसर
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर, (उधम सिंह नगर)उत्तराखंड

यों तो मानव मूल्य से जुड़ी कोई भी कविता या रचना स्वयं में समय सापेक्ष शाश्वत होती है, क्योंकि समाज अनेक विविधताओं से भरा हुआ होता है तथा वर्तमान समाज में वर्ग विभाजित है ही, अतः बहुत स्वाभाविक है, कि सांस्कृतिक स्तर पर इसके अनेक स्तर है इसलिए कविता भी देशकाल – परिस्तिथि से प्रभावित होती है। इस दृष्टि से विहंगावलोकन करने पर हम पाते हैं कि हमारे समकालीन समय पर मध्यकालीन हिंदी कविता का अत्यंत गहरा एवं व्यापक असर पड़ा है।

मध्यकालीन हिंदी कविता को साहित्य की मुख्य धारा में स्वर्ण युग के तौर पर स्वीकृति प्रदान की गयी। आगे ऐसा हो भी क्यों ना क्योंकि मध्यकाल ने सामाजिक समरसता के मूर्धन्य कवि दिए है जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से तमाम सामाजिक विसंगतियों से कुठाराघात एवं समाज को पुनः सामुदायिक सद्भाव की ओर एकजुट होने की प्रेरणा से आप्लावित किया है। हम इसे अत्यंत सरल भाषा में जहां-वहां पा सकते है। उदारहणार्थ - तुलसी कवि कहते है कि –

**"परहित सरिस धरम नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधिमाई"।**

परोपकार से बढ़कर कोई उत्तम कार्य नहीं और पर पीड़ा से बढ़कर कोई नीच कार्य नहीं, परोपकार भावना ही वास्तव में व्यक्ति को मनुष्य बनाती है। कभी किसी भूखे व्यक्ति को खाना खिलाते समय चेहरे पर व्याप्त संतुष्टि के भाव से जिस असीम आनंद की प्राप्ति होती है वही अवर्णनीय है।

इसी तरह से एक अन्य स्थान पर कहा गया है –

**"जाके हृदय न राम बैदेही**
**तजिए ताहि कोटि बेरि सम जगति परम स्नेही"।**

यह राम से तात्पर्य जय श्री राम से नहीं उस रामत्व से है, उस उच्चतर मानव मूल्यों से है, जो कि उन्नत सामाजिकता का पक्षधर है - आगे कबीर दास जी विभिन्न धर्मों की आस्थाओं पर चोट नहीं करना चाहते है, अपितु विभिन्न आडंबरों व रूढ़ियों के विरुद्ध मूर्ति भंजक के बतौर खड़े दिखाई देते है, जो कहते है कि ईश्वर का वास यदि आत्मा में है तो उसे किसी मूर्ति पूजा जैसे वाह्य आडंबर की आवश्यकता नहीं है बल्कि उसका ध्यान, सदाचरण पर एकाग्र होना चाहिए।

**"पाहन पूजे हरि मिले तो मैं पूजू पहाड़**

**ताते यह चाकी भली पीस खाए संसार।**

**कांकर पांथर जोरि के, मस्जिद लई बनाय"**

**ता चढ़ी मुल्ला बांग दे, का बहिरा हुआ खुदाय ।।**

भक्तिकाल के भक्त कवियों ने भक्ति काव्य के माध्यम से लोगों को सदाचार का पाठ पढ़ाया, तुलसीदास ने इसी काल में रामचरितमानस की रचना की। उस समय के भक्त कवियों की भक्ति को सामाजिक दृष्टि से मुक्त करने और गुण विकसित करने की पुकार सुनाई देती है।

भक्तिकाल से हिंदू मुस्लिम एकता का बढ़ावा दिया, कई मुसलमान कवियों ने भी हिंदू देवताओं की भक्ति में सराबोर होकर काव्यों की रचना की। भक्तिकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि काव्यों के जरिए समाज सुधार करना था। उस काल में समाज में कई प्रकार के अंधविश्वास एवं आडम्बर विद्यमान थे। मुसलमानो के आगमन के कारण एक नई संस्कृति का प्रभाव भारतीय समाज पर पढ़ने लगा था। राजनीतिक शक्ति मुसलमानो के हाथ में थी।इसलिए हिंदूओं की स्थिति बिगड़ी जा रही थी। धार्मिक कट्टरता, रूढ़िवादिता, जातिवाद इत्यादि समस्यायें समाज को दीमक की तरह खाये जा रही थी। ऐसे समय में कवियों ने अपने काव्यों से ऐसे आडंबरों पर कुठाराघात कर जनता को सही रास्ते पर लाने के प्रयास किए। सामाजिक भेदभाव मिटाने के प्रयास हुए, एक उदाहरण –

**"जाति-पाति पूछै नहीं कोई**
**हरि को भजै सो हरि को होई"।**

काव्य शिल्प एवं भाषा के दृष्टिकोण से भी मध्यकाल बहुत समृद्ध रहा है। रामचरितमानस आज तक हिंदी का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य बना हुआ है। कबीर के दोहे आज भी जन-जन में लोकप्रिय है। इनके काव्य भारतीय मानस में रच-बस चुके है। आज तक भी आम आदमी को प्रभावित करने वाले काव्य की रचना नहीं की जा सकी है। मध्यकालीन कविता की प्रासंगिकता आधुनिक संदर्भ में भी कम नहीं हुई है।

मध्यकालीन कविताएं भाव पक्ष एवं कला पक्ष दोनों दृष्टिकोण से उच्च कोटि की थी। इस युग को भक्तिकाल के नाम से भी अभिहित किया जाता है।

शुक्ल जी तुलसी के माध्यम से जिस लोक धर्म की प्रतिष्ठा देखते है और जिसे वह वास्तविक तथा आदर्श लोक धर्म कहते है उसका संबंध तुलसीदास के पहले रूप से अधिक है। दूसरे धरातल पर वे उसके विपरीत भी जाते है। वो भक्ति को ही सबसे बड़ा मानते है वह किसी के द्वारा की गई हो –

**"मोरे मन अति दृढ़ विश्वासा**
**राम से अधिक रामकर दासा"।**

भक्त को राम से श्रेष्ठ मानना तुलसीदास जी के इसी दूसरे व्यक्तित्व की पहल है। इसी तरह से प्रथम कोटि के काव्य और कवियों की स्थिति प्राचीन काल की एकांत विशेषता नहीं है क्योंकि मध्यकाल में भी ऐसी बहुसंख्यक कवियों का पता चलता है जिनकी काव्य विषयक मान्यता उन्हें काव्य शास्त्रीय परंपरा से पृथक कर देती है तथा कथित कवियों को लक्ष्य कर कबीर ने कहा है कि –

**कवि- कबीनै कविता मुए, काफड़ी केदारौ जादू**
**केस लूंचि लूंचि भुए,बरविया, इनमें किनहू न पाई।**

इस युग के संत कवि ईश्वर की सत्ता सर्वशक्तिमान में अटूट विश्वास रखने के कारण अत्यंत निर्भीक, स्पष्टवादी, साहसी और सत्यवादी थे। कबीर ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि मैं चौराहे पर सिर पर कफन बांधकर खड़ा हूँ , सत्य को प्रकट करते समय मुझे किसी का भय नहीं है जिसमें सत्य को प्रकट करने का साहस है वह मेरे साथ आयेगा।

मध्यकालीन कवियों की भाषा में लोकप्रियता का प्रभाव यह है कि उनकी रचनाएं जनता के दैनिक व्यवहार और बोलचाल की सूक्तियां के रूप में स्थान पा गयी है। आज भी इन संतों की उक्तियों का प्रयोग हम व्यावहारिक भाषा के रूप में करते है जैसे कि कहा गया है –

**"हम बड़े कुलीन हम पंडित, हम जोगी सन्यासी**
**ज्ञानी गुणी सूर हम दाता याहू कहै भति नासी"।**
**तुम्ह णिभी जानौ गीत है**
**याहू कहै भति नासी।**

काव्य शिल्प एवं भाषा की दृष्टिकोण से भी भक्तिकाल बहुत समृद्ध रहा। रामचरितमानस आज तक हिंदी का सर्वश्रेष्ठ गद्य काव्य बना हुआ है। कबीर के दोहे आज भी जन-जन में लोकप्रिय है।

भक्तिकाल के कवियों में कबीर, तुलसी, रहीम ने जनमानस को जितना प्रभावित किया उतना न इससे पहले किसी काल में किसी ने किया था और अब तक भी आम आदमी को प्रवाहित करने वाले काव्य की रचना नहीं की जा सकी है। आधुनिक कवियों ने अच्छी कविताओं की रचना की है। किंतु आम आदमी तक इन काव्यों की उतनी पहुंच नहीं है जितनी कबीर, तुलसी और रहीम की है। इनके काव्य भारतीय जन मानस में रच - बस चुके है। जैसे आगे कहा गया –

**" तुम्ह बिन जानौ गीत है, यहु निज ब्रह्म विचार"।**

भक्ति काव्य को स्वर्ण युग सिद्ध करने के लिए इसकी उत्कृष्टता की तुलना अन्य कालों के साहित्य से कराना भी आवश्यक है।

रीतिकाल में श्रृंगार रस की कविताओं की अधिकता थी। इस काल के अधिकतर कवि किसी न किसी राजदरबार की शोभा हुआ करते थे। इसलिए उनका अधिकतर काव्य राजा की प्रशंसा के लिए होता था। इनमें से अधिकतर काव्य साहित्य के उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम नहीं थे। इस दृष्टिकोण से यह काव्य भक्तिकालीन काव्यों के समक्ष नहीं ठहर सकते।

हिंदी साहित्य के आधुनिक काल का प्रारंभ 1842 ई. में हुआ था। इस काल ने हिंदी साहित्य को बेहद बेशक बहुत अच्छे, जैसे- सुमित्रानंदन पंत, निराला, दिनकर, हरिवंशराय बच्चन, मुक्तिबोध इत्यादि दिये किंतु इनमें से कितने कवियों एवं कितनों के काव्य से भारत का आम आदमी परिचित है। भक्ति काल को समाप्त हुए साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके है फिर भी रामचरितमानस की चौपाइयां तथा कबीर व रहीम के दोहे भारतीय जनमानस के जीवन का हिस्सा बने हुए है। भक्तिकालीन काव्य की प्रासंगिता आधुनिक संदर्भ में भी कम नहीं हुई है। काव्य शिल्प एवं भाषा सौंदर्य के दृष्टिकोण से भी रामचरितमानस के समक्ष आधुनिक काल का कोई काव्य नहीं ठहरता। जैसे - तुलसीदास जी ने विनय पत्रिका में राम के उन गुणों का उल्लेख किया है जो वस्तुतः निर्गुण ब्रह्म के गुण है।

**"ब्रह्म व्यापक अकल सकल पर परमहित**
**ग्यान–गोवीन – गुण – वृत्ति – हर्ता**
**सिन्धु –सुन –गर्व गिरि बज्र**
**गौरीस, भव दच्छ – मख –अखिल विध्वंस – कर्ता"।**

भक्तिकाल का काव्य भाव-पक्ष एवं कलापक्ष दोनों दृष्टिकोण से उच्च कोटि का था। भक्तिकाल के काव्य के बिना हिंदी साहित्य की समृद्धि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कहा जाता है कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। पर उसमें समाज-सुधार की क्षमता विद्यमान होती है। साहित्य के इस पैमाने पर भी भक्तिकाल का साहित्य बिल्कुल खरा उतरता है। इसलिए भक्तिकाल को सर्वोत्तम काल माना गया है।

प्राचीन और अर्वाचीन वाङ्मय को मिलाकर देखें तो गुण व परिणाम दोनों की दृष्टि से हिंदी कविता सर्वाधिक संपन्न है। कालजयी कृतियों का इतना बड़ा संग्रह और उच्चकोटि के कृतिकारों का ऐसा विपुल समारोह अत्यंत दुर्लभ है। हिंदी काव्य में प्राय: सभी संप्रदायों के कवि हुए हैं। तुलसी व सूर को गौरव तो स्वयंसिद्ध है ही, विद्यापति कबीर, जायसी, नंददास, परमानंददास, मीरा, रसखान, रहीम सिद्ध है आदि कवि किसी भाषा के श्रृंगार हो सकते है। रीतिकालीन हिंदी का अपना वैशिष्ट्य है किसी अन्य में शास्त्रीय काब्य की इतनी विस्तृत और समृद्ध परम्परा नही मिलती।

**संदर्भ ग्रंथ :-**

1. प्राचीन एवं मध्यकालीन भक्ति काव्य : डॉ. मानवेंद्र पाठक।
2. तुलसी : राममूर्ति त्रिपाठी।
3. निबंधमाला : योगेश चंद्र जैन।
4. भक्ति काव्य : शिवकुमार मिश्र।
5. हिंदी साहित्य का इतिहास : डॉ. नागेंद्र।

************

# भारत में नक्सलवाद की समस्या : कारण एवं निदान

-डॉ. राजेश कुमार साहू
सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीधी, मध्य प्रदेश
Mob. No- 8085400776

-डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय
सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
शासकीय कन्या महाविद्यालय

सारांश-

नक्सलवाद की समस्या न केवल राष्ट्रीय बल्कि यह दिनों-दिन अंतर्राष्ट्रीय समस्या होता जा रहा है। नक्सलवाड़ी क्षेत्र में मूल निवासी आदिवासियों के विरोध से इस संघर्ष का जन्म हुआ किन्तु वर्तमान में यह आन्दोलन केवल आदिवासियों तक ही सीमित नहीं है। जहाँ-जहाँ नक्सलवाड़ी के समान असमानता, दरिद्रता तथा अभाव और उत्पीड़न रहा है वहाँ-वहाँ नक्सलवाद का विस्तार होता चला जा रहा है। नक्सली संघर्ष को केवल आदिवासियों से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। वर्तमान में कई मूल निवासी जातियों, गरीब परिवारों व पीड़ित व्यक्ति के द्वारा आर्थिक, मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक रूप से सहयोग व समर्थन देकर संघर्ष को तीव्र कर दिया गया है।

**मुख्य शब्द-** संघर्ष, असमानता, शोषण, मूलनिवासी, नक्सलवाद, अशिक्षा, विषमता, आदिवासी, आंदोलन।

## प्रस्तावना-

भारत में जन्मे नक्सलवाद जैसे इस क्रांतिकारी संघर्ष के उदय के पीछे की वास्तविकता क्या है? इसका समाधान क्या है? आखिर क्यों है? इन सभी प्रश्नों का वैज्ञानिक अध्ययन करना इस शोध पत्र का प्रमुख उद्देश्य है। लेखक स्वयं छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर जिले के भोपालपट्नम शासकीय महाविध्यालय में अध्यापन कार्य करते हुए नक्सलवाद की इस समस्या से अवगत है बस्तर क्षेत्र में आए दिन नक्सलवादी घटनाएं घटती रहती है। नक्सलवादी और सेना के बीच मुठभेड़ व गोलीबारी होती रहती है। यहाँ लोगों को अपना जीवन सुरक्षित नहीं दिखता और भय का वातावरण बना रहता है। नक्सलवाद का संघर्ष भूमि से प्रारंभ हुआ था वर्तमान में यह भूमि के साथ-साथ कई मुद्दों पर एक मत व संगठित होकर लड़ाई व संघर्ष छेड़ दिया है। जिसमें एक प्रमुख मुद्दा व्यवस्था परिवर्तन का है अर्थात भारतीय शासन व्यवस्था को बदलकर उस पर कब्जा करना है। इसी वजह से इस संघर्ष के समर्थक साथी नक्सलवाद को एक विचारधारा व सिद्धांत कहते हैं।

आज यह प्रश्न विचारणीय है कि नक्सलवाद मूल रूप से कानूनी समस्या है या विषमता से उत्पन्न समस्या। विचारकों का एक वर्ग जहाँ नक्सलवाद को आतंकवाद जैसी गतिविधियों से जोड़कर इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती मानता है तो दूसरा वर्ग इसे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विषमताओं एवं दमन-शोषण की पीड़ा से उपजा विद्रोह समझकर इसका पक्षपोषण करता है।

"हाँ, अब हमने उठा ली है तुम्हारे खिलाफ़ बंदूक
तुम जो समझते हो तमंचों की भाषा।"

समाज में तिरस्कार की ज्वाला, आर्थिक व सामाजिक विषमता ने नक्सलवाद को जन्म दिया है। देशवासियों को आजादी के बाद जो सरकार से अपेक्षाएं की थी वे पूरी नहीं हुई। देश में विकास के अनेक कार्यक्रम शुरू हुए लेकिन सत्ता सामंती चरित्र, पूँजीपति, उच्चवर्गीय हाथों में होने और निरंकुशता की वजह से भ्रष्टाचार प्रशासनिक उपेक्षाएं बढ़ती ही गई, जिससे विकास का लाभ कुछ वर्गों तथा चंद मुट्ठीभर लोगों तक सीमित रहा। नक्सल आंदोलन के विस्तार और उसके प्रसार में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। नक्सल आंदोलन के विस्तार में देश की बढ़ती असमानता प्रमुख कारण हैं। नक्सलवादी अपनी जड़ें कितनी गहरी जमा चुके हैं, इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रारंभ में इस आंदोलन का केंद्र पश्चिम बंगाल था लेकिन बाद के वर्षों में देश के 20 राज्यों की 223 जिलों में इसका विस्तार हो चुका है। नक्सलवादी संगठन के पास कुशल सूचना तंत्र, विशेष प्रशिक्षण और आधुनिक अस्त्र-शस्त्र से युक्त है। जिस कारण से यह आज 40% हिस्से में फैल चुके हैं। नक्सलियों के करीब दर्जन भर गुट भारत में विभिन्न हिस्सों में सक्रिय हैं। इनमें ऐसे गुट भी हैं जिनका जनाधार केवल एक जिला या जिले के कुछ गांवों या क्षेत्रों तक सीमित है, किंतु उनकी सोच और दर्शन राष्ट्रीय है, बल्कि कुछ नक्सली गुट तो पूरी दुनिया को बदलने का सपना देखते हैं।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय द्वारा 126 जिलों को नक्सल घोषित किया गया था। इन जिलों को सुरक्षा संबंधी खर्च के लिए केंद्र की तरफ से विशेष धनराशि प्रदान की गई इन्हीं में से 44 जिलों को अब नक्सलवाद के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त पाया गया है। इनमें 32 जिले तो ऐसे हैं जहां पिछले कुछ वर्षों से एक भी नक्सल हमला नहीं हुआ है शेष जिलों में 30 ऐसे जिले बचे हैं,

जहां नक्सलियों का प्रभाव अब भी कायम है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 4 वर्षों में नक्सली हिंसा कम हुई है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2013 के मुकाबले में वर्ष 2017 में नक्सली हिंसा में 35% की भारी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2017 में केवल 57 जिलों में ही नक्सली घटनाएं होने की जानकारी रिपोर्ट में दी गई है। इन तथ्यों के आलोक में एक बात तो स्पष्ट रूप से कही जा सकती है कि नक्सलवाद से लड़ने के लिए वर्तमान सरकार की योजना और रणनीति एकदम सही दिशा में सफलतापूर्वक गतिशील है। दरअसल मोदी सरकार नक्सलियों से निपटने के लिए केवल सशस्त्र संघर्ष के विकल्प तक ही सीमित नहीं रही है बल्कि और भी कई तरीके अपनाकर उनको कमजोर करने का काम इसने किया है। नक्सलियों की फंडिंग के नेटवर्क जिसके तार विदेशों तक से जुड़े होने की बात सामने आती रही है, को ध्वस्त करने की दिशा में सरकार अलग-अलग ढंग से प्रयासरत रही है।

1991 में वैश्वीकरण, निजीकरण, उदारीकरण और विनिवेशीकरण जैसी प्रक्रियाओं की शुरुआत के कारण बहुराष्ट्रीय निगम संस्थाओं का ध्यान आदिवासी अंचलों में मौजूद विपुल प्राकृतिक संपदा की ओर गया इससे आदिवासी इलाकों में असंतोष का नया विस्फोट हुआ जिसकी परिणति लालगढ़, नंदीग्राम, सिंगूर जैसी घटनाओं में देखी जा सकती है नक्सलियों ने इन असंतोषों को अपनी विचारधारा के लिए जमकर भुनाया। केंद्रीय गृह मंत्री के अनुसार देश में करीब 25-30 जिले ऐसे हैं। जहां सरकार की उपस्थिति नगण्य है। किसी भी लोकतंत्रीय देश के लिए गंभीर बात है। रॉ के अनुसार नक्सलियों की सेना में 20000 सशस्त्र कैडर और 50,000 से अधिक निमित्त कैडर हैं। आखिर ऐसा कैसे हुआ? इसके कुछ निश्चित कारण होने चाहिए। प्रसिद्ध पूर्व प्रशासक डॉ. ब्रम्ह देव शर्मा ने करीब 30 वर्ष पहले ही अपनी 29वीं रिपोर्ट में सरकार को चेता दिया था कि यदि आदिवासी क्षेत्रों की ओर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो इन अंचलों में हिंसात्मक गतिविधियां पैदा हो जाएंगी। उनकी बहुचर्चित रिपोर्ट में दर्ज है कि विकास का वर्तमान स्वरूप आदिवासी हितों के अनुकूल नहीं है।

## नक्सलवाद के चरण

प्रथम चरण- वर्ष 1967 से 1980 तक का समय नक्सलवादी गतिविधियों का प्रथम चरण था। इसका प्रथम चरण मार्क्सवादी -लेलिनवादी माओवाद पर आधारित था, अर्थात यह 'वैचारिक और आदर्शवादी' आंदोलन का चरण रहा है। इस चरण में नक्सलवादियों को जमीनी अनुभव तथा अनुमान की कमी देखने को मिली। इस चरण में नक्सलियों को 'राष्ट्रीय पहचान' अवश्य मिली।

द्वितीय चरण- वर्ष 1980 से 2004 तक का समय जमीनी अनुभव, जरूरत और आवश्यकता के आधार पर चलने वाला क्षेत्रीय नक्सली गतिविधियों का दौर था। इस चरण में नक्सलवाद का व्यावहारिक विकास हुआ। इस अवधि में नक्सलियों ने सशस्त्र बलों पर हमले आरंभ कर दिए। इसी चरण में नक्सली आंदोलन का सीमा विस्तार सर्वाधिक हुआ। पूरे भारत में लाल गलियारे का निर्माण होने लगा जो पश्चिम बंगाल से होते हुए बिहार, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र तक पहुंच गया। गोरिल्ला युद्ध में माहिर नक्सलियों द्वारा छत्तीसग,ढ़ झारखंड एवं उड़ीसा आदि के जंगलों में घात लगाकर सशस्त्र बलों पर हमले आरंभ हो गए।

तृतीय चरण- वर्ष 2004 से वर्तमान में जारी इस चरण में नक्सलियों का राष्ट्रीय स्वरूप उभरा और विदेशी संपर्क बढें जिससे अब नक्सलवाद राष्ट्र की सबसे बड़ी आंतरिक चुनौती बनकर उभरा। 2004 के बाद नक्सलवादी आंदोलन अपने मूल उद्देश्य से भटक गया ऐसा कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। साल 2004 में पीपुल्स बार ग्रुप एवं एमसीसीआई के एकीकरण के पश्चात एक नई पार्टी का गठन किया गया जिसे भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का नाम दिया गया है।

25 मई 2013 के छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जंगलों में हमले हुए। इस हमले में सलमा जुडूम के प्रवर्तक महेंद्र कर्मा व छत्तीसगढ़ कांग्रेश अध्यक्ष नंद कुमार पटेल और उनके बेटे दिनेश पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल व 8 लोग मारे गए। इस हमले के बाद से स्पष्ट हो जाता है कि नक्सलवादी अपने मूल उद्देश्य से भटककर उन लोगों को निशाना बनाने लगे हैं जो नीति -नियंता राजनीतिक नेतृत्वकर्ता एवं राजनीतिक पार्टियों से जुड़े हुए हैं। 4 अप्रैल 2021 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 23 जवान शहीद हो गए। स्पेशल डीजी नक्सल ऑपरेशन अशोक जुनेजा ने इसकी पुष्टि की थी यह साल 2021 में अब तक का सबसे बड़ा नक्सली हमला था। शनिवार को जिस जगह पर मुठभेड़ हुई रविवार को वहां जवानों के पार्थिव शरीर पड़े हुए थे। इस मुठभेड़ में 25-30 नक्सली भी मारे गए थे।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश तथा उत्तर-पूर्व के कुछ क्षेत्रों में सर्वेक्षण, अनुभवों व निष्कर्षों के आधार पर कहा जा सकता है कि नक्सलवादी आंदोलन वर्तमान की नहीं विगत विसंगतियों की देन हैं। यदि राज्य व केंद्र सरकारें वांछित कदम उठाती, आदिवासियों को विश्वास में लेकर विकास की योजनाएं लागू करती तो नक्सलवादियों को इन क्षेत्रों में पैर पसारने का अवसर नहीं मिलता। हमारी आजादी के 75 वर्ष बीत चूके हैं। इन 75 वर्षों में जहाँ एक और हमारे देश ने आर्थिक ऊंचाइयों के

आसमान को छुआ है, वहीं दूसरी ओर आज भी देश की 77 फीसदी जनसंख्या महज 37 प्रति दिन या उससे भी कम पर अपना जीवन यापन कर रही है। गांवों और कस्बों में आज भी लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है। आज भी गाँवों और कस्बों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध क्यों नहीं है? देश का पेट भरने वाला किसान अपने ही बच्चों को भूखा सुलाने पर मजबूर क्यों है? जब जुल्म और अत्याचार के राज़ में इन बुनियादी सवालों का समाधान नहीं हो पाता, तब जनता इन सवालों का हल खोजने के लिए शस्त्र उठाती है या हिंसा को चुनती है और नक्सलवाद के रास्ते पर चल पड़ती है, आदिवासी गांवों में बेरोजगारी, अत्याचार, असंतोष, भ्रष्टाचार, अशिक्षा, पारिवारिक कलह एवं लक्ष्य से भटके हुए महिला एवं पुरुष नक्सली गतिविधियों की तरफ बढ़ते हैं। तथा जनसंख्या के शोषित वर्गों के बीच विद्यमान अविश्वास और अन्याय का लाभ उठाते हैं तथा आम जनता का समर्थन प्राप्त करते हैं।

नक्सलियों का प्रभाव ग्रामीण अंचलों में ज्यादा देखने को मिलता है तथा इनके द्वारा सरकारी भवनों में बम ब्लास्ट, आवागमन को वाधित करने हेतु सड़कों और रेलवे लाइनों, पटरियों को तोड़ना, बिजली एवं टेलीफोन लाइनों को तोड़ना, पुलिस एवं सेना के साथ मुठभेड़ एवं कभी कभी तो आम नागरिकों पर जानलेवा हमला किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के दक्षिणी जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा और बीजापुर में गृह युद्ध जैसी स्थिति है। नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बमों से कई बार बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यह दिल दहला देने वाली घटना थी, पहले हमले में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के सशस्त्र जवान मारे गए। नक्सलियों की अगली घटना ने कई लोगों के मन में नक्सलियों के लिए घृणा भर दी है। इसमें कुछ ऐसी बस को निशाना बनाया गया जिसमें सवार कई निहत्थी बच्चों की जान गई। कुछ समय पहले मिदनापुर में माओवादियों ने राजधानी एक्सप्रेस को रोक कर रखा था। और लालगढ़ में भी उन्होंने काफी हिंसा का प्रदर्शन किया था।

नक्सलवादी आंदोलन मध्यप्रदेश में भी बड़ी मजबूती के साथ तीव्र गति से फैलता चला गया संयुक्त मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वन और मूलनिवासी आदिवासी निवास करते हैं जिनमें में प्रायः सभी अत्यंत निर्धन एवं आधुनिकता से दूर सीधे सरल स्वभाव वाले व अर्धनग्न अवस्था धारण कर वंचित वैभव ग्रस्त जीवन यापन करते हैं स्वाधीन भारत के इतिहास में नक्सलवादी का आंदोलन मात्र किसान एवं भूमिहीन वर्ग की जागृति का एक आंदोलन नहीं था बल्कि भारतीय समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन हेतु कम्युनिस्ट कांति कारियों ने चीन में हुई कम्युनिस्ट क्रांति से सबक सीखते हुए लेनिन बाद मार्क्सवाद और मौत से तुम की विचारधारा को अपना प्रस्थान बिंदु माना सामंतवाद को समाप्त करने हेतु साम्यवाद का यह संघर्ष उस समय हुआ जब भूमिहीन मूलनिवासी दलित आदिवासी किसान एवं उपेक्षित सामाजिक वर्ग ने इस का दामन थाम लिया भारी भूल भटकाव भागम भाग एवं भड़ास से भरे तथा राज्य प्रशासन द्वारा अभूतपूर्व दमन दबाव एवं उत्पीड़न के बावजूद नक्सलवादी संघर्ष की गतिविधियों का सिलसिला जारी रहा नक्सलवाद अपने मूल स्थान पश्चिम बंगाल से निकलकर आगे बढ़ते हुए वहां जाकर स्थाई रूप से मजबूत हुआ जहां नक्सलियों के लिए रहने, अपने रणनीति बनाने हेतु जंगल एवं सुरक्षित घाटी क्षेत्र विशेष रूप से उपलब्ध है साथ ही जहां उत्पीड़न अधिक है वहां के निवासी विकास और अपने मूल अधिकार से वंचित हैं वहां पर नक्सलवाद अधिक तीव्र गति से पनपा और इसका सर्वाधिक प्रभाव संयुक्त मध्यप्रदेश में एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ में रहा है व है।

संयुक्त मध्यप्रदेश में बस्तर जिला मध्य प्रदेश के विकास की दृष्टि से सबसे पिछड़ा जिला है जहां प्रारंभ से ही जीवन की आधारभूत व न्यूनतम आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, सड़क, पानी, सिंचाई साधन आदि का आभाव रहा है साथ ही ऐसी स्थिति में कतिपय भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक ना दिया जाना, व्यापारियों द्वारा आदिवासियों को वन उपज का उचित मूल्य न दिया जाना, उनका शोषण करना, उनके साथ किया गया अमानवीय व्यवहार आदि कुछ ऐसे मुद्दे थे जो नक्सलवाद के विस्तार एवं पनपने के लिए एक सस्ती उपजाऊ जमीन तैयार कर रहा था जहां से अपनी विचारधारा के बीच वहां की भौगोलिक विशेषताएं भी उसे गोरिल्ला युद्ध के लिए विशेष अनुकूल बनाती है। उस समय तक आंध्र प्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र के श्रीकाकुलम क्षेत्र में प्रारंभ नक्सली गतिविधियों अन्य जिलों के सीमा क्षेत्रों में फैल चुकी थी अतः आंध्र प्रदेश में सक्रिय नक्सलवादियों ने दक्षिण पश्चिम बस्तर को अपना कार्यक्षेत्र बनाने के लिए उपयुक्त स्थान समझा। सन 1972 में सर्वप्रथम नक्सलियों ने बस्तर जिले के थाना भोपालपटनम क्षेत्र में अपनी गतिविधियां प्रारंभ की। मध्यप्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिंडोरी जिले तो शुरु से ही नक्सली आंदोलन के गढ़ रहे हैं। बाद में सन 2004 में सीधी जिला और उसके विभाजन से बना सिंगरौली जिला भी इनके प्रभाव क्षेत्र में आ गया।

नक्सल क्रांतिकारियों ने 1980 के दशक में सबसे पहले दंडकारण्य में प्रवेश किया और भूमिहीनों, मजदूरों, छोटे किसानों को एकजुट किया क्योंकि ग्रामीण स्तर पर काम करने वाले क्रांतिकारियों ने वर्ग हीन समाज की कल्पना की थी इसलिए उन्होंने अपना आधार तैयार करने के लिए पर्चा बांटे और सभाएं

की फिर जल्दी ही ससस्त्र ग्रुप तैयार किया जिसका काम अलग-थलग पड़े सशस्त्र बलों व वर्ग शत्रुओं से हथियार लूटना था। जैसे-जैसे इसमें तीव्रता आई वैसे-वैसे इनकी ताकत व क्षेत्र में विस्तार होता रहा और यह अपने इरादों से पुलिस को प्रशासन को सरकार को अवगत करा दिया है कि समस्त समस्याओं की जड़ प्रत्येक क्षेत्र में मौजूद असमानता है जिसे दूर करने में सरकारी नाकाम रही है। नक्सली खूनी संघर्ष का सर्वाधिक प्रभाव संयुक्त मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में है जो माकूल पनाहगाह के रूप में उम्दा है इसका कारण है छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदा और जनजाति गरीबी यह सभी इसके लिए आवश्यक खाद पानी उपलब्ध कराते हैं।

मूल निवासियों के क्षेत्र ऐसे हैं जहां विकास के नाम पर लोगों को छला गया है यहां की आम जिंदगी बद से बदतर है यहां की आदिवासी यह नहीं जानते कि कौन सी चीज कितनी कीमती है क्योंकि उनके जंगलों में चिरौंजी आसानी से उपलब्ध हो जाती है तो 1 किलोग्राम नमक 1 किलो चिरौंजी के बदले में खरीदते हैं और यहां तक कि उन्हें उसे खरीदने के लिए 14 किलोमीटर पैदल चलकर पहाड़ उतर कर नीचे बाजार आना पड़ता है जिंदगी की आम सुविधाओं से वंचित आदिवासियों के पहाड़ी क्षेत्रों का जनजीवन आज भी सड़क, पीने का पानी, सिंचाई और बिजली की सुविधाओं से सर्वथा अपरिचित हैं जबकि सरकारी फाइलों में इन क्षेत्रों का विकास जमकर हो रहा है मीडिया के लोग भी यदा-कदा ही इनका असली चेहरा दिखा पाते हैं नहीं तो यह भी विभिन्न प्रकार के प्रलोभन में आ जाते हैं नक्सलियों ने बस्तर के भोले भाले आदिवासियों के मध्य उपरोक्त मुद्दों एवं सरकारी नीतियों तथा सीमित विकास योजनाओं को मुद्दा बनाकर सरकार के विरुद्ध अभियान चलाकर अपनी बात समझा पाने में सफल रहे इनकी गतिविधियां मूल रूप से एक मामूली प्रचार तक ही सीमित नही है बल्कि यह आंदोलन बढ़ता ही चला गया और घटनाओं में वृद्धि हुई है।

समय आ गया है कि सरकार यह खुलकर समझाएं कि पिछले सालों में सुरक्षा को लेकर जो रणनीति तैयार की थी, क्या वह काफी है और विकास, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन व देश के जनजातीय इलाकों में शासन व्यवस्था को लेकर लोगों में जो आक्रोश है उसे दूर करने के लिए वह क्या कदम उठा रही है? नक्सली अराजकता को रोकने के लिए सरकार कोई ठोस रणनीति बनाने में विफल रही है। सच्चाई तो यह है कि अगर गृह मंत्रालय के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले सालों में नक्सली हिंसा में मारे गए लोगों की संख्या बढ़ती ही चली गयी है।

नक्सल संगठन का मूल मंत्र है कि सत्ता बंदूक से निकलती हैं। नक्सली क्रांतिकारी वर्ग अस्त्रों का कत्लेआम कर क्रांति लाना चाहते हैं। वे बंदूक के माध्यम से सर्वहारा वर्ग का प्रभुत् स्थापित करना चाहते हैं। अभी तक तो यह कहा जाता था कि गरीब व शिक्षित पीड़ित वर्ग ही नक्सली बनते हैं, लेकिन सर्वेक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि निर्धन, भूमिहीन मूल निवासी आदिवासियों के युवक-युवतियों के अलावा शिक्षित योग्य बुद्धिजीवी बेरोजगार युवक-युवतियां भी इस आंदोलन से जुड़ चुकें हैं, क्योंकि उन्हें अब अपनों की देखभाल के लिए नियमित वेतन भी मिलता है और वे इसे अपना पेशा व रोजगार बना रहे हैं।

क्यूँ खत्म नहीं हो पा रही नक्सली समस्या?

दरअसल नक्सलवाद सामाजिक, आर्थिक कारणों से उपजा है। आदिवासी समाज के लोग गरीबी और बेरोजगारी के कारण एक निचले स्तर की जीवन शैली जीने को मजबूर हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में गंभीर बीमारियों से जूझते इन क्षेत्रों के लोग मौत से सामना करते रहते हैं। आदिवासियों का विकास करने और उन्हें शिक्षा, चिकित्सा सेवा और रोजगार देने के बजाय उन्हें परेशान करने के नए-नए कानून बनाए जाते हैं। आर्थिक असमानता, भ्रष्टाचार खेती की दुर्दशा एक बहुत बड़ी समस्या है और ये समस्याएँ असंतोष के बीच पैदा करते हैं जिनमें विद्रोह करने की क्षमता होती हैं। इन्हीं असंतोष की वजह से नक्सलवादी सोच को बढ़ावा मिल रहा है। सरकारें इन समस्याओं के सभी पहलुओं पर विचार नहीं कर रही है, जिससे समस्याएं जस की तस बनी हुई है।

क्या चाहते हैं नक्सली?

नक्सलियों का मकसद राज्य को अस्थिर बनाना है। और वे मौजूदा व्यवस्था को सही नहीं मानते हैं। वे व्यापक जनाधार तैयार करके जनता का सरकार लाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए वे हिंसा का रास्ता अपनाते हैं।

नक्सलवादी ज्यादातर सुरक्षाबलों और उनके ठिकानों पर हमला करते हैं।

नक्सलवादी कुछ इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे की रोड, रेलवे और पावर हाउस को निशाना बनाते हैं।

नक्सली सरकार समर्थक सिविल सोसायटी और सरकारी संगठनों पर भी हमला करते हैं और इसके जरिए अपनी विचारधारा का प्रचार प्रसार करने का काम भी करते हैं।

नक्सली अन्य विकासात्मक कार्यों जैसे कि सड़क, अस्पताल, स्कूल, कॉलेजों का निर्माण आदि का भी विरोध करते हैं।

नक्सलवादियों की मौजूदगी महज जनजातीय इलाकों तक सीमित नहीं है और यह भी नहीं है कि नक्सली एजेंडा जन-जातियों का उत्थान भरा है। मगर हम जिस सुदूर और वन क्षेत्रों

की बात कर रहे हैं। वहाँ मुमकिन है की उन्हें ज्यादा समर्थन और संरक्षण प्राप्त है। यहाँ उनका ऐसा दबदबा है कि वे आसानी से अपना पीछा कर रहे पुलिस बलों का खात्मा कर सकते हैं। यही वजह है कि सबसे पहले देश के जनजातीय इलाकों में लोगों के आक्रोश का हल ढूंढने की जरूरत है। अगर हम इस समस्या का हल महज पैसे खर्च करके करना चाहते हैं तो शायद यह समस्या कभी सुलझ ही नहीं पाएगी। हमें जनजातियों के अधिकार क्या है ये समझना होगा और उन्हें राजनीतिक शक्तियों का इस्तेमाल करने की छूट देनी होगी। मेरे समझ में नक्सली समस्या के समाधान हेतु सरकार निम्न कदम उठा सकती है-

आदिवासी अंचलों के लिए संवेदनशील व चेतना संपन्न कैडर का निर्माण और नियुक्ति प्रतिबद्ध अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति से आदिवासियों में विकास, विवेचनात्मक चेतना, वह प्रतिरोधात्मक शक्ति पैदा करना, आदिवासी विकास योजनाओं के निर्माण से क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया में आदिवासियों की सक्रिय भागीदारी।

जल, जंगल, जमीन व बाहरी कब्जों को समाप्त करना, विकास कार्यों के माध्यम से रोजगार सृजन तथा आदिवासी जनपदीय भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा देना।

वन व कृषि उपज का वांछित मूल्यांकन व वितरण।

अगले 10-15 वर्षों तक देश के एकाधिकार पूंजीपतियों और बहुराष्ट्रीय निगमों के आदिवासी अंचलों में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध।

दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही।

संविधान प्रदत्त अधिकारों, सरकारी योजनाओं, संवैधानिक उपायों आदि के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए आदिवासियों के क्षेत्र में चेतना, सशक्तिकरण शिविरों का आयोजन।

विभिन्न विकास योजनाओं की सफलता के लिए ऐसे अतिवादी तत्वों का सहयोग प्राप्त करना जो हिंसा का रास्ता छोड़ अहिंसा के उपायों में विश्वास करने लगे हैं।

नक्सलियों को नक्सल गतिविधियों को छोड़ने हेतु कहा जाए तथा उन पर कोई भी मुकदमा न लगाते हुए सम्मानपूर्वक प्रोत्साहन दिया जाए राजकीय सेवाओं के साथ उन्हें रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराया जाए तथा उनके परिवार एवं बच्चों की उचित देखभाल सरकार द्वारा किया जाए। साथ ही यह भी जरूरी है कि जहाँ सरकार उदारता का परिचय दें। वहीं संसद वादी वामपंथी पार्टियां भी नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के लिए सकारात्मकता से भूमिका निभाएं।

नक्सलवादी क्या चाहते हैं विचार करना अनिवार्य है उनकी क्या मांगे हैं इस पर ध्यान देना आवश्यक है। कृषक मजदूर वर्गों की मंहगाई के अनुपात में घटती आय, बढ़ती निर्धनता के कारणों का पता लगाया जाना और इसे दूर करना अति आवश्यक है? खेद की बात है इस संघर्ष या समस्या को खत्म करने के लिए शासन के स्तर पर हम शक्ति (सेना एवं पुलिस) का तो भरपूर इस्तेमाल करते हैं किंतु वैचारिक संघर्ष करते हुए इसके हल के लिए आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कदम बहुत कम उठाते हैं लेकिन यह सफलता का नहीं असफलता का मार्ग है। नक्सलवादियों को अपना मानकर क्षमा करते हुए समाज के अंग के रूप में अपनाना होगा। यदि हम योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवादियों को मार डाले तो भी नक्सलवाद उसी तरह से समाप्त नहीं होगा जिस तरह से बीमार को मार देने से बीमारी समाप्त नहीं होती। देश की माटी में खून के छींटे जो गिर रहे हैं वह अपनों के ही तो हैं, उन्हें रोकने हेतु दोनों पक्षों को गंभीरता से सोचना होगा। भाई, बहन, मां, बाप और रिश्तेदारों के आंसू कब तक बहते रहेंगे। खून किसी का बहे रंग तो एक ही होता है लाल। न कोई जात न कोई धर्म, कोई तो समझे मानवता का मर्म।

नक्सलवाद का संघर्ष व्याप्त असमानता, अव्यवस्था, अन्याय, अत्याचार को स्वयं समाप्त करने का सशस्त्र क्रांतिकारी प्रयास है। नक्सलवादी आंदोलन मार्क्स, लेनिन, माओ के खूनी क्रांति व उनकी वर्ग संघर्ष की विचारधारा पर आधारित है। देश प्रदेश के कई क्षेत्रों में व्याप्त असमानता मौजूद अनेकानेक समस्याओं को नक्सलियों ने क्रांतिकारी विचारधारा के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार कर इसे समाप्त करने का संकल्प लिए है। नक्सलवादी संघर्ष विचारधारा से जुडी लड़ाई है यह अपनी विचारधारा से वर्तमान की विचारधारा को पराजित करके समतामूलक वर्ग-विहीन शोषण-विहीन समाज की स्थापना करना चाहते है। जहां पर सर्वहारा वर्ग का अधिनायकत्व होगा इस प्रकार से नक्सलवादी संघर्ष, संपूर्ण व्यवटस्था परिवर्तन का संघर्ष और आंदोलन समस्त समस्याओं की जड़ सत्ता परिवर्तन है इसीलिए यह संघर्ष वर्तमान में एक राजनीतिक संघर्ष का रूप ले चुका है नक्सलवादी संघर्ष गांव गरीबों की असमानता का संघर्ष है इसका उद्देश्य सर्वहारा वर्ग के उत्थान पर आधारित है जिससे इसे आदर्श श्रेणी का संघर्ष कहा जाता है। वास्तव में इसके असंतोष के वास्तविक कारण को जड़ से अभी तक समझा ही नहीं गया है जिसे समझना होगा तथा इसके निराकरण के उपाय शांत मन से करना होगा। जिन कारणों से देश अथवा राज्य में नक्सलवाद को बढ़ावा मिला दुखद कि वे सभी आज ही मौजूद है समाज में व्याप्त वर्ग विभेद के साथ गरीबी और बेरोजगारी भी एक प्रमुख कारण है भूमि सुधार कार्यक्रमों पर ईमानदारी से अमल नहीं किया गया दलित

आदिवासियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं हो रहा है जब तक भूख, उत्पीड़न, दबाव, दहशत, पीड़ा, वंचित एवं बेरोजगार आबादी रहेगी तब तक असंतोष और विरोध आंदोलन को जन्म देते रहेंगे।

सरकारी प्रयास-

भारत सरकार द्वारा नक्सली समस्या के समाधान की दिशा में अनेक प्रमुख कदम उठाए गए जिनमें दंड के प्रावधान के साथ-साथ सुधारात्मक पहलू पर भी ध्यान दिया गया अनेक जनकल्याणकारी कदम भी उठाए गए गए हैं।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे कौशल विकास शिक्षा ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर कार्य।

2013 में रोशनी नामक विशेष पहल की शुरुआत।

2017 में केंद्र सरकार द्वारा 8 सूत्री समाधान नाम की एक कार योजना की शुरुआत।

समाधान पहल- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नक्सली समस्या के समाधान के लिए एक नई पहल की गई है जिसे 'समाधान' नाम दिया गया है।

**S-** Smart leadership (कुशल नेतृत्व)

Aggressive strategy (आक्रामक रणनीति)

**M-** Motivation and training (अभिप्रेरणा एवं प्रशिक्षण)

**A-** Actionable intelligence (अभियोज्य गुप्तचर व्यवस्था)

Dashboard based Key performance indicator and Key result area (कार्ययोजना आधारित प्रदर्शन सूचकांक एवं परिणामोन्मुखी क्षेत्र)

Harnessing technology (कारगर प्रौद्योगिकी)

Action plan for each threat (प्रत्येक रणनीति की कार्य योजना)

**N-** No access to financing (नक्सलियों के वित्त-पोषण को विफल करने की रणनीति)

इसमें कोई संदेह नहीं है कि नक्सलवाद देश के लिए गंभीर चुनौती है। समस्या के समाधान के लिए सरकारी स्तर पर वर्षों से प्रयास जारी हैं। अनेक नीतियां बनाई गई किंतु उन नीतियों का कार्यान्वयन उचित ढंग से आज तक नहीं हो पाया है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि नक्सलवाद के मूल में जाकर समस्या के समाधान के लिए समुचित प्रयास किए जाएं। गुमराह व्यक्तियों के लिए पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए भूमि सुधार कार्यक्रम लागू कर समस्या का स्थाई समाधान किया जा सकता है।

जिस तरह से एक परिवार में सबसे कमजोर सदस्य पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है उसी तरह हमें समाज के सबसे कमजोर वर्गों विशेषकर आदिवासियों, दलितों पर ध्यान देना होगा तभी इस समस्या से स्थाई रूप से निजात पाई जा सकती है ऐसी स्थिति में यह प्रश्न खड़ा होता है कि क्या आंदोलन को बंदूक की ताकत से दबाया जा सकता है। आज छत्तीसगढ़ में एक लाख से ज्यादा मिलिट्री, बीएसएफ, सीआरपीएफ, कोबरा तथा राज्य की पुलिस मिलकर अभियान को चला रही है इस ऑपरेशन को भारतीय मिलिट्री की देखरेख में चलाया जा रहा है सेना स्वयं नक्सल विरोधी अभियान में लगे हुए सुरक्षाबलों को प्रशिक्षण दे रही है लेकिन सरकार को याद रखना चाहिए कि इस आंदोलन का हल हथियार से नहीं चलने वाला है इसके लिए सरकार को जनता की बुनियादी समस्याओं जिसमें मुख्य रुप से जल, जंगल, जमीन का हल तलाशना होगा।

## निष्कर्ष-

यह निर्विवाद रूप से सत्य है कि नक्सलवादी आंदोलन को अंततोगत्वा लोकतांत्रिक मुख्यधारा में ही लौटना पड़ेगा। शोषण के विरुद्ध हथियार उठाने वाले ये नक्सली अपने लक्ष्य से भटक गए है और देश के लिए एक बड़ी समस्या बन गए हैं। कई दूरवर्ती और वनांचल राज्यों में यह समस्या विराट रूप में देखी जा सकती है तथा लोगों को भय एवं कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक यह है कि आदिवासियों को ग्रामीण अंचलों में जल, जंगल, जमीन की भागीदारी देकर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तीव्र स्तर पर किया जाए तथा मूलभूत आवश्यकताओं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार उपलब्ध कराते हुए शोषण एवं अत्याचार पर रोक लगाई जाए।

## संदर्भ ग्रंथ सूची-


1. देवी महाश्वेता, जंगल के दावेदार राधाकृष्णन् प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. जोशी, भगवतशरण, आदिवासी सत्ता मासिक पत्रिका, जुलाई 2010
3. प्रसून, देवाशीष, लेख आदिवासी सत्ता, अंक 7 अगस्त 2010
4. तिवारी, डॉ. मुकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. मृगांक शेखर श्रीवास्तव, डॉ. एन.के. नक्सलवाद-ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सामाजिक विश्वास, आशा पब्लिशिंग एचआईजी एच-24 तृतीय मंजिल, बाईपास रोड आगरा 2012
5. दीपेंद्र लवकुश, मध्यप्रदेश में नक्सलवाद की समस्या 2001 से वर्तमान तक शोध प्रबंध, 2014
6. 2016 JETIR July 2016 Volume 3,Issue 7
7. आउटलुक जनवरी 2012


************

# हिंदी उपन्यासों में वृद्धों का संघर्ष: एक विवेचना

**-प्रियांषु कुमारी**
शोधछात्रा
हिन्दी विभाग
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

**प्रस्तावना:-**

वृद्ध होना मानव जीवन की स्वाभाविक अवस्था हैं, जो क्रमशः धीरे-धीरे आने वाली अवस्था है। यह अवस्था स्वाभाविक एवं प्राकृतिक रूप से घटित होती है, इसलिए यह कहा जा सकता है कि वृद्धावस्था परिवर्तन की वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति के जीवन में अनुभव के सभी पक्ष सम्मिलित है। परंतु इस आधुनिक युग में युवापीढ़ी वृद्धों की महत्ता को समझ नहीं पाते हैं, जिसके कारण उम्र के अंतिम दौड़ में अपना जीवन यापन करने के लिए वो सहारा ढूँढने को विवश हो जाते हैं। आधुनिक युग में पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाइए देने लगा है। आज की युवा आगे निकलने की होड़ में अपने घर के बुजुर्ग को भुलते जा रहे हैं। वर्तमान समय में मनुष्य की दिनचर्या ऐसी हो गई है कि वह बहुत जरूरतमंद तथा जिनसे कोई काम निकलवाना हो उन्हीं को याद करते हैं बाकी को याद रखना जरूरी नहीं समझते है। समय के अभाव में नई पुरानी पीढ़ियों के बीच में विचारों का तालमेल नहीं बैठ पा रहा है, जिस कारण से दोनों पीढ़ियों में तनाव उत्पन्न हो रहा है। हिन्दी कथा साहित्य में वृद्धों के इसी संघर्ष को दिखाया गया है।

मनुस्मृति का श्लोक है - "**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः चत्वारि तस्य वधन्ते आयुर्विधा यशो बलम्"** अर्थात् प्रतिदिन बुजुर्गों को प्रणाम करने और उनकी सेवा करने वाले व्यक्ति की आयु, विद्या, शक्ति और यश में वृद्धि होती है। लेकिन आज समय बदल गया है। व्यक्ति जैसे-जैसे वृद्धावस्था की ओर बढ़ते जा रहे हैं, वैसे-वैसे अकेलापन, भय और उपेक्षा का शिकार होते जा रहे हैं। समाज में हो रहे इस बदलाव को साहित्य में भी देखने को मिल रहा है। उपभोक्तावादी संस्कृति एवं बाजारवाद संस्कृति के बीच स्थित वृद्धों के दयनीय स्थिति का वर्णन समकालीन उपन्यासों में देखा जा रहा है।

**कृष्णा सोबती का उपन्यास 'समय - सरगम'** आज के बदलते परिदृश्य में बदलते मूल्यों के साथ अपने ही परिवार में उपेक्षा को दर्शाता है। आधुनिक समय में संयुक्त परिवार में रहने के बावजूद भी वृद्ध अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं, उनके रिश्तों में बिखराव देखा गया है। इस उपन्यास में वृद्धों के साथ जो रवैया अपनाया गया है वह चिंता का विषय है। दमयंती, प्रभुदयाल, कामिनी तीनों अपने ही परिवार में घुट - घुटकर रहने को मजबूर है। दमयंती अरण्या को कहती है - "मैं तुम्हारी तरह अकेली होती तो क्यों परेशान होती। बच्चे साथ रह रहे हैं। मेरे घर में मेरा किचन चल रहा है, खर्चा मैं कर रही हूँ और मैं अपने कमरे में अकेली खड़ी रहती हूँ। बिना मेरी इजाजत मेरा सामान इधर से उधर करते रहते हैं.......मैं अपने बच्चों से वैर विरोध क्यों करूँगी ! उनका भी कोई फर्ज बनता है, मैंने कुछ खाया पिया है कि नहीं बीमार हूँ, दवा लानी है, टेस्ट करवाना है, डॉक्टर के पास जाना है वह सब मैं अपने आप ही करूँ......... मैं ड्राइंग रूम में नहीं बैठ सकती, मेरे मेहमान नहीं बैठ सकते जबकि वहाँ का सब फर्नीचर साज- समान मेरा अपना बनाया हुआ है और मैं किसी बेजान काठ की तरह देखी जाती हूँ।"1 इस उपन्यास में वर्णित लगभग सभी वृद्धों का यही हाल है कि जवानी में व्यक्ति अपने घर को सजाते हैं लेकिन वृद्धा होने पर उनका उसी घर पर बस नहीं चलता, किंतु लेखिका द्वारा अद्‌भुत प्रयास किया गया है। वह ईशान तथा अरण्या के माध्यम से वृद्धावस्था में भी जीवन को एक नया मोड़ देते है। ये दोनों पड़ोसी होते हैं परंतु पड़ोसी होकर भी दोनों एक दूसरे के लिए पूर्ण होते हैं। "जीवन में स्वतंत्र कर्म अपनाकर वह वृद्धावस्था में सुखी जीवन का आनंद ले रहे हैं। अकेलेपन की समस्या से पड़े अरण्या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए आगे बढ़ती है। समकालीन वृद्धों को अपनी विचारधारा से अलग सकारात्मक व्यवहार का प्रदर्शन करके अन्य वृद्धों के जीवन में उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।"2 वर्तमान प्रगतिशील समाज में उपस्थित शोषित वृद्ध महिलाओं को अरण्या जैसे पत्रों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है और सामाजिक परिवर्तन का अहम हिस्सा बनना जरूरी है। परंपरागत विचारधारा से हटकर नवीन विचारों को स्वीकार करना आवश्यक है।

**अंतिम अरण्य निर्मल वर्मा** का वृद्धावस्था केंद्रित उपन्यास है। इस उपन्यास में मिसेज मेहरा अपने पति मेहरा साहब के जीवन के हर पल और बुढ़ापे के मनोभावों का लेखा-जोखा लिखने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करती है। वह व्यक्ति मेहरा साहब की मनोदशा को अपने विचारों द्वारा अभिव्यक्त करता है। इस उपन्यास में मेहरा साहब की स्मृति प्रधान यादों, बुढ़ापे के एकाकीपन, उदासी, बेबसी आदि को व्यक्त करता है। मेहरा साहब अपनी पत्नी के देहांत के बाद अस्वस्थ रहने लगते हैं वह बोलते हैं -" देह अपने में तकलीफ है...... उठता हूँ, तो वह भी उठने लगती है, चलता हूँ, तो मेरे साथ-साथ चलती है; कभी-कभी सोचता हूँ कि उससे आँख बचाकर कहीं छुप जाऊँ, फिर देखूँ, कैसे मेरा सुराग पाती है....... कोई अपनी देह की आँखों में धूल झोंककर उससे बच सकता है ? कैसे पीछा छुड़ा सकता है उससे, जो जन्म से आपके साथ जुड़ी हैं।"3 यहाँ मेहरा साहब जीवन की गहराइयों को समझने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। वह अपने जीवन की परेशानियों से भागना चाहते हैं, परंतु भाग नहीं पाते, उसका सामना करते हैं। मेहरा साहब जीवन में मानसिक अशांति से ग्रस्त है वह गहन विचारों से प्रभावित हैं।

अंतिम अरण्य उपन्यास मनुष्य के जीवन के अंतिम अवस्था पर आधारित है। मेहरा साहब जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करते

देखे जाते हैं। मेहरा साहब मृत्यु की राह देखता है, अपने जीवन के रहस्य को उजागर नहीं होने देते, इस बोझ को अपने साथ लेकर जाना चाहते है। बुढ़ापे में व्यक्ति अपने मन के भावों को खुलकर किसी के सामने प्रकट नहीं कर पाते और अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं। मेहरा साहब भी अपने जीवन की कशमकश से छुटकारा पाने के लिए तड़पते रहते है। मृत्युशय्या पर वह अपनी अंतिम इच्छा पूरी न होने के कारण व्यथित रहते हैं। मेहरा साहब का जीवन कई उतार - चढ़ाव से होकर गुजरता है, परंतु वृद्धावस्था में मृत्यु के द्वार पर वह सत्य बोध को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। अपनी बेटी के साथ समय बिताना, उससे मिलना उनके जीवन की अंतिम इच्छा बनकर रह जाती है। परंतु इसमें भी सफल नहीं हो पाते। इससे पहले वह लकवा ग्रस्त होकर प्राण त्याग देते हैं।

**गिलिगडु उपन्यास चित्रा मुद्गल** की वृद्धावस्था पर आधारित उपन्यास है। इस उपन्यास में चित्रा जी ने वृद्धावस्था के दौरान वृद्धों को होने वाली परेशानियों का सजीव चित्रण किया है। जसवंत सिंह और कर्नल स्वामी दोनों वृद्धावस्था की ओर संकेत करते हैं। इस उपन्यास की कथावस्तु जसवंत सिंह की बीमारी से प्रारंभ होकर कर्नल स्वामी की त्रासदी पर समाप्त होती है। यह आत्मकथा शैली में कहा गया उपन्यास है। जसवंत सिंह स्वयं को यथार्थ से जोड़ने का सफल प्रयास करते है। गिलिगडु का साधारण अर्थ है -चिड़िया। इसमें निहित चिड़ियों अर्थात् अबोध बालिकाओं को बुजुर्गों का सहारा मिलता है।

गिलिगडु उपन्यास बाबू जसवंत सिंह और रिटायर्ड कर्नल स्वामी इन दोनों मित्रों की जीवन के इर्द-गिर घूमती रहती है। बाबू जसवंत सिंह अपने बेटे नरेंद्र के इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए अपनी भविष्य निधि की रकम तोड़ देते हैं, लेकिन अपनी पत्नी के स्वर्गवास के बाद बदहवास से हो जाते हैं। उन्हें अपने पुत्र नरेंद्र के साथ दिल्ली में रहना पड़ता है। उन्हें दिल्ली आकर एक बालकनी की स्लाइडिंग लगाकर कमरे में तब्दील की हुई स्थान पर रहने को मजबूर होना पड़ता है। उनकी प्रतिदिन की ड्यूटी होती है कि वह सुबह टॉमी को बाहर मैदान में ले जाकर फारिग कराएँ। जसवंत सिंह वहीं मैदान में ही अपने मित्र के साथ अपना दुख बाँटते हैं। परिवार के सदस्यों के पास उनके लिए समय नहीं होता है। तभी वह एक जगह कहते हुए दिखाई देते हैं कि "इस घर में एक नहीं दो कुत्ते हैं - एक टॉमि, दूसरा अवकाश प्राप्त सिविल इंजीनियर जसवंत सिंह। टॉमी की स्थिति निस्संदेह उनकी बनिसबत मजबूत है। उसकी इच्छा - अनिच्छा की परवाह में बिछा रहता है पूरा घर। उसके लिए किसी को बिछे रहना जरूरी नहीं लगता।"4 बाबू जसवंत सिंह के बेटे, बहु, साथ ही बहुत भरोसे की बेटी भी उनके दौलत को हासिल करने के फिराक हैं। लेकिन जसवंत बाबू करनाल स्वामी की स्थिति को जानकर अपनी सारी संपत्ति अपनी नौकरानी सुनगुनिया के नाम कर देते हैं , यहाँ तक की अपने अंतिम क्रियाकर्म भी सुनगुनिय के बेटे को ही सौंप देते है। उनका वक्षस्थल छलनी - छलनी हो जाता है। उन्हें ऐसा आभासित होता है कि "शायद नीम का वक्षस्थल उन्हीं का वक्षस्थल हो।"5

**दौड़ उपन्यास ममता कालिया** द्वारा रचित है। यह उपन्यास वर्तमान समाज में बाजारवादी, उपभोक्तावादी विचारधारा की होड़ में युवावर्ग द्वारा रिश्तों को दाँव पर लगाने की मार्मिक प्रस्तुति है। इस संवेदनाशून्य समाज में युवावर्ग रिश्तों और परिवार को अपनी तरक्की की राह में काँटा समझकर उनसे दूर हो रहे है। इस उपन्यास में कर्तव्यविमुख और पाश्चात्य संस्कृति से प्रभावित संतानों का चित्रण किया गया है। इसमें वृद्ध पात्र रेखा और राकेश अपने बच्चों से दूर अकेलेपन की उदासी में बैठा उसका धीरज टूटता दिखाई देता है।

दौड़ उपन्यास में रेखा और राकेश के दो बेटे हैं - पवन और सघन। ये दोनों ने बहुत संघर्ष करके बेटों को उच्च शिक्षा दिलवाई, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। पवन ने एम० बी० ए० करके बहु राष्ट्रीय कंपनीयों की दुनिया में कदम रखा, जहाँ पर रेखा और राकेश के लिए कोई स्थान नहीं था। बेटा सघन भी ताइवान में जाकर बस गया था। बुढ़ापे में वृद्ध दंपत्ति फोन, कंप्यूटर और ईमेल के बीच फंसकर रह गए हैं। बच्चों के फोन का इंतजार करते रहते है। इसपर रेखा कहती भी है "यह सीनियर सिटीजन कॉलोनी बनती जा रही है। सबके बच्चे पढ़ - लिखकर बाहर चले जा रहे हैं। हर घर में, समझो एक बूढ़ा, एक बुढ़ी, एक कुत्ता और एक कार बस यही रह गया है।"6 यहाँ पर वृद्ध दंपत्ति के जीवन की विवशता और वास्तविकता का चित्रण है जो वर्तमान महानगरीय जीवन की यथार्थवाद को प्रस्तुत करती है। दोनों बेटे अपने पिता की मृत्यु पर भी शोक करने के बजाय एक औपचारिकता निभाते हैं। युवाओं के लिए समाज, परिवार, रिश्ते - नाते, मानवीयता, संवेदना का महत्व न के बराबर होता जा रहा है। वें उत्तर - आधुनिक भूमंडलीकरण के दौर में बहुत आगे निकल चुके हैं। परंपरागत सामाजिक विचारधारा को वह स्वीकार नहीं करना चाहते।

**रेहन पर रग्घू उपन्यास के रचयिता काशीनाथ सिंह** हैं। यह उपन्यास सामाजिक परिवर्तन पर आधारित रचना है। इसमें ग्रामीण, शहरी और विदेशी संस्कृति का चित्रण किया गया है। वर्तमान समय में व्यक्ति कितना महत्वाकांक्षी, आक्रामक, विस्तारवादी और हिंसक बनता जा रहा है, इसका प्रभावी रूप से सजीव चित्रण इस उपन्यास में देखने को मिलता है। इसमें वृद्धावस्था की ओर संकेत करते पात्र हैं - रघुनाथ और शीला। इसमें इकहत्तर वर्ष के मास्टर रघुनाथ के जीवन की कशमकश का यथार्थवादी प्रस्तुतिकारण है। रघुनाथ और शीला के तीन बच्चे है , लेकिन तीन बच्चों के होने के बावजूद भी उन्हें लगता है कि वह निःसंतान है। तभी तो एक जगह वह अपनी पत्नी शीला से कहते हैं -"शीला हमारे तीन बच्चे हैं लेकिन पता नहीं क्यों कभी-कभी मेरे भीतर ऐसी हूक उठती है जैसे लगता है मेरी औरत बाँझ है और मैं निःसंतान पिता हूँ ! माँ और पिता होने का सुख नहीं जाना हमने ! हमने न बेटे की शादी देखी ना बेटी की ! ना बहू देखी, न होने वाला दामाद देखा। हम ऐसे अभागे माँ-बाप हैं जिसे उनका बेटा अपने विवाह की सूचना देता है और बेटी धौंस देती है कि इजाज़त नहीं दोगे तो न्यौता नहीं दूंगी।"7 रघुनाथ के बड़े बेटे अमेरिका जाकर अपनी पत्नी को तलाक देकर किसी और के साथ रहने लगता है, उनकी पत्नी सोनल अपने देश वापस आ जाती हैं। छोटा बेटा किसी ऐसे औरत के साथ रह रहा है जिसके एक बच्चे पहले से ही है। बेटी चमार जाति के लड़के से विवाह करने का मन बना चुकी है। गाँव में भाई - भतीजे जमीन के टुकड़े के लिए उसके

दुश्मन बन बैठे है। तीन बच्चों के होने के बाद भी उन्हें अपने तलाकशुदा बहू का सहारा लेना पड़ता है, और यह दोनों दंपत्ति अपने तलाकशुदा बहू के साथ बनारस में रहने आ जाते हैं। जब माँ - बाप का दुख उनके संतान की ना समझे तो समाज कौन होता है समझने वाला। समाज तो इन बातों में केवल मज़े तलाशता है। उन्हें तो संवेदनाओं से कोई मतलब ही नहीं होता। अपनी संतान के लिए माँ-बाप की अनेकों उम्मीदें जुड़ी होती है कि उनके बच्चे बुढ़ापे का सहारा बने, उन्हें परेशानियों में ना छोड़े ,उनका काम - से - कम बुढ़ापे में तो ख्याल रखें। लेकिन आज की युवापीढ़ी इन सबसे पड़े अपने में ही व्यस्त रहते हैं। उनके जीवन में अपने वृद्ध माता-पिता के लिए कोई स्थान नहीं होता है। यह बच्चे उनके विचारों को ना सुनना पसंद करते हैं और ना ही समझना। माता-पिता जब अपने ही बच्चे से उपेक्षित होते हैं तो वे टूट जाते हैं -"आखिर किस उम्मीद से रघुनाथ - शीला ने मिलकर रची थी यह दुनिया ? वे इतने निःस्पृह और निःस्वार्थ तो नहीं थी और उनकी उम्मीद भी उनसे अलग नहीं थी जो गाँव घर के थे कि जब वे अशक्त हो जाएँगे तो ये बच्चे उनकी आँखें बनेंगे, उनके हाथ - पाँव बनेंगे ? कि वे बीमार होंगे तो यही बच्चे उनकी सेवा करेंगे, दवा दारू करेंगे, अस्पताल में भर्ती कराएँगे ? कि मरने लगेंगे तो मुँह में गंगाजल तुलसी दल डालेंगे, अर्थी सजाएँगे, शमशान ले जाएँगे, क्रिया कर्म करेंगे ?...... लेकिन देखो तो इससे बड़ी मूर्खता क्या हो सकती है ? और मरने पर सड़ो - गलो, कौवे - चील खाएँ या कुत्ता - क्या फर्क पड़ता है ?"8 रघुनाथ और शीला ने कितना संघर्ष करके बच्चे को बड़ा किया और आज जब इन्हें इसका फल मिलना चाहिए तब उसके पास मन में दुखों का बोझ है समाज के उलाहने और बच्चों की झीड़क है। यही सब से रघुनाथ की मानसिक स्थित को आघात पहुंचता है, वो अपना सुध-बुध खो बैठते है। तभी तो अंत में वह अपने ही हाथों अपहरण हो जाते हैं, शायद इस उम्मीद से कि उनकी संतान खोजबीन करते हुए उनके पास आए और उसका एकाकीपन दूर कर दे। उनकी जिंदगी को सुंदर बनाने की जमीन तैयार कर दे।

**निष्कर्ष:-**

भारतीय हिंदी कथाकारों ने समाज में उपस्थित समस्याओं को साहित्य में स्थान देकर समाज की वास्तविकता से रूबरू कराया है। भारतीय समाज में पारंपरिक रूप से संयुक्त परिवार प्रणाली का संचालन होता आया है, लेकिन सामाजिक मूल्य परिवर्तन के कारण भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव देखने को मिल रहा है। पाश्चात्य संस्कृति से आकर्षित होकर युवावर्ग उसे अपनाना चाहते हैं जिसके कारण परंपरागत विचारधारा और उत्तर आधुनिक विचारधारा में मतभेद और घर्षण पैदा हो गया है। इस कारण समाज में अनेक समस्या अपनी जड़े जमा रही है। 'समय सरगम' उपन्यास में बुद्धिजीवी वर्ग की स्वतंत्रता का चित्रण करते है। 'अंतिम अरण्य' उपन्यास में वृद्ध व्यक्ति के मनोभावों का चित्रण मार्मिकता के साथ हुआ है यहाँ पर मृत्युबोध और तर्पण विधि का चित्रण किया गया है। 'गिलिगडू' उपन्यास में वृद्ध जसवंत सिंह शहरीकरण की प्रगतिशील विचारधारा और सामाजिक पृष्ठभूमि को स्वीकार नहीं कर पाते और समस्याग्रस्त पात्र बनकर रह जाते हैं। 'दौड़' उपन्यास में भूमंडलीकरण के दौर में वृद्ध माता - पिता की अनदेखी को प्रस्तुत किया है। अकेले, निस्हाय वृद्धों के लिए समाज में वृद्धाश्रमों का निर्माण करा दिया गया है। 'रेहन पर रग्घू' उपन्यास में भारतीय और पाश्चात्य संस्कृति में मूल्य परिवर्तन को दिखाया गया है।

वृद्ध जीवन पर आधारित इस पुस्तक का उद्देश्य समाज में वृद्धों के प्रति नजरिया परिवर्तन और उन पर हो रहे अत्याचारों को उजागर करना है। वृद्धों की स्थिति में सुधार लाने के लिए जमीनींस्तर पर कार्य करने की जरूरत है। युवावर्ग को वृद्धों की जिम्मेदारी उठाने के लिए सहर्ष तत्पर रहना जरूरी है। सामाजिक परिवर्तन की लहर में वृद्ध, समाज के लिए उपयोगी एवं मार्गदर्शक है, ऐसा एहसास दिलाने की जरूरत है। सेवानिवृत्त, अस्वस्थ वृद्ध को अकेला न छोड़कर उनका मजबूत सहारा बने। समाज में वृद्धों का परिचय देते समय उन्हें शर्मिंदगी नहीं अपना गर्व मानें। वृद्ध हमारे समाज की अमूल्य धरोहर है उनका भावनात्मक सहारा बनना आवश्यक है। वृद्ध जीवन पर आधारित यह पुस्तक अपनी साहित्यिक उपयोगिता का परिचय देता है।

**संदर्भ :-**


1. समय - सरगम, कृष्णा सोबती, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० - 74
2. हिन्दी कथा साहित्य में वृद्धावस्था का यथार्थ, डॉ अंकिता शर्मा, पृ० - 124
3. अंतिम अरण्य, निर्मल वर्मा, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ० -30
4. गिलिगुड, चित्रा मुद्गल, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० -96
5. वही पृ० -141
6. दौड़, ममता कालिया, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० -43
7. रेहन पर रग्घु, काशीनाथ सिंह, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ० - 83
8. वही पृ० -149


************

# मार्कण्डेय की कहानी और ग्रामीण जीवन

**डॉ.कृष्ण बिहारी रॉय**
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी
शासकीय कन्या महाविदयाल, सीधी (म.प्र.)

## सारांश

भारत की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, यही कारण है कि वास्तविक जीवन शैली तथा संस्कृति हमें गाँव में ही देखने को मिलती है। ग्रामीण और शहरी जीवन दोनों में काफी अंतर होता है। मार्कण्डेय साहित्य और समाज का निकटतम संबंध स्वीकार करने वाले प्रतिबद्ध रचनाकार हैं। इस अर्थ में वे जीवनवादी साहित्यकार हैं। मार्कण्डेय जी साहित्य को समाज का प्रेरक मानते हैं। साहित्यकार जितना ग्रामीण जीवन परिवेश रीति–रिवाज, संस्कृति, बोली, रहन–सहन, वेश–भूषा, आदि का आचार–व्यवहार करते हैं उतनी नगरी संस्कृति का नहीं। इसी प्रकार अनेक कहानीकारों ने ग्रामीण जीवन की झांकी को अपनी कहानियों में अभिव्यक्ति दी है। इस प्रकार की कहानियां मन को स्पर्श किये बिना नहीं रहती हैं। प्रस्तुत लेख में ग्रामीण जीवन में विचार किया गया है।

## मुख्य शब्द

मार्कण्डेय, कहानी, साहित्य, ग्रामीण, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, कृषि, जीवन आदि।

## प्रस्तावना

मार्कण्डेय जी ग्रामीण जीवन के रूप में एक सफल चित्रकार के रूप में कहानी लेखक के रूप में अवतरित हुए हैं। उनके लगभग सभी कहानियों का केन्द्र स्वातंत्र्योत्तर भारत का ग्रामीण जन–जीवन है। उनकी अनेक कहानियों को पढ़ने के बाद प्रतीत होता है कि उन्होंने भारतीय गाँवों की नई जिन्दगी और उन झुझती शक्तियों का सही और यथार्थ चित्रण किया है। यों ग्रामीण भावबोध के रचनाकार होने के कारण ग्राम जीवन तथा कहानी के संबंध में उनका अपना एक दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से मार्कंडेय की भीतरी कथाकार को समझा जा सकता है। उनके अनुसार "हमारे देश की सांस्कृतिक और भौगोलिक बनावट ऐसी है जिसके कारण हर सौ–दो सौ मील के बाद जनता के रहन–सहन, बोल–चाल, भाषाओं में परिवर्तन लक्षित होने लगता है। राजनीतिक और सामाजिक कारणों से आर्थिक स्तर भी भिन्न–भिन्न हैं। खासकर किसानों में या गाँवों में बसने वाली जनता में यह अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। भूमि संबंधों में भयानक असमानता है। विभिन्न शासकों की नीतियों का प्रभाव इस पर स्पष्ट दिखाई पड़ता है। कहीं बटाईदार है तो कहीं तालुकदारी है तो कहीं जमींदारी। अंचलों का निर्माण इन्हीं सब कारणों से हुआ है।"[1]

मार्कण्डेय जी के अनुसार "स्वराज के पहले गाँव का किसान शोषित था, स्वतंत्रता के बाद स्थिति में बहुत ज्यादा परिवत. न नहीं हुआ। क्योंकि अब उसके शोषण के नये रूप उभर आए हैं। पंचायतें आज भी बड़े लोगों के हाथों में हैं। पहले जमींदार का कारिंदा बेदखलीनामा लेकर आता था, अब सरकारी कारिंदा वारंट लेकर आता है। इसी तरह सरकारी विकास योजनाएँ भी शोषण का माध्यम बन गयी हैं। नहर बनती हैं तो वह छोटे लोगों के खेतों से होकर गुजरेगी। उनकी भूदान आदर्श कुक्कट गृह, उत्तराधिकार, दाना–भूसा आदि कहानियों तथा अग्निबीज उपन्यास में देखा जा सकता है।"[2]

अग्निबीज के हरगोन सिंह कहते हैं– "किसी पार्टी की नीति क्या वह देश की भूखी–नंगी जनता की समस्याएँ कैसे हल करना चाहती हैं, शोषण और अन्याय खत्म करने के बारे में क्या कार्यक्रम है, यह देखना चाहिए।"[3] मार्कंडेय जी की दृष्टि में किसी राजनीतिक दल का महत्व आम जनता की दैनंदिन जरूरतों को लेकर उसकी नीति तथा प्रत्यक्ष कार्य प्रणाली पर अवलंबित है। परन्तु आजकल राजनीतिक दल जनता की उन जरूरतों के लिए उतने संघर्षशील नहीं है जितने कुर्सी के लिए हैं। मार्कण्डेय जी सत्ता हथियाने के लिए जाति और धर्म की राजनीति करने वाली पार्टियों तथा नेताओं की खबर लेने से नहीं हिचकते। "नौ सौ रूपय और एक ऊँच दाना कहानी के बुचऊ के जबान से वर्तमान राजनीति की परिभाषा देते हुए हैं–विचार नाहीं रहा अब अउर बिना विचार के नेति कहाँ अब तो कुरसी की नेति है। धरम के नाव पर, जाति के नाव पर वोट उगहात है। ठाकुर के ठाकुर, ब्राम्हण के ब्राम्हण कहाँ गयी गरीबी? कहाँ गया छुआछूत? अब विचार नहीं रहा बस वोट रह गया है।"4 देश की राजनीति पर की गई यह व्याख्या

वर्तमान पतनोन्मुख राजनीति पर करारा व्यंग्य है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थियों में वे गांधीवादी आदर्शों को अनुपयुक्त मानते हैं। क्योंकि महात्मा गांधी के आदर्शों की दुहाई देने वाली कांग्रेस आज उनके सिद्धांतों से दूर हैं। गाँधी के आदर्शों को वे गाँधी जी के साथ ही समाप्त होने की बात करते हैं। उनके अनुसार आज के कांग्रेसी गाँधी जी के आदर्शों पर नहीं, खद्दर और टोपी से प्रेम करते हैं। यह खद्दर और टोपी उनके लिए ढाल का काम करती है। उनकी प्रसिद्ध कहानी प्रलय और मनुष्य में कहते हैं– डरो नहीं यह खादी की टोपी है। इसकी दीवारों के बीच हम सुरक्षित हैं। यह इस लोक की सबसे बड़ी ढाल है। इसके पीछे कुछ भी छिप सकता है।

**मार्कण्डेय**

मार्कण्डेय जी का जन्म 2 मई 1930 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के केराकत तहसील के बराईपट्टी नामक गाँव में हुआ था। आप प्रतापगढ़ से इंटरमीडियट तथा इलाहाबाद से बीए एवं एम. ए. की डिग्री हासिल की। आप आकाशवाणी सें जुड़े रहे साथ ही हैदराबाद से प्रकाशित कल्पना पत्रिका में चक्रधर उपनाम स्तम्भ लेखन करते थे, इस कार्य को आपने लगातार 15 वर्षों तक स्तम्भ लेखन कार्य के रूप में करते रहे। 18 मार्च 2010 को दिल्ली में आपका निधन हो गया। आप ग्रामीण कहानीकार के रूप मे ंहमेशा याद किए जायेंगे।

मार्कण्डेय समाजवादी समाज–रचना के पक्षधर थे। उनके विचार से भारत में स्थिर अन्य राजनीतिक दलों की अपेक्षा कम्युनिस्ट पार्टी ही पूंजीवादी व्यवस्था को समाप्त कर जनता का शासन स्थापित कर सकती है। वर्तमान युग में एक तरफ राजनीति पर जाति, धर्म, संम्प्रदाय हावी है और दूसरी ओर फासीवादी ताकतों तथा बाजारवाद के बढ़ते दबावों को देखते हुए मार्कण्डेय समस्त लोकतंत्र को संकटग्रस्त महसूस करते हैं। अपनी इस चिंता को व्यक्त करते हुए वे लिखते हैं–हमारे सामाजिक संदर्भ ही नहीं बल्कि शासन और सत्ता भी एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जो फासिस्ट शक्तियों के दबाव से मुक्त नहीं है। बाजारवाद ने हमें आदमी की जगह ग्राहक बना दिया है, जहाँ हमारा लोकतंत्र जैसे झूठा होता जा रहा है। भूख और बेरोजगारी से सारा देश त्रस्त है। किसान जो इस देश का प्रथम नागरिक है, आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहा है। निश्चय ही हमारे समय का यथार्थ बदल गया है। उनके अनुसार वर्गों में बटे समाज में लोकतंत्र एक दिखावा बनकर रह जाता है। मार्क्सवादी विचारों के समर्थक मार्कण्डेय अपने उक्त विचारों के माध्यम से शोषितों का एक व्यापक संगठन निर्माण करना चाहते हैं, जो वर्तमान पूँजीवादी–तंत्र को समाप्त कर एक नई व्यवस्था को लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके।

निर्भीकता और जुझारूपन, मार्कण्डेय के व्यक्तित्व में कुछ परस्पर विरोधी विशेषताएं घुली–मिली हैं। एक ओर जहाँ आरंभ से ही उनका व्यक्तित्व कोमल रहा है, वहीं दूसरी ओर जन सामान्य पर होने वाले अन्याय, दमन को देखकर

उनके भीतर का इन्सान क्रुद्ध भी हो उठा है। किसानों और मजदूरों की दुर्दशा को देखकर उन्होंने बचपन से ही ठान लिया था कि वे पढ़–लिखकर नौकरी नहीं करेंगे, बल्कि शोषितों के हक के लिए लड़ेंगे। यही कारण है कि तत्कालीन लोकप्रिय समाजवादी नेता आचार्य नरेंद्र देव की कांग्रेस समाजवादी पार्टी से जुड़कर राजनीति में सक्रिय रहे। प्रतापगढ़ के सुदूर गाँवों में जाकर तथा मंच पर भाषण देकर लोगों में जमींदार, सामंत तथा तालुकेदारों के खिलाफ क्रांति के चेतना जगाते रहे। उनके ध ारा–प्रवाह भाषण सुनकर गाँव के लोग मंत्र–मुग्ध हो जाते थे। यों अपनी युवावस्था में ही मार्कण्डेय ने निर्भीकता, जुझारूपन तथा प्र खर नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। यह दूसरी बात है कि आगे चलकर पार्टी में वैचारिक मतभेद के कारण पार्टी से दूर हो गए। परंतु उन्होंने मार्क्सवादी विचारधारा के आलोक में ही साहित्य के माध्यम से अपना कार्य आगे भी बरकरार रखा।

ईमानदारी और सत्यवादिता, मार्कण्डेय सर्वहारा वर्ग के किसान, मजदूरों की विकास के प्रति समर्पित रचनाकार हैं। वे आरंभ से ही सत्य के प्रखर पक्षधर रहे हैं। उनके मत से प्रबुद्ध लोग सच्चाईयों से आँख नहीं चुराते। उनका व्यक्तिगत जीवन विचारों के आड़े नहीं आता। लाभ–हानि की चिंता रखकर कदम उठाने वाले लोगों की कभी कोई पहचान नहीं बनती। वे सदा भयग्रस्त बने रहते हैं। अपने लौकिक जीवन में उन्होंने सत्य और प्रामाणिकता को सर्वोपरि माना है। यही कारण है कि स्वतंत्रता के पूर्ववर्ती काल में विद्यार्थी दशा में जब प्रतापगढ़ के प्रतापबहादूर कॉलेज में एक दिन तिरंगे झंडे के साथ पकड़े गए और प्रिंसीपल के पूछे जाने पर कि – तिरंगा कहाँ से मिला तब सत्यनिष्ठ छात्र मार्कंडेय ने बताया था कि तिरंगा झंडा उनके बाबा का दिया हुआ है। अंग्रेजों के सम्मुख बिना डरे सही–सही उत्तर देना उनकी सत्यवादिता और निर्भीकता का परिचायक है। आप विद्रोही और संघर्षशीलता के कथाकार हैं साथ ही प्रतिबद्धता के साथ समर्पणशील साहित्य साधक है।

सम्मान एवं पुरस्कार, मार्कण्डेय ने किसान परिवार में

जन्म लेकर किसानों, मजदूरों, शोषितों के बीच रहकर उनके यथार्थ को जिया है और उसी को अपनी कहानियों और उपन्यासों में अभिव्यक्ति प्रदान की है। प्रेमचंद के बाद मार्कण्डेय अकेले एक ऐसे लेखक हैं, जिनकी पूरी रचनाशीलता गाँव तथा वहाँ के गरीब किसानों और भूमिहीन खेतीहर मजदूरों के यथार्थ चित्रण के लिए समर्पित है। उनकी समस्त कहानियों का उद्‌देश्य शोषण और अन्याय के विरूद्ध निरंतर संघर्ष करना है।

मार्कण्डेय बहुआयामी प्रतिभा के एक धनी रचनाकार हैं। स्वातंत्रयोत्तर हिन्दी कहानी साहित्य को मार्कंडेय ने ग्रामीण जीवन के धरातल पर एक मजबूत आधार प्रदान किया है। वे प्रगतिशील चेतना के रचनाकार हैं। स्वातंत्रयोत्तर गतिरोध के काल में नई कहानी और कहानीकार साहित्य के केन्द्र बन गए। इसका एक कारण मार्कण्डेय और उनकी कहानियां भी हैं। यथार्थ चित्रण मार्कण्डेय की कहानियों का प्रमाण है। यथार्थ की अभिव्यक्ति के लिए उन्होंने भारत का ग्रामीण परिवेश चुना क्योंकि यहाँ का यथार्थ शहरों के यथार्थ से भिन्न और भयावह था। भारतीय ग्रामीण जनों की स्व. तंत्रता के प्रति जुड़ी हुई आशा–आकांक्षाएँ भ्रम साबित हुई थी। शहर में रहने वालों का इस तरफ ध्यान नहीं था। शहर के मध्यवर्ग को विषय बनाकर जो काम मोहन राकेश, कमलेश्वर, निर्मल वर्मा, उषा प्रियंवदा, अमरकांत आदि कहानीकार कर रहे थे, ग्रामीण परिवेश को लेकर वही काम मार्कण्डेय जी, शिवप्रसाद सिंह, भैरवप्रसाद गुप्त, मध ुकर सिंह करते रहे। इस तरह स्वातंत्रयोत्तर युग में एक बार फिर हिन्दी कहानी को ग्रामीण जीवन के धरातल पर ले जाकर प्रेमचन्द की परंपरा के साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य मार्कण्डेय और उनके साथियों ने किया। डॉ. बलभद्र के शब्दों में– बीसवी सदी का साध ाारण भारतीय जीवन जो बुनियादी रूप से किसानों, मजदूरों या इनके घरों से आए लोगों का जीवन है, प्रेमचन्द के कहानी साहित्य के बाद मार्कण्डेय की कहानियों में बहुत सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति है।

## मार्कण्डेय की कहानियां

"जिन रचनाकारों ने सामाजिक यथार्थ को जागरूक दृष्टि से व्यंजित करने वाली प्रेमचन्द, निराला, राहुल सांस्कृत्यायन, यशपाल, रांगेय राघव आदि कहानीकारों की परंपरा को सही मायनों में और आगे बढ़ाया उनमें भीष्म साहनी, रेणु, हरिशंकर परसाई, अमरकांत, भैरवप्रसाद गुप्त, नागार्जुन, शेखर जोशी के साथ मार्कण्डेय का भी नाम शामिल है। सामाजिक दृष्टि से समाजवादी दृष्टि तक की यथार्थवादी मंजिल इन कहानीकारों ने तय की थी। रूपवादी कहानीकारों की तुलना में ये वस्तुवादी नहीं थे लेकिन द्वंदात्मक संबंधों को पहचानते थे और रचनात्मक स्तर पर चरितार्थ करते थे। रूपवादी सीमाओं और वस्तुवादी संसरों का अतिक्रमण कर इन कहानीकारों ने हिंदी कहानी साहित्य को एक से एक अच्छी रचनाएँ दी।"5

इन सभी लेखकों से अलग धरातल पर भी मार्कण्डेय ने अपना स्थान निश्चित किया है। आनंद प्रकाश के अनुसार– "कला में उनका जो विश्वास है वह हिंदी में आसानी से नहीं मिलेगा। उनकी कहानियाँ सहज दिखते हुए भी निबंध का कसाव लिए होती हैं। आदि से अंत तक स्पष्ट निश्चित मूर्त और वास्तविक दिखाई देती हैं। मार्कण्डेय जीवन के विभिन्न पक्षों तथा अनेक समस्याओं को अभिव्यक्ति देने का कार्य अपने लेखन साहित्य में करते हैं।"6

मार्कण्डेय ग्रामीण जीवन के सशक्त कहानीकार रहे हैं। इनकी ग्रामीण जीवन पर आधारित कुछ कहानियाँ अंचलों की विशिष्टता को निरूपित करने के कारण आंचलिक हैं। जैसे जौनपुर बनारस की सरहद पर गोमती के दक्षिण में परानपुर के मजदूरों का संघर्ष, महुआ और उसकी विशिष्टता आदि कहानियों की कथ. ावस्तु तथा अग्निबीज उपन्यास में चित्रित सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं के साथ–साथ रामपुर सेनपुर के लोकजीवन उनके संस्कार आदि से ग्रामीण अंचल परिवेश में परिवर्तन हो जाता है। वस्तुतः प्रेमचन्द की परंपरा को ही आगे बढ़ाया है जिसमें गाँव का यथार्थ तेजी से उभरा है। जिस तरह होरी को निराश, हारा हुआ पाते हैं, उसी प्रकार बेचन भी अपनी समस्याओं के सामने घ ुटने टेकता है। पुराने संस्कारों की जड़ता तथा अंध ा–विश्वास, रूढ़ियों की जकड़न इनकी कहानियों में चित्रित हुई हैं।

मार्कण्डेय के पानफूल संग्रह से लेकर बीच के लोग में तथा सेमल का फूल, अग्निबीज उपन्यास में विविध विषयों का तांता लगा हुआ है। ग्रामीण किसान उच्च वर्ग के सामंती संस्कार उनकी बहुबेटियाँ वहाँ की प्रकृति, उनका संघर्ष, पंचवर्षीय योजनायें, स्व. ातंत्रयोत्तर भारत की आशा–आकांक्षाओं की पूर्ति न होने के फलस्वरूप उत्पन्न मोहभंग की स्थिति, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अंध ाविश्वास, शहरी वातावरण, उन चरित्रों की मनः स्थितियाँ, प्रेम, काम संबंध आदि। इन सभी की तह तक जाकर मार्कण्डेय ने कहानी के जीवन्त प्रवाह से पाठक के दिलोदिमाग को झंकृत किया है।

मार्कण्डेय की कहानियों में अनेक विषय ऐसे हैं, जिनको लेखक ने अपने निजी जीवन में स्वयं भोगा है, परखा है। लेखक अपनी स्वानुभूति के आधार पर ग्रामीण जीवन का संघर्ष, किसानों की भूमि संबंधी समस्याएँ, स्वातंत्र्योत्तर भारत में बनती–बिगड़ती स्थितियाँ और शहरी जीवन के उपभोक्ता समाज आदि को स्वयं महसूस किया है। स्वतंत्रता आंदोलन के उपरांत भी न्यायदेवता के आँखो पर से पट्टी नहीं हटी परिणामस्वरूप गाँवों का आम वर्ग भ्रष्टाचार की चक्की में पिसता रहा। ग्राम पीड़ितों को सांमतों के, जमींदारों तथा ठेकेदारों के चंगुल से बचानेवाला कानून अब तक कार्यान्वित नहीं हो पाया है। भूदान, आदर्श कुक्कुट गृह, बीच के लोग आदि कहानियाँ कटु वास्तविकता के ज्वलंत उदाहरण हैं। जमींदार प्रथा के उन्मूलन, भूमिसुधार, भूमिहीनों को भूमि प्रदान करना, मशक्कत करने वालों के कायदे कानून की बात कागज पर लिखी हुई रहती है। सारी प्रगतिशील योजनाओं के बावजूद भारतीय गाँवों के जमींदारों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ वे उसी सामाजिक व्यवस्था में जीवन जी रहे हैं जिसमें वे स्वतंत्रता पूर्व काल में जी रहे थे।

मार्कण्डेय ने गाँवों में द्रष्टव्य अकाल, मूल्य–विघटन, भ्रष्टाचार, पुरातन जर्जर परंपराएँ, मिन्नत–मनौति, शकून–अपशकून, अशिक्षा आदि अंधविश्वासों को भी उद्घाटित किया है। इस तरह उनकी कहानियाँ वैविध्यपूर्ण है। जिसमें उन्होंने ग्राम–जीवन की तमाम विसंगतियों एवं बारीकियों को बड़े मनोयोग से प्रस्तुत किया है। उनकी कहानियों को पढ़कर सुखद अनुभूति इस कारण होती है कि वर्तमान वितृष्णापूर्ण(सामाजिक,आर्थिक,राजनीतिक और सांस्कृतिक) वातावरण के होते हुए भी कहानियों में कहीं भी विकल्पहीनता के दर्शन नहीं होते। इसके विपरीत हर बार वे आगे की राह का संकेत करते हैं। मार्कण्डेय की कहानियों से यह स्पष्ट होता है कि सत्ताध ाारी वर्ग, प्रशासन–तंत्र और तथाकथित सभ्य समाज द्वारा श्रमजीवी वर्ग का निरंतर शोषण और उपेक्षा उनकी नीति बन गई है। अतः आजादी के साठ वर्षों के बाद आज भी भारत का ग्रामीण श्रमजीवी वर्ग दो वक्त की रोटी जुटाने में असमर्थ है। मार्कंडेय की दृष्टि में इससे मुक्ति का उपाय आत्मक्लेश नहीं आमूल क्रांति है। मार्कण्डेय ग्रामीण भारतीय समाज तथा उससे संबद्ध यथार्थ को ही अपनी अभिव्यक्ति का विषय बनाते हैं। ऐसा करते हुए वे गाँवों के भूमिहीन किसान, मजदूर, दलित एवं निम्नवर्गीयों कि निरंतर शोषण को सम. ाप्त कर देश व्यापी समता स्थापित करने के लिए प्रयत्नशील दिखाई देते हैं। मार्कण्डेय की कहानी में ग्रामीण जीवन से संबद्ध सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्रों की लगभग सभी समस्याओं को न केवल उठाया गया है, बल्कि वर्तमान संदर्भों में उनके निराकरण के उपाय भी बतलाए गए हैं।

मार्कण्डेय स्वातंत्र्योत्तर ग्रामीण भारतीय समाज के सजग व्या ख्याता हैं। अतः उनके ग्राम केंद्रीय कहानी साहित्य में वैचारिक प्र खरता के दर्शन होते हैं। मार्कण्डेय जनवादी चेतना के साहित्यकार हैं। मार्क्सवाद का उन पर गहरा प्रभाव है। अतः वे शिल्प की अपे क्षा कथ्य को अधिक महत्व देते हैं। मार्कण्डेय की भाषा प्रतीकों से युक्त बिंबात्मक, सरल, स्वाभाविक, मुहावरेदार, लोकोक्तियों से युक्त ग्रामीण परिवेश के अनुकूल है। अतः उससे गाँव की मिट्टी की सोंधी गंध आती है। मार्कंडेय प्रेमचन्द की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले और समृद्ध करने वाले एक समर्थ रचनाकार सिद्ध होते हैं।

## निष्कर्ष

अंततः यह कहा जा सकता है कि मार्कण्डेय निर्विवाद रूप से ग्रामीण संवेदना के रचनाकार हैं। वे भारत की जमीन से जुड़े साहित्यकार हैं, उनकी संलग्नता और लगाव मूलतः ग्रामीण जीवन के प्रति है। उनके संख्यात्मक दृष्टि कम किन्तु गुणात्मक दृष्टि से श्रेष्ठ कहानी के अध्ययन से प्रतीत होता है कि वे कहीं भी जमीन से कटे नहीं हैं। ग्राम समाज और जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं को अपने संपूर्ण कहानियों के जरिए पाठक समाज के सम्मुख उद्घाटित कर दिया है। उनकी संपूर्ण कहा. नियां प्रेमचन्द्र की परम्परा की अगली कड़ी और भारतीय साहित्य की अमूल्य धरोहर से कम नहीं हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

2. मार्कण्डेय की कहानियाँ, भूदान, भूमिका भाग पृष्ठ 247

3 अग्निबीज, मार्कण्डेय, पृष्ठ 131

4 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

5 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112

6 मार्कण्डेय की कहानियाँ, महुए का पेड़, मार्कण्डेय, पृष्ठ 112


************

# वैश्वीकरण हिन्दी भाषा और साहित्य

**डॉ.निर्मला जोशी**
असिस्टेंट प्रोफेसर
स.भ.सिंह रा.स्ना.महाविद्यालय
रुद्रपुर, (उधम सिंह नगर)उत्तराखंड

वैश्वीकरण अर्थात भूमण्डलीकरण का तात्पर्य विश्व के प्रत्येक देश का अन्य देशों के साथ किसी वस्तु, सेवा, विचार, पूंजी, अथवा सिद्धांत का अप्रतिबंधित आदान-प्रदान से होता है। वैश्वीकरण का प्रभाव तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक, एवं साहित्यिक क्षेत्रों पर पड़ता है। वैश्वीकरण के इस युग में मानव की एक प्रजाति दूसरी प्रजाति के अधिक निकट आई है, जिससे विश्व शांति को भी बढ़ावा मिला है एवं उनके बीच सभ्यता संस्कृति का आदान-प्रदान हुआ है। आदान-प्रदान की इस प्रक्रिया में विश्व की भाषाएं भी अछूती नहीं रही है। भारत जैसे विकासशील देशों को वैश्वीकरण का अधिक लाभ हुआ है और पूरे विश्व में हिंदी – भाषा, साहित्य, सभ्यता - संस्कृति का आदान-प्रदान हुआ है।

वर्तमान में हिंदी केवल शिक्षा और साहित्य की भाषा की परिधि तक ही सीमित नहीं रह गई है। वैश्वीकरण के दौर में हिंदी वैश्विक परिदृश्य में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रही है। हिंदी विदेशी भाषाओं के शब्दों को स्वयं में आत्मसात करने की क्षमता रखती है अर्थात हिंदी भाषा का लचीलापन उसके विकास में सहयोगी सिद्ध हुआ है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया है। बाजार के दृष्टिकोण से बहुराष्ट्रीय कंपनियां विज्ञापनों और बाजार की भाषा को समझने के लिए हिंदी की ओर अग्रसर हो रही है, हालांकि यह एक लाभ केंद्रीय दृष्टिकोण ही है परंतु इससे भाषायी प्रसार तो हो ही रहा है इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। वैश्विक फलक में हिंदी तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा का स्थान प्राप्त कर चुकी है।

कोई भी भाषा अभिव्यक्ति और संप्रेषण मौखिक रूप के साथ-साथ लिखित साहित्य के रूप में भी करती है। हिंदी के वैश्विक रूप पर स्थापित होने के पीछे इसमें रचित उत्तम साहित्य का बड़ा योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त हिंदी साहित्य को वैश्विक साहित्य की कोटि में बहुत बड़ा योगदान प्रवासी भारतीयों का भी रहा है। पूरे विश्व के 150 से अधिक देशों में हिंदी के शिक्षण केंद्र खोले गए है जिस कारण हिंदी की व्यापकता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अकेले अमेरिका जैसे देश में साठ विश्वविद्यालयों में हिंदी का अध्यापन हो रहा है, वहां हिंदी सीखने वालों की तादाद बढ़ रही है। वहां भारत के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पहले हिंदी की जानकारी होना आवश्यक है, इसके लिए हिंदी फिल्मों व साहित्य के माध्यम से भी हिंदी सीखी जा रही है। विदेशी छात्र बड़ी संख्या में यहां की भाषा–साहित्य, कला-संस्कृति के अध्ययन हेतु आ रहे है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के इस युग में व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हर वक्त दुनिया की खबरों व घटनाओं पर नजर रखे हुए हैं। इंटरनेट, टीवी, रेडियो के माध्यम से हिंदी वैश्विक स्तर पर नये आयाम छू रही है। हिंदी समाचार पत्र व पत्रिकाएं भी जनसंचार का प्रमुख एवं लोकप्रिय माध्यम बन चुके हैं। इंटरनेट पर ब्लॉग की बहार आने से हिंदी लिखने पढ़ने वालों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। इंटरनेट के माध्यम से कविताएं, कहानियां, समाचार आदि का अध्ययन किया जा रहा है। हिंदी भाषा में ई बुक्स का प्रचलन धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। संचार माध्यमों के सहारे हिंदी भाषा की संप्रेषण क्षमता का विकास हो रहा है। फिल्म व विज्ञापन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हिंदी ने दिखा दिया है कि वह समय में बदलावों के अनुरूप अपने को ढालने में बेहद सक्षम है। देसी विदेशी भाषाओं के शब्दों को सरलता से आत्मसात करने की शक्ति के कारण हिंदी विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ने में सफल रही है। हिंदी भाषा में विदेशी शब्दों का भी खूब उपयोग हुआ है। व्यावसायिक शिक्षा में प्रगति के कारण अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग बहुतायत में होने लगा है क्योंकि अधिकतर व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम अंग्रेजी में ही उपलब्ध है। वैश्वीकरण के प्रभाव के कारण भाषायी विकृति भी आयी है, समाज के दर्पण के रूप में साहित्य भी इससे अछूता नहीं रहा है। साहित्य भी संचार का माध्यम ही होता है, जो सूचनाओं का व्यापक संप्रेषण करता है। संचार माध्यमों के सहारे हिंदी भाषा की भी संप्रेषण क्षमता बहुमुखी विकास हो रहा है राष्ट्रीय ही नहीं विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय चैनल में हिंदी सब प्रकार के आधुनिक संदर्भों को व्यक्त करते हुए अपने सामर्थ्य को विश्व पटल पर प्रमाणित कर रही है।

हिंदी के वैश्विक विस्तार का बड़ा श्रेय संचार माध्यमों को जाता है परंतु सामान्य बोलचाल की भाषा एवं साहित्य की सृजन की भाषा में अंतर होता है। साहित्य सृजन की भाषा में जहां व्याकरण के नियमों का पूरा ध्यान रखा जाता है वहीं सामान्य बोलचाल की भाषा में समाज एवं क्षेत्र का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। हिंदी व्याकरण की दृष्टि से एक समृद्ध भाषा है भारत की प्रमुख संपर्क भाषा होने के कारण यह पूरे देश को एक भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधने में सक्षम है।

वैश्वीकरण के कारण किसी भी भाषा में दूसरी भाषा का प्रयोग बहुतायात में होने लगा है, हालांकि ऐसी मिश्रित भाषा विभिन्न भाषा - भाषियों के बीच वाक़ सेतु का कार्य करती है, परंतु भाषा की गरिमा के दृष्टिकोण से यह जनता का विषय है। चूँकि भाषा अपने यहां की संस्कृति-सभ्यता की संरक्षक व वाहक होती है इसलिए भाषा की गरिमा के नष्ट होने से सभ्यता-संस्कृति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में समाचार पत्रों और टेलीविजन के कार्यक्रम में ऐसी ही मिश्रित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है,जिस कारण युवा वर्ग ने इसे अपने सक्रिय भाषा कोष में शामिल कर लिया है। इसलिए इस सब का प्रभाव आम आदमी पर पढ़ना स्वाभाविक है। यदि भाषाई गरिमा एवं व्याकरण के कुछ अन्य पहलुओं को छोड़ दिया जाए तो हिंदी बोलने वालों की संख्या में वृद्धि होने से हिंदी को लाभ ही होगा।

देसी विदेशी भाषाओं के शब्दों को सरलता से आत्मसात करने की शक्ति के कारण हिंदी विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ने में सफल रही है। पूरी दुनिया की निगाह में पर्यावरण वर्ष, महिला वर्ष आदि की तरह भाषा का प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए यूनेस्को ने वर्ष 2008 को अंतर्राष्ट्रीय भाषा

वर्ष घोषित किया था, इससे भी भाषायी अस्मिता को मजबूती मिली है। प्रत्येक देश की पहचान का प्रमुख आधार उसकी भाषा होती है, भारत में भी राष्ट्रभाषा का बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत व भारतीयों का मजबूती से उभर कर आने एवं नई बाजार व्यवस्था के इस दौर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने के कारण हिंदी भाषा को सीखने और समझने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां बाजार की मांग और भारत की आर्थिक साथ में वृद्धि के कारण विशाल हिंदी समुदाय को अपनी ओर आकर्षित करने हेतु अपने उत्पाद के प्रचार – प्रसार के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग कर रही है।

वैश्वीकरण के कारण पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा मिला है, पाश्चात्य संस्कृति को ही लोगों द्वारा आधुनिकरण की प्रक्रिया समझा जाने लगा है इसलिए लोग अपनी भाषा संस्कृति एवं साहित्य को भूल रहे हैं। जीवन साहित्य का आधार होता है जहां जीवन के बिना साहित्य की कल्पना असंभव है, वही साहित्य के बिना जीवन एवं सम्यक विकास असंभव है।

आज विश्व फलक में हिंदी अपनी विशिष्ट पहचान बना रही है एवं वैश्विक संवाद की भाषा बन रही है। हिंदी भाषा स्वाभाविक रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा बनने की वास्तविक हकदार है। अपने साहित्य एवं ज्ञान के क्षेत्र में योगदान के बल पर हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में विश्व मंच पर स्थापित हो रही है तथा विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है।

हिंदी साहित्य की भक्तिकालीन अनुपम कृति रामचरितमानस की लोकप्रियता विश्वभर में फैली हुई है। हिंदी साहित्य के प्रति विदेशी विद्वानों की रुचि प्राचीन समय से ही चली आ रही है इन्हीं विद्वानों के माध्यम से हिंदी साहित्य कृतियां अनुवादित होकर विश्व के कोने-कोने तक अपनी पहुंच बना रही है। हिंदी साहित्य को दुनिया भर में विस्तारित करने का श्रेय उन बहुत सी संस्थाओं को भी जाता है जो विदेशी भूमि पर रहकर भी अपनी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगे हुए है जैसे - मॉरीशस हिंदी संस्थान, विश्व हिंदी सचिवालय, हिंदी सोसायटी सिंगापुर, हिंदी परिषद नीदरलैंड, युवा हिंदी संस्थान अमेरिका।

उषा प्रियंवदा, अभिमन्यु अनंत, तेजेंद्र शर्मा आदि प्रमुख प्रवासी साहित्यकार हिंदी सेवी बनकर हिंदी भाषा के साहित्य को वैश्विक साहित्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ :-**


1. हिन्दी भाषा का वैश्विक परिदृश्य – डॉ. वेद प्रकाश उपाध्याय
2. हिन्दी भाषा का भूमंडलीकरण – सुषम बेदी
3. भूमंडलीकरण : साहित्य,समाज और संस्कृति – डॉ. रेनू


************

## भ्रमरगीत-परम्परा और उद्धव-शतक


**-पीयूष कुमार (शोधार्थी)**

हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग

जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय, रायां सुचानी बगला,

ज़िला सांबा, जम्मू-कश्मीर –181143


हिन्दी साहित्येतिहास में कृष्णकाव्य से सम्बन्धित भ्रमरगीत की परम्परा बहुत अर्वाचीन नहीं है बल्कि यह परम्परा संस्कृत साहित्य से लेकर हिन्दी साहित्य तक के व्यापक अन्तराल को समेटती है। हिन्दी कविता में यह परम्परा भक्तिकाल से लेकर रीतिकाल और आधुनिक काल में भी देखने को मिलती है। कुछ कवियों के यह मुख्य रूप से तो कुछ के यहाँ गौण रूप से परिलक्षित होती है। भ्रमरगीत की परम्परा का उपजीव्य ग्रन्थ 'श्रीमद्भागवत' का दशम स्कन्ध है। इस ग्रन्थ के मुख्यतः छियालिसवें और सैतालिसवें अध्याय में परवर्ती भ्रमरगीत-काव्य के सूत्र बिखरे पड़े हैं। भागवत के पश्चात उपालम्भ के रूप में भ्रमरगीत की परम्परा महाकवि कालिदास के विश्वविख्यात नाटक 'अभिज्ञानशाकुन्तलम' में प्रथमतः परिलक्षित होती है। महाकवि कालिदास से प्रारम्भ हुई यह परम्परा कालान्तर में संस्कृत के साथ-साथ प्राकृत व अपभ्रंश से होती हुई हिन्दी साहित्य में बड़े ही मार्मिक और व्यापक रूप से प्रसरित हुई। कहना न होगा कि हिन्दी साहित्य के भक्तिकाल में यह परम्परा अपनी उच्चतम दशा को प्राप्त होती है, विशेषकर सूरदास के यहाँ। यद्यपि कृष्णकाव्य धारा और अष्टछाप के लगभग सभी कवियों के यहाँ इस परम्परा की उपस्थिति देखी जा सकती है तथापि महाकवि सूरदास के यहाँ यह परम्परा जिस मार्मिकता और चरमावस्था को प्राप्त होती है, निःसंदेह वैसी अन्यत्र दुर्लभ है।

भ्रमरगीत-परम्परा के सभी काव्यों का कथ्य लगभग एक समान है पर उसकी अभिव्यक्ति किञ्चित भिन्न है। अपने समय, समाज की परिस्थितियों और परिवर्तनों के कारण कवियों की अभिव्यक्ति में भी परिवर्तन आ गया है। कथा का सार इस प्रकार है कि कृष्ण ब्रज में रहते हुए तमाम लीलाएँ करते रहे हैं। समस्त ब्रजवासी उनके प्रेम के दीवाने हो गए थे। गोपियाँ तो इस क़दर उनके प्रेम में आबद्ध थीं कि वे अपना सब कामकाज छोड़कर उनके ही इर्दगिर्द अपने को पाकर धन्य मानती थीं। समूचा ब्रजमंडल एक प्रकार से कृष्ण के प्रेम में सम्मोहित हो गया था। यह प्रेमलीला अपने उन्वान पर ही थी कि इसी बीच कृष्ण का मथुरा से बुलावा आ जाता है। ब्रजवासी भी सन्तोष कर लेते हैं कि चलो कुछ हो दिन की तो बात है। कृष्ण अपना काम निपटाकर शीघ्र ही लौट आएँगे। लेकिन नियत ने कुछ और ही तय कर रखा था। एकबार कृष्ण अक्रूर के साथ रथ पर सवार होकर मथुरा गए तो फिर लौटे नहीं। यही विरह ब्रजवासियों के लिए जीवन-मरण का सबब बन गया। अपने मामा कंस को मारकर उन्होंने अपने पितरौ को कारागार से मुक्त करवाया। और राजकाज में संलग्न हो गए। इधर राधा अन्य गोपियों सहित कृष्ण के लौटने की प्रतीक्षा में रत थीं और उधर कृष्ण राजकाज में इस क़दर उलझे कि उलझते ही चले गए। हालाँकि उन्हें ब्रज कभी बिसरा नहीं लेकिन चाहकर भी वे ब्रज लौट नहीं पाए। यह बात कितनी हृदयविदारक है कि गोपियाँ चाहकर भी मथुरा नहीं जा पायीं और कृष्ण चाहकर भी ब्रज नहीं जा पाए। यही तड़पन कवियों के काव्य का आधार बनी। कवियों की निजी पीड़ा का इस तड़पन से साधारणीकरण हुआ और उन्होंने आँसुओं की स्याही से बोर-बोरकर इसे काग़ज़ पर उकेर दिया।

अब जहाँ तक बात भ्रमरगीत के शुरूआत की है तो वह विभिन्न कवियों के यहाँ भिन्न-भिन्न रूपों में आयी है। किन्तु सभी का सार कमोबेश

एक है। और वह है उद्धव का ब्रज आना। उद्धव कृष्ण के सखा और निर्गुण पंथ के प्रबल हिमायती थे। वे प्रेम और भक्ति को बहुत तवज्जो नहीं देते थे। उनके अनुसार प्रेमादि सभी माया-मोह है। क्षणिक और कोरी भावुकता है। ज्ञान ही सबकुछ है और ज्ञान के द्वारा ही उस ब्रह्म तक पहुँचा जा सकता है। उन्हें अपने ज्ञान का अभिमान हो चला था। जब यह बात कृष्ण हो पता चली तो उन्हें यह बात नागवार गुजरी। अभिमान, ज्ञान को खा जाता है। इसलिए अपना सखा होने के नाते कृष्ण ने उद्धव को अभिमान से मुक्त करने की सोची। फलतः उन्होंने उद्धव को अपने संदेशवाहक के रूप में ब्रज भेज दिया। कृष्ण का उद्देश्य उद्धव के मन में घर कर गए नीरस व शुष्क ज्ञानमार्ग को भक्ति व भक्तिमार्ग से सरस् और उदात्त बनाना था। ब्रज पहुँचकर उद्धव जब अपने ज्ञान की गठरी खोलते हैं तो गोपियों को इस गठरी से निकला ज्ञान अपनी अनुभूतियों के सर्वथा प्रतिकूल जान पड़ता है। प्रेम में दग्ध गोपियों को उद्धव की ज्ञानोक्तियाँ जले में नमक की भाँति लगती हैं और वे बड़ी ज़ोर से छरछरा उठती हैं। अब चूँकि गोपियों को उद्धव के सामने अपने स्त्रियोचित व्यवहार को ध्यान में रखना था और उन्हें इस बात की भी सावधानी बरतनी थी कि उद्धव उनके प्रियतम कृष्ण के यहाँ से आए हैं। चूँकि प्रेम का ऐसा विधान है कि प्रेमी से जुड़ी हर चीज़ प्रिय होती है। अतएव रोषातिरेक में ऐसी कोई बात न निकल जाए जिससे प्रियतम या प्रियतम से जुड़े किसी व्यक्ति को कष्ट हो। मानो गोपियों की इस दशा से भ्रमर (भौंरा) को सहानुभूति हुई और दैवयोग से उड़ता हुआ वहाँ आ पहुँचा। अँधे को क्या चाहिए? दो आँखें। भौरे ने गोपियों का काम आसान कर दिया। डूबते को तिनके का सहारा मिल गया। इसके बाद उस भौरे की आड़ लेकर गोपियों ने उद्धव महाराज को जो लानत-मलानत की, वही भ्रमरगीत काव्य-परम्परा का सार है; जिसे विभिन्न कवियों ने भिन्न-भिन्न भिन्न ढंग से व्यक्त किया है।

जैसाकि ऊपर कहा जा चुका है कि भ्रमरगीत की परम्परा सूरदास के यहाँ श्रेष्ठतम रूप में मिलती है। सूरदास के काव्य में यह परम्परा आचार्य शुक्ल द्वारा संपादित सूरसागर के अंश 'भ्रमरगीत सार' में व्यापक रूप से दृष्टिगोचर होती है। यहाँ यह परम्परा लगभग चार सौ पदों में विस्तृत है। सूरदास की गोपियाँ वाद विदग्धता में बड़ी निपुण हैं। उनकी तर्कशीलता देखते बनती है। वे उद्धव को खरी खोटी सुनाने में भी पीछे नहीं रहतीं –

"विलग जनि मानहु, ऊधौ प्यारे!
वह मथुरा काजर की कोठरि, जे आवहिं ते कारे।
तुम कारे, सुफलकसुत कारे, कारे मधुप भाँवरे।।" (1)

सूरदास का भ्रमरगीत वस्तुतः ज्ञान पर भक्ति की, निर्गुण पर सगुन की और तर्क पर आस्था की विजय है। सूरदास शंकराचार्य के अद्वैत से भलीभाँति परिचित थे। भक्तिकाल की लगभग सभी दार्शनिक विचारधाराओं का प्रस्थान और खण्डन का आधार शंकर का मायावाद ही रहा है। फिर वह चाहे रामानुजाचार्य का 'विशिष्टाद्वैतवाद' हो या फिर वल्लभाचार्य का 'शुद्धाद्वैतवाद'। ध्यातव्य है कि सूरदास की भक्ति जब ज्ञान पर भारी पड़ती है तो उनके मन में ज्ञान के प्रति कोई दुराग्रह नहीं है। आचार्य शुक्ल के शब्दों में कहें तो "वे ज्ञान के विरोधी नहीं, भक्ति-विरोधी ज्ञान के विरोधी हैं" (2)

सूरदास के बाद भ्रमरगीत की परम्परा अष्टछाप के प्रसिद्ध कवि नन्ददास के माध्यम से प्रतिष्ठा को प्राप्त करती है। उनके द्वारा रचित 'भँवरगीत' से उनके दार्शनिक विचारों का पता चलता है। उनकी गोपियाँ सूरदास की गोपियों की तरह भावुक कम तर्कशील ज़्यादा हैं। सूरदास भ्रमरगीत में इतने सिद्धहस्त या प्रतिष्ठित हो चुके थे कि कालान्तर में भ्रमरगीत सूरदास का पर्याय ही हो गया। शायद इसीलिए बच्चन सिंह को नन्ददास के भ्रमरगीत को सूरदास की 'देखादेखी' कहना पड़ा। वे लिखते हैं कि – "सूर की देखादेखी नन्ददास ने भ्रमरगीत लिखा। सूर का भ्रमरगीत मुक्तक काव्य है तो नन्ददास का प्रबंधात्मक। सूर में लोक का रंग है तो नन्ददास में शास्त्र का। सूरदास के भ्रमरगीत में गोपी-उद्धव संवाद की स्थितियाँ कम हैं जबकि नन्ददास के भ्रमरगीत में गोपियों और उद्धव का शास्त्रार्थ होता है-कथोपकथन के रूप में। उद्धव कहते हैं - 'सुनो ब्रजनागरी'। इसके उत्तर में गोपियाँ संबोधित करती हैं - 'सखा! सुनि स्याम के'। सूर की गोपियाँ सरल-सहज हैं और नन्ददास की पंडित। सूर की भाषा ठेठ ब्रजी है और नन्ददास की संस्कृतनिष्ठ ब्रजी।" (3)

रामभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि गोस्वामी तुलसीदास की सभी रचनाएँ यद्यपि राम पर केन्द्रित हैं तथापि कृष्ण पर भी उनकी एक रचना 'कृष्णगीतावली' मिलती है जिसमें भ्रमरगीत की परम्परा का पर्याप्त निर्वहन हुआ है। तुलसीकृत 'श्रीकृष्णगीतावली' में कुल 61 पद हैं। इनमें से 27 पद उद्धव-गोपिका-संवाद पर आधरित हैं। इन्हीं 27 पदों में तुलसी ने भ्रमरगीत की परम्परा को आगे बढ़ाया है। तुलसी की गोपियाँ सूर की तरह न तो सीधी-सादी ग्रामबालाएँ हैं और न ही नन्ददास की गोपियों की तरह तार्किक और ज्ञानवान विदुषी हैं, अपितु वे मर्यादित हैं। भ्रमरगीत के प्रसंग में भी तुलसी का आदर्शवाद या मर्यादावाद झलकता है। तुलसी की गोपियाँ एक-दूसरे को उद्धव से अमर्यादित ढंग से बात करने के लिए मना करती हैं। उनका कहना है कि उद्धव जी वरिष्ठ हैं और हमारे प्रिय के सखा हैं। वे इस समय श्रीकृष्ण के दूत और हमारे अतिथि हैं, इसलिए हमें उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। उद्धव जी ज्ञानी हैं। श्रेष्ठ हैं। ज्येष्ठ हैं। वे जो कह रहे हैं, उचित ही कह रहे हैं। दोष तो हमारा ही है जो हम उनकी बात समझ नहीं पा रही हैं और श्रीकृष्ण के वियोग में अभी भी जिए जा रही हैं। सूरदास की तरह तुलसीदास के यहाँ भी कुब्जा का प्रसंग आया है। तुलसी की गोपियों मर्यादित होकर भी अपनी व्यथा को उद्धव के समक्ष बड़ी ही शालीनता और सौम्यता के साथ कह देती हैं। वे उद्धव पर न तो कटाक्ष करती हैं और न हीं व्यंग्य के बाण छोड़ती हैं, अपितु दुःखी होकर दया की याचना करती हैं –

"ऊधौ या ब्रज की दसा बिचारौ।
ता पाछे यह सिद्धि आपनी जोग कथा बिस्तारौ।।
जा कारन पठए तुम माधव, सो सोचहु मन माहीं।
केतिक बीच बिरह परमारथ, जानत हौ किधौ नाहीं।।
जेहिं उर बसत स्यामसुन्दर घन, तेहि निर्गुन कस आवै।
तुलसिदास सो भजन बहावौ, जाहि दूसरो भावै।। (4)

तुलसीदास के अलावा रहीम ने भी 'फुटकर छन्द तथा पद' के नाम से कतिपय पदों की रचना की है। रहीम द्वारा वर्णित सखियों को भी मोहन की प्रीति भुलाए नहीं भूलती। वे भी कृष्ण के वृन्दावन आने की बाट जोहती रहती हैं। संयोगावस्था में जो बातें मन को आह्लादित करती थीं, वियोगावस्था में वही दुःखदायी हो गयी हैं। उनके मन से पल भर के लिए भी कृष्ण की स्मृति दूर नहीं होती। कृष्ण का मन्द-मन्द मुस्कुराना उन्हें भूल नहीं रहा है –

"कमल दल नैननि की उनमानि।
बिसरत नाहिं सखी मो मन ते मन्द मन्द मुसुकानि।।
अनुदिन श्री वृन्दाबन ब्रज तें आवन जावन जानि।
अब रहीम चित ते न टरति है सकल स्याम की बानि।। (5)

कृष्णभक्ति काव्यधारा में रसखान का नाम बड़े आदर से लिया जाता है। भ्रमरगीत परम्परा का उल्लेख करते हुए रसखान का नाम नहीं छोड़ा जा सकता। हालाँकि उन्होंने स्वतंत्र रूप से तो भ्रमरगीत का प्रणयन नहीं किया है, लेकिन 'सुजान-रसखान' के कवित्त और सवैयों में गौण रूप से इस परम्परा का अंशतः विद्यमान है। उन्होंने भी ज्ञान पर भक्ति की प्रतिष्ठा की है। वे बिना गोपियों की आड़ लिए अपने कई पदों कवित्त और सवैयों में भक्ति की श्रेष्ठता का बखान करते चलते हैं। उन्होंने उस निर्गुण को कहाँ-कहाँ नहीं ढूंढा! वेदों-पुराणों में भी खोजा। ऋचाओं का बड़े ही मनोयोग से अध्ययन किया। फिर भी वह इन्द्रियातीत ही रहा। कोई भी जोग-जतन उस निर्गुण निराकार ब्रह्म का साक्षात्कार नहीं करवा सका। इस निर्रथक भटकन से थक-हारकर रसखान का परिचय जब भक्ति से हुआ तो उन्हें उसकी प्राप्ति हो गयी। उन्हें वह निराकार ब्रह्म कृष्ण के रूप में साकार मिल गया जो कुंज-कुटीर में प्रेम-देवी राधिका के पैर पलोट रहा है –

"ब्रह्मा मैं ढूँढयो पुरानन गानन वेद रिचा सुनि चौगुने चायन।
देख्यो सुन्यो कबहुँ न कितूँ वह कैसे सरूप औ कैसे सुभायन।।
टेरत हेरत हारि परयो रसखानि बतायो न लोग लुगायन।
देखौ दुरो वह कुंजकुटीर मैं बैठो पलोटत राधिका पायन।। (6)

भक्तिकाल के अतिरिक्त भ्रमरगीत की परम्परा मतिराम, देव, सेनापति, घनानन्द और पद्माकर आदि के रीतिकालीन कवियों के काव्य में भी गौण रूप में मिलती है। रीतिकाल के पश्चात आधुनिक काल में यह परम्परा खड़ी बोली के प्रथम महाकाव्य 'प्रियप्रवास' में देखने को मिलती है। अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की राधा समाजसेविका हैं। उनके लिए तो यही अभिधेय है की प्रभु जगहित करें, गेह आवैं चाहे न आवैं। आधुनिक काल में भ्रमरगीत की परम्परा को आगे बढ़ाने में सत्यनारायण 'कविरत्न' का महत्त्वपूर्ण योगदान है। भ्रमरगीत-परम्परा में उनका नाम सहज ही स्मृति हो आता है। सत्यनारायण 'कविरत्न' की समस्त रचनाओं का संकलन 'हृदय तरंग' शीर्षक से बनारसीदास चतुर्वेदी ने प्रकाशित करवाया है। सत्यनारायण 'कविरत्न' की रचना 'भ्रमरदूत' में भ्रमरगीत की परम्परा का बहुत ही सुन्दर ढंग से निर्वहन हुआ है। सत्यनारायण 'कविरत्न' की गोपियाँ भी सीधी-सादी हैं। वे प्रायः निरक्षर हैं। ज्ञान से वंचित हैं। अभावग्रस्त हैं। दूध-दही खाने में ही अपना पूरा जन्म गँवा दिया है। ऐसा प्रायः देखा गया है कि जो जितना कम पढ़ा-लिखा होता है, वह उतना ही भावुक और संवेदनशील होता है। गोपियाँ ग्रामीण हैं, नागरिक नहीं। इसलिए वे नागरिक-जीवन के छल-छद्म से सर्वथा दूर हैं। वे कृष्ण के दूत उद्धव को अपनी यथास्थिति सहज और स्पष्ट रूप से बता देती हैं –

"पढ़ी न अच्छर एक, ग्यान सपनें ना पायौ।
दूध दही चाटन में, सबरो जन्म गमायौ।। (7)

श्रीमद्भागवत से प्रारम्भ हुई भ्रमरगीत की परम्परा का आधुनिक काल के प्रसिद्ध कवि जगन्नाथदास रत्नाकर के 'उद्धव-शतक' में अवसान होता है। यह इस प्रसंग का संभवतः अन्तिम और श्रेष्ठ काव्य-ग्रंथ है। सन 1866 को काशी में जन्मे जगन्नाथदास रत्नाकर आधुनिक काल में ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं। खड़ी बोली के युग में उन्होंने ब्रजभाषा में काव्यसृजन किया। "भाषा-संबंधी उनका अध्ययन बड़ा विशाल था। ब्रजभाषा के प्रति अत्यधिक अनुराग के कारण उनकी रुचि पौराणिक कथाओं के नवीनीकरण की ओर हुई। बीसवीं शताब्दी में रहते हुए भी हृदय से वे मध्यकाल में रहते थे।" (8) उनके द्वारा रचित कई ग्रंथों का पता चलता है। वे न केवल ब्रजभाषा बल्कि उर्दू, फ़ारसी, संस्कृत, मराठी, बंगला, पंजाबी और अंग्रेजी के भी अच्छे जानकर थे। उनका रचनाकर्म कविता से लेकर संपादन, अनुवाद, टीका और पत्रकारिता आदि तक व्यापक है। उनकी अनुवाद-कला का श्रेष्ठ उदाहरण 'समालोचनादर्श' है, जो अंग्रेजी के कवि-आलोचक एलेक्जेंडर पोप की कृति 'एन एसे ऑन क्रिटिसिज्म' का अनुवाद है। रत्नाकर ने इसका अनुवाद ब्रजभाषा में रोला छंद में किया है। रत्नाकर एक कुशल टीकाकार और संपादक के रूप में 'बिहारी-रत्नाकर' में दिखते हैं। बिहारी के एक-एक दोहे को उन्होंने जिस प्रकार खोल दिया है, उस प्रकार का कार्य आज भी दुर्लभ है। आज तकरीबन नब्बे वर्ष बाद भी उनके द्वारा 'बिहारी सतसई' की टीका का उतना ही महत्त्व है। आज भी बिहारी को जानने-समझने में 'बिहारी-रत्नाकर' एक मील का पत्थर है। यही क्या कम है कि बिहारी के पहले दोहे की टीका में रत्नाकर को तीन पृष्ठ लगते हैं और इस एक दोहे का एक अर्थ नहीं बल्कि तीन-तीन अर्थ व्याख्यायित करते हैं। वे बिहारी की कविताई से बहुत प्रभावित थे। इसीलिए 'बिहारी-रत्नाकर' के प्राक्कथन में उन्होंने अपना बिहारी-प्रेम इन शब्दों में प्रदर्शित किया है – "बिहारी की कोमल-कांत पदावली और प्रशस्त प्रतिभा से प्रभावित होकर हमारा विचार हुआ कि सतसई का एक ऐसा संस्करण प्रकाशित किया जाए जिससे दोहों के यथार्थ भावार्थ पाठकों की समझ में सहज ही आ सके।" (9) निःसंदेह रत्नाकर अपने इस पुनीत-परमार्थ-कार्य में सफल हुए हैं।

जगन्नाथदास रत्नाकर की पहली काव्यकृति 1894 में प्रकाशित 'हिंडोला' है। यह कृति सौ रोला छंदों में राधा-कृष्ण द्वारा वर्षाकाल में झूला झूलने का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत करती है। इसके अलावा राजा हरिश्चंद्र के जीवन पर आधारित रत्नाकर विरचित चार सर्गीय खंडकाव्य 'हरिश्चन्द्र' भी मिलता है। 'हिंडोला' और 'हरिश्चन्द्र' के अलावा जगन्नाथदास रत्नाकर की 'कलकाशी', 'गंगा-विष्णु लहरी', 'श्रृंगार-लहरी', 'प्रकीर्ण पदावली', 'रत्नाष्टक', 'वीराष्टक' और 'गंगावतरण' है। रत्नाकर की प्रसिद्धि का कारण 'गंगावतरण' है। तेरह सर्गों में विभक्त इस ग्रंथ की विषयवस्तु गंगा के धरती पर आने की घटना है। इस ग्रंथ का आधार वाल्मीकि 'रामायण' है। इन ग्रंथों के अतिरिक्त जगन्नाथदास रत्नाकर ने भ्रमरगीत-परम्परा का सफलतापूर्वक निर्वाह अपनी सर्वाधिक लोकप्रिय कृति 'उद्धव-शतक' में किया है। रत्नाकर के समक्ष भ्रमरगीत की एक लंबी परम्परा थी जिससे वे परिचित थे। इस ग्रंथ में सभी का समाहार करते हुए उन्होंने भ्रमरगीत के प्रसंग को नवीन, सरस् और युगानुकूल वर्णित किया। 'उद्धव-शतक' में कुल 117 कवित्त मिलते हैं। प्रारम्भ में एक मंगलाचरण है। किसी प्रकार का भ्रम या गड़बड़ी न हो, इसीलिए रत्नाकर ने संभवतः पूरे कथाप्रवाह को कई शीर्षकों में भी विभक्त किया है। जैसे 'श्री उद्धव को मथुरा से ब्रज भेजते समय के कवित्त', 'श्री उद्धव के ब्रज में पहुँचने के समय के कवित्त', 'गोपी-वचन उद्धव-प्रति' और 'उद्धव के मथुरा लौट आने के समय के कवित्त' आदि। 'उद्धव-शतक' पर सविस्तार बात करने से पूर्व इसकी कथावस्तु का संक्षेप में उल्लेख कर देना समीचीन जान पड़ता है।

'उद्धव-शतक' का प्रारम्भ मंगलाचरण के एक कवित्त से होता है। इस ग्रंथ के पूरे घटनाक्रम केमुख्यतः तीन पड़ाव हैं। पहला है उद्धव का ब्रज जाना। दूसरा है ब्रज जाकर गोपियों को कृष्ण का संदेश देना और तीसरा है उनका मथुरा लौटना। कथा मुख़्तसर-सी यह है कि कृष्ण का ब्रज से मथुरा आगमन हो जाता है। मथुरा आकर वे राजकाज में इतने तल्लीन हो जाते हैं कि उन्हें ब्रज की ओर पुनः कूच करने का न तो अवसर मिलता है और न ही समय। लेकिन उन्हें

ब्रज बराबर याद आता रहता है। नंद-यशोदा, राधा व अन्य गोपियाँ, गाय चराना, बंशी बजाना, यमुना नदी और वृन्दावन की कुंज-गालियाँ उन्हें रह-रहकर याद आती रहती थीं। एक दिन कृष्ण जब मथुरा में उद्धव के संग यमुना नदी में स्नान कर रहे होते हैं तो नदी के प्रवाह में बहते हुए एक मुरझाए हुए कमल को देखते हैं। उस कमल को उठाकर कृष्ण अपने नाक के पास ले जाते हैं और उसकी सुगन्ध का आस्वादन करते हैं। कमल की उस सुगंध से उन्हें अपनी कमलनयनी राधा की याद आ जाती है और वे तत्क्षण वहीं भूमि पर ही मूर्च्छित होकर गिर पड़ते हैं। उनको चैतन्य करने के हरचंद प्रयास किये जाते हैं लेकिन कोई लाभ नहीं होता। भला हो एक तोते का जो उड़ते-उड़ते वहाँ आता है और 'राधा' नाम का उच्चारण करता है। राधा का नाम सुनकर कृष्ण की मूर्च्छा दूर होती है और वे राधा की स्मृति में भाव-विह्वल हो जाते हैं। उन्हें फिर एक-एक करके ब्रज के दिन याद आने लगते हैं। राधा के साथ-साथ उन्हें नंद-यशोदा और गोपों-गोपियों की भी याद आने लगती है। कृष्ण को इस प्रकार भाव-विह्वल देखकर उद्धव उन्हें बहुभाँति समझाते-बुझाते हैं, माया-मोह का हवाला देकर उनकी विह्वलता को दूर करने का प्रयास करते हैं लेकिन कृष्ण उनकी एक नहीं सुनती। वे उद्धव से ब्रज जाने के लिए कहते हैं। कृष्ण का संदेश लेकर उद्धव ब्रज के लिए रवाना होते हैं। ब्रज आकर वे अपनी ज्ञान-गठरी को उतारते हैं। ब्रज में प्रवेश करते ही उन्हें अलग प्रकार की ही अनुभूति होने लगती हैं। ब्रज की गोपियों से उनका गंभीर शास्त्रार्थ होता है। उनकी निर्गुण-उपासना और उनका ब्रह्म-ज्ञान धरा का धरा रह जाता है और उन्हें 'मुँह की खानी' पड़ती है। गोपियों की भक्तिभावना और प्रेमभाव से वे अभिभूत होकर स्वयं प्रेममय हो जाते हैं और मथुरा की ओर प्रस्थान करते हैं। वे नंद-यशोदा और गोपियों के संदेशों और उनके द्वारा कृष्ण को दी गयीं भेंट-सामग्रियों के साथ-साथ भक्ति और प्रेम से लद जाते हैं। उनका कायाकल्प हो जाता है। "ऊधव नितांत कांत-मनि" बनकर लौटते हैं।

जगन्नाथदास रत्नाकर की दार्शनिक चेतना 'उद्धव-शतक' में आकर उच्चता को प्राप्त होती है। भ्रमरगीत-परम्परा के अन्य पूर्ववर्ती कवियों की भाँति उन्होंने भी इस ग्रंथ के माध्यम से ज्ञान पर प्रेम, तर्क पर आस्था और निर्गुण पर सगुण की श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। उद्धव ज्ञानमार्ग के हिमायती हैं। वे शंकर अद्वैतवाद से प्रभावित हैं। ब्रज जाकर वे गोपियों को निर्गुण उपासना की शिक्षा देते हैं। वे गोपियों से कहते हैं कि गोपियाँ अपनी आत्मा को परमात्मा में विलीन कर दें। गोपियाँ जिस कृष्ण के विरह में इतनी व्याकुल हैं, वो तो सबके अंतर्मन में वास करता है। वस्तुतः आत्मा-परमात्मा में कोई भेद नहीं है। माया या भ्रम के वशीभूत होकर जीव उनमें अंतर देखता है। यह उसका अज्ञान है। उद्धव गोपियों को समझाते हैं कि विरह में इस प्रकार तन को क्षीण और मन को हीन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। वे भ्रमवश कृष्ण को अपने से भिन्न मान रही हैं। भ्रम के पटल को ज्ञान की आँखों से उघाड़ कर देखने से पता चलेगा कि सभी में कान्हा है और कान्हा में सभी हैं। वे गोपियों को घड़े के दृष्टान्त के माध्यम से भी समझाने का यत्न कर रहे हैं। जिस प्रकार घड़े के भीतर का जल बाहर के जल से अभिन्न है और घड़े को टूट जाने पर भीतर और बाहर का जल मिल जाता है, वैसे ही वो भी अपनी आत्मा को परमात्मा में लीन कर दें –

"माया के प्रपंच ही सौं भासत प्रभेद सबै
काँच-फलकनि ज्यौं अनेक एक सोई है।
देखौ भ्रम-पटल उघारि ज्ञान-आँखिनि सौं
कान्ह सब ही मैं कान्ह ही मैं सब कोई है।।

अबिचल चाहत मिलाप तौ बिलाप त्यागि
जोग-जुगती करि जुगावौ ज्ञान-धन कौं
जीव आतमा कौं परमातमा मैं लीन करौ
छीन करौ तन कौं न दीन करौ मन कौं।। (10)

उद्धव की बातें गोपियों को समझ में नहीं आतीं। उनका अनुभूति उद्धव के द्वारा बतायी गयी बातों से भिन्न मालूम पड़ती हैं। इसलिए वे उद्धव की बातों का प्रतिकार करने लगती हैं। वे उद्धव से कहती हैं कि आप कृष्ण के दूत हैं या ब्रह्म के? जो कृष्ण का संदेश न देकर लगातार ब्रह्म की ही चर्चा किये जा रहे हैं। हम कृष्ण के अलावा और किसी को नहीं जानती हैं। तुम ऊपर से तो सरल स्वभाव के दिखते हो पर भीतर से तुम्हारी बातें जले में नमक की भाँति लगती हैं। इसलिए हे उद्धव! इस प्रकार कठोर वचन रूपी पत्थर हम पर न चलाओ, नहीं तो हमारा मन रूपी शीशा चूर-चूर हो जाएगा। हम एक कृष्ण के प्रेम में ही इतनी उद्विग्न हैं, अब अनेक या दूसरे कृष्ण की बात न करें –

"आए हौ सिखावन कौं जोग मथुरा तैं तौपै
ऊधौ ये बियोग के वचन बतरावौ ना।
टूक-टूक ह्वै है मन-मुकुर हमारौ हाय
चूकि हूँ कठोर-बैन पाहन चलावौ ना।
एक मनमोहन तौ बसकै उजारयौ मोहिं
हिय मैं अनेक मनमोहन बसावौ ना। (11)

गोपियाँ भावुक और सरल होने के साथ-साथ तर्कशील भी हैं। वे उद्धव की निर्गुण निराकार ब्रह्म की अवधारणा को सिरे से ख़ारिज करती हैं। बहुत ही शालीन और विनम्र लहजे में वे उद्धव से तर्क करती हैं कि यदि कृष्ण अगम, अगोचर और निराकार हैं तो फिर बिना हाथ के वो हमारी गाय कैसे दुहेंगे। बिना पैरों के नृत्य कैसे करेंगे। और तो और बिना देह के वो माखन कैसे खाएंगे, बंशी कैसे बजाएँगे –

"कर-बिनु कैसें गाय दूहिहै हमारी वह
पद-बिनु कैसैं नाचि थिरकि रिझाइहै।
कहै रत्नाकर बदन-बिनु कैसे चाखि
माखन बजाइ बैनु गोधन गवाइहै।। (12)

रत्नाकर की गोपियाँ अपने अस्तित्त्व को लेकर भी सजग हैं। उनके लिए काया को ब्रह्म में विलीन कर देना कोई होशियारी का काम नहीं है। इससे तो उल्टा नुकसान ही होता है। हम अपना अस्तित्त्व खो देते हैं। इसलिए वे उद्धव द्वारा प्रदत्त ज्ञान को अनुपयोगी और अव्यावहारिक करार देती हैं। वे उद्धव से साफ़-साफ़ कह देती हैं कि इस ज्ञान के प्रकाश को ले जाकर हिमालय की चोटियों में फैलाओ। यहाँ ब्रज में इसकी कोई आवश्यकता नहीं है और न ही आपकी यह "टायँ-टायँ" कोई सुनने वाला है। हमसे ये योग-वोग नहीं होगा। वैसे भी साँस रोकने की यह पद्धति ही बड़ी बेढंगी है। हमारे भीतर तो कृष्ण का प्रेम बसता है। "हम उनकी हैं वह प्रीतम हमारे हैं"। इसी अभिमान के चलते ही अभी तक हमारे प्राण नहीं गए हैं और न ही जाएँगे। उद्धव काश आप "हमारी आँखों से कान्हा को देख लेते" तो आप इस प्रकार "ब्रह्म-ज्ञान का बखान नैकु न करते"।

भ्रमरगीत की परम्परा को लेकर चलने वाले कवियों के यहाँ कुब्जा का प्रसंग कई बार आया है। सूरदास के यहाँ तो अनेकशः आया है। कुब्जा

दरअस्ल कृष्ण के मामा कंस की दासी थी। कंस को मारने के बाद कृष्ण ने कुब्जा को अपना संरक्षण प्रदान कर दिया। कुब्जा कृष्ण के स्नेह की कृपापात्र हो गयी, और यह बात ब्रजबालाओं को नागवार गुजरी। इसलिए जब उद्धव मथुरा से ब्रज आते हैं तो गोपियाँ कुब्जा को खरीखोटी सुनाने से बाज़ नहीं आतीं। रत्नाकर का 'उद्धव-शतक' भी इस कुब्जा-प्रसंग का अपवाद नहीं है। यहाँ भी ब्रज की गोपियाँ कुब्जा को लेकर 'सौतिया-डाह' से पीड़ित हैं। वे बहु प्रकार से कुब्जा को लानत-मलानत भेजती हैं और कुब्जा के प्रति ईर्ष्या से भर जाती हैं। सूरदास की गोपियाँ तो "ऊधौ जाके माथे भाग" कहकर कुब्जा के सौभाग्य की तारीफ़ करती हैं, लेकिन कुब्जा को लेकर रत्नाकर की गोपियों का व्यवहार तल्खी भरा ही रहता है। वे उद्धव को कुब्जा का प्रतिनिधि मानने लगती हैं। उनका मानना है कि उद्धव उस कुब्जा के ही सिखाए-पढ़ाए हैं। उसी ने सभी को बहका और भड़का रखा है। गोपियाँ तो उद्धव को "कुब्जा के पच्छवारे" भी कहती हैं। प्रेम एकाधिकार चाहता है। गोपियाँ कृष्ण से अनन्य भाव से प्रेम करती हैं। किसी अन्य का हस्तक्षेप उन्हें बिल्कुल स्वीकार नहीं है। वे कुब्जा के प्रति इस क़दर रोष से भरी हुई हैं कि उन्हें कथ्याकथ्य का भी ध्यान नहीं रहता। वे उद्धव से कहती हैं कि कृष्ण उस कुब्जा के प्रेम में इतने निमग्न हैं कि उन्हें भला हमारी सुधि क्यों ही आती होगी। उन्होंने कूबरी (कुब्जा) की पीठ का भारीपन उतारकर तुम्हें हमारे पास हमारी क्षीण छाती पर थोपने के लिए भेज दिया है। कृष्ण को उस कुब्जा के अलावा अन्य किसी बात की कोई परवाह नहीं है। वे उसके भार (प्रेमभाव के भार) से ही नहीं उबर पा रहे हैं तो यहाँ ब्रज आकर भला अब गोवर्धन का भार क्योंकर उठावेंगे –

"कूबरी के कूबर तैं उबरि न पावैं कान्ह
इंद्र-कोप-लोपक गुबर्धन उठैहै को।[(13)]

जगन्नाथदास रत्नाकर ने गोपियों के विरह-वर्णन में कोई कसर नहीं बाक़ी रखी। इसके लिए उन्होंने ऋतु-वर्णन का भी अवलम्ब लिया है। उन्होंने छहों ऋतुओं का बड़ी ही मनोहारी चित्रण किया है। प्रकृति के परिवर्तन के साथ गोपियों की भी परिवर्तित होती मनःस्थिति को बहुत ही सूक्ष्म ढंग से रत्नाकर ने विवेचित किया है। उनका ऋतु-वर्णन एक ओर जहाँ गोपियों की विरह को बिम्बित करता है, वहीं दूसरी ओर प्रकृति-चित्रण का भी श्रेष्ठ उदाहरण है। जब वसंत ऋतु आती है तो गोपियों के लिए उल्लास का समय जान पड़ता है। वे कृष्ण के प्रेम में इतनी निमग्न हैं कि उन्हें तो बरसाने में हमेशा वसंत-ही-वसंत मालूम पड़ता है। जब वर्षा ऋतु आती है तो गोपियाँ भी पपीहे की तरह अपने प्रिय कान्ह को पुकारती रहती हैं। शिशिर और हेमन्त ऋतु में न केवल पेड़-पौधों अपितु गोपियों की आस पर भी पाला गिर जाता है। हद तो तब हो जाती है जब "दरद दिवैया सरद ऋतु" ब्रज में बनी ही रहती है। जाने का नाम ही नहीं लेती।

रत्नाकर अपने उद्देश्य में सफल हुए हैं। उन्होंने गोपियों के उद्धव का 'ब्रेनवॉश' आखिरकार करा ही दिया। वे ब्रज के लोगों द्वारा दी गयी भेंट को लेकर जब मथुरा की ओर प्रस्थान करते हैं तो वे "प्रेम-मद" में इतने छक गए हैं कि उनके "पग कहाँ के कहाँ" पड़ रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपनी "ज्ञान-गूदड़ी में अनुराग का रतन" लेकर लौटते हैं। ब्रज से लौटते समय उनके पग नहीं उठते हैं। वे चोर की भाँति नज़रें बचाकर चलते हैं। "कुंजनि की कूल की कलिंदी की रुऐंदी दसा" देखकर उद्धव रथ से उतरकर वहीं पथ की पावन भूमि पर लोटने लगते हैं। वे मथुरा जाकर कृष्ण को बताते हैं कि आपने ब्रजवासियों को जो योग का ज्ञान देने के लिए हमें पठाया था, वह सब हेरा गया है। ज्ञान की गठरी हम वहीं पटक कर चले आए हैं। अब तो हमारा भी मन वहीं ब्रज में बसने का है। वहीं यमुना के रम्य तीर पर कुटी बनाकर बस जाना चाहते हैं। वो तो कहिए आपको प्रत्युत्तर में संदेशा देना था और आपको देखना भी था (क्योंकि आप अस्वस्थ हो गए थे) नहीं तो ब्रज-गाँव को छोड़कर हम यहाँ कभी पाँव नहीं धरते। उद्धव उवाच –

"रावरे पठाए जोग देन कौं सिधाए हुते
ज्ञान गुन गौरव के अति उद्गार मैं।
कहै रत्नाकर पै चातुरी हमारी सबै
कित धौं हिरानी दसा दारुन अपार मैं।।
पटकि पराने ज्ञान-गठरी तहाँ हीं हम
थमत बन्यो न पास पहुँचि सिवान के।
छाले परे पगनि अधर पर जाले परे
कठिन कसाले परे लाले परे प्रान के।।[(14)]

उपर्युक्त विवेचना के पश्चात निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि बाबू जगन्नाथदास रत्नाकर कृत 'उद्धव-शतक' भ्रमरगीत-परम्परा का सम्यक उपसंहार है। उन्होंने अपने इस ग्रंथ में भ्रमरगीत काव्यपरम्परा उचित समाहार करते हुए अपने युगानुकूल उसका निरूपण किया है। एक प्रकार से इस ग्रंथ के माध्यम से उन्होंने प्राचीन द्रव्य को नवीन पात्र में रखने का सराहनीय उपक्रम किया है। अपनी काव्यपरम्परा और व्यक्तिगत अभिरुचियों में सामंजस्य स्थापित करने में भी वे सफल रहे हैं। यह कहना अत्युक्ति नहीं कि भ्रमरगीत-परम्परा के विषय में कोई भी पूर्ण बात 'उद्धव-शतक' के बिना अपूर्ण है। इति।

**संदर्भ/सहायक ग्रंथ :-**


1. शुक्ल, रामचंद्र. (2020). भ्रमरगीत सार. प्रयागराज : लोकभारती प्रकाशन. पृ. सं. 48
2. वही, पृ. सं. 57
3. सिंह, बच्चन. (2018). हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास. दिल्ली : राधाकृष्ण प्रकाशन. पृ. सं. 129
4. तुलसीदास. (संवत). (2074). श्रीकृष्णगीतावली. गोरखपुर : गीताप्रेस. पृ. सं. 38
5. मिश्र, सत्यप्रकाश. (संपा.). (2019). रहीम रचनावली. इलाहाबाद : लोकभारती प्रकाशन. पृ. सं. 137
6. मिश्र, विद्यानिवास व मिश्र, सत्यदेव. (संपा.). (2007). रसखान रचनावली. नयी दिल्ली : वाणी प्रकाशन. पृ. सं. 26
7. पाण्डेय, सरस्वती व पाण्डेय गोविन्द. (2014). हिन्दी भाषा एवं साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास. इलाहाबाद : अभिव्यक्ति प्रकाशन. पृ. सं. 189
8. मानव, विश्वम्भर व शर्मा, रामकिशोर. (2019). आधुनिक कवि. प्रयागराज : लोकभारती प्रकाशन. पृ. सं. 43
9. रत्नाकर, जगन्नाथदास. बिहारी रत्नाकर. वाराणसी : वैभव लक्ष्मी प्रकाशन. पृ. सं. 5
10. रत्नाकर, जगन्नाथदास. (2020). उद्धव-शतक. हल्द्वानी : देवभूमि प्रकाशन. पृ. सं. 76
11. वही, पृ. सं. 79
12. वही, पृ. सं. 81
13. वही, पृ. सं. 95
14. वही, पृ. सं. 110


************

# हिंदी डायरी विधा : एक अंतःकेन्द्रित यात्रा

**-अनुराग सिंह**
एम.ए. हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय,

साहित्य अपने अंतश्चेतना में एक विस्तृत प्रतिफल है । इन साहित्यिक प्रक्रियाओं में हिंदी साहित्य अपनी समृद्ध साहित्यिक विधाओं में अग्रणी रहा है । नई चेतना, आधुनिक ज्ञान -विज्ञान, तकनीकी के फलस्वरूप लेखन की सुविधाओं का जैसे विकास हुआ उसी क्रम में हम साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न विधाओं का प्रादुर्भाव देखते है। हिंदी साहित्य में आधुनिक काल विभिन्न साहित्यिक विधाओं का पथ प्रदर्शक रहा है, जिसमें समाज उपन्यास, नाटक, कहानी, साक्षात्कार, डायरी लेखन विभिन्न विधाओं के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित हुआ है।

डायरी विधा के क्षेत्र में डायरी अपने अंतःकरण की अनुभूति का बिना किसी संकोच के अभिव्यक्ति का साधन रहा है। ऐतिहासिक परंपरा में देखे तो डायरी का इतिहास भी अनोखा रहा है।

"हिंदी साहित्य कोश" में डायरी को परिभाषित करते हुए उसे आत्मकथा का ही रूप बताया है, शाब्दिक उत्पत्ति के नज़रियें से देखे तो डायरी शब्द अंग्रज़ी भाषा का है जो लैटिन शब्द 'डायिस' से बना है।[1] रामधारी सिंह दिनकर 'डायरी' शब्द को परिभाषित करते हुए कहते है कि, - "डायरी वह चीज़ है, जो रोज़ लिखी जाती है और इसमें घोर रूप से वैयक्तिक बाते भी लिखी जा सकती है।"[2] लेखक की मनःस्थिति, परिस्थितियों एवं फुरसत के अनुरूप दिनभर में जो कुछ भी महत्व का घटित हो उसका उल्लेख डायरी लेखक करता है। इसी आधार पर कमलेश्वर डायरी को "लेखक का अपना और अपने हाथ से किया हुआ पोस्ट – मार्टम"[3] मानते हैं।

विश्वनाथ प्रसाद तिवारी डायरी लेखन के कारण को इस रूप में स्पष्ट करते हैं कि, "कुछ भी जिसने मन पर अनुकूल या प्रतिकूल प्रभाव डाला, जिससे कुछ विशेष विचार आया और जो कुछ भी लिखने योग्य लगा, मैंने अंकित करने की कोशिश की।"[4]

साहित्यिक अर्थ में डायरी को देखा जाय तो यह केवल तिथि देकर अपने दिनचर्या का उल्लेख मात्र न होकर, डायरी इससे परे एक मानसिक उद्वेग को व्यक्त करने का ऐसा माध्यम है जिसमें भावुक ह्रदय की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति भी हो सकती है । डायरी लेखक अपनी रूचि व आवश्यकतानुसार राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, साहित्यिक आदि विभिन्न पक्षों के साथ निज अनुभूतियों का चित्रण कर सकता है।

डायरी विधा का इतिहास विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं से जुड़ा हुआ है । यह एक लेखनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधि है जिसमें व्यक्ति अपने विचार, अनुभव और दैहिक – मानसिक, स्वास्थ्य को दर्ज करता है । डायरी विधा का उपयोग शिक्षा, मनोबल, लक्ष्यनिरूपण और स्वयं विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है।

आधुनिक संदर्भ और रूप में डायरी विधा का प्रादुर्भाव पाश्चात्य साहित्य से हुआ है। अभी तक ज्ञात डायरियों में सबसे पहली डायरी एक अनाम फ्रेंच पादरी द्वारा चालर्स षष्ठ एवं सप्तम् के राज्यों (1401 ई. से 1431 ई.) की अवधि में 'journal de d'um bourgeois de paris' के नाम से लिखी गयी । डायरी साहित्य में जॉन ईवलिन (1620-1706) का स्थान बहुत ऊँचा माना जाता है। यही से डायरी ने विधा का रूप लेना आरंभ किया। अंग्रज़ी डायरी साहित्य में सबसे सशक्त लेखक सैमुअल पैपीज़ को माना जाता है । उसके बाद विलियम वर्ड्सवर्थ की बहन डोरीथी वर्डसवर्थ (1771-1855) का नाम लिया जाता है। इनके अतिरिक्त जार्ज एलिओट, थॉमस क्रीवी, वर्जिनिया वुल्फ, टालस्टॉय, चालर्स पूटर आदि का नाम उल्लेखनीय हैं।[5]

भारतीय साहित्य में डायरी विधा का आगमन 19 वीं शताब्दी में हुआ। छायावाद काल में यह एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में प्रतिष्ठित हुई। जब व्यक्ति तथा उसकी अंतरंग अनुभूतियों को साहित्य में स्थान मिलना प्रारंभ हुआ तो डायरी का प्रचलन तेज़ी से बढ़ा।

क्षमा कौल की डायरी 'समय के बाद' पूर्ण रूप से एक विस्थापित की डायरी है। 1990 में हुआ कश्मीरी पण्डितों का कश्मीर से विस्थापन, उनके मूलभूत कारण तथा विस्थापन के बाद के हालात, इन सभी का स्पष्ट तस्वीर डायरी में प्रस्तुत है। वह बाहरी तौर पर विस्थापन से जूझते हुए स्वयं की तलाश करती हैं, एक पत्नी, माँ तथा बेटी के रूप में अस्तितित्व तलाशती हैं। कहीं – कहीं साहित्य व समाज की झलक भी उभरी है परंतु केन्द्र में एक विस्थापित कश्मीरी हिन्दू स्त्री ही रहती है।

इसी परिपाटी पर निदा नवाज़ की डायरी 'सिसकियाँ लेता स्वर्ग' भी है। एक तरफ जहाँ क्षमा कौल कश्मीरी पण्डितों के कश्मीर से विस्थापन की पीड़ा की बात करती हैं वहीं दूसरी ओर निदा नवाज़ कश्मीर समस्या से जूझते एक आम कश्मीरी की ओर ध्यान केन्द्रित करते हैं।

अजीत कुमार की डायरी 'अंकित होने दो' तीन भागों में विभक्त है – परिमण्डल, अनुभूति और रचना, जो आगे भी उपशीर्षकों में अंकित है। यह डायरी मानसिक आवेग से अधिक घटनाओं पर प्रतिक्रिया रूप में उभरती है। एक अच्छे लेखक की तरह अजित बहुत ही सूक्ष्म दृष्टि रखते हैं। स्टेशन पर बैठे हुए, ट्रेन पर सफर करते समय छोटे – छोटे दृश्यों व अनुभवों को अंकित करते हुए वह एक वैचारिक दृश्य उकेरते हैं। एक भिखारी के मुख के हाव – भाव को रेखांकित करते हुए उसको समाज से जोड़ना अजित जी ही कर सकते हैं –

"मैंने गौर किया कि भीख माँगने से पहले और भीख माँग चुकने के बाद उनके चेहरे कुछ और ही होते हैं। बस भीख माँगने का क्षण ऐसा होता है कि भिखारी हम तथा कथित न माँगने वालों से भिन्न दिखाई पड़ते हैं। वरना,

उनमें और हममें अन्तर ही क्या हैं।"[6]

इसी प्रकार समाज के विभिन्न पहलुओं पर वह अपनी सूक्ष्म दृष्टि से घटना का वैचारिक पक्ष स्पष्ट करते चलते हैं।

रामधारी सिंह दिनकर की डायरी जनवरी 1961 से लेकर दिसम्बर 1972 तक की है। उन्होंने अपने जीवन के इन बारह वर्षो की अधिकांश घटनाएँ इस डायरी में अंकित की हैं। लेखकीय और वैयक्तिक संबंधों के कई धरातल इसमें उजागर हुए है। दिनकर जी डायरी की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहते हैं – "डायरी हो या आत्मकथा, आदमी अपने सही रूप को उस तरह आँक नहीं सकता जिस तरह उसे कोई तटस्थ व्यक्ति आँक सकता है।"[7]

परंतु फिर भी उनके जीवन के काफी अनछुए पहलू यहाँ झलक जाते हैं। राजनैतिक जीवन के साथ दिनकर जी साहित्यिक जीवन भी उत्कृष्ट कोटि का रहा है। डायरी का आरम्भ ही 'उर्वशी' की रचना प्रक्रिया सो होता है। जहाँ वह रचना की प्रक्रिया का उल्लेख इस प्रकार करते हैं, -

"पहले कवि चाहता है कि कविता मुझे पकड़ ले और जब कविता उसे पकड़ लेती है, तब कवि से न सोते बनता है, न जागते बनता है। रचना का यह दर्द उर्वशी के प्रसंग में मैंने आठ वर्ष तक लगातार भोगा है।"[8]

आठ वर्ष की मानसिक पीड़ा के बाद 'उर्वशी' जैसा उत्कृष्ट काव्य उभरकर पाठक के समक्ष आया, जिसने उनके उत्कृष्ट कवि होने को प्रमाणित किया।

हरिवंशराय बच्चन की 'प्रवास की डायरी' में अप्रैल 1952 से जनवरी 1953 तक की तिथियों का समावेश है। प्रस्तुत डायरी बच्चन जी के इंग्लैंड प्रवास के समय की है, जब वह ईट्स पर शोध करने हेतु कैम्ब्रिज विश्विविद्यालय गए थे। इस डायरी में उनके शोध कार्य के समय की गतिविधियाँ, सुन गए लैक्चर्स, पढ़े हुए लेख व पुस्तकों का विवरण आदि मिलता है। यह डायरी केवल एक व्याख्यात्मक दृष्टि ही नहीं रखती, अपितु शोध सामग्री के अतिरिक्त कैम्ब्रिज का परिवेश, लोगों का रहन – सहन उनकी संस्कृति सभी की झलक प्रस्तुत करती है।

पश्चिम ती व्यवस्था को देखते – समझते हुए लेखक जहाँ – तहाँ पूर्व (भारत) व पश्चिम की तुलना प्रस्तुत करता चलता है। कुछ मामलों में पश्चिम की व्यवस्था उचित जान पड़ती है, जैसे सैन्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था आदि। डायरी निजी होने के कारण लेखक की आर्थिक स्थिति स्पष्ट रूप से उभर आती है। बच्चन जी कला के प्रति अपना मत स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि –

"शांति लानी है तो शांति की स्थापना मानव हृदय में करनी होगी और उसे छूना विशुद्ध कला के द्वारा ही सम्भव है।"[9] इसी प्रकार वह बहुधा मनुष्य को, उसकी मानसिकता को कला से जोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त साहित्य को भी मानव से जोड़ने हेतु वह कलाकार को नए आयाम खोजने का सुझाव देते हैं।

बच्चन जी कुछ जगह सूक्तियों के माध्यम से जीवन की फिलॉसफी स्पष्ट करते हैं – "लोग ध्येय बनाते हैं, पर जब आदमी ध्येय तक पहुँतचा है तो उसका आकर्षण खत्म हो जाता है, ध्येय बदल जाता है, मनुष्य फिर संघर्ष में पड़ जाता है।"[10] "मंजिल, मुमकिन है, धोखा दे, पर, यात्रा कभी धोखा नहीं देती।"[11]

काव्य की गहनता को बच्चन जी इन शब्दों में व्यक्त करते है - "कविता गहन भाव – विचारों की या इससे अच्छा होगा यह कहना कि गहन क्षणों की सहज वाणी है या अगम अनुभूतियों की सगम अभिव्यक्ति।"[12]

'मोहन राकेश की डायरी' 1948 से 1968 तक की प्रतिक्रियाओं को समाहित किए हुए है। डायरी 20 वर्षो की है परंतु लेखक बीच – बीच में लम्बा अन्तराल लेता है। कई बार यह अन्तराल एक या दो वर्षो का भी हो जाता है। अनियमित लेखन के बावजूद डायरी लेखक की मानसिकता को अभिव्यक्त करती है।

संपूर्ण डायरी में ही वह एक उपन्यास को लेकर उलझन में रहे कि वह समाप्त हो भी पाएगा या नहीं। कहानियों, नाटकों के ड्राफ्ट कई – कई दिनों तक पड़े रहते परंतु अंतिम रूप न ले पाते। वैसे तो उन्हें 'आषाढ़ का एक दिन' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार भी मिला, परंतु जिस प्रकार का व जितना लेखन कार्य वह करना चाहते थे, नहीं कर पाते थे। एक नाटककार के रूप में उन्होंने इतिहास के किसी प्रसिद्ध चरित्र को नाटक के ज़रिए गौरवान्वित करने वाले ऐतिहासिक नाटकों की परम्परा को तोड़ा। वहीं दूसरी ओर उनकी डायरी में 'नई कहानी' आंदोलन की चर्चा भी मिलती है।

निर्मल वर्मा की डायरी 'धुँध से उठती धुन' वैसे तो 1973-95 तक की नोटिंग्स को अपने में समेटे हुए है। निर्मल वर्मा, जैसा कि स्पष्ट करते हैं कि डायरी को उन्होंने तब लिखा जब वह घर से दूर रहे अर्थात् यह नोटिंग्स शिमला, रानीखेत, मनाली, मॉस्को, मणिपुर, हावर्ड आदि स्थलों पर की गई हैं। विभिन्न स्थलों पर घूमते हुए वहाँ के परिवेश, दृश्य, मौसम आदि का वर्णन वह करते चलते हैं। आसपास के परिवेश का वर्णन अधिकतर उनकी भीतरी मनःस्थिति के अनुरूप ही व्यक्त होता है, -

"किंतु सूरज की इस आखिरी हिचकी में कुछ इतनी भयानक उदासी, इतना ट्रैजिक विलाप है कि हम सहसा आँखे मोड़ लेते हैं, ताकि उसे मरना है, तो अकेला मर सके...।"[13]

इसी तरह हर जगह एक बेचैनी, तलाश का मोह लेखक के साथ – साथ चलता है। एक रिपोर्टर, प्रकृति प्रेमी तथा साहित्यकार के पीछे छिपा अकेलेपन से लड़ता हुआ निर्मल वर्मा का व्यक्तित्व उनकी डायरी में सहज ही उभर आया है।

कृष्ण बलदेव वैद का डायरी लेखन नियमित है। अपने जीवनकाल के 52 वर्षों को उन्होंने वर्ष प्रति वर्ष डायरी में अंकित किया है। 1954 से लेकर 2001 तक की डायरी चार भागों में प्रकाशित है। 'ख्वाब है दीवाने का' उनकी प्रवास के समय की डायरी है, जो अपने देश से दूर रहने की तड़प व बेचैनी दर्शाती है, जिसका माध्यम लेखक के स्वप्न रहे हैं। 'शम'अ हर रंग में' ते अन्तर्गत दो परिदृश्य उभरते हैं, पहला '1954-58' उनके विदेश जाने से पहले का संघर्ष तथा दूसरा '1983-1990' विदेश से लौटकर अपने परिवेश के बदलाव को अपनाने का संघर्ष। 'डुबोया मुझको होने ने' 1991 -97 तक की तिथियों का संयोजन है, इसमें उनकी बढ़ती उम्र की ऊब, मृत्यु बोध के मर्म की आहट सुनी जा सकती है। 'जब आँख खुली गई' '1998-2001' डायरी की अंतिम कड़ी तक आते – आते उनके स्वभाव में एक

स्वीकार्य का भाव आ जाता है। पहली तीन डायरियों में तनाव, उलझाव, हताशा विद्यमान है परंतु अंतिम डायरी में एक निर्णायक स्थिति, एक ठहराव का भाव झलकता है।

समग्र रूप से देखें तो वैद जी अपनी सभी डायरियों में अपनी कमियों पर तीक्ष्ण टिप्पणी करने के साथ – साथ उच्चकोटि के साहित्य सृजन की एक दबी सी कामना प्रस्तुत करते हैं। स्वंय का आकलन व विश्लेषण वह हमेशा अफनी रचनाओं के स्तर पर करते हैं। वे हर बार बाहर व भीतर में सामंजस्य लाने के लिए सदैव स्वयं से ही लड़ते हुए नज़र आते हैं।

रामदरश मिश्र के रचना संसार में उनका डायरी साहित्य महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कविता, कहानी आदि के साथ उनकी तीन डायरियाँ 'आते – जाते दिन', 'आस – पास' और 'बाहर – भीतर' उनके सृजन को और समृद्ध बनाते हैं। 2003 से 2012 तक के 10 वर्षों के समय को बड़ी कुशलता से डायरी में पिरोया गया है। घर परिवार हो या साहित्य जगत, मित्र हो या प्रतिद्वंद्वी सभी विषय विस्तार के साथ उनकी डायरी में स्थान पाते हैं। मिश्र जी डायरी में घटनाओं को लम्बी व्याख्या के साथ प्रस्तुत करते हैं, कभी – कभी तो वर्णन करते हुए वह अतीत की घटनाओं को भी लंबा – चौड़ा लेखा – जोखा प्रस्तुत कर देते हैं।

संवेदना के स्तर पर आम आदमी से जुड़े होने के कारण सामान्य समस्याओं पर भी लेखक की पैनी दृष्टि रही है। समाज के विभिन्न पक्षों पर चर्चा करते हुए वह विवरणात्मक चिंतन प्रस्तुत करते हैं। अपने जीवन के लम्बे काल खण्ड में अर्जित अनुभवों के आधार पर लेखक साहित्य जगत के विभिन्न विषयों को छूते हैं। साहित्य के महत्व पर वह इन शब्दों द्वारा प्रकाश डालते हैं –

"साहित्य जीवन को जितनी अधिक संश्लिष्टता और सघनता में पहचानता और अभिव्यक्त करता है वह उतना ही अधिक प्रभावशाली होता है।"[14]

यह एक वाक्य अपने आप में ही व्याख्यात्मक है तथा साहित्य का जीवन से संबंध एक गूढ़ अर्थ में स्थापित करता है। इसी प्रकार की भाषा विन्यास का प्रयोग संपूर्ण डायरी को और अधिक रोचक तथा व्याख्यायित विषय को अधिक महत्वपूर्ण बनाता है।

आलोचना के स्तर पर साहित्य के विभिन्न प्रतिमान स्थापित करने वाले विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की 'दिन रैन' शीर्षक से डायरी जो फरवरी 1968 से लेकर जून 2013 तक के विशाल कालखण्ड को अपने में समेटे हुए है। पैंतालीस वर्षों का लम्बा समय, उसमें लेखक की बनती – बदलती विचारधारा, साहित्य जगत की गतिविधियाँ, उनका मित्र – मण्डल, बदलते परिवेश में जूझता उनका व्यक्तित्व समय के अनुरूप उभरता नज़र आता है। यह डायरी अधिकांशतः साहित्यिक क्रियाओं – प्रतिक्रियाओं से भरी हुई है। यहाँ वह सृजन प्रक्रिया, लेखक – पाठक संबंध, विभिन्न विमर्श, काव्य, भाषा, समकालीन काव्य विमर्श जैसे विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हैं। वह काव्य सृजन की परिपाटी के लिए स्पष्ट शब्दों में कहतें है कि, -

"महसूस तो सभी करते हैं पर सब उसे व्यक्त नहीं कर पाते। कवि इस समस्या को सुलझा लेता है।"[15]

इसी प्रकार लेखक ऐसी सरल भाषा तथा छोटे – छोटे वाक्यों में माध्यम से साहित्य की विभिन्न अवधारणाओं को व्याख्यायित करते चलते हैं जो उनकी डायरी को रोचक व आकर्षक बनाती है।

यदि समग्र रूप से बात की जाए तो डायरी विधा लेखक के संपूर्ण जीवन, उसके परिवेश यहाँ तक की उसके युग का बोध कराती है। पारिवारिक, वैयक्तिक, राजनैतिक, साहित्यिक क्षेत्र को व्याख्यायित करते हुए लेखक का वैचारिक मंथन डायरी प्रस्तुत करती है। अतः डायरी निजी विधा न होकर समाज को देखने का दर्पण है। जहाँ एक खास दृष्टिकोण से घटनाओं की छवि देखी जा सकती है। अतः डायरी एक गौण विधा न होकर समस्त समाज की वैचारिक प्रस्तुति के साथ लेखक और समाज की अंतःकेन्द्रित यात्रा का ज्वलंत दस्तावेज भी है।

**संदर्भ ग्रथ सूची-**

1. डॉ. हरदेव बाहरी, अंग्रजी, हिन्दी पारिभाषिक शब्दकोश, पृ. 179
2. रामधारी सिंह दिनकर, व्यक्तिगत निवंध और डायरी, पृ. 53
3. मोहन राकेश, मोहन राकेश की डायरी, पृ. 9
4. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, दिन रैन, भूमिका
5. J.A. Cuddon, Dictionary of literary terms & literary theroy, पृ. 220,221
6. अजित कुमार, अंकित होने दो, पृ. 194
7. रामधारी सिंह दिनकर, व्यक्तिगत निवंध और डायरी, पृ. 54
8. रामधारी सिंह दिनकर, व्यक्तिगत निवंध और डायरी, पृ. 120
9. हरिवंशराय बच्चन, प्रवास की डायरी, पृ. 126
10. हरिवंशराय बच्चन, प्रवास की डायरी, पृ. 246
11. हरिवंशराय बच्चन, प्रवास की डायरी, पृ. 130
12. हरिवंशराय बच्चन, प्रवास की डायरी, पृ. 62
13. निर्मल वर्मा, धुँध से उठती धुन, पृ. 28
14. रामदरश मिश्र, आस – पास, फ्लैप एक
15. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, दिन रैन, पृ. 89

**सहायक ग्रंथ सूची**

1. माजदा असद, गद्य की नई विधाओं का विकास, ग्रंथ अकादमी, नई दिल्ली, 1991
2. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, छायावादोत्तर हिन्दी गद्य साहित्य, विश्वविद्यालय प्रका., वाराणसी,1968
3. नया ज्ञानोदय पत्रिका, नवम्बर, 2003
4. वया पत्रिका, डायरी निजता की अनुभूति 1, 2023

*************************

# संजीव के उपन्यासों के दर्दनाक गाथा की कलात्मक अभिव्यक्ति

**-डॉ.अम्बर कुमार चौधरी**
सहायक प्राध्यापक,
हिन्दी विभाग,
रवींद्र भारती विश्वविद्यालय,कोलकता

**शोध सारांश :** संजीव हिन्दी कथा-साहित्य के एक मूर्धन्य साहित्यकार माने जाते हैं। संजीव ने अपने उपन्यासों में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, विषमताओं को केन्द्र बिन्दु बनाया है। मानव जीवन के विविध समस्याओं का मार्मिक-कलात्मक उद्घाटन तथा मजदूर-दलित, पीड़ित, शोषित-नारी, आदिवासी व शोषितों को शोषकों से मुक्त करने के पक्ष में संजीव के उपन्यासों का उद्देश्य परिलक्षित होता है। संजीव के उपन्यासों की बुनावट पूर्णतः देशी है। इसका ताना-बाना आँचलिकता के धरोहर पर खड़ा है और इसमें लोक जीवन की धड़कन मौजूद है। संजीव के उपन्यासों में एक ओर लोक संस्कृति के मूल्यवान सन्दर्भो की अभिव्यक्ति हुई है, तो दूसरी ओर उनकी दृष्टि वैज्ञानिक है। उन्होंने उपन्यासों में लोकगीत, लोककथा, लोक संगीत, लोक नाट्य, लोक कला, आदि का कलात्मक रूप में प्रयोग किया है। उन्होंने संघर्षवादी चेतना को कलात्मक रचाव दिया है। संजीव के उपन्यासों की भाषा सशक्त और अर्थवान है। प्रवाहात्मकता, काव्यात्मकता, आंचलिकता, जनधर्मिता, यथार्थ, लोकतत्व जैसी कई विशेषताएँ भाषा में मिलती है।प्रभावी और कलात्मक अभिव्यक्ति महत्त्वपूर्ण मानदण्ड उनके उपन्यासों में सहज ही दिखाई देता है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से यह निष्कर्ष ढूंढने का प्रयास किया है कि संजीव का उपन्यास साहित्य सामाजिक बदलाव की माँग करता है।

**कुंजी शब्द :** संजीव, हिन्दी साहित्य, कथा साहित्य, उपन्यास।

**भूमिका :** मनुष्य के जीवन में हर कार्य के पीछे कोई न कोई उद्देश्य होता है। पाश्चात्य आलोचकों ने साहित्य के प्रधान उद्देश्य आनंद प्राप्ति, जीवन की आलोचना करना, प्रसन्नता एवं शिक्षा देना आदि माने हैं। उपन्यास के विषय क्षेत्र के विकास के साथ-साथ उसके लक्ष्य में भी विविधता दिखाई देती है। ठीक उसी प्रकार संजीव भी आधुनिक काल के उपन्यासकारों के बीच सामाजिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आदि में से किसी भी प्रकार की रचना में किसी न किसी उद्देश्य को लेकर ही लिखते हैं। संजीव के उपन्यासों का उद्देश्य मानव जीवन की व्याख्या करना, मनुष्य के वास्तविक जीवन को अभिव्यक्त करना, मानवतावादी दृष्टि का विकास करना तथा मनुष्य के विविध अंगों का मूल्यांकन करना परिलक्षित होता है। संजीव अपने उपन्यासों के जरिए आदिवासी समाज की समस्याओं, संघर्षों एवं सामाजिक, सांस्कृतिक जीवन मूल्यों के साथ उनमें पाई जाने वाली रूढ़ियों, परम्पराओं व अंधविश्वासों का निष्पक्ष रूप से वर्णन करते हैं। समाज, देश और मनुष्यता के प्रति समर्पित होकर संजीव उनकी सहानुभूति का पात्र बनाते हैं। सामंतवाद, पूँजीवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ प्रताड़ित जनता की व्यापक एकता एवं संघर्ष उनका एक ध्येय माना जाता है। अपने कथा साहित्य में जहाँ एक ओर उन्होंने आम जन के दुःख-दर्द की अभिव्यक्ति की है। वहीं उन्होंने बदहाली की कारक शक्तियों के विरूद्ध जाग्रत करने की चेष्टा भी की है।

**विश्लेषण :** संजीव हिन्दी कथा साहित्य में एक सशक्त हस्ताक्षर माने जाते हैं। उन्होंने अपने जीवन में जिन परिस्थितियों का अनुभव किया है, उन्हीं अनुभवों, परिस्थितियों को अपने साहित्य का विषय बनाया है। संजीव के जीवन वृतान्त एवं कृतित्त्व पर प्रकाश डालने के पश्चात् हम कह सकते हैं कि, उन्होंने जीवन को जिस रूप में देखा, जाना और समझा है, उससे उनके व्यक्तित्त्व एवं कृतित्त्व का सृजन हुआ है। जीवन की अनुभूति के अनुसार उन्होंने लेखन कार्य किया है। प्रेमचन्द के बाद हिन्दी साहित्य में उसी व्यक्तित्त्व के धनी कथाकार संजीव ही हैं। लेकिन व्यक्तित्त्व में जिन्दादिल दोस्त, ईमानदारी, स्त्री एवं देश के प्रति सद्भावना आदि विशेषताएँ दिखाई देती हैं। उन्होंने उपन्यासों के माध्यम से हाशिए पर जीवन जीने वालेलोगों, उपेक्षित पिछड़े वर्गों तथा शोषितों की व्यथा को व्यापक धरातल पर प्रस्तुत करने का असाधारण कार्य किया है। उपन्यास लेखन संजीव के लिए कोई शौक या हॉबी की वस्तु न होकर उनका एक मिशन बन गया है। वे एक अन्वेषी किश्म के माने जाते हैं और लोक से जुड़ी समस्याओं को रचने का कार्य करते हैं। वे हमेशा तमाम सन्दर्भो का अध्ययन-अन्वेषण कर उन्हें रचनात्मक रूप देने का अथक प्रयास करते हैं। उनके उपन्यास एक ओर प्रेमचन्द, रेणु की परम्परा से रिश्ता रखते हैं तो दूसरी ओर वे समकालीन जीवन को भी नजर अन्दाज नहीं करते। वे एक ओर संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन को महत्त्वपूर्ण स्थान देते हैं और वहीं दूसरी ओर वैज्ञानिक दृष्टि का भी विकास करते हैं। इसलिए इनके बारे में कहा गया है- **"संजीव के उपन्यासों का कथ्य मौलिक और अछूत संदर्भों को उजागर करता है। वे किसी व्यक्ति की कहानी कहने की अपेक्षा किसी अंचल संदर्भ या समस्या को व्यापक धरातल पर व्याख्यायित करते हैं। उनके उपन्यासों का कथा चुनौतियाँ राहों से गुजरती है।"**1 उनके उपन्यासों में कथा तो किसी एक क्षेत्र से सम्बद्ध होती है; लेकिन उसका वे व्यापक परिप्रेक्ष्य में चित्रित करते हैं। उनके उपन्यासों में कथागत बिखराव, सन्दर्भ बहुलता, विस्तार आदि के कारण कथा-रस में विविधता देखने को मिलता है। उनके उपन्यासों का दुरत गति से पठन करना सामान्य पाठक को असंभव है, लेकिन वह पढ़े बगैर इसका अंदाजा लगाना असंभव सा दिखता है। संजीव जी विज्ञान का छात्र होते हुए भी उन्होंने साहित्य के प्रति काफी रूचि रखकर उसे विकसित करते हुए हिन्दी साहित्य को समृद्ध करने का सफल प्रयास किया।

संजीव आदिवासियों की सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनैतिक, शैक्षणिक समस्याओं और शोषण आदि से उत्पन्न घृणा, संघर्ष, असंतोष को आधार बनाकर अपने उपन्यासों का कथानक बुनते हैं

तथा जीवंत दस्तावेज़ को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करने का सार्थक प्रयास करते हैं। इनके उपन्यास किसी व्यक्ति की कहानी कहने की अपेक्षा किसी विशेष अंचल की समस्याओं और अछूत-पहलुओं को उद्घाटित करते हुए, वहाँ के जन-जीवन, संस्कृति-सभ्यता को जीवंत रूप में सामने लाते हैं। उनके उपन्यास साहित्य में मजदूरों, बेरोजगारों की दुर्दशा, शोषण, पूँजीपति, कलाकार, पुलिस, असफल प्रेम, धार्मिक आस्था, अंधविश्वास, धर्मान्तरण, हिन्दू-मुस्लिम सम्बन्ध, गरीबी, सत्ता एवं राजनीति, उद्योगपति आदि विषयों में से मुख्य रूप से आदिवासी लोगों की समस्याएँ उनका शोषण आदि को केन्द्र बनाया है। समाज में स्थित अज्ञान, अंधश्रद्धा, आर्थिक अभाव को केन्द्र बिन्दु में रखकर उनका संशोधन बुद्धि से चित्रण किया है।

**'किसनगढ़ की अहेरी'** उपन्यास में आर्थिक विषमता, बन्धुआ-प्रथा, जातिभेद, शोषण, निम्नवर्ग और उनका जीवन संघर्ष एवं पूँजीपतियों की काली करतूतों को समेटा है। उपन्यासकार ने मटरु पात्र के मनोभाव को इस तरह चित्रित किया है- ***''उन्हें विश्वास है कि गाँव के भाग्य नियंता वे ही हैं वे- यानी उसके शकुन और टोटके! साही काँटे खरभान के घर की नींव में गाड़कर उसकी मरती हुई संततियों में डूबते वंश को बचाया तो मुर्दा की हड्डी नींव में गाड़कर कितनों को निंवेश किया। साही के काँटो दो घरों में खोंसकर उनमें झगड़ा लगवाया, नहा कर पसारे गए चुनरी के लूगा से देह पुंछवा कर गली के प्रताव से रुपई का सेंहुवा ठीक करवाया।..... पता नही कितने-कितने साधन हैं उनके पास रोग-शोक की मुक्ति के।''2*** आजाद देश के नव अंग्रेज बुरी तरह से देशवासियों का खून एवं आजादी के रस का आस्वाद किस प्रकार लेते हैं, उसे स्पष्ट किया है। **'सर्कस'** उपन्यास में उपेक्षित कलाकारों की व्यथा 'सर्कस' की दुनियाँ का भूगोल, अन्तर्विरोध, कलाकारों की उपेक्षा, सर्कस मालिकों की कुटिलताएँ, कलाकारों का शोषण एवं त्रासदी तथा सर्कस की अंदरूनी दुनियाँ को उजागर किया है। **'सावधान! नीचे आग है'** उपन्यास में कोयला अँचल क्षेत्र की खदान है, जो जल प्लावन का शिकार बन गयी थी। इसमें खदान में काम करने वाले मजदूरों का दयनीय जीवन ठेकेदार दलालों की कुटिलताएँ, शोषण तन्त्र नए रूप और व्यवस्थागत विसंगतियों का यथार्थ रूप से चित्रण हुआ है। **'धार'** उपन्यास में संथाल परगना का बांसगड़ा अँचल और संथाल आदिवासी केन्द्र में हैं। इसमें पूँजीवादी व्यवस्था, शोषण तन्त्र, माफियागिरोहों का आतंक, राष्ट्रीय सम्पत्ति की लूट, मेहनतकश आदिवासियों की अभिसप्त जिन्दगी और व्यवस्थागत विसंगतियों आदि को उजागर किया है। **'जंगल जहाँ शुरू होता है'**, उपन्यास में आपरेशन ब्लैक पाइशन उपन्यास का मुख्य केन्द्र बिन्दु है। इस प्रदेश में मूलतः डाकू समस्या यहाँ आरोपित नहीं तो यहाँ के प्राकृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक परिवेश की ऊपज है। जाति, धर्म, पूँजीवादी व्यवस्था, शोषण, राजनीतिक तथा थारू-जनजाति, प्रकृति, संस्कार, जैसे कई कारक व्यक्ति को डाकू बनाते हैं। इसका जीता-जागता चित्रण प्रस्तुत उपन्यास में परिलक्षित होता है। उनके उपन्यास-साहित्य में भी कोयलांचल, जातिवाद, सामंतवादी-क्रूरता, अनैतिक दुष्कर्म, ज्योतिष, ऐय्याशी और स्त्रियों, मेहनतकशों का शोषण-दमन, सर्कस में काम करने वाले लोगों की ऊपर से दिखाई देने वाली चकाचैंध के साथ-साथ उनके जीवन की वास्तविकता उनके प्रति मालिकों का अनिष्ट व्यवहार, खान कामगारों का आक्रोश, कोयला खदान, पूँजीपति वर्ग द्वारा सन्थालों का शोषण, दरिद्रता, अंधश्रद्धा, अँचल की संस्कृति, रीति-रिवाज, फैक्ट्री में काम करने वाले लोगों का शोषण, डाकुओं का आंतक, थारूओं की संस्कृति, पुलिस का आंतक, आदिवासियों का शोषण, झारखण्ड मुक्ति-आन्दोलन, बेकारी की समस्या आदि का यथार्थवादी रूप में पर्दाफाश करने में संजीव को सफलता मिली है। आजादी के बाद भी आदिवासी समाज, विस्थापन, भुखमरी, बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। निजीकरण, उदारीकरण की नीतियों ने आदिवासी समाज के सामने विस्थापन की सबसे बड़ी और प्रमुख समस्या खड़ी कर दी है। विस्थापन के कारण आदिवासी समाज के सामने न केवल पहचान और अस्मिता का संकट आया है, बल्कि उनके अस्तित्व ही खत्म होने की राह पर खड़ा है।संजीव के कथा साहित्य में विस्थापन और उसके कारण उपजी सामाजिक, सांस्कृतिक पहचान के संकट का मार्मिक चित्रण हुआ है। विस्थापन होने के साथ ही उनकी सामूहिकता में पली-बढ़ी सामाजिक व्यवस्था नष्ट हो जाती है। उनके सभी पर्व, त्यौहार, नृत्य गान जो उनकी सामूहिक संस्कृति की पहचान हैं वे सब नष्ट होते जा रहे हैं।

**'पाँव तले की दूब'** शीर्षक अपने-आप में पूरी कथा कहने का प्रयास करता है। पाँव तले की दूब को कितना भी खाद-पानी दे दिया जाए, वह उजिया नहीं पाती है अर्थात् अपना विस्तार नहीं कर पाती है और कुपोषित ही रहती है। लोग अपनी सुविधा के लिए उसे लतमर्दन करते रहते हैं क्योंकि वह गर्मी में शीतलता प्रदान करती है एवं जाड़े में ठंड से बचाती है, इसलिए हर कोई उसे कुचलते हुए आगे बढ़ जाता है। ठीक उसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र से भरे हुए प्राकृतिक संसाधनों से लबरेज होते हुए भी आदिवासी उजिया नहीं पाता है; उसका विस्तार, विकास, उन्नति एवं उद्धार नहीं हो पाता है। वह अपने अस्तित्व के लिए हमेशा संघर्ष करता रहता है और वह हमेशा लतमर्दन होता रहता है। कभी विस्थापन की वजह से तो कभी प्रदूषण की वजह से तो कभी सरकार की गलत नीतियों की वजह से। 'पाँव तले की दूब' उपन्यास में संजीव आदिवासियों को अपनी जमीन वापस लेने के लिए संघर्ष करवाते हैं। वह दर्शाते हैं कि - ***''दूसरी सुबह हम जल्दी-जल्दी तैयार होकर टीले पर पहुँचे थे। मेड़ पर नगाड़ा बज रहा था और तीर धनुष, कुल्हाड़ी, हंसिया लिए काले -काले दरिद्र आदिवासी, महिला, पुरूष, बच्चे तक दो एक बंदूक भी थी। बहुत दूरी पर खड़े कुछ अपेक्षाकृत सम्पन्न से दिखने वाले लोग ताक रहे थे........ मगर वे पास न फटके और दोपहर तक सारा धान कट-बटकर पहाड़ की दरारों में समा गया।''3*** उपन्यास में संजीव आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के प्रति सचेत करते नजर आते हैं। उसका प्रत्येक जगह शोषण होता रहता है। वह ठीक 'पाँव तले की दूब' की तरह दूसरों को तो ठंडक पहुँचाता है पर अपने अस्तित्व की रक्षा भी नहीं कर पाता और उसके लिए हमेशा संघर्ष करता रहता है।

संजीव के उपन्यास साहित्य में सामाजिक समस्याओं के

साथ-साथ राजनीतिक समस्याओं का भी चित्रण हुआ है। दलसिंगार ठाकुर नाई जाति के कामधन्धों और उच्च जाति के लोगों की प्रताड़ना से तंग आकर सोचता है- ***''पिछले जन्म में जरूर कोई ऐसा बड़ा पाप किया होगा कि इस जन्म में नाई के घर पैदा हुए। और ये जो बड़ जात में जनमें हैं, उन्होंने कोई बड़े पुन्न का काम किया होगा............ बड़ जात में जनम लेकर फिर से वही, पाप करने लगे हैं, इसका क्या होगा, अगले जनम में?''4*** सामाजिक समस्याओं और राजनीतिक भ्रष्टाचार से खोखला एवं जर्जर बन रही परिस्थितियों को संजीव ने उपन्यासों के जरिये बख़ूबी दिखाया है। संजीव के उपन्यासों के विषय-वस्तु एवं शिल्प दोनों ही दृष्टि से परवर्ती उपन्यासों से भिन्न है। इनके उपन्यासों में पूर्वाग्रह से मुक्त होकर जीवन को यथार्थता से दिखाने का प्रयास किया गया है। लेखक ने कथानक को भोगे-देखे हुए यथार्थ से जोड़कर प्रस्तुत किया है इसलिए यह अधिक प्रामाणिक दिखाई देता है। राजनीतिक भ्रष्टाचार बढ़ गया है। एक बार कुर्सी मिल जाने पर नेतागण जनता की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते। पंचायत, शासन-व्यवस्था के कारण नेताओं की संख्या बढ़ती गई है; परिणामस्वरूप राजनीति में अवसरवादिता एवं भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। जनता के पवित्र वोटों से चुनकर आये नेता जनता की रक्षा करने के अलावा उससे विश्वासघात करके अपनी जेबें भर लेता है। संजीव अपने उपन्यासों में आदिवासी समाज की रूढ़ियों, परम्पराओं, अंधविश्वासों का वर्णन के साथ उन आदिवासी समाज के उन जीवन मूल्यों का भी वर्णन करते हैं जिनके आधार पर यह समाज सदियों से जीता आ रहा है। सामुहिकता, लोकतांत्रिकता, समानता, स्वतंत्रता आदि ऐसे जीवन मूल्य जिनके आधार पर आदिवासी संस्कृति अपना अलग अस्तित्व रखती है। संजीव ने अपने लेखन के बारे में स्वयं कहते हैं कि ***''देश के लाखों, दलित, दमित, प्रताड़ित, अवहेलित जनों की जिजीविषा और संघर्ष का मैं ऋणी हूँ। जिन्होंने वर्ग, वर्ण, भाषा, सम्प्रदाय के तंग दायरों को तोड़ते हुए शोषकों, दलालों, कायरों के विरूद्ध मानवीय अस्मिता की लड़ाई लड़ी है और लड़ रहे हैं। मेरा लेखन उससे ऋण मुक्ति की छटपटाहट भर है"5*** संजीव के कथा साहित्य में आदिवासी समाज की रूढ़ परम्पराओं एवं अंधविश्वासों का भी निष्पक्ष रूप से वर्णन हुआ है। संजीव इन परम्पराओं और अंधविश्वासों पर गहरी चोट करते हैं और उन्हें समाप्त करने का विकल्प सुझाते हैं। वे अपने उपन्यासों में आदिवासी समाज में प्रचारित उन पुरातन परम्पराओं पर भी चोट करते हैं जिनकी वजह से समाज का पूरा संतुलन और संरचना पर घातक असर होता है। वे इन सभी परम्पराओं अंधविश्वासों के लिए शिक्षा की कमी और शोषणकारी लोगों की चालाकी के साथ खुद आदिवासी समाज को भी जिम्मेदार ठहराया है। शिक्षा के प्रसार से ही आदिवासी समाज में चेतना और जागृति लाई जा सकती है।

संजीव के उपन्यासों की भाषा सशक्त और अर्थवान है। उनके उपन्यासों में पात्रानुकूल भाषा का सर्वत्र प्रयोग हुआ है। उपन्यासों में केवल मौलिक कथ्य की ही खोज नहीं करते बल्कि उसकी कलात्मक प्रस्तुति भी करते हैं। वे धारदार, ऊर्जास्वित, कथ्य के अनुरूप उसका ताना-बाना बुनने के हिमायती हैं। प्रवाहात्मकता, काव्यात्मकता, आंचलिकता, जनधर्मिता, यथार्थ, लोकतत्व जैसी कई विशेषताएँ भाषा में मिलती है। उपन्यासों की भाषा को सशक्त बनाने की दृष्टि से अवधी, बंगाली, भोजपुरी तथा आदिवासी बोलियों के शब्दों का प्रयोग सफलता से किया है। शब्द-योजना को सफल बनाने के लिए संस्कृत, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, भोजपुरी, बंगाली, अवधी आदि पात्रानुकूल शब्दों का एवं भाषा सौन्दर्य के लिए उपमान, शब्द शक्तियाँ आदि का सार्थक रूप में प्रयोग किया है। संजीव के उपन्यासों में काव्यात्मकता गीत एवं लोकगीतों का प्रयोग भी दिखाई देता है। कहावतें, लोकोक्तियाँ, वर्णनात्मकता, पत्रात्मकता स्वप्न, पूर्वदीप्ति, चित्रात्मक शैली, लोकतत्व और मिथक आदि के माध्यम से सरसता विविधता एवं रोचकता का निर्माण किया है। भाषा-शैली, लोकोक्तियाँ, गाली-गलौच आदि का भी प्रयोग करते हैं। संजीव ने अपने उपन्यास साहित्य की भाषा को प्रभावमयी एवं रोचक बनाने के लिए अनेक प्रकार की शैलियों का प्रयोग किया है, जिसमें वर्णनात्मक, आत्मकथामक, पत्रात्मक, संवाद, पूर्वदीप्ति, व्यंग्यात्मक, भाषण, फैंटेसी, प्रतीकात्मक शैलियों का प्रयोग करते हैं।

**निष्कर्ष:** संजीव एक परिश्रमी, बेचैन, प्रतिबद्ध और जनधर्मी चेतना के पक्षधर व उपन्यासकार हैं। संजीव का उपन्यास संसार विविध संभावनाओं से भरा है। वे उपेक्षित सन्दर्भो का गहराई से अन्वेषण कर उसकी कलात्मक अभिव्यक्ति करते हैं। वे उपन्यास लेखन के लिए अनछुए विषय को तलाशते हैं। वे बहुधा वैज्ञानिक दृष्टि, प्रगतिशील विचारक, शोध प्रवृत्ति से काम लेने वाले बहुआयामी व्यक्ति हैं, जो हिन्दी साहित्य को अनेक मौलिक रचनाएँ देकर समृद्ध करते रहते हैं। निःसन्देह संजीव की उपन्यास यात्रा उल्लेखनीय और नई राह पर अग्रषित होती दिखाई देती है। उन्होंने हिन्दी उपन्यास को नई अर्थवत्ता, नया तेवर, नई भाषा, नई दृष्टि एवं नया स्वर दिया है। संजीव अपने उपन्यास साहित्य में पर्दाफाश करते हुए लोगों में उसका विरोध करने की दृष्टि से चेतना निर्माण करते हैं। इस प्रकार निष्कर्षतः कह सकते हैं कि संजीव के उपन्यास मूलतः पिछड़े, शोषित, वंचित, उपेक्षित, प्रताड़ित, वर्जित क्षेत्र की दर्दनाक गाथा को वाणी देते हैं।

## संदर्भ सूची :

1. (सं.) मनीष कुमार गुप्ता, आदिवासी समाज और हिन्दी उपन्यास, 2017, अनुसंधान पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, कानपुर, पृ. सं – 157.

2. संजीव, किशनगढ़ के अहेरी, मीनाक्षी पुस्तक मंदिर, दिल्ली प्र.सं. - 1981, पृ. सं – 40.

3. संजीव, पांव तले की दूब, वाग्देवी प्रकाशन, बीकानेर, प्र.सं. -2005, पृ. सं – 15.

4. संजीव, सूत्रधार, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, प्र.सं. -2004, पृ. सं – 157.

5.संजीव, संजीव की कथा यात्राः पहला पड़ाव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. सं – 10.

************

# भारतीय सिनेमा और तकनीक : बाहुबली फिल्म के विशेष संदर्भ में

**-अरुण कुमार**
शोधार्थी हिंदी विभाग
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
मो. न. 98109955802

वर्तमान दौर तकनीकी का दौर है, हर रोज हम एक नई तकनीक से परिचित होते हैं। आज कल हर जगह तकनीक का प्रयोग हो रहा है नई नई मशीनें हमें देखने को मिल रही हैं और हर क्षेत्र में तकनीक का प्रभाव देखा जा सकता है। घर से ले कर बड़ी सी फैक्ट्री में हर जगह आपको मशीन देखने को मिल जाएगी, हम चारों तरफ से मशीनों से घिरे हुए हैं। यही मशीनें हमारे जीवन को आसान बना रही हैं। ये हमारा काम करने के साथ साथ हमारा मनोरंजन भी कर रही हैं। लेकिन तकनीकी का संबंध केवल मशीन या मशीन सम्बन्धी प्रत्ययों से नहीं है अपितु इनके बिना भी तकनीकी का प्रभावी प्रयोग हो सकता है। तकनीकी शब्द का उद्भव ग्रीक भाषा के 'टेकनिकोस' (Technikos) शब्द से हुआ हैं जिसका अर्थ है कला, कलामय या व्यावहारिक कुछ विद्वान इसकी उत्पति ग्रीक भाषा के दो शब्दों टेकने (techne) तथा लोगोस (logos) से मानते है। टेकने (techne) का अर्थ है-कला, कौशल, क्राफ्ट या निश्चित तरीके या ढंग से जिसके द्वारा कुछ प्राप्त किया जाए है तथा लोगोस ( logos ) का अर्थ शब्द व निश्चित कथन जिसके माध्यम से अन्तर्निहित विचारों को अभिव्यक्त या भावाभिव्यक्त किया जाए है। तकनीकी का अर्थ है- कुशलता, कुछ करने या बनाने की प्रणाली । सामान्य अर्थ में तकनीकी से आशय है- वैज्ञानिक सिद्धांतों, ज्ञान, विस्थाओं तथा प्रविधियों का व्यवहारिकता में अनुप्रयोग से हैं। इसका तात्पर्य किसी भी प्रयोगात्मक कार्य करने के तरीके से है, जिसमें वैज्ञानिक ज्ञान या सिद्धांतों का अनुप्रयोग किया गया हो। इसकी परिभाषा से ये तो साफ हो गया कि तकनीक सिर्फ मशीन नहीं है। इसके अलग अलग रूप हैं, जैसे शैक्षिक तकनीक, उद्योग तकनीक, वाणिज्य तकनीक - आदि इसके रूप हैं।

अब हर क्षेत्र में तकनीक देखने को मिल रही है, तो फिल्म जगत इससे कैसे पीछे रह सकता है। वैसे तो फिल्म निर्माण भी एक तकनीक ही है, लेकिन समय के साथ- साथ फिल्म निर्माण की तकनीक में बहुत से बदलाव आए और ये बदलाव फिल्म जगत को बहुत ही ऊंचाई तक ले गए हैं। वर्तमान समय की फिल्म और पुराने समय की फिल्म को देख कर ये आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पहले की तकनीक और अब के समय की तकनीक में कितना अंतर है। ऐसा नहीं है कि फिल्म जगत में वर्तमान समय में ही तकनीक का इतना प्रयोग देखने को मिल रहा है, फिल्म जगत में समय समय पर ऐसे प्रयोग होते - रहे हैं। जिससे सिनेमा को कुछ उत्कृष्ट फिल्म प्राप्त हुई जिनमें मुगल ए आजम, पाखीजा, उमराव जान आदि प्रमुख हैं। पुराने समय की फिल्मों में भव्य सेट ही तकनीक थी, एक्शन इतना नहीं होता था।

वर्तमान समय की बात करें तो हर फिल्म में एक्शन सीन होते हैं, कुछ फिल्म तो सामान्य होती हैं पर कुछ फिल्म में ऐसे एक्शन सीन होते हैं जो दर्शकों की कल्पना से परे होते हैं। ये सब वी एफ एक्स से ही मुमकिन है। पुराने समय मैं ये तकनीक नहीं थी, लेकिन वर्तमान समय में इस तकनीक का उपयोग लगभग हर फिल्म में होता है। यहाँ पर थोड़ा सा वी एफ एक्स के बारे में बता कर मैं अपने विषय पर आऊँगा जब कोई सीन शूट करने में महंगा हो या खतरनाक हो तो उस सीन को शूट करने के लिए कुछ स्पेशल इफेक्टस का इस्तेमाल किया जाता है यह इफेक्ट वीडियो बनाने के साथ में किया जा सकता है या वीडियो एडिट करते समय किया जा सकता है तो इन सभी इफेक्ट्स को ही वी एफ एक्स कहा जाता है। ऐसी कोई फिल्म नहीं है जिसमें इस तकनीक का उपयोग न होता हो किसी भी फिल्म में ऐसा कोई सीन आए जिसको देख कर लगे की ये संभव नहीं है, तो आप समझ जाइए इसको वी. एफ. एक्स. की मदद से बनाया गया है। वी एफ एक्स का उपयोग काफी बढ़ गया इसके पीछे का कारण है, इसमे खतरा नहीं होता और ये सस्ता भी होता है। इसी तकनीक से बने हुए बहुत से सीन बाहुबली फिल्म में मौजूद हैं।

## बाहुबली फिल्म और तकनीक :-

बाहुबली एक ऐसी फिल्म है जिसको दर्शकों ने बहुत पसंद किया। एक सामान्य सी कहानी लिए हुए ये फिल्म भारतीय सिनेमा की

सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की सूची में अपना स्थान बनाने में सफल हुई। ये फिल्म भारत में ही नहीं विश्व के दूसरे देशों में भी देखी गई और वहाँ के दर्शकों ने भी इसको पसंद किया। विदेश में भी इस फिल्म ने बहुत अच्छी कमाई की, विदेश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय मूल की फिल्मों की सूची में भी शामिल हुई। फिल्म समीक्षक अतुल कुमार कहते हैं- "आज जब बाहुबली देखते हैं तब आप सिर्फ फ़िल्म नहीं देखते वरन भारतीय सिनेमा का बदलता इतिहास देखते हैं, आप भारतीय सिनेमा में पहली बार भारत को देखते हैं। बाहुबली मात्र एक फिल्म नहीं, ये अश्लीलता और फूहड़ता के पश्चिमी शोर में अकेले गूंजता हुआ भारतीय शंखनाद है।"

बाहुबली फिल्म दो हिस्सों में निर्मित हुई पहला भाग बाहुबली द बिगनिंग 10 जुलाई 2015 सिनेमा घरों में प्रदर्शित हुई और दूसरा भाग बाहुबली 2 द कन्क्लूजन 28 अप्रैल 2017 को आई ये दोनों फिल्म बड़े बजट में बनी थीं और दोनों फिल्मों ने उम्मीद से बढ़कर कमाई भी की। बाहुबली की कहानी एक पौराणिक कहानी है, जिसमें महिष्मती राज्य होता है इसी राज्य को लेकर दो भाइयों के बीच हुए संघर्ष को दोनों भागों में दिखाया गया है। एक फिल्म को दर्शक तभी पसंद करते हैं जब उसकी कहानी अच्छी हो, उसमें एक्शन हो और कुछ अच्छे दृश्य हों, इन दिनों घोर वास्तविकता के आस- पास डोलने वाली हिंदी फिल्मों के बीच यह फिल्म अलग झोंके की तरह है, जो मनमोह लेती है, तिस पर इसके शानदार विजुअल इफेक्ट्स जिन्होंने एक अलग ही दुनिया हमारे समक्ष परदे पर रच दी है। परदे पर चलती कहानियां हम आए दिन देखते हैं, लेकिन किसी कहानी के साथ परदे पर एक जादुई दुनिया की रचना होती दिखे, तो? एस. एस. राजामौली की 'बाहुबली' कुछ ऐसा ही कर दिखाती है। फिल्म शुरू होने के कुछ समय बाद तक आप को लग सकता है कि क्या पुराने जमाने की कहानी है, किसी बालकथा जैसी...लेकिन जैसे ही झरनों की सम्मोहक दुनिया से निकलकर आप माहिष्मति की राज्यसीमा में प्रवेश करते हैं, सिनेमा अपने विविध रंगों में आपके समक्ष परत-दर-परत उघड़ने लगता है। एक-एक दृश्य आंखों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं लगता। ये सब तकनीक के कारण ही संभव हो पाया है। दृश्यांकन हो, परिधान हो, दृश्यों की पृष्ठभूमि हो, या फिर हर दृश्य में छुई गई महीन बारीकियां सब कुछ चमत्कृत करता है। यह जरूर है कि इसके ज्यादातर दृश्य क्रोमा तकनीक का इस्तोमाल करके रचे गए हैं, लेकिन आंखों के समक्ष वे इतने जीवंत ढंग से सामने आते हैं कि असल लगते हैं और हर दृश्य को इतनी बारीकी से समझा और गढ़ा गया है कि आप खुश हुए बिना नहीं रह पाते हैं। फिल्म को बनाने के लिए पूरी तरीके से कंप्यूटर ग्राफिक्स का उपयोग किया गया है। बाहुबली के पहले भाग में आधे घंटे का युद्ध दिखाया गया है जिसमें दो ताकतवर इन्सान लड़ते हैं। साथ ही उनकी बड़ी सी सेना भी होती है, जिसमें हाथी, घोड़े, बैल सभी होते है। इस युद्ध में कंप्यूटर ग्राफिक्स का इतने अच्छे से उपयोग हुआ है कि दर्शक अपने दांतों तले उँगलियाँ चबाते रह जाते है। आपको यह भी हैरानी होगी कि युद्ध का मैदान असली नहीं है। वो सब कंप्यूटर ग्राफिक्स का ही कमाल है। युद्ध के दृश्य जो लंबे जरूर हैं लेकिन आंखों के समक्ष वे इतने जीवंत ढंग से सामने आते हैं कि असल लगते हैं और हर दृश्य को इतनी बारीकी से समझा और गढ़ा गया है कि आप खुश हुए बिना नहीं रह पाते हैं। फिल्म को बनाने के लिए पूरी तरीके से कंप्यूटर ग्राफिक्स का उपयोग किया गया है। बाहुबली के पहले भाग में आधे घंटे का युद्ध दिखाया गया है जिसमें दो ताकतवर इन्सान लड़ते हैं। साथ ही उनकी बड़ी सी सेना भी होती है, जिसमे हाथी, घोड़े, बैल सभी होते हैं। इस युद्ध में कंप्यूटर ग्राफिक्स का इतने अच्छे से उपयोग हुआ है कि दर्शक अपने दांतों तले उँगलियाँ चबाते रह जाते है। आपको यह भी हैरानी होगी कि युद्ध का मैदान असली नहीं है। वो सब कंप्यूटर ग्राफिक्स का ही कमाल है। युद्ध के दृश्य जो लंबे जरूर हैं लेकिन सुपरहिट हॉलीवुड फिल्म '300' के दृश्यों का मुकाबला करते हैं। फिल्म समीक्षक रवींद्र त्रिपाठी बाहुबली के युद्ध दृश्यों की तारीफ करते हुए लिखते हैं "इसमें अगर किसी तरह की कोई भव्यता है तो वह इसके मेकिंग या निर्माण में है। वह इसके रणक्षेत्रों में दिखाए गए हथियारों तीरों, तलवारों, ढालों भालाओं, गदाओं आदि में है। युद्ध कौशलों में है। घुड़दौड़ों में है"। बहुत कम फिल्में होती हैं जिनमें दर्शक का ध्यान परिधानों तथा मेकअप की तरफ जाता है, लेकिन 'बाहुबली' में ये दोनों पहलू भी आकर्षित करते हैं। फिल्म के एक सीन में प्रभास को शिवलिंग अपने कंधे पर उठाये देखा गया है, इतने कठिन सीन में भी प्रभास बहुत अच्छे से फिट बैठ रहे हैं, जो सीन को एक दम अद्भुत बना रहा है। यह भी ग्राफिक्स के कारण ही संभव हो पाया है। वरना इतना बड़ा शिवलिंग उठाना आसान काम नहीं है। फिल्म का सेट हमें एक अलग दुनिया में ले जाता है, जो हमें आज से 500 साल

पीछे ले जाती है। फिल्म के कुछ ऐसे दृश्य जो बिल्कुल भी संभव नहीं हैं उनको वी एफ एक्स के द्वारा बनाया गया है। जिससे वो हमें बिल्कुल असली दिखाई पड़ते हैं। बाहुबली फिल्म के कलाकारों को ऊंचे-ऊंचे पहाड़ पर खड़े देखकर आपको लगता है, हीरो को कितना मजा आ रहा है, लेकिन ये तो पूरा कमाल ही तकनीक का है।

अब बात फिल्म के दूसरे भाग की करते हैं, भव्यता के मामले में ये फिल्म पहले भाग से पीछे नहीं है बल्कि आगे ही है। इसमें भी तकनीक का प्रयोग हुआ है और फिल्म को पूरी तरह से पहले भाग से अच्छा बनाने का प्रयास किया गया है। बाहुबली 2 भव्यता और विशालता में पहले भाग से ज्यादा बड़ी और चमकदार हो गई है। सब कुछ बड़े पैमाने पर रचा गया है। फिल्म में पचास से अधिक प्रतिशत एक्शन है। "वीएफएक्स और तकनीक की मदद से निर्देशक एसएस राजमौली ने भारतीय सिनेमा को वह अपेक्षित ऊंचाई दी है, जिस पर सभी भारतीय दर्शक गर्व कर सकते हैं। हॉलिवुड के भव्य फिल्मों के समकक्ष 'बाहुबली' का नाम ले सकते हैं"।

वी एफ एक्स और कंप्यूटर एडिटिंग इतना आसान नहीं होता इसी फिल्म के एक्शन सीन को कंप्यूटर जेनरेटेड इमेजरी से जोड़ने का काम करने वाली कंपनी माकुटा वीएफएक्स के सहसंस्थापक पीट ड्रेपर कहते हैं, "अगर कला आसान होती, हर कोई वो करता ।" इसी बात को आगे बढ़ाते हुए ड्रैपर बताते हैं कि "हर एक शॉट की अपनी चुनौती होती है तभी हर दिन उसे निपटाते हुए सुबह के 4 बज जाते हैं। "विजुअल इफैक्ट्स प्रमुख ड्रेपर हर दिन फिल्म के शूटिंग सेट पर होते थे। उनका काम यह सुनिश्चित करना होता था, कि लोकेशन और एक्टरों के शॉट और हरकतें ऐसी हों, जिन्हें बाद में कंप्यूटर स्क्रीन पर सीजीआई इनहैंस्ड रेंडरिंग के साथ सिन्क्रोनाइज करना संभव हो दिन में सेट पर आधे अधूरे से महल के सेटो के साथ असली शूटिंग होती और रात में ग्राफिक्स की मदद से दृश्य को पूरा किया जाता। बेहद बारीकी के इस काम को करने में 80 से अधिक टेक्नीशियंस की टीम लगी थी। कुल बजट 6.7 करोड़ डॉलर का था प्रोडक्शन के र्च को सीमा में रखने के लिए सिर्फ भारत ही नहीं तमाम देशों के 35 बड़े स्टूडियो में बांट कर इसे किया गया।

**निष्कर्षत:** भारत में फंतासी फिल्में बनती रही हैं; दिमाग पर थोड़ा जोर डालेंगे तो जितेंद्र अभिनीत 'पाताल भैरवी' और 'हातिमताई' जैसी फिल्में याद आ जाएंगी। लेकिन 'बाहुबली' एक अलग ही स्तर पर है। यह उस जमाने में बनी है जब तकनीक आपकी दासी बनकर आपके साथ खड़ी है और जिसके इस्तेमाल से आप जो चाहे रच सकते हैं। तकनीक से लगभग सभी दृश्य जो नामुमकिन लग रहे होते हैं, वो भी मुमकिन हो जाते हैं। यही कारण है की भारतीय सिनेमा अब हर दिन दर्शकों को एक नई दुनिया से अवगत करवा रहा है। ये सब तकनीक के कारण और अच्छे निर्देशन के कारण ही संभव है। बाहुबली फिल्म इसका एक सटीक उदाहरण है। जिसमें अच्छी तकनीक के साथ साथ एस एस राजामौली का श्रेष्ठ निर्देशन हमें देखने को मिला। कल तक हम हॉलिवुड फिल्म देख कर उसमें देखी गई तकनीक को भारतीय फिल्मों में उसकी कल्पना करते थे, बाहुबली ने उस कल्पना को साकार किया है। ऐसा भी नहीं कि बाहुबली फिल्म में उपयोग तकनीक का स्तर हॉलीवुड फिल्म की तुलना में कमतर हो वही स्तर जो हॉलिवुड फिल्म में दिखाया जाता है, वही स्तर हमें बाहुबली फिल्म में देखने को मिलता है। बाहुबली फिल्म तकनीक का सही उपयोग करने के लिए भारतीय सिनेमा में अपना एक अलग स्थान बना चुकी है। इसको देखकर दूसरे निर्देशक भी कुछ नया दिखाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि भारतीय सिनेमा को ऊंचाई प्रदान कर सकें।

**संदर्भ सूत्र:**

1. https://www.atulkumarrai.com/film-review-bahubali-hindi
2. https://cutt.ly/DGoB2Ef
3. https://cutt.ly/YGoCvDM
4. https://cutt.ly/pGoFa9Y

सहायक सूत्र:

1. https://cutt.ly/dGo48pf
2.https://satyagrah.scroll.in/article/13042/film-review-bahuball
3. https://cutt.ly/fGpeyaC
4. https://www.makehindi.com/vix-kya-hall
5. https://cutt.ly/EGpecOw

************

# 60के दशक की कविताओं में लोकतंत्र के मूल्य (विशेष सन्दर्भ: मुक्तिबोध,धूमिल, रघुवीर सहाय)

**अंकित यादव**
एम.ए. पास - (हिंदी विभाग)
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
मो.9648121893

लोकतंत्र से तात्पर्य एक ऐसी शासन व्यवस्था से है, जहाँ जनता के द्वारा शासक का चुनाव हो। लोकतंत्र शब्द का निर्माण यूनान के डेमोक्रेशिया से बना है, जहाँ 'डेमोस'का अर्थ लोग और 'क्रेशिया' का अर्थ है, शासन। इस प्रकार डेमोक्रेसी अर्थात् लोकतंत्र का अर्थ है लोगों का शासन।भारत में लोकतंत्र का आगमन स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सविधान लागू होने के साथ हुआ। भारत में लोकतंत्र के इस वायदे के साथ आया कि उसका उद्देश्य लोकतांत्रिक शासन सत्ता के माध्यम से समाज को लोकतांत्रिक बनाना है इसी कारण हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में मौलिक अधिकार (12-35) जैसे विशेष अधिकारों को जोड़कर जनता की शक्ति में इजाफा किया।

परंतु आने वाले समय में राजनेताओं एवं पूजीपतियों द्वारा किए गए शोषण के कारण लोकतंत्र के उदांत प्रभाव भारती शासन एवं समाज से धीरे धीरे विस्थापित होते चले गये फलस्वरूप लोकतंत्र का लोक भ्रष्टाचार एवं सांप्रदायिकता की आंच में मिटता गया है। तंत्र उस लोक पर हावी हो गया। तत्कालिन परिस्थिति में जनता के आजादी के पूर्व देखे सपने इस प्रकार खंडित हुए कि जनता में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गयी। और यह असंतोष शासन सत्ता के साथ -साथ समाजिक सामंती एवं रूढ़िवादी चेतना के प्रति भी था। इस प्रकार यह आवश्य ही था कि तत्कालिन स्थिति का साहित्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा और हिंदी साहित्य के तत्कालिन कवियों ने शासन सत्ता की क्रूरता फैले भ्रष्टाचार जैसे कई ऐसे मुद्दे जो लोकतंत्र के विघटन का कारण बने उन मुद्दों पर बेबाक स्वरों में अभिव्यक्ति ही एवं तत्कालिन सत्ता पर प्रश्न उठाया। इस संदर्भ में हिंदी साहित्य के प्रमुख कवि मुक्तिबोध अपनी कविता बहुत शर्म आती है में अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले लोगों को संबोधित करते है जो शासन सत्ता के जाल में फस कर अपने प्राण खो चुके है-

बहुत खून या छोटी छोटी पंखुड़ियों में
जो शहीद हो गई किसी अनजाने कोने-कोई न बचे
केवल पत्थर रह गए तुम्हारे लिए
अकेले रोने।
मानव मुक्ति सास का
कुसुनकर जिसे
बहुत शर्म आती है
मैने खून बहाया नहीं तुम्हारे साथ।।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में जनता को अनु.14 (भाग -3) के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन तत्कालिन शासन व्यवस्था में शासक के खिलाप आवाज उठाने पर उसे किसी न किसी तरह खत्म करने या उसी आवाज को दबा देने का प्रयास किया जाता है जब की शासन सत्ता की चाटुकारता करने वाले को पुरस्कारों से नवाजा जाता है इस संदर्भ में मुक्तिबोध अपनी कविता मैं तुम लोगों से दूर हूं में कहते हैं -

असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ
इसलिए कि वह चक्करदार ज़ीनों पर
मिलती है।।

रेफ्रीजारेटरो विटैमिनो रेडियोग्रैयों के बहार की गतिविधियों की दुनियां में मेरी वह भूखी बच्ची मुनिया है शुन्यो में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में जनता को यह अधिकार है वह अपना सपने दिखाकर जनता को बरगलाकर वोट बैंक की राजनीत करके सत्ता हासिल करने वाले शासक के सम्बंध में मुक्तिबोध कहते हैं

भूल-ग़लती
आज बैठी है ज़िरहबख़्तर पहनकर
तख़्त पर दिल के,
चमकते हैं खड़े हथियार उसके दूर तक

मुक्तिबोध कहते है कि ये शासक हमारी ही भूल एवं गलतियों का कवच धारण करके बैठा है। और हम पर अत्याचार कर रहा है। मुक्तिबोध लोकतंत्र का क्षरण करती हुई सत्ता के प्रति क्रांति का आग्रह अपनी कविता अंधेरे में करते हुए कहते है कि अगर हम अपनी सुविधा और सुखमय जीवन के बारे में सोचते रहने और एकजुट होकर क्रांति नहीं करेंगे तो ये देश खत्म हो जाएगा।

अब जब वे कुछ नहीं कर पायेंगे
अब तक क्या किया,

जीवन क्या जिया,
ज़्यादा लिया और दिया बहुत-बहुत कम
मर गया देश, अरे, जीवित रहे गए तुम...

मुक्तिबोध जानते है कि शासन अपने खिलाफ स्वरों को तुरंत कुचल देगा फिर भी वे जनता से आग्रह करते हुए कहते है -
अब अभिव्यक्ति के सारे ख़तरे उठाने ही होंगे। तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मिश्रित होते भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रश्न उठाने वाले कवियों में रघुवीर सहाय भी एक महत्वपूर्ण कवि है। संविधान के अनु.21में वर्णित जीवन के अधिकार की व्याख्या को विस्तार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा था

"जीवन का अभिप्राय पशुवत जीवन का अधिक नहीं है। अपितु गरिमामय जीवन का अधिकार है। अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अस्मिता एवं गरिमा है परंतु रघुवीर सहाय लोकतांत्रिक व्यवस्था के विघटन के फलस्वरुप एक व्यक्ति की स्थिति को 'तोते' के समान देखते है जो यह भूल गया कि मैं एक व्यक्ति हूं मेरी अपनी अस्मिता है। जिस प्रकार तोता अपने स्वामी द्वारा रटाये गये शब्दों को रटता रहता है उसी प्रकार सामान्य जगत भी उच्च वर्ग व शासन वर्ग के निर्देश को बिना परखे पालन करती रहती है-

अगर कहीं मैं तोता होता
तोता होता तो क्या होता
बोल पट्ठे सीता राम

इस संदर्भ में किसी विद्वान् की लोकतंत्र के विषय में यह विचार विषेश रूप से प्रासंगिक है -

"व्यक्ति की न्यायप्रियता लोकतंत्र को संभव बनाती है लेकिन अन्याय के प्रति व्यक्ति का रुझान लोकतंत्र को जरूरी बनाता है।

सन् 1975 में आपातकाल के दौरान जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या की गई और व्यक्ति के जीवन के अधिकार को भी जिस प्रकार खत्म कर दिया गया उसका चित्रण रघुवीर सहाय अपनी कविता 'रामदास' में करते है यहां रामदास की हत्या किसी विशेष की हत्या नहीं बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। और जनता के न्याय के विश्वास की हत्या नहीं बल्कि लोकतंत्र की हत्या है और जनता के न्याय के प्रति विश्वास की हत्या है जहां सत्य का साथ देने अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने वाला भी कोई नहीं सभी शासन के फांसीवादी रवैये से डरे हुए हैं -

धीरे-धीरे चला अकेले
सोचा साथ किसी को ले ले
फिर रह गया, सड़क पर सब थे
सभी मौन थे सभी निहत्थे
सभी जानते थे यह उस दिन उसकी हत्या होगी।।

भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार अपने प्रतिनिधि को मत देने का अधिकार परंतु शासक वर्ग के प्रतिनिधि अपने पक्ष में जिस व्यक्ति का मतदान नहीं पाते हैं शासन सत्ता प्राप्त करने के बाद उस व्यक्ति का शोषण करते है, शासक वर्ग एवं मतदाता के बीच का यह तनाव रघुवीर सहाय अपनी कविता कोई एक और मतदाता में इस प्रकार करते है -

रात तक दम तोड़ देता है परिवार
मेरा नहीं एक और मतदाता का संसार।

देश में चुनाव के पूर्व नेता मंचो से भाषण देते हुए अच्छी शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य मूल भूत आवश्यकता को जनता के लिए सुलभ कराने का आश्वासन देते है, परंतु चुनाव जीतने के बाद गरीब जनता वैसे ही स्वास्थ्य के अभाव में प्राण त्याग देती है इसका चित्रण रघुवीर सहाय अपनी कविता 'आत्महत्या के विरुद्ध' में इस प्रकार करते है -

उसने कहा लोहिया से लोहिया ने कहा
कुछ करो।
खुश हुआ वह चला गया अस्पताल में
भीड़ भौचक भीड़ धाय धाय
जब हम दफनाते है
एक हताश लड़के की लाश बार -बार।।

लोकतंत्र के इसी खंडित होते स्वरुप, सुदामा पांडे अपनी कविता 'पटकथा' के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहते है -

दरअसल अपने यहाँ जनतंत्र
एक ऐसा तमाशा है
जिसकी जान
मदारी की भाषा है।

अर्थात् जिस प्रकार मदारी किसी जानवर को अपने वश में करके उससे अपने मन कार्य करवाता है उसी प्रकार हमारे देश के नेता भी जनता को अपने वश में लिए है और उस पर दबाव डालकर अपने मन का कार्य करवाता है। हमारे देश के नेता भी जनता को अपने वश में लिए है और उस पर दबाव डालकर अपने मन का कार्य ही करवा रहें हैं। इसलिए देश में जनतंत्र का केवल नाम और शासक

वर्ग निरंकुश होकर शासन कर रहा है।

भारतीय संविधान अनु.19(1) में जनता को सूचना का अधिकार है परंतु व्यवहारिक परिदृश्य यह है कि जनता को कठोर परिश्रम के बाद भी कुछ नहीं मिलता और उसके परिश्रम का फल उच्च वर्ग क्षपट लेते है तब जनता द्वारा शासक वर्ग से प्रश्न पूछे जाने पर शासन वर्ग उसका जवाब नहीं देता -

एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ़ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ—
'यह तीसरा आदमी कौन है?'
मेरे देश की संसद मौन है

इसी प्रकार सुदामा पांडे धूमिल भी अपनी कविता 'मोचीराम'में व्यक्ति की खंडित होती अस्मिता एवं गरिमा को इंगित करते हुए कहते है -

बाबूजी सच कहूँ—मेरी निगाह में
न कोई छोटा है
न कोई बड़ा है
मेरे लिए, हर आदमी एक जोड़ी जूता है
जो मेरे सामने
मरम्मत के लिए खड़ा है।

अब्राहम लिंकन ने जनतंत्र के संबंध में ये कहा था- "जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा शासन"। तो कही न कहीं आज शासक सबसे बड़ा मोहरा इसी जनता को बनाती है। धूमिल में लोकतंत्र की आलोचना प्रखर रूप से की है। लोकतंत्र की यह आलोचना हवा में न होकर एक परंपरा के रूप में प्राप्त होती है, जिसमें प्रेमचंद, नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, फैज अहमद फैज जैसे कवि व लेखक आते है। 'मैं भी भूखा न रहूं साधु न भूखा जाय' के मर्म को वे क्या जान सकेंगे जो पूरी दुनियाँ की दौलत अपनी मुट्ठी में कर लेने के हर संभव प्रयत्नों में हमेशा लगे रहते है। इस लोकतंत्र को मुक्तिबोध की एक कविता द्वारा समझा जा सकता है।

मैं कनफटा हूँ हठो हूँ
शेलब्रेट - डॉज के नीचे मैं लेटा हूँ
तेलिया लिबास में पुरजे सुधारता हूं
तुम्हारी आज्ञाएँ ढोता हूँ।

वहीं धूमिल की कविताओं में जिस तीसरे आदमी की बात हुई है वहाँ उस लोकतंत्र का खाना प्रस्तुत कर देता है जो कहीं न कहीं उसकी सारी पोल खोल देता है

"यह जनतंत्र
जिसकी रोज सैकड़ो बार हत्या होती है
और हर बार वह भेड़ियों की जुबान पर जिंदा है।"

वहीं मुक्तिबोध अपने समय के लोकतंत्र को शिनाख्त करते है. आज़ादी मिलने के बाद स्थापित हो रहे अपने देश में उस उदार जनतंत्र के रोग लक्षणों की भी। और पाते है कि यह जो उदार जनतंत्र है 'वह अपनी सामन्ती परम्परा से विच्छिन्न होकर भी। सामन्ती शासकवर्गीय प्रकृतियों की तानाशाहियत को अपने खून में लिए हुए है। क्रमशः मुक्तिबोध आजाद भारत की सत्ता - संरचना के प्रातीनीधि चरित्र - लक्षणों की गहन जांच करते है।

मुक्तिबोध की कविता भारतीय लोकतंत्र के अतीत और भविष्य की डार्क साइड को एक भयानक अनुभव की तरह हमारे सामने लाती है

मैं पुकारकर कहता हूँ -
'सुनो, सुननेवालों।
पशुओं के राज्य में जो वियाबान जंगल है
उसमें खड़ा है घोर स्वार्थ का प्रभाव दिखाई देता है।

मुक्तिबोध की 'अंधेरे में' और 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' में इमरजेंसी के दमन और नंदीग्राम के संघर्ष की छवियों के कई । सिलसिले दिखते है। यह उनकी कविता का एक बेहद ख़ास गुण है जो हमें इस तकनीकी अतिरेक के युग से लेकर आदिम गुफाओं तक के मानव को एक साथ पढ़ने और समझने का अवसर देता है। यह मानव लोकसत्ता और राजसत्ता के गुंजित प्रभावों की यातना को झेलता हमोर युग का साधारण मानव है।

मुक्तिबोध की कविता हमारे समय की लोकतांत्रिक हायररेकी और उसकी सामंती संरचनाओं के नेगेटिव का कोलाज भी है। और ये नेगेटिव स्थिर चित्रों के नेगेटिव नहीं है, वे देश, काल और दूरी के सभी किनारों को तोड़ते हुये फैटेंसी की उस दुनियाँ में ले जाते है

जो हमारे असंतुष्ट मन की चेतना में हर समय बेचैन रहती है।

उपसंहार -

लोकतंत्र की आलोचना धूमिल के साहित्य के केंद्र में है। लोकतंत्र की यह आलोचना उनके यहां हवा में न होकर एक परंपरा से प्राप्त होती है, जिसमें प्रेमचंद, नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, फैज़ अहमद फैज़ जैसे कवि व शायर आते हैं। प्रेमचंद गबन उपन्यास में ही देवीदीन खटिक के माध्यम से आने वाले स्वराज की आलोचना करते हैं। फैज़ अहमद फैज भी अपनी 'सुबह-ए-आज़ादी' कविता में 1947 में प्राप्त भारत की राजनीतिक आजादी से गहरे रूप में असंतुष्ट दिखाई देते हैं। नागार्जुन ने भी 15 अगस्त 1948 को 'जन्मदिन शिशु राष्ट्र का' कविता में प्राप्त आजादी की गहरी आलोचना की है।

जैसा कि प्रेमचन्द जी का कथन है कि साहित्य राजनीति के आगे जलने वाली मशाल है। अंत: संविधान लागू होने के बाद देश में राजनीतिक निरंकुशता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन को देखते हुए हमारे तत्कालीन साहित्यकारों ने एक तरफ कहीं- कहीं भ्रष्ट शासन व्यवस्था को दुरुस्त किया एवं उनके कुचक्रो का पर्दाफाश किया एवं वही दूसरी तरफ जनता की दयनीय स्थिति को उजागर किया। तथा जनता को आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

ठीक उसी प्रकार धूमिल की कविता में भारतीय लोकतंत्र के अंतरविरोधों की गहरी आलोचना के साथ ही उनके यहां पक्ष और विपक्ष पूरी तरह स्पष्ट है। विपक्ष अगर संसद और लोकतांत्रिक व्यवस्था है तो पक्ष भारतीय जनता है। इसलिए विपक्ष का कवि धूमिल कहने का अर्थ जनता के पक्ष में और उसके हितों के लिए संघर्ष और प्रतिरोध करने वाला कवि है। उन्होंने कहा कि धूमिल को कुछ आलोचकों ने अराजकतावादी भी कहा है लेकिन यह आरोप किसी भी रूप में सही नहीं है। वास्तव में धूमिल वामपंथी झुकाव वाले ऐसे समाजवादी चेतना के कवि थे जो उन्हें दुष्यंत कुमार, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना और रघुवीर सहाय के अधिक करीब ले जाता है। ऐसा इसलिए कि इन कवियों के यहाँ भी भारतीय लोकतंत्र और उसके अंतरविरोधों की गहरी आलोचना तो मिलती है लेकिन कोई विकल्प नहीं मिलता। दूसरी ओर नागार्जुन और मुक्तिबोध जैसे मार्क्सवादी कवियों के यहाँ जनता के आंदोलन और संघर्ष का विकल्प मौजूद रहता है। यही तत्व कई बार धूमिल की कविता में गहरे आक्रोश और निराशा के रूप में भी दिखाई देता है। इसलिए धूमिल की कविता में भारतीय लोकतंत्र की सबसे प्रामाणिक और विश्वसनीय आलोचना मिलती है।धूमिल राजनीति के प्रचलित रूपों से असहमत थे लेकिन वे राजनीति को ही जनता की मुक्ति का एकमात्र रास्ता मानते थे। इसीलिए यह अब आवश्यक हो गया है कि हम सामाजिक संरचना के स्तर पर जब तक बदलाव नहीं लाएंगे तब तक धूमिल की चिंताओं और जनता के हितों के लिए उनके तनावों को व्यावहारिक परिणति तक नहीं पहुँचा सकते।

वरिष्ठ कवि शिव कुमार पराग ने कहा कि धूमिल को अपने परिवेश में जब कमी दिखाई देती है तो वे अपने समय से असंतुष्ट होते हैं। इसीलिए उनकी कविताओं में मिलने वाला व्यंग्य अधिक धारदार और मारक हो जाता है। उन्होंने धूमिल पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि धूमिल ने अपनी कविता में समय को शब्द में ढाला है, इसीलिए उनकी कविता में जीवन के गहरे दृश्य दिखाई देते हैं, जिसकी छाप पाठक पर पड़ती है। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि धूमिल को धूमिल की तरह ही देखना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र पर जब भी संकट के बादल मँड़राएंगे तब धूमिल एक जरूरी और अनिवार्य कवि के रूप में याद किए जाएंगे।

आधार सामग्री:

1.प्रतिनिधि कविताएं (पे.18)गजनान माधव मुक्तिबोध
2.प्रतिनिधि कविताएं (पे.84)गजनान माधव मुक्तिबोध
3. चाँद का मुँह टेढ़ा है (पे.31)गजनान माधव मुक्तिबोध
4. अंधेरे में (पे.142)गजनान माधव मुक्तिबोध
5.अंधेरे में (पे.161)गजनान माधव मुक्तिबोध
6 .प्रतिनिधि कविताएं (पे.22)रघुवीर सहाय
7. रघुवीर सहाय संचयिता (पे.31)रघुवीर सहाय
8.प्रतिनिधि कविताएं (पे.55)रघुवीर सहाय
9. एक साहित्यिक की डायरी -गजानन माधव मुक्तिबोध
10. पटकथा कविता (धूमिल)
11.कल सुनना मुझे (पे.66) धूमिल
12. संसद से सड़क तक (पे.39) धूमिल
13. कहने दो उन्हें जो यह कहते है (, पे..-114) मुक्तिबोध

# हिंदी साहित्य में लघु-पत्रिकाओं की भूमिका

**-जितेन्द्र कुमार**
शोधार्थी हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
मो. 9899203112

हिन्दी भाषा में पत्रकारिता का ज लगभग 200 वर्ष पूर्व हुआ था। प्रथम प्राप्त हिन्दी साप्ताहिक पत्र है 'उदंतमार्तंड' जो श्री युगलकिशोर शुक्ल द्वारा 30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित किया गया था। यह अल्पकालिक और समाचार प्रधान पत्र था। इसमें साहित्यिकता का पुट नहीं था। इसके पूर्व कुछ लोग दिग्दर्शन नामक पत्र के प्रकाशन की चर्चा करते हैं किन्तु वह सम्प्रति उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में साहित्यिक पत्रिका के रूप में भारतेन्दु द्वारा प्रकाशित कविवचनसुधा को प्रथम कहा जा सकता है। भारतेन्दु जी से प्रभावित होकर उस युग में (1867-1885 के बीच) कई साहित्यिक पत्रिकाएँ प्रकाशित हुई जैसे हिन्दी बगदूत, प्रजामित्र, सुधाकर, बुद्धिप्रकाश, प्रजाहितैषी, आदि। आरंभिक पत्रों में बनारस अखबार उर्दू समर्थक था. राजा लक्ष्मण सिंह का प्रजाहितैषी पत्र संस्कृतनिष्ठ हिन्दी का पोषक था. जबकि हरिश्चन्द्र मैगजीन (भारतेन्दु) और बुद्धिप्रकाश (सदासुख लाल नियाज) आज की भाषा के प्रवर्तक के रूप में मान्य है । भारतेन्दु ने 1873 में नयी चाल में हिन्दी के ढलने की बात कही थी।

लघु-पत्रिकाओं के माध्यम से अनेक साहित्यिक आन्दोलनों का प्रचार प्रसार हुआ है, न जाने कितने ही श्रेष्ठ रचनाकारों की रचनाएँ प्रकाश में आई लेकिन आज जब पत्रकारिता का क्षेत्र इतने विस्तृत रूप में अपनी जड़ें जमा चुका है तब 'लघु पत्रिका' की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। सरल शब्दों में लघु पत्रिका का अर्थ है एक ऐसी पत्रिका जो व्यक्तिगत प्रयासों द्वारा सीमित संसाधनों से निकाली जाए। - ऐसी पत्रिकाओं की सबसे प्रमुख विशेषता यह होती है कि यह पत्रिकाएं किसी प्रतिष्ठित संस्थान या प्रकाशनों द्वारा परिचालित नहीं होती हैं। यहाँ पर लघु पत्रिका का अर्थ केवल लघु आकार या प्रसार का लघु दायरा नहीं है। बल्कि एक ऐसी दृष्टि है जो व्यवस्था के कुकृत्यों के खिलाफ विद्रोही चेतना को तैयार करती है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो यह पत्रिकाएं निःस्वार्थ साहित्य सेवा करती है तथा व्यवस्था के सामंती पूंजीवादी मूल्यों का विरोध कर, प्रगतिशील भूमिका अदा करती है।

हिन्दी साहित्य के अतीत और वर्तमान को पहचानने और विश्लेषित करने की कोई भी कोशिश, लघु-पत्रिकाओं की दुनिया पर नज़र डाले बिना, पूरी नहीं हो सकती। साठ और सत्तर के दशक में उभरे हिन्दी लघु- पत्रिकाओं के विविध-विशद संसार को एक संस्थागत सांस्कृतिक आन्दोलन का रूप देने की कोशिश नब्बे के दशक में की गयी। ख़ास बात यह थी कि यह पहल, कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व में चलने वाले लेखक संगठनों से, अलग तरह की थी। दूसरे, उस समय तक सांस्कृतिक आन्दोलन के लिए ज़रख़ेज़ समझी जाने वाली साहित्य की ज़मीन बदली हुई राजनीतिक- सामाजिक परिस्थितियों में, नयी परिभाषाओं की, माँग कर रही थी। चुनौतियों का स्वरूप पहले जैसा नहीं रह गया था। विचारधारा, प्रतिबद्धता, प्रतिरोध, समाज-रचना, व्यावसायिकता और रचनाशीलता जैसे प्रत्यय संशोधन की माँग कर रहे थे। इस नयी परिस्थिति में साहित्यकारों और लघु-पत्रिकाओं के सम्पादकों को एक ऐसे द्वैध का सामना करना पड़ा जो नये वक़्त की सांस्कृतिक बेचैनियों की नुमाइंदगी कर रहा था।

हिन्दी में लघु -पत्रिका का मतलब लघु आकार, प्रसार का लघु दायरा और प्रकाशन का लघु संरचना तो है ही, ख़ास तरह की चेतना से लैस प्रतिरोध की ज़मीन तैयार करने का सांस्कृतिक-राजनीतिक मर्म भी, इन पत्रिकाओं को, व्यावसायिक पत्रिकाओं से अलग करता है। ख़ुद लघु-पत्रिका या लिटिल मैग़ज़ीन कहने वाले प्रकाशनों की शुरुआत द्वितीय विश्व-युद्ध के दौरान फ्रांस के रजिस्टेंस समूह से मानी जाती है। ज्याँ पाल सार्त्र जैसी हस्तियाँ इसमें शामिल थीं। चूँकि रजिस्टेंस समूह की पत्रिका का तेवर सत्ता के ख़िलाफ़ था इसलिए उसे प्रतिरोध की आवाज़ होने की पहचान मिली। लेकिन, इस इतिहास और सामान्य परिभाषा के बावजूद हिन्दी-क्षेत्र में, इस बारे में, अलग-अलग तरह के विचार मिलते हैं कि लघु-पत्रिका किसे माना जाय किसे नहीं । उन्नीसवीं सदी या उसके उपरान्त जिन लेखकों ने अपनी पत्रिका निकाली, उन्होंने उसे 'लघु' नहीं कहा। वास्तव में विवाद 'लघु' शब्द को लेकर ही है। कुछ लोग लेखकों के छोटे समूह या व्यक्तिगत प्रयास और सीमित साधनों से निकाली जाने वाली सारी पत्रिकाओं को लघु-पत्रिका का दर्जा देते हैं, और कुछ नहीं देते।

रामकृष्ण पाण्डेय ने लघु-पत्रिकाओं के भारतीय परिप्रेक्ष्य को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि-"एक समय था जब भारतीय भाषाओं में छोटी पत्रिकाओं का एक बड़ा आन्दोलन विकसित हुआ था। उसका मूल स्वर व्यवस्था-विरोध और बड़ी पत्र-पत्रिकाओं की जकड़बंदी से साहित्य को बाहर निकालना था। कहना न होगा कि छोटी पत्रिकाओं के आन्दोलन ने उस राजनीति को सम्पोषित किया जो परिवर्तनकामी

थी और सामाजिक रूपान्तरण की पक्षधर थी।

रामकृष्ण पाण्डेय ने जिस दौर को 'एक समय था' कहा है वह, साठ-सत्तर का दशक है। इसी दौर में बड़े प्रकाशन समूहों की पत्रिकाओं के बरअक्स (बल्कि प्रतिरोध में) छोटे स्तर पर (व्यक्तिगत या लेखकों के छोटे समूहों द्वारा) कई पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू हुआ। इनके ज़रिये कई रचनाकार उभरे जो भविष्य में महत्त्वपूर्ण साबित हुए। उस दौर में साहित्य ही नहीं, अन्य कई क्षेत्र भी, बदलाव की प्रक्रिया से गुज़र रहे थे। इस आधार पर कहा जा सकता है कि लघु-पत्रिका के मर्म में परिवर्तनकारी राजनीति और बेहतरी की दिशा में सामाजिक रूपान्तरण की आवाज़ गूंजती है, उसमें वर्चस्वशाली विचारों के प्रतिरोध का मुद्दा केन्द्रीय होता है। कथाकार प्रियंवद ने ठीक ही कहा है कि "विचारशीलता और प्रतिरोध लघु पत्रिका के मूल स्वर हैं। विचारशीलता से आशय है, अपने समाज और समय के द्वन्द्वों को गहरायी से सम्बोधित करना। प्रतिरोध से आशय है मनुष्य विरोधी संरचनाओं को चिह्नित करके उनकी मुखालफत करना, इसमें भी मुख्यतः राजनीतिक वर्चस्ववादी सत्ता का। इसके अतिरिक्त लघु पत्रिका के स्वरूप व उसकी भूमिका को लेकर हमारे पास पहले की कुछ प्रचलित अवधारणाएँ भी हैं। ये हमारी मदद करती हैं। जैसे कि लघु पत्रिका अनियतकालीन हो, लघु आकार की हो, साधारण काज पर साधारण रूप से छपी हो, कम संख्या में प्रकाशित और साथियों के सहयोग से वितरित हो, उसके पीछे कोई बड़ी पूँजी, प्रतिष्ठान, वा सुव्यवस्थित बुनियादी ढाँचा न हो, व्यक्तिगत संसाधनों से निकलती हो, उसका ध्येय आर्थिक उपार्जन न हो, वह किसी विशेष विचारधारा और सत्ता-व्यवस्था का सक्रिय प्रतिरोध हो तथा वह बड़ी पूँजीवादी पत्रिकाओं के आतंक व वर्चस्व को चुनौती देती हो!" प्रियंवद द्वारा दी गयी यह परिभाषा लघु-पत्रिका की सूरत और सीरत स्पष्ट करती है।

कविवचन सुधा को हिंदी की पहली लघु पत्रिका माना जाता है, जिसमें साहित्यिक व सामाजिक विषय एक साथ थे। "भारतेन्दु ने भाषा को संवारने, उसका रूप स्थिर करने में बहुत बड़ा काम किया, लेकिन इससे भी बड़ा काम उन्होंने यह किया कि साहित्य को नवीन मार्ग दिखाया।" सत्तर के दशक में हिंदी साहित्य में कई व्यावसायिक पत्रिकाएं थीं. जो लोकप्रिय भी थी मगर हिंदी के कई साहित्यकारों ने उनका बहिष्कार किया, क्योंकि उनकी नजर में उनका उद्देश्य जन पक्षधर साहित्य को बढ़ावा देने की बजाय पाठक को यथास्थितिवादी विषयों में उलझाए रखना था। तब कई लेखकों ने अपने सीमित साधनों से छोटी-छोटी साहित्यिक पत्रिकाओं को निकालना शुरू किया, जो पाठक के भीतर तात्कालिक सवालों से टकराने के अवसर देती थीं। इनमें कहानीकार ज्ञानरंजन और आलोचक कमला प्रसाद के संयुक्त प्रयास से निकली पहल लघु पत्रिका आंदोलन का सिरमौर बनी। इसके साथ ही क्यों, केक, अणिमा, और बिंदु लहर, अभिरुचि कथा जैसी पत्रिकाएं भी थी, जो छोटे-छोटे स्थानों से निकलकर आंदोलन का माहौल बना रही थी।

'पारिभाषिक अर्थ में लघु-पत्रिका सातवें दशक अन्तिम वर्षों में अस्तित्व में आयीं। यह चरण साहित्यिक से अधिक सामाजिक था। स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान लेखकों या हिन्दी सेवी प्रकाशन संस्थाओं द्वारा जो पत्रिकाएँ निकाली गयी थीं, वे प्रायः एक-एक कर बंद हो चुकी थीं और पत्रिका प्रकाशन पर इजारेदार घराने हावी थे। वहाँ से निकलने वाली पत्रिकाएँ थीं- धर्मयुग, सारिका, साप्ताहिक हिन्दुस्तान आदि। इन्हें रंगीन पत्रिका कहा गया। स्वभावतः इनके द्वारा प्रक्षेपित विचारधारा से नयी पीढ़ी के लेखकों की विद्रोहपूर्ण विचारधारा का विरोध था। रंगीन पत्रिकाओं में उनके लिए जगह नहीं थी। इन परिस्थितियों में नये लेखकों ने अपनी अभिव्यक्ति के लिए ख़ुद मंच बनाना शुरू किया और छोटे-छोटे नगरों / क़स्बों में लघु-पत्रिकाएँ निकलने लगीं। सत्तर के दशक में हिंदी साहित्य में कई व्यावसायिक पत्रिकाएं थीं. जो लोकप्रिय भी थी मगर हिंदी के कई साहित्यकारों ने उनका बहिष्कार किया, क्योंकि उनकी नजर में उनका उद्देश्य जन पक्षधर साहित्य को बढ़ावा देने की बजाय पाठक को यथास्थितिवादी विषयों में उलझाए रखना था। तब कई लेखकों ने अपने सीमित साधनों से छोटी-छोटी साहित्यिक पत्रिकाओं को निकालना शुरू किया, जो पाठक के भीतर तात्कालिक सवालों से टकराने के अवसर देती थीं। इनमें कहानीकार ज्ञानरंजन और आलोचक कमला प्रसाद के संयुक्त प्रयास से निकली पहल लघु पत्रिका आंदोलन का सिरमौर बनी। इसके साथ ही क्यों, केक, अणिमा, और बिंदु लहर, अभिरुचि कथा जैसी पत्रिकाएं भी थी, जो छोटे-छोटे स्थानों से निकलकर आंदोलन का माहौल बना रही थी। इस आधार पर कहा जा सकता है कि भारतेन्दु युग में लेखकों द्वारा निजी प्रयास से निकाली जा रही पत्रिका को लघु पत्रिका की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। दरअसल, उस दौर में तो हिन्दी में यही पत्रिकाएँ थीं। लिहाज़ा उस समय 'बृहद्' और 'लघु' के विभाजन की ज़रूरत नहीं थी। बीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में यद्यपि इंडियन प्रेस सरीखे व्यावसायिक संस्थान पत्रिका-प्रकाशन में सक्रिय थे, पर इस दौर में भी निजी कोशिशों से होने वाले प्रकाशनों को लघु पत्रिका नहीं कहा गया। लेकिन वीर भारत तलवार सत्तर के दशक में लघु-पत्रिकाओं के उभार की धारणा से सहमत नहीं हैं। वे इस परिघटना में साठ का दशक भी जोड़ते हैं। "१९६० और ७० के दशक में लघु-पत्रिकाओं की बाढ़ आयी थी। लघु- पत्रिकाओं का साहित्यिक महत्त्व उभार पर था। तब एक-से-एक अच्छी रचनाएँ इन पत्रिकाओं में छपती थीं। उस वक़्त किसी ने भी इन पत्रिकाओं का संगठन नहीं बनाया, न कोई सचेत आन्दोलन चला। फिर भी आज कह सकते हैं

कि वह अपने आप में एक आन्दोलन जैसा था, जिसने उस वक़्त धर्मयुग और साप्ताहिक हिन्दुस्तान जैसी बड़ी रंगीन व्यावसायिक पत्रिकाओं को साहित्यिक दृष्टि से परास्त कर दिया था।"वीर भारत तलवार की बात से साफ़ पता चलता है कि साठ-सत्तर के दशक में भले ही सचेत आन्दोलन न चला हो, और पत्रिकाओं का संगठन भी न बना हो, पर वह अपने आप में एक आन्दोलन जैसा ही था।

जयपुर में 2001 में लघु पत्रिकाओं का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ और इसी में हर वर्ष नौ सितंबर को लघु पत्रिका दिवस के रूप में मनाना तय हुआ। विभिन्न माध्यमों के जरिये अप -संस्कृति के लगातार प्रसार से इन बीते वर्षों में साहित्य की चुनौतियां बढ़ी ही हैं। ऐसे में, लघु पत्रिकाओं के महत्व व जरूरत पर बात करना प्रासंगिक हो जाता है। इन दिनों हिंदी में लगभग 400 लघु पत्रिकाएं नियमित-अनियमित रूप से निकल रही हैं। भले ही कहा जाए कि इंटरनेट ने किताबों और साहित्य के पाठक घटाए हैं, पर लघु पत्रिकाओं के साथ-साथ किताबों के प्रकाशन में हो रही अपूर्व वृद्धि ने इसे मिथ्या साबित किया है। इसने रचनाओं के प्रकाशन का अवसर देकर लेखक को बड़ा मंच भी उपलब्ध कराया है। दूसरी बात यह है कि किताबें जिस तरह से महंगी और आम पाठक से दूर हो रही हैं, उसमें इन पत्रिकाओं का होना साहित्य की गतिशीलता की पहचान है। विगत 25-30 वर्षों की उम्दा रचनाशीलता इन लघु पत्रिकाओं के जरिए ही सामने आई है।

मुख्यधारा का मीडिया बाजार की शक्तियों के दबाव से साहित्य व संस्कृति के लिए पहले जितना सुलभ नहीं रहा है, वहीं लघु पत्रिकाएं दृढ़ता से पाठकों के सांस्कृतिक बोध को उन्नत कर सकती हैं। कहा जा सकता है कि लघु पत्रिकाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती पाठकों का सांस्कृतिक विकास है, जो थोड़े पाठकों से शुरू होकर अधिकाधिक पाठकों तक पहुंचने से संभव हो सकता है। अनेक लघु पत्रिकाएं अपने हर अंक को किसी ऐसे विषय पर केंद्रित करती हैं, जो अकादमिक व बौद्धिक जरूरतें पूरी करने वाले विषय होते हैं। इधर विधाओं में आ रहे बदलावों व अब तक उपेक्षित समझी गई विधाओं को केंद्र में रख कई लघु पत्रिकाओं ने उम्दा सामग्री दी है। आंदोलन के रूप में भले लघु पत्रिकाएं अब नहीं दिखती हों, मगर इनकी मिरिट आंदोलन जैसी है। भूमंडलीकरण के भयानक सांस्कृतिक हमले से जब हमारे मूल्य तिरोहित हो रहे हैं, तब लघु पत्रिकाएं इस अप-संस्कृति के खिलाफ खड़ी हैं। अब उन्हें नए पाठकों तक पहुंचने की चिंता करनी चाहिए। लघु पत्रिका दिवस मनाने के पीछे मुख्य भावना यही है कि साहित्य में रुचि रखने वाले नए पाठकों को इस संसार से परिचित करवाया जाए। किसी भी जीवित समाज में गतिशील साहित्यिक पत्रिकाएं सत्ता और संपन्नता की मुखापेक्षी नहीं हो सकती बल्कि उन्हें उस समाज के नागरिक निरंतर चलाए रखते हैं।

अरुण कमल ने आलोचनात्मक और साहित्यिक विवेक की रक्षा का दायित्व लघु-पत्रिकाओं के लिए बताकर इसके सरोकार को और व्यापक बनाया:-"लघु-पत्रिका आन्दोलन एक बृहत्तर सांस्कृतिक आन्दोलन का ही अंग है। युरोप में भी लिटिल मैगज़ीन मूवमेंट और अमेरिका में प्रोटेस्ट मूवमेंट है। जब तक प्रतिवाद का आन्दोलन रहेगा, तब तक लघु-पत्रिकाएँ रहेंगी। लघु- पत्रिकाओं का दायित्व है कि वह अपने आलोचनात्मक और साहित्यिक विवेक की रक्षा करें। हिन्दी लेखक अपने रक्त की अन्तिम बूँद तक लघु- पत्रिकाओं के साथ रहेंगे।

**संदर्भ ग्रंथ:**


1. राजेन्द्र यादव (२०१०), 'प्रतिरोध की आवाज रही हैं लघु-पत्रिकाएँ', सण्डे नयी byदुनिया, नयी दिल्ली, २६ सितम्बर, रविवार।
2. वीर भारत तलवार (१९९५), 'लघु पत्रिका आन्दोलन के बारे में कुछ विचार', उत्तरार्द्ध, मथुरा, (उप्र): ६७
3. दैनिक भास्कर, २० जून, २००९, अन्य लेखों में भी लघु पत्रिका आन्दोलन को इस दौर से जोड़ कर बताया गया है। देखें, राजीव रंजन गिरि (२००९), 'लघु पत्रिकाएँ: बड़े सवाल', आज समाज, नयी दिल्ली; ६ जुलाई; प्रियंवद (२००९), 'संघर्ष का स्वर', जनसत्ता, नोएडा।
4. 'महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिन्दी नवजागरण', रामविलास षर्मा राजकमल प्रकाशन।
5. 'आचार्य रामचंद्र शुक्ल और हिंदी आलोचना', रामविलास शर्मा राजकमल प्रकाशन।


************

# रामचरितमानस में मानवेतर पात्रों की उपादेयता (काकभुशुण्डि, गिद्धबंधु और जामवंत के विशेष संदर्भ में)

-विमला भावनानी
सहायक आचार्य,
हिंदी साहित्य,
आचार्य श्रीमहाप्रज्ञ इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस, आसींद, भीलवाड़ा (राजस्थान),

**शोध सार**— भारतीय जनमानस में भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर राम का नाम सभी दिशाओं में गुंजायमान होकर मनुष्यों के साथ-साथ समस्त परिवेश को आनंदित करता रहा है। युग चाहे कोई भी क्यों ना हो, विश्वास और आस्था मनुष्य की जिजीविषा को सकारात्मकता प्रदान करते रहे हैं। इसे आज का मनोविज्ञान भी स्वीकार करता है। सभी जीवों में मनुष्य को ज्ञानी मानव कहा गया है, जो अपनी बुद्धि व बल से असंभव को संभव कर सकता है। कई प्रसंगों में जीव-जंतुओं की चेष्टाओं से भी मानव प्रेरणा ग्रहण करता ही है। तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस रामकथा में सुग्रीव, गरुड़राज जटायु, काकभुशुण्डि, जामवंत, अंगद, हनुमान आदि मानवेतर पात्रों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राम काव्य में वर्णित ऐसे अनोखे चरित्रों ने भारतीय जनमानस पर युग-युगांतर तक अपनी छाप छोड़ी है। इस शोधालेख में कुछ मानवेतर चरित्रों के वैशिष्ट्ध व प्रासंगिकता का उद्घाटन किया गया है।

**बीज शब्द**— अवतार, भक्ति, पुनर्जन्म, शाप, लीला, धर्म, योगबल, युद्ध कौशल, समर्पण, अहंकार, कलियुग।

**मूल आलेख** -भारत का प्राचीन वाङ्मय सम्पूर्ण विश्व में अनूठा व अत्यंत समृद्ध माना जाता रहा है। विशेषकर महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण और महर्षि वेद व्यास कृत महाभारत भारतीय संस्कृति के मूल में एकाकार हो गया है। संस्कृत भाषा में वर्णित राम कथा का जो रूप रामायण में वर्णित था, वह आगे चल कर अनेक भाषाओं व परिवेश के ताने-बाने से नए-नए रूप में प्रकट होता गया। इसी परम्परा में अवधी भाषा में तुलसीदास कृत रामचरितमानस ने सम्पूर्ण भारत के लोगों के बीच सर्वाधिक स्वीकार्य हुआ। यह भारतीय जन-मन में प्रचलित व सर्वाधिक लोकप्रिय रामकाव्य है।

भारतीय मानस की इस बात में गहरी आस्था रही है कि सृष्टि में व्याप्त विविध प्रक्रिया को सचारू रूप से चलायमान करने हेतु दुष्टों के दमन और सज्जनों के कल्याण हेतु समय-समय पर परमशक्ति विभिन्न रूप (अवतार) में प्रकट होती है, जिसे लोक मानस ईश्वरीय अवतार की संज्ञा देता है। इस क्रम में उनके सहयोग हेतु विभिन्न प्रकार शक्तिसंपन्न जीव भी उपस्थित होते रहे है और उनका बाह्य स्वरूप मानव या फिर मानवेतर भी रहा है। काकभुशुण्डि, सुग्रीव, हनुमान, जामवंत, जटायु आदि राम कथा के ऐसे ही मानवेतर पात्र है, जिनके बगैर रामकथा पूर्णता को प्राप्त नहीं हो सकती।

रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास स्पष्ट करते हैं कि राम कथा को सर्वप्रथम शिव ने पार्वती को सुनाया था, जिसे काकभुशुण्डि ने सुन लिया। बाद में उन्होंने नारद जी को और नारद जी ने वाल्मीकि को रामकथा सुनाई, जिससे वाल्मीकि द्वारा रामायण ग्रंथ की रचना की गई। सर्वप्रथम काकभुशुण्डि ने ही संसार में रामकथा का प्रचार-प्रसार किया और गरुड़ जी को रामकथा सुनाई। काकभुशुण्डि का चरित्र एकाएक नहीं बना था। गोस्वामी तुलसीदास ने अपने नानापुराणनिगमागमसम्मत बुद्धि से उनका चरित्र के वैविध्य को उपस्थित किया है। आरम्भ में वे शिव के उपासक थे तथा अन्य देवी-देवताओं का अनादर किया करते थे। इसी क्रम में एक बार शिव मंदिर में जाप करते हुए, उन्होंने अहंवश उन्होंने अपने गुरु की उपेक्षा कर दी और शिवजी के शाप का सामना कर साँप बनना पड़ा –

**बैठी रहेसी अजगर इव पापी। सर्प होहि खल मल मति व्यापी।। (1)**

(अरे पापी ! तू गुरु के सामने अजगर की भाँति बैठा रहा। रे दुष्ट! तेरी बुद्धि पाप से ढक गई है, अतः तू सर्प हो जा और अरे अधम से भी अधम इस अधोगति को पा।)

बाद में हजार जन्म तक अजगर होकर उन्होंने फिर मनुष्य योनि में ब्राह्मण का शरीर पाया। लेकिन फिर सुमेरु पर्वत के शिखर पर लोमश ऋषि के तत्त्व ज्ञान संबंधी उपदेश में रुचि न दिखाकर, मुनि से तर्क-वितर्क किया। लोमश मुनि के क्रोध व शापवश उन्हें कौआ बनना पड़ा-

**सठ स्वपच्छ तव हृदय विशाला। सपदि होंहि पंछी चांडाला।। (2)**

(अरे मूर्ख! तेरे मन में अपने पक्ष का बड़ा भारी हठ है, अतः तू शीघ्र चांडाल पक्षी (कौआ) हो जा।)

बाद में लोमश मुनि द्वारा राम मंत्र और भगवान राम के

बाल रूप के ध्यान की विधि बताया गया। कौए के शरीर में भगवान राम का मंत्र मिलने पर, उन्हें अपने इसी शरीर से स्नेह हो गया और वे काकभुशुण्डि के नाम से पहचाने जाने लगे। वे कई युगों तक कौए के शरीर में रहकर ही रामभक्ति में रमण करते रहे। काकभुशुण्डि जीवों को ब्रह्म ज्ञान की तरफ उन्मुख करने और रामकथा का प्रचार प्रसार करने का कार्य करते रहे। इस प्रकार के प्रसंग पदम्मपुराण और श्रीमदभागवत पुराण में भी मिलते है !

यहाँ पर यह विचारणीय है कि तुलसीदास ने रामकथा के प्रचार-प्रसार व रामकथा से प्राप्त होने वाले सुख को व्यक्त करने के लिए अपने ग्रंथों की रचना की थी। इस अर्थ में काकभुशुण्डि का चरित्र तुलसीदास के मूल मंतव्य की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त काकभुशुण्डि के चरित्र से यह सन्देश मिलता है कि व्यक्ति का अहंकार उसके जीवन में अनेक कष्टों का कारक बनता है।

रामकथा के कई प्रसंगों में काकभुशुण्डि के द्वारा काल (समय) और स्थान से बाहर जाकर समय के बनने व बिगड़ने की प्रक्रिया को देखे जाने का संकेत मिलता है। इसे विज्ञान के सापेक्षता के सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) के परिप्रेक्ष्य में भी देखा सकता है। काकभुशुण्डि किसी भी काल में आ-जा सकते हैं। भारतीय परम्परा के अंतर्गत श्राद्ध पक्ष में पितरों के तर्पण हेतु कौए को भोजन देने की प्रथा पर भी, इस दृष्टि से विचार किया जा सकता है।

संपाती और जटायु के चरित्र का भी उल्लेख रामकथा में महत्त्वपूर्ण है। इन दो गिद्ध भाइयों में से एक की मृत्यु राम के लिए हुई और दूसरे का पुनर्जन्म राम के कारण हुआ। प्रजापति कश्यप और माता विनता की दो संतानों में से एक सूर्यवंशी अरुण के पुत्र संपाती और जटायु थे। ये बहुत वीर, शक्तिशाली और पराक्रमी थे।" दोनों किसी समय सूर्य के पास पहुँच गए थे। सम्पाती ने अपने अनुज को सूर्य की किरणों से व्याकुल देखकर उसे अपने पंखों से बैंक लिया था। इस प्रकार जटायु तो बच गया, किंतु संपाती के पंख जल गए और वह निस्सहाय होकर विंध्य पर्वत पर गिर गया था।" (3) इस अवस्था में निशाकर मुनि ने उनकी सेवा की और आशीर्वाद देकर कहा कि जब सीताजी की खोज में वानर सेना के साथ जामवंत और हनुमान आए तो उनकी यथा योग्य सहायता करना, जिससे तुम्हारे पंख पुनः आ जाएँगे और बल को प्राप्त होंगे। रामकथा के प्रसंग में जब अंगद, हनुमान और जामवंत तथा अन्य वानर जब सीता माता की खोज हेतु उस स्थान पर आए, तो संपाती ने रावण की लंका की ओर इशारा कर कहा।

**जो नाघई सतयोजन सागर। करई सोराम काज माति आगर।।**

**मोहि बिलोकी धरहु मन धीरा। राम कृपा कसमयहू सरीरा ।। (4)**

(जो सौ योजन समुद्र लांघ सकेगा और बुद्धिमान होगा। वही श्री राम का कार्य कर सकेगा। निराश होकर घबराओ मत। मुझे देखो मन में धीरज धारण करो श्री राम की कृपा से देखते ही देखते मेरा शरीर कैसा हो गया। बिना पंख का बेहाल था, पंख उगने से सुंदर हो गया।) संपाती अपनी दूरदर्शिता से रावण की लंका में स्थित अशोक वाटिका में बैठी चिंताग्रस्त सीता की स्थिति का वर्णन कर देता है-

**गिरि त्रिकूट ऊपर बस लंका। तहं रह रावण सहज अशंका।।**

**तह अशोक उपवन जहरहहि। सीता बैठि सोच रत अहई। 1 (5)**

जब रावण छल पूर्वक सीता का हरण करके ले जा रहा था, तब जटायु ने सीता की पुकार सुन रावण को ललकारा और युद्ध किया-

**तब सक्रोध निसिचर खिसिआना। काठेसी परम कराल कृपाना।।**

**कोटेसि पंख परा खग धरनी। सुमिरी राम करि अद्भुत करनी।। (6)**

(क्रोधित रावण ने अपने तलवार से गिद्धराज जटायु के पंख काट दिए और उसे मरणासन्न भूमि पर छोड़ दिया। राम जी ने जब गिद्धराज जटायु को इस अवस्था में देखा तो उसने राम जी से संपूर्ण वृत्तांत कह सुनाया।)

क्षत-विक्षत अवस्था में वह धीर पक्षी प्राणों को तब तक रोके रहता है जब श्री राम से भेंट नहीं होती। रावण द्वारा सीता हरण का घटनाक्रम सुनाकर जटायु ने प्रभु श्रीराम की गोद में प्राण त्याग दिये। श्रीराम जी ने उनका दाह संस्कार, पिंडदान व जलदान किया-

**गिद्धदेह तजि धरी हरिरूपा। भूषण बहू पटपीत अनूपा ।।**

**स्यामगात विशाल भुज चारी। अस्तुति करत नयन भरि भारी।। (7)**

(जटायु ने गिद्ध की देह त्याग कर हरि का रूप धारण किया और बहुत से अनुपम आभूषण व पीतांबर पहन लिए। श्याम शरीर है, विशाल चार भुजाएँ हैं और नेत्रों में प्रेमानंद के आँसू भरकर वह स्तुति कर रहा है।)

इस प्रकार दोनों गिद्धबंधुओं ने रामकथा में सहयोगी के रूप

में भूमिका का निर्वहन कर प्रसिद्धि प्राप्त कर ली। दुष्ट द्वारा अपहृत सीता की खोज में दुःखी राम ने इन दोनों के प्रति आभार प्रदर्शित किया। राम के व्यक्तित्व की विराटत्ता है कि वे हिंसक व मांसाहारी पक्षियों में अन्तर्निहित सहयोग भाव की सकारात्मकता को पहचान लेते हैं। यह गिद्धबंधुओं के लिए भी कम आश्चर्यजनक नहीं था और इसी कारण वे राम के स्नेहसिक्त व्यवहार पर रीझ गए। गिद्धबंधुओं का चरित्र आज भी संकेत देता है कि हम सभी को अपने परिवेश के प्रति सजगता रखनी चाहिए। साथ ही किसी भी अन्याय के प्रति अपनी क्षमता के अनुरूप विरोध करना चाहिए और अपनी शक्ति का उपयोग किसी की मदद करने के लिए करना चाहिए। ऐसे नेक कर्मों का फल सदा ही कल्याणकारी होता है। अत्यंत बलशाली व अत्याचारी रावण का विरोध करते हुए, जटायु और सीता का पता बता कर संपाती रामकथा के साथ ही साथ अमर हो गए।

रामकथा में रीक्षराज जामवंत को सृष्टि निर्माता ब्रह्मा जी का अंशावतार माना गया है। ब्रह्मा जी को जम्हाई के समय उनके मुख से प्रकट होने के कारण, इनका नाम जामवंत पड़ा। रावण से युद्ध के समय श्रीराम की सेना के सेनापति का पद इन्होंने ही संभाला था। रावण के दूत सादुल ने भी जाम्बवान के अत्यंत बलशाली होने की चर्चा की थी। लेकिन इसके बावजूद वे बुद्धि व रणकौशल की बात को ज्यादा महत्त्व देते है। लंका जाने के लिए समुद्र को लांघने की चर्चा पर जामवंत ही हनुमान का नाम सामने लाते हैं और फिर हनुमान में शक्ति का संचार करने के लिए, जामवंत ने ही उन्हें उत्साहित कर उनके असीम बाल की स्मृति कराई -

**पवन तनय बल पवन समाना। बुद्धि विवेक विग्यान निधाना।।**
**कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहीं होत तात तुम पाही।। (8)**

(तुम पवन के पुत्र हो और बल में पवन के समान हो। तुम बुद्धि, विवेक और विज्ञान की खान हो। जगत में कौन सा ऐसा कठिन काम है जो है तात! तुमसे ना हो सके।)

जब मेघनाद वानर सेना पर हावी हो रहे थे। तब मेघनाथ के फेके त्रिशूल को हाथ में पड़कर उसे मेघनाद की छाती पर दे मारा था। जामवंतजी जी ने क्रोध में भरकर पैर पड़कर उसको घुमाया और पृथ्वी पर पटक कर उसे अपना बल दिखाया। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर औषधि लाने हेतु हनुमान को आदेश भी जामवंत ही देते हैं। युद्ध काल में श्री राम पर जब नैराश्य भाव छाने लगता है, तब जामवंत ने ही उन्हें उत्साहित किया।

स्पष्टतः जामवंत का चरित्र ज्ञान और बुद्धि के प्रयोग को महत्त्व देते हुए, बल के संयमित प्रयोग का संकेत देता है। वे त्वरित निर्णय के समय अपने ज्ञान व बुद्धि का सहारा लेते हैं। दुःख व निराशा के क्षण में दूसरों में जिजीविषा व आशा का संचार करना भी जामवंत की महत्त्वपूर्ण विशेषता है। ये गुण आज के मनुष्यों को भी प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।

राम के मित्रों में वानर जातीय सुग्रीव प्रमुख हैं। सुग्रीव के साथ राम का आदर्श मित्र-भाव है। सुग्रीव की कष्टगाथा सुनकर वे बालि के वध की तुरन्त प्रतिज्ञा करते हैं और पूर्ण सहायता देने का विश्वास दिलाते हैं - सखा सोच त्यागहु बल मौरे। सब विधि घटब काज मैं तोरे || (9)

'बालि-वध' के पश्चात् राम सुग्रीव को किष्किंधा का राजा भी बना देते हैं। राज-लक्ष्मी में लिप्त प्रमादी सुग्रीव पर वे क्षुब्ध भी होते हैं, किंतु क्षमा माँग लेने पर वे उसे भरत-तुल्य भाई कहकर गाढ़ मित्रता का परिचय भी देते हैं। 'अपने अग्रज बालि से प्रपीड़ित येन-केन प्रकारेण जीने वाला सुग्रीव सहज मानवीय गुणों से समन्वयित है। राम से मित्रता होने पर वह एक ओर मानव दुर्बलता वश राजमद में डूब राम काज विस्मृत कर देता है, तो दूसरी ओर सीता शोधार्थ वानर सेना प्रेषण, सेतु निर्माण, सैन्य नेतृत्त्व, राक्षसों से युद्ध आदि के द्वारा वह राम की पूर्ण सहायता करता है। "(10) अयोध्या लौटने पर सुग्रीव का परिचय वशिष्ठ जी से कराते हुए राम उन्हें 'समर सागर का बेड़ा' कहते हैं। विदा के समय राम उन्हें सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित कर अविरल मित्र प्रेम का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। " (11)

राम अपने मित्रों के साथ गहन मित्रता का संबंध निर्वाह करते हैं। वे न मित्रों की जाति या कुल पर विचार करते हैं, न उनके गुण-शील का परीक्षण करते हैं और न ही उनके सुसंस्कृत असंस्कृत रूप को अपनी मित्रता का मापदंड बनाते हैं। रामकथा के विभिन्न प्रसंगों में मित्रों के प्रति राम का सौहार्द प्रकट हुआ है। राम सुग्रीव को अपने विश्वासी मित्र के रूप में ग्रहण करते हैं। राम अपने मित्रों पर आत्मीयता उड़ेलते हुए, उन्हें भरत-लक्ष्मण की तरह प्रिय स्वीकारते, उनको अभय दान एवं राजकीय सम्मान प्रदान करते तथा सुग्रीव को विपुल वैभव से सम्पन्न कर देते हैं। राम अपने मित्र के लिए भ्रातृत्व एवं दुःख निवारकता के रूप में रूप में प्रतिष्ठित हैं। श्रीराम की मित्रता वैयक्तिक लाभालाभ पर आश्रित न होकर, लोकसेवा की व्यापक भूमिका तैयार करता है।

अंगद रामकथा में अंगद (राजा बालि के पुत्र) बल में अपने पिता से कम न थे। पिता की आज्ञा शिरोधार्य कर श्री राम के शरणागत हुए और रामकथा में अपने बल युद्ध कौशल तथा राम

भक्ति के द्वारा अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। समुद्र पार कर जब वानर सेना लंका पहुँची, तब राम जी ने जामवंत जी की मंत्रणा मानकर अंगद को दूत रूप में रावण को समझाने हेतु भेजा। अपनी सूझबूझ और वाक कौशल से रावण को हतप्रभ कर दिया। अंगद मक्त, विरक्त तथा प्रमु व्यक्तित्व वाला है। आततायी रावण के सम्मुख भी उनकी तेजस्विता, नीतिज्ञता, साहस एवं निर्भीकता व्यक्त होती है। वे अपनी व्यंग्योक्ति, प्रगल्भता एवं वाग्मिता के द्वारा वह दौत्यकर्म में अत्यन्त निष्णात प्रतीत होते हैं। उनके चरित्र में निहित मनोवैज्ञानिक अथवा नाटकीय संभावनाओं का दोहन तुलसीदास ने किया है-

**एक कहत मोहि सकुच अति रहा बालि की कांखा।**
**इन्ह महू रावण तैं कवन सत्य बदहि तजि माखा।। (12)**

(एक रावण की बात कहने से तो मुझे बड़ा संकोच हो रहा है वह बहुत दिनों तक बालि की कांख में रहा था इनमें से तुम कौन से रावण हो? खींझना छोड़कर सच-सच बताओ।)

अंगद के ऐसे वचन सुन रावण अपनी वीरता का बखान करने लगा। परंतु जब रावण ने राम को साधारण वनवासी कहा, तब अंगद ने को क्रोध से भरकर अपने दोनों भुजदण्डों को पृथ्वी पर दे मारा। इससे पृथ्वी हिलने लगी, रावण के दस सिरों के मुकुट गिर पड़े, कुछ को संभाल कर रावण ने पुनः सिर पर रखा और कुछ को तो अंगद ने उठाकर श्री राम के पास फेंक दिए।

**जौ मम चरण सकसी सठ टारी। फिरहि रामु सीता में हारी।।**
**सुनहु सुभट सब कहे दस सीसा। पद गहि धरनि पछारहु कीसा।। (13)**

अंगद के यह वचन सिद्ध करते हैं कि राम जी के प्रति उनकी भक्ति इतनी प्रगाढ़ थी कि वह उसे भक्ति के बल पर माँ सीता को हारने की बात तक कर देते हैं। संसार का सबसे बड़ा बल भक्ति और विश्वास का होता है, यह बात अंगद के चरित्र से प्रमाणित हो जाती है।

विदुर नीति के अंतर्गत महाराज धृतराष्ट्र को समझाते हुए विदुर जी ने कहा है कि "पहले से कोई संबंध न होने पर भी जो मित्रता का बर्ताव करें वही बंधु, वही मित्र, वही सहारा और वही आश्रय है।" (14) अंगद के चरित्र में यह कथन अक्षरशः देखने को मिलता है।

आज की परिस्थितियों में अंगद के चरित्र की प्रासंगिकता यह है कि वह एक श्रेष्ठ सेवक, श्रेष्ठ साथी, अनुचर, वीरयोद्धा, युद्धकौशल के धनी, वाक्पटु, स्वामीभक्ति के गुण से युक्त समर्पित साधक है। इन गुणों को अंगीकार कर कोई भी मनुष्य वांछित सफलता प्राप्त कर सकता है। मनुष्य स्वयं के लिए एक ईमानदार, विश्वसनीय, भरोसेमंद अनुचर की कामना करता है, जो स्वामी का संकेत पाते ही उनके लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तैयार रहते हैं। अंगद लोकनीति, राजनीति और कर्तव्यपरायणता में अपना कोई सानी नहीं रखते।

हनुमान रामकथा में वर्णित हनुमान का व्यक्तित्व समाज में सर्वाधिक लोकप्रिय रहा है। सेवक धर्म में अग्रणी हनुमान के बगैर तो राम-कार्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। शिवांश हनुमान संयम, ब्रह्मचर्य, पुरुषार्थ, और सत्कर्म में संलग्न अद्वितीय चरित्र हैं। अनेक प्रकार की शक्तियों से संपन्न हनुमान अपनी बुद्धि कौशल के लिए भी विख्यात रहे हैं। सुरसा राक्षसी के मुख में सूक्ष्म शरीर बनाकर प्रवेश कर निकलना, पवन पुत्र का पवन वेग से उड़ जाना, समुद्री जीव को खाने वाली राक्षसी का संहार, लंकिनी नामक राक्षसी पर प्रहार, ब्राह्मण वेश में विभीषण से भेंट, माता जानकी के दर्शन कर उनका दुःख निवारण, रावण को समझाना, लंका दहन, माता का संदेश लेकर सुरक्षित राम के पास लौटना आदि प्रसंग रामकथा को रोचक बनाते हैं। श्रीराम के प्रति उनकी समर्पणशीलता, विनम्रता और एकनिष्ठ भक्ति में, स्वामी सेवक संबंध की प्रगाढ़ता दिखाई पड़ती है उलटी पलटी लंका सब जारी। कुदि परा आप पुनि सिंधु मझारी।। (15) (हनुमान ने उलट पलट कर सारी लंका जला दी। फिर वह समुंद्र में कूद पड़े।)

राम की छाया की तरह साथ रहने वाले हनुमान केवल रामभक्ति के ही प्रतीक नहीं, बल्कि अपना सारा जीवन प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित करने वाले सच्चे समर्पित उत्साही वीर योद्धा है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने "श्रद्धा और भक्ति" निबंध में भक्ति की महिमा वर्णित करते हुए लिखा है कि" श्रद्धा द्वारा हम दूसरे के महत्त्व के किसी अंश की अधिकारी नहीं हो सकते, पर भक्ति द्वारा हो सकते हैं। यहाँ तक कि दूसरे की भक्ति करके हम तीसरे की भक्ति के अधिकारी हो सकते हैं। राम पर अनन्य भक्ति करके हनुमान अन्य राम भक्तों की भक्ति के अधिकारी हुए।" (16)

आज के समय में उनकी प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है, जब मनुष्य कदम-कदम पर परिस्थितियों के दबाव के चलते दुःखी हो जाता है। हनुमान का चरित्र सामने आता है, जो अपने इष्ट के प्रति आस्थावान होकर सकारात्मकता दृष्टिकोण सृजित करता है। रामकथा में संकटमोचक की छवि का प्रभाव आज के समाज में भी दिखाई पड़ता है। जन सामान्य में यह विश्वास-सा हो चला है कि उनके स्मरण मात्र से मनुष्य निराशा, दुःख, उद्वेग, अशांति से निजात पा कर उत्साहित हो सत्कर्म की ओर प्रेरित होते हैं। हनुमान बल

और बुद्धि का पूर्ण आत्मविश्वास, अहंकार रहित चतुराई और मौन भाव के साथ प्रयोग करते हैं।

**उपसंहार** —सामान्य जीवन में मानव व मानवेत्तर के बीच किसी प्रकार के संबंध की बात आश्चर्यजनक लगती है। परंतु रामकथा में जटायु को राजा दशरथ का मित्र बताया गया है और जामवंतजी को ब्रह्मा का पुत्र कहा गया है अर्थात् ये गिद्ध (संपाती-जटायु), रीछ (जामवंत), कौआ (भुशुण्डि), वानरराज (सुग्रीव), वानर (हनुमान) आदि कोई साधारण पशु-पक्षी नहीं थे। भारतीय पौराणिक परम्परानुसार, ये सभी ब्रह्मा के शरीर से अनेक प्रजापतियों की उत्पत्ति हुई। उन प्रजापतियों से कई जातियाँ उत्पन्न हुई, जिनमें से मनु की संतानें मानव, इरावती का पुत्र ऐरावत हाथी, इंद्र का पुत्र राजा केसरी वानर आदि के रूप में विकसित हुई। इन सभी में अपना अपना अलग सामर्थ्य और प्रभावशीलता थी। वे इतने अधिक विशिष्ट गुणों से युक्त थे कि देशकाल वातावरण की सीमा को आसानी से लांघ जाते थे। मानवी बोली को समझने और उसी भाषा में बात भी कर पाते थे। कुछ पशु-पक्षी तो आज के समय में भी विद्यमान है, जो बल और बुद्धि में मनुष्यों को भी आश्चर्य में डाल देते हैं। रामकथा के प्रति लोगों के विश्वास ने श्रीराम के साथ ही साथ इन मानवेतर पात्रों के योगदान को स्वीकारा है।

सत्य तो यह भी है कि बाह्य शरीर की आकृति कैसी भी क्यों ना हो, महत्त्व तो प्राणी के पुरुषार्थ, विवेक और कर्मों का होता है। श्रीराम के रामत्व के गायक ब्रह्मनिष्ठ काकभुशुण्डि, श्रीरामसेना के सेनापति रीछराज जामवंत, सीता की रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग करने वाले जटायु, सीता का पता बताने वाले संपाती, भ्रातृत्व राग द्वेष, राजत्व में मदान्धता व मित्रत्व में उतार चढ़ाव के मानवीय दुर्बलताओं और सबलताओं से लैस सुग्रीव, बल-बुद्धि व सेवकधर्म के स्तंभ हनुमान आदि मानवेतर पात्र रामकाव्य के आधार हैं। संपूर्ण प्रकृति का वैविध्य किसी न किसी रूप में रामकथा के लिए अपना योगदान देता है। आज के समय में भी रामकथा के ये मानवेतर पात्र हमारे समाज को आदर्श मित्रता, बलिदान, जिजीविषा, संकटग्रस्त स्थितियों में आशा, उत्साह व सकारात्मकता आदि की प्रेरणा देकर रामकाव्य के कालजयी होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

**संदर्भ**—


(1) गोस्वामी तुलसीदास श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1996, 122वां संस्करण, पृष्ठ-994

(2) वही, पृष्ठ-1003

(3) डॉ. फादर कामिल बुल्के रामकथा उत्पत्ति और विकास, हिंदी परिषद प्रकाशन, प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग, दूसरा संस्करण, 1971, पृष्ठ-420

(4) गोस्वामी तुलसीदास श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1996, 122वां संस्करण, पृष्ठ-693

(5) वही, पृष्ठ-693

(6) वही, पृष्ठ-644

(7) डॉ. विनोद बाला अरुण संस्कार रामायण, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2014,पृष्ठ 30

(8) गोस्वामी तुलसीदास श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1996, 122वां संस्करण, पृष्ठ 694

(9) वही, पृष्ठ-672

(10) डॉ. नाथूराम राठौर हिंदी राम काव्य के पात्रों का तुलनात्मक अध्ययन, जवाहर पुस्तकालय, मथुरा, 2007 पृष्ठ-158

(11) गोस्वामी तुलसीदास श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1996, 122वां संस्करण, पृष्ठ-221

(12)वही, पृष्ठ 780

(13) वही, पृष्ठ -788

(14) हनुमान प्रसाद पोद्दार विदुर नीति (महाभारत उद्योग पर्व से), गीताप्रेस, गोरखपुर, 2005,पृष्ठ 69

15) गोस्वामी तुलसीदास श्रीरामचरितमानस, गीताप्रेस, गोरखपुर, 1996, 122वां संस्करण, पृष्ठ-722

(16) आचार्य रामचंद्र शुक्ल चिंतामणि भाग-1, मलिक एंड कंपनी, जयपुर, 2016, पृ-29


************

# समकालीन हिंदी गजलों में सामाजिक चेतना

**प्रा.डॉ.एफ. मस्तान शाह**
सहयोगी प्राध्यापक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष
एन.एम.डी.कॉलेज, गोंदिया 441614

## गजल का स्वरूप :

भारतीय साहित्य में गजल की बहुत लंबी परंपरा है । उर्दू साहित्य में इसे फारसी की देन के रूप में अपनाया गया है । प्यार और मोहब्बत के कारण सभी के मन में गजल के प्रति आकर्षण निर्माण हुआ है ।

हिंदी साहित्य में गज़ल का चलन आदिकाल से आया हुआ है । आधुनिक काल में साहित्य की अन्य विधाओं की तरह हिंदी गज़ल का प्रचार और प्रसार अधिक मात्रा में हुआ है । हिंदी में सबसे पहले गज़ल लिखने का प्रयास हजरत अमीर खुसरों ने किया है । हजरत अमीर खुसरों हिंदी के सर्वप्रथम गजलकार माने जाते है । गज़ल फारसी–साहित्य से उर्दू साहित्य में आयी । बाद में हिंदी साहित्य ने इसे अपना लिया।

इस तरह हजरत अमीर खुसरो से शुरू हुई गज़ल हिंदी साहित्य में नए तेवर लेकर प्रवाहित हो रही है । इन्हीं नए तेवरों का परिणाम यह है कि, आज हिंदी गज़ल की पहचान एक मजबुत विधा के रूप में हो गई है ।

हजरत अमीर खुसरों से लेकर आजादी प्राप्ती के पूर्व तक अनेक कवियों ने गजलें लिखी है लेकिन आज समकालीन हिंदी गजलों में जो वास्तविकता यथार्थता अधिक मात्रा में नजर आती है । वह वास्तविकता यथार्थता स्वमतंत्रता पूर्व काल तक के गजलों में दिखाई नहीं देती । समकालीन हिंदी गजलों ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है । वह 'गजल' इष्क मोहब्बत के 'प्रेम–जाल' को तोड़कर बाहर आ गई है । उसने समाज की वास्तविकता से अपना सम्बन्ध स्थापित कर लिया है । हिंदी गजलकार ने 'गजल' को 'हुस्न–इश्क' के क्षेत्र से हटाकर समाज की सच्चाई के साथ उसका नाता जोड़ दिया है ।

समकालीन हिंदी गजलकारों में दुष्यंतकुमार, चंद्रसेन 'विराट', कुँअर बेचैन, गोपालदास सक्सेना 'नीरज', हनुमंत नायडू, शेरजंग 'गर्ग', ज्ञानप्रकाश 'विवेक', पुरूषोत्तम 'प्रतीक', राजेश रेड्डी, रामदरश मिश्र, बेकल 'उत्साही', रामकुमार 'कृषक', भवानी शंकर, अवध नारायण 'मुद्गल', डॉ.उर्मिलेश, जहीर कुरेशी, चाँद 'शेरी', अदम 'गोंडवी', विजय किशोर 'मानव', गिरिराज शरण अग्रवाल, हस्तिमल 'हस्ति', लक्ष्मण दूबे आदि आते हैं ।

अतः समकालीन हिंदी गजलों में सामाजिक सरोकार निम्नलिखित रूप से हम देख सकते हैं :

### 1. शहरों का बदलता जीवन :–

महानगर में रहनेवाला मनुष्य आज बदल चुका है । सुबह से लेकर शाम तक वह अपनी ही उलझनों में उलझा रहता है । पड़ोसी तथा गली मोहल्ले वालों की वह खबर तक नहीं लेता है । वह आत्मकेन्द्रीत एवं स्वार्थी बन गया है । महानगर में रहने वाले मनुष्य की इसी स्वार्थी प्रवृत्ति पर दुष्यंतकुमार ने करारा व्यंग्य किया है –

**"इस शहर में तो कोई बारात हो या वारदात**
**अब किसी भी बात पर खुलती नहीं है खिड़कियॉ ।"**

महानगर में रहनेवाले मनुष्य की वास्तविक विसंगतियों का मार्मिक चित्रण हिंदी गजलकार जहीर कुरैशी ने किया है । वे कहते हैं कि –

**"अपना है और अपनों से अंजान है शहर,**
**सच पुछिए तो चेहरों की पहचान है शहर ।**
**रिश्तों के आईने जहां टूटें हैं बार–बार,**
**उन स्वार्थो की बेरहम चट्टान है शहर ।"**

### 2. जनसामान्य मनुष्य की आवश्यकताएँ :–

स्वतंत्रता प्राप्ति के वक्त देश के नेताओं ने जनता को स्वतंत्र भारतवर्ष का सुहाना सपना बताया था । बड़े–बड़े वादे किये थे, लेकिन स्वाधिनता प्राप्ति के कुछ ही वर्षो के उपरांत वह सारे वादे, सपने खोखले साबित हुए । लोगों का मोहभंग हुआ । इसी स्थिति का वर्णन हिंदी के वरिष्ठ गजलकार दुष्यंतकुमार ने किया है । वे कहते है कि –

**"कहॉ तो तय था चिरागॉ हरेक घर के लिए,**
**कहॉ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए ।"**

आज देश को आजाद हुए अर्ध शतक से अधिक का समय बीत चुका है । विकास सिर्फ कागजों पर हुआ है । वास्तव में अगर विकास हुआ है तो केवल पुंजीपतियों का । गरीब और अधिक गरीब हो गये हैं । देश के लोगों की इसी

दुर्दशा का यथार्थ चित्रण जहीर कुरेशी ने अपनी गजलों के चंद शेरों के माध्यम से किया है–

**"दो रोटी के अलावा चार की बातें नहीं करते,**
**करोड़ों लोग, कोठी कार की बातें नहीं करते ।**
**बरस मे एक दिवाली–अमावस के अलावा हम,**
**अमावस से कभी उजियारे की बातें नहीं करतें ।"**

हिंदी गजलकार चॉद 'शेरी' ने भी रोटी के लिए तरसने वाले भारतवासियों का वास्तविक चित्रण किया है । वे कहते हैं –

**"तू न अमृत का पियाला दे हमें,**
**सिर्फ रोटी का निवाला दे हमें ।"**

आजादी के बाद की भारतीय स्थिति का यथावत चित्रण दुष्यंतकुमार ने किया है । वे हिंदुस्तान की गरीबी का वर्णन करते हुए कहते हैं –

**"कल नुमाईश में मिला वो चिथड़े पहने हुए,**
**मैंने पूछा नाम तो बोला कि हिंदुस्तान है ।"**
**"वो आदमी नहीं मुकम्मल बयान है,**
**माथे पे उसके चोट का गहरा निशान है ।"**
**"सामान कुछ नहीं है फटेहाल है मगर,**
**झोले में उसके पास कोई संविधान है ।"**

3. <u>बढ़ता भ्रष्टाचार</u> :–

आज पूरा देश भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो चुका है । नेताओं और अफसरों ने देश का विकास छोड़ खुद का विकास किया है । जहीर कुरेशी ने नेताओं एवं अफसरों की इन्हीं काली करतूतों पर करारा व्यंग्य किया है । वे कहते हैं –

**"पच्चहत्तर फीसदी वे खा गए – तब,**
**हमारे हाथ तक अनुदान आया ।"**
**"जिस बेरहमी से पैसे को खर्च किया आयोजक ने उसके कारण ही, वो धन 'अनुदान' दिखाई देता है ।"**

देश में चुनाव का मौसम आते ही नेता चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एक–से–एक वादे करते हैं । चुनाव जीतने के बाद नेताओं के सारे वादे–इरादे झूठे साबित होते हैं । देश की जनता के साथ धोखा होता है । नेताओं की इसी धोखाधड़ी पर दुष्यंतकुमार ने जबरदस्त प्रहार किया है –

**"तेरी जुबान है झूठी जम्हूरियत की तरह**
**तू एक जलील–सी गाली से बेहतरीन नहीं ।"**

4. <u>नारी शोषण, अत्याचार</u> :–

आज महिलाओं पर उत्पीड़न एवं अत्याचार के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं । नारियों पर इसी बढ़ते अत्याचार का वास्त. विक चित्रण जहीर कुरेशी ने किया है । वे कहते हैं–

**"क्या कहें अखबार वालों से व्यथा औरत,**
**यौन–शोषण की युगों लम्बी कथा औरत ।**
**अपहरण कर ले गए 'रावण' कभी 'बिल्ला'**
**कल 'सिया' तो आज 'गीता चोपड़ा' औरत ।"**

आज नारियों के प्रति कारूणिक दृष्टिकोण कहीं भी नजर नहीं आता है । उसकी इज्जत को तार–तार करने की मानसिकता सर्वत्र नजर आती हे । इसी बात का यथार्थ चित्रण हिंदी गजलकार डॉ.रसूल अहमद 'सागर' ने किया है –

**"बेवा की आबरू पै, निगाहें लगी हजार,**
**दिखता नहीं कोई भी, बेबस का गमगुसार ।"**

<u>5. भय और असुरक्षा</u> :–

आज मनुष्य सुरक्षित नहीं रहा है । उसके मन में हमेशा हादसों, आतंकी एवं नक्सली गतिविधियों के चलते डर की भावना बनी रहती है । वह जब सुबह घर से बाहर जाता है, तो उसे यही भय बना रहता है कि, वह शाम में सही सलामत घर पहुँचेंगा भी या नहीं । इसी असुरक्षा एवं डर की भावना का यथावत चित्रण डॉ. हरि मौर्य ने किया है–

**"दहशत भरी हुई है फिजाओं में देखिए,**
**कैसा जहर घुला है हवाओं में देखिए ।**
**बारिश में भीगने का मौसम नहीं रहा,**
**तेजाब भर गया है घटाओं में देखिए ।"**

आज इन्सान पूरी तरह बदल गया है । एक जमाने में लोगों को जंगली जानवरों से भय लगता था । आज वे अपनों से भी सुरक्षित नहीं है । कवि ने लोगों की इसी बदलती मनोवृत्ती का यथार्थ चित्रण किया है । हिंदी गजलकार अश्विनीकुमार पांडेय कहते है –

**"मेहमानों से डर लगता है,**
**अंजानों से डर लगता है ।**
**शैतानों की बात न पूछो,**

**इन्सानों से डर लगता है ।"**

आस्था वीरता की प्रतीक है । कायरता उसके सामने टिक नहीं पाती । बड़ी से बड़ी चुनौतियों को भी वह स्वीकार कर लेती है, किंतु छल–कपट के सामने वह कमजोर पड़ जाती है । इसी छल–कपट का मुखौटा नोचते हुए जहीर कुरेशी लिखते हैं –

**"पीठ पीछे से हुए वार से डर लगता है,**
**मुझको हर दोस्त से, हर यार से डर लगता है ।"**
**"चाहे पत्नी करे या प्रेमिका अथवा गणिका,**
**प्यार की शैली में व्यापार से डर लगता है ।"**

## निष्कर्ष :

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि, हिंदी गजलकारों ने अपनी समकालीन हिन्दी गजलों के माध्यम से समाज की विसंगतीयों का मार्मिक चिंत्रण किया है । समका. लीन हिंदी गजल में बढ़ते भ्रष्टाचार का चित्रण किया गया है । समकालीन हिंदी गजल में असुरक्षा एवं डर की भावना का भी अंकन हुआ है । समकालीन हिंदी गजल में महानगरीय जीवन की विद्रूपताएँ भी उजागर हुई है । समकालीन हिंदी गजल में नारियों पर बढ़ते अत्याचार की भी अभिव्यक्ति हुई है । समकालीन हिंदी गजल में जीवन की मुलभूत आवश्यकताओं की मार्मिक अभिव्यक्ति का चित्रण किया गया है ।

उपर्युक्त निष्कर्ष को देखने के उपरांत यह प्रतित होता है कि, समकालीन हिंदी गजलकारों ने अपनी गजलों के माध्यम से समाज की विसंगती एवं विद्रुपताओं को स्पष्ट रूप से चित्रीत करने का प्रयास किया है ।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. हिंदी की सर्वश्रेष्ठ गजले : संपा, डॉ. गिरिराज शरण अग्रवाल, हिंदी साहित्य निकेतन, बिजनौर, 1982, पृ. 78.
2. हिंदी गजल का समकालीन दशक : संपा., डॉ. सरदार मुजावर, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 34.
3. जहीर कुरेशी : महत्व और मूल्यांकन, संपा., डॉ. विनय मिश्र, उर्वशीयम बी–12, सी–2 एण्ड सी–3, वर्धमान काम्प्लेक्स, यमुना विहार, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2010, पृ.126
4. गजल से गजल तक : संपा.,अशोक अंजुम, संवेदना प्रकाशन, एफ–23, नयी कॉलोनी, कासिमपुर, अलीगढ़, प्रथम संस्करण, 1993, पृ.33
5. चांदनी का दुःख : जहीर कुरेशी, पराग प्रकाशन, 3/114, कर्ण गली, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 1986, पृ.68
6. पानियों के शहर में : रसूल अहमद 'सागर', उत्तरायण प्रकाशन, एम–168, आशियाना, ल खनऊ, प्रथम संस्करण, 2008, पृ.16
7. साये में धूप : दुष्यंतकुमार, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2002, पृ.13
8. जहीर कुरेशी की चुनिंदा गजले : संपा., डॉ.मधु खराटे, विद्या प्रकाशन,सी 449, कानपूर, प्रथम संस्करण, 2001, पृ.118.
9. जर्द पत्तों का सफर : चांद शेरी, विकल्प प्रकाशन, कोटा, प्रथम संस्करण, 1999, पृ.11.


************

दलित विमर्श

# सूत्रधार में व्यक्त स्त्री और दलित चेतना

-डॉ. रामचंद्र मीणा
दिल्ली विश्वविद्यालय

'स्त्री और दलित' समाज में हमेशा से शोषण के शिकार होते रहे हैं। ऐसे तो इस वर्ग के शोषण का इतिहास काफी पुराना है। स्वतंत्रता के बाद संविधान में जाति, धर्म, लिंग आधारित भेदभाव को निषिद्ध करने के साथ ही भारत में 'राजनीतिक समानता' सबको प्राप्त हो गई किन्तु सामाजिक असमानता बरकरार रही। आजादी के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्त्री और दलित मुक्ति से जुड़े स्वप्न पूरे नहीं हो पाये, लेकिन इस चेतना का विस्तार वर्तमान में विस्तृत फलक पर हुआ है।

'स्त्री और दलित' के शोषणों के अनेक आयाम है। समाज मे प्रत्येक स्तर पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में हमें यह देखने को मिलता है। समय -समय पर हिन्दी साहित्य में किसी न किसी विधा के माध्यम से इनकी पीड़ा को आवाज मिलती रही है। अनेक रचनाकारों ने इन्हें अपनी रचना का विषय बनाया है, और साहित्य को एक नई दिशा दी है। स्त्री ओर दलित पीड़ा की सशक्त अभिव्यक्ति संजीव के उपन्यास 'सूत्रधार' (2003) में हुई है। इस चेतना को समृद्ध करने में संजीव का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जा सकता है। इन्होंने सूत्रधार के माध्यम से स्त्री और दलित की पीड़ा को बड़ी गहराई से उकेड़ा है।

'सूत्रधार' सशक्त लोक कलाकार भिखारी ठाकुर पर केन्द्रित उपन्यास है। अनेक तरह की चुनौतियों और जोखिम का सामना करते हुए सूत्रधार के बहाने संजीव ने लोक जीवन के अनछुये पहलू का चित्र उपन्यास में प्रस्तुत किया है। यह उपन्यास लोक जीवन एवं स्त्री मुक्ति, दलित मुक्ति का एक महाआख्यान है। नाट्य और रंगकर्म के माध्यम से भिखारी ठाकुर ने 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध में भोजपुरी प्रदेश में नवजागरण की हवा बढ़ाई अपने लोक नाटकों के द्वारा उन्होंने भोजपुरी समाज में फैली तमाम कुरीतियों, धार्मिक अंधविश्वासों, जातीय और लैंगिक शोषणों के खिलाफ जनजागृति का कार्य किया। सूत्रधार में संजीव द्वारा उद्धृत भिखारी के बारे में राहुल सांस्कृत्यायन द्वारा दी गई टिप्पणी है कि ''भिखारी भोजपुरी के शेक्सपीयर है, सार्थक है।''

सूत्रधार स्त्री विमर्श और दलित विमर्श को एक नया आयाम देता है। सूत्रधार के भीतर नाटक के प्रभाव से दलित एवं स्त्री जागरण के स्वर एक साथ ऐसे फूटते दिखते हैं जिससे पूरा समाज हिल जाता है। संजीव के 'सूत्रधार' के माध्यम से ग्रामीण अंचल के एक ऐसे समाजशास्त्र को सामने लाया है जो लीक से हटकर है। इस उपन्यास में जटिल ग्रामीण सामाजिक संरचना, वर्ग जाति की कुण्ठा, मानव मनोविज्ञान के साथ ही संघर्ष एवं समन्वय सब कुछ साफ उभरकर सामने आता है। इस उपन्यस का नायक भिखारी ठाकुर सामान्य जन जीवन के बीच का आम आदमी है जो अपनी निजी नाच मंडली बनाकर अपने अदंर ले रही सामाजिक समस्याओं को मंच पर लाना शुरू करता है तो समाज के हर तबके के लोग जैसे अपना चेहरा आइने में देख रहे होते हैं।

जिस समय समाज में सभी जगहों पर सत्यवादी हरिश्चन्द्र, ध्रुव, भक्त प्रह्लाद, श्रवण कुमार, सुल्ताना डाकू इत्यादि नाटक खेले जा रहे थे, उस समय में लीक से हटकर भिखारी ठाकुर की नजर स्त्री शोषण एवं स्त्री पीड़ा की ओर गयी। परिणामस्वरूप 'बेटी वियोग' ओर विदेशिया जैसे नाटक भिखारी ठाकुर सामने लेकर आये। इस नाटक को लिखते समय एवं उसे खेलने के पहले भिखारी के

अन्तर्द्वन्द्व एवं मनोविज्ञान को संजीव ने बखूबी रचा है।

संजीव ने 'सूत्रधार' में बेटी वियोग नाटक के प्रदर्शन और प्रभाव पर प्रसंग लिखा है-''लगभग पांच सौ दर्शक फूट-फूटकर रो रहे थे। ये हजारीबाग के लोग थे। इनके यहां बेटी बेची जाती थी। नाटक मंच से उतरकर दर्शकों में आ गया था।'' भोजपुरी समाज की महिलाओं के दुख-दर्द और उनके जीवन की विभिन्न पक्षों का जिस तरह भिखारी ठाकुरी ने चित्रण किया है अन्यत्र दुर्लभ है महिलाओं के प्रति संवेदना रचनाक्रम में दिखाई देती है।

प्रो. मैनेजर पांडेय ने लिखा है कि-''उनके नाटकों का दूसरा प्रमुख केन्द्रिय विषय भोजपुरी समाज में स्त्रियों की दुर्दशा है। उनके नाटकों में विदेशिया, बेटी वियोग, ननद भौजाई, विधवा विलाप, गबरविचोर, कलुयुग प्रेम आदि में स्त्री के जीवन संघर्ष के विभिन्न रूप और दिखाई देते हैं। भिखारी ठाकुर ने जिस सूक्षमता और प्रमुखता से भोजपुरी समाज की स्त्रियों का चित्रण किया है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।''

भिखारी ठाकुर ने नारी जीवन नारी की सामाजिक स्थिति, नारी मनोविज्ञान और नारी की विभिन्न समस्याओं का सूक्ष्मता से अनुशीलन किया। उन्होंने तत्कालीन ग्रामीण परिवेश में नारियों की समस्या को अपना उपजीव्य बनाया तथा अपने लोकनाटकों का लगभग 75 प्रतिशत स्त्री समस्या को समर्पित किया।

संजीव उपन्यास में एक जगह लिखते हैं-''एक बबूकी फिर दूसरी, फिर तीसरी अनन्त क्रम है। बेची गई बेटियों का मन में भाव सी पक रही है पीर, मथ और बथ रही है पीर। झोंकार मारकर रोने को मन करता है, ताकि मवाद बाहर आ जाये ओर जी कुछ हल्का हो।''

उपरोक्त पंक्ति के अन्दर हजारों साल पुराने पुरुष प्रधान ढांचे के भीतर स्त्री जीवन की वह पीड़ा है जिसे शायद संजीव ने कम शब्दों में ताकतवर ढंग से प्रस्तुत किया है। यह एक ऐसे भाव की पीड़ा का वर्णन है जो इस सामाजिक संरचना को मथ और बथ रही है।

बेटी वियोग बिहारी ठाकुर का ऐसा नाटक था जिसने भोजपुरी समाज को अपना मूल्यांकन करने के लिए मजबूर किया। जनता ने इस नाटक में बेटी बेचवा नाम दिया क्योंकि इस नाटक का केन्द्रिय विषय भोजपुरी इलाके में प्रचलित बेटी बेचने की प्रथा थीं कई कारणों से इस इलाके में पैसा लेकर शादी करने की प्रथा थी। पेसे लेकर शादी करने के कारण बेमेल विवाह का दौर शुरू हुआ। बेमेल विवाह से उपजी स्त्री पीड़ा को

आगे संजीव भीखारी की पंक्तियों के माध्यम से उपन्यास में ऐसे लाते हैं- ''रोपेया गिनाई लिहल-अ पगहा धाराई दिहल-आ।

**चोरिया के छोरिया बनवल ही बाबू जी।।**
**बर खोजे चली गइल-अ-माल लेके घरे**
**बाबा लेखा खोजल-दुलहवा हो बाबूजी।।''**

लड़की एक खुँटे पर बंधे उन पशुओं की तरह अपने को बेवश पाती है, जो एक जगह से दूसरी जगह बेचे जाने के बाद भी चुपचाप ये बीना देखे वह कसाई के साथ जा रही है या किसी किसान के यहां चुपचाप चली जाती है। लगता है यहां संजीव उपन्यास के नायक भिखारी ठाकुर के अंदर प्रवेश कर गये हैं।

'सूत्रधार' भारतीय जाति व्यवस्था की कटु और निर्भय आलोचना है। सूत्रधार के नायक अपने समय के सामंती के साथ संतुलन बनाकर ही अपना संदेश दे पाते हैं। भिखारी ठाकुर को कई स्तरों पर संघर्ष करना पड़ा है। उनके मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है- उनका नाई होना। उच्च वर्ग उन्हें जातिगत हैसियत ओर ओकात की याद दिलाता रहा। लेकिन भिखारी के मन में कभी भी किसी के प्रति विद्वेष नहीं पाला। वे अपने रचना कर्म में नित नित कर्मशील रहे।

हाशिए पर पड़े लोगों को जाति व्यवस्था का विष दिन में कितनी बार मारता है और जीवन भर ये वर्ग कमतर होने की छटपटाहट, उससे उबरने, अस्मिता के लिए संघर्ष करते-करते भिखारी 'नाई' से भिखारी 'ठाकुर' वन भले अजेय हो जाएं पर मरते अनतृप्त ही है।

**''नोह कार रे नऊवां नोह**
**काटू रे अंगुरि जिन करिहे...''**

नवजागरण, समाज सुधार आन्दोलन आधुनिक शिक्षा आदि के बावजूद अभी भी जाति प्रथा हटने का नाम नहीं ले रही है। यह हमारी पहचान बन गयी है। इस उपन्यास के इसी यथार्थ को भिखारी नाई की पीड़ा के साथ एकाएक कर दिया गया है।

सूत्रधार में संजीव ने समाज के बुनियादी सामंती ढांचे पर अपने व्यंग्यपूर्ण सवाल खड़े करते हैं। भिखारी ठाकुर के नाटक का प्रभाव सामंती ढांचे के सात परत अन्दर तक परवेश कर गया है। भीखारी ठाकुर ने शोषण पर आधारित इस समाज की खूब खिल्ली उड़ाई है। यह भिखारी ठाकुर का अपना दर्द था अपनी पीड़ा को अपने नाटकों के माध्यम से व्यक्त किया है। भिखारी ठाकुर ने पुरुष सत्ता, सामंतवाद, पुरोहितवाद, नशा करने वालों, बेटी बेचने वालों को अपने नाटकों के माध्यम से अपने प्रभाव में लेकर एक बड़ी सामाजिक क्रान्ति की शुरूआत की। इस दृष्टि से 'सूत्रधार' लोक चेतना और लोकजागरण के धरातल पर अपने समय की एक समृद्ध कृति कही जा सकती है।

**संदर्भ सूची**

1.विजय बहादुर, उपन्यास : समाज और संवेदना, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
2.गोपाल राय, आधुनिक हिन्दी उपन्यास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
3.अपूर्व जोशी, पाखी, अगस्त 2009 (अंक)
4.कुमार विश्वभगत, अभ्यांतर, जुलाई-सितम्बर 2014
5.सत्यकाम, समीक्षा, जुलाई-सितम्बर, 2014
6.संजीव, सूत्रधार

************

## नवगीत में दलित चेतना के सशक्त हस्ताक्षर : जगदीश पंकज

**डॉ. प्रवीण चंद**
सहायक आचार्य
हिन्दी विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
मो. 7737376464

नवगीत साहित्य में जगदीश पंकज का नाम एक जाज्वल्यमान नक्षत्र की तरह उदय होकर अपनी आभा से संपूर्ण साहित्य ब्रह्माण्ड को आलोकित किए हुए है जो अपनी प्रत्येक कृति के साथ अपनी वैचारिकी को लययुक्त नवगीतों में ढालकर सामान्य जन की वेदना को स्वयं द्वारा भुक्त वेदना से सिक्त स्वर दे रहे हैं। जगदीश प्रसाद जैन्ड उर्फ जगदीश पंकज का जन्म 10 दिसम्बर, 1952 ई. को पिलखुवा जिला गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश में एक निर्धन दलित परिवार में हुआ।

आप बैंकिंग सेवा से सेवानिवृत्त होकर नवगीत विधा में साहित्य एवं समाज सेवा कर रहे हैं। हिन्दी साहित्य की बहुत विधाओं में दलित साहित्यकारों ने अपना लोहा मनवाया है; लेकिन जगदीश पंकज नवगीत विधा में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब हुए हैं। इनके द्वारा प्रकाशित सात नवगीत संग्रहों के अलावा देश की प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यिक पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित नवगीत नवगीत साहित्य को समृद्धि प्रदान करने के साथ-साथ दलित वैचारिकी के प्रति समर्पण दलित विमर्श को नवगीत विधा के माध्यम से हम सब तक संप्रेषित कर रहे हैं। इनके कथनानुसार "मैं किसी समृद्ध सम्भ्रान्त या भद्रलोकी साहित्यिक विरासत का उत्तराधिकारी नहीं अपितु एक निर्धन दलित परिवार में जन्मा ऐसा प्राणी हूँ जिसे विरासत में दायित्व ही प्राप्त हुए और अपने कैशोर्य से ही समाजार्थिक दबावों-तनावों से रू-ब-रू होते हुए संघर्ष करते रहना पड़ा।"[1]

जगदीश पंकज के सैकडों नवगीत 'सुनो मुझे भी', 'निषिद्धों की गली का नागरिक', 'समय है संभावना का', 'आग में डूबा कथानक', 'मूक संवाद के स्वर', 'अवशेषों की विस्मृत गाथा' तथा 'प्यास की पगडंडियों पर' नवगीत संग्रहों में दलित, पीड़ित, वंचित, उपेक्षित तथा शोषितों के हिमायती बनकर बड़ी धमक के साथ उपस्थित हैं, जो समाज एवं राजनीति को सोचने पर विवश कर रहे हैं। एक दलित साहित्यकार का आत्मकथ्य समाज को आईना दिखाने में कामयाब हो रहा है -"अपने होश संभालने से लेकर अब तक जीवन में अनेक ऐसी घटनाओं और अनुभवों से गुजरना पड़ा जो मेरे व्यक्तित्व या कार्यक्षमता या कृतित्व से नहीं बल्कि मेरे जन्म के कारण जुड़ी जाति पर आधारित रहे थे। मुझे अनेक बार मेरे निर्धन दलित परिवार में जन्म लेने का अहसास कराया गया। अनेक बार मनमाने तरीके से मुझे मेरे सामान्य और वैध अधिकारों से भी वंचित रखा गया। ऐसी स्थिति में क्रोध आना स्वाभाविक है, किंतु मैंने अपने क्रोध और आक्रोश को सकारात्मकता देते हुए अपने स्तर पर सामान्य तरीके से यथोचित मुकाबला किया।"[2]

दलित लेखन एवं साहित्यकारों के बारे में आपकी स्पष्टवादिता दलित लेखन में उतरने वालों के लिए पथप्रदर्शन का कार्य कर सकती है। इस संबंध में उदाहरण दृष्टव्य है-"साहित्य में भी दलित विषयक मुद्दों पर गैर-

दलितों द्वारा आम तौर पर चुप्पी साधी गयी है, जिन्होंने दलितों की पीड़ा को सही तरह से व्यक्त किया है, उन्हें समुचित आदर मिला है। यहीं पर स्वानुभूति, सहानुभूति और समानुभूति के अंतर स्पष्ट हो जाते हैं। भुक्तभोगी होने से मैंने उस पीड़ा को स्वर देने की कोशिश की है।"[3]

दलितों के जीवन की समस्याओं पर केन्द्रित साहित्य दलित साहित्य के अन्तर्गत रखा जाता है। दलित तो पहले भी थे, परंतु साहित्यिक आंदोलन के रूप में दलित विमर्श आधुनिक एवं उत्तर आधुनिकवाद की देन है। दलित साहित्यकारों ने लगभग समस्त विधाओं में स्वयं को अभिव्यक्त करते हुए समाज को आईना दिखाने का कार्य किया है। कहीं दलित चेतना उपन्यास के माध्यम से कहानीबद्ध हुई है तो कहीं आत्मकथा के रूप में सहृदयों की सहानुभूति पाने में सफल हो पाई है, लेकिन कविता की एक छोटी सी विधा गीत में छंद, लय, ताल युक्त समाज की वेदना को गाना तथा समाज में व्याप्त विसंगतियों को यथार्थ रूप में उजागर करना एक अभूतपूर्व परिघटना है। यद्यपि नवगीत का सामाजिक यथार्थ वंचित वर्ग के साथ सहानुभूति रखता ही है तथापि एक दलित परिवार में जन्म लेने वाले नवगीतकार जगदीश पंकज की अनुभूति उस वर्ग की अनुभूति से एकाकार होकर प्रस्फुटित हो रही है। यह सत्य भी है जिस के पाँवों में काँटा लगा है वो ही सही तरीके से उसका दर्द अभिव्यक्त कर सकता है। देख और सुन कर लिखने वाले स्वानुभूति से काफी दूर रह जाते हैं। बकौल जगदीश पंकज "दलित लेखन में वही व्यक्त होता है जो लेखक या रचनाकार ने भोगा है या देखा है और देख रहा है।"[4]

पीड़ित, उपेक्षित वर्ग की वेदना को अपनी पीड़ा से मिलाकर स्वर देना कोई इनसे सीखेः-

"कोरे कागज पर पहले ही/ जाने क्या-क्या लिखा हुआ था
मैंने तो अपनी स्याही से/ केवल उसे उभार दिया है
मैंने वही लिखे हैं अक्षर/ जिनको अनगिन बार जिया है।"[5]

कवि यहाँ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा बुद्ध की वैचारिकी एवं दर्शन को गीतों के माध्यम से इस भाँति बो रहे जिससे भावी पीढ़ियों को वह सब नहीं भोगना पड़े जो पहले की पीढ़ियाँ भोग चुकी हैं। दलित चेतना एवं दलित विमर्श सदैव महानायक भीमराव अम्बेडकर के साहित्य एवं उनके प्रेरक व्यक्तित्व से संपृक्त है। इनके कथनानुसार "आज की दलित वैचारिकी अपनी ऊर्जा अम्बेडकरवाद से ही ले रही है।"[6]

आज भी पुरातन मोह में ग्रस्त मदांध लोग स्वयं को सर्वश्रेष्ठ घोषित करने की लालसा में निर्धनों एवं दलितों का तिरस्कार करने से नहीं चूकते हैं। कवि भारतीय समाज में व्याप्त भेदभाव एवं कुप्रथाओं के प्रति अपनी बेबाक राय रखते हैं। सदियों से प्रचलित ऊँच-नीच के दृष्टिकोण ने सदैव दलित को हाशिये पर रखने का प्रयास किया है। सत्ता एवं शिष्य मोह से ग्रस्त द्रोण अब तक न जाने कितने ही एकलव्यों को किनारे कर चुके हैं। मिथक एवं प्रतीकों के माध्यम से शोषक वर्ग की बखिया उधेड़ती यह पंक्तियाँ बानगी भर है:-

"अनगिन एकलव्य रोके हैं/ हर युग के आचार्य द्रोण ने
कितने अवसर गवाँ दिए हैं/ ऊँच-नीच के दृष्टिकोण ने।"[7]

दृढ़ सामाजिक एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में शोषक धनबल पर न्याय को भी अपनी तरफ झुक जाने के लिए विवश कर देते हैं। शोषित की हर बार जहर के घूँट पीकर भी तड़पकर जीवित रह जाना मजबूरी बन गया है। गीतकार इस प्रकार अपनी वेदना को शब्द दे रहे हैं:-

"जो लिखा था पृष्ठ पर / वह बिन पढ़े ही
कर दिये हस्ताक्षर / हर बार मैंने
अंतड़ी की आग से/ झुलसा हुआ तन
जीतकर भी भूख से हारा हुआ है
विवशता को चयन का/ अवसर नहीं है
इस तरह संचित अहम्/ मारा हुआ है
साँस पर प्रतिबन्ध के/ कोड़े सहन कर
पी लिया घुटकर जहर/ हर बार मैंने।"[8]

भारतीय राजनीति में भिन्न-भिन्न दलों की वोटबैंक की राजनीति चुनावों तक ही सीमित हो जाती है। पक्ष तथा विपक्ष हमेशा से ही वादों के पिटारे खोलकर पाँच साल तक कुर्सी का मोह त्याग नहीं पाते हैं और बारी बारी से बिना कुछ किए कानून को भी अपनी सहूलियत के हिसाब से परिवर्तित करने में सक्षम है तब वर्तमान में भी कवि हृदय की कराह जायज सी है, उनके नवगीत का उदाहरण दृष्टव्य हैः-

"मिल रहे अब भी/ दलित को दंश/ अत्याचार भारी
क्रूर है / प्रतिपक्ष भी / बनकर खड़ा आतंककारी।"[9]

चुनाव के समय दलित के घर का भोजन उंगलियाँ तक चाटने पर विवश कर देता है अन्यथा दलित पर होते अत्याचार को देखकर पतली गली निकलना इनका पुराना शगल है कवि ने किस प्रकार पोल खोल कर रख दी है:-

"कौन, कितना/ देखकर होता द्रवित है
टूटती हैं लाठियाँ जब भी दलित की/ पीठ पर,
जालिम दबंगों के कहर की।
गा रहे समभाव को/ ऊँचे स्वरों में
क्या उन्हें समता/ कहीं देती दिखायी
क्रूरता का वीडियो/ सोशल पटल पर
डालकर निर्भीक हो/ करते ढिढाई
नहीं देते जगह/ शव तक के दहन को
कौन आता है कहाँ प्रतिरोध में तब/ बिन किये
परवाह फैले क्रूर डर की।"[10]

जगदीश पंकज के गीतों में केवल सामाजिक विसंगतियों की ही यथार्थ अभिव्यक्ति नहीं है वरन् दलितों के विरोधी षड्यंत्रकारियों के प्रति आक्रोश एवं प्रतिरोध का स्वर इन्हें उनका सच्चा हिमायती बनाकर प्रस्तुत कर रहा है। यह क्रोध कृत्रिम नहीं है बल्कि प्राकृतिक रूप से एक भोक्ता की संचित पीड़ाओं की प्रतिध्वनि है जो अत्याचारियों के कर्ण द्वारों पर दस्तक दे रही है:-

"सह रहा है / पीठ पर वह / हर तरह के वार / पर झुकता नहीं
धर्म-धन-धरती नहीं / या हाथ में धंधा
हर तरह की नीतियों को / दे रहा कंधा
वह दलित,वह सर्वहारा / वक्त से लाचार / पर रुकता नहीं।"[11]

इस गीत की सुनें तो हम अस्वीकार के धरातल पर तिरस्कार पाकर भी उन

बबूलों के तने हुए तने है जो पाताल भेद कर भी अपना प्राप्य प्राप्त करने में प्रयासरत हैः-

"अंशतः/ स्वीकार मिल पाया नहीं, पर
हम घृणित दुत्कार पाकर भी तने हैं
हमीं हैं वंशज बबूलों के!
मानकर अस्पृश्य-सा/ बचकर निकलता
चल रहा अभिजात जन/ बचता-बचाता
आमजन हमको/ सहेजे है सदा से
रोटियों की आस में/ सिर पर सजाता।
हम उगे हैं आग-सी/ तपती धरा पर
हर चुनौती के रहे हम सामने हैं
हमीं हैं वंशज बबूलों के!"[12]

जगदीश पंकज के गीतों में दलितों पर हो रहे अत्याचार के प्रति आक्रोश एवं प्रतिरोध का स्वर प्रबलता के साथ जन-जन तक पहुँच रहा है। दलितों की जागृति के लिए आह्वान करते इनके नवगीत उनमें आत्मविश्वास तथा स्वावलंबन के बीज बोते हुए प्रतीत हो रहे हैं। जिससे कि इनके स्वाभिमान को कोई चोट नहीं पहुँचा सके। यही बीज कालांतर में वटवृक्ष का रूप लेकर सिसकियों को चिंगारियों में परिवर्तित करने में सहयोग करेगा। इन चिंगारियों से अपने लोग ऊष्मा पाकर ऊर्जावान हो जाएँगे वहीं अन्यायी वर्ग अपनी उंगलियाँ जलाकर भाग जाएँगे। यह सुनकर अत्याचारी तिलमिलाकर रह जाता है वहीं दलित वर्ग में एक नवीन चेतना और ऊर्जा का संचार होता है अपनों के समृद्ध भविष्य के लिए स्वयं को पूर्ण रूप से खपा देना त्याग की पराकाष्ठा है:-

"पीढ़ियाँ भावी/ सुरक्षित फलें- फूलें/ बो रहा हूँ
मैं स्वयं को क्यारियों में
सिसकियों को/ अब बदलना है जरूरी/ कसमसाते
क्रोध की चिंगारियों में।"[13]

संविधान के प्रति आस्थावान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित जगदीश पंकज के गीतों में सदैव ही वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता विद्यमान है। नवगीतकार केवल सहानुभूति और संवेदनाएँ प्रकट कर इतिश्री नहीं करते वरन् उन षड्यंत्रकारियों के विरुद्ध तनकर खड़े हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत चलकर देश के एक वर्ग को सदा की दबा कुचला देखना चाहते हैं। आपके प्रेरक गीतों में उनका आक्रोश फूट पड़ता है, जिसका उदाहरण द्रष्टव्य है:-

"सोचिये जिसके बदन पर/ हो रहे हैं वार
पा दुत्कार है निर्दोष/ पर झुकता नहीं/ वह क्या करेगा?
कर रहा संचित/ किसी विद्रोह के कण
आज के आक्रोश को दिल में दबाये
सोचिये जब चेतना पर/ हो रही हो चोट
तब विस्फोट/ अन्तर में/ दबा, रुकता नहीं/ वह क्या करेगा?"[14]

जगदीश पंकज के उपर्युक्त नवगीतों एवं पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित उनके आलेख तथा साक्षात्कारों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि डॉ० भीमराव अम्बेडकर, महात्मा बुद्ध एवं कबीर के दर्शन से प्रभावित होकर स्वयं को गीतों के माध्यम से उस समाज के लिए खपा रहे हैं, इनकी जागृति के लिए आह्वान कर रहे हैं, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग कर रहे हैं तथा उन्हें स्वाभिमान के साथ जीने की सीख दे रहे हैं; जो सदियों से उपेक्षित और संतप्त है। एक वाक्य में कहें तो सही अर्थों में समकालीन नवगीतकार जगदीश पंकज दलित चेतना के सशक्त हस्ताक्षर है।

**संदर्भ ग्रंथ:-**


1-पंकज जगदीश, सुनो मुझे भी, निहितार्थ प्रकाशन, गाजियाबाद,(2015), पृष्ठ-29

2-पंकज जगदीश, निषिद्धों की गली का नागरिक, अनुभव प्रकाशन, गाजियाबाद, (2015), पृष्ठ-17

3-पंकज जगदीश, निषिद्धों की गली का नागरिक, अनुभव प्रकाशन, गाजियाबाद, (2015), पृष्ठ-17

4-पंकज जगदीश, समकालीन दलित साहित्य की वैचारिकी के औजार, कथादेश, अगस्त 2017, पृष्ठ-29

5-पंकज जगदीश, सुनो मुझे भी, निहितार्थ प्रकाशन,गाजियाबाद,(2015), पृष्ठ-43

6-पंकज जगदीश, समकालीन दलित साहित्य की वैचारिकी के औजार, कथादेश, अगस्त 2017, पृष्ठ-30

7-पंकज जगदीश, मूक संवाद के स्वर, ए.आर.पब्लिशिंग कम्पनी, दिल्ली, (2019), पृष्ठ-40

8-पंकज जगदीश, आग में डूबा कथानक - ए.आर. पब्लिशिंग कम्पनी,शाहदरा, दिल्ली, (2019), पृष्ठ-80

9-पंकज जगदीश, निषिद्धों की गली का नागरिक, अनुभव प्रकाशन, गाजियाबाद, (2015), पृष्ठ-51

10-पंकज जगदीश, प्यास की पगडंडियों पर, ए.आर.पब्लिशिंग कम्पनी, दिल्ली, (2021), पृष्ठ-80

11-पंकज जगदीश, सुनो मुझे भी, निहितार्थ प्रकाशन,गाजियाबाद,(2015), पृष्ठ-66

12-पंकज जगदीश, प्यास की पगडंडियों पर, ए.आर.पब्लिशिंग कम्पनी, दिल्ली, (2021), पृष्ठ-66-67

13-वही, पृष्ठ-120-121

14-पंकज जगदीश, आग में डूबा कथानक - ए.आर. पब्लिशिंग कम्पनी,शाहदरा, दिल्ली, (2019), पृष्ठ-77-78


************

# हिंदी दलित साहित्य

**विष्णु**
शोधार्थी पीए.डी. (हिंदी)
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

वर्तमान को समझने के लिए अतीत को समझना जरूरी है। दलित–साहित्य का भी अपना इतिहास है। "ऋग्वेद के दसवें मंडल में आए एक सूक्त के अनुसार आदि पुरुष/ब्रह्म के मुख से ब्राह्मण, बाहुओं से (क्षत्रिय), उरु वैश्य और पाँव से शूद्र उत्पन्न हुए। वैदिक समाज दर्शन में वेद और ब्राह्मण की सर्वोच्चता प्राप्त है।"

"दलित साहित्य वह साहित्य है, जो दलितों के जीवन, उनके सुख–दुख, उनकी सामाजिक–राजनीतिक स्थितियों उनकी संस्कृति, उनकी आस्थाओं–अनास्थाओं, उनके शोषण व उत्पीड़न तथा इस उत्पीड़न– शोषण को दलितों द्वारा प्रतिरोध की परिस्थितियों की व्यापकता तथा गहराई के साथ, कलात्मकता से प्रस्तुत करता है।"

डॉ. चन्द्रकान्त वादिवडेकर के अनुसार– जिन जातियों को महात्मा गाँधी ने 'हरिजन' कहा था, वे ही जातियाँ 'दलित' नाम से पहचानी गई।

दलित साहित्य में दलित शब्द साहित्य में जुड़कर एक ऐसी साहित्यिक धारा की ओर संकेत करता है, जो मानवीय सरोकारों और संवेदनाओं की यथार्थवादी अभिव्यक्ति है। दलित साहित्य जन साहित्य है, यानी मास लिटरेचर (Mass Literature) सिर्फ इतना ही नहीं, लिटरेचर ऑफ एक्शन (Literature of Action) भी है जो मानवीय मूल्यों की भूमिका पर सामन्ती मानसिकता के विरुद्ध आक्रोशजनित संघर्ष है इसी संघर्ष और विद्रोह से उपजा है दलित साहित्य।

निशिकांत ठाकुर लिखते हैं– दलित के नाम पर सवर्ण समाज की व्यवस्था प्रस्थापित थी। एक समय में वह मानवीय सभ्यता और संस्कृति की सभी उपलब्धियों से वंचित था। वह अछूत था, उसकी परछाई से भी परहेज किया जाता था। इसमें किसी सवर्ण को कोई अस्वाभाविकता प्रतीत नहीं होती थी।

हिन्दी दलित साहित्य का अध्ययन करते समय हिन्दू समाज में दलित की स्थिति पर विचार करते हुए लगा कि यहाँ तो मनुष्य की स्थिति पशु से भी बदतर बना दी गई है, क्योंकि पशुओं को जो भी लोग पालते हैं उसके प्रति मोह रखते हैं। लेकिन दलित, जो सबकी सेवा करता है। उसके लिए हिन्दू धर्म में ऐसे–ऐसे प्रतिबंधों का विधान किया गया है कि उन्हें पढ़ते ही मन में आक्रोश की भावना उत्पन्न होने लगती है। यदि किसी व्यक्ति को पढ़ने का अधिकार न हो, धर्म के किसी भी कार्य, अनुष्ठान में भाग लेने का कोई अधिकार न हो, इससे भी ज्यादा यदि किसी दलित के कान में वेदमंत्र भी पड़ जाए तो उसके कान में पिघला हुआ शीशा डालने जैसे और अमानवीय व्यवहार किया जाए तो दलित साहित्य कैसे रचा जा सकता है? और यह बन्धन इतने सख्त थे कि इनका उल्लंघन करना भी मृत्युदण्ड के सामन था। इस व्यवस्था के विरुध सबसे पहले आवाज़ ढाई हज़ार वर्ष पहले महामानव गौतम बुद्ध ने उठाई। जिन्होंने सड़क पर झाडू लगाते हुए एक युवक को अपना शिष्य बनाया।

हिन्दी में अब दलित लेखन का स्वर निरंतर मुखरित होता हुआ दिखाई दे रहा है। आज दलित साहित्य आम आदमी के जीवन का दर्पण बन गया है। शोषित–पीड़ित, दीन–हीन आम जनता के दुख–सुख, अभाव और आवश्यकताओं का दर्द बिछोरता रास्ता बतलाता हुआ आज का दलित साहित्य गतिमान है।

बीसवीं सदी का अन्तिम दशक दलित साहित्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि इसी दशक में हिन्दी दलित साहित्य ने अपना विधागत विस्तार किया है। वर्तमान समय में दलित साहित्य भारत की लगभग सभी भाषाओं में लिखा जा रहा है। कविता, कहानी, उपन्यास, आत्मकथा, निबंध, नाटक और आलोचना के क्षेत्र में ही नहीं, अनुवाद और शोध के क्षेत्र में भी पर्याप्त लेखन हुआ है।

ओमप्रकाश बाल्मीकि ने लिखा है– दलित शब्द भाषावाद, अलगाववाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद को नकारता है तथा पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है।

अभी तक दलित साहित्य की सर्वमान्य परिभाषा है– "दलितों का, दलितों द्वारा दलित समस्याओं पर लिखित साहित्य ही दलित साहित्य है।"

शुरूआती दौर में दलित साहित्य चाहे जैसा भी माना गया, लेकिन आज इसकी पहचान एक अलग साहित्य के रूप में हो चुकी है। आज ऐसी कोई भी विधा बाकी नहीं है जिस पर दलित साहित्यकारों की कलम न चली हो। अगर देखा जाए तो कविता के क्षेत्र में दलित साहित्यकारों ने जैसे गैर दलित साहित्यकारों को भी पीछे छोड़ दिया है।

दलित साहित्य परिवर्तनशीलता के नियमों में विश्वास करता है। मनुष्य का जीवन हो या प्रकृति, उसमें कुछ भी स्थिर नहीं है। न अजर, न अमर। जैसे–जैसे जीवन बदलता है, अनुभव बदलते हैं, यथार्थ बदलता है। दलित साहित्य में अनुभवों से उत्पन्न आशय निष्ठा ही अधिक है।

आलोचकों और रचनाकारों की यह धारणा बन गई है कि दलित साहित्य प्राचीन संस्कृति, कला साहित्य का तिरस्कार करता है। यह धारणा गलत है। दलित साहित्य नायकत्व का विरोधी है। समाज की जड़ता को तोड़कर वह मनुष्य की पक्षधरता को सर्वोपरि मानता है। सामाजिक बदलाव के माध्यम से वह सामाजिक समरसता चाहता है। भाईचारे और स्वतन्त्रता की बात करता है। सबके लिए समानता का पक्षधर है।

विद्वान आलोचक मैनेजर पांडेय कहते हैं– "हिन्दी के कई मार्क्सवादी आलोचक दलित साहित्य की आलोचना करने के लिए उन्हीं तर्कों का सहारा लेते हैं जो कलावादियों के हैं। लेकिन कुछ दूसरे वर्गवाद के नाम पर दलित साहित्य का विरोध

करते हैं। वर्गवाद और राष्ट्रवाद को मिलाकर जातीयता की धारणा बनाते हैं और साहित्य को उसी कसौटी पर कसते हैं। ऐसे लोग दलित साहित्य के आन्दोलन की हिन्दी साहित्य की जातीयता के लिए खतरा मानते हैं। लेकिन उनकी जातीयता के परम्पराबोध में हिन्दी क्षेत्र की दलित जातियों पर हुए अनन्त अमानुषिक अत्याचारों की कोई स्मृति नहीं होती और दलितों के संघर्ष की कोई पहचान भी नहीं। ऐसी जातीयता और उसके परम्पराबोध को दलित क्यों स्वीकार करेंगे।"

दलित साहित्य में संत रैदास को पहला कवि स्वीकार किया जाता है, जिन्होंने अपने काव्य में वर्णव्यवस्था का खुलकर विरोध किया है।

प्रतिवर्ष जितना हिन्दी दलित साहित्य प्रकाशित हो रही है और उस पर जिस तरह से चर्चा हो रही है, उससे लगता है कि दलित साहित्य का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और आगे चलकर दलित साहित्य की मुख्यधारा होगा। राजेन्द्र यादव कहते हैं– "अगली सदी दलित रचनाकारों की होगी सच लगता है।" जैसा कि पहले बताया कि संत रैदास दलित साहित्य के प्रथम कवि थे। उन्होंने ही सबसे पहले वर्ण व्यवस्था पर टिप्पणी दी–

रैदास जन्म के कारणै, होत न कोई नीच।
नर को नीच करि डारि है, औछे करम की कीच।।

हिन्दी धर्म के व्याप्त छुआछूत के विरोध की जिस परम्परा का प्रारंभ निर्गुणी संतों ने किया, उसका अनुसरण बाद में सुधारवादी धर्मप्रचारक और राजनीतिज्ञ भी करते रहे इनमें आचार्य विनोबा भावे, स्वामी दयानंद सरस्वती तथा महात्मा गांधी के नाम महत्वपूर्ण है।

दलित साहित्य से अभिप्राय उस साहित्य से है, जिसमें दलितों ने स्वयं अपनी पीड़ा को रूपायित किया है। अपने जीवन–संघर्ष में दलितों ने जिस यथार्थ को भोगा है, दलित साहित्य उनकी उसी अभिव्यक्ति का साहित्य है। यह कला के लिए कला का नहीं, बल्कि जीवन का और जीवन की जिजीविषा का साहित्य है।

कंवल भारती की धारणा है कि "हिन्दी दलित साहित्य वह है जो दलित मुक्ति के सवालों पर पूरी तरह अम्बेडकरवादी है।"

वास्तव में दलितों के द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य की कोटि में आता है। दलित साहित्य जिस जगह पर जन्म लेता है, द्विज साहित्य उस जगह पर मरने तक भी नहीं पहुँच सकता।

डॉ. सी.बी. भारती के अनुसार– "दलित साहित्य नवयुग का एक व्यापक वैज्ञानिक व यथार्थपरक संवेदनशील साहित्यिक हस्तक्षेप है। जो कुछ भी तर्कसंगत, वैज्ञानिक, परम्पराओं के पूर्वाग्रहों से युक्त साहित्य सृजन है, उसे हम दलित साहित्य के नाम से संज्ञायित करते हैं।"

दलित साहित्य को लेकर हिन्दी में कई तरह की आशंकाएँ पनप रही हैं। जहाँ एक ओर परंपरावादी हिन्दी के समीक्षक और लेखक उसे संदेहपूर्ण दृष्टि से देखते हैं वहीं वे साहित्य में दलितों के दखल को अनाधिकार चेष्टा मानकर नाक–भौह भी सिकोड़ रहे हैं। समाज में जो भी पीड़ित है वह दलित की श्रेणी में आता है। 'दलित साहित्य' संज्ञा मूलतः प्रश्नसूचक है। चमार, भंगी, महार जैसी जातियों की स्थितियों के प्रश्नों पर विचार तथा रचनाओं द्वारा उसे प्रस्तुत करने वाला साहित्य ही दलित साहित्य है। दलित साहित्य हिन्दी साहित्य के इतिहास के एक खास दौर– अस्सी और नब्बे के दशक में तेजी के साथ उभरा एक साहित्यिक आंदोलन है। दलित साहित्य वर्ग की जागरूकता का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसमें देखा हुआ, सुना हुआ सत्य नहीं, भोगा हुआ सत्य है।

**निष्कर्ष**

अन्ततः कहा जा सकता है कि दलित एक संवेदन शब्द है, विचार है, जिसका अर्थ दबाया गया है 'दबे हुए से नहीं। दलित साहित्य ने समाज का साहित्य चित्रण सच्चाई के साथ किया है वैसा चित्रण किसी साहित्य ने नहीं किया। मेरे अनुसार यह बात शत प्रतिशत सही है। दलित साहित्य दलित चेतना की उत्कट और सार्थक अभिव्यक्ति है।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**–

1 दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र– ओमप्रकाश बाल्मीकि, प्रकाशक– राधाकृष्ण प्रकाशक, पहला संस्करण– 2014, दूसरा संस्करण– 2017

2 हिंदी दलित साहित्य– मोहनदास नैमिशराय, प्रकाशक– साहित्य अकादमी, पहला संस्करण–2011 पुनर्मुद्रण– 2014, प्रथम संस्करण (पेपर बेक) 2018

3 दलित साहित्य का समाजशास्त्र– हरिनारायण ठाकुर, प्रकाशक–भारतीय ज्ञानपीठ, चतुर्थ संस्करण–2018

4 दलित साहित्य की विकास–यात्रा– ओमप्रकाश बाल्मीकि के साक्षात्कार, डॉ. रामचन्द्र, प्रकाशक– साहित्य संस्थान, संस्करण–2013

5 दलित साहित्य एक मूल्यांकन– प्रो. चमन लाल, प्रकाशक– राजपाल एण्ड संस़, कश्मीरी गेट नई दिल्ली, प्रथम संस्करण– 2018

6 दलित साहित्य एक अन्तर्यात्रा– बजरंग बिहारी तिवारी, प्रकाशक– नवारुण, सी 303, जनसत्ता अपार्टमेंट सेक्टर–9, वसुंधरा, गाजियाबाद, प्रथम संस्करण– 2015

7 अपेक्षा– संपादक डॉ. तेज सिंह प्रवेशांक, अक्टूबर–दिसम्बर (2002)

8 मेरा दलित चिंतन– डॉ. एन. सिंह, प्रकाशक– कंचन प्रकाशन, दिल्ली–110032, प्र.स. 1998

9 भारतीय दलित पत्रकारिता– अश्वनी कुमार, प्रकाशक– स्वराज प्रकाशन, प्र.स. 2019

************

# हिन्दी दलित आत्मकथाओं का समीक्षात्मक अध्ययन

**आचँल यादव,**
पी.एच.डी शोधार्थिनी
हिन्दी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

दलित साहित्य का आविर्भाव बुनियादी तौर पर बौद्ध और संत साहित्य से माना जाता है।आधुनिक हिन्दी दलित साहित्य का विधिवत विकास अस्सी के दशक से आरंभ हुआ। दलित साहित्य की वैचारिकी में संत रैदास,कबीर, महात्मा ज्योतिबा फुले, स्वामी अच्युतानंद तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन दर्शन को देखा जा सकता हैं।सभी विश्वविद्यालयों,साहित्य सम्मेलनों,पुस्तकीय समीक्षा, कविता, कहानी, आत्मकथा तथा आलोचना आदि के क्षेत्र में दलित साहित्य ने नये आयाम स्थापित किये हैं।

दलित साहित्य के अवशेष साहित्य में प्राचीन हैं। दलित साहित्य को मुखर अभिव्यक्ति आत्मकथाओं से मिली।डॉक्टर अंबेडकर ने अपनी आत्मकथा 'मी कसा झाला'(मैं कैसे बना) शीर्षक से लिखी। डॉ अंबेडकर के शब्दों में "मेरा विकास किसी अद्भुत शक्ति के कारण नहीं हुआ बल्कि मेरे जीवन निर्माण में परिश्रम और संघर्ष मुख्य बिंदु रहे हैं"।१

आज दलित साहित्य में सभी विधाओं पर गंभीर लेखन हो रहा हैं । हिंदी में दलित आत्मकथाओं की शुरुआत नौवें दशक में 'पत्रकार राजकिशोर' द्वारा संपादित पत्रिका 'हरिजन से दलित' में प्रकाशित दलित लेखक 'ओमप्रकाश वाल्मीकि' के 'आत्मकथ्यांश' से मानी जा सकती हैं।२लेकिन पहली आत्मकथा मोहनदास नैमिशराय की 'अपने-अपने पिंजरे' मानी जाती हैं।

वही जयप्रकाश कदम के विचार में "आत्मकथा लिखना निसंदेह हिम्मत और जोखिम का काम है; बल्कि यूं कहें कि तलवार की धार पर नंगे पैर चलना है।यदि लेखक सच्चाई पर टिका रहेगा तो लहूलुहान होना लगभग निश्चित है; क्योंकि आत्मकथा नंगी सच्चाई की मांग करती हैं। और इतना साहस बहुत कम लोगों में होता है जो सामाजिक यथार्थ के साथ-साथ अपने जीवन के नंगे यथार्थ का सार्वजनिक प्रदर्शन कर सकें"।३

दलित आत्मकथाओं में मोहनदास नैमिशराय की 'अपने-अपने पिंजरे', ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'जूठन', माता प्रसाद की 'झोपड़ी से राजभवन तक',भगवानदास की 'मैं भंगी हूँ',शयोराज सिंह बेचैन की 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर',रूपनारायण सोनकर की 'नागफनी',डॉ तुलसीराम की मुर्दहिया (भाग-1) एवं मणिकर्णिका (भाग-2),सूरजपाल चौहान की तिरस्कृत(भाग-1),संतृप्त(भाग-2) आदि प्रकाशित हो चुकी हैं।

वही स्त्री लेखिकाओं में कौशल्या बैसत्री-दोहरा अभिशाप, सुशीला टाकभौरे-शिकंजे का दर्द,रजनी तिलक-अपनी जमीं अपना आसमां,अनिता भारती -छूटे पन्नों की उड़ान, कावेरी-टुकड़ा टुकड़ा जीवन आदि आत्मकथाएं आ चुकी हैं। वही पंजाबी आत्मकथाओं में बलबीर माधोपुरी की 'छांग्या रूख' तथा मराठी आत्मकथाओं में दया पवार की 'अछूत', शरण कुमार लिंबाले की 'अक्करमाशी', बेबी ताई काम्बले की 'जीवन हमारा' आदि ने आत्मकथा साहित्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हैं।

हिंदी दलित आत्मकथाओं के प्रश्न भारतीय समाज और साहित्य से छुपे नहीं हैं।समय- समय पर कविता, कहानी तथा आत्मकथाओं आदि के माध्यम से उजागर होते रहे हैं।भारतीय समाज जातीय उत्पीड़न को धर्म, परंपरा, रीति रिवाजों या वेद पुराणों आदि का हवाला देकर सही ठहराता रहा हैं। इसी जाति रूपी नागफनी के चलते एक दलित बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाता हैं।तो दूसरी ओर शिक्षा संस्थानो में दलित छात्रों को जानवरों की भाँति मार खानी पड़ती हैं। तो कहीं शिक्षकों व सवर्ण छात्रों द्वारा भेदभाव का शिकार होना पड़ता हैं।

'जूठन','ओमप्रकाश वाल्मीकि' की आत्मकथा हैं।इसमें लेखक ने भारतीय समाज, संस्कृति, धर्म और इतिहास में पवित्र तथा उचित समझे जाने वाले प्रतीकों जैसे शिक्षण संस्थान,शिक्षक एवं प्रेम पर सामाजिक प्रतिक्रियाओं को दिखाया हैं।दलित व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक विकास की प्रक्रिया में इन तीनों प्रतीकों की नकारात्मक भूमिकाओं का सामना करना पड़ता हैं।'जूठन' के नायक मुंशीजी शिक्षण संस्थानों में मार खाते हुए इसलिए पढ़ाई जारी रखते हैं कि पढ़ लिखकर जाति सुधारनी हैं। लेकिन सिर्फ पढ़ने लिखने मात्र से जाति सुधर सकती हैं?

पढ़ लिखकर और नौकरी प्राप्त कर जीवन में पद और धन मिल सकता हैं।वहीं समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी आवश्यक हैं।

"दलित चेतना का सवाल सही है कि इस जन्मना जाति व्यवस्था में जब तक दलितों के साथ दलितों की पहचान जुड़ी हैं।उन्हें

सामाजिक श्रेष्ठता में शामिल नहीं किया जा सकता। समाज चाहे उन्हें और जिस रूप में पहचान दे, विवाह और स्त्री-पुरुष के संबंधों में उनके साथ समानता का व्यवहार करना मुश्किल हैं। 'जूठन' में कुलकर्णी जैसे लोग कितने प्रगतिशील क्यों न हो जाए, जब भी प्रेम अथवा विवाह का प्रसंग आएगा, जाति नामक यह ताकतवर दीवार इनके बीच आकर खड़ी हो जाएगी।"४

सुशीला टाकभौरे हिंदी दलित साहित्य की महत्वपूर्ण हस्ताक्षर रही हैं।इनकी आत्मकथा 'शिकंजी का दर्द' सन् २०११ में प्रकाशित हुई।इसमें लेखिका ने बचपन से युवावस्था के तमाम शिकंजों की बुनावट को पेश किया हैं।

प्रस्तुत हैं आत्मकथा का एक गद्यांश जिसमें चतुर्थ वर्ण दलित को धर्म,परम्परा, वेदों का हवाला देकर बहुमुखी शोषण को अंजाम दिया जाता हैं। लेखिका की नानी मैला ढोने का नारकीय काम करती थी। नानी के माध्यम से उन्होंने वस्तुस्थिति का वर्णन किया हैं-

"ऐसे ही बरसात का मौसम और सफाई का काम याद करते ही मन किचबिचा जाता।गीला,सड़ा,गिजगिजा,बदबूदार कचरा,गोबर,मैला देखकर ही मितली आ जाती। बजबजाती गंदगी पर मुट्ठी भर राख डालकर वह अपनी किस्मत को कोसती थी।ऐसे समय उसे गाँव बस्ती के लोग शैतान नजर आते। नानी गुस्से में भगवान को कोसते हुए कहती थी-

यह सब तेरी ही करतूत हैं भगवान। मुंह पेट बनायो तो बनायो, जात-पात क्यों बनाई? हम ही क्यों करें नरक सफाई का काम? जिसने रीत बनाई हैं, कभी वे भी करके देखें,तब पता चलेगो।"५

दलित आत्मकथाओं को दलित जीवन का दस्तावेज कहा जाए तो अतिशयोक्ति न होगी।दलित आत्मकथाओं में आर्थिक अभाव,भुखमरी और खान-पान की समस्याएं उभर कर आई हैं।दो वक्त की रोटी के लिए जूठन बटोरने से लेकर, खेत में काम करने,आटा पीसने से लेकर मैला ढोने, मरे जानवर को ढोना और शहर में बेचना इनकी विवशता हैं। इतना सब काम करने के बावजूद भी दो वक्त की रोटी मुहैया नहीं हो पाती थी। जूठन चटखारे लेकर खाई जाती थी। जूठन में मिली सूखी पूड़ियो को कई दिनों तक सुखाकर खाया जाता। तो कभी सुखी रोटी पानी के साथ नहीं करनी पड़ती है।

सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा से लिया गया दूसरा गद्यांश जिसमें लेखिका ने अपनी नानी के माध्यम से दलित समाज के जातिगत दंश और आर्थिक अभाव से उत्पन्न कष्टपूर्ण जीवन का वर्णन किया हैं।

"नानी को गांव का काम पैतृक दाय के रूप में मिला था।दिन भर कड़ी मेहनत करने के बाद रुखा, सुखा, झूठा पाना ही उसका प्राप्य था।नानी अपने काम से, अपनी स्थिति से और मजबूरी से दुखी थी। मगर न तो उसके पास जीवनयापन का कोई दूसरा विकल्प था और न ही कोई नई राह,नई दिशा की जानकारी देने वाला ही मिला जो उसे इस नरक सफाई के काम को छोड़ने की बात कहता। जाति समुदाय के सभी लोगों का यही हाल था।धीरे-धीरे मौसम बदलते, मगर उनका काम नहीं बदलता"।६

दलित आत्मकथाओं में आर्थिक अभाव के कारण वस्त्र न खरीद पाने की समस्या दिखाई गई हैं।गरीबी तथा दो वक्त की रोटी के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़े तो वस्त्र खरीदना की बहुत बड़ी बात हैं।दोहरा अभिशाप में कौशल्या बैसंत्री अपने परिवार की आर्थिक स्थितियों के विषय में लिखती हैं -

"बाबा (पिता) को मिल में मशीन साफ करने के लिए कपड़ों की पट्टियां मिलती थी। बाबा उनसे अच्छी लंबी पट्टियां अलग कर अपनी धोती के नीचे लंगोट की तरफ बांधकर लाते थे। कभी किसी को शक नहीं हुआ। उनमें से कुछ सफेद पट्टियों को अलग करके हम पेटीकोट और चड्डी हाथ से सीते थे। कभी पापा भी बैठकर सी देते थे। बड़ी बहन जनाबाई कपड़े काट देती थी। बहुत दिनों तक हम उन पट्टियों को जोड़कर बनाए गए पेटीकोट-ब्लाउज पहनते रहे। कभी बाबा सुंदर प्रिंट की पटिया लाते थे। उसी से हमने गुजारा किया था।७

सभी आत्मकथाओं की मुख्य समस्या -जातिवाद तथा अस्पृश्यता हैं।जाति के पौधे पर अस्पृश्यता के फूल उगाये जाते हैं।इस दोयम दर्जे से दलित समाज आज भी पीड़ित हैं।इन आत्मकथाओं में जातीय शोषण के अनेकों प्रसंग दर्ज हैं।

मोहनदास नैमिशराय की आत्मकथा 'अपने अपने पिंजरे' में नैमिशराय अपने बड़े भाई के साथ बचपन में बहन के यहां जाते हैं।गर्मी के मौसम में रास्ते में प्यास लगती हैं। भाई ने पड़ोस के गाँव एक घर से पानी माँगा।जाति का पता चलने पर जानवरों की भाँति भगा दिया।फिर मजबूरन गंदे जोहड़ का पानी पीना पड़ा।

वही दलित लेखक सूरजपाल चौहान की आत्मकथा के दो भाग तिरस्कृत और संतृप्त सन् 2006 में प्रकाशित हुए। इस आत्मकथा में लेखक ने जातीयता तथा अस्पृश्यता से लेकर जीवन के तमाम अनुभवों का बेबाकी के साथ करुणार्द्र वर्णन किया हैं।इनकी आत्मकथा से प्रस्तुत हैं एक गद्यांश जिसमें उन्होंने जातियता और अस्पृश्यता के अनुभवों को बताया हैं-

"'तिरस्कृत' में ठाकुर प्रताप जैसे व्यक्तित्व अपने बच्चे को बचपन से ही जातीयता और अस्पृश्यता सिखाते हैं। एक बार हमउम्र बच्चों में लेखक कंचे खेलता हैं।जिसमें लोधे का बनवरिया, काछी का श्यामू और ठाकुर का वीरू भी शामिल हैं।ठाकुर प्रताप बड़ा परेशान था कि उसका वीरू भरी दोपहर में कहां चला गया? सब के सब बच्चे खेलने में मग्न थे। अचानक ठाकुर प्रताप ने अपने बेटे को नीम के पेड़ के पास देखा। एक सेंटी तोड़कर चार पांच सेंटी अपने बेटे को जमा दी। वीरू को पीटते हुए देख बनवारी और श्यामू भाग खड़े हुए। उन दोनों को देख जैसे मैं भागने लगा, तुरंत ठाकुर ने मुझे आगे से आकर धर दबोचा। सटाक- सटाक संटियों की बरसात कर दी इसने मेरे ऊपर।

मेरा कान ऐंठते हुए ठाकुर ने कहा,

"साले भंगिया के, मेरे छोरे के संग खोलतू हैं....ठौर मार दूंगों"

ठाकुर ने अपने बेटे वीरू को घसीटते हुए कुएँ की ओर ले गया। मैं दीवार के सहारे टिका डबडबाई आंखों से सब देख रहा था। ठाकुर ने कुएँ से एक बाल्टी पानी खींचा और नीम की टहनी पानी में डुबोकर वीरू को छींटे देने लगा। वीरू रोते-रोते कह रहा था

"मो पै पानी क्यों डारि रहे हो?"८

दलित स्त्री आत्मकथनों में अभिव्यक्त हुए दलित जीवन के अनुभवों के संदर्भ, परिवेश, समस्याएं और संघर्ष का स्वरूप अनेक रूपों में प्रकट हुआ हैं।दलित स्त्री के जीवन में शिक्षा के लिए संघर्ष, जातिगत पहचान के कारण हर स्तर पर कठिनाई,आर्थिक सबलीकरण,भुख से लड़ाई, स्त्री होने के कारण घर और बाहर होने वाला अपमान, शोषण की तिहरी मार की घटनाओं का चित्रण लेखिकाओं ने किया हैं।

लगभग सभी आत्मकथाओं में पितृसत्तात्मक सत्ता के दर्शन होते हैं।दलित समाज में भी पितृसत्ता का कड़ा स्वरूप देखने को मिलता हैं।दलित पुरुष द्वारा स्त्री का शोषण, उसके अस्तित्व को नकारना, अस्मिता को दबाना जारी रहता हैं। इन प्रवृत्तियों के विरोध में यदि स्त्री संघर्ष करे तो उसे उखाड़ फेंकने का प्रयास बराबर किया जाता रहा हैं।

दलित साहित्यकार और कवियत्री अनीता भारती की आत्मकथा सन् 2018 में 'छूटे पन्नों की उड़ान' प्रकाशित हुई। लेखिका ने अपने जीवन के तमाम अनुभव को पेश करते हुए दलित स्त्री के जीवन के संघर्ष को प्रस्तुत किया है।समाज की मनुष्यता को भी उजागर किया हैं। लेखिका ने अपने मित्र के माध्यम से पितृसत्ता की बखिया को उखाड़ा हैं।लेखिका दलित छात्र संगठन मुक्ति में शामिल हुई।मुक्ति संगठन में दलित छात्र-छात्राएँ मिलकर सभी छात्रों की समस्याओं के लिए आवाज़ उठाते थे।लेखिका का मित्र 'महेन्द्र' पुरूषों की ओर से प्रतिनिधित्व करता था। एक दिन वह अन्य छात्रों के संग विश्वविद्यालय प्रांगण में पढ़ रही थी।तभी महेंद्र आये और लेखिका से अकेले में बात करने का प्रस्ताव रखा। लेखिका के मित्र 'महेंद्र' ने कहा कि-

"मैं इन लड़को को जानता हूँ।घृणा से मुझे देखते हुए बोला-रंडी! रंडीकहते हैं तुम्हारी जैसी लडकियों को लोग। वह यह शब्द बोलकर तेजी से चला गया। मुझे लगा जैसे मेरे गाल पर किसी ने झन्नाटेदार थप्पड़ मार दिया हो! मैं स्तब्ध खड़ी रह गयी।मेरे कान में उसके शब्द गूंज रहे थे। मैं सोच रही थी कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियां यदि अन्य सहपाठी लड़कों के साथ मिल बैठकर बातें कर लें,चर्चा कर लें, तो उन्हें यो कुत्सित उपाधि से विभूषित करने वाली यह कौन सी मानसिकता हैं? मुझे उसकी संकीर्णता का कुछ कुछ तो आभास था।पर इतनी भयंकर संकीर्णता।आखिर मेरा उससे संबंध ही क्या था।केवल बातें करना, एक दूसरे से हंसी-मज़ाक कर लेना, मोर्चों पर एक साथ नारे लगाना या कभी-कभी एक दूसरे का हाल-चाल पूछ लेना और इससे अधिक क्या? क्या इन छोटी-छोटी बातों में स्त्री को उसकी हैसियत दिखा दी जाती हैं।यह महेंद्र नहीं उसके रूप में आदिपुरुष ही बोल रहा था। अपने संगठन के साथियों से चर्चा करो-विमर्श करो तो कोई हर्ज नहीं, क्योंकि उसमें हम भी शामिल हैं, दूसरे संगठन के लोगों से चर्चा विमर्श करो तो चरित्रहीन, क्योंकि वहां हमारी मर्जी नहीं हैं। यह है छात्र संगठनों में छायी पुरुष मानसिकता। स्त्री अधिकारों की बात करने वाले ये विभिन्न छात्र संगठन के कार्यकर्ता व उनके ठेकेदार अपनी सहयोगी लड़कियों को अपनी पूंजी की तरह समझते हैं। पितृसत्ता और ब्राह्मणवाद की जड़े इनके अंदर इतनी पैठ बना चुकी हैं कि वह नीले, पीले, लाल, हरे रंग में रंगी हो, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता"।९

प्रस्तुत है सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजें का दर्द' से लिया गया एक उदाहरण जिसमें पितृसत्ता का स्वरूप देखा जा सकता हैं।इसमें न केवल दलित समाज का सच बल्कि भारतीय पुरुष की मनोदशा का भी पता चलता हैं-

"जब कभी खाना परोसने में देरी होने पर या किसी बात से नाराज होने पर वे खाना नहीं खाते थे,तब उन्हें घंटों मनाना पड़ता था।कभी-कभी वे स्पष्ट शब्दों में कहते थे- मेरे पैरों पर अपना सर रखकर माफी मांग, तब तेरी बात मानूँगा।"१०

महाविद्यालय में प्राध्यापिका का दायित्व क्षमता से निभाने वाली

सक्षम सुशीला समाज में जिन्दा हैं जो हमारे देश में पतियों के इन बोल वचनों को सुनने की आदि हो चुकी हैं।

रजनी तिलक की आत्मकथा 'अपनी जमीं अपना आसमां' में विस्थापन की समस्या दिखाई गई हैं।लेखिका के दादा 'दुर्जन सिंह' दलित होने के कारण अनूप शहर के ठाकुर परिवार की चालाकियों से गाँव को छोड़ पूरे परिवार सहित दिल्ली का रूख कर लेते हैं।पीछे भरा-पूरा खेत-खलिहान,मवेशी आदि छोड़कर पूरे परिवार का पलायन करना और किसान से मजदूर बन जाना त्रासदीपूर्ण हैं।

दलित लेखकों और लेखिकाओं की आत्मकथाओं में स्व की अपेक्षा समाज का चित्रण अधिक मिलता हैं।दलित आत्मकथाओं में लैंगिक शोषण की घटनाओं को दिखाया गया हैं।मोहनदास नैमिशराय की आत्मकथा 'अपने-अपने पिंजरे' के एक गद्यांश से बात स्पष्ट होती हैं-

"उनके घर में पुरूष दारू पीते,सम्टा खेलते।औरतें काम पर जातीं।सारा समाज अशिक्षा में डूबा था।सुबह -सुबह औरतें गोबर पाथने, घास लेने,जंगल से लकड़िया लाकर बेचने जातीं।जहां पर भी जातीं। वहां उन जमीदार, काश्तकारों की हवस का शिकार बनतीं या उनका बिस्तर बनतीं।औरतें जंगल जाती हैं। एक टोकरी गोबर पर बिक जाती हैं। उनके पांव दबाती हैं। उनका बिस्तर बनती हैं।"११

समस्त आत्मकथाओं में रीति रिवाजों, प्रथाओं और आडंबरओं का भी वर्णन हुआ हैं।शराब पीना, मरे हुए मवेशियों की खाल उतारना और उनका मांस खाना और देवी देवताओं के नाम पर सूअर आदि की बलि देना ऐसी ही बुराइयां थी। वहीं कुछ अपमानजनक रीति रिवाज जैसे सलाम की प्रथा थी।

संक्षेप में दलित आत्मकथाओं के प्रश्न सामान्यतः किसी एक व्यक्ति के ना होकर पूरे समाज के हैं। इसी कारण सभी आत्मकथाओं में अनुभव किसी एक व्यक्ति विशेष के न होकर पूरे समाज के दर्द के दस्तावेज माने जा सकते हैं। हिंदी दलित आत्मकथा में मुख्यतः जातीयता, अस्पृश्यता,शैक्षिक समस्याओं,आर्थिक तंगी,लैंगिक शोषण, पितृसत्तात्मक ढांचे के प्रति विरोध और संघर्षरत महिलाओं के जीवन को दिखाने का प्रयास किया गया हैं। सभी आत्मकथाओं में अपने अपने तरीके से दलित समाज के सच्चाई को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया हैं।आत्मकथा लिखना नंगे पैर धारदार तलवार पर चलने के समान हैं।अपने जीवन को सार्वजनिक करना आसान नहीं है।

वही इन समस्त आत्मकथाओं में रीति रिवाजों,धार्मिक आडम्बरों,प्रथाओं को उदाहरण सहित दिखाया गया हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

१ नैमिशराय, मोहनदास,२०१८,हिंदी दलित साहित्य, साहित्य अकादमी, दिल्ली, पृष्ठ -१७२

२ अरुणा, डी, २०१८,हाशिए पर, नई दिल्ली, मई अगस्त अकं,पृष्ठ ६९

३ ठाकुर, डॉक्टर हरिनारायण, २०१८,दलित साहित्य का समाजशास्त्र, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली,पृष्ठ ४४९

४ टाकभौरे, डॉक्टर सुशीला, २०११,शिकंजे का दर्द,वाणी प्रकाशन, दिल्ली,पृष्ठ- २६

५ टाकभौरे, डॉक्टर सुशीला, २०११,शिकंजे का दर्द,वाणी प्रकाशन,दिल्ली,पृष्ठ-२४

६ यादव,डॉ वीरेंद्रसिंह,२०१२,समय से मुठभेड़ करती दलित आत्मकथाएं,पेसिफिक पब्लिकेशन,दिल्ली, पृष्ठ-१२९

७ भारती, अनीता,२०१८,छुट्टी पन्नों की उड़ान,स्वराज प्रकाशन,दिल्ली,पृष्ठ ६४

८ टाकभौरे, डॉक्टर सुशीला,२०११, शिकंजे का दर्द,वाणी प्रकाशन,दिल्ली,पृष्ठ-१४४

९ नैमिशराय,मोहनदास,१९९५,अपने-अपने पिंजरे,वाणी प्रकाशन,दिल्ली, पृष्ठ ८३

स्त्री विमर्श

# वृद्ध स्त्री जीवन या तिरस्कृत व्यथा : फिर लौटते हुए

**-प्रीतिका एन**
शोधार्थी, हिंदी विभाग
कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय- 682022
केरल
मो नं.- 9746182124
ईमेल- preethikanv1998@gmail.com

**भूमिका**

स्त्री अक्सर साहित्य के लिए एक संवेदनात्मक विषय रहा है। समकालीन विमर्शों में स्त्री विमर्श का स्थान सर्वोच्च है। साहित्य में स्त्री के हरेक रूप की चर्चा होती है। बाल्य से लेकर यौवन तक स्त्री साहित्य की मार्मिक अभिव्यक्ति का स्वरूप है। लेकिन स्त्री केवल बालिका या युवती मात्र नहीं, वह समय के साथ वार्धक्य की परिधि की भी साक्षी बनती है। लेकिन साहित्य में अक्सर स्त्री जीवन का चित्रण यौवन तक ही सीमित है। लेकिन आज के बदलते सामाजिक परिवेश में स्त्री जीवन का हर मोड़ व पहलू महत्वपूर्ण है। विशेषकर वृद्धावस्था। जीवन की ऐसी अंतिम परिधि, जहाँ सब कुछ (अतीत, वर्तमान और भविष्य) धुँधला प्रतीत होता है। इसी परिधि में स्त्री दोहरे शोषण का भी शिकार बनती है। एक वृद्धावस्था के विभीषणताओं की तो दूसरी तरफ स्त्री जीवन की अपनी मजबूरियाँ। इसी दोहरे अभिशाप की व्यथा- कथा है, राकेश वत्स कृत फिर लौटते हुए।

**बीज शब्द**

स्त्री, वृद्ध, तिरस्कार, फिर लौटते हुए, वृद्धावस्था, उपन्यास, राकेश वत्स, वृद्ध नारीवाद, स्त्री मुक्ति, शोषण बना ज़िम्मेदारी

**मुख्य अंश**

स्त्री जीवन एवं उनके समस्याओं पर अक्सर चर्चा परिचर्चाएँ होती रहती है। इतना की स्त्री जीवन, स्त्री मुक्ति आदि साहित्य का इष्ट एवं सर्वोपरि चर्चित विषय बन गया है। "आज के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विमर्शों में स्त्री विमर्श का विशिष्ट स्थान है। हाशिये पर डाले गये स्त्री एवं पददलित जनसमूह का मुख्य धारा के केन्द्र में आने का संघर्ष ही इस का निदान है। स्त्री विमर्श को पश्चिमी देशों से आयातित माननेवाली विचारधारा से हम सहमत नहीं हो सकते। भारतीय नारीवाद भारत की प्रबुद्ध नारियों और विचारकों के चिन्तन की उपज है जिसका प्रमुख ध्येय सामन्ती व्यवस्था द्वारा स्थापित गुलामी से स्त्री को मुक्त करना है। इसमें एक ओर पुरुषवर्चस्व एवं मनुवाद का विरोध है, दूसरी ओर भारतीय जीवन मूल्यों की नवीन सन्दर्भों में पुनर्व्याख्या एवं पुनःस्थापन का प्रयास भी है। स्त्री के अधिकारों के लिए एवं स्त्री-सशक्तीकरण के लिए जो आन्दोलन चल रहे हैं उनसे भारतीय नारीवाद प्रेरणा ग्रहण करता है।"[1]

लेकिन इन सभी प्रयासों के बावजूद भी समाज में स्त्री की दुर्दशा निरंतर बढ़ती जा रही है। खासकर भारतीय समाज में स्त्रियों की जो दुर्दशा हो रही है, वह अन्य किसी भी देश की स्त्रियों की न हुई है और न होगी। देश की आधी से ज्यादा आबादी आज भी निरंतर प्रताडनाएँ एवं शोषण का शिकार बन रही है। परंतु ये सब बातें काफी बार चर्चा का विषय बन चूका है। जो आज तक हो के भी चर्चा का विषय नहीं बन पाया है, वह है ' वृद्ध स्त्री जीवन'। स्त्री का वह रूप या अवस्था जिस पर बातें एवं चर्चाएँ बेहद कम ही होती है। साहित्य में कई सालों से स्त्री के जीवन पर अनगिनत रचनाएँ पेश की जा चुकी है, लेकिन वृद्ध स्त्री जीवन कम विचारणीय या कम महत्वपूर्ण विषय सा प्रतीत होता है। अक्सर साहित्य में स्त्री के यौवन एवं यौवनकालीन शोषण पर अधिक बात की जाती है। लेकिन आज के तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए वृद्ध स्त्री जीवन अत्यंत प्रमुख विषय बनकर हमारे सामने उपस्थित होता है।

वृद्धावस्था किसी परिभाषा का मोहताज नहीं है। जीवन की एक ऐसी अवस्था जिससे सभी परिचित है, लेकिन अक्सर इस परिचय को नकारा एवं अनदेखा किया जाता है। क्योंकि कहने के लिए यह जीवन का स्वर्णिम काल है, लेकिन साथ ही साथ जीवन का सबसे भयावह दौर भी है। जिसका सामना करना या जिससे गुजरना हर किसी के लिए अप्रिय कार्य है। आज के युग में वृद्धावस्था अनुपयोगिता का प्रतीक है। जीवन का अंतिम पड़ाव, जो बेकारी एवं तनाव ग्रस्त है।" जीवन के इस चौथेपन तक पहुँचते- पहुंचते आदमी के हाथ पाँव थकने लगते हैं, अंग शिथिल होने लगते हैं और सारा शरीर ही धीरे-धीरे जवाब सा देने लगता है। और असमर्थता की इस प्रतीति के साथ ही मन पर एक अनजाना -सा भय हावी होने लगता है- आने वाले समय में आशक्ति घोर संघर्ष, तनाव, संताप और समाज से विशेषकर उन अपनों से ही मिलने वाले अपमान और यातनाओं का भय, जिसके लिए मनुष्य अपने

जीवन के महत्वपूर्ण घडियों को बलिदान कर- करके उनके सुख का भार ढोता रहा हो। इस अवस्था का आरंभ होते ही मानो सारा संसार अपना रंग बदलने लगता हो"[2]

इस प्रकार आज वृद्धावस्था एक भयंकर समस्या बन चुका है। स्त्री तो पहले ही समस्या ग्रस्त थी। ऐसे में वृद्ध स्त्री जीवन एक चिंतनीय विषय बन जाता है। इसलिए आज के विस्तृत साहित्यिक फलक पर स्त्री के वृद्धावस्था एवं इस अवस्था में उनके द्वारा भोगे जाने वाले मानसिक, पारिवारिक आदि तनाव एवं कुंडाओं के संबंध में विचार करना अतिआवश्यक हो जाता है। क्योंकि स्त्री जीवन और वृद्ध स्त्री जीवन कहीं न कहीं एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। वृद्ध स्त्री, स्त्री का ही एक स्वरूप है। जिस प्रकार स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है, उसी प्रकार स्त्री उम्र के किसी भी पड़ाव में आबाद नहीं है। उसकी संपूर्ण जीवन प्रताड़नाओं को सहने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे वह किशोरी हो या वृद्धा, जीवन उसका संघर्षपूर्ण ही रहता है। इसलिए स्त्री विमर्श के तहत स्त्री के वृद्धावस्था और वृद्ध विमर्श के अंतर्गत स्त्री मुक्ति के संबंध में बात करना बेहद आवश्यक है। राकेश वत्स का उपन्यास 'फिर लौटते हुए' कहीं न कहीं ' वृद्ध नारीवाद' की ओर इशारा करता है। वैसे उपन्यास साहित्य हमेशा से जीवन की संवेदनाओं को यथार्थ के सम्मुख सांझा करने में समर्थ है। " साहित्य का क्षेत्र संवेदना और विचार का क्षेत्र है। उपन्यास ऐसा एक माध्यम है जहाँ मानव जीवन की संवेदनाओं को उससे जुड़ी तमाम बारीकियों को समाज और परिवेश के अंतः संबंधों को बेहतर तरीके से संवाद का विषय बनाया जा सकता है।"[3]

प्रस्तुत उपन्यास इस परिभाषा का लिखित दस्तावेज़ है, जिसमें लक्ष्मी देवी एवं उनके मन के जीवन के संदर्भों के माध्यम से वृद्ध स्त्री जीवन की तिरस्कृत व्यथा का चित्रण किया है।" लक्ष्मी ने फिर विलाप करना शुरू कर दिया,"हाए वे मेरया जीवन साथिया, मैंनू एत्थे क्यों छड़ड़ गया?... वे मैंनू वी नाल क्यों नी लैग्या?... हाए वे मैं हुन की करां?... कित्थे ढूंडां तैनू मैं औरत जात।"[4] उपन्यास का मुख्य पात्र लक्ष्मी देवी के पति दिवाकर शर्मा है। दिवाकर शर्मा को 'लक्ष्मी देवी के पति' नामक पहचान की आवश्यकता नहीं है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि, उपन्यास का ताना-बाना इस प्रकार बुना गया है कि, लक्ष्मी देवी पग- पग पर 'दिवाकर शर्मा की पत्नी' संबोधन की मोहताज़ सी प्रतीत होती है।क्यों? क्योंकि वह एक स्त्री है, एक वृद्ध स्त्री। जो अपने पति एवं बच्चों की आश्रिता है। जिसका संपूर्ण जीवन यह पहेली का अर्थ सुलझाने में लग गया कि वह अपने पति का साथ दे या संतानों का। अपनी विवशताओं के आगे हार मानकर, संतानों से किसी प्रकार का परहेज न होकर भी पति और बच्चों में से उन्हें अक्सर पति का साथ निभाना पड़ता है।" पत्नी, जिसने पति के साथ सारी जिंदगी गुजारी है, जिसने पति को उसकी माँ से भी ज्यादा बेपर्दा और नंगे रूप में देखने के अंधेरे झेले हैं, वह पत्नी अपने पति को बुढ़ापे की इस असहाय अवस्था में अकेला छोड़कर हमारे दिए सुख को अकेली कैसे भोग सकती है भला?"[5] लक्ष्मी देवी भी ऐसी एक माँ एवं पत्नी है, जिसका अपने बच्चों के साथ कभी कोई अनबन नहीं रहा है। वह अत्यंत स्नेहमय एवं जिम्मेदार माँ रही है, जिसने हर क्षण अपने परिवार का केवल सुख ही चाहा है। लेकिन इसके विपरीत उनके पति, गैर जिम्मेदार रहे हैं, न उन्होंने ठीक से पति की जिम्मेदारियाँ निभाई और न ही पिता की। इसलिए ही उनके बेटे और उनके बीच संघर्ष अक्सर दिखाई देता है। लक्ष्मी देवी का बेटा चंद्रमोहन माँ को अपने साथ रखना चाहता है, लेकिन पिता को नहीं। वह पिता द्वारा माँ पर किए गए अत्याचारों एवं पिता के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के कारण उनसे घृणा करता है।" फर्ज बाप का पहले होता है बसंत, और बेटे का बाद में। इनको पूछिए कि इन्होंने कौन -सा फर्ज निभाया था जो हम उनके प्रति निभाएँ?"[6]

यहाँ स्त्री का ज्वलंत त्यागमय चरित्र दिखता है। लक्ष्मी देवी अपने पति से घृणा नहीं करती बल्कि आज भी अपना पत्नी धर्म निभाने के लिए तत्पर है। जिसका कारण कहीं न कहीं उनकी परंपरावादी एवं आदर्शवादी सोच है, जो ऐसा मानती है कि, बेटी द्वारा अंधी माँ की मदद करना माँ का धर्म भ्रष्ट करना या पाप है।"सोने से पहले रेणु ने लक्ष्मी के सामने एक आशंका रखी, "दादी माँ, आप जब देख रही थीं कि आपकी माँ अलोन ही नहीं ब्लाइण्ड भी हैं तो आपने उन्हें शैल्टर आई मीन सहारा क्यों नहीं दिया?"

लक्ष्मी ने अपनी पुतलियाँ एक बार छत की तरफ उठाई, फिर जवाब दिया, "हमारे जमाने में बेटी, कुड़ी के माँ-बाप, कुड़ी के घर का पानी तिक नहीं पीते थे, जे मैं उनको अपने घर रखती ताँ लोग की कहते?"...

"आप अपनी तरफ से भी डाटर होने के नाते कुछ मिला देती होंगी।" -ना-ना बेटी, अपनी माँ का धरम भ्रष्ट करने का कोई कम्म मैं नी करती थी। जान परमात्मा को देनी है, एहोजेहा पाप मैं क्यों करूँ?" लक्ष्मी ने अपने दोनों हाथ कानों को लगाए और आँखें बन्द कर लीं।

रेणु समझ गई कि दादी माँ के साथ तर्क से बात नहीं की जा सकती। सिर्फ जानकारी ली जा सकती है कि लोग अपने ही बनाए वैचारिक दोजख में कैसे जिन्दगी जीते हैं और इस जिन्दगी की तकलीफों को सहन

करने की ताकत उन्हें कहाँ से मिलती है।"[7]

लेकिन इसमें गलती केवल लक्ष्मी देवी की नहीं है, उनको माहौल ही ऐसा मिला है कि वह ऐसा सोचने के लिए मजबूर है। क्योंकि हर एक नियम रूपी बेड़ियाँ केवल स्त्री के हक़ की है। वह बंधिनी है, यह बंधन वृद्धावस्था में जी का जंझाल बन जाता है। वे न इधर की रहती है न उधर की। क्या करें? कैसे करें? कुछ भी करने योग्य वे नहीं रहते। एक ओर स्त्री का अभिशप्त जीवन तो दूसरी ओर वृद्धावस्था की निसहायता। 'वे करें तो क्या करें?' यही लक्ष्मी देवी के चरित्र की दशा है।" अब तो इस बुढ़ापे में बस एक ही स्वभाव बन गया है, मुसीबत बहुत बड़ी आई घूँसा मार रही है, तो उसके पैरों में झुक गए, टल गई तो जुड़े हाथ आसमान की तरफ उठ गए है, परमेश्वर तेरी मर्जी।"[8] अपने निसहायताओं के बावजूद भी लक्ष्मी देवी अपने हर एक कार्य को धर्म समझ कर करती है। उनको तो इसका भी एहसास नहीं कि, यौवन काल से उनके साथ जो भी होता आ रहा है, वह जिम्मेदारी या स्नेह नहीं उत्पीड़न एवं शोषण है। जिसे वह जिम्मेदारी समझ वृद्धावस्था में भी निभा रही है।

**निष्कर्ष**

इस दृष्टि से देखा जाए तो वृद्ध स्त्री जीवन अत्यंत विचारणीय एवं संवेदनशील विषय है। दिवाकर शर्मा, प्रस्तुत उपन्यास के मुख्य पात्र है, उनके इर्द-गिर्द उपन्यास घूमता है। लक्ष्मी देवी तो केवल दिवाकर शर्मा की पत्नी है, क्योंकि अलग से उनके संबंध में कोई चर्चा उपन्यास में नहीं की गई है। उनकी भूमिका भी बेहद छोटी है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि, वृद्ध स्त्री जीवन कितना तिरस्कृत है, समाज में भी और उपन्यास के संदर्भ में कहे तो, साहित्य में भी। क्योंकि उपन्यास में प्रत्यक्ष रूप से दिवाकर शर्मा अधिक समस्या ग्रस्त है, उनके संघर्ष, दर्द आदि संबंध में अधिक विचार किया गया है। लक्ष्मी देवी मात्र पत्नी है। वह भी इस पहचान से खुश है। लक्ष्मी देवी के जीवन की सार्थकता है पत्नी और माँ कहलाने में है। इस सार्थकता के आगे बलि चढ़ता जा रहा है, स्त्री का अस्तित्व। इसलिए गौर से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि, लक्ष्मी देवी के माध्यम से एक तिरस्कृत वृद्ध स्त्री जीवन को अंकित करने का प्रयास किया गया है। जो कहीं बच्चे और पति के बीच पिस रही है तो, कहीं शोषण बना जिम्मेदारियों के बोझ तले दब रही हैं।

**सन्दर्भ**


1)डॉ. के. एम. मालती, स्त्री विमर्श: भारतीय परिप्रेक्ष्य, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2010, भूमिका से

2)विमला लाल, वृद्धावस्था का सच, कल्याणी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली, 2010, पृ.58

3)डॉ. के. एम. मालती, स्त्री विमर्श: भारतीय परिप्रेक्ष्य, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2010, पृ.76

4)राकेश वत्स, फिर लौटते हुए, राजपाल एंड संज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2003, पृ.35

5)राकेश वत्स, फिर लौटते हुए, राजपाल एंड संज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2003, पृ.8

6)राकेश वत्स, फिर लौटते हुए, राजपाल एंड संज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2003, पृ. 32

7)राकेश वत्स, फिर लौटते हुए, राजपाल एंड संज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2003, पृ.26-28

8)राकेश वत्स, फिर लौटते हुए, राजपाल एंड संज़, कश्मीरी गेट, दिल्ली, 2003, पृ.25


************

# परिवार की आतंरिक संरचना में स्त्री संदर्भ - रेत-समाधि'

**-डॉ. अर्चना रानी**
सहायक प्रोफेसर
हिंदी विभाग, मोतीलाल नेहरू कॉलेज(सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली
9711082105
archna.rani.du@gmail.com

**भूमिका-** आधुनिक समय में समाज का परंपरागत स्वरुप काफी कुछ बदल गया है। इस बदलते हुए समाज ने गीतांजलि श्री के उपन्यासों में भी उपस्थिति दर्ज कराई है। स्त्री-शिक्षा, आत्मनिर्भरता, स्त्री-अधिकार, संवैधानिक संस्थाओं के विकास ने स्त्री को समाज में अपनी पहचान तलाशने और बनाने का अवसर दिया है। सिमोन का कथन है की 'स्त्री पैदा नहीं होती, बना दी जाती है।' गीतांजलि श्री के सभी स्त्री-पात्र परम्परागत स्त्री बने रहना नहीं चाहते। वे स्त्री की नयी परिभाषा को गढ़ते हैं। गीतांजलि श्री के उपन्यासों में स्त्री-विमर्श सीधे-सीधे न जुड़कर पृष्ठभूमि का निर्माण करता है। कभी वे स्त्री-पुरुष के बीच संघर्ष को वर्णित करती हैं, कभी पितृसत्तात्मक समाज से विद्रोह करती ऐसी स्त्री को निर्मित करती हैं, जो अपने जीवन को अपनी शर्तों पर गढ़ती है। आधुनिक समय के अनुरूप पितृसत्ता ने अपने को अमीबा की भांति बदला जरूर है। किन्तु अपने मूल स्वरूप(दूसरों पर शासन करना) को खोये बिना। अपने बदले हुए स्वरुप में पितृसत्ता 'रेत-समाधि' में भी व्याप्त है। जिसकी पड़ताल मैं अपने शोधालेख में करूँगी।

**बीज शब्द-** पितृसत्ता, परिवार, परंपरागत, स्त्री-विमर्श, चक्रव्यूह, सांस्कृतिक-पहचान, मध्यवर्गीय परिवार, वैचारिक जड़ता, स्त्री मुक्ति, विवाह-संस्था, आज़ादख्याल, वर्चस्व, रूपांतरण, संचरण

**विश्लेषण-** 'रेत-समाधि' गीतांजलि श्री का महत्वपूर्ण उपन्यास है। जो भारतीय समाज की आतंरिक संरचना को परत दर परत उद्घाटित करता है. लेखिका इसमें मध्यवर्गीय परिवार की कथा कहती है, जिसमें अस्सी वर्षीय अवसादग्रस्त माँ और आज़ादख्याल बेटी दो केन्द्रीय पात्र हैं। उपन्यास इन्हीं पात्रों के इर्द-गिर्द घूमते हुए पितृसत्ता के बदलते स्वरुप और स्त्री सन्दर्भ में आज़ादी के मायनों और तमाम विमर्शों को अपने में समेटे हुए है। लेखिका परिवार में घटित होने वाली महाभारत में पितृसत्ता के षड़यंत्र, चालाकियों, सुख लाभ और इसके चक्रव्यूह को नाकाम करती स्त्रियों को उपन्यास में प्रस्तुत करती है। लेखिका के शब्दों में, "कहना चाहिये परिवार को। जब कि कहते हैं महाभारत को। कि जो दुनिया में वो उसमें, और जो उसमें नहीं, वो कहीं नहीं। महाभारत में दुनिया, दुनिया परिवार में, और इसलिए परिवार में महाभारत।" इसलिए 'परिवार' पितृसत्ता की पड़ताल करने की पहली इकाई है। प्रभा खेतान पितृसत्ता को सामाजिक परिघटना के रूप में व्याख्यायित करती हैं, "पितृसत्ता एक सामाजिक परिघटना है। हजारों सालों से चली आई ऐसी व्यवस्था है, जिसमें स्त्री की अधीनता सर्वविदित है।" इन परिवारों में स्त्रियाँ चुप रहती हैं अथवा चुप करा दी जाती हैं। कभी स्त्रियों का विद्रोह मुखर होता है एवं कभी मौन।

पितृसत्ता एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमे पुरुष का आर्थिक, राजनितिक, और सांस्कृतिक हर स्तर पर प्रभुत्व रहता है। लेखिका मध्यवर्गीय पारिवारिक जीवन में पितृसत्ता की पहचान करती है, "इस सबके पहले एक मौत हो चुकी थी। एक आदमी की जिसकी औरत ने उसकी छड़ी से इनकार कर दिया। वो आदमी इसी माँ के पति थे और पिता इसी बेटी के। यों लगा की मरणोपरांत भी पालक-चालक वही हैं और ये कि वो मरे हों या नहीं, उनकी पत्नी हर सूरत में मर गयी हैं। इस तरह वो अपने कमरे में पड़ी रहती।" लेखिका परिवार में मौजूद पितृसत्ता और उसके विरोध को बेहद कुशलता से व्यक्त करती है। "इस स्त्री ने "उसकी(पति की) छड़ी से इनकार कर" दिया है, पति ही घर के सर्वेसर्वा रहे और वे "पड़ी रहतीं" के निष्क्रिय विरोध में सक्रिय रही। बिना किसी तनावपूर्ण माहौल के पारिवारिक तनाव को लेखिका प्रस्तुत करती है। पुरुष की मृत्यु के बाद भी घर का माहौल पुरुष (पितृसत्तात्मक) वर्चस्व से आक्रांत है, इसकी बानगी देखिये, "उनका कमरा। घर के एक कोने में। मियाँ बीवी का बिस्तर। जाड़ों के दिन। मोटी रजाई-गिलाफ़ वाली। हॉट वाटर बोतल। ऊनी कनटोप। खूँटी पर टंगी छडी। प्याली अभी भी बिस्तर किनारे तिपाई पर, बिन पानी के, जिसमें वे जब थे, अपने दांत रात में डाल देते। सुबह उठाते। फिर छड़ी। बाहर दांत किटकिटाती ठंड, भीतर दांत किटकिटाती माँ"

इस तनाव को गीतांजलि श्री ने नाटकीयता से प्रस्तुत किया है, जिस कमरे का दृश्य है, वह स्त्री पुरुष का साझा कमरा है। इस कमरे में जाड़ों की ठंड से बचने के तमाम साधन हैं, पुरुष की उम्र का अंदाजे का संकेत है, कि वह वृद्ध है, उसके मुँह में दांत नहीं है, बावजूद इसके उसकी छड़ी का आतंक बना हुआ है, इस कमरे में माँ ठंड से नहीं वरन छड़ी की मार से दांत किटकिटाती है। और वह पुरुष(पति) से मुँह फेर रही थी, अपनी और अपने बच्चों की तरफ से अपनी नाराजगी जाहिर कर रही थी। उसकी तरफ पीठ कर रही थी। "और इस उपक्रम में दीवार की तरफ खिसकती गयी कि अपनी अस्सी से कुछ कम की सारी ताकत इसी में लगा दे कि कैसे दीवार में घुस सके।"

'पीठ करना' भारतीय समाज में एक प्रचलित मुहावरा है। 'पीठ करना' स्त्री का पति के प्रति अपनी उपेक्षा, अपना विरोध जताने का एक सामान्य व्यवहार है। एक-दूसरे के प्रति अपनी नाराजगी को जाहिर करने का तरीका है। एक स्त्री जब अपने पति से पीठ करती है, तो यह व्यवहार दाम्पत्य जीवन के तनाव को भी प्रस्तुत करता है। गीतांजलि श्री के शब्द अपने

अभिधात्मक अर्थ में एक उलझन जैसे लगते हैं लेकिन अपनी प्रतीकात्मकता में एक नये ही संसार की प्रस्तुति करते हैं। मध्यमवर्गीय परिवार और परिवार की बनावटी प्रतिष्ठा का सजीव खाका उन्होंने दीवार के माध्यम से खींच दिया है। जैसे दीवार ने छत, फ़र्श, खिड़की, दरवाजे संभाल रखे हैं और अपने भीतर छिपा रखे हैं-पानी और बिजली के तार। जिनकी मौजदगी बेहद आवश्यक है, और जिसके भद्देपन को दीवार ने अपने भीतर छिपा लिया है। उसी प्रकार माँ भी दीवार होती जा रही है, जिसके भीतर छिपा है मध्यवर्गीय परिवार का तनाव। और इस छिपाव के कारण दिखता है, 'परिवार'। "बस माँ दीवार की ओर होती गयी और उसकी पीठ अंधी बहरी होती गयी और खुद एक दीवार बन गयी, उन्हें अलगाती जो उस कमरे में आते उसे उकसाने, फुसलाने की उठो अम्मा।" माँ की पीठ रूपी दीवार माँ के अकेलेपन और अवसाद को, परिवार में बूढ़ी स्त्री के प्रति उपेक्षा और अलगाव को दर्शाती है। बूढ़ी स्त्री का सारा जीवन इसी तनावपूर्ण माहौल में बीता है, बच्चे चाहते हैं कि माँ पहले की तरह यंत्रवत जुटी रहे और जीवंत दिखे। पर दादी न उठने की जिद्द पकड़ी है और नहीं नहीं करते हुए नयी उठ खड़ी हुई है। सारी सरहदों को तोड़कर नया हो जाना। यही तो है 'स्त्री विमर्श का एकमात्र ध्येय'। पर इस नये हो उठने का संघर्ष कहीं भी, कभी भी सहज नहीं होता। इसमें टूटती हैं, देह की सरहदें, वर्जनाओं की सरहदें, वैचारिक जड़ता की सरहदें, और राजनैतिक सरहदें जो व्यक्तियों को परिवार से मुल्कों में बदल देती हैं।

गीतांजलि श्री दरवाजे को प्रतीकात्मकता में बेहद कुशलता से बांधती है। "ये कोई मामूली दरवाज़ा नहीं है। कि इसने मजबूती से जिन दीवारों को थाम रखा है, उन पर पीढियां टिकी है।" स्त्री का बड़ा बेटा अफसर है। "ये वाला बड़ा बेटा तबादले वाली सरकारी मुलाज़मत करता रहा है। तो उसके घर और दीवारें शहर बदलते रहे हैं और नए-नए जिलों में खुला दरवाज़ा खुला रहा है। क्या बड़े बेटे के घर की दीवारें सरकती हैं? नाचती हैं? दरवाज़ा बैल है जो घर की दीवारों को गाड़ी की तरह खींचता है? ये तो वही घर है जिस में परिवार के बाप-दादे अपने चाकरों और वीर्य-उपजों को सदियों से घुड़कते फिरते थे।"

पीढ़ी दर पीढ़ी 'घर' नामक संस्था अपना स्थान बदलती रही है और पितृसतात्मक संस्कारों को एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में सौंपती रही है। चाकर जो बाप-दादाओं के अनुशासित, आज्ञाकारी (वीर्य-उपजी) अपनी संताने हैं, जो पितृसता की पैरोकार हैं। ये घर नयी पीढ़ियों, नये विचारों के नहीं है, ये वही पुराने घर, पुराने लोग और पुराने संस्कार हैं, सिर्फ इनका बाहरी आवरण बदल गया है। लेकिन इन घर और दीवारों के बावजूद एक दरवाजा भी है। जो एक सेतु बनता है इन संस्कारों में फिट न होने वालों के लिए बाहर निकलने का और इस तरह ये घर और दीवारें बची रह जाती हैं। "किसी के बीच से निकलना एक तरह से उसे चीरने की बात हुई। भले ही वह दरवाज़ा क्यों न हो। उसके जिगर और दिल को चीर कर निकलते हो तुम सब। जो चीरा जाए उसमे भांपने सराहने की कूवत बढ़ जाती है।" जिसने चिरने की पीड़ा को सहा हो उसका सतर्क हो जाना लाजमी है। यही कारण है कि बदलते वक्त के साथ-साथ पितृसत्ता स्वम को प्रभावशाली बनाए रखने के लिए उदारता के चोले में छिपी रहती है। बड़े बेटे के घर का दरवाजा जानता है की उसे उन पुरातन दीवारों पर टिके रहना है तो उसे खुले रहना है, अन्यथा धकिया देने पर वे टूट कर गिर पड़ेगा और साथ ही ढह जाएँगी वह दीवारें जिन के सहारे वह खड़ा है। "बड़े बेटे के घर का दरवाजा जानता है कि उसे बहरसूरत खुले रहना है और उस के बीच से निकलने वाले पर वक्त की, पूर्वसूचना देने की, खटखटा कर घुसने जैसी पाबंदियाँ नहीं हैं।"

नयी लिपि-पुती दीवारों के साथ खड़े दरवाज़ों वाला घर, जिसमें पितृसत्ता अपने परंपरागत रूप में नहीं वरन अपने बदले नवीन रूप में खडी है। इस घर में बहन (घर की बेटी) को अपना वजूद कीड़े के समान तुच्छ प्रतीत होता है, जहाँ वह दूसरों की बनाई प्रयोगशाला(परिवार) में बन्द भाग निकलने के लिए सुराख़ की तड़प में। "कीड़ों का कीड़ा होना ठीक है, मगर इंसानों का कीड़ा होना" ठीक नहीं है। उनकी हरकतों पर, आचरण पर परिवार की कड़ी नजर (चौकसी भरी) हमेशा बनी रहती है। "तभी वे परिवारों से भागना चाहती हैं और दरवाज़े पर एक पैर उठाये सोच में पड़ जाती हैं कि उन्हें भीतर जाना है या बाहर।" लेखिका ने यमक का बहुत सुन्दर प्रयोग किया है। गीतांजलि की गद्य भाषा की अलंकारिकता अर्थ के प्रभाव को विस्तार प्रदान करती है। "इसी हेर-फेर में एयरपोर्ट पहुँच जाती हैं। एक चौकसी से भाग दूसरी में आ गिरती हैं। जानी-पहचानी सी चिढ़ उठती है और जाहिर सी बात है कि हवाईअड्डे बुरे लगने लगते हैं।"

घर की भीतरी दुनिया की चौकसी बेटियों को बाहर निकलने को विवश करती है। इस घुटन से बाहर निकलने के लिए आतुर वह हवाई अड्डे (स्वप्निल दुनिया) का स्वप्न देखती है। पर वास्तविक हवाईअड्डे एक विशेष निगरानी क्षेत्र होते है। वैसे ही स्त्रियों द्वारा घर से बाहर बनाए या ढूंढे हवाई अड्डे(स्वप्निल महल) सिर्फ हवा में ही हैं। उनका वास्तविक दुनिया में वजूद ही नहीं है और ये भ्रम दूर पर कि वह घर से बाहर की दुनिया में भी पितृसत्तात्मक निगरानी क्षेत्र में है।

माँ और बेटी उपन्यास के दो मुख्य पात्र हैं। दरअसल आप उन्हें घर की सत्ता(पितृ) में मौजूद दो स्त्रियों की तरह देख सकते हैं। दोनों एक-दूसरे के लिए, एक-दूसरे को समझती हुई। उपन्यास में 'खिड़की' वह रास्ता है, जो बिहारी की नायिका (सुख) की झलक देख लेने का जरिया मात्र नहीं है बल्कि (खिड़की)यह वह छोटा छिपा रास्ता है, जो कई बार बड़े दरवाज़ों से (सामने से) साहस के साथ बाहर निकलने का हौसला देता है। दूसरे शब्दों में, माँ के द्वारा किये छोटे-छोटे बचाव बेटी के लिए उस खिड़की के समान थे जिन्हें लांघकर उसने बाहरी दुनिया से खुद को जोड़ा और दरवाज़ों से बाहर निकलने का साहस किया। हौसला दिखाया। घर के भीतर पाबंदियों को सपोर्ट करती माँ, "अन्दर, 'नहीं बिल्कुल नहीं जाएगी' का हल्ला, इधर खिड़की लाँघ कर बेटी चिड़िया की तरह फुर्र। बस माँ को पता।"

रोहिणी अग्रवाल समाजवैज्ञानिक दृष्टीकोण से समाज को देखने पर बल देती हैं, ताकि स्त्री विमर्श की बाधाओं को दूर किया जा सके। "स्त्री विमर्श समाज में स्त्री एवं पुरुष दोनों की तुलनात्मक स्थिति पर तटस्थ एवं संवेदनात्मक ढंग से विचार करने का आह्वान है। इसका केंद्र बिंदु समाज है किन्तु विश्लेषण का मूल घटक है-समाजशास्त्र। अत: इसके स्वरुप को समझने के लिए समाजशास्त्रीय दृष्टी से समाजवैज्ञानिक की भांति पितृसत्तात्मक व्यवस्था की गहन पड़ताल अनिवार्य है।" लेखिका ने उपन्यास

में पितृसत्ता की पड़ताल की है। माँ-बेटे और पिता-बेटी के प्यार के दो सुन्दर बिम्ब प्रस्तुत किये हैं जो पितृसत्ता के वर्चस्व और बदलते स्वरुप के द्योतक हैं। "एक थी माँ, माओं जैसी। जिसने बेटे से कहा मेरे तुम भगवान और बेटे ने उससे कहा तुम सबका दुःख हरने वाली महासतायी देवी। दोनों खुद को एक-दूसरे पर लपेटने लगे और एक बना अजगर, एक महबूब। एक की सांसे फूली और एक की घुटी। एक मुत्य, एक छुटाया। उसी की पीठ दोहरी हो गयी माँ को कंधो पर उठा उठा उडान करने में, और ये अफ़सोस की बात हुई।" दूसरा प्रसंग इस प्रकार है, "बेटी भी थी एक। बाप की मोहब्बत में यों पगलाई की कोई मर्द उनका पासंग न उतरता और बाप भी न तैयार की उनकी शहज़ादी को किसी कमतर से बाँध दे। और पूरी नहीं तो आधी से कुछ ज्यादा ही जवानी और जिंदगी उस बच्ची की हवा में चकचूर हुए।

माँ और बेटी दोनों ही रूपों में स्त्री, पुरुष से प्रेम कर अपना अस्तित्व खोती आई है। किन्तु पुरुष अपनी हर भूमिका(पिता, पति, भाई) में स्त्री को अपने अनुरूप ढालने में ही जीवन मूल्यों की सार्थकता समझता है। भले ही इन पितृसत्तात्मक मूल्यों को बनाये रखने के लिए वे स्त्री के अस्तित्व की भेंट चढ़ा दें, बुढ़ापे में माँ की सेवा बेटे के लिए अफ़सोस (बोझ) हो जाती है और पिता बेटी को अपने ही अनुरूप सोचने वाले व्यक्ति के साथ देखना चाहता है।

"चिल्लाना परंपरा है। बड़े बेटों का चिल्लाने का रिवाज़ पुराना है। रिवाज़ मुल्लम्मा है। कहा जाता है कि बड़े के पिता दिल से चिल्लाते थे जबकि बड़े का दिल ज्यादा खोलन नहीं मारता। पर जबान दोनों की एक सी है। बड़े ने और जोर से चिल्लाने की शान ओढ़ी और चमकाने दमकने लगे। अब कुछेक महीनों में अवकाश प्राप्ति होगी और चिल्लाना सिड (बेटा) की झोली में जा गिरेगा।" चिल्लाना, मारना, अपशब्द, ये पितृसत्तात्मक हथियार हैं। ये पीढ़ी-दर–पीढ़ी संचरित होते रहते हैं। परंपरा, रिवाजों के नाम पर। हर छोटी-बड़ी बात पर चिल्लाना-डपटना पुरुषों के लिए सामान्य बात है।

पारिवारिक नोंक-झोंक, परिवार के भीतर दंगल का रूप ले लेती है। आधुनिक समय में अधिकांश मध्यवर्गीय घरों में नौकर-चाकर काम करते हैं। पारिवारिक सदस्यों पर घरेलू काम का दवाब अपेक्षाकृत कम है। इसके बावजूद रिश्तों की गर्माहट गायब है। भाई-बहन के बीच अरसे से बातचीत बन्द है, "दोनों ने आँख न-मिलाई सी मिलाई और कुछ न मुस्काए से मुस्कुराए।" प्रभा खेतान इस उपेक्षा के पीछे छिपे कारणों की पड़ताल करते हुए लिखती है, "सत्ता का आतंरिक स्वरुप ही ऐसा है, की वह शासन-प्रक्रिया द्वारा दूसरे का शोषण करना चाहती है, ताकि अपने से भिन्न को कमजोर और हीन बनाकर रखा जा सके।"

उपन्यास में गीतांजलि श्री ने बच्ची के स्वभाव को अनुकूल परिस्थितियों में विकसित हुए ऐसे गुण के रूप में देखती हैं, जो पितृसत्तात्मक समाज के अनुकूल नहीं है, इन परिस्थितियों को आधुनिक समय ने मुमकिन बनाया है, "बच्ची का 'नहीं' सबको बड़ा सुहाता। बचपन में वो नहीं की बनी थी। यहाँ तक की उससे जो करवाना हो उसका उलट कह दो तो झट 'नहीं' कहके वो कर देगी। चावल खा लो, परांठा नहीं। नहीं, परांठा खाऊगी। जब बचपन गया। उसका 'नहीं' उसके संग बालिग हुआ। नहीं, नहीं, मैं दुपट्टा नहीं। नहीं मैं नजरबन्द नहीं। नहीं, मैं आप नहीं। 'नहीं' से राह खुलती हैं, नहीं से आज़ादी बनती है। 'नहीं' से मज़ा आता है। 'नहीं' अहमकाना है। अहमकाना सूफियाना है। और इस तरह अपने भीतर नहीं को पालते-पालते घर की बेटी पितृसत्तात्मक घेरे, वर्जनाओं, पाबंदियों को न कह उठी है।

अपने प्रेमियों और पसंद को स्वीकारने के लिए घर भर को तैयार करती। लेकिन इसे एक संगीनतम जुर्म के रूप में चिह्नित कर पूर्वजों की मर्यादा के नाम पर उसका पारिवारिक बहिष्कार कर दिया गया। बहन आत्मनिर्भर थी, उसने अपना घर अलग कर लिया और इस घरेलु बहिष्कार से मुक्त हो गई। पर बड़े भाई की नाक जो पूर्वजों की ठेकेदार बनी थी उसने 'निकल जाने' को भी हिमाकत समझा। लेखिका ने पारिवारिक संस्था के भीतर परत दर परत पितृसत्ता के वर्चस्व, रूपांतरण, संचरण को विस्तृत होते और हर क़दम पर स्त्री द्वारा उसे चुनौती देते, इन सब वर्जनाओं के बीच अपने लिए स्पेस बनाते, संघर्ष करते दिखाया है।

परिवार संस्था के ये तनाव सिर्फ पति-पत्नी के मध्य ही नहीं है, वरन अन्य संबंधो में भी दिखाई देते हैं। माँ-बेटे के सम्बन्ध, भाई-बहन के सम्बन्ध, ननद-भाभी के सम्बन्ध। यह तनाव आधुनिक समाज में भी परिवारों का हिस्सा है। जॉन स्टुअर्ट मिल दी सब्जेक्शन ऑफ़ विमेन में परिवार को पारिवारिक सदस्यों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में देखते हैं, जो तानाशाही की पाठशाला बनकर अपने दायित्त्व का सही ढंग से पालन नहीं कर रहा है। वे लिखते हैं, "परिवार एक ऐसी संस्था है, जो स्वतंत्रता के सद्गुणों को खुलकर उजागर कर सकती है। पर यह माता-पिता के शासन और बच्चों की आज्ञाकारिता की संस्था बनकर रह गई है। होना यह चाहिए कि परिवार परस्पर सहानुभूति और प्रेमपूर्वक एक साथ जीना सिखाने वाली एक पाठशाला हो; इसके लिए यह ज़रूरी है कि यह बात माता-पिता के आपसी संबंधो पर लागू हो। उसके बाद ही ये सद्गुण उनके माध्यम से बच्चों तक पहुँच कर परिवार के सभी सदस्यों के बीच स्वतंत्र, सहानुभूतिपूर्ण और सद्भाव भरे संबंधों की नींव रख सकते हैं।" लेकिन यह स्वतंत्रता, सहानुभूति, सद्भाव ज्यादातर परिवारों में व्यवहृत नहीं होती इसलिए आने वाली पीढियाँ परम्परागत प्राप्त आचरण की वाहक बन जाती हैं, "डांटना, फटकारना, दूराना, सब जरूरी था उसे राह पर लाने को। पर थी वो बेचारी।" परिवार उस की बेचारगी पर तरस खा रहा है। सब उसे नादान, मुर्ख समझते हैं और उसकी पसंद को नालायक प्रेमीजन, जोकि इस स्त्री का फायदा उठाना, या उसे प्रेम के भुलावे में रखना चाहता है। लड़की के भाई और पिता को न पटा (नकारात्मक, झांसे में लेने )पाने के कारण 'बेचारी रह जाती बार-बार अकेली।' उसके कपड़े, पसंद, नौकरी, जीवन सभी कुछ पर तरस खाता परिवार। 'कपड़े, लत्ते भी गंवारों, जमिदारनों जैसे' 'पड़ी है बहिष्कृत एक तरफ।'

लेकिन स्त्री की सफलता, गाड़ी, घर, प्रसिद्धि ने इस हमदर्दी को विस्मृत कर दिया। कामयाब स्त्री की सफलता भी पितृसत्ता के लिए संदेहास्पद है। ये यकीं की स्त्री अपने ज्ञान के बल पर एक सम्मानित ओहदा पा सकती है, अकल्पनीय है। बड़े को बहन का यह आज़ादख्याल तरीका पसंद नही है। वह नहीं चाहता की माँ आज़ादख्याल बेटी से बात करे या

उसके पास रहने जाए। उसने माँ को मना किया है। क्योंकि बहिष्कृति ही बहन के जीवन शैली के प्रति अमान्यता का सूचक है।

भाई को डर है कि माँ का प्रेम और स्वीकृति बहन की जीवन शैली को मान्य करार कर देगी। किन्तु राष्ट्रपति भवन की दावतों में बहन की उपस्थिति और प्रसिद्धि देख भाई को 'समझ ही नहीं आ रहा था की आँखे किसको चुरानी चाहिए और चुरा कौन रहा है।'

गीतांजलि श्री विवाह संस्था के अजनबीपन को भी रेखांकित करती है। समाज में दुल्हनें चयनित होती हैं अपने गोरेपन के आधार पर। जिससे आने वाली नस्लें सुन्दर हों। उसका ज्ञान का, उसकी शिक्षा की विवाह में कोई मूल्य नहीं है। परंपरागत विवाह में घर, लोग, आचरण सभी बेगाने होते है। इस बेगानेपन के बीच स्त्री को अपने लिए जगह बनाने में बरसों लग जाते हैं। दहेज़ में धन ही स्त्री के साथ आता है। वह इस धन की न विवाह पूर्व मालिक होती हैं और न विवाह के बाद। यह दहेज़ पुरुषों की मल्कियत बन जाती है।

सिमोन स्त्री साज-श्रंगार और सामाजिक स्थिति को एक साथ जोड़कर देखती है, "साज-श्रृंगार स्त्री को केवल अलंकृत नहीं करता, वह उसकी सामाजिक स्थिति की और भी संकेत करता है।" महँगी ब्रांड के जूते आज के युग के श्रृंगार है। जो उसे पंख देने के दावे के साथ अपने श्रेष्ठ होने के अवसर को भी उपलब्ध बनाते हैं। गीतांजलि श्री भी उपन्यास में भी इसी ओर इंगित करती है। रीबोक पहनते ही घर की एकमात्र पुत्रवधू लम्बी सैर करने लगी। जोगिंग में रम गयी। योग में शामिल होने लगी। नृत्य भी सीखा और रीबोक जैसी महँगी ब्रांड के माध्यम से अफसर की पत्नी होने के अहम् को तुष्ट किया। सुधा सिंह पूंजीवाद की इस चालाकी को चिह्नित करती हैं, "पूंजीवाद ने स्त्री को इसलिए आज़ाद नहीं किया कि उसे पुरुषों की गुलामी से मुक्ति दिलानी थी। बल्कि स्त्री के अतिरिक्त श्रम को वह अपने हक़ में संसाधना और बाज़ार दोनों तरीके से इस्तेमाल करना चाहता था।" आधुनिक समय सूचना-संचार-सम्प्रेषण माध्यमों का युग है। इसमें बाज़ार का प्रभाव और वर्चस्व हमारे वैचारिक, सामाजिक- किर्याकलापों में झलकता है। बाज़ार, आज़ादी और स्त्री मुक्ति की अपनी ही परिभाषा गढ़ता है। पर वास्तविकता इससे परे है। रीबोक खूबसूरत स्वप्न(पैरों में पंख बनकर रहेंगे) के मोहपाश में बांधकर घर-घर पहुँच जाना जाता है। गीतांजलि श्री 'के स्त्री-पात्र रेत समाधि' के अतिरिक्त 'माई', 'तिरोहित', 'हमारा शहर उस बरस', ख़ाली जगह', में भी परंपरागत सामाजिक मूल्यों से इतर अपने मूल्यों को स्थापित करते है, जहाँ स्त्री बेफिक्री से जी सके।

**निष्कर्ष**- निसंदेह आधुनिक समाज में स्त्री के पास पहले की अपेक्षा अनुकूल परिस्थितियां हैं। स्त्रियों को शिक्षा दी जाने लगी है, उनके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने को भी स्वीकारा गया है। किन्तु परिवार और विवाह संस्थाओं में पुरुष-वर्चस्व बना हुआ है। विवाह के लिए स्त्री की पसंद कोई मायने नहीं रखती है। विवाह परम्परागत और धूमधाम से हों, तभी सम्मानीय होते हैं। गोरेपन के आधार पर स्त्री का चुनाव हमारी नस्लभेदकता का परिचायक है। दहेज़ के सम्मुख स्त्री का बौद्धिक कौशल नगण्य है। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर अविवाहित स्त्री (संपत्ति खरीदना) के मलिकनात्व को हिमाकत की तरह देखा जाता है। बाज़ार एक मायावीजाल समान प्रतीत होता है, जो अपनी बढ़ोतरी(विस्तार, मुनाफे) में स्त्री-मुक्ति के लुभावने स्वप्न बेचता है। परंपरागत मूल्य स्त्री और पुरुष के बीच भेद को बनाए हुए है। उनके मध्य शासित और शोषित के सम्बन्ध देखे जा सकते हैं। जिन्हें बनाए रखने के लिए साम, दाम, दंड, भेद का सहारा लिया जाता है। आधुनिक समय में समाज ने अपनी मूल संरचना(सयुंक्त परिवार, कुटुंब) को भले ही छोड़ दिया है। किन्तु इसके मूल चरित्र(आंतरिक संरचना, स्वाभाव) में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। समाज में अन्तर्निहित पितृसत्ता ने भी आधुनिक समय के अनुसार स्वम् को बदल लिया है, अब वह अपने बदले हुए रूप में (जिम्मेदारी, लाड़-दुलार, स्वतंत्रता, हमदर्दी, इत्यादि) परिवार में, समाज में व्याप्त है। गीतांजलि श्री के उपन्यास के स्त्री-पात्र परंपरागत मूल्यों के सांचे में फिट नहीं हो पाते। ये स्त्री-पात्र सीधे-सीधे आक्रामक नहीं है, किन्तु अमूर्तता में इनका मौन और साहस (दहलीज़ लाँघ जाने) भी सक्रिय हो उठा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**


1. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-109,
2. प्रभा खेतान, उपनिवेश में स्त्री: मुक्ति कामना की दस वार्ताएं, पृष्ठ-39
3. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-11,
4. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-11
5. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-12
6. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-16
7. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-16
8. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-17
9. रेत-समाधि, गीतांजलि श्री, पृष्ठ सं-20
10. साहित्य का स्त्री-स्वर, रोहिणी अग्रवाल, पृष्ठ-12
11. प्रभा खेतान, मुक्ति कामना की दस वार्ताएं, पृष्ठ-
12. जॉन स्टुअर्ट मिल दी सब्जेक्शन ऑफ़ विमेन, पृष्ठ-55
13. सिमोन दी बोउवार, दी सेकण्ड सेक्स, स्त्री-उपेक्षिता, पृष्ठ-257
14. सुधा सिंह, ज्ञान का स्त्रीवादी पाठ, पृष्ठ-46


************

# सामाजिक अंतर्संरचना और स्त्री-जीवन संदर्भ - शिकंजे का दर्द'

**-डॉ. निरंजन महतो**
सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सत्यवती कॉलेज(सांध्य)
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**भूमिका -** सुशीला टाकभौरे हिंदी की महत्वपूर्ण साहित्यकार हैं। आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' स्त्री के द्वारा समाज, पितृसत्ता और सत्ता से टकराने की संघर्ष है। इस टकराहट में दलित समाज के संताप और पीड़ा को शब्दबद्ध करती हैं। विशेष कर एक स्त्री के संघर्ष को जो शुद्र वर्ण की है। दलित स्त्री का जीवन और संघर्ष अन्य स्त्रियों के संघर्ष से ज्यादा कठिन है, क्योंकि वह 'स्त्री होने के साथ ही अछूत होने' की पीड़ा भी झेलती है। सुशीला टाकभौरे वर्ण-व्यवस्था आधारित भारतीय समाज में दलितों की स्थिति की पड़ताल करती हैं। आधुनिक शिक्षा, नौकरी के बावजूद 'अछूत' होने की स्थिति को आसानी से नहीं बदला जा सकता। आत्मकथा दलितों का जीवन, लोकविश्वास और अज्ञानतावश उनके भय को प्रस्तुत करती है।

**बीज शब्द-** लोकतांत्रिक व्यवस्था, वर्ण-व्यवस्था, शूद्र वर्ण, दलित, चर्मकारी, मनुस्मृति, अस्पृश्यता, लोकविश्वास, अंधविश्वास, संवैधानिक अधिकार

**शोध आलेख -** सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' दलित समाज के संताप और संघर्ष की अभिव्यक्ति है। 'दलित समाज में और दलित समाज के बाहर' स्त्री होने की पीडा क्या है? इन प्रश्नों का उत्तर आत्मकथा को पढ़कर ही प्राप्त किया जा सकता है। दलित रचनाकार लेखन में अपने समय और समाज को अभिव्यक्त करते हैं तो कुछ कडवी सच्चाईयां स्वत: ही सम्मुख आ खडी होती हैं। सुशीला टाकभौरे की आत्मकथा इन सच्चाईयों में एक सच 'पितृसत्ता के दंश' को जोडती है। प्रश्न उठता है कि पितृसत्ता का दंश तो सवर्ण महिला रचनाकारों की रचनाओं में भी मौजूद है फिर सुशीला जी के लेखन में विशेष क्या है? सवर्ण महिला रचनाकारों का संघर्ष पितृसत्ता से है और पितृसत्ता से आगे बढ़कर सत्ता से है किंतु एक दलित स्त्री का संघर्ष पितृसत्ता के साथ-साथ अस्पृश्यता और सामाजिक वंचना से भी है। जो उसे आगे से कहीं ज्यादा पीछे की तरफ धकेलते हैं। दैहिक शोषण का भय सभी वर्णों की स्त्रियों को भयभीत करता है किंतु दलित स्त्री होने पर यह भय अधिक गहरा हो जाता है। एक दलित स्त्री के अनुभवजन्य सत्य से समाज को देखने का प्रयास 'शिकंजे के दर्द' को विशेष बनाता है।

आत्मकथा एक ऐसा दर्पण है जिसमें पाठक बीते हुए कल से रू-ब -रू होता है। अतीत से तादात्मय स्थापित कर पाता है। इस तादात्मय में बीते कल के सुखद अहसास के साथ-साथ, सामाजिक सांस्कृतिक विद्रुपताएं भी दिखती हैं। आने वाले समय को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है कि अतीत की विद्रुपताओं, विसंगतियों को आगे बढने का हौसला बना लिया जाए। प्रश्न उठता है, कि वो कौन सी सामाजिक सांस्कृतिक विद्रूपताएं हैं जो दलित समाज को आगे बढने से रोकती हैं। अर्थात् दलित होने की पीड़ा क्या है? हिंदू समाज व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर स्थित दलित समाज है। जिसे शूद्र वर्ण कहा गया। हजारों वर्षो से हिंदू समाज व्यवस्था ने मनुविधान अनुसार शूद्रों को संपति अर्जित करने, शिक्षा अर्जित करने एवं अन्य सम्मानजनक कार्य करने को निषेध घोषित किया गया। हिंदू समाज में दलितों को सम्मानजनक सामाजिक हैसियत प्राप्त नहीं है।

हिंदू समाज व्यवस्था के अनुसार भारत के प्रत्येक गांवों में चारों वर्ण निवास करते हैं। शूद्र वर्ण में भी अनेक जातियां और गोत्र हैं। प्रत्येक जाति की जीविका के पेशे स्थायी हैं। जातियों को निर्धारित पेशे को छोडकर अन्य पेशों द्वारा जीवनयापन करने की छूट प्राप्त नहीं है। इसलिए जाति और पेशे स्थायी एवं पर्याय बने हुए है। शूद्रों के लिए निर्धारित कार्यों में से कुछेक है- चर्मकारी, मरे हुए जानवरों की खाल छीलना और चमडे की वस्तुएं बनाना, जूठन उठाना, मैला ढोना। परंपरागत समाज में इस समाज व्यवस्था की महत्ता अनिवार्य सत्य है। इसके बावजूद ग्राम्य जीवन की धुरी होने पर भी दलित समाज हाशिएकृत हैं।

वर्णभेद और जातिभेद से उत्पन्न गैर-बराबरी और असमानता है। मसलन् दलित बस्तियों को मुख्य गांव से बाहर दक्षिण दिशा में बसाया जाता है। दलित बस्तियों के व्यक्तियों से अस्पृश्यता बरती जाती है और इसे सामान्य सहज नियम के रूप में स्वीकारा जाता है। जो विसंगति समाज में सहज मान्य हो उसका प्रतिकार उतना ही कठिन हो जाता है। लेखिका इस सत्य को पाठक के सम्मुख रखती हैं, "गाँवों में वर्णभेद-जातिभेद की सारी बुराइयाँ बसती थीं। अछूत माने गये जाति-समुदाय के लोग समाज-व्यवस्था के नियम से गाँव के बाहर बसाये जाते थे।...गाँव से मिली जूठन, रोटी,

अनाज और उतरन के कपड़ों से उनका जीवन चलता था। नानी दुख और कष्ट उठाते हुए पहले निजी रूप से गाँव का काम करती थी। बाद में नगर-परिषद् की सफाई कर्मचारी के रूप में नौकरी करने लगी।" दलित समाज के लिए कोई सम्मानजनक कार्य विकल्प के रूप में सदियों से मौजूद नहीं रहा। पुश्तैनी कार्य करना ही जाति-समाज कर्तव्य के रूप में निर्वहण करता रहा और सरकारी व्यवस्था ने भी उन्हें सफाई कर्मचारी के पदों पर नियुक्त कर अन्य सम्मानजनक कार्य विकल्पों पर विराम लगा दिया गया। यथार्थ है कि सफाई कर्मचारियों के पद वाल्मिकी समाज के लिए सुरक्षित कर राज्य और केंद्र सरकारे अपनी उपलब्धि के तौर पर गिनती हैं।

आधुनिक समय में नई शिक्षा पद्धति और अंग्रेजों के दखल ने भारतीय शिक्षा पद्धति को भी बदल दिया। दलित समाज का मानना है, "गोरे बडे दयावान थे। सबको समानता की एक नजर से देखते थे। उन्होंनें हमसे कभी भेदभाव नहीं किया। अपने देश के लोगों में हमारे लिए कभी ऐसी भावना नही रही। अंग्रेजों के आने से ही हमारे बच्चों को पढने लिखने का मौका मिल सको है, नहीं तो हमारे देश के बामन बनिया कभी उन्हें स्कूल में पढने नहीं देते।" सवर्णों पर इस अविश्वास का कारण हिंदू समाज व्यवस्था में सदियों से दलितों को शिक्षा एवं अन्य सम्मानजनक विकल्पों से वंचित किया जाना है। दलितों के इस विश्वास में सदियों की यातना का दंश निहित है।

आजादी और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारत के सभी नागरिकों को प्रदत्त शिक्षा के अधिकार और सरकारी स्कूल व्यवस्था ने दलित समाज के लिए शिक्षा के द्वार खोल दिए। यह बात अलग है कि इस व्यवस्था में भी संचालन स्तर पर सवर्ण और सवर्णवादी मानसिकता का ही वर्चस्व रहा है।

सवर्णवादी मानसिकता का वर्चस्व सिर्फ संचालन स्तर पर ही नहीं वरन् सत्ता के स्तर पर भी मौजूद है। लेखिका सवर्णवादी मानसिकता और सत्तात्मक षडयंत्रों को समझाने के लिए 'टंट्या भील' के विषय में बताती हैं। टंट्या भील ने आदिवासी हितों के लिए देश के शोषक अत्याचारियों से अधिकारों की लड़ाई लडी थी। खण्डवा बहरानपुर के बीच पुलिस मुठभेड में वह मारा गया था। समता और स्वतंत्रता की कामना में उठे विद्रोही स्वरों को जादू-चमत्कार कहकर सत्ता द्वारा एक व्यक्ति के सारे संघर्ष को खत्म कर दिया जाता है। ''यह प्रेरणा की बात थी, मगर हमारी जाति के लोग गुमराह थे और अंधविश्वास में भटक रहे थे। वे क्रांति और विद्रोह की बातें नहीं समझे। लोगों के बहकावे में आकर इन्हें चमत्कार और पूजा की बातें मानते रहे।'' व्यक्ति को ईश्वर में प्रणत करके व्यक्ति संघर्ष और चेतना को समाप्त करना नया नहीं है। लेखिका इन षडयंत्रों को पहचान कर वैचारिक संघर्ष के लिए प्रेरित करती है। वाल्मीकि जयंती और रविदास जयंती के नाम पर छुट्टी मनाने और उत्सव, झांकी, डी.जे. से बाहर निकलकर दलित समाज को शिक्षा के लिए संघर्षरत होना चाहिए। सामाजिक न्याय और बराबरी को पाने के लिए सत्ता द्वारा रचित षडयंत्रों को समझना आवश्यक है।

लेखिका लोकविश्वास को मनौवैज्ञानिक नजरिए से देखने का प्रयास करती है, "टोटके द्वारा मन का वहम निकालने की पद्धति बहुत पुरानी है। मन को एकाग्र करके किसी अन्य दिशा में मोड देना मानसिक उपचार था।" वे इसे अंधविश्वास से अलग करके देखती हैं। लेखिका मानती है आंचलिक क्षेत्र में लोककथाएं, लोकविश्वास सामाजिक जीवन का अंग है। ये कभी अंधविश्वास बढाती हैं, कभी चमत्कृत करती हैं कभी भय के साथ सही मार्ग पर चलाती हैं। किंतु भूत, पिशाच, चूडैल, डायन और बाबा ये समाज में व्याप्त वो बुराईयां है, जिनके निदान का रास्ता शिक्षा से होकर जाता है।

शूद्रों के साथ अस्पृश्यता का व्यवहार ग्राम्य जीवन का हिस्सा है। पुश्तैनी कार्य, गरीबी और अधिकार चेतना के अभाव दलितों को कमजोर और दयनीय बना देता है। जातिगत भेदभाव, गैर-बराबरी और अस्पृश्यता का दंश लेखिका को झकझोर देता है- "भीख माँगेंगे, पर जात के बडे होने का घमंड नहीं भूलते। पता नहीं किस बात में बडै हैं? ये प्रश्न दलित समाज में व्याप्त चेतना का बोध कराते हैं। लेखिका मानती है, आजाद भारत में स्कूल के विद्यार्थियों को वर्णव्यवस्था के क्रमानुसार बैठाने की जो अघोषित परंपरा चलती है, उसने बच्चों में हीनताबोध और जातिव्यवस्था को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लेने की मानसिकता का निर्माण किया है। "कक्षा में ब्राहम्ण, बनियों के बच्चों को सबसे आगे बैठाया जाता था। पिछड़ी जाति के बच्चों को पीछे बैठाया जाता। अछूत बच्चे सबसे पीछे अलग बैठते थे। कक्षा में यह श्रेणी वर्गीकरण जैसा था, इससे हमें अपने वर्ण और जाति का आभास हमेशा रहता था। मैं कक्षा में सबसे पीछे बैठती थी। स्कूल के सभी शिक्षक और सभी बच्चे मेरी जाति के विषय में जानते थे। सबके मन में मेरे लिए एक निश्चित दूरी थी। मैं नहाकर, साफ-सुथरे कपड़े पहनकर स्कूल जाती फिर भी स्कूल के बच्चों, अध्यापकों और चपरासी के लिए अछूत ही थी। मुझे छू जाने पर वे नहाकर शुद्ध होते हैं, यह बात मैं जानती थी।"

अस्पृश्यता की जडें जिस देश में इतनी गहरी हों कि किसी व्यक्ति के छू जाने भर से सवर्ण समाज अपवित्र हो जाता है। उस देश में सख्त कानून

और अस्पृश्यता को दंडनीय अपराध घोषित करके ही समाप्त किया जा सकता है। किंतु यह भी अपूर्ण सच्चाई ही कही जाएगी क्योंकि सदियों से हर मन में समाए इस संस्कार बोध को कुछ ही समय में नहीं बदला जा सकता। "रेलवे स्टेशन के नल से छोटी गागर में पानी भर लेती, तब लो नल को मिट्टी से कभी पाँच बार, कभी सात बार माँजते धोते थे और मुझे घृणा-उपेक्षा से देखते हुए डाँटते फटकारते थे।" सवर्णों के साथ आत्मीय संबंधों के बावजूद उनसे छूआछूत बरती जाती है और इस संकीर्ण मानसिकता के कारणों की पड़ताल करते हुए एच.एल.दुसाध लिखते हैं, "जिस अस्पृश्यता के कारण दलित दुनिया के सबसे घृणित प्राणी के रूप में देखे जाते हैं, वह व्यापक अर्थों में 'बहिष्कार' है। यह बहिष्कार मात्र सार्वजनिक स्थलों के उपयोग तक सीमित नहीं है। कर्म-संकरता की निषेधाज्ञा के तहत दलितों को सदियों से देश के संसाधनों और उच्च मान के तमाम लाभकारी पेशों से बहिष्कृत और वंचित करके रखा गया है।" यह वंचना सिर्फ लाभकारी पेशों में ही नहीं वरन् सामाजिक व्यवस्था में भी बनी हुई थी-"1965 तक हमारे गाँव में आटे की चक्की की मशीन लग गई थी मगर चक्की वाले हमारे घर का अनाज पीसने में एतराज करते थे।"

दलित चिंतक डॉ. धर्मवीर सवर्णों के सुधारवादी प्रयासों पर कटाक्ष करते हैं, "हिंदुओं का उदारवाद एक ऐसा छलावा है जो कुछ तय नहीं होने देता।...हिंदुओं का उदारवाद हिंदुओं में किसी परिवर्तन का हामी नहीं है। यह बदलाव की हर हवा को रोकता है। यह हिंदुओं का सुरक्षा कवच है।"

सवर्ण दबंगई की घटनाएं संपूर्ण दलित साहित्य में देखी जा सकती हैं, टाकभौरे लिखती हैं, "सवर्ण गुंडे, बदमाशों का दोष बेकसूर अछूतों के सिर मढ़ दिया जाता था। उन्हें मार-पीटकर जबरन् उनसे कसूर कबूल करवा लिया जाता।" आज़ादी के इतने वर्ष बाद भी कुछेक जातियों की यह दबंगई (आतंक) गांवों में आज भी अपने क्रूरतम रूप में मौजूद है।

दबंग जातियां खुद ही अदालत बन जाती हैं जहाँ हर निर्बल, गरीब, दोषी और सज़ा का हकदार है। स्त्री होने पर ये खतरे दैहिक और मानसिक भी हो सकते हैं। सुशीला टाकभौरे भी लिखती हैं, "गरीब-अछूत की बेटी की इज्जत सरेआम कभी भी लूटी जा सकती है। अक्सर गांवों में ऐसी घटनाएं होती रहतीं।" कॉलेज से घर लौटते समय कुछ दबंग सवर्ण युवाओं ने उन्हें रास्ते में अकेले पाकर घेर लिया था। भारत के किसी भी हिस्से में रहने वाली दलित जातियां हों, सभी दबंग जातियों की दबंगई से आतंकित रही हैं।

सामान्यतः माना जाता है यदि जातिगत पेशे को छोड़ दिया जाए तो दलित और अन्य समाज में उन्हे हेय दृष्टि से नहीं देखा जाएगा। लेखिका का आत्मकथन इस भ्रम को तोडता है, "कॉलेज की प्राध्यापिका होने के बावजूद भी मैं अछूत थी।" दलित आत्मकथाएं इस कथन पर बारंबार विचार करती हैं। "अन्य जाति के लोग भी पिगरी फॉर्म चलाकर लाखों का व्यापार व्यवसाय करते हैं। वे उद्योगी और व्यापारी कहलाते हैं, मगर हम जाति के कारण घृणा के पात्र बने रहे।" कदाचित इससे यह तो स्पष्ट हो जाता है कि बुराई जातिगत पेशों में नहीं बल्कि सवर्ण समाज में 'जातियों' को लेकर रही। कारण स्पष्ट थे, बहिष्कार कर संसाधनों पर वर्चस्व और सत्ता की कामना।

दलित लेखिकाओं को बाहरी समाज व्यवस्था के साथ-साथ घरेलू आंतरिक व्यवस्था पितृसत्ता से भी टकराना पड़ता है। यह आंतरिक टकराहट गैर-दलित स्त्री लेखिकाओं में भी मौजूद है, पर बाहरी समाज व्यवस्था का यह दंश सिर्फ दलित लेखन का वैशिष्ट्य है। दलित आत्मकथाओं में पुरुष लेखक सिर्फ परंपरागत समाज व्यवस्था में अपने अधिकार, अपनी अस्मिता की मांग करते हैं किंतु लेखिकाएं परिवार एवं समाज में व्याप्त पितृसत्ता के दंश से लहुलुहान है। उनके मन-मस्तिष्क में पुरुष दायरे के अतिरिक्त अन्य प्रश्न भी कोंचते हैं-"जिस माँ ने जन्म दिया, पाला-पोसा उसका नाम समाज में बेटा-बेटी के नाम के साथ नहीं जुड़ता, पति का नाम और सरनेम जुड़ता है, पिता का नाम और पहचान छूट जाते हैं। इसीलिए बेटी परायी वस्तु मानी जाती है। सामाजिक रीति-रिवाज, परंपराओं के कारण ही समाज में बेटियों के प्रति ऐसी मानसिकता व्याप्त रही है।"

जेंडर भेद की निर्मित्ति बालमन में एकाएक ही नहीं होती वरन् समाजीकरण की प्रक्रिया से इसका प्रारंभ हो जाता है। सामाजिक व्यवहार संस्कार के रूप में व्यवहार में शामिल हो जाता है। इस प्रकार संस्कार रूप में समाया भेद सहज और स्वाभाविक प्रतीत होने लगता है। "समाज में बेटियों की अपेक्षा बेटों को अधिक सम्मान और महत्त्व दिया जाता था। जिन लडकियों के भाई नहीं रहते थे परिवार के लोग और रिश्तेदार उन्हें बुरा कहते थे।...जिस मां को बेटा नहीं होता था वह तो मानो अपने-आप को दुनिया की सबसे दुखी अभागी स्त्री मानती।...बेटे के लिए अनेक व्रत रखे जाते, पूजा की जाती, मन्नतें मांगी जाती। चाहे जितनी बेटियां हो जाएं, बेटा होना ही चाहिए। बेटा होने पर ही उनके मातृत्व को महत्व मिलता था।" इस भेद भाव से अनेक प्रश्न स्त्री के भीतर जन्मते हैं। चिंतन की प्रक्रिया में वह इस समाज व्यवस्था को अपने प्रति निर्मम पाती है। स्त्री की पहचान पति या पुत्रों के द्वारा होती है। उनका अपना अस्तित्व स्वीकारने के खतरों से बचने के लिए स्त्री से

उसकी पहचान ही छीन ली गई है। वह पहचानी जाती है तो पिता, पति या पुत्र की पहचान से। इसे सामाजिक मर्यादा के रूप में निभाया जाता है। मर्यादा की रक्षा स्त्री की जिम्मेदारी है। अतः उसके पक्ष से विद्रोह की संभावनाएं क्षीण हो जाती हैं। परिवार के भीतर पनपा स्त्री-पुरुष भेद बुराई के रूप में नहीं देखा जाता। बेटी को पराया धन मानना, बेटों को संपत्ति का उतराधिकारी और सर्वेसर्वा। संतानों से मां की पहनचान नहीं जुडती। संतान पिता की पहचान होती हैं और विवाह के पश्चात् स्त्री से पिता की पहचान भी छूट जाती है और वह पति की पहचान का हिस्सा होती है। इस मानसिकता को रीति-रिवाज और परंपराओं के माध्यम से बनाया, बचाया और बढ़ाया जाता है।

पितृसत्ता सभी वर्णों और जातियों में गहरे पैठी है। आत्मकथाकार पारिवारिक अनुभवों को बांचते हुए लिखती हैं-"घर परिवार में लड़कियों के लिए अनेक बंदिशें थीं। जवाब नहीं देना, ज्यादा नहीं बोलना, धीरे बोलना हर समय सिखाया जाता था...पिता और भाइयों का मां अधिक ख्याल रखती थी, इस बात पर मैं मां से झगडा करती थी" पुरुष केन्द्रित समाज व्यवस्था के कारण दलित स्त्री का संघर्ष दोहरा हो जाता है। पुरुषों के प्रति अतिरिक्त मोह और बेटी के प्रति पराए धन की चौकीदारी करने का कर्तव्य। भले ही इसके लिए सामाजिक व्यवस्था का दोष हो किंतु इस की चोट सर्वप्रथम स्त्री पर ही होती है, चाहे वह मां के रूप में बेटियों को उनके अधिकार से वंचना में हो अथवा बेटी के रूप में बंचिता से। चोटिल तो स्त्री ही है।

विवाह के उपरांत पति-पत्नी के आपसी व्यवहार में, कार्यक्षेत्रों में पुरुषों द्वारा स्त्रियों को हेय दृष्टि से देखना, उपेक्षित व्यवहार इत्यादि यह अत्यधिक गंभीर समस्या, गैर-बराबरी और कटुता के रूप में दिखाई देती है। लेखिका किसी व्यक्ति विशेष को दोष न देकर समाज व्यवस्था को इसका प्रमुख कारण स्वीकार करती हैं और 'शिक्षा, संघर्ष और संगठन' को सामाजिक समता के लिए अनिवार्य मानती है। निःसंदेह डॉ. अम्बेडकर के विचारों ने दलित चेतना और आंदोलन को प्रभावित किया है। पर दलित समाज इससे अछूता ही नजर आता है जब उसकी जागृति 'ईश्वर-भक्ति, पूजा और आडंबर' तक ही सीमित हो जाती है।

लेखिका पितृसत्ता को मजबूती प्रदान करने वाले कारकों में परंपरागत स्कूली पाठ्यक्रम, सिनेमा, धार्मिक दंत कथाओं, त्योहारों, रीति-रिवाजों की भूमिका को भी स्वीकारती है। ये सभी कारक धर्म के प्रति अधिक आस्थावान बनाते हैं, "हिंदी धार्मिक फिल्मों से और धार्मिक कथाओं से मैंनें यही सीखा था-पति बूढ़ा, बीमार, कोढ़ी, कलंकी, वेश्यागामी -कैसा भी हो, पति पूजनीय होता है।" महिलाओं को कष्ट सहने, त्याग, बलिदान, समर्पण, लज्जाशील और विनम्र बनने की सीख दी जाती है, "इन संस्कारों ने आदर्श के नाम पर मुझे कमजोर बनाया और दुख सहने के लिए बाध्य किया।...समाज में पत्नी पर तरह-तरह के अत्याचार करना आम बात है। ये बातें समाज में इस कदर व्याप्त हैं कि लोग इन्हें बुरा भी नहीं मानते। इन्हें मानों पति का अधिकार माना जाता है।"

**निष्कर्ष-** आधुनिक ज्ञान एवं अन्याय के प्रतिकार का सामर्थ्य ही था जिसने दलित समाज के लिए शिक्षा और सम्मान के दरवाजे खोले। यदि आधुनिक ज्ञान का मजबूत आधार न होता तो शायद परिदृश्य कुछ और होता। परंपरागत भारतीय समाज व्यवस्था में दलितों को दलित बनाए रखने के अनेक उपक्रम किए गए। समाज का एक पक्ष दलित साहित्य के आइने में देखा जा सकता है। दलित साहित्य विभिन्न कलमों से निकली पीडाओं और सिसकियों की अभिव्यक्ति का साहित्य है। 'जूठन' वाल्मिकी समाज, 'मेरा बचपन मेरे कंधों पर' चमार समाज, 'मेरी पत्नी और भेडिया' जाटव समाज में मौजूद समस्याओं और स्त्रियों के गैर-जिम्मेदाराना प्रक्ष को, साथ ही सामाजिक व्यवस्था में प्राप्त अन्याय और पीड़ाओं उकेरती है। 'शिकंजे का दर्द' में महार समाज में व्याप्त विसंगतियों और दलित स्त्री के संघर्ष और पितृसत्ता के दंश को साहित्य पटल पर उकेरती हैं। इन आत्मकथाओं में दलित समाज की अनेक छवियां मौजूद हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**


1. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-13
2. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011,पृष्ठ-69
3. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-70
4. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-88
5. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-18
6. सुशीला टाकभौरे, 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-20
7. एच.एल.दुसाध, बहुजन डाइवर्सिटि का घोषणापत्र, पृष्ठ-59-60
8. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-54
9. डॉ. धर्मवीर, बालक श्यौराजःमहाशिलाखंडों का संग्राम, वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2014, पृष्ठ-17
10. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-83
11. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-111
12. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-188
13. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-57
14. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-17
15. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011,पृष्ठ-18
16. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-134
17. सुशीला टाकभौरे 'शिकंजे का दर्द', वाणी प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2011, पृष्ठ-36


************

समीक्षात्मक शोध आलेख

# हिन्दी उपन्यास में स्त्री का लोकतंत्र

**डॉ. विनोद कुमार विश्वकर्मा,**

सहायक प्राध्यापक,
हिन्दी,
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
एवं शोध अध्ययन केंद्र, सतना - (मध्य प्रदेश) 485001,

'' उपन्यास आज के साहित्य की सबसे प्रिय और सशक्त विधा है कारण यह है कि उपन्यास मनोरंजन का तत्व तो अधिक रहता ही है, साथ ही साथ जीवन को उसकी बहुमुखी छवि के साथ व्यक्त करने की शक्ति और अवकाश होता है इसमें। साहित्य की समस्त सर्जनात्मक विधाओं में उपर्युक्त दोनों गुण विद्यमान रहते हैं, किन्तु अन्य विधाएँ अपने-अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण इन दोनों तत्वों का प्रस्फुटन उतना नहीं कर पाती जितना उपन्यास कर पाता है।'' [1]उपन्यास सशक्त एवं प्रिय विधा तो है ही, लेकिन इसके इतिहास को यदि व्यापकता एवं गहराई से देखा जाय तो इसने समाज में -क्रांतिकारी परिवर्तन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

स्त्री चिंतन की चुनौतियां और हिंदी उपन्यास । मेरा विषय दो भागों में विभाजित है , इसका पहला भाग है स्त्री चिंतन की चुनौतियां और दूसरा भाग है हिंदी उपन्यास । स्त्री चिंतन की चुनौतियों पर बोलने से पहले मैं अपनी मां को प्रणाम करना चाहूंगा जिन्होंने मुझे जीवन दिया और जीवन जीने की समझ विकसित की। वस्तुतः स्त्री चिंतन का जो शुरुआत है वह मेरी मां कलावती विश्वकर्मा के द्वारा ही मुझे प्रदान किया गया है ।

जैसे-जैसे हम समाज को जानने का प्रयास करते हैं तो समय संस्कृति और इतिहास को जानने का प्रयास शुरू होता है । सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है कि आखिर वर्तमान समय में स्त्री चिंतन की जरूरत क्या है ? जबकि आज विश्व लोकतांत्रिक दौर से गुजर रहा है तथा किसी भी संस्कृति को आज अपनी संस्कृति नहीं कहा जा सकता है । आज हम वैश्विक संस्कृति के दौर से गुजर रहे हैं तो क्या इस वैश्विक संस्कृति के दौर में अपने आपको भारतीय और वैश्विक समाज में स्त्री उतना ही सुरक्षित पाती है जितना पुरुष पाता है ? या फिर स्त्री और पुरुष के संघर्षों को स्त्री चिंतन की ओर ले जाना चाहिए या कोई बीच का रास्ता निकालना चाहिए । इन सारे प्रश्नों पर मैं विचार करूंगा ।

प्राकृतिक रूप से यदि देखा जाए तो स्त्री और पुरुष दोनों ही स्वतंत्र है । जीवन के उतने ही क्षेत्र उन्हें मिले हुए हैं , जितने क्षेत्र स्त्री के पास है उतने ही क्षेत्र पुरुष के पास है तो स्त्री चिंतन की जरूरत क्या है ? स्त्री विमर्श की जरूरत क्या है ? लेकिन जब व्यापकता और गहराई से देखा जाए तो समझ में आता है कि हमारा समाज दरअसल दो भागों में बटा हुआ है , जबकि यह दो धड़ नहीं होने चाहिए थे । एक ध्रुव स्त्री का है और एक ध्रुव पुरुष का है । और इन दोनों में यदि हम देखते हैं तो स्त्री के साथ सामाजिक , सांस्कृतिक , आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से धोखा हुआ है क्योंकि प्राकृतिक रूप से जब स्त्री और पुरुष दोनों स्वतंत्र हैं तो फिर स्त्री को ही क्यों सारी नैतिकताओं , सारे रीति-रिवाजों , सारी रूढ़ियों में कैद कर दिया गया है ?

अगर हम भारत में स्त्री चिंतन के विकास की दृष्टि से देखें तो वैदिक युग में स्त्रियां अधिक स्वतंत्र थी । अगर आज का युग और वैदिक युग को ध्यान में रखा जाए तो उस समय की जो स्त्रियां थी उनमें से कुछ स्त्रियों के नाम हमारे सामने आते हैं , जैसे मैत्रेई हैं , गार्गी हैं, लोपामुद्रा हैं इत्यादि । लेकिन जैसे-जैसे हमारे समाज में व्यक्तिगत संपत्ति की अवधारणा का विकास हुआ और कबीला युग तक यदि देखा जाए तो स्त्री और पुरुष दोनों स्वतंत्र थे । लेकिन धीरे-धीरे स्त्री को घर का कार्य मिलने लगा और पुरुष बाहर के काम करने लगा । इस कारण से स्त्री घर के काम तक सीमित हो गई । कबीला युग तक तो स्त्रियां कुछ ठीक थी लेकिन जैसे-जैसे नगर और राज्यों का निर्माण होता चला जाता है , मनुष्य राजतंत्र युग तक आ जाता है, सामंती युग तक आ जाता है तो स्त्री के जीवन को एक तरह से नैतिक बंदिशों और सामाजिक बंदिशो के रूप में बांधने का प्रयास किया जाता है । और यह बांधने का प्रयास न केवल भारत में हो रहा था बल्कि विश्व के सभी देशों

अमेरिका , रूस , चीन इत्यादि देशों में भी यह देखने को मिल रहा था।

भारत में जो स्त्री संबंधी नियम बताए गए हैं उसमें मनुस्मृति का नाम बहुत उच्चता से लिया जाता है। मनुस्मृति में स्त्री जीवन के लिए अनेक तरह से निषेध कर दिए गए हैं , उसके नैतिकता के मानदंड बनाए गए हैं। पुरुष ने शास्त्र रचे और स्त्रियों को उसमें कैद कर दिया क्योंकि शास्त्र का रचनाकार पुरुष ही था। इसलिए उसने अपने लिए अधिक सुविधाएं ली और स्त्री के लिए कम सुविधाएं दी। जीवन स्त्री जीती रही लेकिन अगर हम अपने भारतीय इतिहास को देखते हैं तो चाहे पृथ्वीराज का युग हो या इसके पहले का युग हो ,स्त्रियों की स्थिति में बहुत अधिक सुधार दिखाई नहीं देता है।

मध्यकाल तक आते-आते स्त्री की स्थिति ऐसी हो गई थी कि स्त्री अब व्यक्ति नहीं रह गयी थी वह वस्तु के रूप में परिवर्तित हो गई थी। इसलिए उसको खरीदा और बेचा जाने लगा था। स्त्री चिंतन में यह समय बहुत नराधम समय था या बहुत ही कष्ट पूर्ण समय था। जिसने स्त्रियों को एक ऐसी दशा में लाकर खड़ा कर दिया था जिसमें स्त्री वस्तु का रूप धारण कर चुकी थी। व्यक्ति से वस्तु में बदल जाना वास्तव में स्त्री के लिए एक बहुत दुखद स्थिति थी।

मध्यकाल में धर्म , दर्शन , राजनीत , शास्त्र सब स्त्रियों के विरोधी हो गए थे। एक पाश्चात्य विचारक का कथन है कि - 'स्त्री पैदा नहीं होती स्त्री गढ़ी जाती है ,स्त्री की कंडीशनिंग होती है।' पैदा होते ही मां और अन्य जो लोग होते हैं , बेटियों को एक विशेष कार्य के लिए उत्पादित करते हैं। ये मध्यकाल की स्थिति थी जिसमें स्त्री का शरीर , स्त्री का प्रेम , स्त्री का धन सब कुछ पुरुष के हाथ में चला गया था। पुरुष ही स्त्री का नियंता होता था , पुरुष ही स्त्री का आदि और अंत होता था। मनुस्मृति के अनुसार स्त्री कब-कब किन-किन पुरुषों के हाथ में रहेगी तभी वह सुरक्षित रहेगी ऐसा कहा गया है। मध्यकालीन एक कवि ने कहा है कि यदि स्त्री को स्वतंत्रता दे दी जाए तो वह बिगड़ जाती हैं। ऐसी भी क्या बात है कि स्त्री को स्वतंत्रता दे दी जाए तो वह बिगड़ जाती है ?

आप देखेंगे कि जितने भी रीति-रिवाज हैं सब स्त्रियों को ढकने के लिए हैं। जैसे पर्दा प्रथा है ,बाल विवाह है , सती प्रथा है। स्त्री का जो मापदंड है लिंगभेद पर आधारित है तथा पतिव्रता होने का जो मापदंड है। वह ठीक नही है। मध्यकालीन समय में आपने कभी नहीं देखा होगा कि कोई पुरुष स्त्री के मरने पर सता हुआ हो या फिर किसी पुरुष ने अपनी पत्नी के मरने पर आजीवन विवाह ना किया हो। ऐसी स्थितियां सामाजिक विकास की दृष्टि से स्त्री, पुरुष समानता की दृष्टि से बहुत ही विखंडन कारी थी।

किसी भी तरह का कोई सहयोग स्त्री को नहीं मिल पा रहा था , स्त्री को केवल एक पुरुष से प्रेम करने की आजादी थी लेकिन पुरुष को अनेक स्त्रियों से प्रेम करने की आजादी थी। हमारा जो धार्मिक परिदृश्य है जिसमें हमारे महापुरुष राम और कृष्ण के चिंतन की विचारधारा का प्रभाव हमारी समाज में दिखाई देता है।जिसमें राम के द्वारा भी स्त्री के मानवीय मूल्यों को पूरी तरह से नहीं निभाया गया। अगर यह माना जाता है कि राम ईश्वर के अवतार हैं , मनुष्य के अवतार में जन्मे हैं तो सभी कुछ नियमों और परंपराओं को तोड़कर के भी स्त्री के पक्ष में खड़ा होने का प्रयास होना चाहिए था। अगर हम कृष्ण के चरित्र को देखते हैं तो उन्होंने राधा को सामाजिक परिधि से तो बाहर निकाला लेकिन राधा को अपने साथ नहीं रख सके। तो वहीं से कई सारे प्रश्न खड़े हो जाते हैं जो स्त्री चिंतन की पृष्ठभूमि तैयार करते हैं।

हम यह देखते हैं कि मध्यकालीन समाज में स्त्री की स्वतंत्रता की वजाय स्त्री की कमनीयता को विकसित किया गया और उसको केवल शरीर मान लेने की मान्यता तक सीमित कर देने का भाव दिखाई देता है।

जिस समाज में स्त्री विकसित नहीं होगी, जिस समाज में स्त्री पूरी तरह से संचालित नहीं होगी , जिस समाज में स्त्री के स्वतंत्रता की बातें नहीं होंगी वह समाज पूरी तरह से स्वतंत्र और सामाजिक रूप से विकसित नहीं माना जा सकता है। इसका कारण यह है कि स्त्री आधी दुनिया है। प्रख्यात आलोचक और उपन्यासकार राजेंद्र यादव का कहना है कि - 'स्त्री-पुरुष की निगाह में दो तरह की होती है कमर के नीचे की स्त्री , और कमर के ऊपर की स्त्री। कमर के नीचे की स्त्री से पुरुष ज्यादा प्यार करना चाहता है , उसके दिमाग बुद्धि से वह दूर ही रहना चाहता है।' ऐसी स्थितियां हमें स्त्री के परंपरावादी स्वरूप की ओर ले आती हैं।

स्त्री का प्रथम परंपरावादी स्वरूप वैदिक युग में था वह बहुत अच्छा था लेकिन वह मध्यकाल में बिगड़ गया। आधुनिक काल में स्त्री की स्थिति में स्वतंत्रता की आहट सुनाई देती हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के आगमन के बाद

जो भारतीय रूढ़िवादी परंपरा थी , सामाजिक परंपरा थी उस पर गहरी चोट हुई । जैसे राजा राममोहन राय , दयानंद सरस्वती आदि ने स्त्री के सुधार के बारे में बातें की । सती प्रथा , बाल विवाह प्रथा , पर्दा प्रथा आदि के विरोध की बातें शुरू हो गई थी । हम यह मानकर चलते हैं कि 19वी सदी से आधुनिकता की शुरुआत होती है या आधुनिक स्थितियों का उद्भव होने प्रारंभ हो जाते हैं ।

जब पुरानी स्थितियों में हम नयापन खोजने का प्रयास करते हैं तब हम आधुनिकता के पास जाते हैं । आधुनिक समय में स्त्री जीवन और चिंतन की शुरुआत तब होती है जब हम 1850 ई. से यह देखने लगते हैं कि हमारा समाज धीरे-धीरे बदल रहा है । स्त्री के आकाश का निर्माण होना शुरू हो गया है । ऐसे में मुझे सुशीला टाक भौरे की कविता की दो पंक्तियां याद आती हैं - ' लोग भूकंप की बात करते हैं / स्त्री ज्वालामुखी हो सकती है / यह तो सहज बात है ।'

पुरुष और स्त्री में किसी भी तरह की असमानता नहीं है । जीवन और संस्कृति के चरण में दोनों ही एक साथ रह कर के अपने जीवन का विकास कर सकते हैं , इसके लिए प्रयास भी इसी समय शुरू हो जाते हैं ।

हम भारतीय चिंतकों में देखते हैं तो सावित्रीबाई फुले, ताराबाई शिंदे , पंडिता रामाबाई और अज्ञात हिंदु महिला जिन्होंने 'सीमंतनी उपदेश' लिखा इनका नाम प्रमुख रूप से सामने आता है । 'सीमंतनी उपदेश' में अज्ञात हिन्दू महिला लिखती हैं -' ऐसा क्या हो जाता है कि पुरुष के मर जाने से स्त्री आधी हो जाती है और ऐसा क्या नहीं होता कि स्त्री के मर जाने से पुरुष आधा नहीं होता है ।' उन्होंने बड़ी चतुराई से समाज को बदलने का प्रयास किया । हम यह देखते हैं कि सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले जी की पत्नी थी, वह स्त्रियों को शिक्षा देने के लिए जाती थी ,पढ़ाने के लिए जाती थी तो कुछ लोग उनके ऊपर गोबर फेंकते थे । कुछ विशेष जातियों के लोग नहीं चाहते थे कि स्त्रियों को शिक्षा मिले । तो ऐसे लोग उनके ऊपर गोबर फेंका करते थे , लेकिन कभी भी सावित्रीबाई फुले ने पलटकर नहीं देखा कि किस ने उनके ऊपर गोबर फेंका है । जबकि वह दो साड़ियां लेकर जाती थी एक साड़ी जो रास्ते में गंदी हो जाती थी उसे स्कूल में बदल कर के फिर बेटियों को पढ़ाया करती थी । ऐसी शुरुआत पंडिता रामा बाई ने भी किया। अगर हम महादेवी वर्मा के एक कथन को लेकर चलते हैं जो 'श्रृंखला की कड़ियां' उनकी बहुत प्रसिद्ध पुस्तक है , जिसमें उन्होंने स्त्री जीवन से, स्त्री की स्वतंत्रता से जुड़े हुए अनेक प्रश्न उठाए हैं । जिसमें उन्होंने कहा है कि - 'पुरुष स्त्री को अपने घर में ठीक उसी प्रकार रखना चाहता है जिस तरह से वह घर में भगवान की छोटी सी मूर्ति रखता है । वह भगवान को रोली चंदन चढ़ाता है, अगरबत्ती देता है ,अपनी मर्जी के अनुसार रोली और चंदन चढ़ाता है । अगर भगवान कहे कि मुझे ₹500 का या इससे अधिक मूल्य का प्रसाद चढ़ाओ तो वह भगवान को निकाल बाहर कर देगा । उसी तरह से वह स्त्री को गहने देता है , कपड़े देता है अगर स्त्री अधिक मांग करती है, इससे अधिक तो वह उसे घर से बाहर निकाल देता है ।'

19वीं शताब्दी के अंत तक हम यह देखते हैं कि इंग्लैंड, अमेरिका आदि देशों में स्त्री मुक्ति आंदोलन शुरू हो चुके थे । जिसमें सिमोन द बोउवार की एक महत्वपूर्ण पुस्तक है जिसका हिंदी में अनुवाद हुआ है 'स्त्री उपेक्षिता' (The Second Sex 1949 ई. Simone de Beauvoir ) के नाम से । इसमें कुछ अन्य विदेशी रचनाकार हैं जर्मन ग्रेयर हैं , बैट्री फ्रिडन हैं, वर्जिनिया वुल्फ इन्होंने स्त्री मुक्ति के लिए विशेष रूप से कार्य किया है ।

स्त्री मुक्ति एक वह विचारधारा है जिसमें पारंपरिक सोच से हम अलग सोचते हैं , जिसमें पारंपरिक चिंतन से नई दृष्टि लाने की कोशिश करते हैं । यानी जिन-जिन अवस्थाओं में स्त्री को जंजीरों में जकड़ दिया गया है उन-उन अवस्थाओं से स्त्री को मुक्त करने का प्रयास ही स्त्री चिंतन है । और इसके समक्ष जो सबसे बड़ी चुनौती है वह है मध्यकालीन परंपरावादी सोच । जिसमें स्त्री को सामाजिक रूप से हीन , कुलक्षिणी, कुलटा आदि नामों से जाना जाता है ।

सबसे महत्वपूर्ण हैं यह है कि सबसे पहले हमें अपनी दृष्टि बदलने पड़ेगी , स्त्री चिंतन की दृष्टि से यह भी हमारे लिए बहुत जरूरी हो जाता है । क्योंकि जिस तरह से स्त्री की कंडीशनिंग होती है उसी तरह से पुरुष की भी कंडीशनिंग होती है । बचपन से ही हमें बताया जाता है कि पुरुष श्रेष्ठ है, और स्त्री हीन है ।

अगर हम हिंदी उपन्यास के विकास के प्रथम चरण की बात करें जिसे मैं मानता हूं 1882 ई. - 1920 ई. तक ।

जिस समय 'सीमंतनी उपदेश'1882 ई. प्रकाशित हुआ

और उसमें स्त्री मुक्ति के बारे में बातें की गई। उसी समय 1882 ई. में प्रकाशित होता है हमारा हिंदी का प्रथम उपन्यास 'परीक्षा गुरु' लेकिन इसमें स्त्री चिंतन का कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखाई देता। इसमें पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और उस से मुक्त होने की बात कही गई है। इसका जो प्रमुख पात्र है मदनमोहन व पाश्चात्य संस्कृति में फंसा हुआ है स्त्री मुक्ति आंदोलन जैसा कुछ भी इस उपन्यास में मुझे तो दिखाई नहीं देता।

स्त्री चिंतन मुझे प्रेमचंद के उपन्यासों में ही दिखाई देता है। इसके पहले तो तिलस्मी और ऐय्यारी, जासूसी उपन्यास लिखे जा रहे थे। जैसे 'चंद्रकांता' है तिलस्मी और ऐय्यारी का उपन्यास। 'चंद हसीनों के खतूत' जैसे उपन्यास हैं।

प्रेमचंद ही वह व्यक्ति हैं जिन्होंने अपने उपन्यासों को सामाजिक धारा से ओर जोड़ा , चाहे वह वेश्यावृत्ति की प्रथा हो जिसे उन्होंने 'सेवासदन' में 1918 ई. में उठाया था और चाहे वह अनमेल विवाह की समस्या हो जिसे उन्होंने निर्मला में 1924 ई. में उठाया था।

जब अनमेल विवाह की बात आती है तो मुझे अनायास ही तो टालस्टाय का उपन्यास 'अन्नाकारेनिना' 1877 ई याद आता है। जिसमें अन्ना की उम्र 20 साल की है जबकि उसका पति करीब 40 वर्ष का है। यानी उन दोनों की आयु में 20 वर्ष का अंतर है। ऐसा ही कुछ परिदृश्य निर्मला उपन्यास में दिखाई देता है।

मध्यकालीन संस्कृति में हम अगर हम देखते हैं तो 7, 8 साल की लड़कियां होती थी या 13 साल की लड़कियां होती थी और 27 साल के पुरुष के साथ उनका विवाह कर दिया जाता था , उनसे कभी भी यह नहीं पूछा जाता था बाल विवाह के समय की वह विवाह करेंगी कि नहीं करेंगे। टालस्टाय का जो उपन्यास है अन्नाकारेनिना और प्रेमचंद का उपन्यास निर्मला दोनों ही एक ही कथाभूमि को प्रस्तुत करते हैं। लेकिन जितनी प्रगतिशील अन्ना है उत्तनी प्रगतिशील निर्मला नहीं है निर्मला एक सामाजिक बंधनों से बंधी हुई नारी है जबकि अन्ना स्वतंत्र होने की चाहत में अपने आप को खत्म कर देने का दम रखती है। प्रेमचंद के दर्शन को जो प्रगाढ़ रूप से प्रस्तुत करता है वह उपन्यास गोदान है जो 1936 ई. में प्रकाशित होता है। उसमें प्रेमचंद ने स्त्री के जीवन को विशेष तौर पर व्याख्यायित करने की कोशिश की है। इसमें ग्रामीण जीवन से स्त्रियां हैं - जैसे धनिया है , झुनिया है इन दोनों में परिवर्तन की आहट है। सिलिया है जो छोटी जाति की स्त्री है। गोदान में ही हम अगर ग्रामीण परिदृश्य को देखते हैं तो धनिया लगातार होरी को रूढ़ीवादी परंपराओं से , रूढ़िवादी मान्यताओं से अलग होने की बात करती रहती है। यानी वह प्रगतिशील महिला है लेकिन कहीं ना कहीं वह मर्यादाशील भी है। वह अपने पति की बात मानती है , उसमें परंपरा का प्रभाव है। झुनिया प्रगतिशील है, सिलिया को यदि हम देखते हैं जो छोटी जाति की है और वह गांव के पंडित से प्रेम करती है तो किस तरह से ग्रामीण लोगों में विरोध होता है।

दरअसल स्त्री चिंतन का जो मुख्य आधार है वह यह है कि सबसे पहले हमें अपने शहर और गांव के परिदृश्य को बदलना पड़ेगा। मानसिक रूप से , राजनीतिक रूप से , धार्मिक रुप से। क्योंकि धर्म यह कहता है कि यदि बेटा होगा तभी मोक्ष प्राप्त होगा धर्म यह नहीं कहता कि यदि बेटी होगी तो मोक्ष प्राप्त होगा I पित्र ऋण तभी मिटेगा जब बेटा होगा। यदि ऐसी भी कोई मान्यता है ? ऐसा भी कुछ होता है ? मुझे तो नहीं लगता । धर्म की आड़ में जिस तरह से बेटियों को या स्त्रियों को नीचा कर दिया गया है यह उचित बात नहीं है , बेटा और बेटी दोनों के पैदा होने से मोक्ष प्राप्त हो सकता है।

शहरी स्तर पर देखें तो, गोदान में जो पात्र है जिसका बाद में बहुत विस्तार हुआ , पूरी कथा लेखन में , हिंदी उपन्यास लेखन में, वह है मालती। मालती एक ऐसा चरित्र है जिसमें प्रेमचंद ने अपनी बहुत बड़ी वैचारिकी को प्रस्तुत किया है। मेहता अपने भाषण में कहते हैं कि - 'स्त्रियों को पुरूषों की तरह झगड़ालू होने की क्या जरूरत है, स्त्रियों की अपनी जगह है, उनमें दया है , ममता है , करुणा है , प्रेम है तो ये स्थान छोड़कर के स्त्री क्यों पुरुष की तरह हिंसक और बर्बर होना चाहती है।' इस व्याख्यान से बहुत से लोग प्रसन्न चित्त होते हैं और बहुत से लोग प्रसन्न चित्त नहीं होते हैं। लेकिन मैं स्त्री मुक्ति को वहां पर देखता हूं कि जब मेहता मालती के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखते हैं तो मालती विवाह से इंकार कर देती है। कहीं ना कहीं विवाह में जो शोषण का दंश छिपा हुआ है उससे प्रेमचंद अपने पाठक को परिचित कराना चाहते हैं। लेकिन वह यह नहीं भूलते कि विवाह का जो आनंद है वह गोविंदी नामक पात्र में दिखाते हैं। समझाते हैं कि पारिवारिक विघटन में कोई विशेष महत्व नहीं है।

जैनेंद्र का 'सुनीता' (1935 ई.) उपन्यास ने मुझे बहुत

उद्वेलित किया। मुझे लगता था कि अगर यह उपन्यास कोई स्त्री लिखती तो क्या वैसा ही करती जैसा जैनेंद्र ने सुनीता और हरिप्रसन्न के प्रकरण में किया है। बिल्कुल प्यार के अंतिम चरण से पहले पुरुष को वापिस बुला लिया है जिस तरह से सुनीता हरी प्रसन्न को, उसे पाने के लिए, उसे प्यार करने के लिए आवाहन करती है, और हरी प्रसन्न उसकी नग्न शरीर को देखकर अपने आपको वापस कर लेता है। वह बहुत अटपटा लगता है। क्या एक पुरुष स्त्री की इच्छा को पूर्ण करने में सक्षम नहीं है ? अथवा पुरुष स्त्री को इस रूप में देखकर भयभीत हो जाता है कि वह स्वयं अपने प्रेम का निवेदन करे ? ऐसे कई प्रश्न यह उपन्यास हमारे समक्ष प्रस्तुत करता है।

लेकिन जैनेंद्र की इस बात के लिए तारीफ करनी चाहिए की एक संभ्रांत पारिवारिक स्त्री सुनीता को उन्होंने प्यार करने और केवल सुनीता के रूप में प्रकट होने और अपने प्यार को प्रकट करने का हौसला दिया। जो अपने व्यक्तित्व को केवल अपने रूप में पाती है और प्रेम करने के लिए अपने आप को अपने पति से अलग एक स्वतंत्र व्यक्ति के रूप में स्थापित कर लेती है। यह एक बहुत क्रांतिकारी बात है जो मुझे जैनेंद्र के इस उपन्यास में दिखाई देती है।

इस तरह से एक जो अगला उपन्यास है भगवती चरण वर्मा का जो 1934 ई. में प्रकाशित होता है और बहुत ही चर्चित हुआ जिसे हम 'चित्रलेखा' के नाम से जानते हैं। चित्रलेखा एक पतित स्त्री है और इसके माध्यम से पाप और पुण्य को बड़ी चतुराई से भगवती चरण वर्मा ने प्रस्तुत किया है। जिसमें यह कहने की कोशिश की है कि पाप और पुण्य जैसा कुछ नहीं होता सब समय की परिस्थितियां हैं न तो पुरुष अपवित्र है और न ही स्त्री अपवित्र है, दोनों सही जीवन है। योगी कुमार गिरि का जीवन भी सही है और दूसरा सामंत बीजगुप्त का भी।

हिंदी उपन्यास में स्त्री चिंतन की चुनौतियां की दृष्टि से मैंने दूसरा चरण 1940 ई. से 1995 ई. तक माना है। हिंदी उपन्यास करीब डेढ़ सौ से अधिक समय से लिखा जा रहा है। और यह बहुत विस्तृत है और व्यापक फलक लिए हुए हैं इसलिए इसे एक आलेख में व्याख्यायित कर पाना कठिन है। इस कारण मैं कुछ स्त्री पात्रों और उन उपन्यास लेखक और लेखिकाओं लेखों की चर्चा करूंगा जिन्होंने किसी न किसी माध्यम से स्त्री चिंतन की चुनौतियों से लोहा लिया है और स्त्री मुक्ति की बात की है।

अज्ञेय की 'शेखर एक जीवनी' (1941 ई. प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग 1944 ई.) की शशि जो शोषण का शिकार है लेकिन आगे के 'नदी के दीप' की रेखा है जो भुवन से प्रेम करती है शारीरिक संबंध भी बनाती है लेकिन विवाह किसी अन्य से करती है।

यशपाल की 'दिव्या' (1945 ई.) में हम स्त्री चिंतन अगला चरण देखते हैं। क्योंकि यह उपन्यास स्त्री चिंतन की चुनौतियों से सीधे-सीधे टकराता है और यह प्रकट करने की कोशिश करता है की वस्तुतः समाज में स्त्री की जगह कहां है वह कितना स्वतंत्र है और वह किस तरह से स्वतंत्र हो सकती है।

दिव्या को लगता है कि जब सब ने ठुकरा दिया तो मुझे धर्म अपना लेगा। तब वह बौद्ध मठ में जाती है लेकिन उसे प्रवेश ही नहीं मिलता। उससे उसके स्वामी के बारे में पूछा जाता है। तब वह कहती है कि बुद्ध ने एक स्त्री को अपना लिया था। तो वहां कहा जाता है कि बुद्ध ने जिस स्त्री को अपनाया था वह वेश्या थी और वेश्या स्वतंत्र नारी होती है, तुम स्वतंत्र नहीं हो। इस तरह से हिन्दी उपन्यास का जो चरित्र है वह बदलनें लगता है।

दिव्या उपन्यास की नायिका है वह अपने पराक्रम से अपने द्वारा चयनित व्यक्ति का वरण करती है। अर्थ , ज्ञान सबको हासिल करती है।

हजारी प्रसाद द्विवेदी का उपन्यास बाणभट्ट की आत्मकथा (1946 ई.) में भी स्त्री मुक्ति की आहटें दिखाई देती हैं , जो काबिलेगौर है। भट्टिनी में स्त्री मुक्ति की छटपटाहट है। और जो बाणभट्ट कहता है कि - ' मैं स्त्री देह को देव् मंदिर के समान पवित्र मानता हूँ।' इस वाक्य को मैं उत्कृष्ट और विकासवादी मानता हूँ। पुनर्नवा (1973 ई.) उपन्यास में हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने कहा है कि - 'जब तक समाज में परिवर्तन नहीं होगा , जो सड़ी गली परंपराएं हैं उनको नष्ट नहीं किया जाएगा , तब तक समाज में नए अंकुर नहीं फूटेंगे ।' शर्मिष्ठा के प्रेम के माध्यम से उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया है।

इस दौर में जो एक उपन्यास बहुत ज्यादा चर्चित हुआ वह सुरेंद्र वर्मा द्वारा रचित 'मुझे चाँद चाहिए' (1993 ई.) है। 'मुझे चाँद चाहिए' एक ऐसा उपन्यास है जो स्त्री की आकांक्षाओं को बहुत ऊपर तक ले जाता है। शाहजहांपुर की सिलबिल जो मुंबई में

जाकर 'वन एक्ट प्ले' की बहुत बड़ी नायिका बनती है। वर्षा वशिष्ट के रूप में, वह बहुत उत्कृष्ट और स्त्री मुक्ति का व्यापक और संघर्षशील उदाहरण है।

इस उपन्यास में हम देख सकते हैं कि किस तरह से जब पुरुष विकास के पथ पर चढ़ता है तो इससे स्त्री प्रसन्न होती है, लेकिन जब स्त्री विकास के पथ पर चढ़ती है तो पुरुष किस तरह से अपने अहंकार को दबा नहीं पाता। और पूरे गैर रचनात्मक कार्य करता है इस उपन्यास का नायक हर्ष है, वह आत्महत्या कर लेता है। मैं इस पक्ष से सहमत नहीं हूं कि हर्ष आत्महत्या कर ले , लेकिन यह हमारी मानसिकता है, जिसको कथाकार ने दिखाया है।

अब तक मैंने जो प्रमुख पुरुष लेखक हैं उनकी बात की है , अब मैं स्त्री मुक्त से संबंधित विचारधारा को आगे बढ़ाने में जिन स्त्री लेखिकाओं मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनमें से कुछ प्रमुख की चर्चा करूंगा। जिसमें सबसे पहला नाम मैं नाम लेना चाहूंगा कृष्णा सोबती और आपका उपन्यास 'सूरजमुखी अंधेरे के'। जो 1972 ई. में प्रकाशित होता है। इसमें उपन्यास की नायिका रत्ती है। उसके साथ बचपन में बलात्कार हो जाता है और जवान होने तक वह इससे कैसे लड़ती हैं, कैसे किसी से प्रेम नहीं कर पाती इसको दिखाने का प्रयास इसमें किया गया है। उसके अंतर्मन की पीड़ा और बलात्कार जैसे दर्द को अंदर ही अंदर खेलने के संघर्ष को यह उपन्यास बहुत व्यापक तरीके से प्रस्तुत करता है जिससे यह पता चलता है कि वास्तव में स्त्री जीवन मानवीय समाज में कितना कठिन और अनेक चुनौतियों भरा है।

'मित्रो मरजानी' जो 1967 ई. में प्रकाशित हुआ। ईसमें यह दिखाने का प्रयास किया है कि जो 'मित्रों मरजानी' की मित्रों है या सुमित्रा है, वह किस तरह से यह प्रयास करती है कि वह मुक्त हो जाए । क्योंकि उसका पति शारीरिक रूप से संबंध बनाने में सक्षम नहीं है। ऐसे में वह समाज से विद्रोह करती है और एक दूसरे पुरुष से संबंध और प्यार पाने का प्रयास करती है।

उषा प्रियंवदा का जो उपन्यास है 'पचपन खंभे लाल दीवारें' यह 1961 ई. में आया , 'रुकोगी नहीं राधिका' 1966 ई. में आया। इन दोनों ने स्त्री चिंतन को विकसित किया और स्त्री की स्वतंत्रता को विकसित करने में योगदान प्रदान किया।

मृदुला गर्ग के दो उपन्यास बहुत चर्चित हैं हुए एक है 'चित्तकोबरा' जो 1979 ई.में आया ,दूसरा है 'कठगुलाब' जो 1986 ई. में आया। 'कठगुलाब' में यह दिखाने का प्रयास किया गया है कि जो जमीन पुरुष को मिलती है वहीं जमीन स्त्री को नहीं मिलती। स्त्री का बीज बड़ी मुश्किल से उगता है जो कठगुलाब का बीज है वह बड़ी मुश्किल से धरती पर उगता है। उसी तरह से जीवन के धरती पर स्त्री का विकास बहुत संघर्ष के बाद होता है, ऐसा हमारा समाज क्यों करता है ?

'ठीकरे की मंगनी' जो नासिरा शर्मा का 1979 ई. में प्रकाशित बहुत महत्वपूर्ण उपन्यास है। इसमें नायिका ने समाज से विद्रोह किया है। 'आपका बंटी' (1971 ई) में मन्नू भंडारी ने बच्चे की समस्या और स्त्री प्रेम की समस्याओं को बहुत गहराई से उठाने का प्रयास किया है। 'महाभोज' (1979 ई.) में राजनैतिक और आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टिओं को विकसित करने का प्रयास किया है।

ममता कालिया का 'बेघर' उपन्यास जो 1971 ई. में प्रकाशित होता है , एक महत्वपूर्ण उपन्यास है। जिसमें जीवन को बदलने की कोशिश की गई है। ममता कालिया ने 'बेघर' उपन्यास में स्त्री की यौन पवित्रता का जो मानदंड बनाया गया है , उस पर प्रश्नचिन्ह उठाने की कोशिश की है कि क्या स्त्री की योनि ही पति के अलावा किसी दूसरे पुरुष के साथ प्रेम करने से अपवित्र हो जाती है ? पुरुष का जननांग अपवित्र नही होता ? ऐसा प्रतिमान किसने बना दिया कि पुरुष अनेक स्त्रियों से प्रेम करता रहे और स्त्री प्रताड़ना झेलती रहे। एक पुरुष के पल्ले बंधी रहे। उसकी ही यौन शुचिता अथवा यौन पवित्रता पर प्रश्न उठाए जाएं। पुरुष के जननांग पवित्रता पर कोई प्रश्न ना उठाया जाए। बार-बार स्त्री को पुरुष के साथ जीवन जीते हुए यह क्यों लगता है कि जिस घर में वह रह रही है वह घर उसका नहीं है, वह बेघर है क्यों ?

1995 ई. से लेकर 2020 ई. तक को मैं हिंदी उपन्यास के विकास को अगले चरण के रूप में देखता हूं।

1970 ई. के आस-पास भारतीय और वैश्विक परिदृश्य में उत्तर आधुनिकता नें अपनी पकड़ जमानी शुरू कर दी थी। गाँव परिवर्तित हो रहे थे , शहर परिवर्तित हो रहे थे। इस तरह से अब चूकि विभिन्न विमर्शों का दौर शुरू हो रहा था। जैसे स्त्री, दलित , आदिवासी , किसान, किन्नर आदि विमर्शों का। इनमें कहीं ना कहीं स्त्री के जीवन को रेखांकित करने का प्रयास किया

गया। अब आदिवासी स्त्री , संभ्रांत ,स्त्री और स्त्री तेरी कोई जाति नहीं ऐसे भी प्रश्न उठाए गए हैं। यह समय हिंदी उपन्यास में स्त्री चिंतन की धारा में व्यापक परिवर्तन और नए संघर्ष एवं नई सोच के उदय का भी समय है। उत्तर आधुनिकता के आगमन महा आख्यानों के नकार, इतिहास, संस्कृति, धर्म और राजनीति में परिवर्तन की नई आहटें जो समाज में दिखाई दे रही थी वह किसी न किसी रूप में हिंदी उपन्यास में भी दिखाई देने लगती हैं।

मैत्रेयी पुष्पा का 'इदन्नमम' उपन्यास जो 1994 ई. में आता है, उसमें मंदाकिनी नामक पात्र अपने समय और समाज से लड़ती है और यह दिखाने का प्रयास किया जाता है कि किस तरह से एक अकेली स्त्री अगर समाज में अकेले अपना जीवन स्थापित करने की कोशिश करे तो किस तरह से उसे प्रश्न भरी निगाहों से देखा जाता है।

इस तरह से देखा जाता है कि जरूर उसके किसी दूसरे से सम्बंन्ध होंगे , उसकी प्रगति को नहीं देखा जाता।

सारंग जो मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' की नायिका है। यह उपन्यास 1997 ई. में प्रकाशित हुआ। सारंग एक गांव में सरपंच है। हमारे यहां लोकतंत्र में सबसे बड़ी त्रासदी है कि लोकतंत्र में पत्नी सरपंच हो जाती है और पति सरपंच रहता है। पत्नी अंगूठा बस लगाती है या हस्ताक्षर करती है। पति ही सब कुछ करता है।

लेकिन 'चाक' उपन्यास में मास्टर श्रीधर के सहयोग से सारंग अपने व्यक्तित्व को उभारती है और सभी राजनीतिक फैसले लेती है वह एक संघर्षशील स्त्री के रूप में प्रकट होती है जो केवल एक रबर स्टांप नहीं है बल्कि बल्कि अपने सोच और व्यक्तित्व के महत्वपूर्ण पहलुओं को विकसित करते हुए वह गांव के विकास और राजनैतिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सामाजिक रुप से भी वह एक क्रांतिकारी स्त्री है।

मास्टर श्रीधर सारंग से प्रेम करता है लेकिन कहने से ही चकता है यह बात सारंग को पता है इसलिए वह मास्टर श्रीधर को यह कहती है कि - ' अगर तुम्हें मेरे शरीर को देख करके खुशी मिलती है , तुम इसे पाना चाहते हो, तो तुम पाओ।' और वह उसके साथ सहवास करने से भी नहीं हिचकती है।

स्त्री विमर्श यहां से और विकास की ओर जाता है। मैत्रेयी पुष्पा ने अल्मा कबूतरी जैसे महत्वपूर्ण उपन्यास को लिखकर के आदिवासी जीवन को भी सामने रखा है। किस तरह कबूतरा जनजाति है , कैसे पूरी की पूरी जाति को ही अपराधी घोषित कर दिया गया है। इस प्रश्न को उठाने का प्रयास किया है। मैत्रेयी पुष्पा ने अपने एक उपन्यास में यह दिखाया है कि जब पुरुषों के साथ बलात्कार होता है तो फिर क्या होता है , क्या उसे वैसे ही समाज की वितृष्णा झेलनी पड़ती है, जैसे एक लड़की को झेलनी पड़ती है ? ऐसे अनेक प्रश्न मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास में हमें देखने को मिलते हैं। हिंदी उपन्यास में 21वीं शताब्दी की दहलीज पर मैत्रेयी पुष्पा का आगमन वास्तव में इसमें बृहद परिवर्तन करता है और स्त्री चिंतन की चुनौतियों से लड़ते हुए इसके लोकतांत्रिक आधारों की तलाश कर सही मायने में स्त्री चिंतन में लोकतंत्र का विकास करता है।

शरद सिंह का एक बहुत चर्चित उपन्यास पिछले 'पन्ने की औरतें' जो आदिवासी जीवन पर आया है। मध्यप्रदेश की बेड़नी जनजाति पर आधारित है और इनके जीवन और संस्कृति में भूमंडलीकरण के प्रभाव और विकास के इस दौर में अलग-थलग रह जाने की पीड़ा शासन-प्रशासन की ओर आशा भरी नजरों से देखना तथा उनके संघर्ष को इस उपन्यास में व्यापकता और गहराई से प्रस्तुत किया गया है जिससे आदिवासी स्त्री के जीवन को समझने और उसके व्यक्तिगत संघर्ष तथा सामाजिक संघर्ष को समझने में सहायता मिलती है।

अल्पना मिश्र का एक उपन्यास आया है 'अन्हियारे लछट में चमका' (1915 ई.)जो स्त्री के जीवन की तहो से उभरकर के एक स्त्री के निर्माण की कथा है। समाज की अनिर्माणकारी परंपराओं में डूबी हुई एक स्त्री अपने जीवन को कैसे विकसित करती है, यह इसकी अनुपम कथा है।

अल्पना मिश्र का दूसरा उपन्यास जो 2019 ई. में आया - 'अस्थिफूल'। इसमें झारखंड में स्त्री शोषण , सामाजिक शोषण को दिखाया गया है। और यह प्रयास किया है, यह बताया है कि स्त्री का जीवन उस फूल की तरह उगता है पहले उसे जलना पड़ता है। जो मृत्यु की अस्थियां होती हैं उसके फूल की तरह स्त्री के जीवन को जल करके फिर नया बनना पड़ता है। यानी स्त्री का जीवन कितना ज्यादा संघर्षशील है, यह हम उस उपन्यास में देख सकते हैं।

मनीषा कुलश्रेष्ठ का उपन्यास ' मल्लिका' 2019 ई. में आया। मल्लिका भारतेंदु हरिश्चंद्र की प्रेमिका और विधवा थी। उनके प्रेम और उस काल की सामाजिक परिस्थितियों को विकसित करते हुए उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया है कि मल्लिका के व्यक्तित्व का भारतेंदु पर किस तरह से प्रभाव पड़ा है।

हिंदी उपन्यास के विकास को स्त्री चिंतन की दृष्टि से देखने पर यह पता चलता है कि यह बहुत ही बड़ी बात है कि स्त्री और पुरुष दोनों मिलकर के उच्च विचारधारा का विकास कर रहे हैं। चाहे वह पुरुष लेखकों के द्वारा लिखे गए उपन्यास हों या फिर स्त्री लेखकों के द्वारा लिखे गए उपन्यास हों स्त्री मुक्ति की विचारधारा को व्यापकता और गहराई से समझने का प्रयास इन दोनों के माध्यम से ही हुआ है। दोनों ही एक दूसरे के सहयोग हेतु साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं।

हिंदी उपन्यास में स्त्री चिंतन के विकास के संबंध में बात करते हुए मैं कुछ ऐसी पुस्तकों का नाम लेना चाहूंगा जिनसे स्त्री विमर्श और स्त्री चिंतन का विकास करने का प्रयास किया गया है। जैसे अनामिका की एक पुस्तक है 'स्त्री विमर्श का लोकपक्ष'। रेखा कस्तवार की एक पुस्तक है 'स्त्री चिंतन की चुनौतियां'। हंस के कई अंके स्त्री मुक्ति पर निकाले गए थे। जिसमें राजेंद्र यादव और हंस पत्रिका का स्त्री मुक्ति आंदोलन में बहुत बड़ा योगदान है। अतीत होती सदी और स्त्री का भविष्य हंस का विशेषांक और कमला प्रसाद ने :स्त्री मुक्ति का सपना' नामक वसुधा का एक अंक निकाला था। तो इन लोगों ने भी स्त्री मुक्ति आंदोलन की एक आधार भूमि तैयार की।

उत्तर आधुनिकता और वैश्विक संस्कृति ने जीवन को बदल कर रख दिया है। लोकतांत्रिक संस्थाएँ हमारा दरवाजा खटखटा रही हैं। स्वतंत्रता, समानता ,न्याय ,भाईचारा एवं बहनचारा दोनों ही हमारा दरवाजा खटखटा रहे हैं। तो ऐसे में जब हम लोकतांत्रिक युग में आ गए हैं, तो चाहे वह आदिवासी स्त्री हो, चाहे वह दलित स्त्री हो, अब उसे स्वतंत्र होना चाहिए। जब हम लोकतांत्रिक आकाश को देख रहे हैं। विश्व में भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है , अमेरिका बड़ा लोकतंत्र है, इंग्लैंड में भी लोकतंत्र है। तो जब ऐसे विकसित और विकासशील देशों में लोकतंत्र है तो स्त्री को एक परिधि में क्यों बांधा जाए ? स्त्री की एक परिधि क्यों निर्धारित की जाए ? वह जातिवादी ,सामंती , धर्मवादी , संप्रदायवादी विकृतियों में कैद क्यों रहे ?

स्त्रियों पर अलका सरावगी का एक अच्छा उपन्यास आया है 'एक ब्रेक के बाद'। आदिवासी जीवन पर राजेंद्र अवस्थी का उपन्यास है 'जंगल के फूल' जो बस्तर में आदिवासी स्त्रियां हैं उनके जीवन में किस तरह से उनका शोषण किया जा रहा है उस पर प्रकाश डालने की कोशिश की है । रणेन्द्र का उपन्यास 'ग्लोबल गांव के देवता' , संजीव का उपन्यास 'फाँस' और रणेन्द्र का दूसरा उपन्यास 'गायब होता देश'। मैंने अपने उपन्यास 'ठहरा हुआ देश' में यह दिखाने का प्रयास किया है कि किस तरह से विनी नामक लड़की अपने ही घर में अपने पिता से यह नहीं कह पा रही है कि वह एक लड़के से प्रेम करती है। इसके अंतर्द्वंद्व को दिखाने की कोशिश की है।

इस बीच हिंदी के एक बहुत चर्चित उपन्यासकार सत्यनारायण पटेल का उपन्यास 'गांव भीतर गांव' (2015 ई.) आया जिसने दलित स्त्री के जीवन को दिखाने का प्रयास किया । जहां मैत्रेयी पुष्पा ने 'चाक' में सारंग के जीवन को प्रस्तुत किया है वही सत्यनारायण पटेल ने 'गांव भीतर गांव' में यह दिखाने का प्रयास किया है कि जब एक दलित स्त्री सरपंच बनती है तो उसके साथ क्या-क्या होता है। दबंगों द्वारा उसका बलात्कार भी होता है और उसको अंत तक मार डाला जाता है। स्त्री होना और उस पर भी दलित होना कितना कष्ट प्रद है भारतीय समाज में - 'गांव भीतर गांव' उपन्यास में झब्बू के चरित्र के माध्यम से, उसके संघर्ष और भारतीय समाज व्यवस्था की बुराइयों को व्यापकता और गहराई से देखा जा सकता है । किस तरह से लोकतंत्र आकर भी हमारे गांवों में अभी तक नहीं आ पाया है, और लोकतांत्रिक अधिकारों की प्राप्ति किन वर्गों को हुई है। लोकतंत्र की प्राप्ति के लिए संघर्ष करते हुए झब्बू मृत्यु को प्राप्त होती है और उसका मरना निश्चय ही हमारे जनवादी लोकतांत्रिक मूल्यों की हार है । सत्यनारायण पटेल ने इस उपन्यास में स्त्री के इस द्वंद्व को बहुत स्पष्ट और सही तरीके से प्रस्तुत किया है।

स्त्री विमर्श, दलित विमर्श, आदिवासी विमर्श और अन्य विमर्शों से गुजर करके आज स्त्री के लिए नए चिंतन के आकाश को देखने की जरूरत है। हितेंद्र पटेल का एक बहुत महत्वपूर्ण उपन्यास है 'हारिल' इसमें स्त्री मुक्ति की बात की गई है और यह प्रश्न उठाने का प्रयास किया गया है कि हर बार स्त्री को ही क्यों कटघरे में डाल दिया जाता है।

लड़का अगर बाहर रहता है रात में तो उससे नहीं पूछा जाता

कि तुम कहां थे , अगर लड़की बाहर रह गई या पत्नी बाहर रह गई तो उससे जरूर ही यह प्रश्न पूछा जाता है कि तुम बाहर क्यों रही।

वर्तमान समय संवैधानिक स्वतंत्रता और कानून के माध्यम से समाज के विकास का है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में एडल्ट्री को अपराध से मुक्त कर दिया है। स्त्री से संबंधित ऐसे अनेक कानून है चाहे वह दहेज प्रथा का कानून हो या चाहे वह बाल-विवाह का कानून हो जिसको हमारा संविधान लागू तो करता है लेकिन हमारा समाज उसे अपनाने में , अपने चिंतन में लाने की कोशिश नहीं करता।

किरण सिंह का उपन्यास 'शिलावहा' 2019 ई. में प्रकाशित हुआ। इसमें उन्होंने स्त्री चिंतन में एक महत्वपूर्ण योगदान देने की कोशिश की है। 'शिलावाहा ' उस समय का उपन्यास है जब अहिल्या और राम का चरित्र निर्मित हो रहा था। किरण सिंह ने अहिल्या के संदर्भ में राम के चरित्र और अहिल्या के चरित को व्याख्या करने की कोशिश की है। आप यह जानते हैं कि अहिल्या को गौतम ऋषि ने श्राप दे दिया था वह गौतम ऋषि की पत्नी थी और इस रूप में ही वह इंद्र से प्रेम करती थी। गौतम ऋषि के श्राप के बाद वह पत्थर की बन गई थी यह पौराणिक या रामायण में दी गई कथा हम सभी लोग जानते हैं किरण सिंह ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि गौतम की पत्नी थी अहिल्या यह तो सर्वविदित है लेकिन अहिल्या ने इंद्र से प्रेम किया , इंद्र सुंदर पुरुष थे और जो अहिल्या को श्राप मिला उसमें बल्कि वह श्राप नहीं था बल्कि उस को घर से निकाल दिया गया था। अहिल्या ने अपने समकालीन सामाजिक व्यवस्था का विकास किया , जिसमें उन्होंने आदिवासी जीवन को विकसित किया और तब राम ने जाकर के अहिल्या से दीक्षा ली। जबकि हम यह जानते हैं कि राम के पैर छूने से अहिल्या जीवित हो गई थी। वह पत्थर की थी , जबकि ऐसा कुछ नहीं था। किरण सिंह ने अपने उपन्यास 'शिलावहा' में यह दिखाने की कोशिश की है।

मुझे लगता है कि आज का युग लोकतंत्र का युग है। लोकतंत्र में चाहे स्त्री हो या चाहे पुरुष हो सब को विकसित होने का अधिकार है। जैसे हमारे पुराणों में शिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप की कल्पना की गई है, तो शिव का जो अर्धनारीश्वर स्वरूप है उसमें आधी स्त्री है और आधा पुरुष है , दोनों ही मिलकर एक बनते हैं।

जिस तरह से पुरुष के लिए आकाश है उसी तरह से स्त्री के लिए भी खुला आकाश होना चाहिए, हमें पुराने मानदंडों को भूल कर के वर्तमान संवैधानिक , लोकतांत्रिक आस्था को लेकर के स्त्री के विकास को देखना चाहिए। समाज में आज भी परंपरावादी दृष्टियों का स्वरूप रह गया है लेकिन हमें इन से हटकर के नवीन लोकतांत्रिक विचार को स्थापित करना पड़ेगा। स्त्री के जीवन में स्वतंत्रता , समानता , प्यार इन लोकतांत्रिक प्रतिमानों को स्थापित करना पड़ेगा।

21वीं शताब्दी का दूसरा दशक अब पूर्ण हो रहा है, कई मायनों में 21वीं शताब्दी का पूर्वार्ध स्त्री चिंतन के विकास में महत्वपूर्ण रहा है ऐसा कहा जा सकता है कि समाज और साहित्य में स्त्री के बदले हुए स्वरूप को व्यापक रूप से आज देखा जा सकता है। आगे आने वाले दशकों में 21वीं शताब्दी में स्त्री चिंतन की दृष्टि से अब यह विकसित करने की जरूरत है कि सत्ता में स्त्री को स्थान मिले और अधिक से अधिक लोकतांत्रिक जीवन का निर्माण हो जिससे पुरुष और स्त्री दोनों सत्ता का संचालन करते हुए समाज का संचालन करें। जीवन और जीवन से जुड़ी नई आकांक्षाओं को विकसित करें। स्त्री चिंतन की दृष्टि से यह अगला दौर व्यापक और महत्वपूर्ण होगा ऐसा कहा जा सकता है।

**संदर्भ -**

1.'हिन्दी उपन्यास एक अन्तर्यात्रा' ,रामदरश मिश्र, प्रकाशक- राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण- ,2008पृष्ठ-11

************

# 'शिकंजे का दर्द' : दलित स्त्री का जीवन संघर्ष

**-अखिलेश यादव**
पीएचडी शोधार्थी हिंदी विभाग
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
मो. न. 8285797175

हिन्दी आत्मकथा लेखन के क्षेत्र में दलित आत्मकथाओं ने अपनी एक अलग पहचान बनायी है। दलित आत्मकथाएं दलितों द्वारा भोगे गए जातीयदंश, शोषण, संघर्ष, संकीर्णता, अपमान और गरीबी को बहुत ही बेबाकी के साथ चित्रित करती हैं। यह आत्मकथाएं घृणा, शोषण, अत्याचार से उपजे अनुभवों की जीवंत दस्तावेज़ हैं। इनमें समाज की भयावह एवं बदहाल परिस्थितियों का चित्रण है। भारतीय साहित्य की परम्परागत मान्यताओं पर दलित आत्मकथाएं सवालिया निशान खड़ा करती हैं। आत्मकथाओं की सटीक समीक्षा सिर्फ साहित्य मानदंडों पर नहीं हो सकती, इसके लिए सामाजिक, आर्थिक एवं ऐतिहासिक संदर्भों की समझ जरूरी है, क्योंकि इसकी विषयवस्तु निजी अनुभवों के माध्यम से एक समाजशास्त्र को सामने लाती है। दलित आत्मकथाएं सामाजिक विषमता, विसंगति को प्रस्तुत करने के साथ अमानवीय स्थितियों में व्यक्ति के अदम्य साहस और जीवन संघर्ष को सामने लाती हैं । ये आत्मकथाएं सिर्फ दलितों के जीवन का वास्तविक चित्रण ही नहीं करती बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था की क्रूरता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर इसमें परिवर्तन का प्रयास करती है। इन आत्मकथाओं के माध्यम से दलित रचनाकार एक ऐसे समाज की मांग करते हैं जहाँ सभी मनुष्य को समानता का अधिकार मिले और उनके बीच श्रेष्ठता या हीनता का कोई भाव न हो। दलित आत्मकथाओं के महत्व एवं उपयोगिता को रेखांकित करते हुए सुशीला टाकभौरे लिखती हैं "अक्सर सवर्ण लोग दलित आत्मकथा पढ़कर दलितों के प्रति दया और सहानुभूति का भाव बताते के हैं। यह उनकी समझ का फेर है। असल में उन्हें मनुवादी-वर्णवादी, जातिवादी, अन्याय-शोषण की दुष्ट नीतियों पर लज्जित होना चाहिए। अपने पूर्वजो कुचक्रों और छल-कपट पर शर्म करनी चाहिए । दलित आत्मकथाएं मनुवादियों की कलंकित नीतियों को बताने वाली सच्ची कथाएं हैं।"

मोहनदास नैमिशराय की 'अपने अपने पिंजरे', ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'जूठन', कौसल्या बैसंत्री की 'दोहरा अभिशाप', श्यौराज सिंह बेचैन की 'मेरा बचपन मेरे कंधो पर', डी. आर. जाटव 'मेरा सफ़र मेरी मंजिल', माता प्रसाद की 'झोपड़ी से राजभवन', सूरजपाल की 'तिरस्कृत 'तथा 'संतप्त', रूपनारायण सोनकर की 'नागफनी', डॉ. धर्मवीर भारती की 'मेरी पत्नी और भेड़िया', डॉ. तुलसीराम की 'मुर्दहिया' तथा मणिकर्णिका आदि ऐसी आत्मकथाएं हैं जो दलित लेखकों की आत्मपीड़ा, उत्पीड़न के साथ उनके सामाजिक संघर्ष को व्यक्त करती है। सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' इसी कड़ी में एक महत्वपूर्ण आत्मकथा है । 'शिकंजे का दर्द' आत्मकथा में लेखिका ने दलित समाज में स्त्री के जीवन-यथार्थ को उसकी पीड़ा व्यथा को और स्त्री जीवन संघर्ष को बहुत ही स्पष्ट और संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत किया है।

दलित स्त्री अपने जीवन में दोहरा अभिशाप झेलती है, पहला दलित होने का अभिशाप और दूसरा स्त्री होने का अभिशाप। आत्मकथा की भूमिका में स्वयं लेखिका दलित स्त्री होने के दर्द को इस प्रकार अभिव्यक्त करती हैं "शिकंजे का दर्द' में संताप है दलित होने का, स्त्री होने का। इसमें शोषित, पीड़ित, अपमानित, अभावग्रस्त दलित जीवन की व्यथा है। स्त्री होना ही जैसे व्यथा की बात है। चाहे हमारा देश हो या विश्व के अन्य देश, हर जगह शोषण उत्पीड़न का शिकार स्त्री ही रही है। जिस देश में वर्णभेद, जातिभेद की कलुषित परम्पराएँ हैं वहां दलित स्त्री शोषण की व्यथा और भी गहरी हो जाती है। सदियों से तिरस्कृत और अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने के मजबूर किए गए दलित जीवन की व्यथा-कथा का दर्द 'शिकंजे का दर्द' में समाहित है । 'शिकंजे का दर्द' लिखने का उद्देश्य दर्द देने वाले शिकंजे को तोड़ने का प्रयास है।" आत्मकथा में लेखिका को बार-बार शोषण, उत्पीड़न, तिरस्कार और भेदभाव को झेलते हुए उनसे संघर्ष करना पड़ता है। वह पितृसत्तात्मक समाज, जातिवाद, सवर्ण मानसिकता और स्त्री शोषण रूपी शिकंजे से जकड़ी हुई है, जिसका दर्द उसे हमेशा होता है। वह मुक्ति पाने हेतु छटपटाती है और निरंतर उससे संघर्ष करती हैं। वह स्वयं लिखती हैं "हर बात के लिए बंधन, अपमान, अंकुश। अब इस शिकंजे का दर्द का महसूस हो रहा है। यह शिकंजा क्या है? कब से है? क्यों हैं? मैं इस बात को गहराई से समझ रही हूँ और जीवन के उन क्षणों को याद कर रही हूँ जो कष्ट, अभाव और अपमान के बीच मैंने जीये हैं ।... शिकंजा एक नहीं, कई थे । उन शिकंजों की जकड़न से जूझते हुए मैं किस तरह पढ़ सकी? किस तरह आगे बढ़ सकी ? यह मेरी लम्बी कथा है। शिकंजे तब भी थे, दर्द तब भी था। शिकंजे के दर्द की कथा चल रही है जिन्दगी के साथ-साथ !"

लैंगिक भेदभाव एक ऐसी गंभीर बीमारी है जिसने लम्बे समय से भारतीय समाज को जकड़ रखा है। सरकार, सामाजिक संस्थाओं,

बुद्धजीवियों के द्वारा इस भेदभाव को मिटाने के लिए अनेको प्रयत्न किए जा रहे हैं लेकिन अभी भी बहुत जगह इस भिन्नता में कमी नही आयी है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत लड़कियों पर बहुत से बंधन लगाये जाते रहे। उन्हें कभी भी स्वतंत्रता और समानता का अधिकार नही दिया गया। उन्हें स्वयं निर्णय लेने का अधिकार नही दिया गया। घर, परिवार, मर्यादा, आचरण, नैतिकता और आदर्शों के नाम पर त्याग, बलिदान और समर्पण का उपदेश देकर उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर बनाया गया। समाज में बेटियों की अपेक्षा बेटों को अधिक सम्मान और महत्व दिया जाता है। लेखिका को भी इस लैंगिक भेदभाव रूपी शिकंजे को झेलना पड़ा । लड़की होने के कारण उन्हें शुरू से ही घर के कामकाज सिखाने के साथ कम बोलना, धीमे बोलना का पाठ पढ़ाया जाता था। लड़का-लड़की के बीच के इस भेदभाव का दर्द सुशीला जी इस तरह व्यक्त करती हैं, "लड़किएँ तो चिरैया हैं, समय आते ही उड़कर परदेस चली जायेंगी। लड़किएँ का लूगड़ा (जलती लकड़ी) वहीं जले तो अच्छा है। सामाजिक मानसिकता की यह भावना एक शिकंजा बनकर लड़कियों की प्रगति में अवरोधक रही है। इस शिकंजे की शिकार मैं भी थी। कहीं परोक्ष और कही प्रत्यक्ष रूप से इस शिकंजे ने आगे बढ़ने से रोका। उस समय का अवरोध आज दर्द बनकर मुझे सालता है...।" ऐसे भेदभावपूर्ण मानसिकता और वातावरण के बीच लेखिका को शिक्षा ग्रहण करने के लिए तमाम चनौतियों का सामना करना पड़ता है। गरीबी और अभाव के शिकंजे में लेखिका का बाल्यकाल दबा रहा। उनकी नानी और माता-पिता का जीवन अभावों के कारण बहुत ही असमय बीता| लेखिका की नानी सभी मौसम में नालियों का गन्दा कचरा उठाकर टोकरे में भरकर अपने सर या कमर पर रखकर फेंकती थी फिर भी उन्हें रूखा-सुखा जूठा भोजन ही प्राप्त होता था। उनका पूरा जीवन इसी जूठन और उतरन के कपड़ो में बीता | लेखिका के पिता श्री बानापुर रेलवे स्टेशन में नौकरी करते थे । आमदनी कम होने के कारण उनके परिवार का दिन अत्यधिक कष्ट और अभावों में बीतता था । जहाँ खाने को पेटभर खाना भी मुश्किल से मिलता हो वहां बाकी जरूरतों के बारे में कहना ही क्या! एक जगह वो लिखती है "अभाव और कुपोषण से गरीबों के दांत क्यों जल्दी खराब हो जाते हैं, उनका दर्द मैं जानती हूँ ।" अभाव के कारण लेखिका को कई बार अपने विद्यालय में मजाक का पात्र बनना पड़ा जिस कारण उनका बालमन बहुत व्यथित होता है। वे अपने साथियों से अपनी गरीबी, रहन-सहन, खान-पान छिपाना चाहती थी। वे अपने सहेलियों के घर के सुख वैभव को देखकर, परिवार के अभावों के विषय बहुत दुखी मन से सोचती थी "क्या-क्या छिपाऊँ ? अपनी नानी को सबसे कैसे छिपाऊँ ? उसके फटे पुराने कपड़ों को, सहेलियों से कैसे छिपाऊँ ? खान-पान, रहन-सहन, घर-परिवार को किस किससे छिपाऊँ? इस पीड़ा से दुःख होता था ।" इसी कारण आर्थिक सबलता होने के बाद भी जब भी वह कभी महँगी या एक से अधिक साड़ी खरीदती है तो बचपन में गरीबी के कारण झेले गए अपमान और पीड़ा का दर्द उनके हृदय को व्यथित कर देता है।

भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था के नाम पर दलितों पर अनेक तरह के अत्याचार हुए हैं। जाति व्यवस्था को शोषण के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया | उनके साथ अमानवीयता और क्रूरता का व्यवहार किया गया। ऐसी पाबंदियां थोपी गयी कि वे जातिगत भेदभाव और अपमान के चक्की में पिसते रहें । वास्तव में समाज में जातिगत भेदभाव एक ऐसी बुराई है जो मनुष्य को मनुष्य नहीं मानती | हमारे समाज में जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि समाज के पढ़े-लिखे लोग भी सामाजिक छुआछूत को मानते है | इस आत्मकथा में भी लेखिका को जाति का दंश झेलना पड़ा। जाति के नाम पर उन्हें और उनके परिवार को अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ा। जातिगत भेदभाव इस स्तर पर कि लेखिका की माँ की तबियत ज्यादा खराब होने पर डाक्टर बहुत मिन्नतों के बाद घर तो आता है लेकिन दूर से देखकर ही दवा देता है। शिक्षकों द्वारा जाति के कारण अपमानित किया जाता था, धार्मिक आयोजनों में उन्हें पीछे बैठाया जाता था, किसी भी आयोजन में उन्हें अलग बर्तन में खाना दिया जाता था, गावं की आटा चक्की में वो आटा नही पिसवा सकती थी, उन्हें कुत्ता, बिल्ली, मुर्गी, सुअर पालने का अधिकार था लेकिन गाय पालने का नही, नल का पानी छू देने पर उन्हें अपमानित किया जाता था । आखिरकार यह किस तरह की जाति व्यवस्था है जिसमें व्यक्ति की पहचान और सम्मान उसके स्वाभाविक गुणों और उपलब्धियों की बजाय उसके जन्म पर आधारित है ? लेखिका धर्म और समाज पर एक साथ प्रश्न उठाती हैं "हिन्दू धर्म में नदी, पहाड़, पेड़, पौधे, गाय, सांप सभी को महत्व और सम्मान दिया जाता है लेकिन अछूत मनुष्यों को कोई स्थान नहीं, सम्मान नहीं। उनके लिए कोई दया-संवेदना नहीं ? हिन्दू धर्म के आडम्बर में मिट्टी से बने पुतलों को भी भगवान की तरह पूजा जाता है मगर इनसानों को इनसान नहीं मानते, यह हिन्दू धर्म की विडंबना है, हिन्दू संस्कृति का कलंक है।" इस जातिदंश, अपमान और तिरस्कार के शिकंजे को तोड़ने के लिए लेखिका का मन हमेशा से ही छटपटाता रहा, इतना कष्ट झेलने के बाद भी वह अपनी स्थिति में बदलाव के प्रति आशावान थी । लेखिका की नानी भी उनसे हमेशा कहती थी "जैसे कृष्ण ने कंस को मारो, जैसे नरसिंह ने हिरनकश्यप का पेट फाड़ो, वैसे ही कोई जरुर पैदा होयगो जो जांत-पांत बनाने वालों को, ऊँच-नीच की बात बताने वालों को सबक सिखायेगो | वही हमें न्याय दिलायेगो, हमको भी उंचे आसान पर बैठायेगो, अपमान की जिन्दगी से निकालकर सम्मान दिलायेगो ।"

स्त्रियां आज भी शोषण की चक्की में पिस रहीं हैं। वर्तमान समय में शिक्षा के प्रचार के कारण उनमे पहले से ज्यादा जागरूकता आयी है। अब वो पहले की अपेक्षा अपने अस्तित्व, अस्मिता और अधिकारों के प्रति सचेत हुई हैं लेकिन अब भी स्त्रियां चाहे कितनी ही शिक्षित हों, स्वावलंबी हों, सुविधा सम्पन्न हों पुरुष फिर भी अपनी ताकत से या छल-कपट से उन पर अपना अधिकार बनाये रहता है। लेखिका दलित स्त्री होने की पीड़ा का वर्णन करते हुए बताती है कि "गरीब अछूत होने के साथ लड़की होना दोहरे संताप की बात है। अछूत की बेटियां दुर्घटनाओं का सामना करती हैं। दलित स्त्रियां जीवन का संताप सदियों से भोग रही हैं।" शिकंजे में जकड़ा उनका जीवन कभी भी मुक्त भाव का अनुभव ही नहीं कर पाया। उनका विवाह उनके लगभग दुगुने उम्र के व्यक्ति सुन्दरलाल टाकभौरे से हुआ। यहीं से उनके जीवन का दूसरा शिकंजा शुरू हुआ। विवाह के बाद पति द्वारा डांट-फटकार, मारपीट, झगडा, अपमान आदि हर रोज की बात हो गई थी। पति की नजरों में उनकी हैसियत एक बर्तन मांजने वाली नौकरानी के बराबर थी। लेखिका इस स्थिति में परिवर्तन की मांग करते हुए कहती हैं "यह एक स्त्री का दुःख नहीं है, न जाने कितनी स्त्रियाँ मेरी तरह जिन्दगी का संताप भोगती हैं। न शिकवा, न शिकायत ! जिन्दगी क जहर चुपचाप पीते रहना, वे अपनी किस्मत मान लेती हैं। यह परम्परा टूटनी चाहिए। स्त्रियाँ स्वयं अपना दुख बतायेंगी, अपने कष्ट और अन्याय की बात स्वयं कहेंगी, तभी लोग इन बातों को समझेंगे।"

'शिकंजे का दर्द' आत्मकथा लेखिका के जीवनानुभावों जीवंत दस्तावेज है। इस आत्मकथा के माध्यम से लेखिका अपने जीवन पर कसे गए शिकंजों का बहुत ही मर्मस्पर्शी चित्रण करती है और असामजिक व्यवहार, परम्परा, रीति-रिवाज, कानून पर बार-बार चोट करते हुए हमारे सामने कई ज्वलंत प्रश्न छोड़ती है। आखिर स्त्रियों को जातिगत, लिंगगत, शोषण के दर्द से कब मुक्ति मिलेगी। जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के शिकंजे में तड़पती सुशीला इसके खिलाफ संघर्ष करती है। उनके जीवन का सच आत्मकथा में उपस्थित है, बिना बनावट-बुनावट के 'शिकंजे का दर्द' सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित एक महत्वपूर्ण और प्रभावशाली दलित स्त्री आत्मकथा है। इस आत्मकथा में लेखिका शोषण, अत्याचार और भेदभाव आदि के खिलाफ तन कर खड़ी है। इसमें दलित जीवन संघर्ष के यथार्थ का चित्रण है।

**संदर्भ**

1. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, मनोगत
2. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, मनोगत
3. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 17
4. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 17
5. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 107
6. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 29
7. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 51
8. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 25
9. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 119
10. शिकंजे का दर्द, सुशीला टाकभौरे, पृष्ठ 205

************

# कीर्ति शर्मा की कहानियों में व्यक्त आधुनिक स्त्री जीवन और सामाजिक समस्याओं की विवेचना

-सुनीता सेरावत
शोधार्थी, हिंदी विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

कीर्ति शर्मा की कहानियाँ भावनात्मकता के उच्च शिखर को तो छूती ही है साथ ही पारिवारिक यथार्थ और सामाजिक जीवन में तालमेल भी बिठाती है।उनके पहले कहानी संग्रह 'पिघलते लम्हों की ओट से' प्राचीन और आधुनिक जीवन के द्वन्द्वों को उकेरने वाली कहानियाँ है।स्त्रियों की आधुनिक सोच समाज के पिछड़ेपन के बीच के जीवन के अकेलेपन की समस्या तथा इसी के बीच रास्ता बनाती स्त्री की यथार्थ जिंदगी को दिखाती ये कहानियाँ आधुनिक हिंदी कहानी में अपना स्थान तय करती हैं। इनका दूसरा कहानी संग्रह 'बूँद भर सावन' में सामाजिक समस्याओं के उन तमाम रूपों को छू लेती हैं जो आधुनिक समाज में आज अनिवार्य सी हो गई है।इसमें प्रेम, बेरोजगारी, महँगाई, रोजमर्रा का संघर्ष, बाल श्रम, वृद्धावस्था की समस्या, बाल श्रम, खोखले रिश्ते जैसे अनेक पहलूओं को एक सशक्त कथ्य के माध्यम से दिखाया गया है।

पहले कहानी संग्रह की एक मजबूत कहानी है – जोहरा आपा। एक मुस्लिम पात्र जोहरा तमाम सामाजिक दबावों को झेलकर भी अपने दारूबाज पति का अहसान न लेकर सब्जी बेचकर अपना जीवन यापन करती है और अपने स्वाभिमान के साथ किसी को खेलने नहीं देती। जोहरा का चरित्र इस कहानी मेश्रम और संघर्ष की भूमि में तपकर इतना निखर आया है कि जोहरा जैसी स्त्रियों पर कोई भी समाज गर्व ही करेगा।इसी प्रकार एक कहानी 'विरासत' है जिसमें नई पीढ़ी की पुरानी पीढ़ी की सकारात्मक भावना और उनके स्वाभिमान के सम्मान में खड़ी आधुनिक लड़की की कहानी को दिखाया गया है।मीना नामक लड़की अपने पिता को विश्वास दिलाती है कि वह उनकी विरासत की किसी भी हालत में रक्षा करेगी क्योंकि यह उसका न केवल दायित्व है बल्कि उसके साथ पुरखों का स्वाभिमान जुदा हुआ है और वह किसी भी कीमत पर मकान तो क्या कुछ भी नहीं बेचेगी।उसके उसी आत्मविश्वास को देखकर उसे पिता बोलते हैं – "मीना यह घर नहीं यह मेरे दादाजी का सपना है जो तुम्हारे दादाजी ने पूरा किया है, मैंने भी निभाया है।इस विरासत में पुरखों की आत्मा बसती है।यह ईट गारे से बने महज इमारत नहीं बल्कि जीता जागता वह अहसास है जिसने इतने बड़े परिवार को अपने आंचल में पाला है।इसे हरा – भरा फलता फूलता देखकर पूरखों की आत्मा को शांति मिलती है।यह हमारे अतीत की जीती जागती निशानी है।अब सब अपनी – अपनी राह हो लिए पर मैं मीना इसे खंडहर होते, बिकते नहीं देख सकता बेटा तू इसे संभालना, आबाद रखना |" यह कहानी युवा पीढ़ी को एक सबक तो देती ही है साथ ही हमें हमारी परम्परा और संस्कृति के महत्व की भी सीख देती है। अगर मीना जैसी सब बेटियाँ हो तो किसी बुजुर्ग को बुढ़ापे में जाकर आत्मपीडा की घुटन महसूस न हो और वे अकेलापन व परायापन महसूस न करें।

टिप्पणी न केवल लेखक/प्रकाशक से साझा कर सकते हैं, बल्कि अन्य लोग भी प्रकाशित/प्रसारित/संचारित विषय-वस्तु पर अपनी टिप्पणी दे सकते हैं। यह टिप्पणियां एक से अधिक भी हो सकती हैं अर्थात् बहुधा सशक्त टिप्पणियां परिचर्चा में परिवर्तित हो जाती हैं। उदाहरणतः आप फेसबुक को ही लें - यदि आप कोई संदेश प्रकाशित करते हैं और बहुत से लोग आपकी विषय-वस्तु पर टिप्पणी देते हैं तो कई बार पाठक-वर्ग परस्पर परिचर्चा आरम्भ कर देते हैं और लेखक एक से अधिक टिप्पणियों का उत्तर देता है। सोशल मीडिया वास्तव में परम्परागत मीडिया का संशोधित रूप है जिसमें तकनीकी क्रांतिकारी परिवर्तन व इसका नया रूप सम्मलित है। सोशल मीडिया का प्रयोग करने हेतु कम्प्यूटर, मोबाइल जैसे उपकरण जिनमें इंटरनेट की सुविधा हो, की आवश्यकता होती है। सोशल मीडिया प्रत्येक व्यक्ति को विषय-वस्तु का सृजन, परिवर्धन, विषय-वस्तु का अन्य लोगों से साझा करने का अवसर समान रूप से प्रदान करता है।

ई-कामर्स एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसके द्वारा इंटरनेट का प्रयोग कर के सामान खरीदा और बेचा जाता है। ई-कामर्स का प्रारम्भ 1990 का दशक माना जाता है और आज इसका चलन तेजी से बढ़ गया है। इस समय लगभग हर कम्पनी की अपनी अलग आनलाइन उपस्थित है तथा वह अपनी दमदार पहचान बनाने में जुटी है। देखा जाय तो ई-कामर्स एक अवश्यकता भी बन गयी है। घरेलू सामान से लेकर कपड़ा, किताबें, फर्निचर, बिल्स, फोन चार्ज, यात्रा टिकट,मनोरंजन सब कुछ आनलाईन है। आज बड़ी-बड़ी कम्पनियां जैसे-पेटीयम, अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि इस प्रकार की सेवायें प्रदान कर रही है। जिसमें केवल एक क्लिक से जहाँ चाहे वहाँ सामान मगाया जा सकता है। ओ.एल.एक्स के द्वारा तो हम अपने सामानों की निलामी भी कर सकते है। उपभोक्ता किस प्रकार अपने सामानों का भुगतान करें इसका भी विकल्प दिया होता है। उपभोक्ता अपने पसंद की भुगतान सुविधा का चयन कर सकता है। वर्तमान में किसी भी देश के नागरिको को बेहतर जीवन स्तर यापन करने तथा अन्य देशो के साथ व्यावसायिक सम्बन्धों को मधुर बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान करता है।

ई-कामर्स की श्रेणियों का परिचय एवं वर्णन- उद्योगो द्वारा उत्पादन की गयी सामाग्री को समय-समय पर उचित बाजार में वितरित करना तथा माल के वितरण का सम्पूर्ण प्रबन्धन वाणिज्य के अर्न्तगत आता है। इन सभी कार्यो को देखते हुए ई-कामर्स की निम्न श्रेणियां बनायी गयी है-

व्यापार से व्यापार- (बी0 2 बी0) -जब दो या दो से अधिक कम्पनियां आपस में सामान या सेवाओं का लेन-देन इलेक्ट्रानिक तरिके से करती है तो इस तरह के ई-कामर्स को बी0 2 बी0 कहते है। उत्पादक और थोक व्यापारी इस तरह के ई-कामर्स में शामिल होते है।

व्यापार से उपभोक्ता (बी0 2 सी0)-यह ई-कामर्स खुदरा व्यापार की तरह होता है। इसमें परम्परागत खुदरा कारोबारी अपने उत्पाद को सीधे उपभोक्ताओं को इलेक्ट्रानिक माध्यम से बेचते है। वर्तमान में इस ई-कामर्स का चलन बहुत ही अधिक है। दैनिक उपयोग से लेकर जरूरत की लगभग सभी बस्तुएं आज ई-कामर्स के बहुत से प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

उपभोक्ता से व्यापार ( सी0 2 बी0 )-इसे रिवर्स नीलामी या मॉग संग्रह माडल भी कहते है। इस माडल में अलग-अलग ग्राहक अपनी सेवाओं और सामाग्री को उन कम्पनियों को बेचने की पेशकश करते है जो उन्हे खरीदने के लिए तैयार होते है। इस प्रकार का ई-कामर्स बहुत आम है।

व्यापार से प्रशासन ( बी0 2 ए0 )- सभी प्रकार के आनलाईन लेन-देन जो कि कम्पनियों और सार्वजनिक प्रशासन के मध्य हो ते है इसके अर्न्तगत आते है। इस माडल में विभिन्न प्रकार की सेवाएं आती है। जैसे कि वित्तिय, सामाजिक सुरक्षा रोजगार, कानूनी दस्तावेज आदि क्षेत्र।

उपभोक्ता से प्रशासन ( सी0 2 ए0 )- व्यक्तियों और लोक प्रशासन के मध्य किए गये सभी इलेक्ट्रानिक लेन-देन इस प्रकार के ई-कामर्स में शामिल होते है। जैसे-शिक्षा, कर, स्वास्थ्य सेवाएं।

इंटरनेट एक ऐसी तकनीकी है, जिससे कम्प्यूटर्स के नेटवर्क का प्रयोग किया जाता है जिससे कि लोगों को विभिन्न प्रकार की सूचनायें प्राप्त होती है। इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार के डाक्यूमेंट्स, वैज्ञानिक ऑकड़े, रूचि सूची तथा विभिन्न प्रकार का विज्ञापन एवं संस्थानों के विषय में सूचनायें उपलब्ध होती है। ये सूचनायें विश्व के किसी भी कोने से प्राप्त की जा सकती है, ये सूचनायें बड़ी सरलता से और त्वरित गति से प्राप्त हो जाती है। यदि घर में टेलीविजन और निजी कम्प्यूटर हो तो अति आधुनिक प्रौद्योगिकी की मदद से हम भली भाँति जानकारी प्राप्त कर सकते है, भरपूर मनोरंजन कर सकते हैं और शिक्षा प्राप्त कर सकते है। सूचनाओं के मुक्त प्रवाह और ज्ञान में भागीदारी के फलस्वरूप हमारे सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक जीवन में गुणात्मक परिवर्तन हो रहे है। नवीन संचार और कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के जरिये स्थापित नेटवर्क से उपलब्ध ज्ञान एवं कौशल तक पहुँचाने के असीम अवसर पैदा हो रहे हैं। इंटरनेट को मोटे तौर पर कम्प्यूटरों के विश्वव्यापी नेटवर्क के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो एक प्रोटोकाल सूचना के आदान.प्रदान सम्बन्धी नियम के जरिये संचार करते है। इंटरनेट के माध्यम से सर्वाधिक विविध श्रोतों से सूचनाओं तक पहुचा जाता है, जिसमें व्यक्तियों और विश्व भर के संगठनों का योगदान होता है, उन्हें नेटवर्क ऑफ सर्वर्स कहा जाता है। इंटरनेट का एक वर्ल्ड वाइड वेब है, जिसे मात्र बेब भी कहा जाता है। जो विभिन्न संगठनों, वाणिज्यक प्रतिष्ठानों, आम अथवा खास हितों से सम्बद्ध समूहों अथवा निजी व्यक्तियों द्वारा बनाये गये वेब पृष्ठों में विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध होती है, जैसे पाठ्य-सामग्री, तस्वीर, एनीमेशन, मल्टीमीडिया आदि। इसे हासिल करने के लिये सामान्य शुल्क अदा करना पड़ता है और कभी.कभी बिना किसी लागत के यह जानकारी उपलब्ध हो जाती है। वेबपृष्ठों से ईमेल, कान्फ्रेसिंग, इलेक्ट्रानिक पब्लिकेशन्स जैसी सेवायें और अन्य व्यवसायिक सुविधायें उपलब्ध होती है, इंटरनेट पाठ्य सामग्री अथवा सूचना को विश्व में एक स्थान से दूसरे स्थान पहुचाने का एक नया माध्यम है, जो अत्यन्त शीघ्र सस्ते में और आसानी से संचार करता है, हलांकि यह स्वयं अन्तरक्रिया नहीं करता किन्तु उपयोगकर्ता कम्प्यूटरों की बदौलत इस पर नियंत्रण रखते है, जो उन्हें नेटवर्क पर सूचना भेजने और प्राप्त करने में मदद पहुचाते है।

ई-कामर्स के लाभ-ई-कामर्स के महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि बिना ज्यादा निवेश किये अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पहुच आसानी से हो जाती है। ई-कामर्स के माध्यम से व्यापार की सीमाओं को तय नहीं किया जाता है बिना किसी रोक टोक के किसी भी देश के आपूर्तिकर्ता से उत्पाद या सेवाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है या उसे खरीद सकते है। इस माध्यम से अन्तिम उपभोक्ता सीधे ही लेन-देन कर उत्पाद वितरण श्रृखला को कम करता है या यह भी कहा जा सकता है कि कहीं-कही पूरी तरह से ही समाप्त कर देता है।इस तरह सेवा प्रदाता या आपूर्तिकर्ता एवं अन्तिम उपभोक्ता के मध्य सीधा सम्बन्ध होने से उपभोक्ता के पसन्द और रूचि को समझने में आसानी होता है। व्यापार के दृष्टिकोण से ई-कामर्स विपणन ,ग्राहक सेवा , सूचना भंडारण, वस्तु सूची प्रबन्धन की कीमतो में कटौती के लिए बहुत उपयोगी है। इसके माध्यम से सस्ते तथा

गुणवत्तापूर्ण उत्पाद देखने को मिलते है। ई-कामर्स संगठनों को सूचनाओं का डिजिटलीकरण करके कागज आधारित जानकारी को सीमीत बनाने तथा लागतो को कम करने में मदद करता है।

मौजूदा समय में आनलाइन शॉपिंग दुनिया भर के लोगो का मन-पसंद काम बन गया है।इस प्रकार ई-कामर्स ने लोगो की जीवनशैली को और भी आसान और सुविधाजनक बना दिया है। जहॉं उपभोक्ता किसी भी समय, किसी भी जगह से आसानी से शॉपिंग कर सकता है।

ऑनलाइन खरीददारी एवं खुदरा खरीददारीः तुलनात्मक अध्ययन- आनलाईन शॉपिंग कई लाभ और फायदे देती है। लेकिन यह खुदरा शापिंग को कभी भी प्रतिस्थापित नही करेगी। एक उपभोक्ता जिसे पता है कि उसे क्या खरीदना है वह आनलाइन उन वस्तुओं को विभिन्न साइटों में देखकर उनकी तुलना कर सर्वोत्तम वस्तु या सेवा को क्रय करता हैं। खुदरा स्टोर में वस्तुएं बहुत सजावटी तरीको से लगाई गयी होती है। जहॉं विभिन्न उत्पाद एक के बाद एक लगे होते है। साथ ही ए.सी. और संगीत एक बहुआयामी खरीददारी वातावरण वनाती है, इसी वजह से कई लोग माल या डिपार्टमेंन्टल स्टोर पर मनोरंजन के लिए भी जाते है। बहुत से लोग कम्प्यूटर से पूर्ण रूप से सहज ना हो पाने के कारण खुदरा खरीददारी को ही पसंद करते है। साथ ही साथ कई लोग भौतिक खरीददारी को व्यायाम से भी जोड़ कर देखते है कि कुछ चहलकदमी करते हुए सामान भी खरीद कर ले आये।

आनलाईन स्टोरों में टेक्स्ट, मल्टीमीडिया फाइल तथा फोटो के साथ उत्पाद का पूर्ण विवरण होना चाहिए,जबकि एक खुदरा स्टोर में वास्तविक उत्पाद प्रत्यक्ष होने पर ग्राहक उससे सम्बन्धित जानकारी दुकानदार से पूछ कर संतुष्ट हो सकता है। ये सब सुविधा आनलाईन शॉपिंग में नही मिल पाती।

**परिकल्पना-**

- इसके लिए कम्प्यूटर तथा इंटरनेट माध्यम को और अधिक सुरक्षित करना होगा।
- नियमो और कानूनों को अनदेखा न करके उनका पालन करना-कराना होगा।
- भ्रामक विज्ञापनों के संचालको पर कठोर कार्यवाही होना भी आवश्यक है।
- ऐसे मामलो में पारदर्शिता और स्पष्टता का होना आवश्यक है

**अध्ययन की विधि-**

प्रस्तुत शोधपत्र द्वितीयक समंको पर आधारित है जिसमें समग्र रूप से सम्पूर्ण विश्व को एक बाजार मान कर अध्ययन किया गया है। विश्लेषण,व्याख्या एवं तुलनात्मक अध्ययन विधि द्वारा उद्देश्यों का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला गया है।

**निष्कर्ष एवं सुझाव-**

भारत में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट के उपयोग सामुदायिक सूचना केन्द्र, ई-प्रशासन योजना तथा ई-शिक्षा के रूप में महत्व दिया जा रहा है। वर्तमान में देश मे इंटरनेट के ग्राहको की संख्या अत्यधिक ऊपर पहुॅंच गयी है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कैके लोकप्रिय होने लगे हैं। हम सूचना प्रौद्योगिकी के युग में रह रहे है। धीरे-धीरे इंटरनेट ने हमारे जीवन यापन के तरीके को बदल दिया है। आज हम इंटरनेट का उपयोग अपने दैनिक कार्यो में करने लगे है, जैसे की बिलो का भुगतान करना हो या बैकिंग से सम्बन्धित कार्य हो या कोई अन्य सामान खरीदना हो या बेचना हो बीमा कराना हो, होटल की बुकिंग इत्यादि सभी कार्यो में इंटरनेट उपयोग होने लगा है। पिछले कुछ समय से ई-कामर्स व्यवसाय करने का मुख्य अंग गन गया है। यदि यह कहा जाय कि ई-कामर्स के बिना व्यवसाय सम्भव नही है,तो कोई अतिशयोक्ति नही होगा। ई-कामर्स केवल बी.-टू-बी. या बी.-टू-सी. व्यवसाय ही नही करता बल्कि इसने आनलाइन ट्रेडिग,शेयर बाजार, वित्तिय बाजार एवं कमोडिटी एक्सचेंज के तरीको को बदल दिया है। ई-कामर्स सिर्फ संगठनों को ही फायदा नहीं पहुॅंचाता बल्कि ग्राहको को भी इससे बहुत फायदा है। आज ग्राहक के पास समय नही है। यह दुकान में जाकर सामान खरीदने में समय बर्बाद नहीं करना चाहता। ऑनलाइन शॉपिंग से लेकर, ऑनलाइन डेटिंग,जीवन साथी की खोज, खेल आदि सभी जरूरतो को इंटरनेट के माध्यम से पूरा किया जा सकता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**


1. भारतीय संस्कृति एवं युवा लोकमंगल, इन्टरनेट पत्रिका, वर्ष 2008
2. सांस्कृत्यायन राहुल, जून 2018 तक भारत में हो जाएंगे 50 करोड़ इंटरनेट यूजर्स
3. अप्रैल 2016 कम्प्यूटर संचार सूचना पेज नं. 9 पत्रिका
4. कम्प्यूटर संचार सूचना/अप्रैल 2016 पेज नं. 10
5. सुखिया एस0पी0- शैक्षिक नेतृत्व एवं प्रबन्धन- अग्रवाल पब्लिकेषन्स, पृष्ठ संख्या-154।
6. अग्रवाल जे0सी0- शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबन्ध-, अग्रवाल पब्लिकेषन्स, आगरा-2, पृष्ठ संख्या-95।

7. E-commerce, Ritendra Goel, New Age International (P) Limited Publishers.

8. Business Expert Systems, C. W. Holsapple and A. B. Whinston, Irwin,, Homewood, IL, 1987.

9. Albert H., Judd, Rivers, (2006) “Creating a winning E-Business”, Wagner Course Technology Thomson Learning, pp. 37-255.

10. Alawneh A., and Hattab E, (2007) “E-Business Value Creation: An Exploratory Study.

**Web References:**

1. http://www.uat.edu/online-business-technology-degree

2.https://www.arpatech.com/blog/technologies-required-forecommerce-store/ guides/usinginternet/connecting-internet/what-internet


************

# औपनिवेशिक बनारस : धार्मिक सांस्कृतिक स्वरूप और हिन्दू पुनर्जागरण

**-डॉ. शिव नारायण**
सहायक प्रो. इतिहास विभाग
डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, बी.एच.यू., वाराणसी

**शोध सारांश**

काशी का समग्र सांस्कृतिक परिवेश काशी के धार्मिक और आध्यात्मिक स्थिति के इर्द-गिर्द ही घूमता है। या यूँ कहें कि काशी के धार्मिक-आध्यात्मिक स्थिति से इतर कोई संस्कृति है ही नहीं। यह नगर हिंदुओं के लिए अटूट धार्मिक पवित्रता, पुण्य एवं प्रज्ञा का प्रतीक रहा है। यहाँ न केवल हिन्दू धर्म अपने सभी संप्रदायों के साथ पल्लवित एवं पुष्पित होता रहा है अपितु बौद्ध और जैन धर्मों के सिद्धांत भी यही उद्धोषित हुये थे। वास्तव में यहाँ धार्मिक-आध्यात्मिक स्वरूप आस्था और मान्यता पर आश्रित है। औपनिवेशिक शासन के दौरान बनारस राष्ट्रवादी आन्दोलनों के एक केन्द्र के रूप में उभरा, साथ ही इसने अपनी धार्मिक सांस्कृतिक अस्मिता को अक्षुण्ण रखा। औपनिवेशिक काल में हिन्दू परम्परा और संस्कृति को मजबूत बनाने में किन लोगों ने योगदान दिया ? जैसे प्रश्न मुझे सोचने के लिए विवश किये और मुझे बनारस के धार्मिक एवं सांस्कृतिक अतीत और उसमें रहने वाले लोगों के सामूहिक गतिविधियों पर गहराई से विचार करने की आवश्यकता पड़ी। प्रस्तुत शोध पत्र 18वीं और 19वीं शताब्दी में बनारस में हिन्दू पुनर्जागरण के केन्द्र के रूप में धार्मिक सांस्कृतिक प्रणाली की खोज पर केन्द्रित है।

**बीज शब्द:** काशी, बनारस, आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पुनर्जागरण, हिन्दुत्व।

बनारस से संबन्धित महत्त्वपूर्ण कार्य एम.ए. शेरिंग (बनारस पास्ट एंड प्रेजेंट), ई.बी हैवल (बनारस : दि सेक्रेड सिटी), एडविन ग्रिव्स (काशी : द सिटी इलुस्ट्रियस बनारस), ए.एस. अल्तेकर (हिस्ट्री ऑफ बनारस), के. एन. सुकूल (बनारस डाउन द एजेज़), डाइना एल.एक. (बनारस द सिटी ऑफ लाइट), सैंड्रिया, बी. फ्रिटैग (कल्चर एंड पावर इन बनारस : कम्यूनिटी, परफ़ार्मेंस एंड एनवायरमेंट), नीता कुमार (द आर्टिसन्स ऑफ बनारस : पॉपुलर कल्चर एंड आइडेंटिटी), मोतीचंद (काशी का इतिहास) द्वारा किए गए हैं। उपर्युक्त पुस्तकों में बनारस के सांस्कृतिक जीवन, धार्मिक रीति-रिवाज, अर्थव्यवस्था तथा बनारस के सामान्य इतिहास पर प्रकाश डाला गया है।

धर्म एवं अध्यात्म की नगरी काशी या बनारस भक्ति, संगीत, कला, साहित्य, शिल्प, शिक्षा आदि का अद्भुत संयोग है। यह नगर भारतीय संस्कृति का सजीव केंद्र है क्योंकि इसने संस्कृति के विभिन्न रंगों को अपने आँचल में समाहित कर रखा है। यद्यपि इस नगर के उत्पत्ति का कोई निश्चित प्रमाण उपलब्ध नहीं है फिर भी यह दुनिया के प्राचीनतम नगरों में से एक है। इसकी प्राचीनता के बारे में कहा गया कि "जब एथेंस की कल्पना भी नहीं की गयी थी, तब भी काशी थी। जब इजिप्ट नहीं था तब भी काशी थी।" प्राचीन समय में काशी वाराणसी की राजधानी थी। बौद्ध साहित्य में इस नगर को प्राचीन काशी राज का केंद्र माना गया है। बनारस विश्व के प्राचीन नगरों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से सर्वप्रमुख होने के साथ ही साथ प्राचीन नगरों के समान ही नदी घाटी में स्थित है। गंगा नदी के किनारे बसा यह शहर अपने घाटों, मंदिरों, ब्रह्मपुरियों, हवेलियों एवं महलों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। हिन्दू धर्म में ऐसी मान्यता है कि काशी की भूमि पर मरने से जीव को माया के बंधनों से मुक्ति मिलती है एवं उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

बनारस परम्परा और इतिहास दोनों ही दृष्टियों से विश्व की प्राचीनतम नगरियों में से एक है। इस नगर का महत्व धर्म एवं संस्कृति के समन्वयमूलक अजस्त्र प्रवाह के कारण विश्व के किसी भी प्राचीन नगर के तुलना में अधिक है। औपनिवेशिक काल में जब भारत के समस्त नगरों में पश्चिम के भौतिकवादी संस्कृति का प्रभाव दृष्टिगोचर हो रहा था और नवीन परिवर्तन के दौर से ये नगर गुजर रहे थे। ऐसी स्थिति में बनारस ने अपनी हिन्दू अस्मिता और संस्कृति को अपरिवर्तनीय रखने में सफलता अर्जित की। वास्तव में बनारस को सम्मिश्र भारतीय संस्कृति का एक प्रतिनिधि ऐतिहासिक नगर माना जा सकता है। डा. मोतीचन्द्र ने *काशी के इतिहास* में लिखा है कि- 'सुदूर प्राचीन काल में वाराणसी की स्थापना का आधार धार्मिक न था। इतिहास से हमें पता चलता है कि हिन्दू धर्म से बनारस का सम्बन्ध बहुत बाद की घटना है।'[1] वे लिखते हैं कि वास्तव में उस प्राचीन युग में काशी का सनातन आर्य धर्म से कोई विशेष सम्बन्ध नहीं था।[2]

बनारस अपनी भौगोलिक एवं ऐतिहासिक स्थिति के कारण एक व्यापारिक केन्द्र के रूप में विकसित हुआ जिसने उसे न केवल व्यापारिक

समृद्धि प्रदान की बल्कि धार्मिक तीर्थ के रूप में भी उसका विशेष उत्थान किया। बौद्ध ओर जैन धर्म के संस्थापकों के जीवन सम्बन्ध होने की वजह से इस दौर में काशी धर्म एवं संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। मध्यकाल में इस्लाम के आक्रमण के फलस्वरूप हिन्दू धर्म में प्रत्यक्ष कोई परिवर्तन नहीं हुआ, परन्तु 1194 ई0 से 1708 ई0 तक के पाँच सौ वर्ष हिन्दुओं के लिए बहुत कठिनाई के थे। इन दिनों काशी के मन्दिरों के नष्ट होने की कथा-व्यथा से इतिहास अनजान नहीं है। लेकिन इस स्थिति में परिवर्तन 18वीं शताब्दी में मुगल साम्राज्य के पतन और मराठों के उत्कर्ष से शुरू हुआ। बनारस में महाराज बलवन्त सिंह का अधिकार भी इसी के थोड़े दिन बाद हुआ। सोलहवीं सदी से ही मराठी विद्वान काशीवास के निमित्त काशी आकर बसने लगे थे।[3] इनके आगमन के फलस्वरूप नष्ट हुए मन्दिरों का जीर्णोद्धार एवं पुनः नवनिर्माण की प्रक्रिया बनारस में बलवती हुई। इस काल में इन्दौर की रानी अहिल्याबाई और मराठा सरदारों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। बनारस और उसके आस-पास के क्षेत्रों में जिन मूल लोक मान्यताओं और देवी-देवताओं का प्रचार था उसे प्रधान देवता 'रुद्र शिव' के अन्तर्गत बहुत कुछ समावेश करते हुए शिव को महादेव के रूप में ब्राह्मण भक्तिधर्म के त्रिदेव में प्रमुख स्थान मिला। फलस्वरूप औपनिवेशिक दौर में विश्वेश्वर, अन्नपूर्णा, कालभैरव, त्रिलोचन तथा साक्षी विनायक के मन्दिर मराठा लोगों ने बनवाये। उस समय के सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि मराठों और बंगालियों ने यहाँ धार्मिक उन्नति के लिए बहुत दान दिया है। औपनिवेशिक हिन्दू धर्म ईसाइत के प्रचार-प्रसार के बावजूद भी निरन्तर प्रगति की ओर उन्मुख था।

18वीं और 19वीं शताब्दी में क्षेत्रीय शक्तियों का जब विस्तार हो रहा था, ठीक उसी समय बनारस में मर्चेन्ट, बैंकरों, और भिक्षुक व्यापारी (गोसाईं) की बढ़ती हुई सांस्कृतिक और व्यापारिक रूचि ने न केवल बनारस शहर का सांस्कृतिक परिवर्तन किया बल्कि 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक हिन्दू परम्परावादी वर्चस्व पूरी तरह स्थापित हो गया था।[4] इस दौर में बनारस ने न केवल हिन्दू परम्परा और धर्म को शिखर पर पहुँचाया अपितु हिन्दुओं ने अपने धार्मिक मूल्यों, रीति-रिवाजों, संस्कारों एवं धारणाओं के साथ साँझी हिन्दू-संस्कृति और परम्परा की रक्षा करने में सफल रहा। इस दौर में मराठों ने बनारस में हिन्दू धर्म उत्थान के लिए बहुत सी ब्रह्मपुरियाँ, आश्रित ब्राह्मणों के लिए आवास एवं घाटों के किनारे बहुत से हिन्दू मंदिरों का निर्माण कराया।[5] इसके साथ ही यहाँ का हिन्दू व्यापारी वर्ग जिसका शहरी जनसंख्या का अनुपात करीब 20% से 30% तक था, इन लोगों द्वारा भी हिन्दुओं के व्रत, त्योहार तथा सार्वजनिक वाद-विवाद, शास्त्रार्थ आदि को संरक्षित कर हिन्दू संस्कृति और परम्परा को मजबूत करने में इस वर्ग ने प्रमुख भूमिका निभाई।

हिन्दू संस्कृति और रीति-रिवाजों को संरक्षण देने के अलावा यह समुदाय अपनी हिन्दूवादी विशिष्ट परम्परा और चरित्र के बल पर औपनिवेशिक चरित्र को हिन्दू परम्परा के अधीन होने के लिए विवश कर दिया। शहर के अमीर गुजराती समुदाय और अग्रवाल व्यापारियों के बीच वैष्णव पंथ की लोकप्रियता बढ़ गई।[6] यहाँ तक कि खत्री, व्यापारी भी इस पंथ की ओर आकर्षित हुए। बनारस की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचना को मजबूत करने में 18वीं शती में हिन्दू राजाओं ने भी 'धर्म संरक्षक' के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अभिजात व्यापारी वर्ग के साथ मिलकर शहर की हिन्दू संस्कृति को पुनर्निर्मित किया। राजा चेतसिंह से लेकर ईश्वरी नारायण सिंह तक बनारस के हिन्दू राजाओं ने अपने शासन विस्तार के साथ -साथ हिन्दू संस्कृति को संरक्षित किया। उन्होंने मंदिर, तालाब, रीति-रिवाज, परम्पराओं और अनुष्ठानों को भी संरक्षण दिया साथ ही वैष्णव लीला और रामलीला जैसी धार्मिक परम्पराओं को संरक्षित किया।[7] राजा चेतसिंह ने दुर्गा मंदिर की नींव रखी और गोपालजी का मंदिर बनवाया जो कि आगे चलकर प्रतिष्ठित वल्लभ सम्प्रदाय का प्रमुख केन्द्र बन गया। राजा उदित नारायण सिंह (1795-1835) ने दुर्गा सप्तशती और रामलीला की शुरूआत करके हिन्दू जागरण के प्रमुख केन्द्र के रूप में बनारस को स्थान दिलाया। राजा ईश्वरी नारायण (1835-89) काशी धर्म सभा को संरक्षण दिया और सनातनधर्म के नाम पर हिन्दू परम्परा की रक्षा की।

कुल मिलाकर राजा, व्यापारी और गोसाई इन तीनों ने मिलकर हिन्दू संस्कृति और परम्परा को ऐसा आकार दिया कि यहाँ पर 'हिन्दुत्व के बीज' पूर्णतः विकसित हो गये। बनारस कर्मकाण्ड और पारम्परिक संस्कृत शिक्षा का अग्रणी केन्द्र के रूप में विकसित हुआ। इस सम्बन्ध में *सी.ए. बेली* लिखते हैं- हिन्दू दार्शनिकों के लिए बनारस एक ऐसा केन्द्र था जहाँ धर्म और कर्मकाण्ड की रक्षा के लिए कर्मकाण्ड विशेषज्ञ और जजमान मौजूद होते हैं।[8] ठीक इसी तरह के विचार शेरिंग ने अपनी पुस्तक *बनारस दि सिक्रेड सिटी सिटी आफ हिन्दूज* में व्यक्त किया है।[9] इस दौर में बनारस को एक बात और अद्वितीय बनाती है कि यह नगर भारत के तीर्थों का ज्योतिस्थल था। बनारस की प्रसिद्धि तीर्थ-यात्रियों के परिक्रमा पथों, श्रेणीबद्ध देवालयों और मंदिरों के कारण है। यहाँ न केवल भारत से बल्कि नेपाल, वर्मा और तिब्बत जैसी जगहों से भी लोग प्रतिवर्ष आते हैं।[10] गंगा घाटों पर 220 जलतीर्थ है जिनमें 98 तीर्थ गंगातट पर असि और वरूणा के मध्य स्थित है। बनारस में

लोग विश्वनाथ और अन्नपूर्णा के आस्था से सरकार को कर देकर भी यात्रा करते थे। आधुनिक विचारधारा इस बात को स्वीकार करती है है कि जहाँ-जहाँ मानव के बहुमुख उत्कर्ष के साधन लभ्य हुए, वहीं-वहीं तीर्थों की परिकल्पना हुई।[11]

19वीं शती के प्राथमिक स्रोतों का अवलोकन करने पर ये तथ्य उभरकर सामने आते हैं कि साँझा हिन्दू सांस्कृतिक मान्यताओं और मूल्यों को अभिव्यक्त करने वाली तमाम धार्मिक क्रिया-कलाप यहाँ किये जा रहे थे, जिनका विषय धर्म था। विशेषरूप से भारत के विभिन्न स्थानों में होने वाली रामलीला का मंचन जो बनारस की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक पहचान को सबसे अच्छी तरह से व्यक्त करता है। यही नहीं 1819 में जब बनारस में गृहकर लगाया गया तथा यहाँ के लोगों ने ब्रिटिश नियमों के विरूद्ध शास्त्रों, प्राचीन रीति-रिवाजों और मूल्यों की प्रमुखता पर जोर दिया था। औपनिवेशिक काल में हिन्दू धर्म पर एक नये संकट के रूप में ईसाईत का आगमन होना है लेकिन अगर देखा जाय तो कितने हिन्दू ईसाई धर्म स्वीकार किये इसके आंकड़े बहुत कम मिलते हैं। लगभग सौ वर्षों तक कार्य करने के पश्चात् ईसाई मिशनरियाँ केवल 800 हिन्दुओं का धर्मान्तरण करा पाई थी।[12] बनारस जैसे हिन्दूत्व के गढ़ में एक औपनिवेशिक धर्म के असफल होने के कई कारण गिनाये जा सकते हैं। यहाँ की सामाजिक धार्मिक संरचना, आध्यात्मिकता का दर्शन, धार्मिक संस्थाएँ, आस्था की सार्वभौमिकता के सम्मुख ईसाई धर्म कहीं नहीं टिक पाया। ई.बी. हैवेल ने लिखा है कि- 'बनारस जैसे शहर में हिन्दू धर्म के अलावा ईसाईयत का प्रचार करना अपनी ऊर्जा को समाप्त करना है।'[13]

इस प्रकार 19वीं सदी में ब्रिटिश शासन के खिलाफ राष्ट्रवादी संघर्ष के दौरान, बनारस उपनिवेशवाद के खिलाफ हिन्दू राष्ट्रवादी प्रतिक्रिया के रूप में उभरा। यह प्रक्रिया 18वीं सदी के दशकों में शुरू हुई और बाद के दशकों में समेकित और मजबूत हुई जो हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा और संरक्षण देने की एक ऐसी प्रक्रिया है जो अब तक निरन्तर जारी है।

## सन्दर्भ-


1. डा. मोतीचन्द्र, *काशी का इतिहास*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, द्वितीय संस्करण, 1985, पृ01
2. डा0 मोतीचन्द्र, उपरोक्त, पृ0 1
3. सुकुल, कुबेरनाथ, *वाराणसी वैभव*, भार्गव भूषण प्रेस, वाराणसी, 1979, पृ0 33, 34
4. बेली, सी.ए. रूलर्स, *टाउन्समैन एण्ड बाजार-नार्थ इंडियन सोसाइटी इन दि एज आफ ब्रिटिश एक्सपेंन्सन*, 1770-1870, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 1983, पृ013
5. डा0 मोतीचन्द्र, उपरोक्त, पृ0 312
6. डालमिया, वसुधा, *दि नेशनलाइजेशन आफ हिन्दू ट्रेडिशन, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एंड नाइन्टीन सेन्चुरी बनारस*, नई दिल्ली, 1996, पृ0 92
7. डालमिया, वसुधा, उपरोक्त, 1996, पृ0 70
8. बेली, सी.ए.: *इंडियन सोसाइटी एण्ड दि मेकिंग आफ ब्रिटिश एम्पायर*, वाल्यूम-21, न्यू कैम्ब्रिज हिस्ट्री आफ इंडिया (सम्पादन) गार्डन जानसन, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 1983, पृ0 223
9. शेरिंग, एम.ए., *बनारस: दि सिक्रेड सिटी आफ हिन्दुज इन एंशियन्ट एण्ड मार्डन टाइम*, लो प्राइस पब्लिकेशन, दिल्ली, 1999, पृ0 05
10. हेबर, बिशप, *नरेटिव आफ जर्नी थ्रू द अपर प्राविन्स आफ इंडिया फ्राम कलकत्ता टू बाम्बे*, लन्दन (1824-25), पृ0 374
11. सुकूल, कुबेरनाथ, *वाराणसी वैभव*, भार्गव भूषण प्रेस, वाराणसी, 1979, पृ0 73
12. हेबर, विशप, उपरोक्त, भाग-71, पृ0 347
13. हैवेल, ई.वी., *बनारस: दि सिक्रेड सिटी, स्केच आफ हिन्दू लाइफ एण्ड रिलीजन*, बुकफेथ इण्डिया, दिल्ली, 2000, पृ0 51


************

# माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन

डा. अनिल कुमार
विभागाध्यक्ष,
शिक्षक-शिक्षा विभाग, आर.एस.एम. (पी.जी.) कॉलेज, धामपुर- (बिजनौर) उ.प्र.

**सारांश**

शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है l इसके द्वारा मानव की जन्मजात शक्तियों का विकास करके उसके ज्ञान, कला, कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और उसे सक्षम सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है l यह प्रक्रिया मनुष्य के जन्म से प्रारंभ होकर मृत्युपर्यंत तक चलती रहती है तथा समाजीकरण की इस शैक्षिक प्रक्रिया में परिवार के वातावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती, पारिवारिक वातावरण का बच्चो के संपूर्ण विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है l परिवार वह प्रथम स्थान है l जहा बच्चा दूसरों के साथ संबंध स्थापित करना सीखता है l सामाजिक संस्थाओं में परिवार एक आधारभूत और सर्वव्यापी सामाजिक संस्था है तथा बच्चे के शैक्षिक एवं सामाजिक विकास की प्रथम पाठशाला भी है

***कुंजी शब्द- शिक्षा, परिवार, संस्था, पाठशाला, वातावरण***

शिक्षा समाज में सदैव चलने वाली सोदेश्य सामाजिक प्रक्रिया है l जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार मानव को सक्षम, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता हैl इसके द्वारा व्यक्ति एवं समाज दोनों निरंतर विकास करते हैं l इस संपूर्ण शैक्षिक एवं सामाजिक विकास में परिवारिक वातावरण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है l परिवार को बालक की प्रथम पाठशाला तथा मां को बालक की प्रथम शिक्षिका कहा जाता है l पारिवारिक वातावरण का बच्चों के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है l बालक जन्मोपरांत जब धीरे-धीरे बाल्यावस्था की सीढ़ी पर चरण रखता है l तो उसका सम्बन्ध परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बढ़ता है l इसी संबंध को संज्ञानात्मक, सामाजिक एवं संवेगात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण समझा जाता है l

पारिवारिक संबंध पूर्णत: पारिवारिक वातावरण पर निर्भर करते हैं l जैसा पारिवारिक
वातावरण होगा l उसी प्रकार का पारिवारिक संबंध परिवार के सदस्यों के मध्य देखा जा सकता है l जहां से बालक का सर्वांगीण विकास संभव है यदि परिवार का वातावरण विघटित है l तो बच्चे का शैक्षिक एवं सामाजिक विकास अवरुद्ध हो जाता है l

अत: यह आवश्यक है कि बच्चों के उचित विकास हेतु पारिवारिक वातावरण सौहार्दपूर्ण तथा अनुकूल होना चाहिए l क्योंकि बच्चों में वातावरण के प्रति समायोजन करने की क्षमता परिवार से ही प्रारंभ होती है l तथा परिवार ही बच्चे का सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक तंत्र है l

मुरे (1963) परिवार की शिक्षा का उद्देश्य अपने सदस्यों को सांस्कृतिक व्यवहारो की सीख देना तथा सामाजिक नियमों को स्वीकार करने की प्रेरणा देना है l परिवार शिक्षा देने वाली संस्था के रूप में किसी भी समाज की सर्वव्यापी तथा सर्वमान्य संस्था है l जिसकी कार्यकुशलता पर ही संपूर्ण समाज की व्यवस्था टिकी है l परिवार की शिक्षा ही बालक में देशभक्ति ईमानदारी आदि की मनोवृत्ति पैदा करती है l परिवार ही व्यक्ति को उचित-अनुचित एवं नैतिकता का ज्ञान कराता हैl परिवार ही बच्चों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक गुणों, आदर्शों एवं नैतिकता का विकास करता है l जिसके परिणाम स्वरुप वह समाज का आदर्श नागरिक बनता है तथा राज्य एवं समाज के नियमों का पालन करके समाज व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग देता है l परिवार के वातावरण में रहकर ही बालक प्रेम, सहयोग, दया, सहानुभूति, अनुकूलन, कर्तव्य पालन, परोपकार एवं अनुशासन आदि गुणों को सीखता है l

परंतु आधुनिक युग में परिवार में अनेक परिवर्तन घटित हो रहे हैं तथा पारिवारिक वातावरण पर भौतिक परिवर्तनों का तेजी से प्रभाव हो रहा है l पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति, नगरीकरण, औद्योगीकरण, व्यक्तिवाद परिवार एवं विवाह से संबंधित नवीन विधानो आदि के कारण परिवार की संरचना एवं प्रकार्यों में परिवर्तन हुआ है और यह भी आशंका व्यक्त की जाने लगी है कि भविष्य में परिवार रूपी संस्था सामाजिक नियंत्रण में अपनी कोई भूमिका निभा पायेगी l वास्तव में परिवर्तन की विभिन्न शक्तियों के कारण परिवार व्यवस्था तथा उसके वातावरण में परिवर्तन हुये हैं l

परिवार का अस्तित्व सार्वभौमिक है l यह किसी भी समाज की मौलिक एवं सार्वभौमिक संस्था है l समाज के संचालन एवं नियंत्रण में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है l परिवार के परिवेश में आये परिवर्तन सार्वभौमिक है l तथा निश्चित रूप से परिवार शहरी हो या ग्रामीण अपनी बदलती हुयी परिस्थिति और परिवेश के बीच बच्चों के व्यक्तित्व, नैतिकता के प्रतिमानो और शैक्षिक विकासात्मक उपलब्धियों पर प्रभाव डालते हैं l

मिश्रा, एस. (2001) सामान्य बच्चों और अधिगम असमर्थ बच्चों के भाषायी लाभ पर घरेलू वातावरण संबंधी चरो क़ा अध्ययन, प्रभा, शैल (2013) प्राथमिक स्तर पर बालकों की शैक्षिक क्रियाओं में माता-पिता की सहभागिता का अध्ययन, पाठक, लक्ष्मी (2013) शैक्षिक रूप से असफल किशोरों पर पारिवारिक वातावरण के प्रभाव का अध्ययन, मायाराम (2014) माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की उपलब्धि अभिप्रेरणा का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन, श्रीवास्तव, महेंद्र (2018) माता-पिता द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन एवं पाल्यो की शैक्षिक उपलब्धि का

अध्ययन, गंगवार, सारिका (2018) उच्च प्राथमिक स्तर के बालक-बालिकाओं के पारिवारिक समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन, ऋतु, चौहान (2018) माध्यमिक स्तर के छात्रों की पारिवारिक समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन, किए गये हैं I

**समस्या कथन- माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन I**

**प्रयुक्त मुख्य शब्द-**

**माध्यमिक स्तर-** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. द्वारा मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9-10 के विद्यार्थियों का माध्यमिक स्तर I

**शहरी एवं ग्रामीण-** उ.प्र. के जनपद बिजनौर के शहरी एवं ग्रामीण परिक्षेत्र में स्थित माध्यमिक विद्यालय I

**पारिवारिक वातावरण -** विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण से आशय माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के परिवार के आंतरिक वातावरण से हैं I जिसमे वह परिवार के साथ निवास करते है I

**अध्ययन के उद्देश्य-**

1. माध्यमिक स्तर के ग्रामीण विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का अध्ययन करना I
2. माध्यमिक स्तर के शहरी विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना I
3. माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना I

**अध्ययन की परिकल्पनाये-**

1. माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है I
2. माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है I
3. माध्यमिक स्तर पर शहरी क्षेत्र के सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है I

**शोध विधि-** प्रस्तुत शोध अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया है I

**अध्ययन क्षेत्र एवं समग्र-** प्रस्तुत शोध अध्ययन में बिजनौर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 100 विद्यार्थियों (कक्षा 9 एवं कक्षा 10) को ही समग्र में शामिल किया गया है I जिन्हें ग्रामीण (50) एवं शहरी (50) विद्यार्थियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है तथा आरक्षित एवं सामान्य वर्गों में विभाजित किया गया है I

**शोध कार्य में प्रस्तुत उपकरण-** प्रस्तुत शोध कार्य में आलिया (कश्मीर) एवं शैल वाला सक्सेना (रायसेन) द्वारा निर्मित मानकीकृत परीक्षण होम एनवायरनमेंट स्केल (HES) का प्रयोग दत्त संकलन हेतु किया गया है I

**प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियां-** परीक्षण से प्राप्त प्रदत्तो के विश्लेषण एवं निष्कर्ष हेतु शोध कार्य में मध्यमान, मानक विचलन टी-परीक्षण का प्रयोग किया गया है I

**प्रदत्तो का विवेचन एवं विश्लेषण-** शोध कार्य के सर्वेक्षण से प्राप्त प्रदत्तो की गणना, प्रयुक्त साख्यिकीय विधियों द्वारा की गयी है तथा प्रदत्तो का विश्लेषण एवं विवेचन परिकल्पनाओ में प्रयुक्त चरो के आधार पर किया गया है I जो निम्न प्रकार :-

**परिकल्पना परीक्षण-** शोध कार्य में निर्मित परिकल्पनाओ के परीक्षण से प्राप्त परिणाम निम्न प्रकार हैं-

**परिकल्पना- 1** माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है I

तालिका -1

| माध्यमिक स्तर | प्रतिदर्श | मध्यमान | मानक विचलन | टी मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| शहरी विद्यार्थी | 50 | 166.54 | 30.875 | 7.321* |
| शहरी विद्यार्थी | 50 | 131.75 | 16.61 | |

0.01 सार्थकता स्तर = 2.58*

0.05 सार्थकता स्तर = 1.96*

उपरोक्त तालिका - 1 में माध्यमिक स्तर के शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान 166.54 एंव ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान 131.75 है तथा प्राप्त टी मूल्य 7.321 है I जो सार्थकता के दोनों स्तरों पर 0.01 पर 2.58 एवं 0.05 स्तर पर 1.96 से अधिक है I अत: शून्य परिकल्पना माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है अस्वीकृत होती है I तालिका में माध्यमिक स्तर के शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान 166.54 एवं ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान 131.75 है I निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान अधिक है अत: माध्यमिक स्तर के शहरी विद्यार्थियों का पारिवारिक वातावरण ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की अपेक्षा बेहतर स्थिति में है I

**परिकल्पना- 2** माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है I

## तालिका -2

| ग्रामीण विद्यार्थी समूह | प्रतिदर्श | मध्यमान | मानक विचलन | टी मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य वर्ग विद्यार्थी | 30 | 130.71 | 11.157 | 0.0103 |
| आरक्षित वर्ग विद्यार्थी | 30 | 132.39 | 19.159 | |

0.01 सार्थकता स्तर = 2.58
0.05 सार्थकता स्तर = 1.96

उपरोक्त तालिका- 2 मे ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक स्तर के सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का मध्यमान 130.71 तथा माध्यमिक स्तर के आरक्षित वर्ग विद्यार्थी समूह का मध्यमान 132.39 है तथा प्राप्त टी मूल्य 0.0103 है l जो कि सार्थकता के दोनों स्तरों से कम हैं l अतः परिकल्पना परीक्षण के विवेचन के आधार पर कहां जा सकता है कि माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सामान्य एवं आरक्षित वर्गों के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है l

**परिकल्पना- 3** माध्यमिक स्तर पर शहरी क्षेत्रों के सामान्य तथा आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है l

## तालिका -3

| शहरी विद्यार्थी समूह | प्रतिदर्श | मध्यमान | मानक विचलन | टी मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| सामान्य वर्ग विद्यार्थी | 30 | 165 | 21.151 | 0.28 |
| आरक्षित वर्ग विद्यार्थी | 30 | 166.42 | 12.116 | |

0.01 सार्थकता स्तर = 2.58
0.01 सार्थकता स्तर = 1.96

उपरोक्त तालिका- 3 मे शहरी क्षेत्र के माध्यमिक स्तर के सामान्य वर्ग विद्यार्थी समूह का मध्यमान 165 तथा आरक्षित वर्ग का मध्यमान 166.42 है तथा प्राप्त टी मूल्य 0.28 जो सार्थकता के दोनों स्तरों के मान से कम हैं l

अत: उपरोक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर पर शहरी क्षेत्रों के सामान्य एवं आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है किंतु आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों का प्राप्त मध्यमान सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों से अधिक है l अत: कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के शहरी क्षेत्र के आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण स्थिति से बेहतर है l प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर परिकल्पना माध्यमिक स्तर पर शहरी क्षेत्र के सामान्य तथा आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं है को स्वीकार किया जाता है l

**निष्कर्ष-** प्रदत्तो के विश्लेषण एवं विवेचन तथा परिकल्पनाओ के परीक्षण से प्राप्त निष्कर्ष निम्न प्रकार है -

1. माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में सार्थक अंतर पाया गया है l
2. माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के सामान्य एंव आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है l

माध्यमिक स्तर पर शहरी क्षेत्रों के सामान्य एंव आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण की स्थिति में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया है l

**अध्ययन से प्राप्त विद्यार्थियों की समस्यायें:-**

1. पारिवारिक वातावरण के संदर्भ में माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पारिवारिक सहयोग का आभाव प्रकट किया है l
2. आत्मीयता के अभाव की समस्या भी परिवारों में पायी गयी है l
3. मनुष्य की व्यस्तता भरी जिंदगी और आपाधापी के बीच परिवार के स्नेह और समर्पण की डोर ढीली पड़ती दिखाई पड़ रही है l
4. पारिवारिक वातावरण की अनुपयुक्ता कहीं-कहीं अध्ययन की एकाग्रता में बाधा उत्पन्न करती है l

भौतिक संस्कृति ने पारिवारिक वातावरण को कहीं ना कहीं प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है।

**शैक्षिक निहितार्थ:-** प्रस्तुत शोध के संबंध में शैक्षिक निहितार्थ निम्न प्रकार है-

प्रस्तुत शोध में माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति में सार्थक अंतर पाया गया है l विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण की स्थिति का प्रभाव उनके शैक्षिक विकास एवं उपलब्धि को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है l यदि विद्यार्थियों का पारिवारिक वातावरण उत्तम होगा l तो उनका सर्वांगीण विकास भी उत्तम होगा। यदि पारिवारिक वातावरण ही ठीक नहीं है तो उनके संपूर्ण विकास पर उसका प्रभाव पड़ेगा l

**1. विद्यार्थियों के लिए निहितार्थ-** विद्यार्थियों को चाहिए कि वह तनाव भरे माहौल से अपने को दूर रखें l हमेशा प्रसन्नचित्त रहें l असफलताओं से निराश ना हो l अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहे l अपने आसपास का वातावरण अच्छा बनाए रखें l नकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से दूर रहें l भौतिक संस्कृति को अपने ऊपर हावी ना होने दें l भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहे l

**2. अभिभावकों के लिए निहितार्थ-** अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी सोच एंव संस्कार दें। जिससे उनका मनोबल बढ़े समाज के गंदे एवं नकारात्मक माहौल से बच्चों को बचाएं, बच्चों के लिए घर-परिवार का अच्छा वातावरण उपलब्ध कराये तथा उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करें l तथा देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा से बच्चो को अवगत कराये l

**3. विद्यालयों के लिए निहितार्थ-** विद्यालय सामाजिक समायोजन के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। जो छात्रों के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है l विद्यालय में ही बालक का शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं चारित्रिक विकास होता है l अत: विद्यालय का उत्तरदायित्व है कि वह

अपने विद्यार्थियों को स्वस्थ शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराये I तथा समय-समय पर विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक परामर्श भी प्रदान करे I

**4. शिक्षकों के लिए निहितार्थ-** शिक्षकों एवं छात्रों के मध्य अच्छे एवं मधुर संबंध होने चाहिए। शिक्षकों का व्यवहार अपने विद्यार्थियों के प्रति हमेशा सकारात्मक, लोकतांत्रिक, सहज मागदर्शी होना चाहिए I शिक्षको को विद्यार्थियों मे स्वास्थ ऊर्जा का संचार करना चाहिए I शिक्षको को अपने विद्यार्थियों की पारिवारिक स्थिति एवं पृष्ठभूमि का ज्ञान होना आवश्यक है I समय-समय पर शिक्षक अभिभावक गोष्ठी होना आवश्यक है I समय-समय पर शिक्षकों को विद्यार्थी से समस्या विमर्श करना चाहिए I

**संदर्भ सूची-**

1. Agarwal, Rekha. Kapoor, Mala (1998); "*Parents Participation In Children Academy Activities At Primary Level,"* Journal of Indian Education vol XXlll 4

2. Agarwal, Kusum (1999); "*Student Of Parental Attitude And Socio Economic Background Of The Education Field Adolesents*," Journal of Education Research vol 18 1

3. मिश्रा, पी.सी. (2002); *आज का विकासात्मक मनोविज्ञान*, आगरा: साहित्य प्रकाशन

4. राजपूत, जे.एस. (2002); *पाठ्यक्रम परिवर्तन के आयाम*, नई दिल्ली: एन.सी.ई.आर.टी.

5. ज्ञानी, टी.सी, देवगन, प्रवीन (2003); *"माता-पिता द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन एवं पाल्यो की शैक्षिक उपलब्धि,"* भारतीय आधुनिक शिक्षा, नई दिल्ली: एन.सीई.आर.टी. जुलाई (2003)

6. त्रिपाठी, कुमुद (2004) *"माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की उपलब्धि प्रेरणा का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव; एक अध्ययन,"* भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका जनवरी-जून (2004)

7. अग्रवाल, रीना (2007); *"परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों की शैक्षिक सम्प्राप्ति: एक अवलोकन,"* शिक्षा शोध पत्रिका जुलाई-दिसंबर (2007)

8. भार्गव, लक्ष्मी (2007); *शिक्षा के सामाजिक परिप्रेक्षय,* नई दिल्ली: वंदना प्रकाशन

9. पंवार, एस. उनियाल, एन.पी. (2008); *"प्राथमिक स्तर के बालक-बालिकाओं के माता-पिता का उनके प्रति व्यवहार का तुलनात्मक अध्ययन:"* भारतीय आधुनिक शिक्षा, नई दिल्ली: एन.सी.ई.आर.टी. जनवरी (2008)

10. NCF (2009); *National Curriculum Framework,* New Delhi: NCERT

11. गुप्ता, एस.पी. (2012); *आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन*, इलाहाबाद: शारदा पुस्तक भवन

12. सिंह, अरुण कुमार (2017); *मनोविज्ञान समाजशास्त्र शिक्षा में शोध प्रविधियां,* नई दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन

13. सिंह, अरुण कुमार (2017); *आधुनिक शिक्षा मनोविज्ञान*, नई दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन

14. गंगवार, सारिका (2018); *"उच्च प्राथमिक स्तर के बालक बालिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन,"* लघु शोध प्रबंध

15. चौहान (2018); *"माध्यमिक स्तर के छात्रों की समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन लखीमपुर खीरी के संदर्भ में,"* लघु शोध प्रबंध

16. NEP (2020); *National Education Policy*, New Delhi: MHRD

************

# पण्डित दीनदयाल उपाध्याय : अन्त्योदय की अवधारणा

**-कृष्ण बहादुर यादव**
शोधार्थी, राजनीति विज्ञान विभाग
श्री महंथ रामाश्रय दास पी.जी. कॉलेज, भुड़कुड़ा गाजीपुर उ.प्र.

**सारांश:**

दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण अंत्योदय पर केंद्रित है, जिसका अर्थ है समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान। उनकी "दरिद्र नारायण" की अवधारणा महात्मा गांधी से प्रेरित थी, जो गरीब व्यक्ति को भगवान के समान समझने और उसकी सेवा करने पर जोर देती है। उपाध्याय ने यह मानते हुए कि समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब सबसे गरीब व्यक्ति का भी उत्थान हो, अपनी सामाजिक और राजनीतिक विचारधारा को विकसित किया। उपाध्याय ने भारतीय समाज की समस्याओं का समाधान भारतीय संस्कृति और परंपराओं में ढूंढने का प्रयास किया। उनका मानना था कि पश्चिमी विचारधारा और नीतियों से भारतीय समाज की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने अंत्योदय को अपनी राजनीति और सामाजिक कार्यों का केंद्र बिंदु बनाया, यह मानते हुए कि समाज का वास्तविक विकास तब तक संभव नहीं है जब तक कि समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति का भी विकास न हो। उपाध्याय ने दरिद्र नारायण की सेवा के लिए विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों का निर्माण किया, जिनमें ग्रामीण विकास, कृषि सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार शामिल था। उन्होंने आत्मनिर्भरता पर जोर दिया और समाज के सबसे निचले स्तर के व्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास किया। उनकी आर्थिक नीतियों का केंद्र बिंदु दरिद्र नारायण की अवधारणा थी, जिसमें समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित करना था।

**बीजशब्द:** दीनदयाल उपाध्याय, दरिद्र नारायण, अन्त्योदय, महात्मा गांधी और राजनीतिक विचारधारा

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन परम्परा को आगे बढ़ाने में दीनदयाल उपाध्याय ने बहुमूल्य योगदान दिया है। दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर, 1916 (आश्विन कृष्ण त्रयोदशी, संवत् 1973) को हुआ था। दीनदयाल के प्रारंभिक वर्ष नगला चंद्रभान गाँव में बीते, जहाँ उनका परिचय पारंपरिक हिंदू मान्यताओं और मूल्यों से हुआ। उनके पिता श्री राम प्रसाद एक किसान थे और उन्होंने दीनदयाल को कड़ी मेहनत और आत्मनिर्भरता का महत्व बताया। दीनदयाल की माता श्रीमती रामप्यारी एक धार्मिक विचारधारा वाली महिला थीं, जिन्होंने दीनदयाल के आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीनदयाल के परदादा, पंडित हरिराम उपाध्याय, एक प्रसिद्ध ज्योतिषी थे, जिनका दीनदयाल के जीवन पर अत्यधिक प्रभाव था। पंडित हरिराम उपाध्याय ने ज्योतिष और वैदिक ग्रन्थों का ज्ञान दीनदयाल को दिया, जिससे उनमें प्राचीन ज्ञान और आध्यात्मिकता के प्रति प्रेम जागृत हुआ।

उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए अपने आर्थिक एवं राजनीतिक चिंतन द्वारा समाजवाद व उदारवाद की कमियों को उजाकर करके धर्म एवं आदर्श पर आधारित भारतीय परम्परा का एक मॉडल प्रस्तुत किया, जो एकात्म मानववाद, आध्यात्मिक राष्ट्रवाद एवं अन्त्योदय की अवधारणा पर आधारित है। मानवतावाद एक दर्शन है जो मनुष्य के मूल्य और महत्व पर जोर देता है। यह मनुष्य की गरिमा और स्वायत्तता पर जोर देता है, और उनकी जरूरतों और इच्छाओं को संबोधित करने का प्रयास करता है।

दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में अन्त्योदय की अवधारणा महत्वपूर्ण है। दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण अंत्योदय पर केंद्रित है। अन्त्योदय का अर्थ है कि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान। इस दृष्टिकोण के केंद्र में उनकी दरिद्र नारायण की अवधारणा है, जिसका अर्थ है गरीब व्यक्ति को भगवान के समान समझना और उसकी सेवा करना। दीनदयाल का दृष्टिकोण एक ऐसे समाज का निर्माण करना था, जो वास्तव में मानव व्यक्तित्व के सभी पहलुओं को महत्व देता हो और उनके विकास को बढ़ावा देता हो। उनका मानना था कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने की कुंजी प्रत्येक व्यक्ति के भीतर मौजूद अंतर्निहित क्षमताओं और संभावनाओं को फिर से जागृत करना और उनका दोहन करना है।

दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की अवधारणा महात्मा गांधी[1] के दरिद्र नारायण की अवधारणा से प्रेरित है। गांधीजी का मानना था कि गरीबों की सेवा ही सही अर्थों में ईश्वर की सेवा है। इसी सिद्धांत को दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी सामाजिक और राजनीतिक विचारधारा का हिस्सा बनाया। उनका मानना था कि समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब समाज के सबसे गरीब और उपेक्षित व्यक्ति का भी उत्थान हो।

दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय समाज की समस्याओं को गहराई से समझा और उनका समाधान भारतीय संस्कृति और परंपराओं में ढूंढने का प्रयास किया। उनका मानना था कि पश्चिमी विचारधारा और नीतियों से भारतीय समाज की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने भारतीय समाज की मूलभूत संरचना को समझते हुए नीतियों और कार्यक्रमों का निर्माण किया, जो समाज के सबसे निचले स्तर के व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए बनाए गए थे।

अंत्योदय का शाब्दिक अर्थ है- अंतिम व्यक्ति का उदय। दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि समाज का वास्तविक विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक कि समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति का भी विकास न हो। उन्होंने अंत्योदय की अवधारणा को अपनी राजनीति और सामाजिक कार्यों का केंद्र बिंदु बनाया। उनका मानना था कि जब तक समाज के सभी वर्गों का समान रूप से विकास नहीं होगा, तब तक समाज में संतुलन और न्याय की स्थापना संभव नहीं है[2]।

दीनदयाल उपाध्याय ने दरिद्र नारायण की सेवा के लिए विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों का निर्माण किया। उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर दिया। उनका मानना था कि जब तक गांवों और गरीबों का विकास नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। साथ ही समाज के सबसे निचले स्तर के व्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रयास किया। दीनदयाल श्रमिकों को बेरोजगारी, बीमारी या बुढ़ापे जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों से बचाने के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की वकालत करते हैं। काम के महत्व और समाज के प्रत्येक सक्षम सदस्य के लिए काम की गारंटी पर जोर देकर दीनदयाल ऐसी अर्थव्यवस्था स्थापित करना चाहते हैं, जिसमें सभी व्यक्तियों के लिए सामाजिक न्याय और समान अवसरों को बढ़ावा मिले। उनका दृढ़ विश्वास है कि अधिक न्यायसंगत और समृद्ध समाज बनाने के लिए यह आर्थिक ढांचा आवश्यक है।

दीनदयाल उपाध्याय की आर्थिक नीतियों का केंद्र बिंदु अन्त्योदय की अवधारणा है। उनका मानना था कि आर्थिक विकास का उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास होना चाहिए, न कि केवल कुछ विशेष वर्गों तक सीमित हो। उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए योजनाएं बनाईं, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को उसके योगदान और आवश्यकताओं के अनुसार संसाधनों का वितरण सुनिश्चित हो सके। उनका मानना था कि गरीब व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए उसे रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने चाहिए और उसकी आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिए[3]। उनका मानना था कि प्रत्येक समाज को लोक-कल्याण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। बच्चे जो किसी भी समाज का भविष्य हैं, पर्याप्त पोषण तक पहुंच के हकदार हैं। उपाध्याय ने इस जिम्मेदारी को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि यह मानव जाति की सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को दर्शाता है।

दीनदयाल उपाध्याय ने सामाजिक न्याय और समानता की स्थापना के लिए अन्त्योदय की अवधारणा पर बल दिया । लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का एक मूलभूत पहलू स्वामित्व है। उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यक्तियों की अपने कार्यस्थल में उचित हिस्सेदारी हो और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में उनकी कुछ हिस्सेदारी हो। श्रमिकों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करके, हम कर्मचारियों के बीच स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। जिससे उत्पादकता में वृद्धि, नौकरी से संतुष्टि और श्रमिकों और कंपनी के बीच एक मजबूत बंधन हो सकता है। श्रमिकों को स्वामित्व अधिकार देने का प्राथमिक लक्ष्य कंपनी की सफलता और विकास में उनके योगदान को पहचानना है। इसके लिए उन्होंने बहुत से कार्यक्रमों और नीतियों का प्रस्ताव बनाया। उनका मानना था कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना तभी संभव है, जब सभी व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने जाति, धर्म और लिंग के भेदभाव को समाप्त करने पर जोर दिया और समाज के सभी वर्गों को समान रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया।

दीनदयाल उपाध्याय ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया। उनका मानना था कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विकास समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव रखा और इन सेवाओं को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया।

दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भारत की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। इसलिए कृषि सुधार और ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों के लिए नई तकनीकों और साधनों का उपयोग करके कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव रखा। उनका मानना था कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास देश के समग्र विकास के लिए आवश्यक है और इसके लिए स्थानीय संसाधनों का सही उपयोग किया जाना चाहिए।

दीनदयाल उपाध्याय ने आत्मनिर्भरता और स्वदेशी पर विशेष बल दिया। उनका मानना था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी संसाधनों और तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने विदेशी तकनीकों और उत्पादों पर निर्भरता को कम करने पर जोर दिया और देश के अंदर ही संसाधनों का सही उपयोग करके आत्मनिर्भरता प्राप्त करने का प्रयास किया[4]।

दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का पुनर्जागरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति व मूल्यों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया और समाज में भारतीयता के प्रति गर्व की भावना को जागृत किया। उनका मानना था कि भारतीय संस्कृति व परंपराओं में समाज की समस्याओं का समाधान छिपा हुआ है और इनका सही उपयोग करके समाज का समग्र विकास संभव है[5]।

**निष्कर्ष:**

अवधारणाओं और तत्वों के अन्वेषण से स्पष्ट होता है कि दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय दृष्टिकोण व्यापक सामाजिक और आर्थिक निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी अन्त्योदय की अवधारणा ने समाज के सबसे निचले स्तर पर खड़े व्यक्तियों के उत्थान पर बल दिया है। वह गांधीजी की विचारधारा से प्रेरित हैं। उनका योगदान भारतीय समाज में समाजिक न्याय, समरसता और सामूहिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उनकी दृष्टि में समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब विकास और समृद्धि में समाज के सबसे निचले एवं गरीब वर्ग भी सम्मिलित हो। इस प्रकार दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत ने भारतीय समाज को नई दिशा दी है और उसे समृद्धि की ओर प्रेरित किया है।

**सन्दर्भ सूची**


1. गांधी, एम. (1968). दरिद्र नारायण. अहमदाबाद: नवजीवन ट्रस्ट.
2. शर्मा, ए. (2015). दीनदयाल उपाध्याय: अंत्योदय के प्रणेता. नई दिल्ली: प्रकाशन विभाग.
3. कुमार, एस. (2010). भारतीय राजनीतिक विचारक: दीनदयाल उपाध्याय. पटना: समृद्धि प्रकाशन.
4. त्रिपाठी, आर. (2008). भारत के सामाजिक सुधारक. वाराणसी: ज्ञान मंडल लिमिटेड.
5. यादव,पी. (2019). अंत्योदय और समकालीन भारतीय राजनीति. लखनऊ: विश्वविद्यालय प्रकाशन.


************

# योगपरक शिक्षा का सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व - एक विवेचनात्मक अध्ययन

**-राघव कुमार वर्मा**
शोध छात्र,
शारीरिक शिक्षा व योग विभाग,
मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**डॉ. सुनील कुमार मिश्र**
सहायक प्राध्यापक,
शारीरिक शिक्षा व योग विभाग, मैट्स
विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## शोध सारांश-

प्रस्तुत शोध के उद्देश्यानुसार सैद्धांतिक रूप से योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व का आकलन करने हेतु इस शोध अध्ययन के तहत शारीरिक विकास में योगशिक्षा का महत्व, रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों के उचित गठन एवं नियन्त्रण में योग, मानसिक विकास में महत्व, नैतिक विकास में महत्व, सामाजिक विकास में महत्व, आध्यात्मिक विकास में महत्व, भावनात्मक स्वास्थ्य में महत्व, योग शिक्षा एवं स्वाध्याय, योग शिक्षा एवं चरित्र निर्माण तथा बुद्धि विकास, तथा योग शिक्षा एवं एकाग्रता की सम्यक् विवेचना की गयी। प्रस्तुत विवेचनात्मक अध्ययन में योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व का आकलन सैद्धांतिक रूप से किया गया। इस हेतु गुणात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया गया है व वर्णनात्मक अनुसंधान पद्धति उपयुक्त करते हुए प्रमुख यौगिक ग्रंथों एवं वर्तमान में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय शोधजर्नल्स में प्रकाशित उच्च गुणवत्ता वाले शोधअध्ययनों के आधार पर द्वितीयक ऑकड़ों का संग्रहण किया गया। परिणामतः योगशिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रत्येक व्यक्ति हेतु योग तकनीकों के अभ्यास हेतु स्वयं के शारीरिक व मानसिक सामर्थ्य अनुरूप समान अवसर पाने की क्षमता है, चाहे उनका लिंग, सामाजिक वर्ग, नस्ल, और जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। क्योंकि योग तकनीकों का नियमित अनुसरण करने से व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से निरोगी एवं स्वस्थ जीवन जीता है। अतः योग अभ्यास की जानकारी सार्वभौमिक स्तर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग शिक्षा को छात्रों के शैक्षिक जीवन में लाकर उसके शरीर, मन व आत्मा की नींव को प्रारम्भ से ही मजबूत बना सकते हैं। इस प्रकार योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक ऊँचाइयों को छूने में बहुत अधिक मददगार साबित होता है।

**कूट शब्द** - शिक्षा, योग, छात्रजीवन, स्वास्थ्य, कल्याण।

**प्रस्तावना -**

योगशिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रत्येक व्यक्ति हेतु योग तकनीकों के अभ्यास हेतु स्वयं के शारीरिक व मानसिक सामर्थ्य अनुरूप समान अवसर पाने की क्षमता है, चाहे उनका लिंग, सामाजिक वर्ग, नस्ल, और जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। क्योंकि योग तकनीकों का नियमित अनुसरण करने से व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से निरोगी एवं स्वस्थ जीवन जीता है। अतः योग अभ्यास की जानकारी सार्वभौमिक स्तर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है ( कृष्णानन्द, 1983 ) । शिक्षा का क्षेत्र भी इससे अछूता नही रहा है। योग को शिक्षा के साथ एकीकृत करने पर मनुष्य के शारीरिक, सामाजिक, मानसिक, एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है एवं छात्रों को बौद्धिक रुप से सक्रिय बनाने में सहायक है, योग द्वारा छात्रों मे शारीरिक सुधार भी होता है (मनिकानदन, 2018 ) । योग अभ्यास के द्वारा छात्रों में स्वयं को जानने स्वयं को नियंत्रित करने व देखभाल करने योग्य बना सकते हैं। योग के लाभों को सामाजिक परिवर्तन के व्यापक संदर्भ में देखा जा सकता है क्योंकि स्व-परिवर्तन ने पारस्परिक संबंधो को बदल दिया है। अतः ऐसी मानसिकता वाले व्यक्ति नियमित योगाभ्यास के द्वारा सकारात्मक ढ़ंग से समाज को बदल सकते हैं। योग को विद्यालयीन शिक्षा प्रणाली में लागू कर समाज में योग के द्वारा कांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। समस्याओं का सकारात्मक तरीके से दोहन करने में सक्षम होने से छात्रों को उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद मिलेगी एवं उन्हे देश व समुदाय हेतु स्वस्थ और खुशहाल व्यक्ति भी बनाया जा सकता है (सावे, 2019; सरकार, 2023; रैना, और बालोदी, 2014; महाजन, और जाधव, 2020)।

योग दर्शन की मान्यताओं के अनुसार, यह संसार दुःखों का सागर है जिससे व्यक्ति छुटकारा पाने के लिए मोक्ष का सहारा लेता है जो कि योगसाधना के द्वारा ही सम्भव है। अतः हृदय की शुद्धता, मन की शांति, व आत्मा के मोक्ष हेतु योग साधना परम आवश्यक है योग शिक्षा को वेद, उपनिषद्, स्मृति, गीता, तथा वर्तमान में अत्यन्त ही आसानी से उपलब्ध प्रमाणिक यौगिक ग्रंथों आदि के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। योग शिक्षा का उद्देश्य पाँच प्रकार के क्लेशों एवं विभिन्न प्रकार के कर्मफलों से अलग होकर आत्मा को मुक्त करना है (मल्होत्रा, 2017 ; माइहले, 2007)। यौगिक अवधारणा में मन का परिसर इन्द्रियों, मन, बुद्धि ,अहंकार से बना होता है। योगाभ्यास के द्वारा चित्त एवं बुद्धि को अलग कर दिया जाता है। मन को भेदभावपूर्ण शक्ति से रहित विचारों का पुल कहा जाता है। मन इन्द्रियों के द्वारा भेजे गए संकेतों को दिमाग तक पहुंचाने का कार्य करता है तथा दिमाग में विवेक की शक्ति होती है। अतः वह सोच समझकर निर्णय ले सकता है। मन का परिसर अचेतन पदार्थ से बना होता है। व्यक्ति में निवास करने वाली चेतना सार्वभौमिक चेतना से खींची जाती है (स्टोन, 2018 ) । इन्द्रियों और बाहरी उत्तेजनाओं के बीच निरंतर संपर्क मन के परिसर में विचार तरंगो के आवागमन को सुनिश्चित करता है। अतः तार्किक व्याख्या यह प्राप्त होती है कि मन क्यों अशांत है। जब व्यक्ति इन्द्रियों पर नियंत्रण नही करता तो विचार गतिविधि तेजी से होती है और मन अशांत हो जाता है। यदि इन्द्रियां वश में होती हैं तो मन शांत व खुश रहता है ( सरकार, 2023; रैना, और बालोदी, 2014)। योग शिक्षा को छात्रों के शैक्षिक जीवन में लाकर उसके शरीर, मन व आत्मा की नींव को प्रारम्भ से ही मजबूत बना सकते हैं। इस प्रकार योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक ऊँचाइयों को छूने में बहुत अधिक मददगार साबित होता है ( नागपुरकर, 2023 ) । योग शिक्षा को भारत देश के साथ ही अन्य देश भी वैज्ञानिक रूप से स्वीकार चुके हैं और अपनी आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पाठयक्रम के रूप में

योग को शामिल किया है। अतएव, प्रस्तुत शोध के उद्देश्यानुरूप योग के शैक्षिक महत्व को निम्न बिन्दुओं द्वारा अग्रानुसार समझाया जा रहा है।

## प्रस्तुत शोध का उद्देश्य-

प्रस्तुत शोधकार्य का प्रमुख उद्देश्य "योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य संवर्धन में इसकी भूमिका का विवेचनात्मक अध्ययन" करना है।

## प्रस्तुत शोध हेतु प्रयुक्त शोधविधि-

प्रस्तुत विवेचनात्मक अध्ययन में योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व का आकलन सैद्धांतिक रूप से किया गया। प्रस्तुत सैद्धांतिक अनुसंधान के लिए गुणात्मक दृष्टिकोण का उपयोग किया गया है व प्रस्तुत शोध विषय के विवेचनात्मक अध्ययन हेतु प्रमुख यौगिक ग्रंथों एवं वर्तमान में राष्ट्रीय व अंर्तराष्ट्रीय शोधजर्नल्स में प्रकाशित उच्च गुणवत्ता वाले शोधअध्ययनों के आधार पर द्वितीयक ऑकड़ों के संग्रहण के लिए वर्णनात्मक अनुसंधान पद्धति उपयुक्त की गयी है।

**योगपरक शिक्षा का सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व-**

सैद्धांतिक रूप से योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व का आकलन करने हेतु यहा शारीरिक विकास में योगशिक्षा का महत्व, रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों के उचित गठन एवं नियन्त्रण में योग, मानसिक विकास में महत्व, नैतिक विकास में महत्व, सामाजिक विकास में महत्व, आध्यात्मिक विकास में महत्व, भावनात्मक स्वास्थ्य में महत्व, योग शिक्षा एवं स्वाध्याय, योग शिक्षा एवं चरित्र निर्माण तथा बुद्धि विकास, तथा योग शिक्षा एवं एकाग्रता की सम्यक् विवेचना अग्रानुसार हैं-

**शारीरिक विकास में योगशिक्षा का महत्व –** योग पर किए गए आधुनिक शोधकार्यो से ज्ञात हुआ कि योग अभ्यास शारीरिक अंगों एवं उनके कार्यो को सुचारू करने में सहायता करते है। आसन को श्वास तकनीकों के साथ करने पर यह शरीर को अधिक स्वस्थ बनाती है। प्राणायाम एवं आसनों से आंतरिक अंगो का भी अभ्यास होता है। यह अभ्यास फेफड़े एवं रक्त को आक्सीजन प्रदान करते है। एवं सामान्य रुप से सुस्त, बेचैन शरीर को दुरूस्त, मजबूत, व लचीला बनाते हैं। अच्छा मेटाबालिज्म सुस्ती को दूर कर शरीर को स्फूर्ति प्रदान करता है ( जोशी, और युसुफ, 2018 )। व्यक्ति की रोजमर्रा की जिन्दगी में प्रणायाम एवं आसनों की युग्मित खुराक शरीर व मन को हल्का करने मनोवैज्ञानिक संतुलन शारीरिक स्वास्थ्य आदि में सहायक है। प्राणायाम एवं आसनों को योग हस्तक्षेप के रुप में रक्त परिसंचरण तंत्र की शुद्धि, मोटर नियंत्रण, जोड़ों की गतिवृद्धि, ताकत, एवं मांसापेशियों की मजबूती के उपचार हेतु अत्यन्त ही प्रभावकारी जाने जाते हैं (बुजींग, एवं अन्य साथी, 2012; तिवारी, और टिर्के, 2024) |

**रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों के उचित गठन एवं नियन्त्रण में योग –** योग का अभ्यास शरीर में हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने की क्षमता में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त योग के नियमित के अभ्यास से शरीर में रोगजनक कीटाणु या पदार्थ उत्पन्न नही हो पाते और शरीर स्वस्थ रहता है (शर्मा, एवं अन्य साथी, 2024)। रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों के उचित गठन एवं नियन्त्रण में योग साधना शरीर को लचीला व तन्दरूस्त बनाए रखने में मदद करती है। योग का अभ्यास नियमित रूप से किया जाए तो मांसपेशियों में कड़ापन नही आने पाता और यह लचीली व शक्तिशाली बनी रहती हैं (शाइन, 2021)। इसके अतिरिक्त योग या व्यायाम के द्वारा शरीर का तापमान सामान्य बना रहता है और व्यायाम से शरीर में अनावश्यक पदार्थ पसीना व मल-मूत्र के द्वारा बाहर निकल जाते हैं। योग शरीर में रस व द्रव्यों का निर्माण करने वाली ग्रन्थियों को नियंत्रित कर उनके कार्य को सुचारू बनाता है और शरीर के आन्तरिक अंग प्रणालियों, पाचन व श्वसन तंत्रों की सफाई कर उनको क्रियाशील बनाए रखता है ( श्रीराइशी, और बेजेर्रा, 2016)।

**मानसिक विकास में महत्व –**

योग साधना समग्र स्वास्थ्य की प्राप्ति का एक उत्तम साधन है। योग मानसिक स्वास्थ्य के अतिरिक्त मानसिक शक्तियों के समूचित पोषण और विकास हेतु उपयुक्त चेतना व शक्ति प्रदान करती है। यौगिक अवधारणा में मन का परिसर इन्द्रियों मन, बुद्धि, अहंकार से बना होता है। योगाभ्यास के द्वारा चित्त एवं बुद्धि को अलग कर दिया जाता है (वल्सल कुमार, श्रीधर, और नागेन्द्र, 2024)। मन को भेदभावपूर्ण शक्ति से रहित विचारों का पुल कहा जाता है। मन इन्द्रियों के द्वारा भेजे गए संकेतों को दिमाग तक पहुंचाने का कार्य करता है तथा दिमाग में विवेक की शक्ति होती है। अतः वह सोच समझकर निर्णय ले सकता है। योग साधना के तहत प्रत्याहार एवं मुद्रा - बन्ध के अभ्यास के परितणामतः व्यक्ति के मन की चंचलता व चित्त की वृत्तियों पर नियन्त्रण प्राप्त करने की अद्भुद् क्षमता होती है। ध्यान व धारणा के अभ्यास के द्वारा मन की एकाग्रता, ध्यान व मानसिक स्थिरता में बढ़ावा प्रदान करती है (मेककर्डी, एवं अन्य साथी, 2024; मेककीन्ने, 2024)।

**नैतिक विकास में महत्व –**

एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण हेतु बहुत आवश्यक है कि व्यक्ति शिक्षित व आदर्श चरित्र वाले हों। आजकल भले ही शिक्षा का प्रचार प्रसार सभी देशों में हो रहा है और सभी व्यक्ति शिक्षित हो रहे हैं परन्तु उतना ही नैतिकता का पतन हो रहा है जिसका कारण नकारात्मक दृष्टिकोण व असंतुलित जीवनशैली है। आजकल युवाओं में संस्कार की बहुत ज्यादा कमी देखने को मिलती है वे शालीनता, आदर्शवादिता, उत्कृष्टता को अपने व्यवहार में शामिल नही करते हैं। अतः अपने राष्ट्र को अग्रसर करने के लिए सबसे आवश्यक है कि वहाँ की जनसंख्या को शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के अतिरिक्त भावनात्मक एवं नैतिक स्वास्थ्य के विकास पर भी अवश्य जोर देना चाहिए। आधुनिक समय में प्रत्येक व्यक्ति में काम, क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मोह, घृणा, चिंता, अवसाद, तिरस्कार, और भय की भावना भरी पड़ी है इसके लिए एक ही कारागर उपाय है वह है योग साधना ( बेस्टोस, 2024 ) । योग नियमवत् पालन करने से व्यक्ति कल्याणमय हो जाता है और स्वस्थ्य व्यवहार, आत्मसम्मान, सभ्यसमाज आदि की नींव बनाने हेतु उपयुक्त होता है। अतएव स्पष्ट है कि यम और नियम का पालन करने से व्यक्ति का सामाजिक व नैतिक विकास सुचारू रूप से संभव है। मन का आवरण विचारो का खुला मैदान है मन आवेगों, इच्छाओं, भावनाओं और मनभावक एवं मन को अच्छा नही लगने वाले में ही घिरा रहता है। परन्तु मन के पास किसी विचार से कार्य करने के पश्चात् परिणाम ज्ञात करने की शक्ति नही है, वह मूल्यांकन नही कर सकता और बुद्धि एवं विवेक की शक्ति द्वारा संचालित होता है। उसमें विचारशीलता की भावना होती है इसका आनन्दमय आवरण अन्तरतम होता है। इसे

आन्तरिक एवं बाह्य जगत का कोई बोध नही होता है। योग व्यक्ति को सात्विक गुणों जैसे उत्साह, प्रफुल्लता, शांति व साहस से भर देता है जो कि यह दर्शाता है कि योग के पालन से व्यक्ति का नैतिक विकास संभव है (मिलेर, 2024; रंगनाथन, 2024)।

**सामाजिक विकास में महत्व –**

योग साधना के द्वारा सामाजिक विकास अत्यन्त सटीक ढंग से हो पाता है। सामाजिक रूप से स्वस्थ वही व्यक्ति है जो कि अपने परिवार, समुदाय और समाज के लिए महत्वपूर्ण हो जिसका समाज में सकारात्मक योगदान हो ( हेगन, और नायर, 2014 ) । अर्थात् भारतीय परम्परा के अनुसार जो सन्तान माता - पिता से सम्बन्धित उसके उत्तरदायित्वों को बेहतर ढंग से निभाते हैं वे समाज में सम्मान पाते हैं एवं इस विषय में दोषी, लापरवाह या असफल पाये जाते है, उन माताता-पिता को सामाजिक बुराई या अभिशाप समझा जाता है और सामाजिक स्वास्थ्य के मामले में भी वे अस्वस्थ होते है (चौहान, और सक्सेना, 2024 ) । अतः सामाजिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग साधना का अभ्यास करना चाहिए। योग साधना से व्यक्ति सामाजिक रूप से स्वस्थ होता है उसमें ईमानदारी, नेकनियती, स्वार्थहीनता, क्षमा भावना, सहयोग की भावना व न्याय भावना जैसे गुणों का विकास होता हैं ( कुमार, 2016; फोलेटो, एवं अन्य साथी, 2016 ) ।

**आध्यात्मिक विकास में महत्व –**

योग साधना का अभ्यास व्यक्ति के शरीर एवं मन से कहीं परे आध्यात्मिक प्रगति की राह को दर्शाता है। जिसके द्वारा शारीरिक और मानसिक शक्तियों से परे अति सूक्ष्म सुप्त दैविक एवं अलौकिक शक्तियों के जागरण एवं उन्नयन के अवसर प्राप्त होते हैं और योगाभ्यास द्वारा आध्यात्मिक जागृति व वास्तविकता की प्राप्ति हो सकती है। योग साधना का नियमपूर्वक अभ्यास करने के फलस्वरूप व्यक्ति को इस भौतिक संसार की उलझनों से निकलने का मार्ग प्राप्त होता है । और उसे परमात्मा के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होता है ( वाराम्बल्ली, और गंगाधर, 2012)। जिस व्यक्ति का आध्यात्मिक स्वास्थ्य अच्छा होता है उनका मन शांत सकारात्मक व स्वस्थ रहता है तथा जीवन में आने वाली समस्याओं व चुनौतियों का सकारात्मक चिंतन करता है और मानसिक व मनोदैहिक रोगों से स्वयं को बचाता है । आध्यात्मिक क्रियाओं का अनुसरण कर इंसान काम, क्रोध, ईर्ष्या, लोभ, मोह, घृणा, चिंता, अवसाद से मुक्त रहता है और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है जो कि शारीरिक स्वस्थता का आधार भी माना जाता है (डुगलास, 2024 ) ।

**भावनात्मक स्वास्थ्य में महत्व –**

आधुनिक जीवन दैहिक व मानसिक समस्याओं के साथ ही भावनात्मक रूप से भी बहुत अधिक कमजोर है । योग शिक्षा छात्रों में भावनात्मकता को सकारात्मक रूप से बढ़ाने में सहायक होती है। छात्रों में कई बार बढ़ती उम्र के कारण तनाव, क्रोध, चिन्ता, आवेगों की उत्पत्ति होती है जो कि उसके भावनात्मक स्वास्थ्य को खराब करते हैं (डेली, एवं अन्य साथी, 2015)। अतः इन सभी समस्याओं पर नियंत्रण कर योग शिक्षा इन्द्रियों पर संयम, मन की स्थिरता व एकाग्रता में वृद्धि करता है। भावनात्मक स्वास्थ्य का मानसिक स्वास्थ्य से सीधा सम्बन्ध होता है। भावनात्मक आयाम सबसे अधिक प्रभावशाली है और योग के कारण व्यक्ति के भावनात्मकता और व्यक्तित्व सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलता है। योग के अभ्यास से दैनिक जीवन में होने वाली चिंता से मुक्ति मिलती है यह भावनात्मक लचीलेपन एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा प्रदान करता है (मेनेजेस, एवं अन्य साथी, 2015 ) ।

**योग शिक्षा एवं स्वाध्याय –**

स्वाध्याय क्रिया योग का ही महत्वपूर्ण अंग है । स्वाध्याय दो शब्दों स्व + अध्याय से मिलकर बना है जिसका तात्पर्य होता है "स्वयं का अध्ययन" अर्थात् मनुष्य स्वयं को खोजकर स्वाध्याय का पालन करता है और इससे वह अपने व्यवहार में भिन्नता का अनुभव करता है । स्वाध्याय के अन्तर्गत धार्मिक व आध्यात्मिक साहित्यों जैसे- गीता, उपनिषद्, रामायण आदि का पठन भी किया जाता है जो कि मनुष्य को दुर्गुणों से मुक्त होकर नैतिक रास्तों पर चलने के लिए तत्पर करता है । जो कि साधक के जीवन में परिष्कार व आत्मोत्थान हेतु परम आवश्यक है और इसके फलस्वरूप ज्ञान विज्ञान की प्राप्ति होती है। स्वाध्याय की स्थिति में व्यक्ति को अपने अन्दर के सभी दोष नजर आने लगते हैं जो कि यह स्वाध्याय रूपी प्रकाश के कारण होता है जैसे कि किसी कूड़े के ढेर मे प्रकाश के द्वारा ही विषैले जीवों ढूढ़ा जा सकता है। इस प्रकार अपने अन्दर इस कूड़े रूपी ढ़ेर व इसमें विषैली जीवों को साफ करने के लिए योग शिक्षा का मार्ग अपनाना होगा और इस प्रकार अन्तःकरण की शुद्धि होने से यह जीवन को सुखमय बनाती है ( डोग्लास, 2024 ) |

**योग शिक्षा एवं चरित्र निर्माण तथा बुद्धि विकास –**

वर्तमान शिक्षा प्रणाली में योग का बहुत महत्व है आधुनिक शिक्षा प्रणाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर जोर देती है। जिसमें भौतिक प्रगति प्राप्त की जा रही है, लेकिन निर्माण व आध्यात्मिक मूल्यों का हनन हो रहा है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में चरित्र का बहुत अधिक महत्व है । चरित्रवान व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ख्याति को प्राप्त करता है और उसके जीवन में आने वाले संकट कम हो जाते हैं । तथा चरित्रवानव्यक्ति एक अच्छे समाज का निर्माण करता है । छात्र किसी भी देश, समुदाय की मूल्यवान सम्पत्ति होते हैं। क्योंकि वह भविष्य के नागरिक होंगे अतः उनके व्यक्तित्व भलाई एवं बुद्धि का अच्छा विकास आज की आवश्यकता है। आधुनिक समय में पाश्चात्य संस्कृति के कारण छात्रों पर टी.वी. जैसे मनोरंजक संसाधनों आदि के कारण पाश्चात्य संस्कृति की कुछ छाप पड़ने लगी है। अतः इन दोषों को दूर करने हेतु नैतिकता व संस्कृति का ज्ञान आवश्यक है। और इस कारण से योग शिक्षा अत्यन्त आवश्यक है। योग के अन्तर्गत यम (सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय व अपरिग्रह) व नियम (शौच संतोष, तप, स्वाध्याय व ईश्वर प्राणिधान) का पालन कर मन को शांत कर ध्यान एवं एकाग्रता विकसित कर अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति व उच्च नैतिक चरित्र को आकार देने और छात्रों के परिष्कृत व्यक्तित्व को विकसित करने हेतु मानवीय मूल्यों का समर्थन करता है । इसी प्रकार छात्र में यदि बुद्धि का विकास नही होगा तो वह जीवन के बारे में स्पष्ट समझ को विकसित नही कर सकेगा जैसे कि वह सात्विक विचार को महत्व नही देगा, अच्छे बुरे की पहचान नही कर सकेगा, उसमें विवेक की कमीं होगी, वह जल्दी गुस्से का शिकार होगा, और उसका अपनी इन्द्रियों पर कोई संयम नही होगा इत्यादि । इस प्रकार छात्र कई उलझनों का शिकार होते हैं और वह अपने अभिभावक व शिक्षकों को स्पष्ट रूप से समझा नही पाते। अतः इन चरित्र के

निर्माण व बुद्धि के विकास में महापुरूषों के बारे में पढ़ना, गायत्री मंत्र का जप करना, सूर्य नमस्कार, आसन व प्राणायाम व यागनिद्रा का अभ्यास करना चाहिए। प्राचीन योग ग्रंथो में योगाभ्यास को प्राणिक उर्जा को बढ़ाने के संदर्भ में परिचित किया है यह ऊर्जा को मस्तिष्क में ले जाकर बाए एवं दाए मस्तिष्क को संतुलित कर मन को शांत करता है एवं संज्ञानात्मक प्रदर्शन में सुधार होता है। योग के अभ्यास जैसे प्रत्याहार के अभ्यास के फलस्वरूप साधक बाह्य आकर्षण से मुक्त होते हुए जागरूकता का चयन करता है। इसी प्रकार धारणा के अभ्यास से साधक को तनाव से मुक्ति मिलती है तथा स्मृति तीव्र होती है । अष्टांग योग में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु ध्यान भी उपयोगी है यह अभ्यास साधक को उसके मन पर नियंत्रण रखने जागरूकता एवं भावनात्मक संतुलन में सहायक है। अतएव, योग शिक्षा से चरित्र विकास एवं बौद्धिक विकास में बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं (फ्रीमेन, 2010; देहघानफरा, अलिचेस्मेलाइब और नूरबख्शक, 2014 ) । योग शिक्षा एवं एकाग्रता - एकाग्रता से तात्पर्य है मन को किसी एक विषय पर टिकाना। एकाग्रता सभी कार्यो के लिए अत्यन्त आवश्यक है विद्यार्थी जीवन में ध्यान व एकाग्रता की बहुत आवश्यकता होती है क्योंकि एकाग्रता के कारण छात्र का शैक्षिक कार्यो में मन नही लगा पाता है । इस कारण उसका विद्यार्थी जीवन प्रभावित होता है । और उसे मानसिक तनाव होने लगता है। योग में शामिल ध्यान की तकनीक से मन में शांति व मानसिक तनाव में कमी आती है। इसके अभ्यास से मानसिक एकाग्रता, व जागरूकता बढ़ता है । आधुनिक समय में अस्त-व्यस्त जीवनशैली व जीवन में आगे बढ़ने की होड़ में लोगों की एकाग्रता में काफी कमी आई। इस कारण से व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में सुधार कर एक नियमित समय पर जल्दी सोना, जल्दी उठना, शाम को जल्दी भोजन करना । प्राणायाम तंत्रिका व शारीरिक तंत्र को स्वस्थ बनाते हैं। मन की स्थिरता व्यक्तित्व के संगठन में सुधार लाती है । प्रत्याहार आंतरिक विकास की प्रक्रिया है । मन को बाहरी विकर्षण और बाहरी वस्तु को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यह इच्छाशक्ति पर निर्भर एक उच्च प्रकार की यौगिक प्रक्रिया है । मन की एकाग्रता व स्थिरता का अभ्यास प्रत्याहार से प्रारम्भ होकर ध्यान की और ले जाता है (काउट्स, और शर्मा, 2012)।

**निष्कर्ष** -

प्रस्तुत शोधअध्ययन सैद्धांतिक रूप से योगपरक शिक्षा के सार्वभौमिक शैक्षिक महत्व की सम्यक् विवेचना करता हैं। इस विवेचनात्मक अध्ययन से सार्वभौमिक स्तर पर योगपरक शिक्षा की महत्ता ज्ञात होती है। आज के समय में मनुष्य शारीरिक व मानसिक समस्याओं के साथ ही अन्य समस्याओं से भी जूझ रहा है, ऐसे में योग शिक्षा रूपी संजीवनी बूटी के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक संकटों से उबर सकता है और इन सभी स्वास्थ्य के आयामों में सुधार ला सकता है। योग शिक्षा से हम बारम्बार मन को अन्य विषयों से हटाकर एक केन्द्र पर लगाते हैं । एकाग्र व्यक्ति का मन सदैव प्रसन्न रहता है और उसकी वाणी का समाज पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। यदि व्यक्ति नियमित रूप से योगाभ्यास को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करते हुए नित्य-प्रतिदिन योगाभ्यास करें तो उसका शारीरिक स्वास्थ्य एवं विकास पूर्णतः सम्भव होता है। साथ ही योगाभ्यास रीढ़ की हड्डी और मांसपेशियों के उचित गठन एवं नियन्त्रण में विशिष्ट भूमिका निभाता है। इसी प्रकार मानसिक, नैतिक, सामाजिकता के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास में भी योगशिक्षा सैद्धांतिक व प्रयोगात्मक दोनों ही रूप में अत्यन्त ही प्रभावकारी पायी गयी है। साथ ही योगशिक्षा स्वाध्याय जैसी अच्छी आदतों को बढ़ावा देते हुए भावनात्मक परिपक्वता व चरित्र निर्माण में भी अत्यन्त ही लाभकारी है। विशेषकर छात्रों के बौद्धिक विकास, चरित्र निर्माण व एकाग्रता के विकास में योगशिक्षा की महति भूमिका देखी गयी है।

विशिष्टतः योगशिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रत्येक व्यक्ति हेतु योग तकनीकों के अभ्यास हेतु स्वयं के शारीरिक व मानसिक सामर्थ्य अनुरूप समान अवसर पाने की क्षमता है, चाहे उनका लिंग, सामाजिक वर्ग, नस्ल, और जातीय पृष्ठभूमि कुछ भी हो। क्योंकि योग तकनीकों का नियमित अनुसरण करने से व्यक्ति मानसिक व शारीरिक रूप से निरोगी एवं स्वस्थ जीवन जीता है। अतः योग अभ्यास की जानकारी सार्वभौमिक स्तर पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग शिक्षा को छात्रों के शैक्षिक जीवन में लाकर उसके शरीर, मन व आत्मा की नींव को प्रारम्भ से ही मजबूत बना सकते हैं। इस प्रकार योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, नैतिक, आध्यात्मिक व भावनात्मक ऊँचाइयों को छूने में बहुत अधिक मददगार साबित होता है।

**संदर्भ सूची**-

[1] Bastos, C. (2024). Yoga, emotion, and behaviour: becoming conscious of habitual social roles. Journal of Contemporary Religion, 1-19.

[2] Büssing, A., Michalsen, A., Khalsa, S. B. S., Telles, S., & Sherman, K. J. (2012). Effects of yoga on mental and physical health: a short summary of reviews. Evidence-Based Complementary and Alternative Medicine, 2012(1), 165410.

[3] Chauhan, V., & Saxena, M. T. (2024). YOGA AND MINDFULNESS IN EDUCATIONAL SETTINGS: IMPACT ON STUDENT WELL-BEING AND PERFORMANCE. Journal of Research Administration, 6(1).

[4] Daly, L. A., Haden, S. C., Hagins, M., Papouchis, N., & Ramirez, P. M. (2015). Yoga and emotion regulation in high school students: A randomized controlled trial. Evidence-Based Complementary and Alternative Medicine, 2015(1), 794928.

[5] Dehghanfara, H., Alicheshmealaeeb, M., & Noorbakhshc, M. (2014). The effect of yoga training on stress and self-esteem and Its relation to emotional intelligence. Journal of Research in Applied sciences, 1(5), 109-112.

[6] Douglas, L. (2024). Dissecting the paradox: spirituality and yoga in mental wellbeing. Journal of Spirituality in Mental Health, 1-10.

[7] Folleto, J. C., Pereira, K. R., & Valentini, N. C. (2016). The effects of yoga practice in school physical education on children's motor abilities and social behavior. International journal of yoga, 9(2), 156-162.

[8] Freeman, R. (2010). The mirror of yoga: Awakening the intelligence of body and mind. Shambhala Publications.

[9] Hagen, I., & Nayar, U. S. (2014). Yoga for children and young people's mental health and well-being: research review and reflections on the mental health potentials of yoga. Frontiers in psychiatry, 5, 78607.

[10] Joshi, K., & Yusuf, M. (2018). The Role of Yoga in Modern Education. International Journal of Yoga and Allied Sciences, 7(2), 173-174.

[11] Kauts, A., & Sharma, N. (2012). Effect of yoga on concentration and memory in relation to stress. ZENITH international journal of multidisciplinary research, 2(5), 1-14.

[12] Krishnananda, S. (1983). Yoga as a universal science. Divine Life Society publishe.

[13] Kumar, K. (2016). Approach of Yoga based lifestyle towards Social adjustment among Students. International Journal of Yoga and Allied Sciences, 5(1), 18-23.

[14] Maehle, G. (2007). Ashtanga yoga: Practice and philosophy. New World Library.

[15] Mahajan, N., & Jadhav, V. (2020). Perceived benefits of yoga among students. Innovations in Pharmaceuticals and Pharmacotherapy, 8(2), 21-27.

[16] Malhotra, A. K. (2017). An Introduction to Yoga Philosophy: an annotated translation of the Yoga Sutras. Routledge.

[17] Manikandan, P. (2018). Importance of yoga in daily life. International Journal of Yogic, Human Movement and Sports Sciences, 3(2), 288-290.

[18] McCurdy, B. H., Bradley, T., Matlow, R., Rettger, J. P., Espil, F. M., Weems, C. F., & Carrion, V. G. (2024). Program evaluation of a school-based mental health and wellness curriculum featuring yoga and mindfulness. Plos one, 19(4), e0301028.

[19] McKinney, C. R. (2024). Physical and mental health benefits of an intergenerational yoga intervention on individuals and communities.

[20] Menezes, C. B., Dalpiaz, N. R., Kiesow, L. G., Sperb, W., Hertzberg, J., & Oliveira, A. A. (2015). Yoga and emotion regulation: A review of primary psychological outcomes and their physiological correlates. Psychology & Neuroscience, 8(1), 82.

[21] Miller, N. M. (2024). "Yoga is a way of life": A qualitative study of the experiences of using yoga as a treatment for substance use. Counselling and Psychotherapy Research.

[22] Nagpurkar, K. B. (2023). A Critical Review On Importance Of Yoga In Public Health. World Journal of Pharmaceutical Research; 12(10), 558-564.

[23] Raina, D., & Balodi, G. (2014). Enhancing students' life through stress reduction exercises in yoga. Indian Journal of Positive Psychology, 5(2), 187.

[24] Ranganathan, S. (2024). Yoga-Anticolonial Philosophy: An Action-Focused Guide to Practice. Singing Dragon.

[25] Sarkar, S. S. (2023). Yoga And It's Importance In Our Daily Life. SRISIIM Research Press, Sri Sharada Institute of Indian Management-Research, 125.

[26] Save, K. J. (2019). Importance of Yoga. International Journal of Multidisciplinary Educational Research, 8(8), 113 -21.

[27] Sharma, S. K., Telles, S., Kumar, A., & Balkrishna, A. (2024). Muscle strength and body composition in obese adults following nine months of yoga or nutrition advice: A comparative controlled trial. Journal of Bodywork and Movement Therapies, 39, 311-318.

[28] Shin, S. (2021). Meta-analysis of the effect of yoga practice on physical fitness in the elderly. International journal of environmental research and public health, 18(21), 11663.

[29] Shiraishi, J. C., & Bezerra, L. M. A. (2016). Effects of yoga practice on muscular endurance in young women. Complementary therapies in clinical practice, 22, 69-73.

[30] Stone, M. (2018). The inner tradition of yoga: A guide to yoga philosophy for the contemporary practitioner. Shambhala Publications.

[31] Tiwari, A., & Tirkey, D. (2024). Effects of yoga on physical and physiological variables: A narrative review.

[32] Valsal Kumar, C., Sridhar, M. K., & Nagendra, H. R. (2024). The Role and Impact of Yoga and Taittiriyopanishad in Enhancing Personal Happiness, Mental Health, and Wellbeing. Atomic Spectroscopy-Part C, 45(1), 150-164.

[33] Varambally, S., & Gangadhar, B. N. (2012). Yoga: A spiritual practice with therapeutic value in psychiatry. Asian Journal of Psychiatry, 5(2), 186-189.

# सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर: 21वीं सदी में भारत-चीन संबंधों का तुलनात्मक विश्लेषण

**-निधि सिंह**
शोध छात्रा - राजनीति विज्ञान विभाग
सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बदलापुर जौनपुर

**संक्षिप्त सार :** यह शोध पत्र 21वीं सदी में भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर की भूमिका का एक गहन विश्लेषण प्रस्तुत करता है। यह अध्ययन दो एशियाई महाशक्तियों के बीच जटिल संबंधों की पड़ताल करते हुए उनकी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों के रणनीतिक उपयोग पर प्रकाश डालता है। शोध में भारत और चीन की सॉफ्ट पावर रणनीतियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, जिसमें उनके सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों, शैक्षणिक सहयोग, और मीडिया प्रभाव का विस्तृत विश्लेषण शामिल है। यह शोध पत्र इस बात की भी जांच करता है कि कैसे दोनों देश अपनी सांस्कृतिक शक्ति का उपयोग वैश्विक मंच पर अपने प्रभाव को बढ़ाने और एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को आकार देने के लिए कर रहे हैं। अंत में, यह अध्ययन भारत-चीन संबंधों में सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका के संदर्भ में मौजूदा चुनौतियों और भविष्य के अवसरों का मूल्यांकन करता है, जो इस क्षेत्र में भविष्य के शोध के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है।

**मुख्य शब्द** – भारत-चीन संबंध, सांस्कृतिक कूटनीति, सॉफ्ट पावर, विदेश नीति, तुलनात्मक विश्लेषण

## परिचय

सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर वैश्विक राजनीति के अत्यंत महत्वपूर्ण और जटिल पहलू हैं, जो राष्ट्रों को अपने प्रभाव का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्थिति को मजबूत करने में सहायता प्रदान करते हैं।[1] इन अवधारणाओं का महत्व पिछले कुछ दशकों में तेजी से बढ़ा है, क्योंकि देश अब केवल सैन्य शक्ति या आर्थिक प्रभुत्व पर निर्भर नहीं रह सकते हैं। भारत और चीन, दो प्राचीन सभ्यताएं जो आधुनिक युग में वैश्विक महाशक्तियों के रूप में उभरी हैं, इस नए परिदृश्य में अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का रणनीतिक उपयोग कर रही हैं। ये दोनों देश अपने हजारों वर्षों पुराने इतिहास, दार्शनिक परंपराओं, कलाओं, भाषाओं और जीवन शैलियों को अपने राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने और वैश्विक मंच पर अपनी छवि को सुधारने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इन दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंधों का अध्ययन सांस्कृतिक कूटनीति के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण और रोचक है, क्योंकि यह न केवल उनके जटिल द्विपक्षीय संबंधों को समझने में मदद करता है, बल्कि 21वीं सदी की वैश्विक राजनीति में सॉफ्ट पावर की बढ़ती और बदलती हुई भूमिका पर भी गहरा प्रकाश डालता है।[2]भारत और चीन दोनों ही अपनी सांस्कृतिक शक्ति का उपयोग न केवल एक-दूसरे के साथ अपने संबंधों को प्रभावित करने के लिए कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए इसका रणनीतिक उपयोग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत अपनी योग और आयुर्वेद जैसी प्राचीन ज्ञान परंपराओं, बॉलीवुड फिल्मों, और विविध भारतीय व्यंजनों के माध्यम से दुनिया भर में अपनी सांस्कृतिक पहुंच का विस्तार कर रहा है। वहीं चीन अपने कन्फ्यूशियस संस्थानों, पारंपरिक चीनी चिकित्सा, और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक और आर्थिक उपस्थिति को मजबूत कर रहा है।[3] हालांकि, इस प्रक्रिया में दोनों देशों को कई चुनौतियों और जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि ऐतिहासिक मतभेद, सीमा विवाद, और क्षेत्रीय प्रभुत्व के लिए प्रतिस्पर्धा। इस शोध का मुख्य उद्देश्य यह जांचना और विश्लेषण करना है कि कैसे भारत और चीन अपनी सांस्कृतिक शक्ति का उपयोग एक-दूसरे के साथ और विश्व स्तर पर अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए करते हैं, इस प्रक्रिया में उनके सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों का मूल्यांकन करना है, और यह समझना है कि कैसे यह रणनीति उनके समग्र विदेश नीति लक्ष्यों और वैश्विक महाशक्ति की आकांक्षाओं के साथ संरेखित होती है। यह अध्ययन न केवल भारत-चीन संबंधों की गतिशीलता को समझने में मदद करेगा, बल्कि यह भी प्रदर्शित करेगा कि कैसे सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर आधुनिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, और भविष्य में वैश्विक शक्ति संतुलन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।
सांस्कृतिक कूटनीति एक ऐसी रणनीति है जिसमें देश अपनी संस्कृति, मूल्यों और विचारों को अन्य देशों के लोगों तक पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय

संबंधों को मजबूत करते हैं। यह नरम शक्ति का एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो बिना किसी बल या दबाव के दूसरे देशों को प्रभावित करने में सक्षम होता है। सांस्कृतिक कूटनीति की महत्ता इस तथ्य में निहित है कि यह लोगों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करती है, जिससे आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। विभिन्न देश इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। उदाहरण के लिए, चीन का कन्फ्यूशियस संस्थान कार्यक्रम दुनिया भर में चीनी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देता है, जबकि भारत का प्रोजेक्ट मौसम हिंद महासागर क्षेत्र में सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित है।[4] फ्रांस का अलायंस फ्रांसेज नेटवर्क फ्रांसीसी भाषा और संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देती है, बल्कि संघर्षों को कम करने और शांति को प्रोत्साहित करने में भी मदद करती है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से, देश एक-दूसरे की परंपराओं, मूल्यों और दृष्टिकोणों को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं, जो अक्सर राजनीतिक और आर्थिक मतभेदों को कम करने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक कूटनीति व्यापार और आर्थिक सहयोग के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है, क्योंकि सांस्कृतिक समझ अक्सर व्यावसायिक संबंधों के लिए एक मजबूत नींव का काम करती है। यह वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के लिए एक मंच भी प्रदान करती है, जहां विभिन्न संस्कृतियों के लोग साझा चुनौतियों पर मिलकर काम कर सकते हैं।

21वीं सदी में, विशेष रूप से भारत और चीन जैसी उभरती शक्तियों के संदर्भ में, सांस्कृतिक कूटनीति का महत्व और भी बढ़ गया है। ये देश अपने सॉफ्ट पावर को बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति का रणनीतिक उपयोग कर रहे हैं, जिससे न केवल उनके द्विपक्षीय संबंध मजबूत हो रहे हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर उनकी स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है।[5] भारत और चीन दोनों ही अपनी प्राचीन सभ्यताओं, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और आधुनिक उपलब्धियों का लाभ उठाकर दुनिया भर में अपनी छवि को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार, सांस्कृतिक कूटनीति न केवल अंतरराष्ट्रीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गई है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने इन दोनों देशों को अपनी संस्कृति और मूल्यों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाने का एक शक्तिशाली माध्यम प्रदान किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय की "ट्विटर डिप्लोमेसी" ने विश्व भर में भारत की छवि को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि चीन की "वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी" रणनीति ने डिजिटल प्रभाव के माध्यम से अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ावा दिया है।[6] ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स ने दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक उत्पादों के आदान-प्रदान को नए आयाम दिए हैं। अलीबाबा और अमेज़न जैसी वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारतीय और चीनी दोनों उत्पादों को विश्व बाजार में पहुंचाया है, जिससे न केवल व्यापार बल्कि सांस्कृतिक समझ भी बढ़ी है।[7] इसके अलावा, डिजिटल प्रौद्योगिकी ने संग्रहालयों और प्रदर्शनियों को वर्चुअल स्पेस में ले जाकर सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रसार को नया रूप दिया है। COVID-19 महामारी के दौरान, भारत और चीन दोनों ने अपने संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्थलों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रदर्शित किया, जिससे दुनिया भर के लोगों को घर बैठे इन समृद्ध संस्कृतियों का अनुभव करने का अवसर मिला।[8] वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करके, दोनों देश अपने इतिहास और संस्कृति को अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर रहे हैं, जो न केवल शैक्षिक उद्देश्यों को पूरा करता है बल्कि सांस्कृतिक कूटनीति का एक प्रभावी उपकरण भी बन गया है। इस प्रकार, डिजिटल युग में सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत और चीन के बीच संबंधों को एक नया आयाम दिया है, जो परंपरागत राजनयिक चैनलों से परे जाकर, आम जनता के बीच सीधा संवाद और समझ को बढ़ावा दे रहा है।

सॉफ्ट पावर एक ऐसी अवधारणा है जो किसी देश की आकर्षण और प्रभाव की क्षमता को दर्शाती है, जिसके माध्यम से वह अन्य देशों को बिना किसी बल या दबाव के अपने पक्ष में कर सकता है। यह शक्ति मुख्यतः देश की संस्कृति, राजनीतिक मूल्यों और विदेश नीति से उत्पन्न होती है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सॉफ्ट पावर की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है, क्योंकि देश अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केवल सैन्य या आर्थिक शक्ति (हार्ड पावर) पर निर्भर नहीं रह सकते। सॉफ्ट पावर विदेश नीति को प्रभावित करती है, क्योंकि यह देशों को अपनी छवि सुधारने, मित्र बनाने और वैश्विक मंच पर प्रभाव बढ़ाने में मदद करती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका की हॉलीवुड फिल्में और पॉप संगीत, जापान का एनीमे और मंगा, या कोरिया की के-पॉप संस्कृति इन देशों की सॉफ्ट पावर के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।[9]

भारत और चीन, दोनों ही अपनी सॉफ्ट पावर रणनीतियों के माध्यम

से वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण अंतर हैं। भारत अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ावा देने के लिए अपनी सांस्कृतिक विविधता, लोकतांत्रिक मूल्यों, बॉलीवुड, योग और आयुर्वेद जैसी विरासत का उपयोग करता है। इसके अलावा, भारत की डायस्पोरा नीति और "वसुधैव कुटुम्बकम" (पूरी दुनिया एक परिवार है) का दर्शन भी उसकी सॉफ्ट पावर रणनीति का हिस्सा है।[10] दूसरी ओर, चीन अपनी प्राचीन सभ्यता, आर्थिक सफलता और तकनीकी प्रगति पर जोर देता है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) और कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट्स उसकी सॉफ्ट पावर रणनीति के प्रमुख उदाहरण हैं।

दोनों देशों की सॉफ्ट पावर रणनीतियों की प्रभावशीलता अलग-अलग है। भारत की सॉफ्ट पावर का स्रोत मुख्य रूप से उसकी सांस्कृतिक आकर्षण और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित है, जबकि चीन की सॉफ्ट पावर अधिकतर उसकी आर्थिक शक्ति और विकास मॉडल पर आधारित है। हालांकि, दोनों देशों को अपनी सॉफ्ट पावर रणनीतियों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी सॉफ्ट पावर को और अधिक संगठित और रणनीतिक तरीके से प्रोजेक्ट करने की आवश्यकता है, जबकि चीन को अपनी नकारात्मक छवि से निपटने और अपने सॉफ्ट पावर प्रयासों की विश्वसनीयता बढ़ाने की जरूरत है। [11] इन चुनौतियों के बावजूद, दोनों देश 21वीं सदी में अपनी सॉफ्ट पावर को मजबूत करने और वैश्विक मामलों में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत और चीन के संबंधों का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा हुआ है, जहां दोनों सभ्यताओं के बीच व्यापार, धार्मिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता रहा। हालांकि, आधुनिक काल में इन दो एशियाई दिग्गजों के बीच संबंध जटिल और कभी-कभी तनावपूर्ण रहे हैं। 1962 के युद्ध ने दोनों देशों के बीच एक गहरा अविश्वास पैदा किया, जिसके प्रभाव आज भी महसूस किए जाते हैं। फिर भी, 21वीं सदी में दोनों देशों ने अपने संबंधों को सुधारने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने का प्रयास किया है। 2000 के दशक में व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, और दोनों देश ब्रिक्स (BRICS) जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग कर रहे हैं। [12] लेकिन सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दे अभी भी चुनौतियां बने हुए हैं।

वर्तमान में, भारत-चीन संबंधों की प्रकृति जटिल और बहुआयामी है। एक ओर, दोनों देश वैश्विक आर्थिक शक्तियां बनने की दौड़ में हैं और कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर, सीमा पर तनाव, हिंद महासागर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और पाकिस्तान के साथ चीन के करीबी संबंध भारत के लिए चिंता का विषय हैं। [13] इस जटिल परिदृश्य में, दोनों देश सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर का उपयोग अपने संबंधों को बेहतर बनाने और एक-दूसरे की बेहतर समझ विकसित करने के लिए कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत और चीन के बीच फिल्म सह-निर्माण समझौता, शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, और योग तथा चीनी चिकित्सा पद्धतियों का आदान-प्रदान इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

भारत और चीन के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी तक सीमित रहा है। दोनों देशों के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास, भाषा शिक्षण कार्यक्रम, और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन किया जा रहा है। [14] इन प्रयासों का उद्देश्य दोनों देशों के लोगों के बीच बेहतर समझ विकसित करना और नकारात्मक धारणाओं को कम करना है। हालांकि, राजनीतिक तनाव और मीडिया में नकारात्मक बयानबाजी इन सांस्कृतिक प्रयासों की प्रभावशीलता को सीमित करती है। फिर भी, दोनों देश इस बात को समझते हैं कि उनके बीच सांस्कृतिक और लोगों के बीच संपर्क महत्वपूर्ण हैं, और वे इन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनौती यह है कि इन सांस्कृतिक पहलों को कैसे व्यापक राजनीतिक और रणनीतिक संबंधों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उपयोग किया जाए।

भारत और चीन, दोनों ही अपनी सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर रणनीतियों के माध्यम से वैश्विक प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं में महत्वपूर्ण अंतर हैं। भारत अपनी सांस्कृतिक कूटनीति में 'वसुधैव कुटुम्बकम' (पूरी दुनिया एक परिवार है) के दर्शन, अहिंसा, और लोकतांत्रिक मूल्यों पर जोर देता है। इसके प्रमुख उपकरणों में योग, आयुर्वेद, बॉलीवुड, भारतीय व्यंजन, और प्राचीन सभ्यता की विरासत शामिल हैं। भारत सरकार ने 'प्रोजेक्ट मौसम', 'नॉलेज इकॅानमी इनिशिएटिव', और 'स्टडी इन इंडिया' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ावा दिया है।[15] दूसरी ओर, चीन अपनी सांस्कृतिक कूटनीति में प्राचीन चीनी सभ्यता, कन्फ्यूशियस के विचारों, और आधुनिक विकास मॉडल पर ध्यान केंद्रित करता है। चीन की प्रमुख पहलों में कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट्स, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI), और चीनी भाषा और संस्कृति के प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं।

दोनों देशों की सांस्कृतिक कूटनीति पहलों की प्रभावशीलता का आकलन करते हुए, यह देखा जा सकता है कि दोनों ने कुछ महत्वपूर्ण

सफलताएं हासिल की हैं, लेकिन साथ ही चुनौतियों का भी सामना कर रहे हैं। भारत की योग कूटनीति ने दुनिया भर में सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की है, जिसका एक उदाहरण संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करना है। [16] भारतीय सिनेमा और व्यंजन ने भी वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है। हालांकि, भारत को अपनी सांस्कृतिक कूटनीति को और अधिक संगठित और रणनीतिक तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। चीन की ओर से, कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट्स ने दुनिया भर में चीनी भाषा और संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन इन संस्थानों को कुछ देशों में विवादों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है, जिससे चीन की सॉफ्ट पावर रणनीति की प्रभावशीलता सीमित हुई है।

सांस्कृतिक कूटनीति का भारत-चीन संबंधों पर प्रभाव मिश्रित रहा है। दोनों देशों ने एक-दूसरे की संस्कृति को समझने और आपसी संबंधों को मजबूत करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू किए हैं। उदाहरण के लिए, भारत-चीन सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान तंत्र की स्थापना, फिल्म सह-निर्माण समझौता, और शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं। हालांकि, इन प्रयासों का प्रभाव अभी तक सीमित रहा है, क्योंकि राजनीतिक तनाव और सीमा विवाद जैसे मुद्दे अक्सर सांस्कृतिक संबंधों पर हावी हो जाते हैं। फिर भी, दोनों देश इस बात को समझते हैं कि सांस्कृतिक कूटनीति उनके संबंधों को सुधारने और आपसी समझ बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन हो सकती है। चुनौती यह है कि इन सांस्कृतिक पहलों को कैसे व्यापक द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए।

भारत और चीन दोनों को अपनी सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर रणनीतियों के कार्यान्वयन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत के लिए, एक प्रमुख चुनौती संसाधनों की कमी और सांस्कृतिक कूटनीति के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण की अनुपस्थिति है। इसके अलावा, भारत की नकारात्मक छवि, जैसे गरीबी और महिला सुरक्षा के मुद्दे, उसकी सॉफ्ट पावर को कमजोर करते हैं। चीन के लिए, मुख्य चुनौती उसकी राजनीतिक प्रणाली और मानवाधिकारों के मुद्दों से जुड़ी नकारात्मक धारणाओं से है। इसके अतिरिक्त, चीन की आक्रामक विदेश नीति, विशेष रूप से दक्षिण चीन सागर में, उसकी सॉफ्ट पावर प्रयासों को नुकसान पहुंचाती है। दोनों देशों के लिए एक साझा चुनौती यह है कि वे अपनी सांस्कृतिक कूटनीति पहलों को अपने व्यापक विदेश नीति लक्ष्यों के साथ कैसे संरेखित करें।

इन चुनौतियों के बावजूद, भारत और चीन के पास सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने के कई अवसर हैं। दोनों देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यताएं आपसी समझ और सम्मान के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती हैं। [17] शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, संयुक्त सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन करना, और पर्यटन को प्रोत्साहित करना कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां दोनों देश अपने सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया का उपयोग करके, दोनों देश अपनी संस्कृतियों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सकते हैं।[18] साथ ही, कला, संगीत, और साहित्य के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना भी एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

सांस्कृतिक कूटनीति प्रयासों को बेहतर बनाने के लिए, भारत और चीन दोनों को कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। पहला, दोनों देशों को अपनी सांस्कृतिक कूटनीति रणनीतियों को और अधिक समन्वित और लक्षित बनाना चाहिए। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय शामिल है।[19] दूसरा, दोनों देशों को अपनी सॉफ्ट पावर पहलों में अधिक पारदर्शिता लानी चाहिए ताकि विश्वसनीयता बढ़े। तीसरा, युवाओं और डिजिटल माध्यमों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, क्योंकि ये भविष्य की सांस्कृतिक कूटनीति के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। अंत में, दोनों देशों को अपनी सांस्कृतिक कूटनीति में विविधता और समावेशिता पर जोर देना चाहिए, ताकि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पूरी विविधता को प्रदर्शित कर सकें। इन सुधारों के माध्यम से, भारत और चीन न केवल अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी सॉफ्ट पावर को भी बढ़ा सकते हैं।

इस शोध पत्र के माध्यम से हमने 21वीं सदी में भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर के महत्व का विश्लेषण किया है। यह स्पष्ट है कि दोनों देश अपने वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति का रणनीतिक उपयोग कर रहे हैं। भारत की सांस्कृतिक कूटनीति योग, आयुर्वेद, बॉलीवुड, और अपनी प्राचीन सभ्यता की विरासत पर केंद्रित है, जबकि चीन अपनी प्राचीन सभ्यता, कन्फ्यूशियस के विचारों, और आधुनिक विकास मॉडल पर जोर देता है। दोनों देशों ने अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ाने में कुछ सफलताएं हासिल की हैं, लेकिन उन्हें कई चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, दोनों देशों को अपनी नकारात्मक छवियों से निपटने और

अपनी सांस्कृतिक कूटनीति प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता है।

इस अध्ययन के निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं। पहला, यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति राष्ट्रीय शक्ति के महत्वपूर्ण तत्व बन गए हैं। दूसरा, यह भारत और चीन जैसी उभरती शक्तियों के लिए अपने वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने में सांस्कृतिक कूटनीति के महत्व को रेखांकित करता है। तीसरा, यह इंगित करता है कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सहयोग जटिल द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, भले ही अन्य क्षेत्रों में तनाव मौजूद हों। अंत में, यह अध्ययन यह भी दर्शाता है कि प्रभावी सांस्कृतिक कूटनीति के लिए दीर्घकालिक दृष्टि, पर्याप्त संसाधन, और सरकार तथा नागरिक समाज के बीच समन्वय की आवश्यकता होती है।

भविष्य के शोध के लिए कई संभावनाएं हैं। पहली, भारत और चीन की सांस्कृतिक कूटनीति पहलों के प्रभाव का मात्रात्मक मूल्यांकन किया जा सकता है। दूसरी, इन दो देशों की सांस्कृतिक कूटनीति रणनीतियों की तुलना अन्य उभरती शक्तियों, जैसे ब्राजील या रूस, से की जा सकती है। तीसरी, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के युग में सांस्कृतिक कूटनीति के बदलते स्वरूप का अध्ययन किया जा सकता है। अंत में, सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर के क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर प्रभाव का विश्लेषण एक और संभावित शोध क्षेत्र हो सकता है। इन क्षेत्रों में अनुसंधान न केवल भारत-चीन संबंधों की बेहतर समझ प्रदान करेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर की भूमिका पर भी नए अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


1. नाय, जोसेफ एस. (2004). सॉफ्ट पावर: द मीन्स टू सक्सेस इन वर्ल्ड पॉलिटिक्स। पब्लिक अफेयर्स।
2. झा, प्रेम शंकर (2017). चाइना-इंडिया रिलेशंस: पॉलिटिक्स ऑफ़ रिसोर्सेस, आइडेंटिटीज़ एंड ऑथोरिटी इन ए मल्टिपोलर वर्ल्ड ऑर्डर। रूटलेज
3. चोपडा, रोहित (2020). द विर्च्युअल हिंद-चीनी भाई-भाई: इंडिया एंड चाइना इन द एज ऑफ़ सोशल मीडिया। ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
4. चौधरी, ए. (2021). "प्रोजेक्ट मौसम: इंडियाज मैरीटाइम डिप्लोमेसी इनिशिएटिव". ओबर्ज़वर रिसर्च फाउंडेशन।
5. किंग, के. (2013). "व्हाट इज कल्चरल डिप्लोमेसी? एंड डज इट हैव ए फ्यूचर?". द वाशिंगटन क्वार्टरली, 36(1), 131-145।
6. गुप्ता, अनुराग (2022). "डिजिटल युग में भारत की सार्वजनिक कूटनीति: चुनौतियाँ और अवसर।" अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, 59(3), पृ. 245-260।
7. शर्मा, प्रिया (2022). "ई-कॉमर्स और भारतीय संस्कृति का वैश्विक प्रसार।" भारतीय विदेश व्यापार समीक्षा, 57(1), पृ. 78-95।
8. मेहता, रोहित (2022). "कोविड-19 और भारतीय संग्रहालयों का डिजिटलीकरण: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन।" संग्रहालय प्रबंधन और क्यूरेटरशिप, 37(2), पृ. 180-198।
9. नाय, जोसेफ एस. (2008). "पब्लिक डिप्लोमेसी एंड सॉफ्ट पावर". द एनल्स ऑफ द अमेरिकन एकेडमी ऑफ पॉलिटिकल एंड सोशल साइंस, 616(1), 94-109।
10. थाकुर, एस. (2021). "इंडियाज सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी: अचीवमेंट्स एंड चैलेंजेज". ORF ऑकेजनल पेपर, 326, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन।
11. किंग, के. (2013). "व्हाट इज कल्चरल डिप्लोमेसी? एंड डज इट हैव ए फ्यूचर?". द वाशिंगटन क्वार्टरली, 36(1), 131-145।
12. पंत, एच. वी. (2018). "इंडिया-चाइना रिलेशंस अंडर मोदी: ए क्रिटिकल एसेसमेंट". इंटरनेशनल पॉलिटिक्स, 55(3-4), 332-343
13. मोहन, सी. राजा (2020). "मैनेजिंग द चाइना चैलेंज: इंडियाज स्ट्रैटेजिक इम्पेरेटिव". इंडिया क्वार्टरली, 76(4), 501-518।
14. अरुणाचलम, वी. एस. (2018). "इंडिया-चाइना कल्चरल इंटरेक्शंस: इम्पैक्ट ऑन कॉन्टेम्परारी रिलेशंस". इंडियन फॉरेन अफेयर्स जर्नल, 13(1), 52-64।
15. हॉल, इयान (2019). "इंडियाज पब्लिक डिप्लोमेसी: प्रॉब्लम्स एंड प्रॉस्पेक्ट्स". एशियन अफेयर्स, 50(2), 216-235।
16. सिंह, एम. (2020). "योगा डिप्लोमेसी: नैरेटिंग इंडियाज सॉफ्ट पावर स्ट्रेटेजी". ग्लोबल पॉलिसी, 11(4), 499-508।
17. मुखर्जी, आर. (2014). "द स्टेट, एकनॉमिक ग्रोथ, एंड डेवलपमेंट इन इंडिया". इंडिया रिव्यू, 13(1), 94-107।
18. ज़ू, एच. (2019). "सोशल मीडिया एंड पब्लिक डिप्लोमेसी: ए कम्पैरेटिव एनालिसिस ऑफ द डिजिटल डिप्लोमेटिक स्ट्रैटेजीज ऑफ द ईयू, यूएस एंड जापान इन चाइना". इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कम्युनिकेशन, 13, 2984-3003।

पांडे, एन. (2018). "इंडियाज सॉफ्ट पावर: चैलेंजेज एंड ऑपर्चुनिटीज". इंडियन फॉरेन पॉलिसी रिव्यू, 13(2), 136-153


************

# क्षेत्रीय पार्टियों का उदय और उनका प्रभाव : भारतीय राजनीति में एक विश्लेषण

**-अनिल हनवत**
सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
जटा शंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट (म.प्र.)

**डॉ. राजेश कुमार साहू**
सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान)
शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीधी (म.प्र.)

**सारांश-**

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय पार्टियों का उदय और उनका प्रभाव एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसे गहराई से विश्लेषित किया गया है। यह शोध पत्र भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय पार्टियों के उदय और उनके प्रभाव का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। भारत में क्षेत्रीय पार्टियों का उदय विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक कारकों के परिणामस्वरूप हुआ है। ये पार्टियाँ स्थानीय मुद्दों और पहचान की राजनीति पर केंद्रित होती हैं, जिससे उन्हें जनता के बीच व्यापक समर्थन प्राप्त होता है। इस अध्ययन का उद्देश्य क्षेत्रीय पार्टियों के उदय के प्रमुख कारणों, उनके राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों, और संघीय ढांचे पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करना है। शोध में पाया गया कि क्षेत्रीय पार्टियों ने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, विशेष रूप से गठबंधन सरकारों की स्थिरता और नीति निर्माण में। उन्होंने स्थानीय विकास, सांस्कृतिक पहचान, और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया है। हालांकि, उन्हें वित्तीय और संगठनात्मक चुनौतियों, राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा, और आंतरिक कलह का सामना करना पड़ता है।मुख्य सिफारिशें यह हैं कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर नीति निर्माण में क्षेत्रीय पार्टियों की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए, स्थानीय विकास और सामाजिक न्याय के लिए अधिक संसाधन प्रदान किए जाएं, और गठबंधन सरकारों में बेहतर तालमेल और सहयोग बनाया जाए।

**बीज शब्द:** क्षेत्रीय पार्टियां, राजनीतिक दल, राजनीतिक गठबंधन, स्थानीय नेतृत्व ,प्रादेशिक मुद्दे , राजनीतिक दल ।

**परिचय-**

क्षेत्रीय पार्टियां भारतीय राजनीति में वे संगठन हैं जो मुख्य रूप से राष्ट्रीय मुद्दों की बजाय विशेष राज्यीय या क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन पार्टियों का मुख्य लक्ष्य राज्य की विशेषताओं, सांस्कृतिक विविधताओं और सामाजिक पहलुओं पर नीतियों को विकसित करना होता है। ये पार्टियां अक्सर राष्ट्रीय पार्टियों से अलग होती हैं और उनके विचारधारा, नीतियों और समर्थन क्षेत्रीय स्तर पर बुनते हैं।

"क्षेत्रीय पार्टियां उन पार्टियों को कहते हैं जो किसी न किसी विशेष राज्य या क्षेत्र के विकास और विशेष समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं, और इनकी सभी कार्यक्रम और योजनाएं उन समस्याओं को हल करने के लिए बनाई गई होती हैं।" – डॉ. दुर्गा दास बसु

क्षेत्रीय पार्टियों के उदय के पीछे कई प्रमुख सिद्धांत हैं, जिनमें से कुछ मुख्य हैं: भौगोलिक समानता, स्थानीय समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना, और स्थानीय स्तर पर राजनीतिक नेतृत्व का महत्व। क्षेत्रीय पार्टियों का उदय कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करता है। इन कारकों में सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, और राजनीतिक तत्व शामिल हैं। स्वतंत्रता के बाद, भारत में विभिन्न राज्यों की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता ने क्षेत्रीय पार्टियों के उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**क्षेत्रीय पार्टियों के उदय के प्रमुख सिद्धांत और मॉडल:-**

क्षेत्रीय पार्टियों के मॉडल विभिन्न प्रकार के होते हैं, जो उनके संगठनात्मक ढांचे, विचारधारा, और कार्यशैली पर निर्भर करते हैं। इन मॉडलों को निम्नलिखित श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है:-

**1. जातीय और सांस्कृतिक आधार पर मॉडल-**

ये पार्टियां विशेष जातीय या सांस्कृतिक समूहों का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करती हैं। उदाहरण: तमिलनाडु की डीएमके (Dravida Munnetra Kazhagam) और एआईएडीएमके (All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam) तमिल संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती हैं।

**2. आर्थिक और क्षेत्रीय विकास पर आधारित मॉडल-**

ये पार्टियां अपने राज्य या क्षेत्र के आर्थिक विकास और समृद्धि के लिए कार्य करती हैं। वे राज्य की आर्थिक असमानताओं को दूर करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनाती हैं।उदाहरण:

बिहार की राष्ट्रीय जनता दल (Rashtriya Janata Dal) और उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी (Samajwadi Party) ने आर्थिक सुधार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्रमुखता दी है।

**3. सामाजिक और धार्मिक आधार पर मॉडल-**

ये पार्टियां विशेष सामाजिक या धार्मिक समुदायों का प्रतिनिधित्व करती हैं और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करती हैं।उदाहरण: पंजाब की शिरोमणि अकाली दल (SAD) ने सिख समुदाय के मुद्दों और राज्य के कृषि संकट को प्रमुखता दी है।

**4. राजनीतिक असंतोष और स्वायत्तता पर आधारित मॉडल-**

ये पार्टियां राष्ट्रीय पार्टियों के प्रति असंतोष और उनकी नीतियों से असहमति के कारण उभरती हैं। वे राज्य की स्वायत्तता और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता देती हैं। उदाहरण: महाराष्ट्र की शिवसेना ने मराठी अस्मिता और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता दी है।

**क्षेत्रीय पार्टियों का विकास एवं संचालन:-**

क्षेत्रीय पार्टियों का संचालन उनके संगठनात्मक ढांचे और कार्यशैली पर निर्भर करता है। इनके संचालन की प्रक्रिया में निम्नलिखित तत्व शामिल होते हैं: रजनी कोठारी की "Politics in India" ने भारत में क्षेत्रीय पार्टियों के विभिन्न मॉडल और उनके संचालन की प्रक्रिया का विस्तृत वर्णन किया गया है :-

**1. राजनीतिक रणनीतियां :** क्षेत्रीय पार्टियों का विकास उनके संगठनात्मक ढांचे और राजनीतिक रणनीतियों पर निर्भर करता है। ये पार्टियां स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती हैं और राज्य के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं और नीतियां प्रस्तुत करती हैं। क्षेत्रीय पार्टियां अपने राज्य के विशेष मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती हैं और उन्हें राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए विभिन्न राजनीतिक रणनीतियां अपनाती हैं। ये पार्टियां अक्सर गठबंधन सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और अपने राज्य के हितों की रक्षा करती हैं। उदाहरण के लिए, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (SAD) ने सिख समुदाय के मुद्दों और राज्य के कृषि संकट को प्रमुखता दी है।

**2. केंद्रीय नेतृत्व और स्थानीय नेतृत्व :** क्षेत्रीय पार्टियों का संचालन आमतौर पर केंद्रीय और स्थानीय नेतृत्व पर आधारित होता है। केंद्रीय नेतृत्व पार्टी की प्रमुख नीतियों और रणनीतियों का निर्धारण करता है, जबकि स्थानीय नेतृत्व स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता देने के लिए कार्य करता है।उदाहरण: पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (TMC) में ममता बनर्जी का केंद्रीय नेतृत्व महत्वपूर्ण है, जबकि स्थानीय नेता राज्य के विभिन्न जिलों में पार्टी का समर्थन मजबूत करने के लिए कार्य करते हैं।

**3. राजनीतिक गठबंधन और समझौते :** क्षेत्रीय पार्टियां राजनीतिक गठबंधनों में शामिल होकर राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे अपने राज्य के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्टियों के साथ समझौते करती हैं। उदाहरण: बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करके राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**4. नीतियां और कार्यक्रम :** क्षेत्रीय पार्टियां अपने राज्य के विकास और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए विशेष नीतियां और कार्यक्रम बनाती हैं। ये नीतियां आमतौर पर राज्य के विशेष समस्याओं और आवश्यकताओं पर केंद्रित होती हैं। उदाहरण: उत्तर प्रदेश की बहुजन समाज पार्टी (BSP) ने दलितों और पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विभिन्न नीतियां और कार्यक्रम बनाएं हैं।

**5. जनता के साथ सीधा संपर्क :** क्षेत्रीय पार्टियां अपने समर्थन को मजबूत बनाने के लिए जनता के साथ सीधे संपर्क में रहती हैं। वे स्थानीय मुद्दों को समझने और समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करती हैं। उदाहरण: ओडिशा की बीजू जनता दल (BJD) ने राज्य के विभिन्न जिलों में जनता के साथ सीधा संपर्क बनाए रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाएं हैं।

**केस स्टडी -** भारत में प्रमुख क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों का इतिहास और परिचय निम्नलिखित है :-

**1. तमिलनाडु – डीएमके (DMK):**

सफलता: डीएमके ने राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाई है, खासकर सामाजिक न्याय और भाषा आंदोलन के मुद्दों पर।

उपलब्धियां: आर्थिक विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार।

चुनौतियां: आंतरिक कलह और भ्रष्टाचार के आरोप।

स्रोत: Pandian, M. S. S. The Image Trap: M.G. Ramachandran in Film and Politics. Sage Publications, 1992.

**2. पश्चिम बंगाल – तृणमूल कांग्रेस (TMC):**

सफलता: वामपंथी शासन को समाप्त कर सत्ता में आई, और ममता बनर्जी के नेतृत्व में प्रमुख पार्टी बन गई।

उपलब्धियां: ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण में प्रगति।

चुनौतियां: राजनीतिक हिंसा और आंतरिक विरोध।

स्रोत: Bhattacharyya, Harihar. Politics in West Bengal: Institutions, Processes, and Problems. Worldview Publications, 2001.

**.3 उत्तर प्रदेश – समाजवादी पार्टी (SP):**

सफलता: जाति आधारित राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका।

उपलब्धियां: सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के लिए नीतियां।

चुनौतियां: परिवारिक विवाद और कमजोर संगठन।

स्रोत: Brass, Paul R. The Politics of India Since Independence. Cambridge University Press, 1990

**4. महाराष्ट्र – शिवसेना:**

सफलता: मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में मजबूत पकड़।

उपलब्धियां: मराठी पहचान और सांस्कृतिक मुद्दों पर ध्यान।

चुनौतियां: हिंसा और साम्प्रदायिक राजनीति के आरोप।

स्रोत: Purandare, Vaibhav. Bal Thackeray and the Rise of the Shiv Sena. Roli Books, 2012.

**5. बिहार – राष्ट्रीय जनता दल (RJD):**

सफलता: लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में मजबूत सामाजिक न्याय आंदोलन।

उपलब्धियां: पिछड़े वर्गों के लिए नीतियां और राजनीतिक सुधार।

चुनौतियां: भ्रष्टाचार के आरोप और कमजोर प्रशासन।

स्रोत: Kumar, Sanjay. Post-Mandal Politics in Bihar: Changing Electoral Patterns. SAGE Publications, 2018.

**6. ओडिशा – बीजू जनता दल (BJD):**

सफलता: नवीन पटनायक के नेतृत्व में लगातार शासन।

उपलब्धियां: बुनियादी ढांचे और आपदा प्रबंधन में सुधार।

चुनौतियां: आंतरिक पार्टी संघर्ष और भ्रष्टाचार।

स्रोत: Mahapatra, Biswajit. Regionalism in Odisha: A Study of Biju Janata Dal. Kitab Mahal, 2013

**7. तेलंगाना – तेलंगाना राष्ट्र समिति (TRS):**

सफलता: राज्य के गठन के बाद महत्वपूर्ण राजनीतिक ताकत।

उपलब्धियां: राज्य के विकास और जल प्रबंधन में सुधार।

चुनौतियां: विरोधी दलों के साथ संघर्ष और आंतरिक असंतोष।

स्रोत: Rao, K. Srinivas. Telangana: The State of Affairs. Oxford University Press, 2018.

निष्कर्षत : स्वतंत्रता के बाद, भारत में विभिन्न राज्यों की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के विभिन्न कारकों ने क्षेत्रीय पार्टियों के उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका विश्लेषण निम्नलिखित प्रकार से किया जा है :

**1. सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता :**

भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति और भाषाई विविधता ने क्षेत्रीय पार्टियों को बढ़ावा दिया। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाएं, संस्कृतियां, और परंपराएं हैं, जो राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा पर्याप्त रूप से प्रतिनिधित्व नहीं की जाती हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में डीएमके (Dravida Munnetra Kazhagam) और एआईएडीएमके (All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam) जैसी पार्टियां तमिल संस्कृति और भाषा के संरक्षण के लिए कार्य करती हैं।

**2. आर्थिक असमानता :**

विभिन्न राज्यों में आर्थिक असमानता और विकास में अंतर ने भी क्षेत्रीय पार्टियों को बढ़ावा दिया। जो राज्य आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, वे अपने विशेष मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों का समर्थन करते हैं।उदाहरण के लिए, बिहार और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय पार्टियां जैसे राजद (Rashtriya Janata Dal) और सपा (Samajwadi Party) ने सामाजिक न्याय और आर्थिक सुधार के मुद्दों को प्रमुखता दी है।

**3. राजनीतिक असंतोष** :

राष्ट्रीय पार्टियों के प्रति असंतोष और उनकी नीतियों से असहमति ने भी क्षेत्रीय पार्टियों के उदय में योगदान दिया। स्थानीय नेता और राजनीतिक संगठन अपने राज्य के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों का गठन करते हैं।उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र में शिवसेना ने मराठी अस्मिता और स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता दी है।

4. **धार्मिक पहचान :**

जातीय और धार्मिक पहचान ने भी क्षेत्रीय पार्टियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ये पार्टियां विशेष जातीय या धार्मिक समूहों का प्रतिनिधित्व करती हैं। उदाहरण: पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (SAD) ने सिख समुदाय के मुद्दों और राज्य के कृषि संकट को प्रमुखता दी है।

**क्षेत्रीय पार्टियों का राजनीतिक प्रभाव:-**

क्षेत्रीय पार्टियों का राजनीतिक प्रभाव भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण है। ये पार्टियां राज्य की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभाती हैं और राष्ट्रीय

राजनीति में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

1. **राष्ट्रीय राजनीति पर क्षेत्रीय पार्टियों का प्रभाव :** क्षेत्रीय पार्टियां भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, विशेषतः राष्ट्रीय स्तर पर गठित गठबंधनों में। उनका प्रभाव राज्यों के स्तर पर राजनीतिक दलों की समीक्षा और निर्णयों में दिखाई देता है। क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर राष्ट्रीय राजनीतिक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं। वे केंद्रीय सरकार में अलायंस बनाने या उसकी नीतियों को विपक्ष करने के लिए कुशलता से उपयुक्त होती हैं। इनका समर्थन या विरोध राष्ट्रीय राजनीतिक स्तर पर अहम फैसलों को प्रभावित कर सकता है।

**2. गठबंधन सरकारें :** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर गठबंधन सरकारों का हिस्सा बनती हैं और उनके समर्थन से सरकारें बनती और गिरती हैं। वे अपने राज्य के हितों की रक्षा के लिए गठबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर बड़े राष्ट्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन बनाकर राजनीतिक समयसारी करती हैं। ये गठबंधन राजनीतिक समर्थन, सत्ता में हिस्सेदारी, और विशेष राजनीतिक मुद्दों पर सहमति प्राप्त करने में मदद कर सकती हैं। उदाहरण: बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) ने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करके राज्य की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**3. नीतियों पर प्रभाव :** क्षेत्रीय पार्टियां अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव डालती हैं। वे राज्य के विकास और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिए नीतियों का निर्माण करती हैं।क्षेत्रीय पार्टियां अपने क्षेत्रों के विशेष आवश्यकताओं और मांगों को समझती हैं और उन्हें ध्यान में रखकर नीति निर्माण में सक्रिय रहती हैं। इसके परिणामस्वरूप, वे शासन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और स्थानीय विकास को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। उदाहरण: ओडिशा की बीजू जनता दल (BJD) ने राज्य के विभिन्न जिलों में जनता के साथ सीधा संपर्क बनाए रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाएं हैं।

**4. संघीय ढांचे पर क्षेत्रीय पार्टियों का प्रभाव :** क्षेत्रीय पार्टियां संघीय ढांचे में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे राज्य सरकारों में शामिल होकर केंद्रीय सरकार की नीतियों को लागू करने में सहायक हो सकती हैं या उनकी रुझानों को बदल सकती हैं। क्षेत्रीय पार्टियां संघीय ढांचे में अपने नियमों और विशेषताओं के साथ आती हैं, जिससे संघीय संरचना में उनका प्रभाव परिपूर्ण होता है। वे विशेष राजनीतिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम होती है।

**क्षेत्रीय पार्टियों का सामाजिक और आर्थिक प्रभाव:-**

**समाज के विभिन्न वर्गों पर क्षेत्रीय पार्टियों का प्रभाव:**

**1. वंचित और हाशिये पर रह रहे वर्गों का प्रतिनिधित्व:** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर समाज के उन वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं जो मुख्यधारा की राजनीति में नजरअंदाज होते हैं। ये पार्टियां दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उठाती हैं और उनके लिए विशेष योजनाएं और नीतियां लाने का प्रयास करती हैं।

**2.. महिला सशक्तिकरण:** कई क्षेत्रीय पार्टियों ने महिला सशक्तिकरण को अपने एजेंडा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया है। उन्होंने महिला आरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया है।

**3. युवा और बेरोजगार वर्ग:** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर युवाओं और बेरोजगारों के मुद्दों को उठाती हैं। ये पार्टियां रोजगार योजनाएं, शिक्षा और कौशल विकास के कार्यक्रमों को बढ़ावा देती हैं।

**आर्थिक नीतियों और विकास पर क्षेत्रीय पार्टियों का प्रभाव:-**

**1. स्थानीय विकास:** क्षेत्रीय पार्टियां स्थानीय विकास को प्राथमिकता देती हैं। वे अपने क्षेत्र की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाएं बनाती हैं और उन्हें लागू करती हैं। इनमें बुनियादी ढांचे का विकास, सड़कें, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं।

**2. कृषि और ग्रामीण विकास:** कई क्षेत्रीय पार्टियां कृषि और ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान देती हैं। वे किसानों के लिए लाभकारी योजनाएं, सब्सिडी, ऋण माफी, और सिंचाई सुविधाओं को बढ़ावा देती हैं।

**3. उद्योग और व्यापार:** क्षेत्रीय पार्टियां स्थानीय उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बनाती हैं। वे छोटे और मध्यम उद्योगों के विकास के लिए विशेष योजनाएं लागू करती हैं और निवेश को आकर्षित करने का प्रयास करती हैं।

**4. वित्तीय विकेंद्रीकरण:** क्षेत्रीय पार्टियां वित्तीय संसाधनों के विकेंद्रीकरण का समर्थन करती हैं ताकि राज्य और स्थानीय स्तर पर अधिक आर्थिक स्वायत्तता हो सके। इससे क्षेत्रीय विकास में तेजी आती है और आर्थिक असमानताएं कम होती हैं।

**क्षेत्रीय अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने में क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका:-**

1. **भाषाई और सांस्कृतिक संरक्षण:** क्षेत्रीय पार्टियां अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित और प्रमोट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे स्थानीय भाषाओं को शिक्षा, प्रशासन और मीडिया में अधिक महत्व देने

का प्रयास करती हैं।

**2. सांस्कृतिक उत्सव और परंपराओं का समर्थन:** ये पार्टियां स्थानीय त्योहारों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और परंपराओं का समर्थन करती हैं और इन्हें बढ़ावा देती हैं। इससे सांस्कृतिक पहचान मजबूत होती है और समुदाय में एकता और गर्व की भावना बढ़ती है।

**3. स्थानीय इतिहास और धरोहर का संरक्षण:** क्षेत्रीय पार्टियां स्थानीय इतिहास और धरोहर को संरक्षित करने के लिए भी प्रयासरत रहती हैं। वे ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत स्थलों और पारंपरिक कला एवं शिल्प को संरक्षण देने के लिए नीतियां बनाती हैं।

**4. सांस्कृतिक शिक्षा:** क्षेत्रीय पार्टियां स्कूलों और कॉलेजों में सांस्कृतिक शिक्षा को बढ़ावा देती हैं ताकि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें। वे सांस्कृतिक विषयों पर आधारित पाठ्यक्रमों को शामिल करने का प्रयास करती हैं।

**क्षेत्रीय पार्टियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे:-**

**वित्तीय और संगठनात्मक चुनौतियाँ :**

**1. वित्तीय संकट :** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर वित्तीय संकट से गुजरने का सामना करती हैं, क्योंकि उनके पास बड़े राष्ट्रीय दलों की तुलना में कम वित्तीय संसाधन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वे चुनाव युद्ध में पर्याप्त पैसा खर्च करने में असमर्थ हो सकती हैं और उन्हें नए संगठनात्मक मशीनरी को स्थापित करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है।

**2. संगठनात्मक विकास :** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर अपने क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत संगठन नेटवर्क को बढ़ाने में संघर्ष करती हैं। वे अपने कार्यकर्ताओं की ताकत, राजनीतिक विशेषज्ञता और स्थानीय अनुभव को बढ़ाने के लिए प्रयासरत होती हैं।

**3. राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा :** राजनीतिक संघर्ष: क्षेत्रीय पार्टियां राष्ट्रीय दलों के साथ राजनीतिक मानवाधिकार, प्रकृति के संरक्षण, विकास आदि क्षेत्रों में संघर्ष करने का सामना करती हैं। ये दल अक्सर राजनीतिक समर्थन, मीडिया कवरेज और वोटर्स के मद्देनजर अपनी पहचान बनाने की कोशिश करती हैं। चुनौतियाँ: ये दल अक्सर राष्ट्रीय दलों के बड़े नेतृत्व और संगठन से प्रतिस्पर्धा करने के लिए होती हैं, जिनके पास अधिक संसाधन और राजनीतिक व्यापकता होती है।

**4. आंतरिक कलह और विभाजन:** क्षेत्रीय पार्टियां अक्सर अपने भीतर आंतरिक कलह और विभाजन से गुजरती हैं, जो उनकी एकता और अभियांत्रिकी को ध्वस्त कर सकता है। यह बाधाएं उनके प्रदर्शन में नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं और उनकी राजनीतिक प्रभावशीलता को कमजोर कर सकती है।

**क्षेत्रीय पार्टियों की भविष्य की संभावनाएँ:-**

**1. राजनीतिक मजबूती:** अगले कुछ दशकों में क्षेत्रीय पार्टियां अपनी राजनीतिक प्रभावशीलता में सुधार कर सकती हैं। वे अपने स्थानीय मुद्दों पर और अपने क्षेत्रीय समर्थकों के साथ मजबूत जुड़ाव बढ़ा सकती हैं।

**2. संगठन विस्तार:** क्षेत्रीय पार्टियां अपने संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हो सकती हैं। यह उन्हें नए क्षेत्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा।

**3. विकास नीतियाँ:** क्षेत्रीय पार्टियां विकास और समाज के लिए सुदृढ़ नीतियों को अपनाकर अपनी पहचान मजबूत कर सकती हैं। इससे वे अपने नेतृत्व में मजबूती प्राप्त कर सकती हैं और अपने चुनावी पक्ष को बढ़ा सकती हैं।

**क्षेत्रीय पार्टियों के लिए सुधार के सुझाव: एवं निष्कर्ष-**

**1. वित्तीय प्रबंधन:** क्षेत्रीय पार्टियां अपने वित्तीय संसाधनों को प्रबंधित करने और वित्तीय स्थिरता को सुनिश्चित करने में मदद प्राप्त कर सकती हैं। उन्हें अपनी वित्तीय संपत्ति को व्यय करने के लिए विश्वासी स्रोतों की तलाश करनी चाहिए।

**2. तकनीकी और संगठनात्मक सुधार:** ये पार्टियां अपने संगठनात्मक प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने और नई तकनीकी उपायों का उपयोग करके अपनी कार्यशैली को प्रशासनिक और नियंत्रित करने में भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

**नीति निर्माण के लिए सिफारिशें:**

**1. समर्थन की बढ़ती आवश्यकता:** क्षेत्रीय पार्टियां अपने क्षेत्रीय मुद्दों पर विशेष ध्यान देने और नीतियों को अनुकूलित करने के लिए समर्थन बढ़ाने के लिए प्रयासरत होनी चाहिए।

**2. संवेदनशील नीतियाँ:** ये पार्टियां विशेष ध्यान देनी चाहिए कि वे उन्हें समर्थन करने वाली नीतियाँ बनाएं जो समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझती हों। वे स्थानीय स्तर पर विकास और विविधता को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों के पक्ष में होनी चाहिए।

**3. सामर्थ्य बढ़ाना:** ये पार्टियां अपने कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण,

कौशल विकास और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ाने के लिए नीतियों को विकसित करनी चाहिए, ताकि वे राजनीतिक विवादों और चुनौतियों का सामना करने में सशक्त हो सकें।

संक्षेप में क्षेत्रीय पार्टियां भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, विशेष रूप से स्थानीय मुद्दों और समर्थकों के माध्यम से। ये पार्टियां अक्सर राष्ट्रीय दलों के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन उनके पास अपनी विशेष पहचान और प्राकृतिक संसाधनों का ज्ञान होता है। भविष्य में क्षेत्रीय पार्टियों के विकास और प्रभाव के अध्ययन के लिए और गहराई से विश्लेषण करने के लिए और भी कई नए शोध धाराएँ हो सकती हैं। समर्थन और फंडिंग के स्रोत, राजनीतिक दलों के बीच गठबंधनों का अध्ययन, और यहाँ तक की डिजिटल माध्यमों के उपयोग का प्रभाव भी जांचा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची -

1. Brass, Paul R. The Politics of India Since Independence. Cambridge University Press, 1990

2. Sridharan, E. The Political Economy of Regionalism in India: A State-Level Analysis. Oxford University Press, 1994.

3. Kohli, Atul. Democracy and Development in India: From Socialism to Pro-Business. Oxford University Press, 2009.

4. Chhibber, Pradeep, and Ken Kollman. "Party Aggregation and the Number of Parties in India and the United States." Comparative Political Studies, vol. 38, no. 9, 2005, pp. 1068-1090.

5. Kothari, Rajni. Rethinking Democracy. Orient Blackswan, 2009.

6. Kothari Rajni "Politics in India" Orient Blackswan पृष्ठ 266-290

7. Kumar, Sanjay. "Political Parties in India: Their Challenges and Prospects." Journal of Asian and African Studies, vol. 49, no. 1, 2014, pp. 3-18.

8. Singh, M.P. et al. "Regional Parties and State Politics: A Study of Electoral Performance in Tamil Nadu." Indian Journal of Political Science, vol. 67, no. 2, 2006, pp. 345-359.

9. Mitra, Subrata K.The Puzzle of India's Governance: Culture, Context and Comparative Theory. Routledge, 2007.

10. Fadiya ,B.L. "Indian Government and Politics" Sahitya Bhawan Publications 2017 पृष्ठ 321-345.

11. State Election Commission, [Respective State Name]." Official Webite. [URL]

************

# गांधी और नेहरू के विकास मॉडल की तुलना

-डॉ प्रशांत कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान
तिलकधारी पी जी कॉलेज, जौनपुर

**प्रस्तावना**

विकास मॉडल ऐसी रणनीति या परिपेक्ष को संदर्भित करता है, जिसका प्रयोग देश के आर्थिक समृद्धि, सामाजिक विकास और जीवन स्तर में सुधार को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। विकास मॉडल के उदाहरण है पूंजीवादी विकास मॉडल, समाजवादी विकास मॉडल,लोक कल्याणकारी विकास मॉडल आदि।

सामान्यतः यह माना जाता है कि गांधी और नेहरू के विचारों में समानता है।इस पेपर में दोनों के विचारों की तुलना करते हुए,दोनों के विचारों में अंतर स्पष्ट किया गया है। यह इस परिकल्पना के साथ लिखा गया है कि गांधी और नेहरू के विचारों में व्यापक अंतर है। भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी (मोहनदास करमचंद गांधी) (1869–1948) आधुनिक भारत के महान जननायक, समाज सुधारक और नैतिक दार्शनिक थे। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के आधार पर मानवता को समाज के नवनिर्माण की नई राह दिखाई। नेहरू जी (पंडित जवाहरलाल नेहरू)एक महान देशभक्त, कर्मठ राजनेता, शांति के दूत, स्वतंत्रता और लोकतंत्र के कट्टर समर्थक, इतिहासकार तथा लोकतांत्रिक समाजवादी थे।उनका लक्ष्य भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना करना था।महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के दृष्टिकोण में काफी अंतर था। गांधी जी जब किसी विषय पर सोचते, तब उनका तरीका आदर्शवादी, आध्यात्मिक एवं पूर्ण नैतिकतावादी होता था, परंतु नेहरू का तरीका वैज्ञानिक, व्यावहारिक,आधुनिक और समयानुकूल होता था।गांधीवादी विकास मॉडलगांधीवादी विकास मॉडल सादगी, अहिंसा और समानता के साथ सहयोग पर आधारित मॉडल है। गांधी जी विकास की ऐसी किसी भी अवधारणा के विरुद्ध थे, जिसका लक्ष्य भौतिक इच्छाओं को बढ़ाना और उनकी पूर्ति के उपाय ढूंढना हो। वे मानव के चरित्र को इतना उन्नत करना चाहते थे कि वह भौतिक इच्छाओं का दामन करके अपने मन को बस में कर ले। उन्होंने तर्क दिया कि पश्चिम में जब लोग जनसाधारण की दशा सुधारने की बात करते थे, तो उनका लक्ष्य उनके भौतिक जीवन स्तर को उन्नयन करना होता है। परंतु मनुष्य का सच्चा जीवन स्तर उसकी अंतरात्मा से निर्धारित होता है। बाह्य परिस्थितियों में कोई भी परिवर्तन करके उसे उन्नत नहीं किया जा सकता है। इसके लिए मनुष्य को अपने कर्तव्यों का ज्ञान प्राप्त करने और उनका पालन करने की प्रेरणा देनी होगी, ताकि वह ईश्वर के निकट पहुंच सके। मनुष्य की भौतिक इच्छाओं को उत्तेजित करने उनकी पूर्ति के साधन जुटाने से हम केवल उसे नैतिक पतन के गर्त में धकेल सकते हैं।

गांधी जी ने यह शिक्षा दी कि मनुष्य को भौतिक वस्तुओं का उतना ही उपभोग करना चाहिए,जितना उसके शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अनिवार्य हो। इससे अधिक की इच्छा मनुष्य को मोह माया और भ्रम के जाल में फंसा देती है। भौतिक इच्छाएं कभी शांत नहीं होती। उनकी तृप्ति का प्रयत्न करने से वह और भी उत्तेजित होती है। तरह-तरह के प्रलोभनों के पीछे दौड़ते हुए मनुष्य की संकल्प शक्ति नष्ट हो जाती है। कुल मिलाकर गांधी जी ने विकास का जो मार्ग दिखाया वह मनुष्य के स्वभाव और चरित्र को नए सांचे में ढालने पर बल देता है। समाज के सदस्यों का चरित्र उन्नत होने पर संपूर्ण समाज एक नए रूप में ढल जाएगा। विकेंद्रीकरण और ग्राम स्वराजगांधीजी राज्य की सत्ता को बढ़ाने बढ़ाए जाने के विरुद्ध थे। क्योंकि उनके अनुसार हालांकि राज्य की सत्ता कई बार शोषण समाप्त करने के उद्देश्य से बढ़ाई जाती है, लेकिन यह प्रगति के मूल तत्व–व्यक्ति के व्यक्तित्व, को नष्ट करके मानवता का बहुत बड़ा अहित करती है। इसलिए गांधी राज्य की सत्ता को कम से कम रखने की और राजनीतिक सत्ता की अधिकतम विकेंद्रीकरण के पक्ष में थे। इसलिए वे विकेंद्रीकृत ग्राम गणराज्य का समर्थन करते थे।उन्होंने यह विचार रखा कि उनके आदर्श राज्य छोटे-छोटे आत्मनिर्भर ग्राम समुदायों का संघ होगा। उनका मानना था कि प्रत्येक गांव जहां तक संभव हो भोजन, कपड़ा, पानी, दूध, सफाई, माध्यमिक शिक्षा और मनोरंजन के मामले में आत्मनिर्भर हो। गांव की सरकार गांव के वयस्क नागरिकों द्वारा निर्वाचित पंचायत के माध्यम से चलाई जाए। ग्राम पंचायत को विधायी,कार्यकारी और न्यायिक शक्तियां प्राप्त होगी।

ग्रामों के समूहों को तालुको के रूप में तालुको के समूह को जनपदों के रूप में और जनपदों के समूह को प्रदेशों के रूप में संगठित किया जाएगा। इनमें से प्रत्येक इकाई अपने से ऊंची इकाई के लिए अपने-अपने प्रतिनिधि चुनकर भेजेगी। शासन के प्रत्येक स्तर को पर्याप्त स्वायत्तता प्राप्त होगी और वह समुदायिकता की भावना से उत्प्रोत होगा।प्रत्येक प्रदेश अपनी स्थानीय आवश्यकताओं और संपूर्ण देश के हित को ध्यान में रखते हुए अपना-अपना संविधान बनाने को स्वतंत्र होगा। केंद्र के स्तर पर पूरा देश समुदायों का समुदाय प्रतीत होगा। केंद्रीय सरकार को इतनी सत्ता अवश्य प्राप्त होगी कि वह सब प्रदेशों को एकता के सूत्र में पिरो सके, परंतु इतनी नहीं कि वह उन पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर सके। गांधीजी केंद्रीय विधानसभा

के प्रत्यक्ष चुनाव के विरुद्ध थे क्योंकि उसे उत्तरदायित्व की भावना का ह्रास होगा और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

गांधी जी को विश्वास था कि इस तरह की राजव्यवस्था को विस्तृत अधिकारी तंत्र की जरूरत नहीं होगी। क्योंकि उसमें अधिकांश निर्णय प्रक्रिया विकेंद्रीकृत होगी। फिर जिस समाज में कोई भूखा नहीं रहेगा और सब लोग मिलजुल कर रहेंगे, उसमें अपराध बहुत कम होंगे। अतः पुलिस की विशेष जरूरत नहीं रहेगी यदि भूले भटके कोई अपराध कर बैठेगा तो जनमत का नैतिक प्रभाव उसका हृदय परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त होगा। यदि जरूरत हो तो नागरिक बारी–बारी से पुलिस की भूमिका संभाल सकते हैं। इस राजव्यवस्था में गृह युद्ध की कोई संभावना नहीं है और सेना की जरूरत भी नहीं रहेगी। जहां लोग अपनी स्वाधीनता के लिए मर मिटने को तैयार रहेंगे वहां विदेशी आक्रमण का कोई खतरा नहीं रहेगा। गांव की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि और छोटे कुटीर उद्योगों पर आधारित हो। इस तरह गांधी के अनुसार हर एक गांव एक आदर्श लोकतंत्र हो, जिसमें नागरिकों को स्वतंत्रता प्राप्त हो और जिसकी सरकार सहयोग और अहिंसा के आधार पर काम करने वाली नागरिकों की अपनी सरकार हो। व्यक्ति की बुनियादी आवश्यकताएं पूरी हो और उसे अपने व्यक्तित्व के विकास का पूरा अवसर प्राप्त हो।गांधी के ग्राम स्वराज के विचार को भारतीय संविधान में राज्य के नीति निर्देशक तत्व के भाग में अनुच्छेद 40 में जगह दी गई है। जहां कहा गया है राज्य ग्राम पंचायत का संगठन करने के लिए कदम उठाएगी और उनको ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वस्थ शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो। 73वें संविधान संशोधन 1992 द्वारा पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता भी दी गई और उसका व्यवस्थित गठन भी किया गया।

**ट्रस्टीशिप**

गांधी के अनुसार श्रम पूंजी से श्रेष्ठ है। उनका मानना था कि अगर श्रमिक पूंजीवाद के विरुद्ध खड़े हो जाए तो पूंजीवाद का अंत हो जाएगा। लेकिन वह साम्यवादियों की तरह बलपूर्वक पूंजीवाद को उखाड़ फेंकने के पक्ष में नहीं थे। उनके अनुसार यह प्रक्रिया वर्ग द्वेष पर आधारित है, जो अहिंसा या प्रेम के नैतिक मूल्य के विरुद्ध है। गांधी के अनुसार जिस तरह पूंजीपतियों द्वारा श्रमिकों को उनके श्रम के न्याय संगत मूल से वंचित रखना नैतिक दृष्टि से अनुचित है। वैसे ही श्रमिकों द्वारा अतिरंजित मांगों से पूंजीपतियों को परेशान करना और उद्योगों को नष्ट करना भी अनुचित है। वह पूंजीपति और मजदूर वर्ग के बीच संघर्ष नहीं, सहयोग और सह अस्तित्व का समर्थन करते थे। गांधी जी समाज में गैर बराबरी मिटाने के और आर्थिक क्षमता स्थापित किए जाने के पक्ष में थे। लेकिन वह साम्यवादियों की तरह यह नहीं मानते थे कि इसके लिए उत्पादन के साधनों में व्यक्तिगत स्वामित्व को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। उनके अनुसार ट्रस्टीशिप के सिद्धांत द्वारा इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। गांधी के अनुसार पूंजीपतियों को यह समझना चाहिए कि उनके पास जमा पूंजी श्रमिकों के श्रम का परिणाम है। इसलिए एक पूंजीपति या जमीन मालिक को जिसके पास आवश्यकता से अधिक धन हो, अपने आप को उसे धन का ट्रस्टी मानना चाहिए। उसे समझना चाहिए कि वह धन आम जनता का है, जो उसके पास धरोहर है और इसीलिए उसे धन का इस्तेमाल अपने निजी आराम के लिए करने के बजाय उसे जनकल्याण के कार्यों में लगाना चाहिए।

गांधी के अनुसार अगर संपत्ति वाहन वर्ग समझाने बुझाने से अपने को ट्रस्टी मानने से इनकार करते हैं तो अंतिम विकल्प के रूप में सहयोग या सत्याग्रह का सहारा भी लिया जा सकता है। आजादी के कुछ समय पहले उन्होंने वैधानिक ट्रस्टीशिप का भी समर्थन किया लेकिन उनके अनुसार इस किस्म के कानून को ऊपर से लड़े जाने के की बजाय सामाजिक परिस्थितियों के परिपक्व होने पर जनता द्वारा पंचायत स्तर से लागू किया जाना चाहिए। औद्योगिकरण और मशीन के प्रति दृष्टिकोण गांधी उद्योगवाद के विरुद्ध थे। यह विश्व के औद्योगिक दृष्टि से विकसित देशों की तरह भारत का औद्योगिकरण नहीं चाहते थे। बड़े उद्योगों को वह एक बुराई मानते थे। एक समय तो उन्होंने यह भी कह दिया था कि रेल और टेलीग्राफ मनुष्य के नैतिक विकास के लिए जरूरी नहीं है। हालांकि वे इन सुविधाओं को समाप्त करने की वकालत नहीं करते थे। बाद में उन्होंने स्पष्ट करने का प्रयत्न किया कि वह मशीन के नहीं बल्कि मशीन के दुरुपयोग के विरुद्ध थे। चरखा भी एक मशीन ही है। उनके अनुसार मनुष्य के स्थान पर मशीन का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। गांधी के अनुसार मशीन का ऐसा प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए जिससे–

1.बेरोजगारी बढ़े,

2. अमीर पूंजीपतियों द्वारा गरीब श्रमिकों का और एक देश द्वारा दूसरे देश का शोषण हो,

3.बड़े उद्योगों और बड़े शहरों द्वारा समाज केंद्रीयकारण की दिशा में बढ़े और इसके साथ जुड़ी नैतिक बुराइयां उत्पन्न हो,

4. मशीन पर अतिशयी निर्भरता के कारण मनुष्य अपने शरीर के अंगों से कम ही लेना छोड़ दें।

गांधी जी बुनियादी तौर पर मशीन और उद्योगों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखते थे। गांधी अपरिग्रह या असंग्रह का समर्थन करते थे।

**नेहरूवादी विकास मॉडल**

**मिश्रित अर्थव्यवस्था**

नेहरू ने मिश्रित अर्थव्यवस्था की वकालत की, जहां सरकार द्वारा नियंत्रित उद्योग निजी क्षेत्र के साथ-साथ अस्तित्व में हो। उनका मानना था कि बुनियादी और भारी उद्योग की स्थापना भारतीय अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण और विकास के लिए मौलिक थे। इसलिए सरकार ने मुख्य रूप से प्रमुख लोक क्षेत्र के उद्योगों में निवेश का निर्देश दिया जैसे स्टील,

लोहा, कोयला, ऊर्जा। जिससे सब्सिडी और संरक्षणवादी नीतियों के साथ विकास को बढ़ावा मिला। 1948 और 1956 के भारतीय औद्योगिक नीति प्रस्तावों में नेहरू की नीतियों को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

नेहरू जी का दृढ़ विश्वास था कि गरीबी और देश में आर्थिक पिछड़ापन मिटाने में एक महत्वपूर्ण सीमा तक लोक क्षेत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने निजी क्षेत्र की भूमिका को भी महत्व दिया।नेहरू ने लोक उद्योगों के लिए पर्याप्त स्वतंत्रता दी जाने की वकालत की। वह इन उद्योगों के लिए नौकरशाही प्रबंधन शैली के प्रयोग के खिलाफ थे। इसलिए हमें लोक उद्योगों की कार्यप्रणाली के लिए एक व्यवस्था विकसित करनी होगी जहां एक ओर पर्याप्त जांच और संरक्षण हो और दूसरी ओर उद्यम को जल्दी और बिना देरी के काम करने की पर्याप्त स्वतंत्रता प्राप्त हो।

**लोकतांत्रिक समाजवाद**

नेहरू आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक स्वतंत्रता को एक विडंबना मात्र मानते थे। उन्होंने समाजवाद की व्याख्या करते हुए कहा था कि समाजवाद का अर्थ केवल धन का वितरण या जन कल्याण करना नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश में उत्पादन बढ़ाया जाए,धन की वृद्धि हो और फिर अर्जित धन का समुचित ढंग से वितरण किया जाए। 1936 में ही नेहरू जी ने राष्ट्रीय योजना समिति के अध्यक्ष के रूप में औद्योगीकरण द्वारा सुधरे भारत की संकल्पना की थी। जब भी भारत के प्रधानमंत्री बने तो अपनी कल्पना को साकार करने का उन्हें अवसर प्राप्त मिला। औद्योगिक विकास के साथ-साथ कृषि का भी विकास हुआ। साथ में ग्रामों का उत्थान और कुटीर उद्योग धंधों को भी बढ़ावा दिया गया। अतः उन्होंने गांधीजी एवं पश्चात देशों की अर्थव्यवस्था का समन्वय किया।

नेहरूजी ने राष्ट्रीय विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाएं चलाई। वे किसानों और मजदूरों का जीवन स्तर ऊंचा करना चाहते थे। वह जमींदारी प्रथा के विरुद्ध थे, क्योंकि उन्हें वह समाज का शोषक मानते थे। वे भूमि के वास्तविक मालिक को जमीन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार चाहते थे। उन्होंने कहा था कि हमारा उद्देश्य एक आर्थिक ढांचे का निर्माण करना है,जो बिना व्यक्तिगत एकाधिकार तथा पूंजी के केंद्रीकरण के अधिकतम उत्पादन प्रदान करते हुए, शहरी व ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्रयुक्त संतुलन पैदा करेगा। कांग्रेस के आवाडी अधिवेशन (1955) में उन्होंने समाजवादी समाज की स्थापना का निश्चय किया। उनका कहना था कि समाजवादी समाज में उत्पादन और वितरण के साधनों पर व्यक्तिगत स्वामित्व तो नहीं होना चाहिए। नेहरू जी राज्य को सर्वशक्ति संपन्न बनाने वाले समाजवाद के खिलाफ थे। वह केंद्रीकरण नहीं बल्कि विकेंद्रीकरण के पक्षपाती थे। उनका मानना था कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक उपाय से ही जगत में उन्नति हो सकती है। लोकतांत्रिक उपाय के अतिरिक्त अन्य कोई उपाय अपनाया गया तो वह विनाशकारी सिद्ध होगा। उनका कहना था कि संसार की और भारत की समस्याओं का समाधान केवल समाजवाद द्वारा ही संभव दिखाई पड़ता है। वह पश्चात ढंग का समाजवाद नहीं लाना चाहते थे, बल्कि उसे भारतीय परिस्थितियों के अनुसार डालना चाहते थे। हालाकि वे गांधी जी के समान नेहरू जी स्वशासी ग्रामों का शासन नहीं चाहते थे। वह ग्रामीण सभ्यता को पिछड़ापन कहते थे और विश्व की दृष्टि में वे भारत को पिछड़ा देश कहलाने को तैयार न थे।

नेहरू जी यद्यपि नागरिक सभ्यता के प्रशंसक थे पर ग्रामीण जनसंख्या को नहीं भूलते थे। बड़े पैमाने पर उद्योगों के पक्ष में रहते हुए भी वह कुटीर उद्योगों की अपेक्षा नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कुटीर उद्योगों के राष्ट्रीय संरक्षण पर भी पर्याप्त बल दिया। उनका कहना था कि देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था में विशाल और लघु उद्योगों के समन्वय करने की बड़ी आवश्यकता है।

पंडित नेहरू यद्यपि देश का औद्योगिकरण चाहते थे, परंतु कृषि की भी अपेक्षा नहीं करना चाहते थे। उनका विश्वास था कि भारत औद्योगिक प्रगति तभी कर सकता है जब वह कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो। यह किसके विकास के लिए वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का परामर्श देते थे। उन्होंने कहा कि कृषि को देश की विस्तृत अर्थव्यवस्था के अनुकूल बनाना है। उनका विचार था कि कृषि का रूप सहकारी होना चाहिए। क्योंकि यही व्यवस्था देश को समाजवाद की ओर ले जाएगी।

**व्यक्ति और राज्य : गांधी और नेहरू**

गांधी जी राज्य विहीन समाज को आदर्श मानते थे, लेकिन क्योंकि व्यवहार में इस आदर्श को पूरी तरह प्राप्त करना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने अमेरिका विचारक थोरो की इस उक्ति को अपनाया कि 'वह सरकार सर्वश्रेष्ठ है जो काम से कम शासन करें।' समाज दार्शनिक दृष्टि से गांधी व्यक्तिवादी थे। गांधी के अनुसार मूल्यों और सट्टा की दृष्टि से व्यक्ति का केंद्रीय महत्व है। राज्य और सरकार अपना अस्तित्व और सत्ता व्यक्तियों से प्राप्त करती हैं। राज्य का उद्देश्य होना चाहिए व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहयोग। राज्य को आम जनता के प्रति सेवा की भावना रखनी चाहिए। कभी भी मलिक जैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए।

गांधी जी के अनुसार आम नागरिकों को यह ध्यान रखना चाहिए कि उनके सहयोग के बिना सरकार एक कदम भी नहीं चल सकती। इसलिए उन्हें सरकार के कल्याणकारी कार्यों को लागू करने में, अच्छे कानून का पालन करने में और राज्य की सुरक्षा करने में पूरा सहयोग करना चाहिए। लेकिन दूसरी ओर अगर राज्य जनता का शोषण करें, उनके विकास में बाधा उत्पन्न करें, तो नागरिकों का यह दायित्व हो जाता है कि वह अपना सहयोग वापस ले लें और नैतिक दबाव एवं अहिंसक असहयोग द्वारा सरकार को सुधरने के लिए बाध्य करें। इस तरह नागरिकों को सहयोग और सहयोग द्वारा सरकार को न्याय के रास्ते पर बनाए रखना चाहिए। गांधी जी के अनुसार सच्चा स्वराज कुछ लोगों द्वारा सत्ता प्राप्त करने से नहीं आएगा बल्कि सभी

लोगों द्वारा सत्ता के दुरुपयोग का प्रतिरोध करने की क्षमता को प्राप्त करने से आएगा।

नेहरू का आदर्श राज्य गांधी के समान ना तो अराजकतावादी था, ना ही मार्क्सवाद के समान वर्ग विहीन और राज्य भिन्न समाज चाहते थे। वे राज्य को वास्तविक एवं लाभकारी संस्था मानते थे। वह राज्य को समाज की बुराइयों को दूर करने का अच्छा साधन मानते थे। वह मानवतावादी थे, पर गांधी जी के समान उनका विश्वास यह ना था कि मानव प्रकृति बुरी नहीं होती, ना ही वे हॉब्स के समान मानव प्रकृति को केवल बुरा ही मानते थे। वे मानते थे मनुष्य में अच्छाई और बुराई दोनों है। वे मनुष्य की हिंसा, घृणा, स्वार्थपरता, लोभ इत्यादि पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य को आवश्यक मानते थे।

गांधी जी पूर्ण अहिंसक थे और राज्य को हिंसा का आधार मानकर इसे त्याज्य समझते थे, पर नेहरू अहिंसा में तो विश्वास करते थे परंतु उसे सिद्धांत रूप में कभी नहीं मानते थे कि राज्य को हिंसावादी मानकर उसे अस्वीकार कर देना चाहिए। उनका कहना था कि राज्य मानव स्वभाव में और समाज में व्याप्त घृणा, स्वार्थपरता,संघर्ष और हिंसा पर नियंत्रण रखता है। राज्य की बाध्यकारी सत्ता के बिना कर वसूल नहीं हो पाएंगे। व्यक्तिगत संपत्ति लुप्त हो जाएगी।

नेहरू जी व्यक्तिवादी सिद्धांत से सहमत न थे कि राज्य को कम से कम हस्तक्षेप करना चाहिए। वह यह मानते थे कि राज्य समाज का पालन पोषण करता है।

उन्होंने सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए समाजवादी व्यवस्था को एक आदर्श व्यवस्था माना है। समाजवाद में राज्य के कार्य व्यापक होते हैं वह अधिक से अधिक कार्य कर समाज का अधिक से अधिक कल्याण करना चाहता है। नेहरू जी अत्यधिक केंद्रीकरण के विरोधी थे। उनका मानना था कि केंद्रीकरण को उस सीमा तक स्वीकार किया जाना चाहिए जहां तक यह व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधक न बने। इसी पृष्ठभूमि में उन्होंने सामुदायिक विकास योजना और पंचायती राज व्यवस्था को लागू कर लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण को प्रोत्साहन भी दिया।

## निष्कर्ष

नेहरूजी, गांधीजी के शिष्य थे। गांधीजी ने भी नेहरू को अपना उत्तराधिकारी भी माना था। दोनों बहुत अच्छे मित्र भी थे। दोनों महापुरुष स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों के विचारों में काफी समानताएं भी थी। दोनों ही साधन और साध्य की पवित्रता पर बल देते थे। दोनों ही अहिंसा को मानते थे। दोनों ही सत्य को ईश्वर का रूप मानते थे। दोनों ही लोकतंत्र के प्रबल समर्थक है।

यद्यपि कि नेहरूजी जीवन में कभी भी महात्मा गांधी के विचारों का विरोध नहीं किया। समानता दोनों के विचारों को एक जैसा भी समझ लिया जाता है, लेकिन उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि दोनों के विचारों में व्यापक अंतर देखने को मिलता है।

जहां गांधीजी स्वायत्त ग्राम स्वराज की संकल्पना को अपना आदर्श मानते हैं, वहीं नेहरूजी लोकतांत्रिक समाजवाद को अपना आदर्श मानते हैं। गांधी जहां ग्राम विकास पर बल देते हैं,वहीं नेहरूजी शहरी विकास को महत्वपूर्ण मानते हैं। गांधीजी ग्रामीण व कुटीर उद्योगों के समर्थक हैं तो नेहरूजी बड़े उद्योगों के समर्थक हैं। गांधी जी जहां शारीरिक श्रम के समर्थक और मशीनीकरण के विरोध के विरोधी हैं वही नेहरूजी देश के औद्योगिक विकास के लिए मशीनीकरण को प्रमुखता देते हैं।

संक्षेप में कहे तो गांधी जी भारतीय समाज व संस्कृति तथा दर्शन को अपना आदर्श मानते हुए भारत में रामराज्य लाना चाहते हैं जबकि नेहरूजी पाश्चात्य दर्शन, विचार व संस्कृति तथा औद्योगीकरण को आदर्श मानते हुए भारत को एक लोकतांत्रिक समाजवादी देश बनाना चाहते हैं।

नेहरूजी देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपने विचार को देश में लागू किया और वर्तमान में नेहरू विकास मॉडल की अनेक कमियां सामने आ गई है जैसे पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन,अति भौतिकवाद, उपभोक्तावाद, व्यक्ति का अमानवीकरण तथा शहरीकरण से उत्पन्न समस्याएं। इसलिए आज गांधी का ग्राम स्वराज काफी प्रासंगिक हो जाता है, क्योंकि यह वर्तमान समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान हो सकता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. गांधी, महात्मा , सत्य के साथ में प्रयोग : एक आत्मकथा 1925
2. गांधी, महात्मा, हिंद स्वराज, 1909
3. नेहरू,जवाहर लाल, भारत की खोज, 1944
4. नेहरू, जवाहर लाल, विश्व इतिहास की झलक, 1934
5. नेहरू, जवाहर लाल,एक आत्मकथा, 1935
6. डॉ वर्मा, वी पी, आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2020
7. डॉ रामेंद्र, समाज और राजनीतिक दर्शन, मोतीलाल बनरासीदास , दिल्ली, 2005
8. डॉ अवस्थी, ए पी, भारतीय राजनीतिक विचारक, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा, 2001

# भारत में अवैध अप्रवासन – एक सामाजिक समस्या

-श्रीमती साजिदा जमाल

(एम.ए.समाजशास्त्र),

शांती नगर, लैलुँगा, रायगड छत्तीसगड

**शोध सारांश**– वर्तमान परिदृश्य में अवैध अप्रवासन की समस्या एक महत्वपूर्ण ज्वलंत समस्या के रूप में है मानव आपसी संघर्ष, विवाद या गरीबी के खतरायुक्त जीवन से एक अच्छे जीवन की खोज करता है जिससे वह एक स्थान से दूसरे को गमन करता है। अल्प विकसित देश होने के कारण रोजी–रोटी के लिए चोरी छिपे भारत आना एक मुख्य कारण था। एक अनुमान के मुताबिक करीब 150 ला ख अवैध नागरिक भारत में अवैध रूप से रह रहे है ये शरणार्थी है या घुसपैठीं। अभी हाल में केवल असम में एन.आर.सी. (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन) का अंतिम मसौदा जारी होने के बाद राज्य में 40 लाख अवैध प्रवासियों का पता चला है। भारत में अवैध अप्रवासन पडोसी देशों के संबंधों को प्रभावित करने वाले कारकों में से एक है।

**शब्द कुंजी**– भारत में अवैध अप्रवासन, भारत में शरणार्थी समस्या

भारत में अवैध अप्रवासन की समस्या सन् 1947 के भारत–पाकिस्तान विभाजन के साथ प्रारंभ होती है। भारत–पाकिस्तान सीमा पर समुचित प्रबंध न होने के कारण एवं तमिलों के अवैध अप्रव. ासन के कारण समस्या बढ़ती चली गई, सन् 1948 से 1952 के समय में वृहद रूप से शरणार्थी को भारतीय सरकार द्वारा वैध मान लिया गया था। अधिकतर शरणार्थियो के आने का मुख्य कारण –

1.भारत के पडोसी देशों में राजनीतिक अस्थिरता ।

2.मुख्यतः हिन्दु परिवारो को युद्व के समय असुरक्षित होने की भावना।

3.शरणार्थियो को भारतीय सीमा में रह रहे रिश्तेदारो और दोस्तो द्वारा आश्रय देना।

4. पडोसी देशों में आर्थिक अस्थिरता ।

सन् 1981 में बांग्लादेश में हिन्दुओं का प्रतिशत कुल आबादी का 12.13% थी जो 2011 में घटकर 8.96% हो गई इसी प्रकार सन् 1931 में पाकिस्तान में हिन्दुओं का प्रतिशत कुल आबादी का 15% थी जो 1998 में घटकर 1.8% हो गई इसका कारण मुस्लिम कट्टरपंथी ज्यादा शक्तिशाली हो गये जो हिन्दुओं को डराते धमकाते थे जिससे असुरक्षा से भारतीय सीमा में अवैध अप्रवासन बढ़ गया। सन् 1990 के बाद शरणार्थी आने का मुख्य कारण आर्थिक था । हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही शरणार्थी भारत आये। कट्टरपंथी मुस्लिम शासन काल सरकार में मुस्लिम कट्टरपंथी ज्यादा शक्तिशाली हो गये जो हिन्दुओ को डराते धमकाते थे जिससे भय एवं असुरक्षा से भारतीय सीमा में अवैध प्रवास बढ़ा कुछ प्रवासियों का आना–जाना लगातार होता रहता था जिससें भारतीय सीमा क्षेत्रों में मकान या सम्पत्ति की खरीददारी भी करते थे। भारत से अवैध अप्रवासन सर्वाधिक बांग्लादेश से हुआ है, भारत–बांग्लादेश के बीच सीमा समझौता शर्ते न होने के कारण अवैध बांग्लादेशी लोग भारत में आते गये। बांग्लादेश कहता रहता है कि भारत में कोई बांग्लादेशी नहीं है, लम्बे समय तक बांग्लादेश चकमा शरणार्थियों की बात को इन्कार करता रहा है। जैसे बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जनरल एम. इरशाद के अगस्त 1983 के कथन से स्पष्ट है कि "हमने अपनी आजादी महानतम बलिदानों से प्राप्त की है, हमारे लोग पूरी शान्ति और मजहबी सन्तुलन में जीते है हम पूरी तरह से सुरक्षित होते हुए अपने लोगों की सारी सुविधाओं की अच्छी व्यवस्था करते हैं। इसलिए यह सवाल कि हमारे लोग दूसरे देश में अवैधानिक तरीकों से प्रवास करते हैं, जैसा कि आरोप है, गलत है इस तरह से शुरू से ही बांग्लादेशी नेता इन्कार करते रहे है । ऑकड़ो के अनुसार पश्चिम बंगाल की सरकार के अनुसार अवैध अप्रवासियों कि सख्या लगभग 4.4 मिलियन की है , जो आज लगभग 5 मिलियन के आस–पास है। असम में 2.2 मिलियन और इसी तरह त्रिपुरा, बिहार, मणिपुर, नागालैण्ड के साथ –साथ पूरे भारत में इनका तेजी से विस्तार हो रहा है, जिनकी पूरी संख्या 15 मिलियन आंकी गई है। केन्द्र सरकार ने 12–18 मिलियन अवैध बांग्लादेशी स्वीकार किया है। यद्यपि सामाजिक और शारीरिक समानता के कारण ये लोग स्थ. ानीय लोगों में आसानी से घुल मिल जाते है, जिससे कि इनके चिन्हीकरण की समस्या उत्पन्न हो जाती है। उसी प्रकार भारत में श्रीलंका से बहुत ज्यादा अप्रवासन हुआ है। सन् 1971 के बाद भारत में बहुत अधिक सख्या में अप्रवासन हुआ, बांग्लादेश से भारत में प्रवासन को हम दो समूहों में बाट सकते हैं जिसमें प्रथम समूह में हिन्दू बांग्लादेशी जो मुख्यतः शरणार्थी के रूप में भारत आये क्योंकि मुस्लिम कट्टरपंथी हिन्दुओं को डराते धमकाते थे जिससे असुरक्षा से भारतीय सीमा में अवैध प्रवास हुआ द्वितीय समूह में वे मुस्लिम शरणार्थी जो अपने आर्थिक आवश्यकता हेतु अप्रवासन का सहारा लेते है।

भारतीय सीमा में अवैध प्रवास हिन्दू और मुस्लिम बांग्लादेशी दोनों का हुआ और सभी सरकारो ने दोनों समुदाय के लोगो को प्रवासी माना है पर इस सम्बन्ध में हिन्दु राष्ट्रवादी दल यह बताते है कि कौन शरणार्थी और कौन घुसपैठी, राष्ट्रवादी धर्म एवं जाति के आधार पर घ ुसपैठी और शरणार्थी में भेद करते हैं एक सामान्य दृष्टि से देखा जाये तो यह स्पष्ट है ये दोनों ही घुसपैठी है पर राष्ट्रवादी हिन्दू बांग्लादेशी को शरणार्थी एवं मुस्लिम बांग्लादेशी को घुसपैठी बताते आये हैं। सन् 1990 के बाद राष्ट्रवादी का चेहरा बनी भारतीय जनता पार्टी इन मुस्लिम प्रवासियों को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताकर इन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की बात करती रही है और अन्य राजनीतिक दल जैसे टी.एम.सी. कांग्रेस मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी आदि पर यह आरोप लगाती रही है कि ये इनका इस्तेमाल वोट बैक के रूप मे कर रहे है और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजने के प्रश्न पर मौन है। राष्ट्रवादी पार्टी मुस्लिम बांग्लादेशियों पर यह आरोप लगाती है कि ये पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा आदि सीमावर्ती राज्यों में जनसांख्यिकी असमानता पैदा कर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो का निर्माण कर रहे है और इस काम के लिए आई. एस. आई. भी मदद कर रही है और ये बंगाल का एक और विभाजन हेतु पृष्ठभूमि तैयार कर रहे हैं। इसी प्रकार श्रीलंका से बहुत अधिक संख्या में तमिलों का अप्रवासन हुआ है जिसे डी.एम.के. और ए. आई.डी.एम.के. का समर्थन प्राप्त है। सन् 1971 में जब बांग्लादेश का निर्माण हुआ और लाखो बांग्लादेशी अप्रवासी एवं तमिल भारत में आकर बस गये हालाकि भारत सरकार ने कुछ अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने का प्रयास किया लेकिन इनकी बढ़ी संख्या और दोनों देशों के बीच खुला बार्डर पर्याप्त चौकसी का अभाव, सरकार के प्रयास को नाकाम कर दिया। केन्द्र सरकार ने असम के पूर्व राज्यपाल अजय सिहं की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जिसकी रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया कि हर दिन लगभग 6 हजार बांग्लादेशी देश में घुसपैठ कर रहे है दूसरी तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा कि पिछली जनगणना में बांग्लादेश से 1 करोड लोग गायब हो गये है। इस तरह ये रिपोर्ट यह बताती है कि बांग्लादेश और श्रीलंका से भारत कि ओर लगातार घुसपैठ हो रहे है। 19 जुलाई 2016 को राजनाथ सिहं ने नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 पेश किया जो बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से आने वाले हिन्दु, सिख, जैन, फारसी, ईसाई लोगों को अवैध प्रवासी नही माना जायेगा इसका अर्थ यह हुआ

कि बांग्लादेशियो को नागरिकता प्रदान कि जायेगी इसका विरोध आल असम स्टुडेंट युनियन (आसु) कर रहा है उसने केन्द्र सरकार पर हिन्दू घुसपैठियों को मान्यता देने का विरोध कर रहा है उसका कहना है कि चाहे हिन्दू हो या मुस्लिम जितने घुसपैठी है सब को बाहर निकाला जाय। इस प्रकार बांग्लादेश से आये प्रवासियों को अपने अनुसार शरणार्थी या घुसपैठी शब्द का प्रयोग होता रहा है।

शरणार्थियों का भारत आना, जिसे अवैधानिक अप्रवास में काफी हद तक समानता दिखती है । कानून के अभाव में शरणार्थियो और अवैध अप्रवासियों में अंतर कर पाना काफी मुश्किल है। ऐसे लोग जो बांग्लादेश से भागकर भारत में आश्रय तलाशते हैं, वो बांग्लादेशी और चकमा शरणार्थी के रूप में जाने जाते है। चकमा चिटगांव जिले के पहाडी आदिवासी हैं। भारत–पाक विभाजन के समय यह क्षेत्र पाकिस्तान के हिस्से में आ गया था । बांग्लादेश की स्वतंत्रता के साथ जब वहॉ आर्थिक समस्यायें बढी , तो यह चकमा आदिवासी क्षेत्र के शोषण का शिकार हो गया । इस क्षेत्र के चकमा आदिवासियों के शोषण के कारण वे मजबूर होकर भारत की सीमा में प्रवेश मणिपुर और त्रिपुरा राज्यों में इन चकमा आदिवासियों की सं ख्या लगभग 56,000 तक पहुंच गयी । चिटगांव पहाडी समस्या बं. टवारे की वैधानिकता की समस्या के साथ–साथ भाषायी ,धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक रूप में भी जानी जाती है। भारत एवं बांग्लादेश के बीच सम्बन्धों में एक मुख्य विवाद चकमा शरणार्थियो का रहा है। चकमा शरणार्थी विगत सैकड़ो वर्षो से चिटगांव पहाडी पर रहते आये है, जहां पर उनकी एक अलग भाषायी और सांस्कृतिक पहचान है ।

सन् 1964 में चकमा शरणार्थी एक बडी संख्या में पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में आकर बसे हुए हैं । ये चकमा शरणार्थी अस्थायी तौर पर बसेरा करने आये थे उस समय यहॉ के स्थानीय लोगो की धारणा थी कि कुछ समय बाद ये लोग वापस चले जायेंगे , परन्तु इनकी वापसी की संभावनाये समाप्त हो गयी। वास्तव में देखा जाये, तो बांग्लादेश के सेना शासको का मानना था कि बहुत अधिक संख्या में मुस्लिमों को स्थानान्तरित करके चिटगांव पहाडी को मुस्लिम बहुल क्षेत्र बना दिया जाये, ऐसी स्थिति में चकमा जनजाति शरणार्थियो को रणनीति के अन्तर्गत त्रिपुरा तथा मिजोरम में प्रवेश करा दिया जाये। यहॉ तक की प्रारंभ से ही चिटगांव पहाडी क्षेत्र के विस्तार तथा विकास से भारत जुडा रहा है। नियमित अन्तराल पर चकमा शरणार्थी उत्तर–पूर्वी भारत की तरफ गतिशील रहे है। परिणामस्वरूप 1971 में बांग्लादेश के निर्माण से ही अस्थायी शरण दिया जाता रहा है। इन शरणार्थियो की वजह से त्रिपुरा की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति असंतुलित हो गयी है वर्ष 1964 में त्रिपुरा में चकमा शरणार्थियों के मात्र 57 परिवार आये थे। इस समय इनकी संख्या पचास हजार के ऊपर हो गयी है । इस प्रकार इन शरणार्थियो की पत्र संख्या उस क्षेत्र के मूल निवासियो के समकक्ष हो गयी है इससे स्थानीय जनजाति अल्पसंख्यक की स्थिति में पहुंच गयी है यद्यपि नई दिल्ली भारत में स्थायी निवास को हमेशा मना करती रही है। चकमा शरणार्थियों को स्वायत्तता की मांग का भारत हमेशा समर्थन करता रहा है, इनके भविष्य के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. नरसिमहाराव ने कहा था कि इन शरणार्थियो को , जो चिटगांव पहाडी क्षेत्र से आये है , उन्हे वापस जाना ही होगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया ने शीघ्रता से यह आश्वासन दिया था कि शरणार्थियो को पूरी सुरक्षा की भावना से वापस जाने का उचित वातावरण पैदा किया जायेगा। इसी क्रम में सन् 1994 में भारत–बांग्लादेश वार्ता के परिणामस्वरूप त्रिपुरा से चकमा शरणार्थियो का चिटगांव पर्वतीय क्षेत्र में वापस भेजना तय हुआ । अगस्त, 1994 तक 5200 शरणार्थी भेजे जा चुके थे । शेष 50,000 शरणार्थियो के प्रश्न पर 1996 के अंत तक बात चल रही थी ,उनमें से अधिकांश शरणार्थी के शिविरों में वापसी की प्रतीक्षा कर रहे है । यद्यपि कि वापसी केवल स्वेच्छा के आधार पर थी । दिसम्बर 1997 में चिटगांव पहाडी क्षेत्र में शांति अभियान राजनीतिक अधिवास की ओर भारत की तरफ से शांति वाहिनी के माध्यम से बांग्लादेश पर दबाव बनाया गया। 2 दिसमबर , 1997 में शान्ति अभियान के निष्कर्ष स्वरूप बांग्लादेशी सरकार और चकमा नेतृत्व के बीच सम्पन्न हुआ , जिसमें यह आशा बांधी गई कि त्रिपुरा के शरणार्थी कैम्पों में रह रहे लगभग 50 हजार शरणार्थी अप. ने घर वापस लौट सकेंगें । जिससे यह समस्या तो कम हुयी , लेकिन पूर्णयता समाप्त नहीं हुयी। समय–समय पर चिटगांव पहाडी क्षेत्र में सामाजिक तनाव चकमा शरणार्थियों का उत्तर–पूर्व भारत की ओर रूझान प्रदान कर देता था। 1997 में शांति स्थापना ने चिटगांव पहाडी क्षेत्र की ओर चकमा शरणार्थियों की वापसी मार्ग प्रशस्त किया , जो 80 के दशक से भारत की ओर पलायन कर रहे थे।

यह समस्या निश्चित रूप से भारत–बांग्लादेश एवं भारत–श्रीलंका के मध्य एक महत्वपूर्ण समस्या रही है। अतः दोनों देशों को सही मन से अवैध अप्रवासन की समस्याओं का वास्तविक हल ढूंढना होगा, ताकि दोनों देशों के बीच बढते तनावों को कम किया जा सके, क्योकि यह व्यापक रूप से अप्रमाणिक शरणार्थी समस्या हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक समरसता और आर्थिक समानता के लिये एक गंभीर खतरा है। अवैध प्रवासियों ने देश की आंतरिक सुरक्षा पर प्रत्य क्ष रूप से खतरा उत्पन्न करने के साथ–साथ भारत के पूर्वोत्तर में सामाजिक निर्माण पर भी असर डाला है।

## REFERENCE .


Gujral , I.K., *A Foreign Policy for India : External Publicity Division* . Ministry of External Affairs , Government of India , New Delhi, 1998.

Hazarika , Sanjay . *Rites of Passage : Border Crossings . India ̦s East and Bangladesh* . New Delhi : Penguin Books , 2000.

Ghosh , Partha . *Migrants and Refugees in South Asia : Political and Security Dimensions*. Shillong : North – Eastern Hill University Publications, 2011.

Ray , Jayanta Kumar & Mamoon , Muntassir . *India – Bangladesh Relations Current : Perspectives* . New Delhi : Knowledge World Publication (Pvt) Ltd, 2011.

Singh , K. Deepak . *Stateless In South Asia The Chakmas between Bangladesh and India.* New Delhi : Sage Publications, 2010.

Shamshad,Rizwana. *Bangladeshi Migrants in India.* . New Delhi : Oxford University Press , 2017.

दत्त, बी.पी. *बदलती दुनियां में भारत की विदेश नीति,* नई दिल्ली : दिल्ली विश्वविद्यालय 2011,

पाण्डे ,संजय. कुशवाहा मोनू एवं कुमार अक्षय.*भारत – बांग्लादेश संबंध,* नई दिल्ली : मोहित पब्लिकेशन 2016,


************

# भारतीय समाज में डॉ.भीमराव अम्बेडकर का योगदान (राजनीतिक एवं आर्थिक विचारों के विशेष

डॉ.हरिचरण अहिरवार
सहायक प्राध्यापक
राजनीति विज्ञान शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी मध्य प्रदेश

डॉ. कृष्ण बिहारी रॉय
सहायक प्राध्यापक (हिंदी)
राजनीति विज्ञान शासकीय कन्या महाविद्यालय

**सारांशः—**

भीमराव अम्बेडकर एक महान विचारक, तेजस्वी वक्ता और दलितों के मसीहा थे। अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल , 1891 को मध्यप्रदेश के नगर इंदौर में महू के पास छावनी में हुआ था। अम्बेडकर जी ने सम्पूर्ण जीवन भर समाज में जातिवाद के उन्मूलन के लिए प्रयास किया था। अम्बेडकर ने समाज में जातिवाद व छूआछूत को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रयास किया था। सार्वजनिक स्थानों में निम्न जाति के साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करना चाहता था। धर्म के आधार पर किऐ जाने वाले भेदभाव को मिटाने के लिए हिन्दू कोड बिल को पारित करवाया था। अम्बेडकर ने समाज में स्त्रियों की स्वतंत्रता का समर्थन करते हुऐ स्त्री शिक्षा पर बल दिया। इनके अनुसार शिक्षा के माध्यम से ही लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन सकते है।

**मुख्य शब्दः**—स्वतंत्रता, समानता, शोषण,दलितोद्धार एवं वर्ण व्यवस्था।

**प्रस्तावना :—**

अम्बेडकर ने जीवन भर जातिवाद के उन्मूलन के लिए प्रयास किये है। उन्होंने समाज में समानता व स्व. तंत्रता के लिए प्रयास किऐ है। अम्बेडकर ने निम्न जाति के उत्थान के लिए कांग्रेस में महात्मा गाँधी से मतभेद उत्पन्न हो गये थे। जून 1945 में अम्बेडकर ने 'कांग्रेस और गाँधीजी' नामक लेख में दलितों के दृष्टिकोण से गाँधीजी व गाँधीवाद की कटु आलोचना की थी। सन् 1946 में अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक 'शुद्र कौन है' प्रकाशित की थी। सत्यशोधक समाज के माध्यम से निम्नवर्ग को उच्च वर्ग द्वारा उन पर किये गऐ शोषण के प्रति जागरूक किया। कानून मंत्री के रुप में उनका सबसे बड़ा कार्य हिन्दू कोड बिल था। इस कानून का उद्देश्य हिन्दूओ के सामाजिक जीवन में सुधार लाना था। स्त्रियों के लिए तलाक व्यवस्था में सुधार और संपत्ति में सुधार करके हिस्सा प्रदान करना था। अम्बेडकर अपने जीवन में महात्माबुद्ध, कबीर व ज्योतिबाफूले के विचारों से प्रभावित थे। अम्बेडकर की कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारत के अदंर समाज में मानवधिकारों के लिए किऐ गऐ संघर्षों व सुधारों की सराहना की गई थी।

अम्बेडकर को अपने लंबे जीवन अनुभव से इस पर विश्वास हो गया था कि हिन्दू धर्म में रहकर न तो छुआछूत का निवारण हो सकता है और न अस्पृश्य जातियों का उत्थान इसलिए उन्होंने हिन्दू धर्म को त्यागने का विचार बना लिया था।

अछूत के रूप में समाज में दलितों का अस्तित्व भारत के समाज की चरम विकृति का द्योतक है। भारतीय समाज के इस वर्ग को उनकी उल्लेखनीय संख्या, विश्वव्यापी फैलाव और उपयोगी कार्यकुशलता के बावजूद कब और कैसे देश की मुख्य धारा से अलग कर उन्हें दलित अन्त्यज, अवर्ण अथवा पंचम वर्ण के रूप में दासतापूर्ण जीवन जीने के लिए बाध्य किया गया, इसके बारे में निश्चित रूप से कुछ भी कह पाना कठिन है, किन्तु एक बात निश्चित रूप से सही है कि चर्मकार, महार, भंगी एवं पेरियार आदि नामों से पहचाने जाने वाले ये लोग अपनी स्वयं की इच्छा से तो समाज की परिधि से बाहर रहने के लिए नहीं गए होंगे। सच्चाई यह लगती है कि इन लोगों को समाज से बाहर धकेल कर वहाँ पहुंचाने वाले लोग वे ही होंगे, जिन्होंने इनके अधिकारों को छीनकर अपने अधिकारों में वृद्धि की होगी तथा धर्म शास्त्र, शस्त्र और संपत्ति के बल पर इस दलित समाज को सदियों पूर्व अपने

समस्त मानवीय अधिकारों से वंचित एवं बेदखल कर दिया। प्रस्तुत आलेख में दलितों की स्थिति सुधारने के लिए डॉ. अम्बेडकर के योगदान को रेखांकित किया गया है।

भारत में सामाजिक न्याय की स्थापना, अस्पृश्यता उन्मूलन एवं दलितोद्धार के लिए किये गये संघर्ष के इतिहास का अध्याय डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के उल्लेख के बिना अधूरा ही माना जा सकता है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक क्रांतिकारी विद्रोही थे, जिन्होंने दलितों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय दिलवाने के लिए संघर्ष किया। वर्तमान युग में न्यायपूर्ण समाज की संरचना के लिए भारत में जिन समाज–सुधारकों ने कार्य किया है, उनमें से अधिकांश को इस कार्य के लिए किसी न किसी की प्रेरणा या सहानुभूति मिली थी। केवल डॉ. अम्बेडकर ही ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने यह कार्य अपनी स्वयं की प्रेरणा से किया था।

## शोध–पत्र के उद्देश्यः–

प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के समाज सुधार एवं दलितोद्धार, सामाजिक, दार्शनिक और शैक्षिक विचारों के अध्ययन को परिभाषित करना है। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के भारतीय समाज के प्रति विचारों में उनकी क्या धारण थी, इसका अध्ययन करना, दलितों का उद्धार, उनका सामाजिक विकास एवं शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण का अध्ययन करना तथा दार्शनिक विचारों का अध्ययन करना है।

प्रस्तुत शोध–पत्र से निम्न उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा –

- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के समाज सुधार सम्बन्धी अवदान तथा दलित समाज पर उनके प्रभावों का अन्वेषण करना।
- डॉ0 अम्बेडकर के समाज सुधार एवं राजनैतिक चिंतन का स्वतंत्र भारत की राजनैतिक व्यवस्था पर प्रभावों का विश्लेषणात्मक विचार करना।
- दलित योजनाओं के क्रियान्वयन का आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन में पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
- प्राप्त जानकारी के आधार पर दलित वर्गों के उत्थान हेतु संचालित नई योजनाओं/ गतिविधियों से अवगत कराना।

**प्रस्तुत शोध–पत्र निम्न बिन्दुओं के अन्वेषण एवं विश्लेषण पर आधारित है –**

- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के भारतीय समाज के प्रति सुध ाार के कारण दलितों की पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति में क्या सुधार हुआ है।
- डॉ. बी. आर. अम्बेडकर के विचारों का दलितों की सामाजिक आर्थिक राजनैतिक उत्थान एवं सामाजिक परिवर्तन पर क्या प्रभाव पड़ा।
- डॉ. अम्बेडकर के विचार भारतीय समाज सुधार एवं दलितोद्धार की समसामयिक समस्याओं पर उनके दृ ष्टिकोण कई मायनों में निम्न प्रकार से भिन्न है।
- बदलते समय के अनुरूप समाज में नई जागरूकता तैयार करने एवं दलितोद्धार में डॉ. अम्बेडकर के विचार कितने प्रासंगिक और समीचीन है।

## शोध–पत्र की शोध प्रविधिः–

प्रस्तुत शोध–पत्र की प्रविधि का आशय उन सुव्यवस्थित तरीकों, विधियों से है जिनके द्वारा अध्ययन विषय से संबंधित विश्वसनीय एवं यथार्थ तथ्यों का संकलन करता है तथा उन्हें व्यवस्थित करता है। शोध–पत्र को पूरा करने के लिए उपलब्ध समस्त सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया जाएगा। शोध–पत्र से संबंधित सूचनाओं को संग्रहित करने के लिए द्वितीयक समंक शासकीय एवं अशासकीय

प्रकाशनों, पत्र–पत्रिकाएँ, जर्नल्स, एवं दैनिक समाचार पत्रों का अध्ययन कर जुटाए जाएंगे। समंको का वर्गीकरण सारणीयन एवं विश्लेषण सांख्यिकीय विधियों द्वारा किया जाएगा तथा प्राप्त परिणाम को वास्तविकता से मिलान किया जाकर विसंगति का पता लगाया जाएगा। शोध–पत्र हेतु क्षेत्र अध्ययन एवं सविचार निदर्शन विधियों का समुचित प्रयोग किया जाएगा, जो शोध–पत्र को मौलिकता प्रदान करेगा एवं प्रत्याशित निष्कर्ष को प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**डॉ. भीमराव अम्बेड़कर एवं दलितोद्धार :–**

अछूत परिवार में जन्म लेने के कारण सामाजिक भेदभाव, अपमान व तिरस्कार की जो पीड़ा डॉ. अम्बेडकर ने झेली, वैसी पीड़ा किसी अन्य को नही झेलनी पड़ी थी। इस कारण सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, विशेष रूप से दलितों के उद्धार के लिए संघर्ष को डॉ. अम्बेडकर ने अपने जीवन का उद्देश्य घोषित किया। उन्होंने कहा जिस दलित जाति में मैं पैदा हुआ हूँ, उसे मुक्ति दिलाना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है और यदि मैं इस उद्देश्य की पूर्ति नही कर सका तो गोली मारकर अपना जीवन समाप्त कर लूंगा।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का यह कथन सामाजिक न्याय के विरुद्ध संघर्ष के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना को प्रदर्शित करता है। डॉ. अम्बेडकर का दलित मुक्ति मार्ग

डॉ अम्बेडकर सवर्णों के हृदय–परिवर्तन और सामाजिक सुधार संबंधी महात्मा गांधी के कार्यक्रमों पर विश्वास नही करते थे। वे लम्बे समय तक दलितों की मुक्ति के लिए इन्तजार करने के पक्ष में भी नहीं थे। उनका विश्वास था कि स्वतंत्रता और समानता संबंधी जो अधिकार दलितों से अतीत में छीन लिये गये थे, उनको पुनः प्राप्त करना भीख मांगने से नही, अपितु कठोर संघर्ष करने से ही हो सकता है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए डॉ. अम्बेडकर ने संघर्ष का मार्ग चुना। दलितों में अपने अधिकारों के प्रति जागृति पैदा करने के लिए उन्होंने 1920 में ''मूक नायक'' और 1927 में बहिष्कृत भारत पाक्षिक समाचार पत्रों के प्रकाशन की पहल की। 1927 से 1930 के बीच उन्होंने दलितों को सार्वजनिक स्थानों के उपयोग के अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। इन संघर्षों में चवदार तालाब से पानी लेने संबंधी श्महाड सत्याग्रह सहित अम्बादेवी ठाकुर द्वारा गणपति प्रांगण तथा कालाराम मन्दिरों में प्रवेश के लिए किये गये आन्दोलन मुख्य है।

**डॉ. अम्बेडकर और हिन्दू धर्म :–**

हिन्दू धर्म में सुधार लाने से दलितों को सामाजिक न्याय मिल सकेगा, इस बात पर डॉ. अम्बेडकर को विश्वास नहीं था। उनका कहना था कि इतिहास इस बात का साक्षी है कि अतीत में महात्माओं ने तेज आंधी की तरह केवल धूल उड़ायी है, उनके द्वारा असमानता वाले स्तरों में समानता नहीं लाई जा सकी। उन्होंने बताया कि भारत में ऐसे अनेक महात्मा हुए हैं जिनका एकमात्र उद्देश्य अस्पृश्यता निवारण और दनिती की स्थिति को समृद्ध करना और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाना था, किन्तु उनमें से प्रत्येक अपने उद्देश्य में असफल रहा। महात्मा आये और चले गये किन्तु अछूत, अछूत ही बने रहे। दलितों से उनका कहना था कि तुलसी की माला जपने अथवा राम भजन करने से कर्ज कम नहीं होता और न ही इससे लगान में कटौती होती है। तीर्थ करने से मासिक वेतन नहीं मिला करता।

**दलितोद्धार संतों द्वारा संभव नहीं :–**

डॉ. अम्बेडकर का मानना था कि समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना का काम सन्तों के बूते का नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सन्तों ने कभी जाति–प्रथा अथवा अस्पृश्यता के विरुद्ध अभियान नही छेड़ा। इस दुनिया में क्या होता है, विभिन्न समूहों की क्या स्थिति

है और उनके इस लोक में क्या संघर्ष हैं, इन बातों की सन्तों को चिन्ता नही थी। उनकी चिन्ता थी. आत्मा और परमात्मा के बीच सम्बन्ध। सन्तों ने कभी यह नहीं कहा कि सभी मनुष्य समान है। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य ईश्वर की नजरों में समान हैं। यह बहुत भिन्न तथा हानिप्रद प्रस्थापना है। इस बात का उपदेश देना कठिन नहीं है। सन्तों ने कभी जाति को नष्ट करने की, इस दुनिया से ऊँच–नीच के भेद को समाप्त करने की बात नहीं कही।

**डॉ. अम्बेडकर का शिक्षा के प्रति रुझान :–**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलितों में शिक्षा के प्रचार–प्रसार को बहुत ज्यादा महत्व देते थे। दलितों में शिक्षा के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से उन्होंने 1024 में ''बहिष्कृत हितकारिणी सभा'' 1928 में, डिप्रेस्ड क्लास एज्यूकेशन सोसाइटी तथा 1944 में, ''पीपुल्स एज्यूकेशन सोसायटी की स्थापना की। डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि से शिक्षा दलितों के उद्धार का सशक्त माध्यम है। डॉ. अम्बेडकर ने ''पीपुल्स एज्यूकेशन सोसायटी'' के अन्तर्गत मुम्बई में 1946 में सिद्धार्थ कॉलेज तथा 1951 में औरंगाबाद में मिलिंद कॉलेज की स्थापना की। डॉ. अम्बेडकर का कहना था कि दलित लोगों के गुलाम होने का कारण यही था कि इन लोगों के पास ज्ञान नही था और न शक्ति थी। उनकी दृष्टि में शिक्षा की शक्ति ही एक मात्र माध्यम थी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा लोगों को राजनीतिक दृष्टि से जागरूक बनाने तथा अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, किन्तु शिक्षा के लिए एक राजनीतिक मंच तथा कुशल नेतृत्व की आवश्यकता होती है।

**डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के राजनीतिक विचारः–**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का विचार था कि दलित तब तक न्यायपूर्ण अधिकारों की प्राप्ति और अपने हितों की रक्षा नही कर सकते जब तक कि राजनीतिक शक्ति पर उनका अधिकार नहीं होता, क्योंकि अपनी निर्धन स्थिति के कारण आर्थिक शक्ति पर अधिकार कर पाना उनके लिए सम्भव नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी उल्लेखनीय संख्या के कारण ये लोग राजनीतिक शक्ति प्राप्त कर सकते हैं। राजनीतिक शक्ति पर अधिकार हो जाने से इस वर्ग के लिए आर्थिक व सामाजिक हितों की रक्षा करना कठिन नही होगा। दलित वर्गों में राजनीतिक जागृति लाने की दृष्टि से डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने ''आल इण्डिया शिड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन'' की 1942 में स्थापना की। उन्होंने 1927 में ''समता सैनिक दल'' का गठन किया और इस संगठन के झ्राण्डे के नीचे उन्होंने दलितों को संगठिन किया। दलितों के राजनीतिक धरातल के विस्तार के उद्देश्य से डॉ अम्बेडकर ने दलितों एवं श्रमिकों को एक संयुक्त राजनीतिक इकाई के रूप में संगठित करने का प्रयास किया और 1936 में ''इडिपेंडेन्ट लेबर पार्टी'' के नाम से एक नया राजनीतिक दल गठित किया। आगे चलकर डॉ. अम्बेडकर के अनुयायियों ने उनकी मृत्यु के बाद उनके निर्देश पर ''भारतीय रिपब्लिकन पार्टी'' के झण्डे तले अपना राजनीतिक मोर्चा संभाला।

दलितोद्धार के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के विरुद्ध महात्मा गांधी का आमरण अनशन साउथबरो समिति और साइमन कमीशन के सामने मुंबई लेजिस्लेटिव कॉसिल, गोल. मेज सम्मेलन एवं संविधान सभा में जब कभी डॉ अम्बेडकर को बोलने का अवसर मिला, उन्होंने दलित वर्ग के पक्ष को पूरे सशक्त एवं तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया। उनकी पहल पर जब अंग्रेजी सरकार ने दलितों को अलग से प्रतिनिधित्व देने की घोषणा की तो महात्मा गांधी ने इसके विरुद्ध आमरण अनशन शुरू कर दिया। महात्मा गांधी के अनशन पर होने वाली राष्ट्रीय प्रतिक्रिया को देखते हुए डॉ अम्बेडकर ने पूना की यरवदा जेल में महात्मा गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में डॉ. अम्बेडकर, महात्मा गांधी एवं कांग्रेस के

प्रतिनिधियों के बीच 1932 में एक समझौता हुआ, जिसे पूना पेक्ट कहा जाता है।

इस समझौते के परिणामस्वरूप डॉ अम्बेडकर ने पृथक प्रतिनिधित्व की मांग सोड़ दी तथा कांग्रेस ने विध. ानमण्डलों में दलित वर्ग के लिए आरक्षण व अन्य सुविधाएँ देने में अत्याधिक उदारता का परिचय दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सामाजिक न्याय के क्षेत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान की चर्चा करते समय उनके इस क्षेत्र में दिये गये वैधानिक एवं संवैधानिक योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। 1942 से 1946 तक ब्रिटिश भारत की वायसराय की कौंसिल के लेबर मैम्बर के रूप में डॉ. अम्बेडकर ने महिला श्रमिकों व पुरुष श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए उस समय के श्रम नियमों में संशोधन किये और उनको सुरक्षा प्रदान करने व उनके कल्याण के लिए कई योजनायें बनायी थी।

श्रमिकों में निम्न व पिछड़ी जातियों की बहुतायत होने के कारण श्रमिकों को मिलने वाले लाभ से इन जातियों के लोगों को लाभ मिला ही, अन्य जातियों के गरीब श्रमिकों को भी भारी लाभ हुआ। इसी बीच उन्होंने ब्रिटिश सरकार से दलित वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति तथा सरकारी सेवाओं में आरक्षण का प्रावधान भी करवाया। संविधान सभा में संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महिलाओं, अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों एवं श्रमिकों को न्याय दिलवाने की दृष्टि से संविधान में अनेक प्रावधान किये। भारत के कानून मंत्री के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हिन्दू कोड बिल की संरचना की जो हिन्दू महिलाओं की मुक्ति व हिन्दू समाज के संबंध में उनका ऐतिहासिक योगदान है।

**डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के आर्थिक विचारः—**

अर्थशास्त्री के रूप में डॉ. अम्बेडकर के योगदान की ओर बहुत कम विद्वानों का ध्यान गया है. प्रायः लोग उन्हें संविध ाान निर्माता के रूप में जानते हैं. यह भी जानते हैं कि दलितों के उद्धार के लिए उन्होंने अनथक संघर्ष किया। उसके लिए अनेक समकालीन नेताओं की आलोचनाएं सहीं। वे अपने समय के सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मगर विवादित नेताओं में रहे। उनकी विद्वता विरोधियों को पस्त करने वाली थी। वस्तुतः राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान इतना महान एवं युगांतरकारी है कि उनके जीवन के बाकी पहलुओं तक लोगों की नजर जा ही नहीं पाती। यहां तक कि दलित विद्वानों का लेखन भी उनके सामाजिक—राजनीतिक क्षेत्रों में योगदान तक सिमटा रहा है। अर्थशास्त्री के रूप में अंबेडकर के योगदान को केवल एक लेख या लेखांश से आंकना असंभव है. अपने एक व्याख्यान में प्रख्यात अर्थशास्त्री श्रीनिवास अंबीराजन ने अर्थशास्त्र के क्षेत्र से राजनीति और कानून के क्षेत्र में अंतरण को अर्थशास्त्र की भारी क्षति बताया था। उनके अनुसार अगर वे राजनीति और समाज सुधार के क्षेत्र में नहीं आते तो दुनिया—भर में दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में स्थान पाते। इस बात में काफी सचाई भी है। 1947 आते—आते राजनीतिक क्षेत्र में उनकी व्यस्तता काफी बढ़ चुकी थी। लेकिन उन दिनों भी उनका मन अर्थशास्त्र के क्षेत्र में छूटे हुए काम को आगे बढ़ाने का था। उसी वर्ष 'प्रॉब्लम ऑफ रुपी' के संशोधि ात संस्करण की भूमिका में उन्होंने अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 1923 के बाद हुए बदलावों को लेकर पुस्तक का दूसरा खंड यथाशीघ्र तैयार करने का आश्वासन दिया था। मगर आजादी के बाद राजनीतिक जिम्मेदारियां बढ़ने की वजह से वे छूटे हुए कार्य को पूरा नहीं कर सके।

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अम्बेड़कर के योगदान की चर्चा करने से पहले इस विषय में उनकी प्रतिष्ठा को दर्शाने वाली एक और घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। 1930 का दशक पूरे विश्व बाजार में भीषण मंदी लेकर आया था। ब्रिटिश सरकार के सामने भी गंभीर चुनौतियां थीं, खासकर उपनिवेशों में जहां आजादी की मांग जोड़ पकड़ती जा रही थी, वहां

औपनिवेशिक सरकार की पकड़ को बनाए रखने के लिए स्थानीय समस्याओं का समाधान आवश्यक था। समस्याओं के मूल में कुछ वैश्विक मंदी का हाथ था और कुछ स्थ. ानीय रोजगारों के उजड़ जाने से उत्पन्न मंदी का। इसलिए अगस्त 1925 में ब्रिटिश सरकार ने भारत की मुद्रा प्रणाली का अध्ययन करने के लिए 'रॉयल कमीशन ऑन इंडियन करेंसी एंड फाइनेंस' का गठन किया था। इस आयोग की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जिन 40 विद्वानों को आमंत्रित किया गया था, उनमें अम्बेड़कर भी थे। वे जब आयोग के समक्ष उपस्थित हुए तो वहां मौजूद प्रत्येक सदस्य के हाथों में उनकी लिखी पुस्तक 'इवोल्यूशन ऑफ पब्लिक फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया' की प्रतियां थीं। बात यहीं खत्म नहीं होती। उस आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1926 में प्रकाशित की थी। उसकी अनुशंसाओं के आधार पर कुछ वर्षों बाद 'भारतीय रिजर्व बैंक' की स्थापना हुई। इस बैंक की अभिकल्पना नियमानुदेश, कार्यशैली और रूपरेखा अम्बेड़कर की शोध पुस्तक 'प्राब्लम ऑफ रुपया' पर आधारित है। उस समय तक उनका मुख्य लेखन अर्थशास्त्र जैसे गंभीर विषय को लेकर ही था। मात्र 27 वर्ष की उम्र में उन्हें मुंबई के एक कॉलिज में राजनीतिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर की नौकरी मिल चुकी थी. अध्यापन के अलावा वे विषय से संबंधित सैकड़ों लेख और व्याख्यान दे चुके थे। एक सभा में विद्यार्थियों के बीच पढ़े गए उनके लेख 'रेस्पांसिबिल्टी ऑफ रेसपांसिबिल गवर्नमेंट' की प्रशंसा उस समय के महान राजनीतिक विज्ञानी, चिंतक हेराल्ड लॉस्की ने भी की थी। लॉस्की का कहना था कि 'लेख में आए अम्बेड़कर के विचार क्रांतिकारी स्वरूप' के हैं।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक व्यवस्था संबंधी विचार :–**

अम्बेडकर समाज सुधारक व सामाजिक चिंतक थे। उनके चिन्तन का मुख्य विषय हिन्दू समाज में पाई जाने वाली बुराईयाँ थी। जिनका शिकार हिन्दू समाज में अनुसूचित जातियाँ, जनजातियाँ हो रही थी। इनको समाज में चांडाल, शुद्र, अस्पृश्य और अछूत, हरिजन नाम से संबोधित करते थे। अम्बेडकर इस प्रकार की सामाजिक व्यवस्था को अन्यायपूर्ण, भेदभावपूर्ण मानता था और समाज में सामाजिक व्यवस्था के लिए खतरा मानता था। अम्बेडकर जी के सामाजिक समाज–व्यवस्था संबंधी विचार इस प्रकार से है।

**वर्ण–व्यवस्था का विरोध :–**

हिन्दू–समाज में पाई जाने वाली वर्ण व्यवस्था जिसमें ब्राह्मण, क्षेत्रीय, वैश्य और शुद्र का विभाजन किया गया है उस व्यवस्था को अम्बेडकर स्वीकार नहीं करते है। प्राचीन काल में मनु, कौटिल्य, शुक्राचार्य ने इन वर्ण व्यवस्था का समर्थन किया है। परंतु अम्बेडकर इस प्रकार की वर्ण व्यवस्था की समाज में असमानता का कारण मानते है।

**छुआछूत का विरोध :–**

अम्बेडकर छुआछूत को समाज में एक बुराई मानते थे और कहते थे कि यह एक प्रकार से समाज में कलंक है। इनके कारण समाज की अनुसूचित जाति व जनजातियों को समाज से प्राप्त होने वाले लाभ से वंचित रखा जाता है। इनके अनुसार सामाजिक अस्पृश्यता व छुआछूत से सामाजिक एकता व अखण्डता को खतरा पैदा होता है। ब्राह्मणों ने इनको अछूत नाम से पुकारा है और समाज के अन्यवर्गों के साथ संपर्क से प्रतिबंधित किया है।

**जाति प्रथा का विरोध :–**

अम्बेडकर जाति प्रथा के कट्टर विरोधी थे। जाति प्रथा के विरोधी होने का कारण वे स्वयं इनको भोग चुके थे। उनके अनुसार व्यक्ति को समाज में उनके कार्यों की उपेक्षा सम्मान नहीं मिलता अपितु जाति के आधार पर समाज में सम्मान प्रदान किया जाता है।

उनके अनुसार जाति–व्यवस्था निम्न वर्णों के व्यक्तियों के

गुणों व योग्यता की उपेक्षा की जाती है। जाति–व्यवस्था रूढ़िवादिता को प्रोत्साहित करती है। जाति–व्यवस्था अर्न्तराष्ट्रीय विवाह व संबधों का बहिष्कार करती है। जाति व्यवस्था प्रजातंत्र विरोधी है। अम्बेडकर के अनुसार जाति व्यवस्था मानवीय स्वतंत्रता व समानता विरो. धी है।

**हिन्दू–कोड बिल का समर्थन :–**

अम्बेडकर सम्पूर्ण जीवन समाज में विद्यमान अस्पृशयता, जातीय भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयासरत थे। स्वतंत्र भारत के अम्बेडकर जब प्रथम कानून मंत्री बने तो वह हिन्दू कोड बिल को लाकर समाज में सभी को समान अधिकारों के पक्ष में थे। अम्बेडकर के प्रयास से ही हिन्दू कोड पारित हो पाया।

**धर्म निरपेक्षता का समर्थन :–**

अम्बेडकर ने समाज के संदर्भ में अपने विचारों में धर्म–निरपेक्षता विचारों को अपनाया गया। अम्बेडकर धर्म में आस्था रखते थे। परंतु इस के साथ–2 राज्य के धर्म–निरपे क्ष स्वरुप पर बल देते थे। वह राज्य का राज धर्म होने की मनाही करते थे। वह मानते थे कि राज्य को समाज में सभी धर्मों का सम्मान व सद्भावनापूर्ण आदर करना चाहिए। इस प्रकार से राज्य में व्यक्ति को किसी भी धर्म की उपासना की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

**ब्राह्मणवाद व मनुवाद का विरोध :–**

अम्बेडकर ब्राह्मणवाद व मनुवाद के कड़े विरोधी थे। वे मानते थे कि मनुस्मृति में प्रत्येक स्थान पर ब्राह्मणवाद को प्रमुखता दी गई है। ब्राह्मणों की वजह से ही शुद्र को सबसे निम्न वर्ग में शामिल किया गया है। उनके अनुसार मनुस्मृति समाज में ब्राह्मणों का वर्चस्व कायम रखना चाहती है।

**समाज में निम्न–जातियों के स्तर में सुधार–सुझाव :–**

अम्बेडकर ने निम्न जातियों के लिए सार्वजनिक स्थलों के प्रयोग की स्वतंत्रता की बात की है। अम्बेडकर ने हरिजन शब्द का प्रयोग का विरोध किया है।

अम्बेडकर ने समाज में निम्न के उत्थान के लिए तीन शब्दों के प्रयोग पर बल दिया है। शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो इन तीन शब्दों के माध्यम से अम्बेडकर निम्न जातियों का उत्थान करने का प्रयास करते है।

**सामाजिक समानता के पक्षधर :–**

अम्बेडकर ने लंबे समय तक उनके साथ होने वाले भेदभाव को सहन किया था। इसलिए वह समाज में समानता के प क्षधर थे और समानता का स्वरूप राजनीतिक कानूनी होने पर बल दिया था। वह राजनीतिक समानता से पहले सामाजिक समानता की बात करते है। अम्बेडकर फ्रांसीसी दार्शनिक रूसो के सामाजिक, समानता, व स्वतंत्रता व बधुंत्व के विचारों से काफी प्रभावित थे और समाज में पाये जाने वाले हर प्रकार के शोषण व असमानता को खत्म करना चाहते थे। अम्बेडकर ने इस बात का अनुभव कर लिया था कि दलित समाज के मुख्य भाग से बाहर रहते है। गंदे वस्त्र पहनते है मुर्दा जानवरों का माँस खाते है इसलिए समाज से बाहर हीनता का जीवन व्यतीत करते है। इसलिए इनको समाज में अधिकार प्राप्त करने के लिए अपनी जीवन–शैली और खान–पान में सुधार करना होगा। इसलिए 20 मार्च, 1927 को अम्बेडकर ने 'दलित जाति परिषद' की अध्यक्षता करते हुऐ कहा कि ऐसे प्रयास करो जिससे तुम्हारे बाल–बच्चे तुमसे अच्छी अवस्था में रह सके। अम्बेडकर महिला अधिकार व शिक्षा पर भी बल देते थे।

**दलितों के लिए राजनीतक अधिकारों की माँग :–**

अम्बेडकर ने प्रथम गोलमेल सम्मेलन में इस बात पर बल दिया कि जिस तरह से मुस्लिम सप्रंदाय ईसाईयों के लिए

साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के अंतगर्त पृथक प्रतिनिधित्व दिया गया है उसी प्रकार से अनुसूचित जाति, जनजातियाँ समाज में अलपसंख्य है उनको भी अलग से प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इससे निम्न जाति का विकास संभव हो सकता है।

इस प्रकार से अम्बेडकर ने अपने सामाजिक विचारों में निम्न जातियों के लिए अधिकारों की आवाज उठाई। सार्वजनिक स्थानों के प्रयोग पर बल दिया, स्त्री शिक्षा व अधिकार व समाज में पाई जाने वाली असमानता, शोषण की समाप्ति पर बल दिया।

**निष्कर्षः—**

शोध—पत्र के द्वारा इस निष्कर्ष तक पहुँचने का प्रयास किया जाएगा कि दलितों के मसीहा एवं उद्धारक के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बिना दलितों की स्थिति में सुधार होना असम्भव था। विपरीत परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप अपने ज्ञान एवं दृढ़ निश्विय से इस महापुरुष ने महापुरुष होने की पूर्ण परिभाषा दी जिसने भजन, भक्ति एवं कीर्तन के मार्ग का खण्डन कर शिक्षा का मार्ग अपनाकर दलितों को अपनी मुक्ति का सशक्त माध्यम दिखाया। सदियों से पीडित, वंचित एवं शोषित वर्ग को अपने अधिकारों के प्रति जाग्रत ही नहीं किया अपितु उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक, धा. र्मिक निर्योग्यताओं से मुक्ति दिलाई और समाज में इन पिछड़े और बहिष्कृत लोगों को जीने का नागरिक अधिकार दिया जो भारत देश की अखण्डता और प्रभुसत्ता को बनाये रखने में मील का पत्थर साबित हुई तथा इस अध्ययन के माध्यम से दलितों के उद्धार एवं विकास की सम्भावनाएँ एवं चुनौतियाँ किस प्रकार की है, पहुंचने का प्रयास किया जायेगा ?

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**


- विजय कुमार पुजारी, डा . अम्बेडकर रू जीवन दर्शन, गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, पृ 143
- एम . वी . पायली, कांस्टीट्यूशनल गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, पृ 138
- धनंजय कीर, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर रू जीवन चरित', पापुलर प्रकाशन, पुनर्मुद्रण, 2006, पृ 0 8
- अनिता कुमारी (संपादक) 'अम्बेडकर ने कहा', गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, पृ 8—27
- इंडियन लेबर पार्टी का मैनीफैसटो।
- डा . बी . आर . अम्बेडकर, पाकिस्तान और पार्टिशन ऑफ़ इंडिया, पृ 0 332
- खान, ममताज अली ( 1995) मानवअधिकार और दलित, नई दिल्ली, भारत
- के . अल . शर्मा ( 1986) जाति वर्ग और सामाजिक आंदोलन, जयपूर, भारतः रावत।
- सिन्हा, राकेश के, गाँधी, अम्बेडकर और दलित, जयपुर, भारत आदि
- जतवा, डी. आर . ( 1998) भारत में सामाजिक न्याय, जयपूर, भारतः आई. एन. ऐ . श्री, 86
- शकुन्तला धवन, (1991), डॉ. अम्बेडकर अपोस्टल आफ सोशल जस्टिस, योजना, 15 अप्रैल, 1991. 9.—12
- डा. बाबा साहब अम्बेडकर सम्पूर्ण वाड्मय खण्ड—1 वही. पृ. 142
- मधुलिमये, (2000), डा. अम्बेडकर एक चिंतन दिल्ली, आत्मराम एंड संस. पू. 35.
- नानकचंद रत्नू (2005), डा. अम्बेडकर के अतिम कुछ वर्ष, नई दिल्ली, सम्यक प्रकाशन, पृ. 78


************

# यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

**-कु. श्वेता कुर्रे**
शोधार्थी (योग),
शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग, मैट्स
विश्वविद्यालय रायपुर छ.ग.।

**-डॉ.सुनील कुमार मिश्रा**
शोध निर्देशक, सहायक प्राध्यापक,
शारीरिक शिक्षा एवं योग, विभाग मैट्स
विश्वविद्यालय रायपुर छग.।

**सारांश :-** वर्तमान समय में शारीरिक से अधिक मानसिक समस्याएं व्याप्त है। वर्तमान समय में कोई भी इस समस्या से बचा नही है। महिला, पुरूष, वृद्ध, बच्चे सभी इससे प्रभावित है। महिला एवं पुरूष समाज की धुरी है। दोनों में समायोजन होने से समाज, परिवार, व्यवसाय एवं जीवन के संचालन में समस्या नही आती है या समस्या कम होती है। वर्तमान समय में समायोजन एक गंभीर समस्या जिसका अभाव आधुनिक जीवनशैली पर अधिक दिखाई देता है। ऐसे में क्या यौगिक अभ्यासों के द्वारा समायोजन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है यह जानना इस शोध का उद्देश्य है। शोध प्रविधि में कुल 60 न्यादर्श का चयन यादृच्छिक तरीके से किया गया है। पूर्व एवं पश्चात परीक्षण विधि का उपयोग किया गया। 60 न्यार्दश को दो भागों में विभाजित किया गया नियंत्रित तथा प्रायोगिक। समूह में 30 महिला एवं 30 पुरूष है। दोनों समूह का पूर्व एवं पश्चात परीक्षण के द्वारा आंकडे संग्रहण किया गया। आकड़ों के लिए डॉ. ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी. सिंह का समायोजन परीक्षण प्रश्नावली का उपयोग किया गया। इस प्रश्नावली कुल 102 प्रश्न है। प्रश्नावली में पांच क्षेत्र है घर, स्वास्थ्य, समाज, भावनात्मक एवं शैक्षणिक। दोनों समूह के मापन के लिए एनकोवा का उपयोग कर परिणाम प्राप्त किया गया। परिणाम में पाया गया महिलाओं एवं पुरूषों से प्राप्त प्रायोगिक समूह के पूर्व एवं पश्चायत परीक्षण में सार्थक अंतर पाया गया। नियंत्रित समूह की तुलना में प्रायोगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास का प्रशिक्षण कराया गया उस समूह के महिला एवं पुरूषों के समायोजन पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया। निष्कर्ष नियमित यौगिक अभ्यास से समायोजन में वृद्धि होगी। महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास महत्वपूर्ण है।

**बीज शब्द :-** यौगिक अभ्यास, महिलाएं, पुरूषों, समायोजन, प्रयोगिक समूह, नियंत्रित समूह, , आसन, प्राणायाम, क्रिया, मंत्र, जलनेती।

**प्रस्तावना:-** वर्तमान जीवन अधिक व्यस्त और तनावग्रस्त है। लोग एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा में मशीन के जैसा एक ही समान कार्य करने की कोशिश में जुटे हुए है। प्रकृति के अनुसार सभी व्यक्ति भिन्न होते है। सभी के भीतर कोई विशेष योग्यता होती है। स्वभाव भिन्न होते है। रूचि में भिन्नता होती है। व्यक्ति अपनी विशेषताओं को देखना नही चाहते दूसरे की उपलब्धि पर काफी प्रभावित होते है। उन्ही के समान उपलब्धि पाना चाहते है, किन्तु यह संभव नही है। जो भी स्थिति उनकी रहती है उसे वे स्वीकार नही करना चाहते और न ही उस प्रकार परिश्रम कर पाते है। इसके कारण उन्हें काफी असमंजस्यता होती है। जीवन में कार्य एवं परिस्थितियों को सामंजस्य नही कर पाना एक बढ़ी समस्या है।

वर्तमान समय महिला एवं पुरूष दोनों के लिए संघर्षमय है। लोगों की अपेक्षाएं और स्वार्थ भाव बढ़ते जा रहें है। महिला एवं पुरूष के मध्य संघार्षात्मक व्यवहार के बढ़ने से परिवारिक विवाद, रिश्तों का टूटना जैसी अलग अलग समस्या बनी हुई। इस शोध के द्वारा महिला एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यास से पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है।

**शोध कथन:-** क्या यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है।

**शोध की अवश्यकता** :- वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा भाव एवं जीवन भौतिक सुख भोग की ओर बढ़ते जा रहा है। जीवन एवं कार्यो को संतुलित करने के लिए समायोजन क्षमता का होना अत्यंत आवश्यक है। समय के अनुसार रहन सहन और व्यवहार में बहुत अधिक परिवर्तन आया। महिला एवं पुरूष दोनों कामकाजी हुए, आर्थिक धन आदि अर्जन की जिम्मेदारी अब केवल पुरूषों की नही रही है। महिलाएं भी अब घर के साथ नौकरी या अन्य आर्थिक लाभ हेतु सतत कार्य कर रही है। आधुनिकता के नाम पर लोगो द्वारा अपनी पारम्परिक संस्कृति, नैतिक शिक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसका परिणाम लोग भौतिक सुख के पीछे भाग रहें है और अंततः वह आनंद मानसिक शांति से वंचित होते जा रहें है। प्रेम उत्साह और सहयोग आदि में भी कमी होते जा रहा है। जीवन में समायोजन करना कठिन सा लग रहा है। योग एक संतुलन, ज्ञान और विवेक को बढ़ाने वाले विद्या के रूप प्राप्त है। अतः इस शोध के द्वारा महिलाओं एवं पुरूषों की समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यासों का क्या प्रभाव पड़ता है, ज्ञात करना है।

**शोध का उद्देश्य –**

महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यासों के प्रभाव का अध्ययन करना।

**शोध परिकल्पना:-**

यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया

**शोध प्रविधि:-**

यह शोध प्रायोगिक है, प्रश्नावली विधि को अपनाया गया है। पूर्व एवं पश्चात परीक्षण का उपयोग किया गया। न्यादर्श का चयन बिलासपुर छत्तीसगढ के शा.जे.पी वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों का चयन यादृच्छिक विधि से कुल 60 न्यादर्श (महिला 30 एवं पुरूष 30) का चयन किया गया। कुल साठ न्यादर्श को दो भागों में बांटा गया। नियंत्रित समूह एवं प्रायोगिक समूह। नियंत्रित समूह को यथा स्थिति रखा गया। तथा प्रायोगिक समूह को कुल 01 माह यौगिक अभ्यास का करवाया गया डॉ. ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी. सिंह का समायोजन परीक्षण प्रश्नावली का उपयोग किया गया। । सांख्यिकीय विष्लेषण के लिए एनकोवा का उपयोग किया गया।

**सीमाएं:-**

दैनिक दिनचर्या, मौसमी प्रभाव एवं आनुवंशिकता आदि अनुसंधानकर्ता के

नियंत्रण में नही होने के कारण इसे सीमाएं में रखा गया है।

**परिसीमाएं:-**

शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग छात्रों को नहीं रखा गया है। गर्भवती महिलाओं को नही लिया गया है। नौकरी पेशावाले को नही लिया गया है। आयु 19-25 वर्ष के छात्रों को लिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के छात्रों को लिया गया है। अशिक्षित लोगों को नही लिया गया है। किसी भी प्रकार के रोगी को नही लिया गया है।

**समायोजन:-**

सामान्य शब्दों में समायोजन एक परिस्थिति को अपने अनुकुल बनाने या किसी भी परिस्थिति में अपने आप को एवं कार्य को बाधित न होने देना। उसी स्थिति को अनुकूल बनाना ही समायोजन है।

**योग:-** श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार:- समत्वं योग उच्यते 2/48 अर्थात योग से सम्यक को प्राप्त किया जा सकता है।

**तालिका क्र.1**

प्रायोगिक समूह के लिए यौगिक अभ्यास की सूची -

| क्र. | अभ्यास | समय | आवृत्ति | संदर्भ ग्रंथ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऊँ . का उच्चारण | 1 मिनट | 3 | शब्द नाद श्री राम शर्मा आचार्या |
| 2 | गायत्री मंत्र | 1 मिनट | 2 | |
| 3 | ताड़ासन | 1 मिनट | 3 | आसन,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध स्वामी सत्यानंद सरस्वती मुंगेर बिहार पब्लिकेंसन |
| 4 | तिर्यक ताड़ासन | 1 मिनट | 3 | |
| 5 | कटिचकासन | 1 मिनट | 3 | |
| 6 | सूर्यनमस्कार | 2 मिनट | 4 | |
| 7 | शवासन | 1 मिनट | | |
| 8 | उज्जायी प्राणायाम | 1 मिनट | 4 | |
| 9 | भ्रामरी प्राणायाम | 1 मिनट | 2 | |
| 10 | ऊँ. का उच्चारण | 1 मिनट | 3 | शब्द नाद श्री रामशर्मा आचार्या |
| 11 | जल नेति | सप्ताह में एक दिन | 2 | घेरण्ड़ संहिता के अनुसार |
| 12 | भस्त्रिका प्रायाणाम | प्रति दिन | 1 | घेरण्ड़ संहिता के अनुसार |

**शोध का सांख्यिकीय विश्लेषण : तालिका क्र.2** समूह के आधार पर प्रभाव का अध्ययन

| समूह | लिंग | संख्या | मध्यमान | विचलन |
|---|---|---|---|---|
| प्रायोगिक समूह | महिला | 30 | 18.86 | 6.95 |
| | पुरूष | 30 | 24.90 | 9.66 |
| नियंत्रित समूह | महिला | 30 | 47.20 | 14.55 |
| | पुरूष | 30 | 38.90 | 19.07 |

**तालिका क्र.1** में हमने पाया कि (एफ 4,115= 223.070,पी <.001) महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया इसमें सभी माडल (सहसंयोजकों सहित) पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण मात्रा में भिन्नता को देखा गया है।
इसका मुख्य प्रभाव निम्नानुसार है:-
पूर्व कोवेरियंटः महत्वपूर्ण प्रभाव (एफ (1,115)=469.925,,पी<.001) यह दर्शाता है कि पहले प्राप्त परिणाम तथा यौगिक अभ्यास के बाद प्राप्त परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।
समूह में प्राप्त (एफ(11,115)=335.621,पी<.001) प्रभाव से दिखाई देता है कि प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।
लिंग समूह के आधार पर ( एफ(11,115)= 0.021,पी <.885) महिलाओं एवं पुरूषों के पश्चात परिणाम में कोई महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया।महिलाओं एवं पुरूषों के प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पश्चात प्राप्त परिणाम ( एफ(11,115)=4,<667,पी=>033) के आधार पर प्रायोगात्मक बनाम नियंत्रित समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के प्राप्त पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।
**तालिका क्र. 3** यौगिक अभ्यासों का समूह प्रभाव का अध्ययन

| समूह | मध्यमान | मानक विचलन | लोवर बाॅड | अपर बाॅड |
|---|---|---|---|---|
| प्रायोगिक | 22.48 | .770 | 20.99 | 24.00 |
| नियंत्रित | 42.45 | .770 | 40.92 | 43.97 |

यौगिक अभ्यास का समग्र प्रभाव समूह पर निम्नानुसार प्राप्त हुआ:-
**तालिका क्र. 2** में समूह के अनुसार प्रायोगिक समूह (माध्य=22.48) एवं नियंत्रित समूह (माध्य=42.45) के प्राप्त पश्चात परिणाम में प्राप्त माध्य के आधार पर प्रायोगिक समूह यौगिक अभ्यास के पश्चात प्राप्त माध्य में बहुत कमी पायी गयी। जो कि बताता है कि यौगिक अभ्यास के कारण समायोजन स्कोर में कमी पायी गयी अर्थात योगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास करवाया गया उनके माध्य में नियंत्रित समूह जिसे यौगिक अभ्यास नही कराया गया उनके माध्य से कम पाया गया। प्रायोगिक समूह की तुलना में नियंत्रित समूह का माध्य अधिक होने से नियंत्रित समूह में समायोजन में कमी देखी गयी वही प्रायोगिक समूह के माध्य कम होने से समायोजन में वृद्धि पाया गया।

**तालिका क्र. 4 लिंग के आधार पर प्रभाव का अध्ययन**

| समूह | लिंग | मध्य | एस टी डी त्रुटि | . 95कानफिडेंस इनटरवाल | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लोवर बाॅड | अपर बाॅड |
| प्रायोगिक समूह | महिला | 23.76 | 1.090 | 21.60 | 25.91 |
| | पुरूष | 21.20 | 1.094 | 19.03 | 23.36 |
| नियंत्रित समूह | महिला | 41.32 | 1.095 | 39.16 | 43.50 |
| | पुरूष | 43.57 | 1.102 | 41.39 | 45.75 |

**तालिका क्र.3** के अनुसार महिलाओं एवं पुरूषों के पश्चात परीक्षण परिणाम के आधार पर महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया।
महत्वपूर्ण अंतःक्रिया प्रभाव से ज्ञात होता है कि समायोजन स्कोर पर यौगिक अभ्यास का प्रभाव लिंगो के पूर्व एवं पश्चात परीक्षण में अधिक अंतर पाया गया।
पुरूषों के नियंत्रित (माध्य 42.45) की तुलना में प्रायोगिक समूह का (माध्य 21.20) स्कोर कम पाया गया। जिससे ज्ञात होता है कि नियंत्रित समूह जिसे यौगिक अभ्यास नही कराया गया उनके स्कोर अधिक पाये गये जो कि समायोजन की कमी को बताता है। प्रायोगिक समूह जिसने यौगिक अभ्यास किया उनके समायोजन स्कोर में कमी पायी गयी जो समायोजन को बढ़ाने में सहायक रहा। पुरूष समूह में (प्रायोगिक और नियंत्रित समूह) के पश्चात परीक्षण में

महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।

महिला समूह के नियंत्रित (माध्य 41.33) एवं प्रायोगिक स्कोर (माध्य 23.76) के आधार पर ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास के अभाव में नियंत्रित समूह का स्कोर अधिक है जो खराब समायोजन को दर्शाता है। प्रायोगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास कराया गया उनके माध्य स्कोर में कमी पायी गयी जो कि समायोजन वृद्धि को दर्शाता है। पुरूषों की तुलना में महिलाओं के बीच का अंतर कम था।




चार्ट के आधार पर यह पाया गया कि स्वतंत्र चर के अलग अलग स्तरों पर आश्रित चर के परिणाम में क्या अंतर पाया गया। स्वंतत्र चर के आधार पर यह चार्ट में समूहों एवं लिंगों पर प्रभाव को दर्शाता है। जैसे प्रायोगिक समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के अंक एवं नियंत्रित समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के अंक में अंतर पाया गया। आश्रित चर के आधार पर समायोजन क्षमता के अंकों पर अंतर पाया गया जो यह दर्शाता है कि लिंगो के आधार पर प्रभाव को दर्शाता है।

यह चार्ट के द्वारा एनकोवा के सांख्यिकीय प्रभाव को समझने में सहायता मिलती है। जिसमें स्वतंत्र चर का आश्रित चर पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया। प्रायोगिक समूह एवं नियंत्रित समूह के अंकों के स्तर को समझने में सहायक है। दोनों सूमह का प्रभाव जो चार्ट यौगिक अभ्यास करने वाले समूह का अंक स्तर नीचे की ओर है तथा नियंत्रित समूह का अंक स्तर अधिक पाया गया। कम अंक अधिक समायोजन को बताता है। समूह एवं लिंगों पर यौगिक अभ्यास करने अथवा नही करने के पश्चात अंक स्तर से समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का ज्ञात करने में सहायता मिली। यौगिक अभ्यास का समायोजन संबंधी समस्याओं को कम करने में सहायक है तथा महिलाओं की तुलना में पुरूषों पर इसका अधिक प्रभाव पाया गया। महिला एवं पुरूष दोनों के समूह में प्रायोगिक के पश्चात स्कोर में कमी पायी गयी जो कि दर्शाता है कि यौगिक अभ्यास का समायोजन पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

शोध अध्ययन से ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास हस्तक्षेप के बाद समायोजन क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के स्कोर में भिन्नता देखी गई। प्रायोगिक समूह का स्कोर नियंत्रित समूह की तुलना में कम पाया जाना यौगिक अभ्यास के प्रभाव को स्पस्ट करता है। महिला पुरूष के पश्चात परिणाम में अधिक भिन्नता नही पायी गई जिससे ज्ञात होता है कि लिंग के आधार पर अधिक अंतर नही पाया गया। किन्तु अलग अलग लिंग के प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पूर्व एवं पश्चात स्कोर के आधार पर महिला एवं पुरूष के समायोजन परिणाम में सार्थक अंतर पाया गया।

**परिणामों का विश्लेषण :-**

पूर्व में शोधों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन करने से प्राप्त होता है कि वर्मा माधव (जनवरी 2022) ने 'जिला बिजनौर के ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के कार्यक्षेत्र में समायोजन की स्थिति का अध्ययन किया अपने अध्ययन में पाया कि शिक्षक के समायोजन क्षमता का केवल शिक्षक पर ही नहीं विद्यार्थियों, समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।, राय, मुखोपाध्याय एवं घोष 2021 आवासीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समायोजन पर योग अभ्यास के प्रभाव का तुलानात्मक अध्ययन किया जिसमें योगाभ्यास का सामाजिक, भावनात्मक एवं शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव नही पाया गया इसका कारण अलग आयु समूह तथा प्रज्ञा योग की सख्ती जलवायु परिवर्तन को भी कारण बताया है।, कुमार कामख्या (2016) ने अपने शोध 'कामकाजी महिलाओं के समायोजन पर योगप्रथाओं के प्रभाव का एक अध्ययन किया।'इन्होने पाया कि समायोजन पर योगाभ्यास का प्रभाव पड़ता है देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्रों पर इन्होंने प्रभाव को देखा प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के द्वारा जिसमें नियंत्रित समूह की तुलना में प्रायोगिक समूह पर योगाभ्यास से उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है नियमित करने वाली महिलाओं पर अच्छा प्रभाव देखा गया।, नार्के एवं दरयानानी (2015) किशोरों के लिंग और निवास अंतर के संबंध में समायोजन के लिए योग अभ्यास इंडियन जर्नल ऑफ पॉज़िटिव साइकॉलजी 6 (1), 69, 2015 में किशोरों पर अभ्यास, लिंग तथा आवास के साथ व्यक्तिगत रूप से तथा एक दूसरे के साथ समायोजन करने की क्षमता पायी गई।

**निष्कर्ष:-** महिलाओं एवं पुरूषों दोनों पर यौगिक अभ्यासों का समायोजन क्षमता पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। महिला एवं पुरूष दोनों के समायोजन क्षमता को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित यौगिक अभ्यास से समायोजन क्षमता में वृद्धि होगी। शोध में पाया गया कि लिंग के आधार पर अंक स्तर में अधिक अंतर नही पाया गया किन्तु लिंग समूह के प्रायोगिक समूह पर यौगिक अभ्यास के पूर्व एवं पश्चात परीक्षण के अंक स्तर पर स्पष्ट अंतर पाया गया जिससे ज्ञात होता है कि महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यास का सार्थक प्रभाव पड़ता है।

**सदंर्भ ग्रंथः**


1. बार्टोस, पोसादास, व्रप्सन एवं क्रैगेलोह 2023 तत्कालीन परीक्षण के साथ प्रतिक्रिया बदलाव के लिए समायोजन के बाद माइंडफुलनेस और योग-आधारित हस्तक्षेप में प्रभाव आकार में वृद्धि। माइंडफुलनेस 14(4), 953-969.
2. अधिकारी अनसूया 2023 सामाजिक- शैक्षणिक दृष्टिकोणःमानव समायोजन पर एक अध्ययन। ईपीआरए इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आईजेआरडी) 8 (1),97-101. ISBN 2455.7838.
3. कुमार कामख्या 2016 विद्यार्थियों में समायोजन के लिए योग आधारित जीवनषैली का दृष्टिकोण (एपरोच ऑफ योगा बेस्ड लाइफस्टाइलवर्ड सोशल एडजेस्टमेंट एमंग स्टुडेंटस) इंटरनेषनल जर्नल ऑफ योगा एण्ड एलाइड सांइस volume:Issue:1: जनवरी से जून 18-23. ISBN 2278.5159.
4. नार्के एवं दरयानानी 2015 किशोरों के लिंग और निवास अंतर के संबंध में समायोजन के लिए योगाभ्यास। इंडियन जर्नल ऑफ पा ॅजिटिव साइकोला ॅजी 6 (1), 69 2015.
5. चौधरी बिनोद 2013 जनजातीय छात्रों के तनाव और सामाजिक समायोजन क्षमता पर योग निद्रा और प्राणायाम का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फिजिकल एंड सोशल सांइसेज 3(11),87-95.
6. राय , मुखोपाध्याय एवं घोष 2021 आवासीय छात्रावास विद्यार्थियों में योगिक अभ्यास का समायोजन पर तुलनात्मक अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइकोलाजी न्यूटीशन एंड शारीरिक शिक्षा एंड 2021; 6(1) 32-34. ISBN :2456-0057.
7. माहेश्वरी एवं यादव 2018 महविद्यालय जाने वाली कन्याओं के बीच समायोजन पर योग-प्रेक्षा ध्यान का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ योगा एंड अलाइड सांइसेज 7(1), 45-51.
8. सरीन एवं सरीन 2015 शैक्षिक अनुसंधान विधियां अग्रवाल पव्लिकेशन्सन ISBN: 978-81-89994-89-1
9. बिहारिया, बिहारिया एवं सिंह योगाभ्यास (सूर्य नमस्कार, योग निद्रा एवं स्वाध्याय) का समायोजन स्तर एवं सांवेगिक बुद्धि पर प्रभाव माइंड एवं सामाजिक ISBN: 2277-6907 vol.2 no.II&III अप्रैल-सितम्बर 2013 पेज नं.5-12
10. वर्मा एवं गुरवेन्द्र (2016) शहरी क्षेत्र में महाविद्यालय के सामाजिक समायोजन पर सामूहिक योगिक अभ्यास के प्रभाव पर एक अध्ययन 2(21):36-40
11. वर्मा एवं कामाख्या (2020) व्यस्कों में जीवन संतुष्टि पर समूह और व्यक्तिगत चेतना का साक्ष्य-आधारित तुलानात्मक अध्ययन
12. असियाची, सनातकरन एवं बहारी (2017) बुजुर्ग पुरूषों और महिलाओं के समायोजन पर योग की प्रभावशीलता एजिंग साइकोलाजी 2(4),261-270,2017
13. डॉ. अस्मिता (2019) कामकाजी महिलाओं का बच्चों के साथ समायोजन
14. International journal of Research in Social Sciences Volume 9, Issue 5(May 2019) ISBN: 249-2496
15. स्वामी सरस्वती सत्यानंद ,(2017) आसान,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध मुंगेर बिहार पब्लिकेसन ISBN; 978-8185787527 (2017)
16. सिंह,अरुण एवं सिंह, आशीष (2015) व्यक्तितव का मनोविज्ञान मोतीलाल बनरसीदास जवाहर नगर दिल्ली ISBN: 978-81-208-2198-9 पेज नं 215-220 प्रथम संस्करण 2000


************

# पर्यावरण पर मानव व्यवहार का प्रभाव

-डॉ.रश्मि जहाँ
एम.ए.,एम.एड.पीएच.डी.,
अस्टिस्टेन्ट प्रोफेसर
श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्याल,
दनकौर (गौतमबुद्ध नगर) उ.प्र.

-डॉ.बोबिन्द्र
एम.ए.,एम.एड.एम.फिल.,पीएच.डी.,
अस्टिस्टेन्ट प्रोफेसर
श्री साँई महाविद्याल,फतेहपुर पुट्टी (बागपत) उ.प्र.

## शोध-सारांश :

दुनिया में, हमें ''मानव व्यवहार'' का अर्थ समझना चाहिए। मानव व्यवहार से तात्पर्य मनुष्यों द्वारा अपने पर्यावरण के साथ मिलकर प्रदर्शित की जाने वाली विभिन्न क्रियाओं और दृष्टिकोणों से है। यह स्पष्ट है कि जिस वातावरण में लोग रहते हैं, उसका उनके व्यवहार पर बहुत प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार का पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण में सभी जीवित जीव, निर्जीव पदार्थ और ब्रह्माण्ड के रूप में जाना जाने वाला पूरा क्षेत्र शामिल है। जब हम पर्यावरण के बारे में बात करते हैं, तो हम वास्तव में अपने आस-पास के बारे में बात कर रहे होते हैं, जिसमें वे सभी भौतिक, जैविक और सामाजिक स्थितियाँ भी शामिल होती हैं, जिनका किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के विकास पर प्रभाव पड़ता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यक्ति स्कूल में है या काम पर, जेसे कि नर्स, डॉक्टर, वकील इत्यादि, प्रत्येक व्यक्ति का व्यवहार पर्यावरण से प्रभावित होता है। यह स्पष्ट है कि प्रदूषण के कई रूप हैं और पर्यावरण पर इसके प्रभाव हैं। इसी तरह, व्यक्ति के व्यवहार की प्रकृति अक्सर उस सामाजिक और भौतिक सेटिंग के प्रकार से निर्धारित होती है जिसमें वह पला-बढ़ा है।

ग्रह पृथ्वी सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र है जिसका अध्ययन किया जा सकता है और आंशिक रूप से समझा जा सकता है। एक पारिस्थितिकी तंत्र सभी जीवित और निर्जीव जीवों और पर्यावरणों का संयोजन है जो समग्र रूप से प्रणाली के समग्र कार्य और पोषण में योगदान करते हैं। इसमें पौधे, जानवर, भूमि, मिट्टी, पानी, हवा, जीवमण्डल और इसके भीतर की हर चीज शामिल है। पर्यावरण पर मानव प्रभाव उन सभी गति. विधियों और व्यवहारों का योग है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव पैदा करते हैं जो पृथ्वी के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करते हैं।

**मुख्य शब्दः**- वातावरण, सामाजिक, उदाहरण, भौतिक, प्राकृतिक, जीवित, मानव, व्यवहार, जागरूकता, नुकसान।

## पर्यावरण पर मानव व्यवहार के प्रभाव का अध्ययन करने का महत्वः

पर्यावरणीय मुधों का वैश्विक और बड़ा प्रभाव होने के कारण, इसलिए हमारे लिए अपने व्यवहार के पर्यावरणीय प्रभावों को समझना बहुत महत्वपूर्ण है- चाहे वह हमारे ग्रह पर सीधे प्रभाव हो या हमारे साथ ग्रह को साझा करने वाले तीसरे पक्ष पर प्रभाव हो। मानव व्यवहार और सामाजिक पर्यावरण को अच्छी तरह से समझने से वर्तमान और भविष्य की पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान खोजने में मदद मिलती है। लेकिन क्या हम भूल गए हैं या हमने देखा है कि हम जो कुछ भी करते हैं और उसका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है, उसके बीच क्या संबंध है? हाँ, ''सामाजिक वातावरण और सामाजिक संदर्भ में पर्यावरण पर मानव व्यवहार के प्रभाव'' के अध्ययन का प्राथमिक ध्यान उन तरीकों और साधनों को खोजने पर है जिनके द्वारा जैव विविधता का नुकसान, वनों की कटाई की रोकथाम, ग्लोबल वार्मिंग और अन्य प्रमुख पर्यावरणीय मुधों को रोका जा सकता है। सामान्य तौर पर, कई लोग मानते हैं कि मानव व्यवहार का अध्ययन करना 'सामान्य ज्ञान' है। यह बात कुछ हद तक सही हो सकती है, फिर भी, स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए समझ के अनुप्रयोग बहुत महत्वपूर्ण हैं। मानव व्यवहार का अध्ययन करने का मतलब न केवल हमारे कार्यो के पहलुओं और उन कारणों का गहरा ज्ञान होना है जो हमें इस तरह से कार्य करने के लिए मजबूर करते हैं, बल्कि ऐसे तरीके भी तैयार करना है जिनसे हम समाज को बेहतर बना सकें। इसलिए, पर्यावरण पर मानवीय प्रतिक्रियाओं के प्रभावों की गहराई को मापने के लिए, हाल के अध्ययनों से पता चला है कि कई मानवीय गतिविधियाँ हैं जिनके कारण रेगिस्तान का निर्माण हुआ है। जैसे-जैसे रेगिस्तान समय के साथ फैलते जा रहे हैं, अधिक चराई के कारण अधिक पौधे नष्ट हो जाएँगे, और इससे भूस्खलन और मिट्टी का कटाव अधिक होगा। और इसलिए कई शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि संज्ञ. ानात्मक, भावनात्मक और कभी-कभी न्यूरोबायोलॉजिकल प्रक्रियाओं को समझना महत्वपूर्ण है जो मानव व्यवहार चाहते हैं और उन तरीकों को समझना है जिनके द्वारा ज्ञान के ऐसे स्रोतों को पर्यावरणीय समस्याओं के अध्ययन में उत्पादक रूप में शामिल और उपयोग किया जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भौतिकता के साथ सामाजिक संबंधों में मौलिक परिवर्तनों की आवश्यकता होगी, जिससे हमारे जैसे सामाजिक वैज्ञानिकों को सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञान के बीच कम प्रतिकूल और अधिक संभावना-समृद्ध संबंध बनाने के अवसरों की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। खैर, इन्हें राजनीतिक कार्रवाई और कई अन्य प्रकार के

आम और पेशेवर विशेषता को गतिशील और अनुकूल निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में घनिष्ठ एकीकरण द्वारा पूरक करने की आवश्यकता होगी।

## पर्यावरण पर मानव व्यवहार का प्रत्यक्ष प्रभ. ाव :

पहला मुख्य क्षेत्र जहाँ मनुष्य पर्यावरण पर सीधा प्रभाव डालता है, वह है प्रदूषण और अपशिष्ट उत्पादन। पर्यावरण पर मानव गतिविधि के हानिकारक प्रभावों के प्रमुख उदाहरणों में से एक प्रशान्त महासागर में स्थित ग्रेअ पैसिफ़िक गार्बेजे पैच में देखा जाता है। यह कचरे और कूड़े का एक विशाल क्षेत्र है, जो मुख्य रूप से बैग, बोतल और माइक्रोबीड्स जैसे गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक से बना है। कचरा पैच तब बनता है जब अपशिष्ट पदार्थ समुद्री धाराओं द्वारा फँस जाता है, जिससे मलबे का एक केन्द्रित क्षेत्र बन जाता है। इसका स्थानीय समुद्री जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है-उदाहरण के लिए, समुद्री कछुए अक्सर प्लास्टिक की थैलियों को जेलीफ़िश समझ लेते हैं, जो उनके पसंदीदा भोजन में से एक है, जिससे उनके पाचन तंत्र में रूकावट आती है। इसी तरह, डॉल्फ़िन मछली पकड़ने के छोड़े गए जाल में उलझ सकती हैं, जिससे उनकी तैरने और भोजन की तलाश करने की क्षमता को खतरा हो सकता है। पर्यावरा पर दूसरा सीधा प्रभ. ाव वनों की कटाई और आवास विनाश से आता है। इसका एक प्रमुख उदाहरण ब्राज़ील में अमेज़न वर्षावन का विनाश है। यह वनों की कटाई बढ़ते औद्योगिकरण और विकास का परिणाम है, क्योंकि मवेशियों के पालन और सोयाबीन उत्पादन जैसे व्यावसायिक उपक्रमों के लिए पेड़ों की बढ़ती संख्या को काटा जा रहा है। ये क्रियाएँ न केवल वर्षावन के भीतर जैव विविधता को कम करती हैं, बल्कि जल चक्र को भी बाधित करती हैं और शुष्क परिदृश्य का कारण बन सकती हैं। वन जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं- एक प्राकृतिक भण्डार जो वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है।

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का एक और प्रमुख प्रत्यक्ष प्रभाव है। पिछली कुछ शताब्दियों में अत्यधिक जनसंख्या और अत्यधिक उपभोग ने पर्यावरण पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। इससे व्यापक वायु और जल प्रदूषण, दुनिया के महासागरों का प्रदूषण और विनाश, और ग्रीनहाऊस गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग हुई है। विकासशील देशों में अत्यधिक जनसंख्या, विशेष रूप से, न केवल पर्यावरण को असंतुलित कर रही है, बल्कि दुनिया के प्राकृतिक संसाध ानों को भी कम कर रही है। इस स्थिति के समाधान के बिना, सम्पूर्ण ग्रह आज जीवित लोगों की संख्या को बनाए नहीं रख सकता, और न ही भविष्य में जन्म लेने वाले लोगों को बनाए रख सकता है।

## प्रदूषण और अपशिष्ट उत्पादन :

दूसरा प्रत्यक्ष प्रभाव जो खोजा गया है वह अपशिष्ट और प्रदूषण का उत्पादन। अपशिष्ट वह सामग्री है जिसे अब उपयोगी नहीं माना जाता है और जिसे या तो निपटाया जाना है या निपटान के लिए एकत्र किया जाना है। दूसरी ओर, प्रदूषण पर्यावरण में हानिकारक पदा. र्थों का प्रवेश है। अपशिष्ट उत्पादन और प्रदूषण मुख्य रूप से औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों के कारण होता है, लेकिन घरेलू गतिविधियों के कारण भी होता है। प्रदूषित पानी और पर्यावरण क्षरण से प्रतिकूल मानव स्वास्थ्य प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं।

## अति उपभोग और संसाधनों का ह्रास :

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का एक और महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष प्रभाव अति उपभोग है। अति उपभोग तब होता है जब संसाधनों का उपयोग प्रकृति द्वारा उन्हें फिर से भरने की तुलना में तेज़ गति से किया जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास हो सकता है। ह्रास किसी क्षेत्र में संसाधनों की कमी है। हमारा समाज अति उपभोग महामारी के बीच में है। अति उपभोग की अमेरिकी संस्कृति संसाधनों की वैश्विक कमी में योगदान दे रही है। यह अति उपभोग पानी, भूमि और ऊर्जा उपयोग सहित कई क्षेत्रों में स्पष्ट है। कुछ समाज जनसंख्या और संसाधन उपभोग के बीच संतुलन बनाने में कामयाब रहे हैं। उनमें से कई क्षेत्रों में, समुदायों को पारिस्थितिकी तंत्र का दोहन करने के बजाय केवल वही उपयोग करने के लिए एक नैतिक मानक द्वारा निर्देशित किया जाता है जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है। इन क्षेत्रों में, जब संसाधन समाप्त हो जाते हैं, तो वे आम तौर पर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई दूसरा संसाधन या नया तरीका खोज लेते हैं।

## जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग :

जलवायु परिवर्तन का मतलब है दुनिया भर में तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव। यह पृथ्वी के वायुमण्डल में ग्रीनहाऊस गैसों के निर्माण के कारण होता है, जो सूर्य से गर्मी को फँसाते हैं और इसे वापस अंतरिक्ष में जाने से रोकते हैं। इस घटना को अक्सर ''ग्रीनहाऊस प्रभाव'' के रूप में जाना जाता है। जलवायु परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण चालकों में से एक ऊर्जा के लिए जीवाश्म ईंधन का जलना है। औद्योगिक क्रान्ति के बाद से, दुनिया ने बिजली संयंत्रों, कारों और अन्य मशीनों को चलाने के लिए जीवाश्म ईंधन-कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस- के जलने की मात्रा में भारी वृद्धि देखी है। नतीजतन, 19वीं सदी के बाद से वायुमण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## जैव विविधता की हानि :

इसके बाद, पृथ्वी पर पाई जाने वाली जैव विविधता पर विचार करना महत्वपूर्ण है। जैव विविधता से तात्पर्य किसी विशिष्ट आवास में पाई जाने वाली प्रजातियों की विविधता से है। विभिन्न प्रजातियों ने अलग-अलग पर्यावरणीय परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए खुद को अनुकूलित किया है। यह विविधता, वास्तव में, पृथ्वी की जीवन को सहारा देने की क्षमता का प्रमाण है। हालाँकि, जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियाँ बढ़ी हैं, वैसे-वैसे विलुप्त होने की दर भी बढ़ी है। विलुप्त होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। जैसे-जैसे एक प्रजाति लुप्त होती है, यह दूसरी के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। हालाँकि, विलुप्त होने की प्राकृतिक दर अब मुख्य रूप से वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप तेज हो रही है। प्रजातियों का नुकसान अपरिवर्तनीय है और अब यह न केवल पृथ्वी पर जीवन रूपों की विविधता के लिए बल्कि उन मानवीय गतिविधियों के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है जो इस नुकसान के लिए जिम्मेदार हैं। प्रजातियों को विलुप्त करने वाली कई प्रक्रियाएँ मानवीय गतिविधियों के कारण होती है।

## पारिस्थितिकी तंत्र का विघटन :

पारिस्थितिकी तंत्र का विघटन मानव व्यवहार और पर्यावरण के अध्ययन के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। पारिस्थितिकी तंत्र पौधों और जानवरों का एक समुदाय है जो किसी दिए गए क्षेत्र में एक दूसरे के साथ रहते हैं और बातचीत करते हैं। प्रत्येक पारिस्थितिकी तंत्र में जीवन का एक सावधानीपूर्वक संतुलन होता है, जहाँ प्रत्येक जीव की एक विशिष्ट भूमिका होती है। जीवन के लिए एक दूसरे पर निर्भर रहने वाले जीवों की इस प्रक्रिया को वैज्ञानिक शब्दों में ''खाद्य जाल'' के रूप में जाना जाता है। खाद्य जाल को ''कौन किसे खाता है'' आरेख के रूप में वर्णित किया जा सकता है जो किसी दिए गए वातावरण में जीवित चीजों के बीच जटिल संबंधों को दर्शाता है। हालाँकि, मानवीय हस्तक्षेप इस नाजुक संतुलन को बाधिक कर सकता है। जंगलों की कटाई, प्रदूषण और जानवरों की अत्यधिक कटाई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रत्यक्ष खतरों के उदाहरण हैं। महासागरों में तेल रिसाव समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ी समस्याएँ पैदा कर सकता है।

## पर्यावरण पर मानव व्यवहार का अप्रत्यक्ष प्रभाव:

पर्यावरण पर मानव व्यवहार के अप्रत्यक्ष प्रभावों का निदान करना अक्सर अधिक कठिन होता है। अप्रत्यक्ष नुकसान के सबसे आम उदाहरण भूमि उपयोग से संबंधित हैं, क्योंकि यह सामान्य बात है कि मानव अवकाश और यात्रा गतिविधियों द्वारा विभिन्न तरीकों से आवासों को बदला जाता है। जबकि लम्बी पैदल यात्रा और अन्य बाहरी गतिविधियाँ पर्यावरण के अनुकूल लग सकती हैं, फिर भी वे परिदृश्य को बदल देती हैं, कभी-कभी काफी हद तक, जिसका उन स्थानों पर रहने वाले पौधों और जानवरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, पैदल चलने के लिए किसी विशेष क्षेत्र के उपयोग में मामूली वृद्धि भी उस क्षेत्र में पेड़ की जड़ों की वृद्धि को रोक सकती है, जो कम स्थिरता वाले पेड़ में बदल सकती है और तूफान के दौरान गिर सकती है। मानव गतिविधि और यातायात के कारण होने वाले कटाव से अक्सर पौधों और आवासों को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। जब बड़ी संख्या में लोग विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के लिए एक ही प्राकृतिक स्थल का उपयोग करते हैं, तो परिदृश्य और आवास में परिवर्तन अपरिहार्य हैं। अप्रत्यक्ष प्रभावों में सामाजिक तनावों के बिगड़ते प्रभाव भी शामिल हैं, जैसे कि राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से एक नई सड़क के निर्माण से उत्पन्न तनाव। जब कोई नई सड़क बनाई जाती है, तो इससे लोगों के लिए प्राकृतिक स्थलों तक नई पहुँच हो सकती है, जो उन क्षेत्रों का उपयोग करने वाले पौधों और जानवरों की मूल, अक्सर दुर्लभ, प्रजातियों को बाहर कर सकती है। ऐसे सामाजिक तनाव वनस्पतियों और जीवों की पहले से ही अलग-थलग आबादी के भीतर मानसिक स्वास्थ्य के मुधों से भी जुड़े हो सकते हैं। अवकाश और यात्रा से जुड़ा मानव व्यवहार अक्सर क्रियाओं के बारे में जागरूकता की कमी से संबंधित होता है। इसलिए व्यक्तियों के लिए पर्यावरण के साथ बातचीत करने के तरीकों के संभावित अप्रत्यक्ष प्रभावों को बेहतर ढ़ंग से समझना महत्वपूर्ण है। शैक्षिक कार्यक्रम केवल तेल रिसाव और रासायनिक प्रदूषा जैसे बड़े स्पष्ट नुकसान को कम करने पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर सकते हैं, बल्कि रोजमर्रा की, अक्सर अनदेखी की जाने वाली कार्रवाईयों पर भी ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं जो अभी भी पर्यावरणीय स्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। यह समझकर कि विभिन्न प्रकार के जीवन और भूमि आपस में कैसे जुड़े हुए हैं, मुनष्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह को संरक्षित करने में अधिक जानबूझकर और देखभाल करने वाली भूमिका निभा सकते हैं। नए निर्माण, शहर के विस्तार और अन्य मानवीय गतिविधियों के सामने वन्यजीव संरक्षा और पड़ोस के सामुदायिक हितों का समर्थन और प्रचार किया जाना चाहिए। विभिन्न प्र. जातियों की उपस्थिति को महत्व देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन और स्थिरता में योगदान देता है। यह देखते हुए कि निर्माण और भवन योजनाओं के परिणामस्वरूप आमतौर पर वन्यजीवों का निवास स्थान नष्ट हो जाता है या उनका विस्थापन होता है, यह मानव समुदायों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे विभिन्न प्रजातियों और प्राकृतिक परिवेश के बीच मौजूदा सामंजस्यपूर्ण संबंधों को पहचानें। ऐसी मान्यता का उपयोग पारिस्थितिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण

महत्व वाले स्थलों की सुरक्षा और रख-रखाव के लिए पैरवी करने के लिए किया जा सकता है। अस्थिर व्यवहार आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यक विशेषताओं को बदल सकते हैं और, निवास स्थान के नुकसान या देशी प्रजातियों के विस्थापन के नॉक-ऑन प्रभावों के माध्यम से, मनुष्य खुद को ऐसे क्षेत्रों में रह सकते हैं जहाँ स्थिर और विविध पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ कम उपलब्ध होती हैं। इस तथ्य को पहचान कर कि मानव समाज और पर्यावरण के बीच एक सार्थक और स्वस्थ संबंध के लिए पारिस्थितिकीय रूप से सही और वर्तमान को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, पर्यावरण के साथ दीघ कालिक सद्भावना और बातचीत को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे अंततः अधिक टिकाऊ और जिम्मेदारी पृथ्वी जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है।

## निष्कर्ष :

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण को गम्भीर नुकसान हुए हैं। पर्यावरण की क्षति मनुष्य के स्वास्थ्य को हमेशा से प्रभावित करती आ रही है। इनमें से ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएँ पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि पर्यावरण प्रदूषण की गम्भीर समस्या पर्यावरण संसाधनों के अविवेकपूर्ण उपयोग से जुड़ी है। यदि हम संसाधनों को संरक्षण तथा कम से कम उपयोग करते तो विकराल समस्याओं से बचा जा सकता था।

विनाशकारी पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए बहुत सारे नियंत्रण उपायों की आवश्यकता है क्योंकि इसके गम्भीर प्रभाव समस्त मानव जीवन पर पड़ रहे हैं। सार्वजनिक पर्यावरण जागरूकता अभियान तथा पर्यावरण प्रबन्धन हेतु राष्ट्रीय नीतियों के द्वारा लोगों को विभिन्न पर्यावरणीय मुधों के प्रति सजग किया जा सकता है। पर्यावरणीय मुधे समस्त मानव जीवन के व्यवहार तथा जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि मनुष्य अधिक से अधिक संरक्षण की नियत के साथ वातावरण से विवेकपूर्ण सम्बन्ध रखे।

कई पर्यावरणीय समस्याएँ मनुष्य की अनभिज्ञता से उत्पन्न होती है। इसलिए सम्बन्धित सरकारी विभागों तथा संस्थाओं को लोगों की गतिविधियों से होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बताना चाहिए कि वातावरण और मानव स्वास्थ्य का सम्बन्ध किस प्रकार है।

सरकार को ऐसे पर्यावरण संरक्षण आयोग की स्थापना करनी चाहिए जो पर्यावरण मंत्रालय के अधीन हो। इस आयोग का मुख्य उधेश्य स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण निगरानी करना होना चाहिए।

## संदर्भित पुस्तक और वेबसाइट्स :

1.https://timesofindia.indiatimes.com
2.https://en.wikipedia.org
3पर्यावरण शिक्षा- डॉ0 गजेन्द्र सिंह तोमर, पृ0सं0- 1-15
4 प्रज्ञा (पर्यावरण विशेषांक) 2009-10
5 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (छठा संस्करण), दृष्टि पब्लिकेशन्स, दिल्ली
6 सिंह, सावेन्द्र (1995), पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद
7 सक्सेना, डॉ0 हरिमोहन (1994), पर्यावरण एवं प्रदूषण, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
8 गर्ग, राजीव (1989), पर्यावरण और हम, राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली, प्रथम संस्करण

************

# गृहवास्तू निर्माण में भूमि-विचार

**डॉ. सर्वेन्द्र कुमार**
सहायकाचार्य
संस्कृत विभाग,
देशबन्धु महाविदयाल, दिल्ली

वास्तु का अभिप्राय निवास से है। यह शब्द **"वस् निवासे"** धातु से तुण् प्रत्यय के योग होने पर निष्पन्न होता है। जहाँ मनुष्य वास करते हैं उसे वास्तु कहा जाता है। इसके गृह, देवालय, ग्राम, नगर, पुर, आदि अनेक भेद हैं। **"वसन्ति प्राणिनो यत्र"** अर्थात् प्राणियों के वास–स्थान को वास्तु कहा जाता है। इस दृष्टि से जो प्राणी जहाँ रहता है उसके लिए वही वास्तु है। जलचर जल में रहते हैं, उनके लिए वही वास्तु है। पक्षी अपने नीड में रहते हैं, अतः उनके लिए नीड ही उनका वास्तु है। इस प्रकार सामान्यतया निवास–योग्य भूमि की संज्ञा वास्तु है और वास्तु अर्थात् भवन से सम्बन्धित शास्त्र को 'वास्तुशास्त्र' कहा जाता है।

भारतीय परम्परा में वास्तुशास्त्र अर्थात् निर्माण–अभियान्त्रिकी (Science of Architecture) को ऋषियों अथवा मनीषियों के अद्वितीय ज्ञान–कोष से उद्भूत माना गया है। वास्तु का विस्तृत अर्थ एवं उसका क्षेत्र साधरण एवं सीमित अर्थ में 'निवास–योग्य भूमि' अथवा भवन है परन्तु वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में वास्तु का अभिप्राय व्यापक है। आचार्य मय ने देवों और मनुष्यों के निवास स्थल को 'वास्तु' कहा है –

**अमर्त्याश्चैव मर्त्याश्च यत्र यत्र वसन्ति हि।**
**तद् वस्त्विति मतं तज्ज्ञैस्तदभेदं च वदाम्यहम्।।**

'मयमतम्' में वास्तु को चार प्रकार का बताया गया है – भूमि, प्रासाद (देवालय), यान एवं शयन। इनमें प्रधान वास्तु भूमि ही है, क्योंकि शेष इसी से उत्पन्न होते हैं।

प्रासाद आदि वस्तु प्रधान (वास्तु) भूमि से उत्पन्न होने एवं उस पर आश्रित होने के कारण वास्तु ही है। इसी कारण प्राचीन आचार्यों ने इसे वास्तु की संज्ञा प्रदान की है। वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में वास्तु की संज्ञा देते हुए 'भूमि' को ही मुख्य वास्तु बताया गया है, क्योंकि इन वास्तुओं का निर्माण मूलतः जिन वस्तुओं से होता है उनका उत्पत्ति–स्थान 'भूमि' ही है।

सभी वास्तु ग्रन्थ इन चारों वास्तुओं में प्रथमतः प्रधान वास्तु भूमि पर विचार करने के लिए कहते हैं। भवन–प्रासादादि के निर्माण के लिये भूमि की परीक्षा वर्ण, गन्ध, रस, आकृति, दिशा, शब्द एवं स्पर्श के द्वारा ही करनी चाहिये। परीक्षा के पश्चात् ही निर्माण कार्य की आवश्यकता के अनुसार ही भूमि को ग्रहण करना चाहिए।

मनुष्य को वास्तुशास्त्र सम्मत भूमि का चयन करके गृह का निर्माण करना चाहिए क्योंकि शास्त्रों में एक सद् गृहस्थ के लिए अपने गृह का होना आवश्यक बताया गया है 'गृह' उसके पारिवारिक जीवन के सुखभोग का हेतु है और धर्म, अर्थ एवं काम की प्राप्ति में सहायक है। सर्दी, गर्मी एवं वर्षा तथा शत्रुओं से अभिरक्षा का साधन तथा मांगलिक एवं धार्मिक कृतियों का सम्पादक–स्थल होता है। अतः शास्त्रों में एक सद् गृहस्थ के लिए अपने गृह का होना आवश्यक बताया गया है। क्योंकि एक गृहस्थ के द्वारा किये गये सभी यज्ञ, संस्कार, दान, तप, कृत्य यदि दूसरे किसी के गृह में होते हैं तो उन सभी कृत्यों का फल उस गृह अर्थात् भू के अधिपति को मिलता है –

**परगेहे कृतास्सर्वाः श्रौतस्मार्तक्रियाः शुभाः।**
**निष्फलाः स्युर्यतस्तासां भूमीशः फलमश्नुते।।**

गृह निर्माण प्रक्रिया में भूमि–चयन उस निर्माण का आधार है। अतः गृह–निर्माण विनियोजन में भूमि का चयन महत्त्वपूर्ण कार्य है। गृह निवेश हो अथवा पुर–निवेश, प्रत्येक के लिए निवेश्य स्थल का समुचित चयन करना आवश्यक है। गृह–निर्माण के लिए भूमि का चयन करते समय भूमि या मिट्टी की गुणवत्ता का विचार आवश्यक है। भूमि के कुछ गुणधर्म सभी मनुष्यों के लिए समान होते हैं, जबकि कुछ वर्ण–विशेष के अनुसार विचारणीय होते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में भी भगवान कृष्ण ने कहा है –

**चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः।**

अर्थात् भारतीय शास्त्रीय परम्परा में सभी मनुष्य चार भाग में विभक्त हैं, इसी कारण उनके गुणधर्म भी भिन्न हैं उसी के अनुसार वास्तुशास्त्र में सभी वर्णों के लिए निवास हेतु भूमि का चयन उसकी गन्ध, वर्ण, स्वाद, प्लव तथा भूमि पर स्वतः उत्पन्न कुशादि के आधार पर करने का उल्लेख हुआ है तथा उसी के अनुसार उन्हें अपने कर्मों का पूर्ण फल मिलता है।

गृह सभी वर्णों को स्त्री–पुत्रादि भोग, सुख प्रदान करने वाला, धर्म, अर्थ और काम को देने वाला, प्राणियों को सुख प्रदान करने वाला आश्रम स्थल, शीत, वर्षा और ग्रीष्म ऋतुओं से रक्षा करने वाला है, केवल गृहनिर्माण से ही वापी, देवमन्दिरादि के निर्माण का समस्त पुण्यफल प्राप्त हो जाता है। इसीलिए विश्वकर्मा आदि देवों ने सर्वप्रथम गृहनिर्माण के लिए ही कहा है, मनुष्य को घासफूस एवं तिनके से गृह निर्माण करने पर करोड़ गुना, मिट्टी से गृह निर्माण करने पर दस करोड़ गुना, ईंट से गृह निर्माण करने पर सौ करोड़ गुना तथा पर्वत–पत्थर से गृह निर्माण करने पर अनन्त गुना पुण्य फल मिलता है।

भूमिचयन के प्रसङ्ग में वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में कहा गया है जिस भूमि पर शुभ मांगलिक जयंती, जया आदि शुभ

औषधियाँ याज्ञिक, यज्ञ सरज, शाल, गुलर, वट, खैर, मवलेसरी आदि वृक्ष हों, मधुर स्वादु, सुष्ठु गंध, स्नेह (देखने मात्र से प्रसन्नता), सम, नीचोच्च विषमता रहित, बिल–प्रस्फुटितादि दोषशून्य हो, वह भूमि मनुष्य के लिए मांगलिक है, इस प्रकार की भूमि पर कुछ समय बैठने मात्र से मार्गजनित श्रम दूर होकर अभूतपूर्व आनन्द–सुखानुभूति होती है, तो वैसी भूमि पर गृह निर्माण कर निवास करने से शाश्वत सुख–शान्ति, आनन्द व लक्ष्मी का निवास रहता है।

भूमिचयन प्रक्रिया में ब्राह्मणों के लिए श्वेत वर्ण वाली भूमि उपयुक्त है, क्षत्रियों के लिए रक्तवर्ण वाली भूमि, वैश्य के लिए पीतवर्ण वाली भूमि, शूद्रों के लिए कृष्णवर्ण वाली भूमि तथा अन्य वर्णों के लिए मिश्रित वर्ण वाली भूमि प्रशस्त बतायी गयी है –

**श्वेता ब्राह्मणभूमिका च घृतवद्गन्धा शुभस्वादिनी**
**रक्ता शोणितगन्धिनी नृपति भूः स्वादे कषाया च सा।**
**स्वादेऽम्ला तिलतैलगन्धिरुदिता पीता च वैश्या मही**
**कृष्णा मत्स्यसुगन्धिनी च कटुका शूद्रेति भूलक्षणम्।।**

ऋग्वेद के आश्ववलायनगृह्यसूत्र के द्वितीय अध्याय की सप्तमी कण्डिका के वास्तुपरीक्षण में भी भूमिचयन के विषय में भी यही बताया गया है बालू की अधिकता वाली शुभ्र वर्ण वाली भूमि ब्राह्मण के वास्तु निर्माण के लिए उपयुक्त होती है। उसमें उसको मधुर स्वादिष्ट पदार्थ मिलते रहते हैं। क्षत्रियों के गृह–निर्माण के लिए बालू की अधिकता वाली लालवर्ण की भूमि उपयुक्त होती है तथा वैश्य के लिए बालू की अधिकता वाली पीले वर्ण की भूमि गृह–निर्माण के लिए शुभ बताई गयी है।

ऐसी भूमि गृह निर्माण के लिए चारों वर्णों के लिए प्रशस्त होती है जो स्वाद में मधुर एवं श्वेत वर्ण की हो। भूमि इतने स्नेह से युक्त हो जहाँ नकुल एवं सर्प भी प्रेमपूर्वक रहें अथवा भूमि का प्रभाव इतना सौमनस्य युक्त हो कि मूषक एवं विडाल भी दौर्मनस्य त्याग कर प्रेमपूर्वक निवास करें।

भूमि परीक्षण के पश्चात् सुख की कामना से चण्डिका के साथ गणेश, क्षेत्रपाल तथा अष्ट–दिक्पालों की पुष्प, धूप एवं बलि द्वारा पूजा करनी चाहिए।

**मधुरा दर्भसंयुक्ता घृतगन्धा च या मही।**
**उत्तरप्रवणा ज्ञेया ब्राह्मणानां च सा शुभा।।**
**रक्तगन्धा कषाया च शरवीरेण संयुता।**
**रक्ता प्राक्प्रवणा ज्ञेया क्षत्रियाणां च सा मही।।**
**दक्षिणप्रवणा भूमिर्याऽम्ला दूर्वाभिरन्विता।**
**अन्नगन्धा च वैश्यानां पीतवर्णा प्रशस्यते।।**
**पश्चिमप्रवणा कृष्णा बैकुण्ठा काशसंयुता।**
**मद्यगन्धा मही धन्या शूद्राणां कटुका तथा।।**

भारतीय वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में प्रायः यह विषय वर्णित है ब्राह्मणों के लिए मधुर, दर्भयुक्त, घृतगन्ध वाली, उत्तर की ओर ढलानयुक्त एवं श्वेत वर्ण वाली भूमि ब्राह्मणों के गृहनिर्माण में श्रेष्ठ बतायी गयी है।

रक्तगन्धवति, कषाय शरपत से युक्त, रक्तवर्ण वाली अम्ल, दूर्वायुक्त अन्नगन्ध वाली भूमि क्षत्रियों के लिए उपयुक्त है व दक्षिण की ओर ढलान वाली, अम्ल व दूर्वायुक्त पीली वर्ण वाली भूमि वैश्यों के लिए उपयुक्त है तथा पश्चिम की ओर ढलाऊ, कृष्ण, कटुरसयुक्त, मद्यगन्ध वाली व काश से युक्त भूमि शूद्रों के लिए प्रशस्त बतायी गयी है।

भूमि परीक्षा के लिए वास्तुशास्त्र में अनेक विधियाँ बताई गयी हैं। वर्णानुसार भूमि चयन के बाद भू–परीक्षा के लिए भूमि में एक हाथ का गड्ढा खोदकर खुदाई से प्राप्त मिट्टी से गड्ढे को भर देना चाहिए। यदि मिट्टी कम पड़े तो भूमि निष्कृष्ट फल देने वाली होती है। पूरी मिट्टी गड्ढे में भर जाय तो भूमि सामान्य फल देने वाली एवं गड्ढा पूर्ण भरने के बाद भी मिट्टी बच जाए तो भूमि उत्कृष्ट होती है। दूसरी खात–परीक्षा विधि इस प्रकार है भूमि में थोड़ा गड्ढा खोदकर वहाँ से सौ पद दूर जाना चाहिए एवं लौटकर गड्ढे के जल को देखना चाहिए। यदि गड्ढे में जल चौ. थाई से कम बच्चे तो भूमि अधम माननी चाहिए, यदि आधा बचे तो भूमि को मध्यम जानना चाहिए और यदि आधे से अधिक बचे तो भूमि को उत्तम कोटि का जानना चाहिए।

दानवराजमय द्वारा विरचित मयमतम् में खात–परीक्षा में यह विधि इस प्रकार बताई गई है सर्वप्रथम चयनित वास्तु (भूमि) के मध्य में एक हाथ गहरा, चौकोर, जिसकी दिशाएँ ठीक हो, दोषरहित गड्ढा खोदना चाहिये। यह गड्ढा सँकरा नहीं होना चाहिए तथा न ही बहुत गहरा होना चाहिये। इसके पश्चात् यथोचित विधि से पूजा करके तथा उस गड्ढे की वन्दना करने के पश्चात् सभी रत्नों से जल को युक्त करके बुद्धिमान मनुष्य को रात्रि के प्रारम्भ में गड्ढे में डालते हुये उसे जल से पूर्ण करना चाहिये। इसके पश्चात् पवित्र होकर सावधान मन से गड्ढे के पास भूमि पर कुछ बिछाकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठ जाना चाहिये। उपवास करते हुये **"अस्मिन् वस्तुनि वर्धस्व धनधान्येन मेदिनी!"।।** इस मंत्र का जाप करना चाहिये तथा प्रार्थना करनी चाहिये **हे पृथ्वी, इस भूमि पर उत्तम समृद्धि स्थापित करें इसे धन–धान्य से वृद्धि प्रदान करो।** तत्पश्चात् बुद्धिमान स्थपति को दिन होने पर प्रथमतः उस गड्ढे की परीक्षा करनी चाहिये तथा जल बचा हुआ देख कर सभी प्रकार की सम्पत्तियों के लिये उस भूमि को निर्माण हेतु ग्रहण करना चाहिये।

यदि भूमि गीली रहे तो उस पर निर्मित गृह में विनाश होता है। यदि शुष्क रहे तो उसे गृह में धन–धान्य की हानि होती है। यदि उस गड्ढे के खोदने से निकली मिट्टी से भर जाए एवं पूरी मिट्टी उसमें समा जाय तो भूमि को मध्यम श्रेणी का समझना चाहिए। यदि मिट्टी से गड्ढा भर जाय एवं मिट्टी बच भी जाए अर्थात् मिट्टी अधिक हो तो भूमि उत्तम होती है, यदि गड्ढा बिना भरे एवं मिट्टी समाप्त हो जाए अर्थात् मिट्टी गड्ढा भरने में कम पड़े तो वह भूमि निम्नकोटि की होती है तथा उसे गड्ढे के मध्य में यदि

जल दाहिनी और घूम कर बहे तो इस प्रकार की भूमि सर्वसम्पत्ति को देने वाली होती है तथा इस विधि से परीक्षित भूमि को निर्माण–हेतु ग्रहण करना चाहिये। इस विधि से विविध प्रकार की भूमियों का ज्ञान करके व्यक्ति को ग्राम, अग्रहार, पूर्व, पत्तन, खर्वट, स्थानीय खेत, निगम एवं अन्य की स्थापना के लिये भूमि का ग्रहण करना चाहिए।

**स्फुटिता च सशल्या च वाल्मीकारोहिणी तथा।**
**दूरतः परिहर्तव्या कर्त्तुरायुर्धनापहा।।**
**स्फुटिता मरणं कुर्यादूषरा धननाशिनी।**
**सशल्या क्लेशदा नित्यं विषमा शत्रुवर्धिनी।।**
**चैत्ये भयं गृहकृतो बल्मीके स्वकुले विपत्।**
**गर्तानां तु विनाशः स्यात्कूर्माकारे धनक्षयः।।**

गृह निर्माण के लिए भूमि चयन में भूमि सूखने के कारण फटी हुई, हड्डी अमांगलिक पदार्थ से युक्त, दीमक, चींटी इत्यादि से भरी हुई, असमतल भूमि निवासकर्ता की आयु–धनादि का नाश करने वाली होती है। अतः ऐसी भूमि को दूर से ही त्याग देना चाहिए। फटी भूमि मरणभय देने वाली, ऊसर भूमि धननाश करने वाली होती है, शल्ययुक्त भूमि नित्य दुःख देने वाली होती है। असमतल भूमि शत्रुवर्धिनी, स्मारक या समाधिस्थलादि चैत्य भूमि भयकारिका होती है। दीमक–चींटी आदि से युक्त भूमि, अपने कुल में विपत्तियाँ लाने वाली होती है। गड्ढों वाली भूमि विनाश करने वाली तथा कछुए की आकार वाली भूमि धननाश करने वाली होती है। चयनित भूमि को हल से अनेक बार जोतकर चारों ओर से समतल करना चाहिए पुनः भूमि के चारों कोणों को मापना चाहिए। गृहनिर्माण वाली भूमि आयताकार अथवा वर्गाकार होनी चाहिए –

**तत्सहस्रसीतं कृत्वा यथादिक्समचतुरस्त्रं मापयेत्।।**
**आयतं चतुरस्त्रं वा।।**

वास्तुशास्त्रीय नियमों का पालन करते हुए यह बात भी विचारणीय है कि भूमि–चयन में मन का प्रमाण भी अवश्य मानना चाहिये। जिस भूमि को देखने के लिए मन और नेत्रों को संतोष मिले एवं सुख की अनुभूति हो, वह भूमि उस व्यक्ति के लिए आवासादि के लिए शुभ होती है।

यदि गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश करते समय ज्योतिषशास्त्र के अनुसार शुभाशुभ मास, तिथि, वार, नक्षत्र आदि योगों का विचार भी कर लिया जाय तो ऐसे गृह में निश्चय ही गृहस्वामी को स्वास्थ्यलाभ, आत्मिक शांति, समप. न्नता, ऐश्वर्य एवं धनादि की प्राप्ति होती है।

निःसंदेह भारतीय वास्तुशास्त्र अत्यन्त तर्कसंगत एवं वैज्ञा. निक विधि से गृह–निर्माण एवं गृह में निवास करने की विधि प्रस्तुत करता है, जो भारतीय वातावरण, परिस्थितियों एवं जीवन–दर्शन के सर्वथा अनुकूल है। यह शास्त्र मात्र विविध अचेतन सामग्र से संघटित गृह के निर्माण से ही नहीं, अपितु उसमें निवास करने वाले व्यक्ति के उत्तम स्वास्थ्य एवं समुचित जीवन–शैली से भी सम्बद्ध है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार प्राचीन भारतीय वास्तुशास्त्र के मूलभूत सिद्धान्तों को सिविल इंजिनियरिंग के पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करे, जिससे सिविल इंजिनियरिंग के छात्र भारतीय वास्तुशास्त्र पर गौरव कर सकें और इसके अनुसार ही गृह–रचना का प्रारूप तैयार कर मानव कल्याण में अप. ना योगदान दे सकें।

**संदर्भ**


1. मयमतम्, द्वितीय अध्याय, श्लोक–1, पृ.सं. 4
2. मयमतम्, द्वितीय अध्याय, श्लोक–2, पृ.सं. 4
3.बृहद्वास्तुमाला, प्रथम प्रकरण, श्लोक–7, पृ.सं. 6
4.भगवद्गीता, अध्याय–4, श्लोक–13
5.बृहद्वास्तुमाला, श्लोक 4–5, प्रथम प्रकरण
6.भूमिपरीक्षणप्रकरणम्, वास्तुसार, श्लोक–1, पृ.सं. 12 अनूषरमविवदिष्णु भूम, ओषधिवनस्पतिवत्। आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका, श्लोक–1–2, पृ.सं. 147
7.राजवल्लभमण्डनम्, प्रथम अध्याय, पृ.सं. 6–7
8.श्वेतं मधुरास्वादं सिकतोत्तरं ब्राह्मणस्य।लोहितं क्षत्रिस्य। मधुरास्वादं सिकतोत्तरमिति वर्तते। (आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका 6–8, द्वितीय अध्याय, श्लोक 6–8, पृ.सं . 150–151
9.राजवल्लभमण्डनम्, श्लोक–15, पृ.सं. 7
10.भूमिपरीक्षणप्रकरणम्, वास्तुसार, श्लोक 4–7, पृ.सं. 13
11.मिश्रकलक्षणम्, प्रथम अध्याय, श्लोक 8–9,वास्तुसार मण्डनम् आयतत्त्वञ्च
12.राजवल्लभमण्डनम्, श्लोक 16–17, पृ.सं. 8
13-भूपरिग्रह, मयमतम्, श्लोक–14, अध्याय–4
14-भूपरिग्रह, मयमतम्, अध्याय चतुर्थ, पृ.सं. 17
15-बृहद्वास्तुमाला, मिश्रप्रकरण, श्लोक 79–81, पृ.सं. 39
16.आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका 9–10, पृ.स. 151


************

## ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गृह के उत्पात एवं शांति के उपाय

–सौरभ
शोधार्थी, पीएच.डी.
संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

उत्पात का सम्बन्ध मानव एवं मानव से भिन्न प्राणियों के साथ आदिकाल से ही रहा है। 'उत्पात' शब्द 'उद्' उपसर्गपूर्वक 'पत्' धतु से 'घञ्' प्रत्यय लगाकर निष्पन्न होता है, जिसके उछलना, कूदना, अनहोनी, आकस्मिक्–घटना, ग्रहण, भूकम्पादि विविध अर्थ होते हैं। वर्तमान समय में 'उत्पात' शब्द का प्रयोग प्रायः अशुभ घटना अथवा आकस्मिक घटना के लिए ही होता है, जबकि शास्त्रीय ग्रन्थों से यह स्पष्ट होता है कि ये उत्पात किसी आकस्मिक घटना अथवा अनिष्ट के ही सूचक नहीं हैं, अपितु कुछ उत्पात शुभसूचक भी होते हैं। उत्पात होने का कारण बताते हुये वराहमिहिर कहते हैं कि मनुष्यों के दुर्व्यवहार से पाप इकट्ठे होते हैं और उन पापों से उपद्रव (उत्पात) होते हैं।

बृहत्संहिता में दिव्य, आन्तरिक्ष और भौम – ये तीन प्रकार के उत्पात बताये गये हैं। सूर्यादि ग्रह और नक्षत्रों के विकार से जो अनिष्ट की आशंका होती है, वह 'दिव्य उत्पात' कहलाता है। उल्कापात, दिशाओं का दाह (मण्डलों का उदय, सूर्य–चन्द्रमा के आसपास पड़ने वाले घेरे का दिखायी देना) आकाश में गन्धर्व–नगर तथा इन्द्रधनुषादि का दर्शन, रुक–रुक कर वर्षा का होना, अनावृष्टि (सूखा पड़ना) या अतिवृष्टि (वर्षा का अधिक होना) आदि 'अन्तरिक्षजन्य उत्पात' हैं तथा चलायमान वस्तु के स्थिर तथा स्थिर वस्तु के चलायमान होने का नाम 'भौम उत्पात' है। इनमें से कुछ उत्पात केवल गृह में ही प्रभावी होते हैं ; जबकि कुछ सार्वभौमिक होते हैं। गृह से सम्बंधित प्रमुख उत्पातों का विवेचन इस प्रकार हैं–

विकृत (क्षत–विक्षत) पक्षी, पाण्डुवर्ण कबूतर, सफेद उल्लू, काला कौआ आदि पक्षी यदि किसी के घर में गिरे तो उस घर में महान् उत्पात की संभावना रहती है। यदि गले की मालाएँ आपस में टकराने लगें, पैदा होते ही बाले के दाँत हों, देवताओं की मूर्तियाँ हँसती हुई सी दिखाई दें, मूर्तियों में पसीना दीख पड़े और घड़े में सर्प और मेंढक के बच्चों का जन्म हो जाय तो उस घर की गृहिणी पर छः मास पर विपत्ति आती है। घर पर या वृक्ष पर बिजली कड़कड़ाकर गिरने और आग की ज्वालाएँ दिखाई देने पर भी महान् उत्पात होता है। ये सभी सूर्यजन्य उत्पात माने गये हैं। इन सबकी शांति के लिए गृहस्वामी रविवार के दिन भगवान् सूर्य की प्रसन्नता–हेतू पूजा करे। तिल एवं पायस से **'ऊँ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।'** इस मन्त्र द्वारा सात हजार आहुतियाँ प्रदान करे। वराह ने भी गृह, प्रधान वृक्ष, तोरण (पुरद्वार) या गृहद्वार पर पक्षियों के समुदाय का गिरना अशुभ फलदायी माना है।

यदि गृह में स्त्री–पुरुषों की निरन्तर लड़ाई, कोयल और उल्ले का रोना तथा ताड़ एवं सुपारी के वृक्ष एक साथ उत्पन्न हो जायँ तो उस घर में रहने वालों पर विपत्ति की संभावना होती है। दूसरे वृक्षों में अन्य वृक्षों के फल–फूल का दिखलाई देना भी अशुभ होता है। ये सभी उत्पात सामग्रह–जन्य हैं। इनकी शांति के लिए सोमवार के दिन सोम के निमित्त, दधि, मधु, घृत तथा पलाश आदि से **'ऊँ श्रां श्रीं श्रौं सः सोमाय नमः'** इस मंत्र से ग्यारह हजार आहुतियाँ देनी चाहिए।

यदि गृह में माष एवं जौ की ढेरियाँ अचानक लुप्त हो जायँ, दही, दूध, घी और पकवानों में खून दिखलाई पड़े, अचानक घर में आग जैसा लगना दिखाई दे, बिना बदल के ही बिजली चमकने लगे, घर के सभी पशु तथा मनुष्य रोगी से दिखाई पड़ें तो मंगल ग्रह से उत्पन्न उत्पात समझने चाहिये। इनसे राजा, मन्त्री तथा गृहस्वामी का विनाश होता है। ऐसे भयंकर उपद्रवों को देखकर मंगल की शांति के लिए दही, दूध, मधु घी से युक्त खैर और गूलर की समिधाओं से **'ऊँ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः'** इस मंत्र द्वारा दस हजार आहुतियाँ देनी चाहिये।

गृह में यदि गौएं पूँछ उठाकर स्वयं दौड़ने लगें और कुत्ते तथा सूअर गृह पर चढ़ने लगें तो उस गृह की स्त्रियों को

भीषण क्लेश की आशंका होती है। गृहस्वामी का पूर्णतः मिथ्यावादी (झूठा) होना, घर में गौओं का चिल्लाना, पृथ्वी का हिलना, घर में मेंढक साँप का जन्म लेना – ये सभी उत्पात बुधग्रह–जन्य हैं। इनसे गृह के नष्ट होने की सम्भ. ावना होती है। इनकी शांति के लिए बुधवार के दिन दही, मधु, घी तथा अपामार्ग (पुठकडां) की समिधा एवं चरु से **'ऊँ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः'** इस मंत्र द्वारा उन्नीस हजार आहुतियाँ देनी चाहिये।

पशुओं का असमय में मिलन और उनसे जुड़वा सन्तान की उत्पत्ति, गृह स्तम्भ का अचानक टूट जाना, घर के आँगन में बिल्ली तथा मेंढक का नाखूनों से भूमि कुरेदना और इनका घर पर चढ़ना – ये सभी दोष जहाँ दिखाई दें, वहाँ छः महीने के भीतर ही घर का विनाश होता है। कोई प्राणी मर जाता है या कुटुम्ब में कलह होती है अथवा अनेक व्याधि ायाँ उत्पन्न होती हैं। ये सभी उत्पात बृहस्पति जनित हैं। इनकी शांति के लिए बृहस्पति के निमित्त **'ऊँ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः'** इस मंत्र द्वारा शांति होम करना चाहिये।

घर में राक्षस द्वारा घड़े का जल पीने का आभास होना, शेर, शक्कर, तेल, चाँदी, ताण्डव–नृत्य, उड़द–भात, धान आदि का आभास होना तथा ताँबा, काँसा, लोहा, सीसा तथा पीतल आदि का रखा दिखाई देने का आभास होना, ऐसे उत्पात होने पर धननाश की सम्भावना रहती है और परिवार के सदस्यों को अनेक व्याधियाँ होती हैं। दाँतों की पंक्ति को छोड़कर दाँतों के ऊपर दाँत निकलना, घर में यदि बर्तनों में, घड़ों में बादल के गरजने की आवाज सुनाई दे, तो गृहस्वामी पर विपत्ति की सम्भावना होती है। ये सभी उत्पात शुक्र ग्रह जनित हैं। इनकी शांति के लिए शुक्रवार के दिन दही, मधु, घृतयुक्त शमीपत्र से **'ऊँ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः'** इस मंत्र द्वारा सोलह हजार आहुतियाँ देनी चाहिये।

यदि आकाश में जलती हुई अग्नि दिखाई दे तो स्त्री–पुरुषों की हानि, सभी औषधियाँ और अन्न एवं शाक आदि रसविहीन हो जायँ; हाथी, घोड़े, मतवाले होकर हिंसक हो जायँ; गाय, भैंस आदि अचानक उत्पात मचाने लगें, गृह–द्वार में गोह और शंखिनी (प्रेतात्मा या कोई अप्सरा) प्रवेश करे तो इससे राजपीड़ा और धनहानि होती है। ये सभी उत्पात शनिग्रह जनित हैं। इनकी शांति के लिए विविध सस्यों तथा समिधाओं से शनिवार के दिन **'ऊँ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः'** इस मंत्र से तेईस हजार आहुतियाँ देनी चाहिये।

दक्षिण दिशा में यदि अपनी छाया अपने पैर के एकमद समीप आ जाए और छाया में दो या पाँच सिर दिखलाई दें अथवा छिन्न–भिन्न रूप में सिर दिखाई दे तो देखने वाले की सप्ताह के भीतर ही मृत्यु की आशंका होती है। कौआ, बिल्ली, तोता तथा कबूतर का मैथुन का दिखाई देना – ये राहु–जन्य उत्पात हैं। इनकी शांति के लिए दधि, मधु, घी, दूब, अक्षत आदि से **'ऊँ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः'** इस मंत्र से शनिवार या बुधवार अठारह हजार आहुतियाँ दें, वारुण होम भी करें।

यदि गृह में गीदड़, गृध, कौए आदि भीषण ध्वनि करते हों तथा भयंकर नृत्य करते हों तो भी मृत्यु की आशंका होती है। शाल, ताल, अक्ष (बहेड़े का पौधा), खैर वृक्ष, कमलादि यदि अचानक ही घर के अन्दर उत्पन्न हों तो ये सभी केतुग्रह जनित दोष हैं। इनकी शान्त्यर्थ **'ऊँ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः'** इस मंत्र से दही, मधु, घी से सत्रह हजार आहुतियाँ देनी चाहिये।

यदि शाम के समय मुर्गा और हेमन्त ऋतु के प्रारम्भ में कोयल बोले तथा आकाश में बाज आदि माँस भक्षण करने वाले पक्षी गोलाकार मार्ग में प्रदक्षिणा क्रम से चलें तो ये भय देने वाले होते हैं।

गृह में मधु (शहद) का छत्ता, वल्मी (वमई) और कमलों की उत्पत्ति भी नाश का कारण बनती है। गृहद्वार के किवाड़, दीवार, स्तम्भ एवं ध्वजादि का दृढ़ होते हुये भी अचानक गिर जाना या भूमि का फट जाना भी अशुभ होता है।

गृह के द्वार पर यदि सांप प्रवेश करे तो गृहिणी का विनाश तथा द्वार पर दुर्गा पक्षी के द्वारा घोंसला बनाना अथवा उल्लू का बोलना भी विनाश का कारण होता है।

यदि कुत्ते हड्डी या शव का कोई भी अंग घर में ले आयें तो भी अनिष्ट की आशंका होती है।

गृह में तेल, घी, भात, चर्बी अथवा खून की वर्षा हो तो भी गृहेश को दुःख तथा अचानक गीत व बाजे का शब्द होना भी कल्याणकारक नहीं होता है।

गृह में यदि दूध बार–बार गिरता हो, तो भी उस घर में विवाद होता है। गृह में अकस्मात् बिल्ली का रोना अथवा झगड़ना किसी दुःखद घटना अथवा भारी विपत्ति का सूचक है। यदि कौआ श्मशान भूमि से माँस अथवा हड्डी आदि उठाकर भवन में गिराता है तो घर में अमंगल, विवाद अथवा चोरी की आशंका होती है। प्रातः कौए की वाणी प्रिय–आगमन का संकेत है, मध्याह्न में अतिथि–दर्शन की सूचक, किन्तु रात्रि में अचानक कौए की ध्वनि दुःखदायिनी होती है।

गृह के सामने रात्रि में गदहे का रोना शत्रुओं से भय एवं महादुःख का सूचक तथा मुख्य द्वार पर छिपकलियों का निरंतर घूमना बीमारी एवं विवाद को जन्म देने वाला है। गृह के मुख्य द्वार पर अचानक गाय का रंभाना सौभाग्य प्राप्ति का सूचक है। गृह में छत, दीवार या किसी अन्य स्थान पर लाल चींटियों के समूह का रेंगना सम्पत्ति–हानि का सूचक है। पंख वाली बड़ी काली चींटियों का रेंगना गृह में अचानक क्लेश एवं अशांति की सम्भावना को प्रकट करता है। गृह में सामान्य काली चींटियों का समूह बनाकर रहना या रेंगना गृहस्वामी के निरन्तर विकास का सूचक है। गृह में काले चूहों का होना रोगवृद्धि का सूचक है। यदि जल से भरा हुआ नया घड़ा अकारण हाथ से छूट जाय या फूट जाय तो अचानक आर्थिक कठिनाई आती है। गृह में रात्रि अथवा सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय में अदृश्य ध्वनि सुनाई दे तो वहाँ प्रेतबाध जानकर उसकी शांति करनी चाहिये।

गृह में बार–बार वस्त्रों का जलना कष्टों से संघर्ष का सूचक है तथा यदि गृह में बार–बार बालों के गुच्छे गिरें तो परिवार में त्वचा रोग के संक्रमण की सम्भावना होती है। गृह में बिल्ली की सन्तानोत्पत्ति होना सम्पत्ति–प्राप्ति का सूचक और कुत्ते का रोना सम्पत्ति–हानि का प्रतीक है।

जिस गृह में गाय स्वयं दूध पीने लगे तो उस घर के स्वामी पर ऋण होने की आशंका होती है तथा गृह में अचानक ऊँट का प्रवेश भी निर्धनता का सूचक है। यदि गृह में चिड़ियों का विलाप हो तो वहाँ सर्पादि का प्रवेश अथवा अन्न–पान में विष की आशंका होती है। गृह–द्वार पर यदि गज अपनी सूंड उठाये तो विजय का सूचक, किन्तु गज का चिंघाड़ना महाभय का प्रतीक है।

रात्रि नींद में दाँतों का किटकिटाना भी अशुभ माना गया है। गृहपति द्वारा दाँत किटकिटाने से व्यावसायिक हानि, गृहिणी द्वारा दाँत किटकिटाने से प्राकृतिक–प्रकोप एवं सन्तान द्वारा दाँत बजाने पर घोर कलह की सम्भावना तथा पड़ोसियों से शत्रुता होती है।

यदि किसी गृह में जलते हुए अंगारे गिरें तो शत्रु–प्रेरित तांत्रिक–बाधा समझें। जहाँ अर्ध–रात्रि में स्त्री–रोदन (रोना) सुनाई दे तो उस गृह से लक्ष्मी का पलायन समझना चाहिये। जिस गृह में सहसा परछाइयाँ दिखाई देने लगें तो उस परिवार को नाना व्याधियाँ ग्रस्त करती हैं।

वराहमिहिर का कथन है कि कुछ उत्पात ऋतुओं के अनुसार स्वाभाविक (Natural) होते हैं, अतः वे दोष उत्पन्न करने वाले होते हैं; ऐसे उत्पातों का वर्णन करते हुए वे कहते हैं कि वज्र (बिजली), अशनि (पत्थरों की वर्षा या उल्कापात), भूकम्प, प्रकाशमय सन्ध्या, निर्घात (आकाश में हवा के झोकों के टकराने का शब्द), सूर्य–चन्द्र का परिवेश, धूली, धूम, रक्त वर्ण के रवि का उदयास्त, वृक्षों से भोजन, मधुरादि रस और तेल आदि की उत्पत्ति, गाय और पक्षिओं में काम (sex) की वृद्धि – ये सभी उत्पात चैत्र और वैशाख मास में कल्याणकारी होते हैं।

सदा उल्कापिण्ड के टूटकर गिरने से मलिन आकाश, सूर्य–चन्द्र के पीले मण्डल, अग्नि के बिना ज्वाला का शब्द, ध ूप, धूली और वायु के आहत ला कमल की तरह लोहित वर्ण की सन्ध्या, तरङ्ग युक्त समुद्र की तरह आकाश एवं नदियों में जल का सूखना – ये सब उत्पात ग्रीष्म (ज्येष्ठ और आषाढ़) में शुभ होते हैं।

इन्द्रधनुष सूर्य–चन्द्र का परिवेश, बिजली कड़कना और सूखे वृक्षों में अङ्कुर निकलना, पृथ्वी का काम्पना, उलटना, स्वरूप बदलना, शब्द करना, फटना, सरोवरों, नदियों, बावड़ी, कुओं एवं तालाब आदि में अधिक जल का होना, पर्वत और गृहों का चलायमान होना – ये सभी उत्पात वर्षा ऋतु में हों तो शुभ हैं।

दिव्यस्त्री, गन्धर्व, रथ तथा चकित करने वाली वस्तुओं का दर्शन, दिन के समय ग्रह–नक्षत्र आदि का दर्शन, वन तथा पर्वतों में गीत और वाद्यों की ध्वनि का सुनाई देना, धन आदि अन्न की वृद्धि और जल की हानि – ये सभी उत्पात शरद् ऋतु में होने पर शुभ हैं।

वायु तथा तुषार (ओस) में ठण्डापन, मृग और पक्षियों का शब्द सुनाई देना, राक्षस, यक्ष, आदि प्राणियों का दर्शन होना, मनुष्य के बिना वाणी का आभास होना, अन्धकारयुक्त आकाश, आदि – ये सभी उत्पात हेमन्त ऋतु में हों तो शुभ हैं।

हिमपात, वायु–सम्बंधी उत्पात, भयानक प्राणियों का आश्चर्य कराने वाला दर्शन, काले अञ्जन की तरह रात और उल्क. ापात से पीला आकाश, स्त्रियों के गर्भ से नाना प्रकार के प्राणियों की उत्पत्ति, गाय, बकरी, घोड़ा, मृग और पक्षियों के गर्भ से भिन्न जाति के प्राणियों की उत्पत्ति, वृक्षों के पत्तों, लताओं और अंकुरों में परिवर्तन होना – ये सब उत्पात शिशिर ऋतु में होने पर शुभ होते हैं।

उपर्युक्त ऋतुस्वभाव जनित सभी उत्पात अपने ऋतु में शुभ फल देने वाले होते हैं, परन्तु अन्य ऋतु में दिखलाई देने पर तो अति कष्टकारक होते हैं।

**संदर्भ .**

1)सं.हि.को.को. (आप्टे), पृ. 189
2)अपचारेण नराणामुपसर्गः पापसञ्चयाद् भवति। संसूचयन्ति दिव्यान्तरिक्षभौमास्त उत्पाताः।। बृ.सं., 46/2
3)दिव्यं ग्रहक्षैवकृतमुल्कानिर्घातपवनपरिवेषाः।
गन्धर्वपुरपुरन्दरचापादि यदान्तरिक्षं तत्।।
भौमं चरस्थिर भवं .....। बृ.सं., 46/4–5
4)मा.पं., वि.सं. 2050, पृ. 57
5)बृ.सं., 46/70
6) मा.पं., वि.सं. 2050, पृ. 57
7)मा.पं., वि.सं. 2050, पृ. 57–58
8)मा.पं., वि.सं. 2050, पृ. 58
9)कुक्कुटरुतं प्रदोषे हेमन्तादौ च कोकिलापाः।
प्रतिलोममण्डलचराः श्येनाद्याश्चाम्बरे भयदाः।। बृ.सं. 46/69
10)गृहचैत्यतोरणेषु द्वारेषु च पक्षिसङ्घसम्पातः।
मधु वल्मीकाम्भोरुहसमुद्भवश्चापि नाशाय।। बृ.सं., श्लोक–70
11)वा.रा.व., 10/20–21
12)द्वारे गृहस्यापि विशेद्भुजंगस्तदा विनाशं कुरुते गृहिण्याः।
तथैव दुर्गा प्रकरोति नीडं रटत्युलूकोऽपि विनाशहेतुः।। वा.रा.व ., 10/22
13)श्वभिरस्थिशवावयवप्रवेशनं मन्दिरेषु मरकाय। बृ.सं. 46/71
14)रोगाय तैलघृतभक्तवसादिधारा दुःखंभवेद्गृहपतेर्यदि रक्तध ारा।
वादित्र गीतनिनदो भवनेष्वकस्मात् संजायते यदि तदा कथयत्यसौख्यम्। वा.रा.व., 10/23
15)अकस्मात् क्षरति क्षीरं गेहे यदि पुनः पुनः।
विवादो जायते तत्र ह्यचिन्त्यश्च भयंकर।। वा.वि., 9/22
16)विडालो रौति चेद गेहे, घटना स्यात्तु दुःखदा।
मार्जारकलहो यत्र तत्राऽऽनीय काकस्तु पातयेत्
अमंगलं विवादं च स्तेयशंकां हि सूचयेत्।।
प्रातः काकस्य वाणी या, प्रियाऽगमनसूचिका।
मध्याह्नेऽतिथिदर्शिकन्याकस्मिका दुःखदा निशि।। वा.वि., 9/24–26
17)वा.वि., 9/33–39

18)विमुक्तः खण्डितो वा स्याज्जलपूर्णो घटो नवः

धनहानिर्भवेद् गेहे ह्यचिन्त्या दुःखदा तदा।।

अदृश्यः श्रूयते यत्र, ध्वनिः कश्चिद् गृहे यदा।

प्रेतबाधं विजानीयात् शमोपायान् विचारयेत्।। वा.वि. 9/47–48

19)दन्दह्यते च वस्त्राणि भूयो भूयो गृहे यदि।
नानकष्टानि तस्माद्धि निपतन्ति निवासिषु।।
समापतन्ति गेहे चेत्केशगुच्छं कदाचन।
चर्मरोगेण कष्टेन ग्रस्थः स्युश्च निवासिनः।। वा.वि., 9/51–52
20)मार्जारी–प्रसवाद् गेहे, सहसाऽऽयाति सम्पदा।

रोदनात्सारमेयस्य सहसा याति सम्पदा। वा.वि., 9/58

21)वा.वि., 9/60–62
22)वा.वि., 9/65–66
23)वा.वि., 9/71–73
24)बृ.सं., 46/83–96

************

# भारतीय परिवेश में लैंगिक असमानता- विवाह, परिवार और समुदाय में महिलाओं पर हिंसा (एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण)

-डॉ संगीता रावल ,
असिस्टेंट प्रोफेसर ( समाजशास्त्र)
एम ए एम फिल , पी.एचडी (समाजशास्त्र), एम ए (एजुकेशन) एमड
श्री द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज दनकौर उत्तर प्रदेश

**सार संक्षेप** महिलाओं के विरुद्ध खुलेआम की जाने वाली हिंसा, उनके साथ भेदभाव और इन सबका नकारा जाना जेंडर पर आधारित असमान सम्बन्धों का एक मुख्य हिस्सा हैं। इसमें शोषण, पक्षपात, सामाजिक और आर्थिक दाँचो को ज्योंका त्यों बनाए रखने का प्रयास और एक आतंक और डर का माहौल बनाना भी शामिल है। इन सभी को अपनी सामाजिक और आर्थिक शक्तियों के आपसी समाज में विवाह्न और परिवार को स्वाभाविक, शाश्वत और पवित्र समझा जाता है। परन्तु इन व्यवस्थाओं के सैद्धान्तिक और भौतिक पहलुओं को समझना आवश्यक है। सैद्धान्तिक तौर पर, विवाह और परिवार की व्यवस्थाओं ने इनमें निहित सम्बन्धों को कुछ खास अर्थ दिए , इन अर्थों ने जेंडर के आपसी सम्बन्धों और शाक्तियों की असमानता को न केवल धुंधला किया बल्कि इन्हें मान्यता प्रदान की। बेटों को प्राथमिकता देने की प्रथा, बेटियों को बोझ और एक समुदाय और परिवार की 'इज्जत' समझने का विचार, श्रम का जेंडर के आधार पर विभाजन, और महिलाओं की पत्नी, माँ और परिवार में सबका ध्यान रखने वाले व्यक्ति की भूमिका ने महिलाओं के स्तर को पुरुषों से नीचे रखा है। इसके अलावा असमान सम्पत्ति अधिकारों और परिवार के संसाधनों के बंटवारे में महिलाओं को न के बराबर एक होने के चलते महिलाएँ परिवार पर आश्रित रहती है। जहाँ अजन्में बच्चे के लिंग निर्धारण का बढ़ता इस्तेमाल समाज में बेटी को बोझ समझने वाली धारणा के कारण है। सामाजिक इसलिए क्योंकि वह एक परिवार की 'इज्जत' होती है जिसकी उसके परिवार को उसका विवाह होने तक रक्षा करनी पड़ती है। पितृसत्तात्मक ढाँचे में यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिलाओं की स्थिति नीची बनी रहे। वही भारत में 'जाति' की व्यवस्था को बनाए रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिए अपने ही गोत्र में विवाह की प्रथा पर जोर दिया जाता, क़ाबू रखा जाता बड़ी सावधानी से। इस बात पर है कि केवल कुछ ही जाति समूहों के लड़के-लड़कियों के बीच में विवाह किए जाएँ। NCRB के विश्लेषण ने दर्शाया कि पतियों द्वारा मारपीट और दहेज से जुड़ी हिंसा महिलाओं के साथ होने वाले अपराधो का कुल 36 प्रतिशत हिस्सा है। वही NCRB के 2007-2011 के आँकडे यह भी बताते हैं कि हर एक घंटे में दहेज के लिए एक महिला की हत्या होती है। घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम जो 2005 आया उसने न केवल इस बात को स्वीकारा कि महिला पीड़ितों। सरवाइवरों के लिए एक ऐमें क़ानून की आवश्यकता है जो उन्हें हिंसा से सुरक्षा प्रदान करे बल्कि यह सभी ने माना कि उन्हें ऐसे माध्यम भी चाहिए जिसका इस्तेमाल कर सकें। इज्जत बचाने के लिए किए अपराध' इस वाक्य में महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की एक लम्बी सूची निहित है। इसमें महिलाओं को अपनी मर्जी से विवाह करने या सम्बन्ध बनाने से रोकने के लिए की जाने वाली मारपीट, उत्पीड़न ,क़ैद करके रखना और हत्याएँ शामिल है। ये अपराध अक्सर परिवार या समुदाय के सदस्यों द्वारा किए जाते हैं। यह विचार बनाकर कि महिलाओं के ऐसा करने से 'इज्जत को खतरा पैदा हुआ है, इन अपराधों को सामाजिक मान्यता दिलाई जाती है।परिवारों में मौजूद लैंगिक भेदभाव के कारण लड़कियों (5) पर हिंसा और उन्हें मारने के चलन को महिला भ्रूणहत्या,और शिशु हत्या की प्रथाओं में देखा जा सकता है2001 और 2011 की जनगणना रिपोर्टों से लिंग अनुपात में गिरावट सामने आई। इससे पहले यह साबित हुआ कि कानून महिला भ्रूण हत्या की प्रथा को रोकने में कुछ ख़ास सफल नहीं रहा। वे राज्य जहाँ पहले महिला भ्रूण और शिशु हत्या का कोई इतिहास नहीं था या जहाँ पितृसत्तात्मक विचारों और लड़कियों के साथ अहम है। साथ-ही-साथ, 'इज्जत' का विचार जो बहुत से समुदायों जैसे हिन्दू, सिख और मुस्लिम समुदायों में बहुत मूल्यवान है हमेशा सम्पत्ति और प्रभुत्व बनाए रखने के काम ही नहीं आता ।यह साबित करता है कि किस तरह एक पितृसत्तात्मक ढाँचा महिलाओं का जीवन नियंत्रित कर उन्हें भी इस हिंसा में भागीदार बना देता है। महिलाओं की आवाजाही औरयौनिकता पर सख़्त और अक्सर हिंसात्मक निगरानी और साथ ही परिवार और समाज की

'पवित्रता' और 'परिवार की इज्जत' जैसी धारणाएँ यह सुनिश्चित करती है कि महिलाएँ घर और परिवार में नियमित तौर पर होने वाली हिंसाको चुपचाप सहन कर सकें। "महिलाओं की यौनिकता का नियमन एक सांस्कृतिक भागीदार है। और जबरन विवाह से लेकर 'इज्जत' बचाने के लिए की जाने वाली हत्याओं जैसी हिंसा इस नियमन को लागू करने का एक ज़रिया है। महिलाओं के विरुद्ध खुलेआम की जाने वाली हिंसा, उनके साथ भेदभाव और इन सबका नकारा जाना जेंडर पर आधारित असमान सम्बन्धों का एक मुख्य हिस्सा हैं। इसमें शोषण, पक्षपात, सामाजिक और आर्थिक दाँचो को ज्यों का त्यों बनाए रखने का प्रयास और एक आतंक, और डर का माहौल बनाना भी शामिल है। इन सभी को अपनी सामाजिक और आर्थिक शक्तियों के आपसी समाज में विवाह्न और परिवार को स्वाभाविक, शाश्वत और पवित्र समझा जाता है। परन्तु इन व्यवस्थाओं के सैद्धान्तिक और भौतिक पहलुओं को समझना आवश्यक है। सैद्धान्तिकतौर पर, विवाह और परिवार की व्यवस्थाओं ने इनमें निहित सम्बन्धों को कुछ खास अर्थ दिए । इन अर्थोंने जेंडर के आपसी सम्बन्धों और शाक्तियों की असमानता को न केवल धुंधला किया बल्कि इन्हें मान्यता भी प्रदान की। बेटों को प्राथमिकता देने की प्रथा, बेटियों को बोझ और एक समुदाय और परिवार की 'इज्जत' समझने का विचार, श्रम का जेंडर के आधार पर विभाजन, और महिलाओं की पत्नी, माँ और परिवार में सबका ध्यान रखने वाले व्यक्ति की भूमिका ने महिलाओं के स्तर को पुरुषों से नीचे रखा है। इसके अलावा असमान सम्पत्ति अधिकारों और परिवार के संसाधनों के बंटवारे में महिलाओं के न के बराबर एक होने के चलते महिलाएँ परिवार पर आश्रित रहती है। जहाँ अजन्में बच्चे के लिंग निर्धारण का बढ़ता इस्तेमाल समाज में बेटी को बोझ समझने वाली धारणा के कारण है। सामाजिक इसलिए क्योंकि वह एक परिवार की 'इज्जत' होती है जिसकी उसके परिवार को उसका विवाह होने तक रक्षा करनी पड़ती है। पितृसत्तात्मक ढाँचे में यह सुनिश्चित किया जाता है कि महिलाओं की स्थिति नीची बनी रहे। वही भारत में 'जाति' की व्यवस्था को बनाए रखने और उसे आगे बढ़ाने के लिए अपने ही गोत्र में विवाह की प्रथा पर जोर दिया जाता, क़ाबू रखा जाता । बड़ी सावधानी से इस बात पर है कि केवल कुछ ही जाति समूहों के लड़के-लड़कियों के बीच में विवाह किए जाएँ

**बीज शब्द - घरेलू हिंसा और अनुपात, कानूनऔर समाधान,भ्रूण हत्या, क़ानून का अनुभव,।**

घरेलू हिंसा -चूंकि घरेलू हिंसा घरों में होती है इसका अनुपात और इसकी प्रबलता को भापना इसलिए भी मुश्किल रहा है क्योंकि भारतीय परिवेश में महिलाएँ इसके बारे में खुले तौर पर बात करने से हिचकिचाती हैं और पुलिस स्टेशन में इसकी रिपोर्ट करने से भी कतराती है। विधि, न्याय व कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का अनुमान है कि 70 प्रतिशत से अधिक घरों में घरेलू हिंसा होती है। परन्तु ऐसे मामले शहरी घरों मे से केवल 5 प्रतिशत हैजो पुलिस

मै रिपोर्ट किए जाते है। जहाँ तक बात ग्रामीण क्षेत्रो की है तो वहाँ ऐसे मामला को और कम रिर्पोट किया जाता है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों जैसे कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-3) में जो रिपोर्ट किया जाता है उसके राष्ट्रीय रिवारस्वास्थ्य सर्वेक्षण में जो आंकडे अक्सर वे भी मेल नहीं खाते। ऐसे हालात में भारत मे घरेलू हिंसा की असली पूरी जानकारी का अनुमान लगा पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। घरेलू हिंसा की व्यापकता पर मौजूद आँकड़े इस विषय को असलियत नहीं बताते। एक राष्ट्रीय स्तर पर किए गए सर्वेक्षण के अनुसार अपने जीवनकान में। एक महिला शारीरिक, शोषण की घटना की शिकार होती है।50 प्रतिशत महिलाएं मानसिक हिंसा, जबकि 15 प्रतिशत महिलाएं जो घरेलू हिंसा की शिकार होती है, परिवार की 'इज्जत को बनाए रखने के लिए इन मामला में मदद नहीं मांगती । एक अन्य अध्ययन ने बताया कि हर एक घंटे में पाँच महिलाएँ घरेलू हिंसा सहती है । ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में हर पाँच विवाहित महिलाओं। 3 में यह से एक 15 साल की उम्र से घरेलू हिंसा की शिकार होती है। इस रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 56 प्रतिशत महिलाएँ पतियों द्वारा हिंसा को सही मानती है। NCRB के विश्लेषण ने दर्शाया कि पतियों द्वारा मारपीट और दहेज से जुड़ी हिंसा महिलाओं के साथ होने वाले अपराधो का कुल 36 प्रतिशत हिस्सा है। वही NCRB के 2007-2011 के आँकडे यह भी बताते हैं कि हर एक घंटे में दहेज के लिए एक महिला की हत्या होती है।

कानूनों और समाधान प्रदान करने की माँग 1980 के

दशक में परिवार में होने वाली हिंसा से निपटने के लिए दो महत्वपूर्ण कानून लाए गए - दहेज़ निषेध संशोधन कानून, 1984 और भारतीय दंड संहिता में सेक्शन 498ए और 304 बी जोड़ने के लिए किए गए दो संशोधना इन संशोधनों ने पहली बार हिंसा को क़ानून और समाज में पहचान दी जो महिलाएँ अपने घरों में झेलती हैं। सेक्शन 498ए ने एक महिला पर उसके पति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा की गई हिंसा को अपराध के दायरे में डाला। इसका अर्थ यह था कि केवल क़ानूनी तौर पर विवाहित स्त्री की ऐसी कोई शिकायत कर सकती थी। ऐमा मुख्यतः इसीलिए था क्योंकि ये कानून खुद दहेज से जुड़ी हिंसा और हत्याओं पर हुए आन्दोलनों का नतीजा थे। इसीलिए ये अविवाहित, विधवा और पति से अलग रहने वाली महिलाओं पर परिवार में होने वाली हिंसा को नहीं समझ पाए। गीतांजलि गांगुली के अनुसार 1980 के दशक के कानूनी वाद-विवादों में अविवाहित महिलाओं पर परिवार में होने वाली हिंसा पर चर्चा का न होना कोई संयोरा नहीं था। उनके अनुसार यह अन्भाव यह दर्शाता है कि महिलाओं की विवाह के बन्धन में न बंधे होने की छवि एक असुविधा, एक बेचैनी पैदा करती है।"

घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम जो 2005 आया उसने न केवल इस बात को स्वीकारा कि महिला पीड़ितों। सरवाइवरों के लिए एक ऐमें क़ानून की आवश्यकता है जो उन्हें हिंसा से सुरक्षा प्रदान करे बल्कि यह न्भी माना कि उन्हें ऐसे माध्यम भी चाहिए इस्तेमाल कर सकें

**जिनसे वे इस कानून का 'इज्जत' बचाने के लिए किए जाने वाले अपराध**

इज्जत बचाने के लिए किए अपराध' इस वाक्य में महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा की एक लम्बी सूची निहितहै। इसमें महिलाओं को अपनी मर्जी से विवाह करने या सम्बन्ध बनाने से रोकने के लिए की जाने वाली मारपीट,उत्पीड़न कैद करके रखना और हत्याएँ शामिल है। ये अपराध अक्सर परिवार या समुदाय के सदस्यों द्वारा किए जाते हैं। यह विचार बनाकर कि महिलाओं के ऐसा करने से 'इज्जत को खतरा पैदा हुआ है इन अपराधों को सामाजिक मान्यता दिलाई जाती है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में अपनी मर्जी से विवाह करने और सम्बन्ध बनाने से जुड़ी हिंसा को समझने के लिए जाति प्रन्याके सामाजिक और सैद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य को न्भी समझना जरूरी है। यह प्रथा जन्म के आधार पर निर्धारित होने समूहों के समाज से ऊँची और नीची जाति में वर्गीकरण पर आधारित है। ऐतिहासिक रूप से इन समूहों की सामाजिक स्थिति और ताकत भूमि और अन्य लाग्भकारी स्त्रोतों पर इनके नियंत्रण में जुड़ी हुई है।

विवाह की ऐसी प्रयाएँ जिनमें केवल कुछ ही जातियों के बीच विवाह होता है, को बड़े ध्यान से आगे बढ़ाया जाता है। इनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि जाति प्रथा बनी रहे। और 'इज्जत' का विचार इस अन्तः जातीय सिस्टम में सामाजिक ओहदे और प्रभुत्व के भौतिक ढाँचे को बनाए रखने के लिए

**बेटियों की उनके जन्म से पहले हत्या..:-**

परिवारों में मौजूद लैंगिक भेदभाव के कारण लड़कियों (5) पर हिंसा और उन्हें मारने के चलन को महिला भ्रूण हत्यऔर शिशु हत्या की प्रथाओं में देखा जा सकता है। बच्चे के जन्म से पहले उसकी लिंग जाँच की तकनीक के आने के बाद से, महिला भ्रूण हत्या यानी, महिलाओं को उनके जन्म से पहले जानबूझकर मार देने में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसके कारण विंग अनुपात काफी बिगडा है और समाज में महिलाओं के स्तर व उनके हालात पर बुरा प्रभाव पड़ा है) 6 वर्ष तक के बच्चों में लिंग अनुपात जो 2001 की जनगणना के अनुसार प्रति 1000 लड़को पर 927 था वह 2011 में गिरकर 914 रह गया। हालाँकि बेटियों की उनके घरों में व्यवस्थित तरीके से होने वाली उपेक्षा को अक्सर 5 वर्ष से कम उम्र की लडकियो की ऊँची मृत्यु दर का कारण बताया जाता है; परन्तु महिला भ्रूण हत्या के चलन के बने रहने और इसमें और स्कैन केन्द्रों में हुई बढोतरी पर हुए स्वतंत्र सूक्ष्म अध्ययन इस ओर इशारा करते हैं कि महिला भ्रूण हत्या की प्रथा के दो चरण है : भ्रूण के लिंग का पता लगाना और यदि भूण मनचाहे लिंग का नहीं हो तो उसे नष्ट कर देना।

## क़ानून का अनुभव

2001 और 2011 की जनगणना रिपोर्टों से लिंग अनुपात में गिरावट सामने आई। इससे पहले यह साबित हुआ कि कानून महिला भ्रूण हत्या की प्रथा को रोकने में कुछ ख़ास सफल नहीं रहा। वे राज्य जहाँ पहले महिला भ्रूण और शिशु हत्या का कोई इतिहास नहीं था या जहाँ पितृसत्तात्मक विचारों और लड़कियों के साथअहम है। शाम्य-डी-साथ, 'इज्जत' का विचार जो बहुत से समुदायों जैसे हिन्दू, सिख और मुस्लिम समुदायों में बहुत मूल्यवान है हमेशा सम्पत्ति और प्रभुत्व बनाए रखने के काम ही नहीं आता । गौरव सेनी (25) और मोनिका डागर (21) ने 6 जुलाई, 2009 को एक आर्य समाज मन्दिर में विवाह किया। मोनिका के भाई नितिन कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज की। पुलिस ने गौरव को अपहरण के इल्ज़ाम में गिरफ्तार करजेल में डाल दिया। गौरव ने इस बात सन्त देने के बावजूदकि वह का पक्का और मोनिका मोना वयस्क थे और कानूनी तौर पर विवाहित थे, 32 दिन खेल में बिताहा मोनिका को उसक परिवार के बारा गौरव के खिलाफ बयान देने घर बजेबर किया गया। बाद में मोनिका की अस्वाभाविक धलात में मौत होने के बावजूद, पुलिस ने मोनिका की अस्वाभाविकहालात में मौत होने के बावजूद। की परिवार की बात मानल पुलिस - मोनिका छाए उन पर सेक्शन 302 के अधीन कोई मामला दर्ज नहीं किया और लड़की की मौत की जांच पड़ताल नहीं की।भारत में हर साल 'इज्जत' बचाने के लिए किए जाने वाले अपराधो के लगभग 1000 मामले रिपोर्ट होते है। अधिकतर मामलों में जाति की शुद्धता और प्रभुत्व बनाए रखने के लिए हिंसा की जाती है। शक्ति वाहिनी ने पंजाब उत्तर प्रदेश और हरियाणा में 'इज्जत 'बचाने के लिए हुए अपराधो के 560 मामलों का अध्ययन किया। इनमे से 83 प्रतिशत अन्तर्जातीय विवाह के मामले थे। इस हिंसा से प्रभावित लोगों में अधिकतर गरीब और निम्न जाति के परिवार थे ।की कोई जगह नहीं थी, वहाँ ये कुप्रथा अब दिखने लगी है। हालांकि एक महिला के गर्भपात करने के (१) अधिकार को समर्थन मिलना चाहिए, परन्तु लिंग जाँच कराके महिला के गर्भपात करने के अधिकार को समर्थन मिलना चाहिए, परन्तु लिंग जाँच कराके महिला भ्रूणों का गर्भपात एक भेदभाव और जेंडर पर आधारित हिंसा से मश कृत्य है। एक आर्थिक धारणा कि महिलाओं की संख्या में कमी समाज में उनका महत्त्व बढ़ा देगी, इस मामलेमें गलत साबित हुई है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि समाज के संसाधनो और चलनों पर पुरुषों का सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक नियंत्रण रहा है। ये, बुनियादी शक्तियाँ अन्मी भी पुरुषों के पास हैं और महिलाएँ इनसेवंचित हैं।

**आगे के सवाल.. :-**

ऊपर दिए गए. आँकड़े महिलाओं पर उनके लिए सुरक्षित समझी जानी वाली जगह यानी धरों में उन पर होने वाली हिंसा के पैमाने और विस्तार की ओर इशारा करते हैं। साथ ही इसका महिलाओं पर सार्वजनिक क्षेत्र में होने वाली हिंसा पर असर भी साफ है जो सार्वजनिक स्थानों को महिलाओं के लिए असुरक्षित कर देता है और उनके जीवन \पर और अधिक नियंत्रण स्थापित कर लेता है। महिलाओं द्वारा अनुभव की जाने वाली जेंडर पर आधारित हिंसा यह भी दर्शाती है कि यह हिंसा घरों, गलियों, जाति, समुदाय और नस्ली हन्छों वाले स्थानों से लेकर देशों की सीमाओं पर होने वाले युद्धों तक में पाई जाती है और हिंसा के ये सभी प्रकार आपस में जुड़े हुए हैं। इसके झुलावा, यह सत्य कि महिलाए महिलाओं पर हिंसा भड़काने और करने का ज़रिया भी की हैं। यह साबित करता है कि किस तरह एक पितृसत्तात्मक ढाँचा महिलाओं का जीवन नियंत्रित कर उन्हें भी इस हिंसा में भागीदार बना देता है। महिलाओं की आवाजाही और यौनिकता पर सख़्त और अक्सर हिंसात्मक निगरानी और साथ ही परिवार और समाज की 'पवित्रता' और 'परिवार की इज्जत' जैसी धारणाएँ यह सुनिश्चित करती है कि महिलाएँ घर और परिवार में नियमित तौर पर होने वाली हिंसा को चुपचाप सकें। "महिलाओं की यौनिकता का नियमन एक सांस्कृतिक भागीदार है। और जबरन विवाह से लेकर 'इज्जत' बचाने के लिए की जाने वाली हत्याओं जैसी हिंसा इस नियमन को लागू करने का एक ज़रिया है। ये अपराध इस सोच को बल देते हैं कि समुदायों के लिए परिवार प्रजननात्मक यौनिकता का और कानून और व्यवस्था बनाए रखने का स्थल हैं। परिवार को लेकर यही सोच समाज की संरचना का मूल भी है। इसीलिए

प्रत्यक्ष रूप से भले ही ऐसा लगे कि पुरुष व महिलाएं अपने जीवन, में कुछ चुनाव कर रहें हैं, जैसे महिलाओं का अपने बच्चों की देखभाल के लिए अपने करियर को छोड़ना था अपने न्भाइयों के लिए अपनी पैतृक सम्पत्ति पर अपना अधिकार जाने देना, ये चुनाव साफ़ तौर पर भौजूदा हावी विचारों और दाँचों से निकलकर आए हैं कि बेहतर क़ानूनों की भांग और कड़े संघर्ष के बाद मिले कानूनी प्रावधानों से जुड़े अनुभवों की वजह से अक्सर भहित्लाओं की स्थिति सुधारने में कानूनी बदलाव की रणनीति को शक से देखा जाता है। इसलिए कानून का पालन सुनिश्चित करने वाली इजेंसियो जैसे पुलिस और अफसरशाही और अदालतों की जवाबदेही महिलाओं पर हिंसा के विरुध्द होने वाले अभियानों के केन्द्र में रही है ढांचागत रूप से पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं गरीबी के हालातों में है। ऐसा इसीलिए है क्योकि उन्हे पैतृक सम्पत्ति में संसाधनो पर मिल्कियत और शिक्षा १ और श्रम बाजार तक उस तरह की पहुँच प्राप्त नहीं है जैसी पुरुषों को है। और दश घरों में उनका वेतनहीन श्रम एक आम बात है। वहेज, लिंग जाँच, लिम चुनाव से जुडे गर्भपात और इज्जत बचाने के लिए की जाने वाली हत्याओं जैसी प्रथाएँ समाज में इसीलिए प्रचलित है क्योंकि महिलाओं को परिवारों में आर्थिक और सामाजिक बोझ समझा जाता है। इससे उनके आत्मसम्मान में कमी आती है और उनका स्वास्थ्य और उनके हित भी प्रभावित होते हैं। अक्सर महिलाएं उन पर होने वाली हिंसा के कारण श्रम बाजार में बराबरी से शामिल नहीं हो पती, उनकी उत्पादक क्षमता कम हो जाती है और कई बार उन्हें अपने वेटन से हाथ धोना पड़ता है। वहीं दूसरी और महिलाओ की वर्कफोर्स में भागीदारी और सम्पति पर मिल्कियत उन पर घरेलूहिंसा होने के खतरे को कम करती है। इसका अर्थ यह है कि महिलाओं पर घरेलू हिंसा होने के खतरे होने वाली इन सभी जेंडर आधारित हिंसाओ को रोकने के लिए और उन्हें एक सम्मान से भरी और सभी तरह की हिंसाओ के भय से मुक्त जिन्दगी देने के लिए कानून, नीति और समुदाय के स्तर पर बहुआयामी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसीलिए परिवार और समुदाय के निजी क्षेत्र में होने वाली हिंसता के विरुद्ध संघषों को महिलाओ के समानता, सम्मान और हिंसा मुक्त जीवन के लिए हो रहे संघषों के साथ जुडने की आवश्यकता है। केवल ऐसाजुडाव ही अन्य सामाजिक अभियानो को भी जेडर पर आधारित असमानतओ और महिलाओ के विरुद्ध हिंसा का सामना करने का बल देगा।जब एक महिला काम करने घर से बाहर जाती है तो उसको पता नहीं होता है कि क्या सुविधा मिलेगी। जिन लोगों के साथ उसको काम करना है उनका व्यवहार कैसा है, मलिक कैसा है वहां का माहौल कैसा है। लेकिन फिर भी वह सशक्त होकर बाहर निकलती है। बाद में उसको किन-किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है यह वहस्वयं ही जानती है क्योंकि आज के परिवेश में महिलाओं की जो स्थिति है वह कहीं ना कहीं आर्थिक स्थिति और अपने आप को बढ़ावा देने के लिए है।1990 के दशक के बाद से महिलाओं की समानता और सशक्तीकरण की पहल को सबसे आगे रखा गया है ताकिशहरी और ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की पिछड़ेपन, गरीबी और सामाजिक बहिष्कार की पीड़ा को मिटाकर सतत् विकास को सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रक्रिया में विकास के क्षेत्र में काम करने वाली नारी अधिकारियों ने लैंगिक समानता और सिर्फ विकास को बढ़ावा देने के लिए एक पसंदीदा रणनीति के रूप में सशक्तीकरण की अवधारणा के वैश्वीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।वर्तमान समय में महिला सशक्तीकरण का मुद्दा न केवल भारत वरन् विश्व में गहन चिन्तन का विषयबना हुआ है। सामान्यतः इसके मूल में यही भाव रहा है किजब तक इस करीब आधी आबादी की सहभागिता राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों से ओझल रहेगी, तब तक समग्र विकास का सपना अधूरा ही रहेगा। महिला और पुरूष दोनों एक-दूसरे के विपरीत होते हुए भी न केवलपूरक हैं वरन् एक के बिना दूसरे का अस्तित्व संभव नहीं है। दोनो के सहयोग से ही सृष्टि की निरन्तरता बनी हुई है।इसके बावजूद हमारे समाज में पुरुष और महिला के आपसी संबंधों के बीच समानता व सन्तुलन के अभाव के साथ-साथ दोनों के महत्व, स्थान और रूतबे में काफी अन्तर दिखाई देता है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और पारिवारिक स्तरों पर महिला को पुरूष से हीन और दुर्बल माना

जाता रहा है। यह सोच महिलाओं के प्रति समाज के व्यवहार में झलकती है। जब तक इस करीब आधी आबादी की सहभागिता राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों से ओझल रहेगी, तब तक समग्र विकास का सपना अधूरा ही रहेगा। महिला और पुरूष दोनों एक-दूसरे के विपरीतहोते हुए भी न केवल पूरक हैं वरन् एक के बिना दूसरे का अस्तित्व संभव नहीं है। दोनो के सहयोग से ही सृष्टि की निरन्तरता बनी हुई है। इसके बावजूद हमारे समाज में पुरूष और महिला के आपसी संबंधों के बीच समानता व सन्तुलन के अभाव के साथ-साथ दोनों के महत्व, स्थान और रूतबे में काफी अन्तर दिखाई देता है। सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और पारिवारिक स्तरों पर महिला को पुरूष से हीन और दुर्बल माना जाता रहा है। यह सोच महिलाओं के प्रति समाज के व्यवहार में झलकती है। सिंधु घाटी सभ्यता काल में नारी की पूजा अत्यधिक लोकप्रिय थी। वैदिक युग भारतीय नारी का स्वर्णयुग था, इस युग में नारी बुद्धि और ज्ञान के क्षेत्र मेंप्रवीण थी। लेकिन उत्तरवैदिक काल में स्त्रियों की स्थिति की स्थिति में अंतर आया। इस युग में जन्म से मृत्यु तक वह पुरूष के नियंत्रण मे रखी जाने लगी, विवाहो पूर्व वह माता-पिता तथा विवाहोपश्चात् वह पति द्वारा नियंत्रण में रखने के लिए निर्देशित की गई। गुप्त व गुप्तोत्तर काल में नारी का स्थान सम्मानजनक रहा, किन्तु मध्यकाल में नारी की स्थिति थोड़ी दयनीय हो गई। उन्नसवीं शताब्दी से पूर्व ही भारतीय नारी की दुर्बलता अपनी चरम अवस्था तक पहुँचचुकी थी। इस शताब्दी से पूर्व भारतीय नारी गृह कारा की बन्दिनी बन गरीबी का असली चेहरा एक महिला का है। इसके आधार पर गरीबी के मुद्दे पर अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुँच बनाने पर जोर दिया गया। महिलाओं द्वारा लिया गया ऋण परिवार व परिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये इस्तेमाल होता है। महिलायें कर्ज वापसी में पुरूषों की तुलना में अधिक अनुशासित व प्रतिबद्ध होती है इसलिये अधिकतर लघुऋण कार्यक्रम महिला समूहों के साथ काम कर रहे है। स्व-सहायता समूह का उद्देश्य केवल गरीबी उन्मूलन ही नहीं बल्कि महिला सशक्तीकरण भी है। स्त्रियों के अस्तित्व का अधिकार और समाज द्वारा उसकी स्वीकार्यता है। महिलाओं द्वारा स्वयं के शरीर पर, प्रजनन के क्षेत्र में, आय पर, श्रम शक्ति पर, सम्पत्ति पर, सामुदायिक संसाधनों पर नियत्रंण कर पाना, उनका सबलीकरण है और यही सशक्तीकरण का उद्देश्य हैं। 1देश की लगभग 50 प्रतिशत महिला आबादी के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तीकरण के बिना विकास की यात्रा पूरी नहीं की जा सकती है। महिला विकास के प्रति एक बहु दिशात्मक व्यवस्थित दृष्टिकोण निश्चित रूप से देश को इस मार्ग पर काफी आगे ले जाएगा। "

**<u>संदर्भ ग्रंथ सूची</u>**


1. शुक्ला, अंजु. (2014) "ग्रामीण महिलाओं में सामाजिक गतिशीलता
2. रजी, शाहीन. (2019) "सशक्त महिला सशक्त समाज" मार्च
3. राजपूत, उदससिंह. (2011) "भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता
4. शर्मा, राजेश कुमार. (2011) "महिला सशक्तीकरण एक बहुप्रतीक्षित वास्तविकता"
5. गोयल, ममता. (2009) महिला सशक्तीकरण हेतु शासकीय प्रयास एवं संभावित उपायों का अध्ययन,
6. नाटाणी, प्रकाशन नारायण (2005) महिला सशक्तीकरण और आरक्षण,
7. रजी, शाहीन. (2019) "सशक्त महिला सशक्त समाज" मार्च,
8. दुबे, निशा व मालवीया, मुकेश कुमार. (2010) "नारीवाद राजनीति में महिलाओं की भागीदारी" ।


************

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की वर्तमान समय में प्रासंगिकता

-डॉ. रश्मि गुप्ता
असिस्टेंट प्रोफेसर ,
रसायन शास्त्र विभाग
श्री द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज दनकौर,
गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)

**सार संक्षेप:**

शिक्षा किसी भी देश और समाज के विकास की महत्वपूर्ण आधार होता है। शिक्षा का वास्तविक अर्थ ज्ञान, कौशल, मूल्यों को प्राप्त करना और उस क्षेत्र में निरंतर कार्य करना और प्रगति करना है। शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है । आधुनिक भारत में नई शिक्षा नीति का विशिष्ट महत्व है। नई शिक्षा नीति में रोचक, महत्वपूर्ण व अनुकरणीय विचार समाहित किए गए हैं। आधुनिक युग में हमारे देश में शिक्षा व्यवस्था हेतु प्रमुख रूप से शिक्षा नीतियां वर्ष 1968, 1986 एवं 2020 में लागू की गई है। पूर्व शिक्षा नीतियाँ 1968, 1986 देश की आवशयकताओं व अपेक्षाओं को पूरा करने में असमर्थ रही हैं। स्वस्थ, सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर तथा श्रेष्ठ भारत के निर्माण की परिकल्पना के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अस्तित्व में आ चुकी है। वर्तमान में आयी नई शिक्षा नीति-2020 (NEP-2020) पिछली दो नीतियों की तुलना में अत्यंत महत्वाकांक्षी व दूरगामी परिणामों का सफलता संकल्प है। ऐसा इसलिए की यह शिक्षा में बुनियाद से लेकर उच्च स्तर तक के परिवर्तनों के बारे में कथनी की तुलना में करनी को महत्व देती है। इसमें प्राचीन और नवीन का सन्तुलन बनाया गया है। ज्ञान, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, कम्प्यूटरीकरण और तकनीकी में नित नए प्रयोगों तथा नवोन्मेषी अनुसंधानों के साथ-साथ नई शिक्षा नीति के निर्माण में हमारे प्राचीन ज्ञान और विज्ञान तथा दर्शन को सहेजने व उस पर गहन अध्ययन एवं शोध को भी महत्व दिया गया है। अपनी जडों से जुडे रहकर ज्ञान के शिखर पर पहुंचने का यह प्रभावी मंत्र है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य वर्ष 2040 तक रखा गया है। अब इस शिक्षा नीति को धरातल पर प्रभावी रूप से लागु किये जाने का समय है। अतः जीवित रहने के लिये हमें ज्ञान, विज्ञान और प्रोद्यौगिकी में विश्वस्तरीय होना होगा अन्यथा हम अपना अस्तित्व नही बचा पाएँगे।

**बीज शब्द:** ज्ञान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, विज्ञान, दर्शन, कौशल।

शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है जो जीवन भर चलती रहती है।शिक्षा का लक्ष्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र का निर्माण करना भी है।शिक्षा सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लिंग या सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। समाज में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि यह समृद्धि, समानता, और सहानुभूति को बढ़ावा देता है। शिक्षा समाज के विभिन्न वर्गों को एकत्र करती है और समृद्धि की दिशा में प्रेरित करती है। इसके लिए, शिक्षा समाज की संस्कृति और सभ्यता को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम होती है। इसके अलावा, भारतीय शिक्षा प्रणाली में संस्कृति, नैतिकता, और धार्मिकता को महत्व दिया जाता है जो छात्रों को समाज में सही मानवीय मूल्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को एक समर्थ और संवेदनशील नागरिक बनाना है जो समाज के लिए सकारात्मक परिणाम उत्पन्न कर सके। नेल्सन मंडेला के अनुसार "शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसे आप दुनिया बदलने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।"

एक राष्ट्र की मुख्य आशा अपने युवाओं की उचित शिक्षा में निहित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में शिक्षा के उसी दृष्टिकोण की कल्पना की गई है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से सभी छात्रों के लिए सस्ती और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय केबिनेट ने नयी शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी। इस नीति से पूर्व भारत में दो शिक्षा नीति लागू हुई, जिनसे शिक्षा व्यवस्था का संचालन हो रहा है। प्रथम शिक्षा नीति 1968 में डीएस कोठारी की अध्यक्षता में बनी। यह कोठारी कमीशन (1964-1986) की सिफारिशों पर आधारित थी। इस नीति को तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने लागू किया था। दूसरी शिक्षा नीति 1986 में बनी जिसे तत्कालीन राजीव गांधी सरकार लेकर आई थी। और 1992 में पीवी नरसिंह राव ने आवश्यकतानुसार संशोधित किया। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक पूर्व इसरो प्रमुख पद्म विभूषण डॉ.के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीत 2020 का प्रारूप तैयार किया गया। कस्तूरीरंगन समिति के नाम से इसका गठन जून, 2017 में किया गया तथा मई, 2019 में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारूप' कैबिनेट को प्रस्तुत किया गया। 29 जुलाई, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा इसे मंजूरी मिली। अब 34 वर्षों पश्चात बहुत बड़े विमर्श के बाद 29 जुलाई, 2020 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की गई। इस शिक्षा नीति के विमर्श में 2 वर्ष का समय एवं 2 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव समाहित हैं। विमर्श में शिक्षक, विद्यार्थी, राजनेता, अभिभावकगण, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी सभी के सुझाव समाहित किये गए हैं। इसलिए यह शिक्षा नीति सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी,

सर्वसमावेशी एवं राष्ट्रीय विचारों से ओत-प्रोत है और कहा जाए कि लंबे समय की मेहनत के पश्चात निकला वह नवनीत है जो देश के समग्र विकास में अपनी महती भूमिका अदा करेगा।

नई शिक्षा नीति 1968 और 1986 का लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में समता और समानता को बढ़ावा देना था। शिक्षा नीति 1968 में जहाँ शैक्षिक ढांचे में सुधार पर जोर था । 1968 की शिक्षा नीति को लागू करने के लिए 10+2+3 शिक्षा प्रणाली लागू की गई। शिक्षा के सभी स्तरों पर व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने पर ज़ोर दिया गया।एवं शिक्षा में समानता लाने के लिए विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया गया। वहीं, 1986 की शिक्षा नीति में शैक्षिक असमानताओं का उन्मूलन चिंता के केंद्र में था। 1986 की शिक्षा नीति में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए कई पहल की गईं। अतः शिक्षा में लैंगिक समानता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की गई एवं वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान दिया गया। शिक्षा का राष्ट्रीयकरण और विकेंद्रीकरण पर ज़ोर दिया गया। इसके विपरीत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अधुनातन शैक्षिक साधनों और नवोन्मेष के माध्यम से समानता और समावेशन को बढ़ावा देती है। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा में नवीनतम तकनीकों और नवाचारों का उपयोग करने और शिक्षा को लचीला, छात्र-केंद्रित बनाने पर ध्यान दिया गया है। शिक्षा में समावेशन और समानता को बढ़ावा देने के अलावा शिक्षा में गुणवत्ता और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2020 की शिक्षा नीति पिछली शिक्षा नीतियों का एक क्रांतिकारी और प्रगतिशील संस्करण है।

नई शिक्षा नीति 2020 के पाँच स्तंभ यानी "वहनीयता, अभिगम्यता, गुणवत्ता, न्यायपरस्ता, और जवाबदेही" को सुनिश्चित करने का उद्देश्य है। शिक्षा को सभी के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति निरंतर सीखने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है, जो इस समाज और अर्थव्यवस्था में ज्ञान की मांग के रूप में नागरिकों की जरूरत के अनुरूप है। नीति के मुख्य उद्देश्यों में : नियमित आधार पर नए कौशल हासिल करने की आवश्यकता को पूरा करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसर प्रदान करना, संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्य 2030 में सूचीबद्ध पूर्ण और उत्पादक रोजगार और अच्छे से काम की ओर अग्रसर होना शामिल हैं।

**नीति के कुछ प्रमुख पहलू**:

- 5+3+3+4 शैक्षिक ढांचा: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) 5+3+3+4 शिक्षा ढांचे की शुरुआत करती है। यह ढांचा 3 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा को पुनर्गठित करता है।फाउंडेशनल स्टेज (5 वर्ष : 3-8 वर्ष) के पहले भाग में, बच्चों को प्री-स्कूल या बालवाटिका में भेजा जाएगा। इस चरण में, वे खेल, कहानियों, और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सीखेंगे। फाउंडेशनल स्टेज (3 वर्ष : 3-8 वर्ष) के दूसरे भाग में, बच्चों को कक्षा 1 और 2 में भेजा जाएगा। इस चरण में, वे भाषा, गणित, विज्ञान और सामाजिक अध्ययन जैसे बुनियादी विषयों का अध्ययन करेंगे। प्रीपेरेटरी स्टेज (3 वर्ष : 8-11 वर्ष) में, बच्चों को कक्षा 3 से 5 में भेजा जाएगा। इस चरण में, वे बुनियादी विषयों का अध्ययन जारी रखेंगे और अधिक गहन रूप से सीखना शुरू करेंगे। सेकेंडरी स्टेज (4 वर्ष : 11-18 वर्ष) में, बच्चों को कक्षा 6 से 12 में भेजा जाएगा। इस चरण में, वे विषयों का चुनाव कर सकेंगे और अपनी रुचि के अनुसार अपनी शिक्षा को आगे बढ़ा सकेंगे।
- बहुविषयी शिक्षा छात्रों को विभिन्न विषयों में अध्ययन करने और अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार विषयों का चयन करने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे उनकी समृद्ध और सक्षम शिक्षा होती है। बहुविषयी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य यह है कि छात्र स्वयं अपनी प्रतिभा, रुचि, और अवसरों के आधार पर विषयों का चयन कर सकें, जिससे उनकी स्वतंत्रता और स्वाधीनता में वृद्धि हो। यह शैक्षणिक प्रणाली छात्रों को अनुकूलित, स्वतंत्र, और सक्षम बनाती है।
- नई शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर (कक्षा 5 एवं 8वीं कक्षा तक की) शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय/ क्षेत्रीय भाषा को अपनाने और आगे की शिक्षा में भी मातृभाषा को प्राथमिकता देने पर ज़ोर दिया गया है, जो उनके मनोवैज्ञानिक और अध्यापन तकनीकी विकास के लिए महत्वपूर्ण है। मातृभाषा बच्चों को अपनी संस्कृति और पहचान से जोड़ती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को सहयोगी शिक्षा प्रदान करना है ताकि उनका शिक्षा और सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। त्रिभाषिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।
- यह नीति शिक्षा को अधिक समावेशी बनाती है, जिससे सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिलता है। नीति का मुख्य उद्देश्य है विभिन्न वर्गों, लिंगों, क्षेत्रों, और आर्थिक परिस्थितियों से संबंधित छात्रों के समावेश को सुनिश्चित करना।
- नई शिक्षा नीति 2020 में बधिर छात्रों के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम सामग्री विकसित की जाएगी । आई एसएल को पूरे देश में मानकीकृत किया जाएगा । आईएसएल में शिक्षण देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा । बधिर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी ।
- नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देश में IIT और IIM के

समकक्ष वैश्विक मानकों के बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERU) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। ये विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों का अध्ययन करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे। इन विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को प्राथमिकता दी जाएगी। इन विश्वविद्यालयों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उच्चतम मानकों को अपनाया जाएगा। इन विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता प्रदान की जाएगी ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार काम कर सकें।

- भारतीय भाषाओं, लिपियों, और संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रोग्राम और योजनाओं का भी विकास किया जाएगा। इससे भारतीय समाज को भाषा और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी
- नई शिक्षा नीति 2020 में भारतीय परंपराओं एवं संस्कृति का विकास करना और देश की प्राचीन एवं आधुनिक संस्कृति, ज्ञान एवं परंपराओं का समावेश करना । विविधता और स्थानीय प्रवेश को ध्यान में रखते हुए शिक्षा देना और विद्यालय से महाविद्यालय शिक्षा तक सभी स्तरों के पाठ्यक्रमों में तालमेल एवं सामंजस्य बिठाना । भारतीय भाषाओं, लिपियों, और संस्कृतियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रोग्राम और योजनाओं का विकास करने का प्रस्ताव किया गया है। इन प्रोग्रामों और योजनाओं से भारतीय भाषाओं के विकास, समृद्धि और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करने में मदद मिलेगी। जिससे राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।
- नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा प्रणाली छात्रों को 21वीं सदी के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (वीईटी) को स्कूली शिक्षा का एक अभिन्न अंग बनाया जाएगा। छात्रों को कक्षा 6 से ही वीईटी के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया जाएगा। छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह नीति छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने और उन्हें जीवन में सफल होने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
- नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने और उनकी क्षमताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करती है। यह नीति शिक्षकों को सीखने का केंद्र मानती है और उनकी भर्ती, प्रशिक्षण और विकास के लिए उन्नत सुविधाओं का विकास करने पर ज़ोर देती है। शिक्षकों की भर्ती योग्यता और अनुभव के आधार पर की जाएगी। शिक्षकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वे नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों से अवगत रहें। शिक्षकों को अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए विभिन्न अवसर प्रदान किए जाएंगे। शिक्षकों के लिए अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। शिक्षकों को उचित वेतन और भत्ते प्रदान किए जाएंगे।
- नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) शिक्षा प्रणाली में शिक्षा को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ज़ोर देती है। यह नीति शिक्षा के सभी स्तरों पर प्रौद्योगिकी के एकीकरण को प्रोत्साहित करती है, ताकि सभी छात्रों को समान शिक्षा का अवसर प्रदान किया जा सके। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा और ऑनलाइन शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाएगा। छात्र ऑनलाइन कक्षाएं ले सकते हैं, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन कर सकते हैं, और ऑनलाइन ट्यूटोरियल प्राप्त कर सकते हैं।डिजिटल सामग्री का विकास किया जाएगा और छात्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। छात्र डिजिटल पाठ्यपुस्तकें, ई-लर्निंग मॉड्यूल, और शैक्षिक वीडियो का उपयोग कर सकते हैं। शिक्षकों को डिजिटल शिक्षण विधियों और तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। शिक्षक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं और डिजिटल शिक्षण विधियों और तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित हो सकते हैं। शिक्षा में एआई के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। एआई (AI) का उपयोग छात्रों के सीखने को अनुकूलित करने, उन्हें व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करने, और उनकी प्रगति को ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है।
- नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा प्रणाली में सीखने के लिए सतत मूल्यांकन पर जोर देती है, न कि परीक्षा को महत्व देना। यह नीति शिक्षा को अधिक समग्र और छात्र-केंद्रित बनाने, छात्रों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करने, शिक्षा में रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने और कोचिंग संस्कृति का विनाश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छात्रों का मूल्यांकन पूरे वर्ष विभिन्न तरीकों से किया जाएगा, जैसे कि परियोजनाओं, प्रस्तुतियों, और पोर्टफोलियो के माध्यम से। छात्रों के गैर-शैक्षणिक कौशल, जैसे कि रचनात्मकता, टीमवर्क और समस्या-समाधान, का भी मूल्यांकन किया जाएगा। छात्रों को अपनी प्रगति का आकलन करने और अपनी सीखने की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।बोर्ड परीक्षाओं की संख्या कम की जाएगी। परीक्षा के पैटर्न को अधिक व्यापक और छात्र-केंद्रित बनाने के लिए बदला जाएगा। अंतरिम मूल्यांकन को अधिक महत्व दिया जाएगा। नीति में शिक्षा में समानता को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जैसे कि समान शिक्षा का उपलब्ध कराना, विशेष शिक्षा को बढ़ावा देना, और छात्रों की

भाषा और संस्कृति का सम्मान करना। नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा मानकों की नवीनीकरण के लिए भी प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे छात्रों को अधिक सक्षम बनाने में मदद मिल सके।

2020 में लागू होने वाली नई शिक्षा नीति देश में शिक्षा व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव ला रही है।यह नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इसका उद्देश्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। यह नीति शिक्षा को सभी के लिए सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और रोजगार-सक्षम बनाने पर ज़ोर देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परिकल्पित पाठ्यचर्या और शिक्षा विधि छात्रों में इस विजन को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करती है कि छात्रों में भारतीय होने का गर्व, न केवल विचारों में बल्कि उनके व्यवहार, बुद्धि, और कार्यों में भी प्रतिफलित हो। इसके साथ ही, उन्हें ज्ञान, कौशल, और मूल्यों का सही संतुलन और सोच में समग्रता की भावना होनी चाहिए। इसके माध्यम से, छात्रों को मानवाधिकारों, स्थाई विकास, जीवन यापन और वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के मूल्यों की महत्वपूर्णता की जागरूकता होती है, जिससे वे समाज में उत्तम नागरिक बन सकें। इस नीति के अनुसार, शिक्षा प्रणाली के संस्थानों को छात्रों के बुनियादी दायित्व, मौलिक कर्तव्यों और संवैधानिक मूल्यों के साथ जुड़े और उनकी सोच में वैश्विक परिवर्तन के प्रति उत्साह और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। इससे छात्रों में देश के प्रति जुड़ाव, मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका के प्रति उत्तरदायित्व की जागरूकता बढ़ेगी। इस प्रकार, यह नीति भारत के शिक्षा प्रणाली को एक नई दिशा देती है जो छात्रों को समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान करने के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निश्चित रूप से भारत के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह नीति शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। यह नीति भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने में भी योगदान देगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति निश्चित रूप से भारतीय मूल्यों मूल्यों और नैतिकता पर आधारित शिक्षा प्रणाली का निर्माण करती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक समर्पित और समग्र शिक्षा प्राप्त कराना है, जो उन्हें न केवल विज्ञानिक या तकनीकी दृष्टिकोण से बल्कि उनके मौलिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी सशक्त बनाए। यह नीति सभी को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर और उन्हें जिम्मेदार और योग्य नागरिक बनाने में मदद करके भारत को एक जीवंत, विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**संदर्भ :**


राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

भारत सरकार, 1986, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

भारत सरकार, 1968, नई शिक्षा नीति-2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली

सच्चिदानंद पाठक, जर्नल ऑफ एडवांसेज एंड स्कॉलरली रिसर्चेस इन अलाइड एजुकेशन बहुविषयक शैक्षणिक अनुसंधान, आईएसएसएन: 2230-7540, वर्ष-अक्टूबर, 2021, खंड: 18 / अंक: 6, पृष्ठ: 216 - 220 (5)

प्रो० सतीश देशपांडे, साक्षात्कार: शिक्षा ज्ञान और समाज का समकाल,सामाजिक; (अंक-अक्टूबर-दिसम्बर, 2021)

डॉ. जयंती प्रसाद नौटियाल, नई शिक्षा नीति-2020 - बेबाक विश्लेषण, शैक्षिक उन्मेष पत्रिका

सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त, नई शिक्षा नीति-2020 : एक संकल्प यंत्र से मानव बनाने की ओर, शैक्षिक उन्मेष पत्रिका

राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020, भारतीयता का पुनरुत्थान, अतुल कोठारी (संपादक), प्रभात प्रकाशन, 2021

मीना, मोनिका शर्मा, नए भारत की नींव- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, हंस शोध सुधा, खंड 1, अंक 3 जनवरी-मार्च, 2021, पृष्ठ 59- 62.


************

# भारतीय संविधान में डॉ.आंबेडकर के योगदान : एक समाजशास्त्रीय मूल्यांकन

-शशिकान्त कुमार,
समाजशास्त्र विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी

**सारांश**

भारतीय संविधान का निर्माण भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। इस प्रक्रिया में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। डॉ. आंबेडकर, जिन्हें भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार कहा जाता है। संविधान निर्माण में न केवल कानूनी और राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को भी संविधान में सम्मिलित किया। उनके विचार और योगदान भारतीय समाज के सामाजिक ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले साबित हुए।

इस शोध आलेख का उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय मूल्यांकन करना है ताकि उनके विचारों और कार्यों का व्यापक विश्लेषण किया जा सके। इस शोध में डॉ. आंबेडकर के योगदान का विश्लेषण भारतीय संविधान निर्माण के संदर्भ में किया गया है। संविधान सभा की कार्यवाही, डॉ. आंबेडकर के भाषण और लेख, और उनके द्वारा प्रस्तुत विधेयकों का विश्लेषण शामिल है। इसके अलावा, द्वितीयक स्रोतों के रूप में संबंधित साहित्य, पुस्तकें और शोध पत्रों का भी अध्ययन किया जाएगा।

बीज शब्द : संविधान, आंबेडकर, योगदान, विचार, समाज, सामाजिक न्याय, असमानता, अधिकार।

**प्रस्तावना**

भारतीय संविधान का निर्माण एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक प्रक्रिया थी, जिसमें अनेक विद्वानों और राजनेताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट था। डॉ. आंबेडकर न केवल एक प्रखर विधिवेत्ता थे बल्कि एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ भी थे। डॉ. आंबेडकर का संविधान सभा में भूमिका का विश्लेषण करते समय यह महत्वपूर्ण है कि हम उनके द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विधेयकों और प्रस्तावों पर ध्यान दें। उनके योगदान को तीन प्रमुख पहलुओं में विभाजित किया जा सकता है: मौलिक अधिकार, सामाजिक न्याय और दलित अधिकार। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कदम भारतीय समाज में सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ(Karade, 2015)।

डॉ. आंबेडकर का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण उनके जीवन और कार्यों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त जातिवाद और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने संविधान के माध्यम से अस्पृश्यता उन्मूलन और समानता के अधिकार को संस्थागत रूप देने का प्रयास किया। उनका मानना था कि जब तक समाज में सभी को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती। डॉ. आंबेडकर के विचारों का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में कई सकारात्मक बदलाव हुए। संविधान में शामिल मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों ने सामाजिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए। इन प्रावधानों ने न केवल विधिक ढांचे में बदलाव किया बल्कि समाज में समानता और न्याय की भावना को भी प्रोत्साहित किया। डॉ. आंबेडकर के योगदान का राजनीतिक प्रभाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने भारतीय राजनीति में दलितों और पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में दलितों की भागीदारी को बढ़ावा दिया और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कई विधायी प्रावधान किए(Omvedt, 2017)।

**शोध की आवश्यकता :**

आंबेडकर के योगदान का अध्ययन कई दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण है। पहला, भारतीय संविधान में उनके योगदान को समझने से हमें भारतीय लोकतंत्र की नींव और उसके मूल्यों की गहरी समझ मिलती है। दूसरा, डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनके अध्ययन से वर्तमान सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन मिल सकता है। तीसरा, डॉ. आंबेडकर के विचारों और कार्यों का विश्लेषण समाज में व्याप्त असमानताओं और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में प्रेरणा स्रोत हो सकता है।

**उद्देश्य:**

इस शोध का मुख्य उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में योगदान का समाजशास्त्रीय विश्लेषण करना है। इसके तहत उनके विचारों का ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक संदर्भ में अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा, इस शोध का उद्देश्य उनके द्वारा प्रस्तावित विभिन्न विधेयकों और प्रावधानों का विश्लेषण करना और यह समझना है कि कैसे उनके विचार भारतीय समाज में सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए।

**शोध विधि**

इस शोध आलेख में डॉ. आंबेडकर के योगदान को ऐतिहासिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से विश्लेषित किया गया है। यह आलेख न केवल उनके ऐतिहासिक योगदान को उजागर करता है, बल्कि उनके विचारों और कार्यों का आधुनिक भारतीय समाज पर प्रभाव भी दर्शाता है। अनुसंधान की पद्धति के तहत प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का

उपयोग किया गया है, जिसमें संविधान सभा की कार्यवाही, डॉ. आंबेडकर के लेख और भाषण शामिल है। डेटा विश्लेषण की विधियों का उपयोग करके डॉ. आंबेडकर के योगदान का व्यापक और सटीक मूल्यांकन किया गया है। इस अध्ययन के माध्यम से हम यह समझने का प्रयास किया गया है, कि डॉ. आंबेडकर के विचार और कार्य किस प्रकार भारतीय संविधान और समाज में स्थायी परिवर्तन लाने में सफल हुए। उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय के सिद्धांत आज भी भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उनके योगदान का अध्ययन वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**महत्व**

यह अध्ययन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। पहला, यह शोध डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान की व्यापक समझ प्रदान करेगा, जो भारतीय संविधान और समाज को गहराई से प्रभावित करते हैं। दूसरा, यह शोध भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में डॉ. आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करेगा। तीसरा, इस शोध से प्राप्त निष्कर्ष वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक नीतियों के निर्माण में सहायक हो सकते हैं और सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में ठोस कदम उठाने में मार्गदर्शन कर सकते हैं।

इस प्रकार, यह शोध न केवल डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय मूल्यांकन करेगा बल्कि भारतीय समाज के समकालीन संदर्भ में उनके विचारों की प्रासंगिकता और प्रभाव को भी उजागर करेगा। इससे डॉ. आंबेडकर के योगदान को समझने और उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं के समाधान के लिए उपयोग करने में सहायता मिलेगी।

**डॉ. आंबेडकर का जीवन और शिक्षा**

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महाराष्ट्र के महूँ में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने बचपन में ही जातिगत भेदभाव का सामना किया और शिक्षा प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी शिक्षा को पूरा करने के लिए निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री प्राप्त की और बाद में कोलंबिया यूनिवर्सिटी से एमए और पीएचडी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डीएससी और ग्रेज़-इन से बार-एट-लॉ की डिग्री प्राप्त की। उनकी शिक्षा और उनके अनुभवों ने उन्हें सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूक और समर्पित नेता बना दिया(S. Ambedkar & Khan, 2022)।

**भारतीय संविधान निर्माण की प्रक्रिया**

भारतीय संविधान का निर्माण एक जटिल और विस्तृत प्रक्रिया थी, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद शुरू हुई। संविधान सभा की स्थापना 1946 में हुई थी और इसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक विचारधाराओं के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था। संविधान निर्माण की प्रक्रिया में अनेक समितियों का गठन किया गया, जिनमें से प्रत्येक समिति ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। डॉ. भीमराव आंबेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिन्होंने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान सभा की बैठकें तीन वर्ष, ग्यारह महीने और अठारह दिन चलीं और अंततः 26 नवंबर 1949 को संविधान को स्वीकृति मिली। संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया, जिसे हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं(Rathore, 2020)।

**संविधान सभा में डॉ. आंबेडकर की भूमिका**

संविधान सभा में डॉ. आंबेडकर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट थी। उन्हें प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया, जिसने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया। उन्होंने मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय, और दलित अधिकारों के प्रावधानों को संविधान में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया और अनेक विधेयकों और प्रस्तावों को पारित कराने में सफलता प्राप्त की। उनका मानना था कि संविधान को समाज के सभी वर्गों के अधिकारों और हितों की रक्षा करनी चाहिए और इसे एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनना चाहिए। डॉ. आंबेडकर ने अपने ज्ञान, अनुभव और दृष्टिकोण के माध्यम से संविधान में मौलिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और समानता के प्रावधानों को सुनिश्चित किया। उन्होंने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया और अनेक विधेयकों और प्रस्तावों को पारित कराने में सफलता प्राप्त की। उनके विचारों का प्रभाव संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद में देखा जा सकता है, विशेषकर मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों में(Verma, 2023)।

**सामाजिक न्याय और समानता :**

डॉ. आंबेडकर का सामाजिक न्याय और समानता पर गहरा विश्वास था। उनका मानना था कि जब तक समाज में सभी को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक सच्ची स्वतंत्रता और लोकतंत्र स्थापित नहीं हो सकता। उन्होंने संविधान में अस्पृश्यता उन्मूलन, जातिगत भेदभाव के खिलाफ प्रावधान, और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया। उनके विचारों ने भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि संविधान को सामाजिक और आर्थिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए एक साधन बनना चाहिए और इस दृष्टिकोण को उन्होंने संविधान में मूर्त रूप दिया। डॉ. आंबेडकर के विचार और योगदान भारतीय संविधान और समाज में स्थायी परिवर्तन लाने वाले साबित हुए। उनके द्वारा प्रस्तावित सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और भारतीय समाज के विकास और समृद्धि के लिए मार्गदर्शन करते हैं, जो भारतीय संविधान के निर्माण और समाज के सामाजिक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सहायक साबित हुए हैं(H. D. Sharma, 2002)।

**मौलिक अधिकार और सामाजिक न्याय**

डॉ. आंबेडकर का मानना था कि एक सशक्त और समावेशी संविधान ही समाज में स्थायी परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने संविधान में

मौलिक अधिकारों को विशेष महत्व दिया, जिससे प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी मिल सके, मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। जाति, धर्म, लिंग, वंश, या किसी अन्य आधार पर भेदभाव के बिना सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार। स्वतंत्रता, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, और धर्म की स्वतंत्रता। शोषण के खिलाफ, सभी प्रकार के शोषण और अन्याय के खिलाफ सुरक्षा। धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, किसी भी धर्म को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार। इन अधिकारों के माध्यम से डॉ. आंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और न्याय मिले (Chitkara, 2002)।

### अस्पृश्यता उन्मूलन और दलित अधिकार

डॉ. आंबेडकर का एक प्रमुख लक्ष्य भारतीय समाज से अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव को समाप्त करना था। उन्होंने संविधान में अस्पृश्यता के उन्मूलन और दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए। अस्पृश्यता का उन्मूलन, संविधान के अनुच्छेद 17 के तहत अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया गया और इसे दंडनीय अपराध घोषित किया गया। आरक्षण, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का प्रावधान, जिससे समाज के पिछड़े वर्गों को समान अवसर मिल सके। दलित अधिकारों की सुरक्षा, दलितों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए। डॉ. आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज के सबसे कमजोर और वंचित वर्गों को सशक्त नहीं किया जाएगा, तब तक सच्ची स्वतंत्रता और लोकतंत्र की स्थापना संभव नहीं है (Jaffrelot, 2006)।

### संविधान निर्माण में डॉ. आंबेडकर विचारों का प्रभाव

डॉ. आंबेडकर के विचारों का भारतीय संविधान निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनके विचारों को संविधान में शामिल करने से भारतीय समाज में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखे जा सकते है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकारों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी हो। उनके विचारों के परिणामस्वरूप, भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया, जो समाज में समानता और न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। डॉ. आंबेडकर के विचारों के अनुसार, सामाजिक न्याय और समानता को संविधान का प्रमुख उद्देश्य बनाया गया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और अवसर हो, और समाज के सभी वर्गों को न्याय मिले। उनके विचारों ने संविधान को एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनाया। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में अपने विचारों को स्पष्ट और सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उनके विचारों का प्रभाव संविधान सभा के सदस्यों पर पड़ा और उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता, और मौलिक अधिकारों को संविधान में शामिल करने के लिए समर्थन किया (Chakrabarty, 2018)।

### भारतीय समाज पर डॉ. आंबेडकर के विचारों का प्रभाव

डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव पड़ा। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। सामाजिक जागरूकता, डॉ. आंबेडकर ने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया, जिससे वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित हुए। सामाजिक संरचना में परिवर्तन, उनके विचारों ने समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव को चुनौती दी और सामाजिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए। राजनीतिक प्रभाव, डॉ. आंबेडकर ने दलितों और पिछड़े वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए, जिससे उनकी राजनीतिक स्थिति मजबूत हुई। शैक्षिक सुधार, डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक सुधार का प्रमुख साधन माना और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए, जिससे वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मिल सके (D. K. Sharmaइत्यादि, n.d.)।

डॉ. आंबेडकर के विचार और उनके द्वारा स्थापित सिद्धांत आज भी भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके योगदान को समझना और उसका मूल्यांकन करना न केवल ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है बल्कि वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। उनके विचारों ने भारतीय संविधान और समाज को एक सशक्त और समावेशी ढांचा प्रदान किया, जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है(Agrawal, 2020)।

### सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में परिवर्तन

डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, भारतीय समाज की सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए: जाति व्यवस्था का पतन, डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके संघर्ष ने जाति व्यवस्था के खिलाफ एक महत्वपूर्ण आंदोलन को जन्म दिया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में जातिगत भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ी और अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाए गए। सामाजिक समानता, डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक समानता के विचार को प्रोत्साहित किया और इसे संविधान में सुनिश्चित किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में समानता की भावना बढ़ी और सभी नागरिकों को समान अधिकार और अवसर मिले। दलित अधिकारों की सुरक्षा, डॉ. आंबेडकर के प्रयासों ने दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनके योगदान से दलितों के सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। आरक्षण प्रणाली ने दलित समाज को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान किए। शैक्षिक सुधार, डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक सुधार का प्रमुख साधन माना और शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए। उनके प्रयासों से वंचित वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मिले और समाज में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन आए। डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनके योगदान ने भारतीय समाज में स्थायी और गहरे परिवर्तन लाए। उनके विचारों ने भारतीय संविधान और समाज को एक सशक्त और समावेशी ढांचा प्रदान किया, जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। उनके योगदान का समाजशास्त्रीय और राजनीतिक प्रभाव आज भी भारतीय

समाज के विकास और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है(B. Ambedkar, 2021)।

**डॉ. आंबेडकर के योगदान का समाजशास्त्रीय विश्लेषण**

डॉ. भीमराव आंबेडकर का योगदान भारतीय समाज के सामाजिक ढांचे और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण रहा है। उनका समाजशास्त्रीय विश्लेषण उनके विचारों और कार्यों के माध्यम से किया जा सकता है। डॉ. आंबेडकर ने भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के प्रावधानों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि संविधान में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, अवसर, और न्याय की गारंटी हो। उनका मानना था कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार और अवसर मिलना चाहिए, ताकि सामाजिक असमानताओं को समाप्त किया जा सके। डॉ. आंबेडकर ने अपने जीवन के अधिकांश समय जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता के खिलाफ संघर्ष किया(Chitkara, 2002)। उन्होंने संविधान में अनुच्छेद 17 के माध्यम से अस्पृश्यता को समाप्त करने का प्रावधान किया। यह कदम भारतीय समाज में जातिगत भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। डॉ. आंबेडकर ने शिक्षा और आर्थिक सुधारों को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया, जिससे वंचित वर्गों को समान अवसर मिल सके। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, समाज में शिक्षा और आर्थिक सुधारों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव हुए(Jatava, 2001)।

**Top of Form**

**Bottom of Form**

**निष्कर्ष**

इस शोध आलेख के माध्यम से डॉ. भीमराव आंबेडकर के भारतीय संविधान निर्माण में योगदान का गहन विश्लेषण किया गया है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में एक प्रमुख और निर्णायक भूमिका निभाई। प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने भारतीय संविधान के मसौदे को तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों ने संविधान को एक सशक्त और समावेशी दस्तावेज बनाने में मदद की। डॉ. आंबेडकर ने संविधान में मौलिक अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रावधानों को शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, और न्याय की गारंटी मिली। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और अधिकार मिले। डॉ. आंबेडकर ने अस्पृश्यता के उन्मूलन और दलित अधिकारों की सुरक्षा के लिए संविधान में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए। अनुच्छेद 17 के माध्यम से अस्पृश्यता को समाप्त किया गया और अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान सुनिश्चित किया गया। सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में परिवर्तन, डॉ. आंबेडकर के विचारों और प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय समाज की सामाजिक संरचना और जाति व्यवस्था में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। जातिगत भेदभाव के खिलाफ जागरूकता बढ़ी और दलित समाज को आत्म-सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया(Gore, 1993)।

***संदर्भ सूची :-***


Agrawal, S. K. (2020). *Dr. Bhim Rao Ambedkar: Dr. Bhim Rao Ambedkar: Architect of India's Constitution and Social Reforms*. Prabhat Prakashan. https://books.google.co.in/books?id=H2twBgAAQBAJ

Ambedkar, B. (2021). *Castes In India: Castes In India: Dr. Babasaheb Ambedkar's Groundbreaking Critique of the Caste System*. Prabhat Prakashan. https://books.google.co.in/books?id=rs_WDwAAQBAJ

Ambedkar, S., & Khan, N. (2022). *Babasaheb: My Life With Dr Ambedkar*. Penguin Random House India Private Limited. https://books.google.co.in/books?id=diyWEAAAQBAJ

Chakrabarty, B. (2018). *The Socio-political Ideas of BR Ambedkar: Liberal constitutionalism in a creative mould*. Taylor & Francis. https://books.google.co.in/books?id=yaxvDwAAQBAJ

Chitkara, M. G. (2002). *Dr. Ambedkar and Social Justice*. A P H Publishing Corporation. https://books.google.co.in/books?id=riTiTry4U3EC

Gore, M. S. (1993). *The Social Context of an Ideology: Ambedkar's Political and Social Thought*. SAGE Publications. https://books.google.co.in/books?id=iG1uAAAAMAAJ

Jaffrelot, C. (2006). *Dr Ambedkar and Untouchability: Analysing and Fighting Caste*. Permanent Black. https://books.google.co.in/books?id=zEWTSAe-KkQC

Jatava, D. R. (2001). *Sociological Thoughts of B.R. Ambedkar*. ABD Publishers. https://books.google.co.in/books?id=ztPAAAAACAAJ

Karade, J. (2015). *Caste-based Exclusion*. Rawat Publications. https://books.google.co.in/books?id=zuSGrgEACAAJ

Omvedt, G. (2017). *Ambedkar: Towards An Enlightened India*. Random House Publishers India Pvt. Limited. https://books.google.co.in/books?id=WvjHMX8ksIsC

Rathore, A. S. (2020). *Ambedkar's Preamble: A Secret History of the Constitution of India*. Penguin Random House India Private Limited. https://books.google.co.in/books?id=AGnLDwAAQBAJ

Sharma, D. K., Debnath, D., & Saxena, M. (n.d.). *Dr. B.R. Ambedkar: Education, Equality and Empowerment*. Krishna Publication House. https://books.google.co.in/books?id=kmpvEAAAQBAJ

Sharma, H. D. (2002). *B.R. Ambedkar: A Crusader for Equality*. Rupa & Company. https://books.google.co.in/books?id=zVImAAAACAAJ

Verma, S. (2023). *Dr. Bhimrao Ambedkar: Father of our Constitution*. True Sign Publishing House. https://books.google.co.in/books?id=SUfLEAAAQBAJ


************

# स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरुकता में प्रिन्ट मीडिया का योगदान (वाराणसी शहर से प्रकाशित प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों पर आधारित अध्ययन)

**-मनीष कुमार शुक्ल,**
शोधार्थी
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश

**सार-**
एक धारणा है कि स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। चूँकि स्वास्थ्य और स्वच्छता का सीधा संबंध है और एक स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता एक अति आवश्यक तत्व है, इस कारण यह कहना गलत नहीं होगा कि स्वस्थ देश स्वस्थ नागरिकों का गारंटी कार्ड है। कहने का तात्पर्य साफ है कि जिस देश के नागरिक स्वस्थ होंगे स्वच्छ होंगे, वही देश समृद्ध हो सकेगा, उन्नति कर सकेगा। इस शोध पत्र में भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों के योगदान का अध्ययन किया गया। जिसके अन्तर्गत ये जाना कि स्वच्छ भारत अभियान में दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान और आज समाचार पत्रों में स्वच्छ भारत अभियान संबंधी प्रकाशित समाचार, विज्ञापन, संपादकीय, लेख और प्रकाषित सकारात्मक, नकारात्मक और उदासीन सामग्री का अध्ययन करना।

की वर्ड- स्वच्छ भारत, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज समाचार पत्र।

साहित्य समीक्षा-

1. श्रीराम, के. (2013) इस शोध में ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में सूचना, शिक्षा और संचार अभियानों की भूमिका और प्रभावों का अध्ययन व ग्रामीण स्वच्छता के दृष्टिकोण और संचार प्रक्रियाओं के माध्यम से ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के तौर तरीकों को समझना और ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रमों पर आंध्र प्रदेश सरकार का प्रयास आदि का अध्ययन किया गया। इस अनुसन्धान में मेडक जिले के दो गांवों का परिवर्तित स्वच्छता व्यवहार के सन्दर्भ में एक सर्वेक्षण किया गया था।[1]

2. डर्म, अभय बी. (2014) के अनुसार स्वास्थ्य और स्वच्छता मानव जीवन के सबसे महत्वपूर्ण तत्व हैं। उन्होंने स्वास्थ्य से सम्बंधित पत्रिका "यूनिक जनरल ऑफ मेडिकल एंड डेंटल साइंस" में छपे लेख "स्वच्छ भारत मिशन- समय की आवश्यकता" में लिखा कि पूरे देश में स्वच्छता की व्यवस्था करना जन स्वास्थ्य के लिहाज से सर्वाधिक प्रभावी कार्य है। उन्होंने आहवान किया कि अब यह समय की आवश्यकता बन चुका है कि स्वच्छता को सर्वोपरि समझा जाए। लोगों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने हेतु स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना जरूरी है। इसमें प्रचार का अपना महत्व है।[2]

3. खान, एम. इसरत व कुमार, सर्वेश (2016) द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का ग्राम स्तरीय सूक्ष्म अध्ययन ग्राम नरायनपुर, तहसील बीसलपुर, जनपद पीलीभीत के विशेष सन्दर्भ में किये गए अध्ययन में स्वच्छ भारत अभियान के सम्बन्ध में एवं इसके विभिन्न आयामों के सम्बन्ध में जन सामान्य की जागरूकता एवं प्रतिक्रिया का स्तर जानने का प्रयत्न किया गया। इस योजना के माध्यम से क्या कार्य किये जा रहे हैं? इन लोगों को इस योजना का लाभ मिल पा रहा है? इस योजना से साफ-सफाई के प्रति जागरूकता का मूल्यांकन किया जा रहा है। शोधपत्र में प्राथमिक सर्वेक्षण पद्धति के आधार पर चयनित 50 लोगों से प्राप्त आँकड़ों का प्रयोग करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के क्रियान्वयन तथा उसके समाज पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया है।[3]

विश्लेषण- इस प्रश्न का उत्तर कुल 204 उत्तरदाताओं में से 202 उत्तरदाताओं ने दिया। 84.2 प्रतिशत उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं। केवल 7.4 प्रतिशत उत्तरदाता नहीं मानते है कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं। वहीं 8.4 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 21 सोशल मीडिया की पोस्टों पर लोगों की प्रतिक्रिया

| **प्रश्न** | **उत्तर** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर आपकी प्रतिक्रिया कैसी होती है?** | सकारात्मक | 125 | 67.2 |
| | नकारात्मक | 61 | 32.8 |
| | कुल | 186 | 100 |

चित्र 9 सोशल मीडिया की पोस्टों पर लोगों की प्रतिक्रिया



विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 186 उत्तरदाताओं ने इस प्रश्न पर प्रतिक्रिया दी। 67.2 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया सकारात्मक होती है। वहीं 32.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया नकारात्मक होती है।

तालिका 22 सत्ताधारी दल द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग

| **प्रश्न** | **उत्तर** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता हैं?** | सहमत | 121 | 60.5 |
| | असहमत | 52 | 26 |
| | तटस्थ | 27 | 13.5 |
| | कुल | 200 | 100 |

विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 200 उत्तरदाताओं ने दिया। 60.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है। 26 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत नहीं हैं कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है। वहीं केवल 13.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 23 सोशल मीडिया का चुनाव पर प्रभाव

| **प्रश्न** | **उत्तर** | **संख्या** | **प्रतिशत** |
|---|---|---|---|
| **सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है?** | सहमत | 171 | 86 |
| | असहमत | 17 | 8.5 |
| | तटस्थ | 13 | 5.5 |
| | कुल | 201 | 100 |

चित्र 10 सोशल मीडिया का चुनाव पर प्रभाव




विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से 201 उत्तरदाताओं ने दिया। 86 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है। केवल 8.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं नहीं मानते हैं कि सोशल मीडिया चुनाव को प्रभावित करता है। वहीं केवल 5.5 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

तालिका 24 जनमत निर्माण में सोशल मीडिया का प्रभाव

| प्रश्न | उत्तर | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है?** | सहमत | 172 | 84.7 |
| | असहमत | 16 | 7.9 |
| | तटस्थ | 15 | 7.4 |
| | कुल | 203 | 100 |

विश्लेषण- कुल 204 उत्तरदाताओं में से इस प्रश्न पर 203 उत्तरदाताओं ने प्रतिक्रिया दी है। 84.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मत है न्यू सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है। केवल 7.9 प्रतिशत उत्तरदाता नहीं मानते हैं कि सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है। वहीं केवल 7.4 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

निष्कर्ष - प्रस्तुत शोध ''लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी और कांग्रेस के जन अभियान में सोशल मीडिया की भूमिका, उपयोगिता एवं प्रभाव का अध्ययन'' प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त उत्तरदाताओं के आंकड़ों का विश्लेषण करने से निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए -

- उत्तरदाताओं में एक चौथाई से थोड़ी अधिक महिलायें, तीन चौथाई से थोड़े कम पुरुष और बहुत कम अन्य लिंग के हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से थोड़े अधिक 20 से 30 वर्ष, लगभम एक चौथाई 31 से 40 वर्ष और बहुत कम 41 से 50 वर्ष के एवं 50 वर्ष से अधिक आयु के हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से अधिक शहरी, एक चौथाई से थोड़े कम ग्रामीण और बहुत कम अर्ध शहरी/अर्ध ग्रामीण हैं।
- उत्तरदाताओं में तीन चौथाई से अधिक हिन्दू, बहुत कम मुस्लिम और अन्य धर्म के हैं, जबकि सिख और ईसाई धर्म के कोई भी उत्तरदाता नहीं हैं।
- उत्तरदाताओं में लगभग आधे परास्नातक, एक चौथाई से अधिक स्नातक और बहुत कम अन्य, 12वीं, और हाई स्कूल से कम शिक्षा प्राप्त हैं।
- उत्तरदाताओं में आधे से थोड़े अधिक सामान्य वर्ग, एक चौथाई से थोड़े अधिक ओबीसी और एक चौथाई से कम एससी/एसटी हैं।
- लगभग सभी उत्तरदाता सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं।
- 87.6 प्रतिशत उत्तरदाता फेसबुक का प्रयोग करते है, 57.9 प्रतिशत उत्तरदाता इंस्टाग्राम का प्रयोग करते हैं, 76.7 प्रतिशत उत्तरदाता यूट्यूब का प्रयोग करते हैं और 52.5 प्रतिशत उत्तरदाता ट्विटर का प्रयोग करते हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए फेसबुक का उपयोग होता है, एक चौथाई से थोड़े अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान में लिए ट्विटर का उपयोग होता है, कम उत्तरदाताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए यूट्यूब का उपयोग किया, वहीं बहुत कम उत्तरदाताओं का मानना है कि केवल राजनीतिक दलों द्वारा जन अभियान के लिए इंस्टाग्राम का प्रयोग होता है।
- (70.3 प्रतिशत) उत्तरदाता शैक्षणिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (55.4 प्रतिशत) उत्तरदाता राजनीतिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (45.5 प्रतिशत) उत्तरदाता मनोरंजनात्मक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं, (30.2 प्रतिशत) उत्तरदाता धार्मिक ग्रुपों या पेजों को फॉलो करते हैं वहीं 23.3 प्रतिशत उत्तरदाता अन्य ग्रुपों को फॉलो करते हैं।
- आधे से थोड़े कम उत्तरदाता राजनीतिक पोस्टों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, लगभग एक चौथाई उत्तरदाता राजनीतिक दलों की पोस्टों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं वहीं एक चौथाई से थोड़े अधिक उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाता राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों पर अपने मित्रों के साथ चर्चा करते हैं, एक चौथाई से कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं वहीं कम उत्तर इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक (फेक न्यूज) जानकरी दी जाती है, बहुत कम

उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं, वहीं कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।

- एक चौथाई उत्तरदाता मानते हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु को वे शेयर करते हैं, आधे उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं वहीं लगभग एक चौथाई उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- लगभग आधे उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई विषयवस्तु उनको प्रभावित करती हैं, एक चौथाई से अधिक उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं, वहीं कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- लगभग तीन चौथाई उत्तरदाता राजनीतिक जानकारियों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया लोगों की विचारधारा को प्रभावित करती है, वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाता इस बात से सहमत है कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट लोगों के मतों का निर्धारण करती है, एक चौथाई से थोड़े कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं, वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्टों में दृश्य -श्रव्य सामग्री का प्रयोग अधिक किया जाता है तथा बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं।
- तीन चौथाई से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि राजनीतिक दल स्वयं के लिए सोशल मीडिया का सकारात्मक एवं विरोधी दल के लिए नकारात्मक उपयोग करते हैं, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- आधे से बहुत अधिक उत्तरदाताओं की राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर सकारात्मक प्रतिक्रिया होती है, एक चौथाई से अधिक उत्तरदाता इस बात पर असहमत हैं।
- आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया का उपयोग सत्ताधारी दल अधिक करता है, लगभग एक चौथाई उत्तरदाता इस बात से असहमत हैं वहीं बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि सोशल मीडिया चुनाव का प्रभावित करता है, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।
- तीन चौथाई से बहुत अधिक उत्तरदाता सहमत हैं कि सोशल मीडिया चुनाव में जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है, बहुत कम उत्तरदाता इस बात पर असहमत और तटस्थ हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-**


- *(555-594)*. Newbury Park, CA: Sage.
- Rogers, E.M., Hart, W. B., & Dearing, J.W. (1997). A paradigmatic history of agenda-setting research. In Iyengar, S. & Reeves, R. (Eds.) *Do the media govern? Politicians, voters, and reporters in America (225-236)*. Thousand Oak, CA: Sage.
- Shaw, D. L. & McCombs, M. (1977). *The Emergence of American Political Issues: The Agenda-Setting Function of the Press*. St. Paul: West.
- Shih, Clara,2010. The facebook Era. Dorling Kindersley India Pvt. Ltd.
- Singh, Nikita,2011. Love@ Facebook. Pustak Mahal, New delhi.
- Waldman, Joshua,2009. Searching with social media for Dummies. John wiley and Sons,New Jersey.
- Sartory, G. (1988) The Parties as Part in Louis J. Cantori and Andrew H. Ziegler, Jr. (eds.), Comparative Politics in the Post-Behavioural Era. Colorado: Lynne Rienner Publishers.
- Sartori, G. (1988) The Parties as Part in Louis J. Cantori and Andrew H. Ziegler, Jr. (eds.) Comparative Politics in the Post-Behavioural Era. Colorado: Lynne Rienner Publishers. pp. 232
- Hague, R. and Harrop, M. (1982) Comparative Government: An Introduction. London: Macmillan. pp. 100


************

# आश्वलयानगृह्य सूत्र में विवाह के प्रकार एवं विधि

**- सौरभ**
शोधार्थी, पीएच.डी.
संस्कृत विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय,दिल्ली-10007

विवाह शब्द 'वि' उपसर्गपूर्वक वह् धतु से घञ प्रत्यय लग. ने पर निष्पन्न होता है जिसका तात्पर्य है 'विशिष्टं वहनम्' अर्थात् एक शास्त्रीय परम्परा जिसके द्वारा स्त्री एवं पुरुष परस्पर दाम्पत्यसूत्रा में आबद्ध होते हैं। फलस्वरूप पुरुष को सम्पूर्ण जीवन तक स्त्री का और स्त्री को पुरुष का विशेष रूप से वहन करना पड़ता है। विवाह दो हृदयों का एकीकरण तथा द्वैत को मिटाकर अद्वैत की ओर अभिगमन है। विवाह का जीवन में अत्यध्कि महत्त्व है। यह किसी न किसी रूप में वैदिककाल में भी होता था। इस संस्कार के विषय में गृहयसूत्रों में मतैक्य नहीं है।

**विवाह के भेद** – धर्मसूत्र में विवाह के अनेक भेदों का जैसा उल्लेख है वैसा गृह्यसूत्रों में नहीं है, परन्तु आश्वलायनगृह्य सूत्र में विवाह के आठ भेदों का उल्लेख किया गया है। साथ ही इस बात का भी निर्देश है कि किस प्रकार के विवाह से उत्पन्न सन्तान माता–पिता को कितनी पीढ़ी तक पवित्र करती है।

**(i)ब्राह्म विवाह** – आश्वलायन गृह्यसूत्र के अनुसार ब्राह्मविवाह में कन्या को भलीभाँति अलङ्कृत करके उदकपूर्वक दान दिया जाता है। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता – दोनों के कुलों को बारह पीढ़ी पूर्व तक तथा बारह पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है। मनु के अनुसार वेद पढ़े हुए सदाचारी वर को स्वयं बुलाकर उसकी पूजा कर और वस्त्राभूषण आदि से दोनों को अलङ्कृत कर कन्या–दान करना ब्राह्म–विवाह है।

**(ii)दैव विवाह** – इस विषय में आश्वलायन का कहना है कि यज्ञकर्म में प्रवृत्ता ऋत्विज् को दानस्वरूप अलङ्कारपूर्वक जो कन्या प्रदान की जाती है उसे दैव विवाह कहते हैं। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता – दोनों के कुलों को दस पीढ़ी पूर्व तथा दस पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है।

**(iii)प्राजापत्य विवाह** – आश्वलायन के मतानुसार प्राजापत्य विवाह वह है जिसमें 'सह धर्मं चरत' ऐसा कहकर कन्या का दान दिया जाता है। उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता के कुलों को आठ पीढ़ी पूर्व तथा आठ पीढ़ी बाद तक पवित्र करती है।

**(iv)आर्ष विवाह** – आश्वलायन गृह्यसूत्रा के अनुसार कन्या के पिता को गो–मिथुन प्रदान कर जब कन्या ग्रहण की जाती है तो वह आर्षविवाह होता है तथा उस कन्या से उत्पन्न सन्तान माता और पिता के कुलों को सात पीढ़ी पूर्व एवं सात पीढ़ी बात तक पवित्र करती है। आर्ष विवाह के विषय में सूत्राकार के मत का यह अर्थ लेना असर्घंत ही होगा कि सूत्रकार ने कन्या के पिता को वर से रिश्वत लेने के लिए कहा है।

**(v)गान्धर्व विवाह** – आश्वलायनगृह्यसूत्राकार का कहना है कि परस्पर अनुरक्त होकर (अर्थात् 'त्वं मम भार्या भव, अहं तव भर्ता भवामि' ऐसा कहकर) जो कन्या ग्रहण की जाती है वह गान्धर्व विवाह होता है।

**(vi)आसुर विवाह** – इस विषय में आश्वलायन गृह्यसूत्र में ऐसा उल्लेख है कि कन्या के पिता को ध ान द्वारा सन्तुष्ट करके जो कन्या ग्रहण की जाती है वह आसु संज्ञक विवाह होता है। इस विषय में गौतम का कहना है कि आसुर विवाह वह है जिसमें कन्या के अभिभावकों को धन देकर कन्या का ग्रहण किया जाता है।

**(vii)पैशाच विवाह** – आश्वलायन के मतानुसार सोयी हुई अथवा असावधन कन्या का अपहरण करके जो विवाह किया जाता है वह पैशाच संज्ञक है। मनु के अनुसार पैशाच विवाह वह है जिसमें सोई हुई मद आदि से व्यावुफल और अपने शील की रक्षा करने में प्रमादयुक्त कन्या के साथ विवाह किया जाता है।

**(viii)राक्षस विवाह** – आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार मारकर या शिर आदि का भेदन करके रुलाते हुए अथवा रोती हुई कन्या का अपहरण करके जो विवाह किया जाता है वह राक्षस विवाह होता है। गौतमर्धसूत्र के अनुसार भी बलपूर्वक कन्या का अपहरण कर लेने पर रा क्षस विवाह होता है।

**कुलपरीक्षा** – हववाह एक ऐसा संस्कार है जिसके द्वारा दो आत्माओं का शाश्वत सम्बन्ध स्थापित किया जाता है। यह सम्बन्ध कभी शिथिल न हो, इसलिए प्राचीन ऋषियों ने विवाह से पूर्व वर–कन्या के कुल एवं उनके गुण तथा दोषों का पूर्ण रूप से विवेचन किया है। आश्वलायन ने इस सम्बन्ध में सर्वप्रथम वर–कन्या दोनों के कुलों के विषय में परीक्षा करने के लिए कहा है कि जो माता एवं पिता के कुलों से असमान तथा पवित्र हो अर्थात् 'सप्तपुरुषावध्यः सपिण्डा, दशपुरुषावध्यः सकुल्याः, अत् ऊर्ध्व गोत्राः' वचन के अनुसार वर एवं कन्या को सपिण्डक तथा समानगोत्रीय नहीं होना चाहिए। साथ ही साथ माता एवं पिता दोनों के कुलों के लोगों को शुभकर्मी तथा पुण्यवान् भी होना चाहिए। गौतमधर्मसूत्र में असमान प्रवर के लोगों में तथा पिता के सात पीढ़ी ऊपर और माता से पाँच पीढ़ी ऊपर की कन्या से विवाह करने के लिए कहा गया है।

**कन्यापरीक्षा** – प्राचीनकाल में कन्या की परीक्षा की जाती थी। इसके उपरान्त उसे विवाह के योग्य अथवा अयोग्य घोषित किया जाता था। आश्वलायन ने कन्या के दुर्विज्ञेय लक्षणों को जानने के लिए एक विशेष प्रकार के उपाय को बतलाया है कि क्षेत्र, गोश. ाला, यज्ञवेदी, तालाब, देवस्थान, चतुष्पथ (चौराहा), हरिण (ऊसर) तथा श्मशान – इन आठ स्थानों की मिट्टी से आठ पिण्डों को बनाकर ऋतमग्रे प्रथमं जज्ञ ऋते सत्यं.' मन्त्र से उनको अभिमन्त्रित करने के अनन्तर कन्या से कहे कि इनमें से एक पिण्ड को ग्रहण करो। यदि वह कन्या क्षेत्रा की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करे तो उसकी प्रजाएँ अन्नवती होंगी, गोशाले की मिट्टी से बने हुए पिण्ड को ग्रहण करे तो वह अत्यधिक पशुओं वाली होगी, वेदी की मिट्टी वाले पिण्ड को ग्रहण करे तो वह ब्रह्मवर्चसी होगी, तालाब की मिट्टी से बने हुए पिण्ड को ग्रहण करती है तो वह सर्वगुणसम्पन्न होगी, देवस्थान की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करे तो वह जुआरी होगी, चतुष्पथ की मिट्टी वाले पिण्ड को ग्रहण करती है तो संन्यासिनी होगी, हरिण की मिट्टी से बने पिण्ड को ग्रहण करे तो सन्तानरहित होगी तथा श्मशान की मिट्टी से निर्मित पिण्ड को ग्रहण करती है तो वह पतिघ्नी होगी – ऐसा जानना चाहिए।

**मधुपर्क–विधि** – वर का आगमन होने पर मधुपर्क के द्वारा उसका सर्वप्रथम स्वागत किया जाता है। मध ुपर्क शब्द का अर्थ 'मधुना पर्कः सम्पर्को यस्य सः' अर्थात् मधु से सम्पर्क हो जिसका वह मधुपर्क कहलाता है। इसमें प्रयुक्त होने वाले द्रव्यों की संख्या के विषय में गृह्यसूत्रों में मतैक्य नहीं है। आश्वलायन ने दधि में मधु अथवा मधु के अभाव में घृत को मिलाने के लिए कहा है।

आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार इस विषय में विवेचन किया जा रहा है – अर्चक व्यक्ति घर पर आये हुए सम्मानार्ह व्यक्ति को बैठने के लिए सर्वप्रथम कुशासन, पैरों को धोने के लिए जल, आचमन करने के लिए गन्ध पुष्पादि से सुगन्धित जल तथा मधुपर्क एवं एक गाय देता है। साथ ही साथ प्रत्येक वस्तुओं को देते समय उससे तीन बार 'विष्टरो विष्टरो विष्टरः प्रतिगृह्यताम्' ऐसा कहता है। तत्पश्चात् प्रतिगृहीता व्यक्ति 'अहं वर्ष्मोस्मि सजातानां विद्युतामिव सूर्यः.' मन्त्रा से उदगग्र रखे हुए कुशासन पर बैठता है तथा दोनों पैरों का प्रक्षालन कराता है। इस विषय में सूत्रकार ने एक विशेष बात का विधन किया है कि यदि पाप्र क्षालन करने वाला ब्राह्मण हो तो अर्घ्य व्यक्ति सर्वप्रथम दाहिने पैर को तथा शूद्र हो तो बायें पैर को प्रक्षालन करता है। तदनन्तर वह अर्घ्य (जल) को अञजलि से ग्रहण कर आचमन करने योग्य जल द्वारा 'अमृतोपस्तरणमसि.' मन्त्रा से आचमन करता है तथा मध ुपर्क देने वाले अर्घ्यदाता को 'मित्रस्य त्वा चक्षुषा प्रतीक्ष.' मन्त्रा से देखता है। तत्पश्चात् 'देवस्य त्वा सवितुः प्रसवे.' मन्त्रा से मधुपर्क को अञजलि से ग्रहण कर उसको बायें हाथ पर रखकर 'मधुवाता ऋतायत.' ऋचात्मक मन्त्र से उसको देखकर दाहिने हाथ की अनामिका तथा अङ्गुष्ठा दोनो अङ्गुलियों से उसका तीन पर प्रदक्षिण क्रम से आलोडन करता है। तदनन्तर उसके कुछ अंश को 'वसवस्त्वा गायत्रोण छन्दसा भक्षयन्ति', 'रुद्रास्त्वा त्रैष्टुभेन छन्दसा.', 'आदित्यास्त्वा जागतेन छन्दसा.' तथा 'विश्वे त्वा देवा अनुष्टुभेन छन्दसा.' इन चार मन्त्रों से क्रमशः पूर्व, दक्षिण, पश्चिम एवं उत्तर दिशाओं में तीन–तीन बार छिड़ककर 'भूतेभ्यस्त्वा.' मन्त्रा से उसके मध्य से थोड़ा सा मधुपर्क किालकर उफपर की ओर तीन बार छिड़कता है। तत्पश्चात् 'विराजो देहोऽसि.' 'विराजो दोहमशीय.' तथा 'मयि दोहः पद्यायै विराज.' इस तीन मन्त्रों से मधुपर्क का क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बार प्राशन करता है। तदनन्तर सूत्राकार ने इस बात का निर्देश दिया है कि सम्पूर्ण मधुपर्क का तृप्तिपूर्वक भक्षण नहीं करना चाहिए। तत्पश्चात् अर्घ्य व्यक्ति अवशिष्ट को उत्तराभिमुख बैठो हुए ब्राह्मण को दे देता है। ब्राह्मणाभाव होने पर उसे जल में डाल देता है तथा अन्त में पूर्व गृहीत आच–मन करने योग्य जल के द्वारा 'अमृतापिध ानमसि.' मन्त्र से प्रथम बार एवं 'सत्यं यशः श्रीर्मयि श्रीः श्रयताम्.' मन्त्र से द्वितीय बार आचमन करता है। इसके उपरान्त अर्घ्य व्यक्ति के सम्मान में अर्घ्यदाता गौ को निवेदित करता है। अर्घ्य व्यक्ति 'हतो मे पाप्मा पाप्मा मे हत.' मन्त्रा का जप करके यदि गौ को मारने की इच्छा हो तो ' ॐ कुरुत' तथा यदि गाय का उत्सर्जन करना हो तो 'माता रुद्राणां दुहिता वसूनाम्.' मन्त्र का जप करके ' ॐउत्सृजेत्' ऐसा कहता है।

**अग्निस्थापन तथा परिस्तरणविधि** – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार जिस किसी भी स्थान पर होम करना हो वहाँ एक हाथ लम्बा एवं एक हाथ चौड़ा स्थण्डिल (स्थान) को चारों ओर से गोबर से लिप्त करके उसके उफपर समिध् के द्वारा छः रेखाओं को खींचना चाहिए। रेखाओं के विषय में सूत्राकार का कहना है कि स्थण्डिल के पश्चिम ओर से उदगग्र एक रेखा को खींचकर उसके दोनों किनारों को स्पर्श न करती हुई पूर्वाग्र दो रेखाओं को खींचने के पश्चात् उनके मध्य में दक्षिण ओर से पूर्वाग्र ही परस्पर अस्पर्शित तीन रेखाओं को खींचना चाहिए। तदनन्तर उनको जल से प्रोक्षित करके अग्नि को स्थापित करना चाहिए तथा 'मैं अमुक देवता के उद्देश्य से अमुक द्रव्य की, अमुक संख्या में आहुतियों को प्रदान करूँगा – ऐसा सङ्कल्प करके स्थण्डिल के चारों ओर प्रदक्षिण क्रम से तीन बार जल से परिसमूहन कर उसके चारों ओर उदगग्र तथा पूर्वाग्र वुफशों को बिछाना चाहिए। इसके उपरान्त अमन्त्रक ही

उनके ऊपर जल छिड़कना चाहिए।

**आज्योत्पवन** – आश्वलायन ने वुफश के दो पवित्रों द्वारा आज्य का उत्पवन (शुद्धिकरण) करने के लिए कहा है। इस विषय में सूत्रकार का कहना है कि जिनके अग्रभाग टूटे हुए न हों तथा जिनके गर्भ में अन्य कुश न हों ऐसे प्रादेशमात्रपरक दो कुशों (पवित्रों) को दोनों हाथों के अङ्गुष्ठ एवं अनामिका अङ्गुलियों से कुछ अन्तर के साथ पकड़कर उनके द्वारा 'सवितुष्ट्वा प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण.' मन्त्रा से आज्य का आश्वलायन ने ध्वन्तरियज्ञ तथा शूलेगव कर्म को छोड़कर अन्य कर्मों में ब्रह्मा का स्थ. ापन वैकल्पिक माना है।

**होम** – होम के विषय में सूत्रकारों में मतैक्य नहीं है। आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार विवाह में पाणिग्रहण से पूर्व अग्नि में आज्य की आघार तथा आज्यभागसंज्ञक आहुतियों को देने के अनन्तर 'अग्न आयूंषि पवस.' )चात्मक मन्त्रा से अथवा व्याहृतिमन्त्राों ( ॐ भूः, ॐ भुवः, ॐ स्वः) से तीन आहुतियाँ देनी चाहिए। इसके उपरान्त 'त्वमर्यमा भवसि यत्कनीनाम्.' मन्त्र से एक आहुति देकर 'प्रजापते न त्वदेतान्यन्य.' मन्त्र से एक आहुति देना चाहिए। कतिपय आचार्यों के मतानुसार ऋक मन्त्रों एवे व्यावहृति मन्त्रों को मिलाकर आठ आहुतियाँ देना चाहिए। आश्वलायन ने इस प्रसङ में आघार तथा आज्यभाग संज्ञक आहुतियों का उल्ले ख नहीं किया है और न इस विषय में किसी मन्त्रा का ही निर्देश दिया है , परन्तु आश्वलायनाचारी ऋग्वेदियों के यहाँ सभी संस्कारों के आरम्भ में इन आहुतियों को देने की परम्परा है तथा पार्वण–स्थालीपाक के प्रसङ्गें में सूत्रकार ने इन आहुतियों का उल्लेख किया है।

**उदकुम्भस्थापन** – आश्वलायनगृह्यसूत्र में अग्नि–वेदी के पश्चिम ओर पाषाण खण्ड को स्थापित करके उसके पूर्वोत्तर दिशा में उदकुम्भस्थापन का निर्देश है ,परन्तु इस विषय में किसी मन्त्र का उल्लेख नहीं है।

**पाणिग्रहण** – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार पूर्वाभिमुख वर, वधू के अन्वारब्ध होने पर स्थण्डिल पर स्थापित अग्नि में आज्यागान्त कर्म करके प्रधान आहुतियों को देता है तदनन्तर पूर्वाभिमुख आसीन कन्या के अभिमुख खड़ा होकर उसके हाथ को अपने दाहिने हाथ से 'गृभ्णामि ते सौभगत्वाय.' मन्त्र से पकड़ता है।

इस विषय में आश्वलायन गृह्यसूत्राकार ने एक विशेष बात का विधन किया है कि यदि वर को पुत्रा की कामना हो तो अङ्गुष्ठ सहित, पुत्री की कामना हे तो अङ्गुलियों सहित अथवा दोनों प्रकार की कामना हो तो साङ्गुष्ठ अङ्गुलियों सहित कन्या के हाथ को पकड़ना चाहिए।

**लाजाहोम** – आश्वलायनगृह्यसूत्रा के अनुसार कन्या का भाई अथवा भ्रातृस्थानी अन्य कोई (ममेरा, चचेरा भाई आदि) व्यक्ति कन्या की बँधी हुई अञजलि को पैफलाकर उसमें दो बार लाजाओं को डालता है। आश्वलायन ने इसी प्रसङ में आचार्यों के मतों का भी उल्लेख किया है। जमदग्नि ऋषि के मतानुसार लाजाओं को घृत से स्निग्ध करके अवदान धर्मपूर्वक तीन बार कन्या की अञजलि को पकड़कर 'अर्यमणं नु देवं कन्या.', 'वरुणं नु देवं कन्या.' तथा 'पूषणं नु देवं कन्या.' मन्त्रों से क्रमशः अग्नि में तीन बार आहुति देता है। आश्वलायनगृह्यसूत्रा में गृहप्रवेशनीय–होम तथा त्रिरात्र आदि व्रत के पश्चात् वधू पूर्वधरित वस्त्र को सूर्या मन्त्र को जानने वाले विद्वान् ब्राह्मण को दे देने के लिए कहा गया है।

लाजाहोम की प्रत्येक आहुति के पश्चात् वर–सधू द्वारा अग्नि–परिक्रमा तथा वधू द्वारा अश्मारोहण होता है।

**अग्निपरिक्रमा** – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार वर एवं वधू 'अमोहमस्मि सा त्वमस्य मोहं.' मन्त्र से अग्निवेदी तथा उदकुम्भ की प्रदक्षिण क्रम से तीन बार परिक्रमा करते हैं।

**अश्मारोहण** – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार अग्निपरिणयन के पश्चात् वर अग्नि वेदी के पश्चिम ओर र खे हुए दृषद् (सिल) पाषाण के ऊपर 'इममश्मानमा–रोहाश्मेव त्वं स्थिर भव.' मन्त्रा से वधू को आरूढ़ करता है। अश्मारोहरण का उद्देश्य यह प्रतीत होता है कि वधू अश्मा के सदृश दृढ़ विचार–वाली हो तथा वर–वधू के बीच में स्थिर प्रेम का अभ्युदय हो। आपस्तम्ब तथा पारस्करगृह्यसूत्राों में भी अश्मा–रोहण के विषय में इसी प्रकार का उल्लो है।

**सप्तपदी** – इस प्रसधैं में आश्वलायन ने उफन के टुकड़े से बँधी हुई कन्या के दाहिने तथा बायें दोनों ओर की शि खाओं को देशकर्मानुसार व्रफमशः 'प्र त्वा मुञचामि वरुणस्य. ' तथा 'प्रेतो मुञचामि.' दो मन्त्राों से खोलने के लिए कहा है ;कहने का तात्पर्य यह है कि यदि उस देश या स्थान की ऐसी परम्परा हो तभी ऐसा करना चाहिएद्ध। सप्तपदी का तात्पर्य है, अग्निवेदी के उत्तर की ओर सात पद–प्रयाण। यह प्रमाण सात मन्त्रों द्वारा होता है। आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार वर अग्निवेदी के पूर्वोत्तर दिशा में कन्या को सात पद चलाता है तथा 'इष एकपद्यूर्जे द्विपदी रायस्पोषाय.' इन सातों मन्त्रों का क्रमशः उच्चारण करता है।

**वर–वधू का अभिषिञचन** –सप्तपदी के अनन्तर वर–वधू का परस्पर शिर–सन्निधन करके आचार्य के द्वारा अग्नि के ईशानकोण में स्थापित कलश के जल से दोनों का अभिषिञचन किया जाता है ऐसा आश्वलायनगृह्यसूत्र में विध ान है।

**ध्रुव–अरुन्धती एवं सप्तऋषिमण्डल का दर्शन** – आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार स्विष्टवृफतादि होम करने के अनन्तर वर–वधू को रात्रि में ध्रुव, अरुन्धती तथा सप्त ऋषिमण्डल का दर्शन कराकर 'जीवपत्नीं प्रजां विन्देय.' मन्त्र से उसका वाग्–विसर्जन कराता है।

**गृहप्रवेशनीय होम** – यह होम विवाह के पश्चात् वर के गृह में वधू के प्रवेश के पूर्व होता है। आश्वलायनगृह्यसूत्र के अनुसार संस्कृत स्थान पर विवाहाग्नि को विधिपूर्वक स्थापित करके उसके पश्चिम की ओर बिछे हुए प्राग्ग्रीव तथा पीछे की ओर पृष्ठ भाग है जिसका ऐसे वृषभ के चर्म

पर वधू के बैठ जाने पर उससे अन्वारब्ध होकर वर अग्नि में आज्यभागान्त कर्म करके 'आ नः प्रजां जनयतु प्रजापतिः.' चतुर्ऋचात्मक मन्त्रा से घृत की चार बार आहुति देता है। तत्पश्चात् 'समञजन्तु विश्वेदेवाः.' से स्वयं दधि का प्राशन करके शेष दधि को वधू को प्राशनार्थ दे देता है (वधू मौन होकर उस दधि का प्रशन करती है) अथवा पूर्वोक्त 'समञजन्तु विश्वेदेवाः.' मन्त्र से हुतशेष घृत को अपने तथा वधू के हृदय पर लगाता है तथा अन्त में स्विष्ट वृफताति कर्म करके शेष कर्म का समापन करता है।

संदर्भ


1.आ.गृ.सू. 1/6/1
2.म.स्मृ. 3/27
3.आ.गृ.सू. 1/6/1
4.आ.गृ.सू. 1/6/1
5.आ.गृ.सू. 1/6/1
6-आ.गृ.सू. 1/6/1
7.आ.गृ.सू. 1/6/1
8.गौ.ध.सू. 1/4/9
9.आ.गृ.सू. 1/6/1
10.म.स्मृ. 3/34
11.आ.गृ.सू. 1/6/1
12.गौ.ध.सू. 14/10
13-आ.गृ.सू. 1/5/1
14.गौ.ध.सू. 1/4/2–3
15-आ.गृ.सू. 1/24/4–6
16.आ.गृ.सू. 1/24/7
17.आ.गृ.सू. 1/24/8
18-आ.गृ.सू. 1/24/9–10
19.आ.गृ.सू. 1/24/11 पर नारायणवृत्ति
20 आ.गृ.सू. 1/24/11–13
21 आ.गृ.सू. 1/24/14–15
22 आ.गृ.सू. 1/24/16
23 आ.गृ.सू. 1/24/17–18–22
24 आ.गृ.सू. 1/24/23–25
25 अग्नि को स्थापित करने के अनन्तर उसके चारों ओर भूमि का स्पर्श करते हुए प्रदक्षिण व्रफम से जलयुक्त दाहिने हाथ को तीन बार घुमाया जाता है। इस व्रिफया को परिसमूहन कहते हैं।
26 आ.गृ.सू. 1/3/1
27 आ.गृ.सू. 1/3/2
28 आ.गृ.सू. 1/3/3
29 आ.गृ.सू. 1/3/6
30 आ.गृ.सू. 1/3/3–4
31 आ.गृ.सू. 1/7/3
32 आ.गृ.सू. 1/7/3
33 आ.गृ.सू. 1/7/3–4
34 आ.गृ.सू. 1/10/13
35 आ.गृ.सू. 1/7/8
36 आ.गृ.सू. 1/7/9–13
37 आ.गृ.सू. 1/9/23
38 आ.गृ.सू. 1/7/6
39 आ.गृ.सू. 1/7/7
40 आ.गृ.सू. 1/5/2
41 आ.गृ.सू. 1/7/16–18
42 आ.गृ.सू. 1/7/19
43 आ.गृ.सू. 1/7/20
44 आ.गृ.सू. 1/7/22
45 आ.गृ.सू. 1/8/9


************

# भवभूति की दृष्टि में राम

-डॉ.सर्वेन्द्र कुमार
सहायकाचार्य
संस्कृत विभाग,
देशबंधु महाविदयालय, दिल्ली

## शोध सारांश

कविकुल–कमल–विभाकर, कविता–वनिता वरेण्य महाकवि भवभूति संस्कृत साहित्यरूपी जगत् की विलक्षण विभूति हैं, जिन्होंने अपनी नयी–नयी कल्पनाओं से काव्य रूपी संसार को पुष्पित एवं पल्लवित किया है। भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी शिष्ट आचरण करते हुए अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का सम्यक् निर्वहण करते हुए चित्रित किया है। भवभूति के राम राजभोग की भावनाओं से राजसिंहासन अंगीकार नहीं करते, अपितु धर्म के अधीन रहकर कर्तव्यपालन के लिए राजसिंहासन को स्वीकार करते हैं। जिसके प्रमाण स्वरूप भवभूति ने नाटक के प्रारम्भ में ही 'धर्मासन' शब्द का प्रयोग करके उनके आदर्श जीवन को परिभाषित कर दिया है। यहाँ से बालि वध के पश्चात् राम की जो नकारात्मक छवि बन गयी थी उसको भवभूति ने बड़ी ही रमणीयता से दूर कर चरित को श्री सम्पन्न कर दिया है। राम का जीवन उच्च आचरण से आदर्श पुरुष के रूप में देदीप्यमान है। भवभूति ने राम के जिस गुण को सबसे अधिक सराहा है वह है उनका प्रजानुरंजन। राम का प्रजानुरंजन रूप अद्वितीय है। प्रजापालन के लिए राम किसी भी रूप में तत्पर रहते हैं। सामान्यतः देखा जाए तो सीता का परित्याग बहुसंख्यक जनता की राय नहीं है, अपितु एक अल्पमत मात्र है जिसकी अवहेलना सरलता से की जा सकती थी किन्तु राम ने ऐसा नहीं किया क्योंकि ''इक्ष्वाकुवंशोऽभिमतः प्र. जानाम्'' ।।

## शोध–आलेख

कविवर भवभूति संस्कृत साहित्य जगत् की विलक्षण विभूति हैं। संस्कृत कवि–परम्परा में उनका विशिष्ट स्थान है, उन्होंने अपनी नवीन कल्पनाओं से काव्य संसार को परिपुष्ट किया है। उनकी कविता–वनिता कला एवं भाव दोनों पक्षों से समलंकृत है। भवभूति के नाटकत्रय में भावों की अभिव्यंजना का सुन्दर समन्वय हुआ है, उनकी इन कृ तियों में भारतीय संस्कृति के प्राणतत्त्व सुरक्षित हैं। भवभूति स्वभाव से ही गम्भीर प्रकृति के कवि हैं। अपनी गम्भीर प्रवृत्ति के अनुरूप ही उन्होंने अपने पात्रों की सृष्टि की है, क्योंकि ये पात्र ही कवि एवं काव्यों के उद्देश्यों के संवाहक होते हैं। पात्रों के उदात्त चरित्र–चित्रण से ही कवि मानवीय चेतनाओं का सूक्ष्मतम विश्लेषण कर पाता है। भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी अविचल शिष्ट आचरण करते हुए चित्रित किया है। वे धर्मतः जीवन यापन करते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का सम्यक् निर्वहण करते हैं। वे भोग की भावनाओं से राज सिंहासन अंगीकार नहीं करते अपितु धर्म के अधीन रहकर कर्त्तव्यपालन के लिए इसको स्वीकार करते हैं।

"उत्तररामचरितम्'' के प्रथम अंक में राम जब राजसभा को विसर्जित करके निवास–गृह में सीता से मिलने के लिए जाते हैं तो वहाँ कहा गया है –

**धर्मासनात् विशति वासगृहं नरेन्द्रः**

अर्थात् रामधर्म के आसन से उठकर निवासगृह में गए। यहाँ भवभूति ने 'राजसिंहासन' या 'सिंहासन' पद का प्रयोग न करके धर्मासन पद का प्रयोग किया है। क्योंकि सम्पूर्ण जीवन में धर्म के अनुसार चलते हुए वे नैतिकता की कसौटी पर खरा उतरे हैं। इसलिए भवभूति ने नाटक के प्रारम्भ में ही 'धर्मासन' पद का प्रयोग करके उनके आदर्श जीवन को परिभाषित कर दिया है। महावीरचरितम् में भी राम की मर्यादा हमें चमत्कृत करती है। इस नाटक में भवभूति ने राम और बालि का प्रत्य क्ष युद्ध दिखलाया है, क्योंकि वाल्मीकीय रामायण में बालि राम का शत्रु नहीं है, अपितु सुग्रीव से सखा भाव होने के कारण राम छिपकर उसका वध करते हैं। किन्तु 'महावीरचरितम्' में भवभूति ने बालि को रावण के सहायक के रूप में चित्रित किया है जो रावण से प्रेरित होकर राम से युद्ध करने के लिए जाता है तथा प्रत्य क्ष युद्ध में राम के द्वारा वीरगति को प्राप्त होता है।

वाल्मीकीय रामायण में बालि वध करने के कारण राम की जो नकारात्मक छवि थी उसको भवभूति ने बड़ी रमणीयता से दूर किया है तथा राम–चरित को श्री सम्प. न्न कर दिया है।

भवभूति के राम का चरित्र मानवता की चरम अभिव्यक्ति है। उन्होंने राम को विषम परिस्थितियों में भी अविचल शिष्ट आचरण करते हुए चित्रित किया है। वे ध र्मतः जीवन यापन करते हुए समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हैं।

भवभूति ने अपनी कृतियों में राम को एक उत्कृष्ट कोटि के धीरोदात्त नायक के रूप में प्रतिष्ठित किया है। धीरोदात्त नायक का लक्षण दशरूपककार ने इस प्रकार किया है –

**महासत्त्वोऽतिगम्भीरः क्षमावानविकत्थनः।**
**स्थिरो निगूढ़ाहंकारो धीरोदात्तो दृढव्रतः।।**
**(दशरूपक)**

धीरोदात्त नायक के लक्षण के सभी गुण भवभूति के राम में स्पष्टतः चरितार्थ होते हुये दिखाई भी देते हैं। भवभूति की सर्वोत्कृष्ट कृति 'उत्तररामचरितम्' के नायक युग–दृष्टा, युग–सृष्टा, रघुवंश केतु श्रीराम हैं। भवभूति के नाट्यरूपी दर्पण में राम आदर्श लोकानुरंजन स्वामी, आदर्श पति और आदर्श भ्राता के रूप में स्पष्ट प्रतिबिम्बित होते हैं। राम का जीवन उच्च आचरण से अनुकरणीय आदर्श पुरुष के रूप में देदीप्यमान है। वे युद्ध में भी मर्यादा का ध्यान रखते हैं। परशुराम जब युद्ध में राम से पराजित हो जाते हैं तो भी अन्त में राम उनसे अविनय व्यवहार के लिए क्षमा याचना करते हैं। वे अत्यन्त विनम्र एवं साधु स्वभाव के हैं। 'उत्तररामचरितम्' के 'चित्रदर्शन' प्रकरण में उनकी विनम्रता तब पराकाष्ठा पर पहुँच जाती है जब वे परशुराम के प्रति किए गए अपने शौर्य को इस बहाने से नहीं दिखलाना चाहते कि – "अरे अभी और बहुत कुछ देखने योग्य है, दूसरी ओर दिखाओ।"

इसी प्रकार जब लक्ष्मण मन्थरा के चित्र को दिखलाते हैं तब वे माता कैकेयी के वृत्तान्त को टालने के लिए शीघ्र ही श्रृंगवेरपुर में निषादपति के साथ समागम करने में लग जाते हैं। यहाँ राम का यह गुण दृष्टिगोचर हो रहा है कि वे दूसरों की प्रशंसा तो करते हैं, किन्तु अपनी प्रशंसा उन्हें अधिक अच्छी नहीं लगती।

भवभूति राम के जिस गुण को सर्वाधिक प्रकाश में लाये हैं वह है उनका प्रजानुरंजन में गहरी आस्था का होना। राम का प्रजानुरंजक रूप अनुपम है। वे प्रजा के हित–चिन्तन को परम कर्त्तव्य मानते हैं। प्रजापालन के लिए किसी भी रूप में तत्पर रहते हैं, क्योंकि इक्ष्वाकुवंश की यह मर्यादा है। वे कहते हैं–

**सत्तांकेनापिकार्येणलोकस्याराधनंव्रतम्।**
**यत्पूरितंहितातेनमां च प्राणांश्चमुंचता।।**

सीता का परित्याग बहुसंख्यक जनता की राय नहीं है, अपितु एक अल्पमत मात्र है, उसकी सरलता से उपेक्षा की जा सकती थी परन्तु राम ऐसा सोच भी नहीं सकते क्योंकि इक्ष्वाकुवंश प्रजा को अभीष्ट है–**इवाकुवंशोऽभिमतः प्रजानाम्** तथा गुरु वशिष्ठ का भी यही आदेश है – **युक्तः प्रजानामनुरंजने स्याः**अर्थात् प्रजा की भलाई के लिए तत्पर रहो। अतः प्रजानुरंजन ही राम के लिए सर्वोपरि है। वे कहते हैं –

**स्नेहंदयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।**
**आराधनाय लोकस्य मुंचतो नास्ति मे व्यथा।।**

यहाँ यह विचारणीय है कि राम जानकी के सच्चरित्र एवं पवित्रता से परिचित न हों। ऐसी बात नहीं है, क्योंकि सीता के विषय में वह स्वयं कहते हैं कि – "जन्म से पवित्र सीता को शुद्धि के लिए तीर्थ–जल और अग्नि जैसे पवित्रताकारी पदार्थों की आवश्यकता नहीं है।"किन्तु लोकाराधना की वेदी पर अपने निज सौख्य को तिलांजलि देना राम की कर्तव्यनिष्ठता का एवं आदर्श भूपतित्व का दृष्टान्त है। यहाँ राम का चरित्र राजतन्त्र में लोकतन्त्र की भावना को उद्घाटित करता है, वे लोकभावना का सम्मान करते हुए शासन प्रबन्ध करते थे।

राम ने सीता का परित्याग तो कर दिया किन्तु जो तीव्र वेदना और प्रहार उनके हृदय पर हुआ है वह स्थान–स्थान पर प्रस्फुटित होता है। "हा देवी! देव यजनसम्भवे? हा स्वजन्मानुग्रह पवित्रत वसुधरे? हा मुनिजन नन्दिनि? हा पावक वशिष्ठरुन्धती प्रशस्तशीलशालिनि? हा रामभय जीविते? हा महारण्यवासप्रिय सखि? हा तातप्रिय? हा स्रोकवादिनि? कथमेव विधायास्तवार्यमीदृशः परिणामः?

**त्वया जगन्ति, पुण्यानि त्वय्यपुण्या जनोक्तयः।**
**नाथवन्तस्त्वया लोकास्त्वमनाथा विपत्स्यसे।।**

राम का हृदय जानकी के प्रति बड़ा उदार एवं आदर की भावनाओं से तरंगित हो रहा था। परन्तु वह सीता के त्याग की कल्पना से ही काँप उठता था। वे सीता की पवित्रता की घोषणा करते हुए कहते हैं कि तुम बिना संसार ही अपवित्र है और तुमको प्राप्त करके भी संसार धन्य है, परन्तु तुम ही अनाथ होकर कैसे आपत्तियाँ सहन करोगे। वह स्वयं राम तुम्हारे परित्याग करने मात्र को ही सोचने से महत दुःखी हो रहा हूँ। परन्तु ऐसे ही श्रीराम ने जब सीता का परित्याग करके, पञ्चवटी में सीता से सम्बन्धित स्थानों को देखकर जो विलाप किया है। उस कारुण्य धारा में पथिक भी अपने मन को द्रवित पाता है। यही नहीं अपितु उस राम के कारुण्य का श्रवण करके तो प्रस्तर खण्ड भी रो पड़ते हैं। राम के दाम्पत्य जीवन का आदर्श प्रस्तुत करते हुए कहा है कि इतना आदर्शमय दाम्पत्य प्रणय बड़े ही सौभाग्य से मिलता है, जो प्रणय सुख–दुःख की सभी अवस्थाओं में एक–सा रहता है और किसी विशिष्ट अवस्था में परिवर्तित नहीं होता। सदा चित्त को अपूर्व सुख और शक्ति का प्रदायक होता है। यथा –

**अद्वैतसुखदुःखयोरनुगतं सर्वास्ववस्थासु यत्,**
**विश्रामो हृदयस्य यत्र जरसा यस्मिन्नहार्यो रसः।**
**कालेनावरणात्ययात्परिणते यत्प्रेमसारे स्थितं,**
**भद्रंतस्य सुभानुषस्य कथमप्येकं हि तत्प्रार्थ्यते।।**

श्रीराम का दाम्पत्य प्रेम अत्यन्त पावन एवं आदर्शमय है। वे सीता के विरहोत्पन्न दुःख से अत्यन्त कृशकाय, मलिन छवि वाले हो जाते हैं कि राम को पह. चानना कि ये राम हैं कठिन हो गया है। प्रजानुरञ्जक, सीता के विरह में क्षीण कलेवर श्रीराम दुखार्त्त होकर कहते हैं कि हे देवि! सीता के विरह में मेरा हृदय खण्ड–खण्ड हो रहा है और इस समय संसार शून्य सा प्रतीत हो रहा है। अजस्र वियोगाग्नि की ज्वाला से अन्तःकरण जल रहा है; विरह से व्याप्त हृदय अन्धकार में डूब रहा है और मुझे बार–बार मूर्छा आ रही है। मैं अभागा अब क्या करूँ?

**"हा हा देवि! स्फुरति हृदयं ध्वंसते देहबन्धः,**

**शून्ये मन्ये जगदविरज्वालमन्तर्ज्वलामि।**
**सीदन्नधे तमसि विधुरोमज्जतीवा तरात्मा,**
**विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि?।।**

अतः स्पष्ट है कि जनकसुता के प्रति राम का प्रगाढ़ प्रणय था। राम एक पत्नी व्रतधारी हैं। जब अश्वमेध यज्ञ किया, तो अपरा स्त्री को पत्नी के रूप में स्वीकार न करके, स्वर्णमयी प्रतिमा ही अपने वाम अंग रखते हैं। यही एक पत्नीव्रत नियम के पालन का एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रजानुरञ्जक आदर्श शासक श्रीराम इक्ष्वाकु कुलोत्पन्न थे, स्ववंशपरम्परा के प्रायः सभी गुण विद्यमान थे। राम ने स्वयं इक्ष्वाकुवंश की परम्परा की रक्षा के लिए सजग रहना सूचित करते हुए कहा है – "इक्ष्वाकूणां कुलध् ानमिदं यत्समराधनीयः कृत्स्नो लोकः।"

राम स्वभाव से अत्यन्त गम्भीर हैं। भीतर से चाहे कितने भी क्षुब्ध हों लेकिन बाहर उसे प्रकट नहीं होने देते इसके लिए भवभूति ने पुटपाक की उपमा दी है। पुटपाक में पदार्थ जिस प्रकार अन्दर ही अन्दर खौलता रहता है उसी प्रकार राम का करुण भाव है। उनकी व्यथा यद्यपि अत्यन्त घ ानी है पर वह इतनी गूढ है कि कोई भी व्यक्ति उसे समझ नहीं पाता –

**अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढ घनव्यथः।**
**पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुण रसः।।**

भवभूति ने इस प्रकार की राम की कारुणिक स्थिति दिखलाकर हृदयहीन में भी सहृदयता का संचार कर दिया है तथा क्रूर से क्रूर प्राणी भी उसे हृदयङ्गम करता है और जन्म जन्मान्तरों के कुटिल संस्कारों के बावजूद भी वह द्रवित हो जाता है। सीता वियोग–रूपी शोक से पीड़ित राम वासन्ती से कहते हैं कि मेरा हृदय शोक की व्याकुलता से फट रहा है परन्तु दो टुकड़ों में विभक्त नहीं होता –

**दलति हृदयं शोकोद्वेगाद् द्विधा तु न भिद्यते,**
**वहति विकलः कायो मोहं न मुंचति चेतनाम्।।**
**ज्वलयति तनूमन्तर्दाहः करोति न भस्मसात्**
**प्रहरति विधिर्मर्मच्छेदी न कृन्तति जीवितम्।।**

यहाँ भवभूति ने सीता निर्वासन की पीड़ा को राम के आत्मनिर्वासन की गहनतर पीड़ा अन्तरित कर उनके राजधर्म एवं मनुष्यधर्म के बीच के तीक्ष्ण अन्तर्द्वन्द्व को जिस सूक्ष्मता और सहृदयता से रूपायित किया है उससे उनका सीता परित्याग रूपी कलंक धूमिल होता हुआ सा प्रतीत होता है।

उत्तररामचरित में भवभूति ने राम की सीता के प्रति प्रेम की ग्रन्थियों को खोला है भवभूति ने राम को अपना पक्ष रखने का पूर्ण अवसर दिया है। लेकिन भवभूति ने सीता–परित्याग विषय जो समाज में राम के प्रति जो क्रोध की भावना को उत्पन्न करता है अथवा सचित्रा नारी के परित्याग का जो प्रश्न समाज में व्याप्त है उन्होंने उत्तररामचरित में राम से वासन्ती के द्वारा पूछा है।

**त्वं जीवितं, त्वमसि मे हृदयं, द्वितीयं**
**त्वं कौमदी नयनयोरमृतं त्वमङ्गे।**
**इत्यादिभिः प्रियशतैरनुरुध्य मुग्धां**
**तामेव शान्तमथवा किमतः परेण?।।**

अर्थात् "बोलो राम वह सीता अब कहाँ है, जिसे तुम अप. ना जीवन व दूसरा हृदय कहते थे, जो तुम्हारी नेत्रों की चाँदनी थी वह सीता अब कहाँ है?"

भवभूति के उत्तररामचरित के तृतीय अङ्क पढ़ने से ऐसा ज्ञात होता है कि भवभूति ने राम को सीता–परित्याग दोष से मुक्त किया हो व सामाजिक के हृदय में विद्यमान राम के प्रति एक–एक प्रश्न को पूछा हो, तभी तो उन्होंने छायाङ्क के प्रारम्भ में भगवति गोदावरी को सावधान कर दिया है कि हे गोदावरी अब राम को आपको प्रत्येक मूर्छा से अपने जल से होश में लाना है–

**वीचीवातै शीकरक्षोदशीतैराकर्षद्भिः पद्मकिञ्जलकगन्धान्**
**मोहे–मोहे रामभद्रस्य जीवं स्वैरं स्वैरं प्रेरितैस्तर्पयेति।।**

पुनः शम्बूक वध के लिए पञ्चवटी में आये राम से भवभूति ने वासन्ती पात्र द्वारा अनेक जनस्थानों को दिखाकर वासन्ती पात्र द्वारा राम की आलोचना की है।

वासन्ती राम से कहती है "देखो महाराज यह वही, प्रियतमा के सहचर तुम्हारा घने और सुकुमार केलों के वन के मध्य में स्थित यह शयन करने के योग्य शिलातल है। यहाँ पर बैठी हुई सीता वन में रहने वाले मृगों को घास दिया करती थी।"

भवभूति ने अनेक उदाहरणों द्वारा मानो राम से यह पूछने का प्रयत्न किया है कि तुमने सीता का परित्याग क्यों किया? वासन्ती कहती है हे राम! देखो –

**सीतादेव्यास्वरकरकलितैः सल्लकीपल्लवाग्रै**
**र्रग्रे लालः करिकलभको यः पुरा वर्धितोऽभूत्।**
**वध्वा सार्धं पयसि विहरन् सोऽयमन्येन दर्पा**
**दुद्दामेन द्विरदपतिना सन्निपत्याभियुक्तः**

वासन्ती कहती है महाराज देखो इस करिशावक को सीता ने सल्लकी लता के अग्रभागों को खिलाकर बड़ा किया वह यह अपनी भार्या के साथ जल में क्रीडा कर रहा है। मानो वासन्ती पूछ रही हो कि तुम्हारी भार्या सीता कहाँ है –

**अयि कठोर! यशः किल ते प्रियं**

हे राम! तुम निष्ठुर, तुमने अपने यश के लिए सीता का परित्याग कर दिया है।

अतः इन सब उदाहरणों से यह ज्ञात होता है कि भवभूति ने जनसाधारण के हृदय में विद्यमान सीता परित्याग के कारण को राम से पूछने का प्रयत्न किया है वहीं दूसरी तरफ राम को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है।

उत्तररामचरित में भवभूति राम के माध्यम से यह मूल्य स्थापित करते हैं कि राजा को अपने व्यक्तिगतमूल्यों को तिलांजलि देकर लोक–आराधन के लिए कष्टप्रद निर्णय लेने पड़ते हैं। लेकिन भवभूति ने राम के पक्ष को स्पष्ट किया जब वासन्ती राम को सीता के विषय में विभिन्न

उद्धरणों के माध्यम से पूछ रही है तो राम उन स्थानों को देखकर मूर्छित हो जाते हैं तब तमसा कहती है –

**त्वमेव ननु कल्याणि! सञ्जीवय जगत्पतिम्।**
**प्रियस्पर्शो हि पाणिस्ते तत्रैष निरतो जनः।।**

अर्थात् हे कल्याणि! तुम्हीं जगत्पति (रामचन्द्र) को जीवित कर सकती हो, उसी में रामचन्द्र अनुक्त हैं।

उत्तररामचरित के एक अन्य उदाहरण से ज्ञात होता है कि भले राम ने सीता का परित्याग किया है। लेकिन वे इस घ टना के बारह वर्ष व्यतीत होने पर भी सीता के स्पर्श को पहचान रहे हैं –

**स्पर्शः पुरा परिचितो नियत स एव**
**सञ्जीवनश्च मनसः परितोषणश्च।**
**सन्तापजां सपदि यः परिहृत्य मूर्च्छा–**
**मानन्देन जडतां पुनरातनोति।।**

इस प्रकार भवभूति ने राम का पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया है कि राम लोकानुरञ्जन के लिए तत्पर हैं। महाकवि भवभूति ने राम के माध्यम से इस जगत् को शि क्षा दी है कि किस प्रकार मानव विभिन्न परिस्थितियों में वीरतापूर्वक आगे बढ़ता हुआ अपने शील के रक्षण में तत्पर रहकर उद्देश्य की ओर अग्रसर होता रहता है।

राम एक आदर्श प्रजापालक राजा के साथ–साथ आदर्श पति भी हैं। यहाँ यह आक्षेप हो सकता है कि जब राम ने सीता का परित्याग कर दिया था तो वे आदर्श पति कैसे हुए? किन्तु यहाँ विचारणीय है कि सीता के प्रति सहज आन्तरिक अनुराग से उनका हृदय उन्हीं में स्थिर है तथा शक्तिशाली एवं समर्थ होते हुए भी अनन्य भाव से सीता के प्रति आदर्श प्रेम प्रदर्शित करते हुए किसी अन्य कन्या से परिणय नहीं करते हैं, अपितु अश्वमेध यज्ञ के समय सहधर्माचारिणी के रूप में पवित्र सीता की प्रतिमा को पत्नी के रूप में रखते हैं। राम की कारुणिक स्थिति एवं अपने प्रति इस अगाध प्रेम को देखकर एक स्थल पर सीता भी परित्याग से सहमत होती सी प्रतीत होती हैं। वह कहती हैं–

**अहो उत्खातितमिदानीं मे परित्याग शल्यमार्यपुत्रेण**

इस प्रकार हम देखते हैं कि महाकवि भवभूति ने राम के माध्यम से इस जगत् को शिक्षा दी है कि किस प्रकार मानव विभिन्न विकट परिस्थितियों में वीरतापूर्वक आगे बढ़ता हुआ अपने शील के रक्षण में तत्पर रहकर उद्देश्य की ओर अग्रसर होता रहता है। आज हमारे देश की जो नैतिक, चारित्रिक, सामाजिक एवं राजनैतिक दुर्गति हुई है तथा देश दुर्बल हुआ है। इस चिन्ताजनक परिदृश्य में शील रक्षण में तत्पर राम का व्यक्तित्व हमारा सहायक हो सकता है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने शब्दों से नहीं वरन् अपने आचरण से भी जाति–पाति एवं ऊँच–नीच के भेदभ. ाव को नकार कर राष्ट्रिय एकता का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनका दृष्टिकोण समन्वयवादी है। वे केवल निषाद और शबरी जैसे पिछड़े वर्ग के नर–नारियों को ही हृदय में स्थान नहीं देते अपितु निकृष्ट समझे जाने वाले वानर सुग्रीव एवं राक्षस विभीषण को भी सखा बनाकर भारत के विघटित समाज को संगठित होने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अतः हम अन्त में भवभूति के शब्दों में राम के लिए कह सकते हैं –

**वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि।**
**लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति।**

## सन्दर्भ :


1. महावीरचरितम्, मालतीमाधवम्, उत्तररामच. रितम्।
2. उत्तररामचरितम् – 1/7.
3. वाल्मीकीय रामायण – किष्किन्धाकाण्ड – 16/36, 22/24.
4. महावीरचरितम् – 5/61
5. वहीं, 4/21.
6. उत्तरारामचरितम् – प्रथम अंक, पृ. 37.
7. वहीं, पृ. 41.
8. वहीं, 1/41.
9. वहीं, 1/44.
10. वहीं, 1/11.
11. वहीं, 1/12.
12. उत्तररामचरितम्, 1/43
13. उत्तररामचरितम् 1/39
14. उत्तररामचरितम् 3/38
15. उत्पत्तिः परिपूतायाः किमस्याः पावनान्तरैः। तीर्थोदकं च बह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।। उत्तररामचरितम् – 1/13.

16 वहीं, 3/1.

17.उत्तररामचरितम् 3/26

18.उत्तररामचरितम् 3/2

19.उत्तररामचरितम् 3/21

20.उत्तररामचरितम् 3/6

21.उत्तररामचरितम् 3/27

22.उत्तररामचरितम् 3/10

23.उत्तररामचरितम् 3/12

24.वहीं, 3/31.

25.वहीं, अंक–3, पृ. 255.


***********

# शोधालेख प्रकाशन के मानक

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

UGC CARE LISTED हिन्दी की स्तरीय पत्रिका 'नागफनी' के जो सदस्य हैं उनका ही आलेख प्रकाशित होगा। जो भी व्यक्ति शोधालेख भेजना चाहते हैं कृपया वें अपने लेख में निम्न बिंदु आवश्यक रूप से रखें जैसे–

1. भूमिका/प्रस्तावना
2. विषय वस्तु/बीज शब्द
3. मुख्य अंश/उद्देश्य
4. परिणाम/निष्कर्ष
5. सन्दर्भ
6. शब्द मर्यादा अधिकतम शब्द 3000 इससे ज्यादा शब्द है तो कार्यकारी संपादक से परामर्श कीजिएगा।
7. सत्यापन एवं सहमति पत्र देने पर ही आलेख के सम्बन्ध में निर्णय होगा।

# सत्यापन प्रमाण–पत्र

1. मैं .............सत्यापित करता/करती हूँ की 'नागफनी' के लिए प्रस्तुत शोधालेख शीर्षक................मौलिक एवं अप्रकाशित है। लेखन संबंधित सारे संदर्भ सत्य हैं। किसी भी अंश के विवादित स्थिति के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। साथ ही प्रस्तुत शोधालेख में नागफनी के पीयर रिव्यू कमेटी को संशोधन संपादन और संवर्धन करने की सहमति जताता/जताती हूँ।

2. शोधालेख प्रकाशित–अप्रकाशित करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक मंडल और पीयर रिव्यू कमेटी का है। स्तरीय एवं मौलिकता आदि के परीक्षण के बाद ही शोधालेख की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा, मुझे मान्य होगा। उपरोक्त नियम और शर्तों को मैं स्वीकार करता/करती हूँ।

हस्ताक्षर–
नाम–
मोबाइल नंबर–

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

## STANDARD NORMS FOR AUTHORS

Nagfani, the U.G.C. Care listed journal publishes articles, research papers etc. written by the members of journals only. The manuscripts should contain the following:

1. Abstract with keywords
2. Objectives
3. Conclusions
4. References
5. Word limit is 3000 (For higher limits, please contact the editor)

I__________ certify/undertake to say that the manuscript entitled__________submitted for publication in the NAGFANI issue is an unpublished original work. I know that I will be fully responsible for any controversial situation arising out of the manuscript/article or part of it. I also transfer the rights to edit, review and conserve the manuscript to the peer review committee of NAGFANI.

Signature of the author:
Mobile No:



अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखिए **http%//naagfani.com**

रोमी प्रेस बैढ़न / 9425179103